वृत्ति होतीहै)। उसमें हकारकी योग्यता अर्थात् नाद महाप्राण कहनेसे घकार, वृत्रघ्न्+अस्-ऐसी स्थिति हुई, तब णत्वकी शंका-

३५९ हन्तेः । ८ । ४ । २२ ॥

उपसर्गस्थान्निमित्तात्परस्य हन्तेर्नस्य णत्वं स्यात् । प्रहण्यात् ॥

३५९-उपसर्गमें जो णत्वका निमित्त (र्) हो तो उस निमित्तसे पर 'हन्' धातुके नकारके स्थानमें णकार होताहै। 'प्र' इस उपसर्गमें स्थित रेफके आगे 'हन्यात्' इसके नकारको णत्व होकर, प्रहण्यात् (विशेष कर मारसकेगा)। परन्तु उसी सूत्रमेंका नियामक अंश-

३५९ अत्पूर्वस्य । ८ । ४ । २२ ॥

हन्तेरत्पूर्वस्यैव नस्य णत्वं नान्यस्य । प्रघ्नन्ति । योगविभागसामर्थ्यादनन्तरस्य विधिर्वा भवति प्रतिषेधो वेति न्यायं बाधित्वा एकाजुत्तरपदे इति णत्वमपि निवर्त्यते । नकारे परे कुत्वविधिसामर्थ्यादल्लोपो न स्थानिवत् । वृत्रघ्नः । वृत्रघ्ना इत्यादि । यत्तु वृत्रघ्न इत्यादौ वैकल्पिकं णत्वं माधवेनोक्तं तद्भाष्यवार्तिकविरुद्धम् । एवं शार्ङ्गिन्यशस्विन्नर्यमन्पूषन् । यशस्विन्निति विन्प्रत्यये इनोऽनर्थकत्वेपि इनहन्नित्यत्र ग्रहणं भवत्येव । अनिनस्मन्ग्रहणान्यर्थवता चानर्थकेन च तदन्तविधिं प्रयोजयन्तीति वचनात् । अर्यम्णि । अर्यमणि । पूष्णि । पूषणि ॥

३५९-'हन्' धातुके नकारके पीछे ह्रस्व अकारमात्र हो तो उसके स्थानमें णत्व होसकेगा अन्यथा नहीं 'प्रघ्नन्ति' इसमें घ्नके नकारके पहले अकार नहीं इस कारण उसको णत्व नहीं।

(योगविभागेति) सूत्र जो है सो अनन्तर अर्थात् अतिसमीपस्थ ऐसे पूर्व अथवा उत्तर सूत्रका विधायक वा निषेधक होताहै ऐसी परिभाषा है, इस कारण 'हन्तेरत्पूर्वस्य' इस सूत्रका विभागकरके उसके 'हन्तेः' और 'अत्पूर्वस्य' ऐसे दो सूत्र कियेगये, इनमें 'अत्पूर्वस्य' यह सूत्र 'हन्तेः' इसका निषेधक हुआ, इससे एक और बात हुई कि 'हन्तेः' इससे पिछली (उपसर्गस्थात् निमित्तात्) की अनुवृत्ति लेते बनतीहै और फिर 'अत्पूर्वस्य' इतने भागको जितना आवश्यक था वह निकाल डालते भी बनाहै और 'हन्तेः' इतनी ही अनुवृत्ति भी आगे हुई, इससे उपसर्गका सम्बन्ध न रहनेसे 'अत्पूर्वस्य' 'हन्तेः' इसको सामान्यत्व प्राप्त हुआ तो फिर योगविभागके बलसे पूर्व न्यायका बाध होकर उससे "एकाजुत्तरपदे णः $\frac{८।४।१२}{३०७}$" इससे होनेवाले णत्वका भी निवारण हुआ।

(नकारेति) नकार आगे रहते 'हन्' के हकारको कुत्व होताहै। इस वचनसे ही यहां अल्लोप स्थानिवत् नहीं है यह प्रत्यक्ष दीखताहै, कारण कि लोप स्थानिवत् हो तो 'हन्' इसके हकारके अगले अव्यवहित नकारकी प्राप्ति होगी ही नहीं, वृत्रघ्नः। वृत्रघ्ना। इत्यादि प्रयोग होंगे।

(यत्तु वृत्रघ्न इत्यादाविति) अल्लोप होनेसे एकाच् उत्तरपद न रहनेसे "एकाजुत्तर०", इससे णत्व नहीं होसकता, यदि यह कहो कि, स्थानिवद्भाव होनेसे एकाच् उत्तरपद होगा सो नहीं, कारण कि अल्विधिमें निषेध होताहै, इस कारण "प्रातिपदिकान्तनुम्विभक्तिषु च $\frac{८।४।११}{१०५५}$" इससे वृत्रघ्नः इत्यादिकोंमें विकल्पसे णत्व होताहै, ऐसा जो माधवने कहाहै सो भाष्य-वार्तिकसे विरुद्ध है कारण कि उस सूत्रका भी 'अत्पूर्वस्य' 'हन्तेः' इससे निषेध होताही है। पदान्तमें नलोप पूर्ववत्। ङि प्रत्ययमें "विभाषा ङिश्योः $\frac{६।४।१३६}{२३७}$" इससे विकल्प करके अन्के अकारका लोप होताहै।

वृत्रहन् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	वृत्रहा	वृत्रहणौ	वृत्रहणः
सं०	हे वृत्रहन्	हे वृत्रहणौ	हे वृत्रहणः
द्वि०	वृत्रहणम्	वृत्रहणौ	वृत्रघ्नः
तृ०	वृत्रघ्ना	वृत्रहभ्याम्	वृत्रहभिः
च०	वृत्रघ्ने	वृत्रहभ्याम्	वृत्रहभ्यः
पं०	वृत्रघ्नः	वृत्रहभ्याम्	वृत्रहभ्यः
ष०	वृत्रघ्नः	वृत्रघ्नोः	वृत्रघ्नाम्
स०	वृत्रघ्नि, वृत्रहणि	वृत्रघ्नोः	वृत्रहसु.

इसीप्रकार शार्ङ्गिन्, यशस्विन्, अर्यमन्, पूषन्, इन शब्दोंके रूप जानिये अर्थात् पुँल्लिङ्गमें 'सु' प्रत्ययमात्रमें इनको दीर्घ होताहै॥

शार्ङ्गिन् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	शार्ङ्गी	शार्ङ्गिणौ	शार्ङ्गिणः
सं०	हे शार्ङ्गिन्	हे शार्ङ्गिणौ	हे शार्ङ्गिणः
द्वि०	शार्ङ्गिणम्	शार्ङ्गिणौ	शार्ङ्गिणः
तृ०	शार्ङ्गिणा	शार्ङ्गिभ्याम्	शार्ङ्गिभिः
च०	शार्ङ्गिणे	शार्ङ्गिभ्याम्	शार्ङ्गिभ्यः
पं०	शार्ङ्गिणः	शार्ङ्गिभ्याम्	शार्ङ्गिभ्यः
ष०	शार्ङ्गिणः	शार्ङ्गिणोः	शार्ङ्गिणाम्
स०	शार्ङ्गिणि	शार्ङ्गिणोः	शार्ङ्गिषु.

ऐसेही सब इन्नन्त अर्थात् इन्प्रत्ययान्त $\frac{५।२।११५}{१९२}$ शब्द जानने चाहियें, इनमें उपधा अकार न होनेसे अल्लोपकी प्राप्ति ही नहीं।

(यशस्विन्निति) यशस्विन् शब्द भी इसीप्रकार है, यद्यपि यह 'विन्' प्रत्ययान्त शब्द है और 'विन्' प्रत्ययमें 'इन्' उसका अंश अर्थात् अवयव है, इससे 'इन्' प्रत्ययके समान सार्थक नहीं है तो भी "इन्हन्० $\frac{६।४।१२}{३५६}$" इस सूत्रमें उसका ग्रहण होताहै, ऐसा जानना चाहिये, क्योंकि, (अनिनस्मन्निति) अन्, इन्, अस्, मन्, यह शब्द सार्थक अनर्थक दोनोंप्रकारके तदन्तविधि प्राप्त करलेतेहैं, ऐसी परिभाषा है, इस कारण अर्यमन्, पूषन्, इनके उक्त कार्यको छोडकर और भी उपधा अकारके कारण 'भ' के स्थानमें अल्लोप

और 'ङि' कालमें विकल्पसे अल्लोप होताहै; अर्यमन्+ङि= अर्यम्णि, अर्यमणि । पूष्णि, पूषणि । यह रूप और 'वृत्रहन्' शब्दके रूप समान तो हैं, तथापि यहां अल्लोपकालमें "हो हन्तेर्ञ्णिन्नेषु ७।३।५४/३५८" इस प्रकार णकारनिषेध नहीं यह स्पष्ट है॥

अर्यमन् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अर्यमा	अर्यमणौ	अर्यमणः
सं०	हे अर्यमन्	हे अर्यमणौ	हे अर्यमणः
द्वि०	अर्यमणम्	अर्यमणौ	अर्यम्णः
तृ०	अर्यम्णा	अर्यमभ्याम्	अर्यमभिः
च०	अर्यम्णे	अर्यमभ्याम्	अर्यमभ्यः
पं०	अर्यम्णः	अर्यमभ्याम्	अर्यमभ्यः
ष०	अर्यम्णः	अर्यम्णोः	अर्यम्णाम्
स०	अर्यम्णि, अर्यमणि	अर्यम्णोः	अर्यमसु.

इसी प्रकार पूषन् शब्द ।

अब मघवन् (इन्द्र) शब्द–

३६० मघवा बहुलम् ।६।४।१२८॥

मघवन्शब्दस्य वा तृ इत्यन्तादेशः स्यात्। ऋ इत् ॥

३६०–सूत्रमें मघवा यह प्रथमा षष्ठ्यर्थमें है । 'मघवन्' शब्दको 'तृ' ऐसा विकल्पसे अन्तादेश होताहै (यहां "अर्वणस्त्रसावनञः ६।४।१२७/३६४" इस सूत्रसे 'तृ' इसकी अनुवृत्ति होतीहै)। तृ की 'ऋ' इत् है तो केवल त् यह अन्तादेश हुआ, मघवत् और मघवन् ऐसे दो प्रातिपदिक हुए, उनमेंसे मघवत् यह तृप्रत्ययान्त पहले लिया, फिर–

३६१ उगिदचां सर्वनामस्थानेऽधातोः ।७।१।७०॥

अधातोरुगितो नलोपिनोऽञ्चतेश्च नुमागमः स्यात्सर्वनामस्थाने परे। उपधादीर्घः । मघवान् । इह दीर्घे कर्तव्ये संयोगान्तलोपस्याऽसिद्धत्वं न भवति बहुलग्रहणात् ।तथा च श्वन्नुक्षन्निति निपातनान्मघशब्दान्मतुपा च भाषायामपि शब्दद्वयसिद्धिमाश्रित्यैतत्सूत्रं प्रत्याख्यातमाकरे । हविर्जक्षिति निश्शङ्को मखेषु मघवानसाविति भट्टिः । मघवन्तौ । मघवन्तः । हे मघवन् । मघवन्तम् । मघवन्तौ । मघवतः । मघवता । मघवद्भ्यामित्यादि । तृत्वाभावे मघवा । छन्दसीवनिपौ चेति वनिबन्तं मध्योदात्तं छन्दस्येव । अन्तोदात्तं तु लोकेपीति विशेषः । मघवानौ । मघवानः । सुटि राजवत्॥

३६१–उक् (उ, ऋ, ऌ) यह इत् है जिनका वे उगित् धातु न होकर जो उगित् शब्द हो सो और अञ्चधातुको जब नलोप होताहै तब वह शब्द इन दोनोंको सर्वनामस्थान आगे रहते नुम् (न्) का आगम होताहै (यहां "इदितो नुम् धातोः ७।१।५८" से 'नुम्'की अनुवृत्ति होतीहै)। तृका ऋ जो इत् है वह उक् होनेसे 'मघवत्' शब्द उगित् है, और धातु नहीं इससे नुमागम होकर मघवन्त्+स् ऐसी स्थिति सुप्रत्यमें हुई, सुलोप, संयोन्तलोप होकर मघवन् ऐसा जो शब्द रहा उसको सुलोपनिमित्त प्रत्ययलक्षणकरके "सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ ६।४।८/२५०" इससे उपधाको दीर्घ, मघवान् यहां नकार और सु इन दोनोंके बीचमें जो लुप्त तकार है वह प्रत्यय नहीं है, इससे वहां प्रत्ययलक्षण नहीं अर्थात् मघवन्को नान्तत्व है ऐसा कहनेसे कोई हानि नहीं, इसीसे उपधादीर्घकी प्राप्ति हुई, (इह दीर्घेति) यहां दीर्घ कर्त्तव्य होते संयोगान्तलोप त्रिपादी ८।२।२३/५४ मेंका है सही तथापि असिद्ध नहीं कारण कि "मघवा बहुलम् ६।४।१२/३६०" इससे 'तृ' आदेश हुआहै इसलिये बहुलग्रहणके कारण 'कचित्प्रवृत्तिः०' इससे यहां 'अन्यत् एव' अर्थात् 'असिद्धत्वनिषेध' यह कार्य होताहै और नलोप कर्तव्य होते तो संयोगान्तलोप असिद्ध होताही है ।

(तथा च श्वन्नुक्षन् इति०)'मघवन्'शब्दको विकल्पसे'तृ'आदेश करके उसके मघवन् और मघवत् ऐसे दो रूप 'मघवा बहुलम्' इससे किये सही परन्तु "श्वन्नु०(उणा० १।१५६)" इससे मघवन् यह कनिन्प्रत्ययान्त शब्द निपातन करके सिद्ध होताहै, वैसे ही 'मघवत्' शब्द 'मघ' शब्दके आगे "तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप् ५।२।९४/१८९४" इससे मतुप् (मत्) प्रत्यय और मकारको "मादुपधायाश्च० ८।२।९/१८९७" इससे वकार होकर सिद्ध होताहै, इससे लौकिक प्रयोगोंमें भी इस प्रकारसे उनकी सिद्धि ग्रहण करके भाष्यमें 'मघवा बहुलम्' इस सूत्रका प्रत्याख्यान कियाहै (अर्थात् यह सूत्र नहीं चाहिये ऐसा कहाहै) 'मघवत्' शब्दका लौकिक उदाहरण("हविर्जक्षिति निश्शंको मखेषु मघवानसौ" इति भट्टिः । अर्थात् यह 'मघवान्'–इन्द्र यज्ञमें निश्शंक होकर हवि भक्षण करताहै भट्टि० स० १८ श्लो० १९) अगले रूप–मघवन्तौ । मघवन्तः। हे मघवन् । मघवन्तम् मघवन्तौ । असर्वनामस्थानमें नुमागम नहीं, इससे मघवत् + शस्=मघवतः । मघवत् + टा=मघवता । मघवत् + भ्याम्=मघवद्भ्याम् इत्यादि ॥

मघवन् शब्दके रूप (तृ आदेश पक्षमें)–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	मघवान्	मघवन्तौ	मघवन्तः
सं०	हे मघवन्	हे मघवन्तौ	हे मघवन्तः
द्वि०	मघवन्तम्	मघवन्तौ	मघवतः
तृ०	मघवता	मघवद्भ्याम्	मघवद्भिः
च०	मघवते	मघवद्भ्याम्	मघवद्भ्यः
पं०	मघवतः	मघवद्भ्याम्	मघवद्भ्यः
ष०	मघवतः	मघवतोः	मघवताम्
स०	मघवति	मघवतोः	मघवत्सु.

परन्तु जब 'तृ' आदेश नहीं तब मघवन् ऐसा ही शब्द होनेसे 'न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य' इत्यादि पूर्ववत् कार्य होकर मघवा होताहै, इस मघवन् शब्दकी व्युत्पत्ति दो प्रकारसे है, पीछे कहेके समान एक कनिन्प्रत्ययान्त, दूसरी मतुप

अर्थमें वनिप्प्रत्ययान्त, उसमें (छन्दसी वनिपौ चेति) यह 'मघवन्' शब्द छान्दस रहते "छन्दसीवनिपौ० ✱ ५।२।१२२/३४९८" इससे वनिप् (वन्) प्रत्ययान्त मध्योदात्त है और इसका अन्तोदात्तत्व लौकिक प्रयोगमें है, इतना ही भेद है ✱ ॥

मघवा । मघवानौ । मघवानः । सुट्प्रत्याहारमें राजवत् । फिर-

३६२ श्वयुवमघोनामतद्धिते।६।४।१३३॥

अन्नन्तानां भसंज्ञकानामेषामतद्धिते परे संप्रसारणं स्यात् । संप्रसारणाच्च । आद्गुणः । मघोनः । अन्नन्तानां किम् । मघवतः । मघवता । स्त्रियां मघवती । अतद्धिते किम् । माघवनम् । मघोना । मघवभ्यामित्यादि । शुनः । शुना । श्वभ्यामित्यादि । युवन्शब्दे वस्योत्वे कृते ॥

३६२-तद्धितवर्ज प्रत्यय परे हों तो श्वन्, युवन्, मघवन्, इन अन्नन्त भसंज्ञकोंको संप्रसारण होताहै, मघ+उ+अन्=अस् ऐसी स्थिति होनेपर "संप्रसारणाच्च ६।१।१०८/३३०" इससे उ अ इन दोनोंके स्थानमें मिलकर पूर्वरूप अर्थात् उ हुआ, तब मघ+उन्+अस्-ऐसी स्थिति हुई, "आद् गुणः ६।१।८५/६९" मघोनः। "अल्लोपोऽनः ६।४।१३४/२३४" इस अगले सूत्रमेंसे 'अनः' इसका पिछले सूत्रमें आकर्षण करके जानबूझकर अन्नन्तानाम् ऐसा क्यों कहा ? तो पीछे जो मघवत् तृआदेशयुक्त शब्द लियाहै, वह मूलका 'मघवन्' है सही तो भी उसमें कुछ तात्कालिक अन्नन्तत्व नहीं, इसीसे यहां संप्रसारण नहीं होता, मघवतः । मघवता । इसी प्रकारसे "उगितश्च ४।१।६/४५५" इससे स्त्रीप्रत्यय ङीप् (ई) आगे कर 'मघवती' होताहै ✱ ॥

आगे तद्धितवर्ज प्रत्यय होते ऐसा क्यों कहा ? तो "तस्येदम् ४।३।१२०/१५००" इससे 'मघोनः इदम्' इस अर्थमें मघवन् इस अन्नन्त शब्दके आगे तद्धित अण् (अ), वृद्धि होकर माघवनम् (इन्द्रसम्बन्धी) ऐसा शब्द बनताहै, उसमें संप्रसारण नहीं ✱ ॥

आगे मघोना । पदान्तमें राजवत् नलोप, मघवभ्याम् । इत्यादि ।

मघवन् शब्दके (तृ आदेशके अभाव पक्षमें) रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	मघवा	मघवानौ	मघवानः
सं०	हे मघवन्	हे मघवानौ	हे मघवानः
द्वि०	मघवानम्	मघवानौ	मघोनः
तृ०	मघोना	मघवभ्याम्	मघवभिः
च०	मघोने	मघवभ्याम्	मघवभ्यः
पं०	मघोनः	मघवभ्याम्	मघवभ्यः
ष०	मघोनः	मघोनोः	मघोनाम्
स०	मघोनि	मघोनोः	मघवसु.

श्वन् (कुत्ता) शब्द पूर्ववत्, शुनः । शुना । श्वभ्याम् । इत्यादि ॥

श्वन् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	श्वा	श्वानौ	श्वानः
सं०	हे श्वन्	हे श्वानौ	हे श्वानः
द्वि०	श्वानम्	श्वानौ	शुनः
तृ०	शुना	श्वभ्याम्	श्वभिः
च०	शुने	श्वभ्याम्	श्वभ्यः
पं०	शुनः	श्वभ्याम्	श्वभ्यः
ष०	शुनः	शुनोः	शुनाम्
स०	शुनि	शुनोः	श्वसु.

युवन् (तरुण पुरुष) शब्द-

युवन् शब्दमें भ के वकारको पूर्ववत् संप्रसारण और पूर्वरूप करनेसे उत्व होकर यु+उन्+अस्-ऐसी जो स्थिति हुई, उसमें यकार होनेसे उसको फिर संप्रसारण प्राप्त हुआ, परन्तु-

३६३ न संप्रसारणे संप्रसारणम् । ६ । १ । ३७ ॥

संप्रसारणे परतः पूर्वस्य यणः संप्रसारणं न स्यात् । इति यकारस्य नेत्वम् । अत एव ज्ञापकादन्त्यस्य यणः पूर्वं संप्रसारणम् । यूनः । यूना । युवभ्यामित्यादि । अर्वा । हे अर्वन् ॥

३६३-संप्रसारण परे रहते पूर्व यण्को संप्रसारण नहीं होता (इति यकारस्य०) इससे यकारको सम्प्रसारण और पूर्वरूप (इकार) नहीं होता, (अत एव०) आगे सम्प्रसारण होते ऐसा कहा है, इस ज्ञापकसे ऐसा सिद्ध होताहै कि, एकसे अधिक यण् हों तो अन्त्य यण्को पहले सम्प्रसारण

✱ "फिषोऽन्त उदात्तः (फि० १।१)" इससे फिट् अर्थात् प्रातिपदिक अ [illegible]दात्त होताहै, इससे मघमेंका अन्त अकार उदात्त और "अनुदात्तौ सुप्पितौ ३।१।४/३७०९" इससे पित्त्वके कारण वनिप् (वन्) मेंका अकार अनुदात्त मिलकर मघवन् इसमें मध्य स्वर जो घ का अ वह उदात्त है, इससे वह वनिप्प्रत्ययान्त मध्योदात्त हुआ, परन्तु जो कनिन्प्रत्ययान्त है वह "ञ्नित्यादिर्नित्यम् ६।१।१९७/३३८६" इससे आद्युदात्त होताहै तथापि वेदमें वह केवल कनि (अन्) प्रत्यायान्त ही लेनेका उदाहरण है इससे प्रत्ययको "आद्युदात्तश्च ३।१।३/१८०।३७०८" इससे आद्युदात्त होनेसे लोकमें भी अन्तोदात्त शब्दको ही जानना । "उक्षा समुद्रो अरुषः सुपर्णः (ऋ० मं० ५ सू० ४३ ऋ० ३)" "पूषा त्वेतो नयतु हस्तगृह्य० (ऋ० मं० १० सू० ८५ ऋचा० २६)" ॥

✱ मघवती+सु ऐसी स्थिति होते 'प्रातिपदिकग्रहणे० १८२' इस परिभाषाका आश्रयण करके "उगिदचां० ३६१" से नुम् नहीं होता कारण कि 'विभक्तौ लिङ्गविशिष्टाग्रहणम्' इससे पूर्वोक्त परिभाषाका निषेध होताहै ॥

१ "तद्धितेष्वचामादेः ७।२।११७/१०७५" और "किति च ७।२।११८/१०७६" इनसे ञित्, णित्, कित्, तद्धित प्रत्ययके कारण आदि अच्को वृद्धि होतीहै ॥

होताहै, अर्थात् उसकरके इस यणको सम्प्रसारणका निषेध है, युवन्+शस्=यूनः । युवन्+टा=यूना । युवन्+भ्याम्=युवभ्याम् । इत्यादि * ॥

अर्वन् (घोडा) शब्द–

अर्वन्+सु=अर्वा । हे अर्वन् ।

३६४ अर्वणस्त्रसावनञः ।६।४।१२७॥

नञा रहितस्यार्वन्नन्तस्याङ्गस्य तृ इत्यन्तादेशः स्यान्न तु सौ । उगित्त्वान्नुम् । अर्वन्तौ । अर्वन्तः । अर्वन्तम् । अर्वन्तौ । अर्वतः । अर्वता । अर्वद्भ्यामित्यादि । अनञः किम् । अनर्वा यज्ववत् ॥

३६४–नञ्तत्पुरुष (७५६) नहीं ऐसा जो अर्वन्नन्त अंग उसको तृ (त्) अन्तादेश होताहै, सु परे रहते नहीं होता, इसमेंका 'ऋ' यह 'उक्' है इससे "उगिदचाम्० ७।१।७०/३६१" इससे सर्वनामस्थानमें नुम् (न्) का आगम होगा अर्वन् + औ = अर्वन्तौ । अर्वन्+जस् = अर्वन्तः । अर्वन् + अम् = अर्वन्तम् । अर्वन् + औ = अर्वन्तौ । अर्वन्+शस् = अर्वतः । अर्वन्+टा=अर्वता । अर्वन्+भ्याम्=अर्वद्भ्याम् इत्यादि । सर्वनामस्थान होते भी ऊपर 'अर्वा' और 'हे अर्वन्' इसमें 'तृ' आदेश नहीं, यह बात इस प्रस्तुत सूत्रके 'असौ' से प्रत्यक्ष है ।

अर्वन् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अर्वा	अर्वन्तौ	अर्वन्तः
सं०	हे अर्वन्	हे अर्वन्तौ	हे अर्वन्तः
द्वि०	अर्वन्तम्	अर्वन्तौ	अर्वतः
तृ०	अर्वता	अर्वद्भ्याम्	अर्वद्भिः
च०	अर्वते	अर्वद्भ्याम्	अर्वद्भ्यः
पं०	अर्वतः	अर्वद्भ्याम्	अर्वद्भ्यः
ष०	अर्वतः	अर्वतोः	अर्वताम्
स०	अर्वति	अर्वतोः	अर्वत्सु.

नञ्तत्पुरुष न हो ऐसा क्यों कहा ? तो नञ्तत्पुरुष हो तो 'तृ' आदेश नहीं होता, इस कारण (अनर्वा यज्ववत्) अनर्वन् (जिसके घोडा नहीं सो) इस शब्दके रूप 'यज्वन्' शब्दके समान (३५६) अर्थात् औ इत्यादिमें तृ आदेश नहीं होता है * ॥

पथिन् (मार्ग) शब्द–

३६५ पथिमथ्यृभुक्षामात् ।७।१।८५॥

एषामाकारोन्तादेशः स्यात्सौ परे।आ आदितिप्रश्लेषेण शुद्धाया एव व्यक्तेर्विधानान्नानुनासिकः॥

३६५–सु परे रहते पथिन्, मथिन् और ऋभुक्षिन् इनको आत् (आ) आदेश होताहै, इसमें नकार अनुनासिक है तो उसके स्थानमें 'आ' यह आदेश कहा हुआहै, इससे वह आदेश भी अनुनासिक (आं) होना चाहिये ऐसी शंका उठतीहै, यदि कोई कहे कि "अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः १।१।६९/१४" इस प्रकार देखाजाय तो अविधीयमान केवल अणके स्थानमें ही सवर्णग्रहण होताहै, विधीयमान 'आ' में सवर्णका ग्रहण नहीं होता, इससे अनुनासिककी प्राप्ति नहीं, तो भी (अभेदका गुणाः) "स्वरूपेण उच्चारितः गुणः न भेदकः न विवक्षितः" अर्थात् सूत्रमें स्वरादिकोंका केवल उच्चारण उसका यत्न न करते किया हो तो उसके अंगमें भेदक अर्थात् विवेचक गुण नहीं आता अर्थात् उससे सर्व सवर्णका भी ग्रहण होताहै ऐसी परिभाषा है इससे 'आ' में अनुनासिककी प्राप्ति हुई, उसको निवारण करनेके निमित्त (आ आदिति) आ आत् अर्थात् केवल आरूपसे रहनेवाला आ ऐसा प्रश्लेष कियागया, इससे केवल 'आ' इसी व्यक्तिका विधान हुआ, आशय यह कि, अननासिक न रहा, पथि+आ+स् ऐसी स्थिति हुई–

३६६ इतोऽत्सर्वनामस्थाने ।७।१।८६॥

पथ्यादेरिकारस्याऽकारः स्यात्सर्वनामस्थाने परे ॥

३६६–आगे सर्वनामस्थान रहते पथिन्, मथिन्, ऋभुक्षिन्, इनके इकारके स्थानमें अकार होताहै । तब पथ + आ + स् ऐसी स्थिति हुई, फिर सवर्णदीर्घ होकर पथा + स् हुआ, आगे–

३६७ थो न्थः ।७।१।८७॥

पथिमथोस्थस्य न्थादेशः स्यात्सर्वनामस्थाने परे। पन्थाः। पन्थानौ। पन्थानः। पन्थानम्। पन्थानौ ॥

३६७–सर्वनामस्थान परे रहते पथिन् और मथिन् शब्दोंके थकारके स्थानमें 'न्थ' आदेश हो । पन्थाः । पथिन् + औ इसमें "इतोत्सर्वनामस्थाने" और "थो न्थः" इनसे पन्थन् + औ फिर "सर्वनामस्थाने० ६।४।८/२५०" इससे उपधादीर्घ, पन्थानौ । पथिन् + जस्=पन्थानः । पथिन् + अम्=पन्थानम् । पथिन् + औ=पन्थानौ । फिर आगे भ के स्थानमें–

---

* यु + उन् = अस् ऐसी स्थिति रहते यकारके सम्प्रसारणका निषेध किस प्रकार होगा? कारण कि सूत्रमें 'सम्प्रसारणे' यह सप्तमी है तो "तस्मिन्निति० ४०" इससे अव्यवहित अर्थ होगा, यहां उकारका व्यवधान है, यदि कोई यह कहै कि "अकः सवर्णे०" से दीर्घ होनेपर व्यवधान नहीं रहेगा सो ठीक नहीं, "अचः परस्मिन्० ५०" से स्थानिवत् होजायगा, तहां समाधान–"हः सम्प्रसारणम् ६।१।३२" से सम्प्रसारणकी अनुवृत्ति न लाकर सम्प्रसारणग्रहण करनेसे व्यवधानमें भी यह निषेध लगताहै ॥

* कोई 'अनर्वायज्ववत्' यहां 'अनर्वं अयज्ववत्' ऐसा छेद करतेहैं, आशय यह है कि 'अनर्वा' यह प्रत्युदाहरण अनञ्का–नहीं होसकता कारण कि सु परे रहते 'असौ' इस निषेधहीसे तृ आदेश नहीं होगा इसवास्ते 'अयज्ववत्' अर्थात् यज्वन् शब्द पुँल्लिङ्ग है उसके समान नहीं, नपुंसक, तब तो 'असौ' निषेध नहीं होगा, कारण कि, प्रत्ययलक्षणका "न लुमता० १।१।६३/२६३" से निषेध होताहै ॥

१ इसमें पूर्वसूत्रसे 'आत्' की अनुवृत्ति आनेसे भी इष्टसिद्धि होगी और 'पन्थानौ' इत्यादिमें सवर्ण दीर्घहीसे इष्ट सिद्ध होगा और प्रक्रियालाघव भी है तो 'अत्' ग्रहण क्यों किया? तहां–

३६८ भस्य टेर्लोपः । ७ । १ ।८८॥

भसंज्ञकस्य पथ्यादेष्टेर्लोपः स्यात् । पथः । पथा । पथिभ्यामित्यादि । एवं मन्थाः । ऋभुक्षाः । स्त्रियां नान्तलक्षणे ङीपि भत्वाट्टिलोपः । सुपथी नगरी । अनृभुक्षी सेना । आत्वं नपुंसके न भवति न लुमतेति प्रत्ययलक्षणनिषेधात् । सुपथि वनम् ॥ संबुद्धौ नपुंसकानां नलोपो वा वाच्यः ॥ * ॥ हे सुपथिन् । हे सुपथि । नलोपः सुप्स्वरेति नलोपस्यासिद्धत्वाद्ध्रस्वस्य गुणो न । द्विवचने भत्वाट्टिलोपः । सुपथी । शौ सर्वनामस्थानत्वात् सुपन्थानि । पुनरपि । सुपथि । सुपथी । सुपन्थानि । सुपथा । सुपथे । सुपथिभ्यामित्यादि ॥

३६८–पथिन्, मथिन्, ऋभुक्षिन्, यह शब्द भसंज्ञक हों तो इनकी टि का लोप होताहै । (यकारादि तद्धितप्रत्यय और सर्वनामस्थानभिन्न अजादि स्वादि विभक्तिकी परता पूर्वको भसंज्ञा है)। पथिन् + शस्=पथः । आगे पदान्तमें केवल नकारका लोप २३६, पथिभ्याम् इत्यादि ।

पथिन् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	पन्थाः	पन्थानौ	पन्थानः
सं०	हे पन्थाः	हे पन्थानौ	हे पन्थानः
द्वि०	पन्थानम्	पन्थानौ	पथः
तृ०	पथा	पथिभ्याम्	पथिभिः
च०	पथे	पथिभ्याम्	पथिभ्यः
पं०	पथः	पथिभ्याम्	पथिभ्यः
ष०	पथः	पथोः	पथाम्
स०	पथि	पथोः	पथिषु

इसी प्रकारसे मथिन् (मट्ठा विलोनेकी रई), ऋभुक्षिन् (इन्द्र), इन शब्दोंके रूप मन्थाः, ऋभुक्षाः इत्यादि होतेहैं।

(स्त्रियामिति०) यह शब्द नान्त होनेसे "ऋन्नेभ्यो ङीप् ४।१।५/३०६" इससे इनके आगे स्त्रीवाचक ङीप् (ई) प्रत्यय होताहै, इसको अच् होनेसे इसके पूर्व शब्दको भत्व है ही, इसकारण यहां भी "भस्य टेर्लोपः" इस प्रस्तुत सूत्रसे टिलोप होताहै, "सुपथी" (जिसमें सुन्दर मार्ग है ऐसी नगरी) "अनृभुक्षी" (इन्द्ररहित सेना)।

(आत्वमिति) नपुंसकमें कुछ स्त्री प्रत्यय नहीं, इसकारण सुपथिन् (अच्छा मार्ग है जिसमें ऐसा) यह नपुंसक शब्द भी नान्त ही है, इसी कारण 'सु' प्रत्ययके विषयमें "पथिमथि०" इस सूत्रसे आकारान्तत्वकी शंका हुई, परन्तु नपुंसकमें "स्वमोर्नपुंसकात् ७।१।२३/३१९" इससे लुक् शब्दसे सु का लोप होनेसे "न लुमताङ्गस्य" यह प्रत्ययलक्षणका निषेध आकर प्राप्त होताहै, इससे 'आ' यह अङ्गकार्य नहीं होता, आगे फिर "न लोपः प्राति० ८।२।७/२३६" इससे नलोप हुआ, सुपथि वनम् । फिर आगे सम्बुद्धिमें सुलुक् होकर पदान्तत्वके कारण नलोप प्राप्त हुआ, परन्तु (सम्बुद्धाविति*) सम्बुद्धि आगे रहते नपुंसक शब्दके अन्त्य नकारका लोप विकल्पसे होताहै (वा० ४७८६) हे सुपथिन् । हे सुपथि ।

(नलोपः सुप्स्वर०) अर्थात् 'हे सुपथि' इसमें जो नकारका लोप हुआहै वह "नलोपः सुप्स्वर० ८।२।२/३५३" इससे असिद्ध है, इससे वहां नकार दीखताहीहै, इससे अनित्यत्वके कारण प्रत्ययलक्षणसे आगे सम्बुद्धि रहते "ह्रस्वस्य गुणः ७।३।१०८/२४२" इस ह्रस्वनिमित्तसे गुण नहीं होता ॥

(द्विवचने०) द्विवचनमें शी (ई) यह अच् असर्वनामस्थान है इस कारण अङ्गको भत्व प्राप्त होकर टि का लोप हुआ, सुपथी, जस् और शस्के स्थानमें आनेवाले शि (इ) को सर्वनामस्थान संज्ञा ७।१।२०/३१२ है, इसकारण "इतोऽत्सर्वनामस्थाने" और "थो न्थः" इन दोनोंकी प्राप्ति होकर सुपन्थन्+इ–ऐसी स्थिति हुई और उपधादीर्घ होकर सुपन्थानि । फिर भी उसी प्रकार सुपथि । सुपथी । सुपन्थानि । सुपथिन्+टा=सुपथा। सुपथिन्+ङे=सुपथे । सुपथिन्+भ्याम्+सुपथिभ्याम् इत्यादि ।

नपुंसकलिंगमें सुपथिन् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सुपथि	सुपथी	सुपन्थानि
सं०	हे सुपथिन्, सुपथि	हे सुपथी	हे सुपन्थानि
द्वि०	सुपथि	सुपथी	सुपन्थानि
तृ०	सुपथा	सुपथिभ्याम्	सुपथिभिः
च०	सुपथे	सुपथिभ्याम्	सुपथिभ्यः
पं०	सुपथः	सुपथिभ्याम्	सुपथिभ्यः
ष०	सुपथः	सुपथोः	सुपथाम्
स०	सुपथि	सुपथोः	सुपथिषु

पञ्चन् (पांच) शब्द–

यह बहुवचनमें ही होताहै, पंचन्+अस् ऐसी स्थिति हुई–

३६९ ष्णान्ता षट् । १ । १ । २४ ॥

षान्ता नान्ता च संख्या षट्संज्ञा स्यात् । षड्भ्यो लुक् । पञ्च २ । संख्या किम् । विप्रुषः । पामानः । शतानि सहस्राणीत्यत्र सन्निपातपरिभाषया न लुक् । सर्वनामस्थानसंनिपातेन कृतस्य नुमस्तदविघातकत्वात् । पञ्चभिः । पञ्चभ्यः २ । षट्चतुर्भ्यश्चेति नुट् ॥

३६९–षान्त[1] और नान्त जोजो संख्यावाचक शब्द हैं उनकी षट्संज्ञा हो, तो जस् और शस्में "षड्भ्यो लुक्

–कहते हैं कि, वेदमें "वा षपूर्वस्य निगमे ६।४।९" से विकल्प करके उपधादीर्घ होताहै, दीर्घाभावमें 'ऋभुक्षणम्' ऐसा होताहै सो नहीं बनेगा इसवास्ते अतका ग्रहण किया ॥

१ इस सूत्रमें 'ष्णान्ता' यह जो स्त्रीलिङ्गनिर्देश है सो "बहुगणवतुडति संख्या १।१।२३/२५८" इसमें 'संख्या' यह यद्यपि संज्ञापर है, तथापि यहां संज्ञिपर है ऐसा बोधन करनेके लिये है ॥

७।१।२२/२६१ " इससे उन प्रत्ययोंका लुक् हुआ, तब 'पंचन्' ऐसी स्थिति हुई, प्रत्ययलक्षणसे सुबन्त होनेसे पदत्व प्राप्त होकर नकारका लोप हुआ । पञ्च । पञ्च । षान्त नान्त संख्याहीको षट्संज्ञा क्यों कहा ? तो संख्यावाचक न होनेसे विप्रुष् (बिन्दु), पामन् (खुजली), इन षान्त, नान्त शब्दोंके आगेके जस्, शस्का लोप नहीं होता, विप्रुष्+जस्=विप्रुषः । पामन्+जस् पामानः ।

(शतानि सहस्राणीति) शत, सहस्र, यह शब्द नपुंसक हैं, इनको शि (इ) प्रत्यय सर्वनामस्थान परे रहते "नपुंसकस्य झलचः ७।१।७२/३१४" इससे नुम् (न्) का आगम होकर शतन्+इ, सहस्रन्+इ ऐसी स्थिति हुई, नान्तत्वके कारण उपधादीर्घ होनेसे 'शतानि', णत्व होकर 'सहस्राणि' ऐसे जो रूप होतेहैं उनमें 'शतान्, सहस्रान्' ऐसी स्थिति रहते उनका नान्तत्व और संख्यात्व लेकर उनको षट्संज्ञा और विभक्तिलुक् न करना चाहिये, क्योंकि सर्वनामस्थान शि प्रत्ययके सन्निपात (सम्बन्ध) से जो नुमागम हुआ इसी निमित्तसे फिर उलटकर शिप्रत्ययका नाश करनेसे सन्निपातपरिभाषासे विरोध होगा, इसलिये वहां लुक् न करना चाहिये। आगे फिर पदान्तत्वके कारण नकारका लोप, पञ्चभिः। पञ्चन्+भ्यस्=पञ्चभ्यः । 'आम्' प्रत्ययमें "षट्चतुर्भ्यश्च ७।१।५५/३३८" इससे नुट्, तब पञ्चन्+नाम् ऐसी स्थिति हुई फिर—

३७० नोपधायाः । ६ । ४ । ७ ॥

नान्तस्योपधाया दीर्घः स्यान्नामि परे । नलोपः । पञ्चानाम् । पञ्चसु । परमपञ्च । परमपञ्चानाम् । गौणत्वे तु न लुग्नुटौ । प्रियपञ्चा । प्रियपञ्चानौ । प्रियपञ्चानः । प्रियपञ्चाम् । एवं सप्तन्, नवन्, दशन् ॥

३७०—नाम् आगे रहते नान्त अंगकी उपधाको दीर्घ होताहै । तब पञ्चान्+नाम् ऐसी स्थिति हुई, नाम्को सुप्त प्राप्त हुआ, यजादित्व न होनेसे उसके अंगको भत्व नहीं, किन्तु पदत्व है इससे नकारका लोप पञ्चानाम् । पञ्चसु *॥

परमपञ्चन् (उत्तम पांच) ऐसा कर्मधारयसमास हो तो भी ऐसे ही रूप होंगे, परमपञ्च । परमपञ्चानाम् ।

(गौणत्वे त्विति) प्रियाः पञ्च यस्य (अर्थात् प्रिय हैं पांच जिसको सो), ऐसा 'प्रियपञ्चन्' बहुव्रीहि अर्थात् विशेषणरूप है, इसलिये गौण शब्द है, जस् शस् विभक्तियोंका लुक् नहीं, और 'आम्' प्रत्ययमें नुट् भी नहीं ऐसा वचन है, अर्थात् सब रूप राजवत् हैं, प्रियपञ्चन्+सु=प्रियपञ्चा । प्रियपञ्चन्+औ=प्रियपञ्चानौ । प्रियपञ्चन्+जस्=प्रियपञ्चानः । प्रियपञ्चन्+आम्=प्रियपञ्च्ञाम् ।

प्रियपञ्चन् शब्दके रूप—

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	प्रियपञ्चा	प्रियपञ्चानौ	प्रियपञ्चानः
सं०	हे प्रियपञ्चन्	हे प्रियपञ्चानौ	हे प्रियपञ्चानः
द्वि०	प्रियपञ्चानम्	प्रियपञ्चानौ	प्रियपञ्चानः
तृ०	प्रियपञ्च्ञा	प्रियपञ्चभ्याम्	प्रियपञ्चभिः
च०	प्रियपञ्च्ञे	प्रियपञ्चभ्याम्	प्रियपञ्चभ्यः
पं०	प्रियपञ्च्ञः	प्रियपञ्चभ्याम्	प्रियपञ्चभ्यः
ष०	प्रियपञ्च्ञः	प्रियपञ्च्ञोः	प्रियपञ्च्ञाम्
स०	प्रियपञ्च्ञि, प्रियपञ्चनि	प्रियपञ्च्ञोः	प्रियपञ्चसु.

इसी प्रकार सप्तन् (सात), नवन् (नौ), दशन् (दस), इनके रूप जानने चाहिये ॥

अष्टन् (आठ) शब्द—

३७१ अष्टन आ विभक्तौ ।७।२।८४॥

अष्टन आत्वं स्याद्धलादौ विभक्तौ ॥

३७१—हलादि विभक्ति परे रहते 'अष्टन्' शब्दको आत्व होताहै । ("रायो हलि ७।२।८५/२८६" इस पर सूत्रसे हल्का अपकर्ष होताहै और वह हल् विभक्तिका विशेषण होताहै, इससे 'हलादौ' ऐसा अर्थ होताहै)। इससे अगले सूत्रमें भ्यस् प्रत्ययमें अष्टन्को आत्व होकर 'अष्टाभ्यः' ऐसा बना है, इसका और भी प्रयोजन वहां ही आवेगा ॥

३७२ अष्टाभ्य औश् । ७ । १ । २१ ॥

कृताकारादष्टनः परयोर्जश्शसोरौश् स्यात् । अष्टभ्य इति वक्तव्ये कृतात्वनिर्देशो जश्शसोर्विषये आत्वं ज्ञापयति । वैकल्पिकं चेदमष्टन आत्वमष्टनो दीर्घादिति सूत्रे दीर्घग्रहणाज्ज्ञापकात् । अष्टौ २ । परमाष्टौ । अष्टाभिः । अष्टाभ्यः २ । अष्टानाम् । अष्टासु । आत्वाभावे अष्ट २ । इत्यादि पञ्चवत् । गौणत्वे त्वात्वाभावे राजवत् । शसि प्रियाष्टः । इह पूर्वस्मादपि विधावल्लोपस्य स्थानिवद्भावान्न ष्टुत्वम् । कार्यकालपक्षे बहिरङ्गस्याऽल्लोपस्यासिद्धत्वाद्वा । प्रियाष्ट्ण । इत्यादि । जश्शसोर्नुमौयमानमात्वं प्राधान्य एव न तु गौणतायाम् । तेन प्रियाष्टौ हलादावेव वैकल्पिकमात्वम् । प्रियाष्टाभ्याम् । प्रियाष्टाभिः । प्रियाष्टाभ्यः २ । प्रियाष्टासु । प्रियाष्टौ राजवत्सर्वं हाहावच्चापरं हलि । भष्भावः । जश्त्वचर्त्वे ॥ भुत् । भुद् । बुधौ । बुधः । बुधा । भुद्भ्याम् । भुत्सु ॥

* 'पञ्चानाम्' यह "नामि २०९" इससे सिद्ध नहीं होसकता कारण कि, नलोप असिद्ध होजायगा इस कारणसे इस सूत्रको बनाया ॥

१ यहां हल्का अपकर्ष क्यों किया ? 'विभक्ति परे रहते' इतने ही अर्थसे रूप, सिद्ध होजायँगे, ऐसी शङ्का होनेपर कहते हैं कि, 'अष्टानाम्' यह रूप नहीं सिद्ध होगा, कारण कि "अष्टन आ०" यह सूत्र पर है और नित्य है तो "षट्चतु० ३३८" को बाधकर प्रथम आत्व होगा फिर नुट् नहीं होगा और 'प्रियाष्टानौ' इत्यादिमें भी दोष जानना ॥

३७२-अष्टन् शब्दको जब आत्व होताहै, तब उसके आगेके जस् शस् प्रत्ययोंके स्थानमें औश् (औ) आदेश होताहै ।

(अष्टभ्य इतीति) 'अष्टभ्यः' ऐसा रूप होते भी जानबूझकर सूत्रमें आत्वयुक्त 'अष्टाभ्यः' ऐसा रूप लाए हैं, इस गौरवयुक्त निर्देशसे ही ऐसा जाना जाताहै कि, जस् और शस् इनका विषय होते भी अष्टन्को आत्व होताहै ।

(वैकल्पिकञ्चेति) 'अष्टभ्यः' ऐसा भी और एक रूप होताहै, कैसे ? तो "अष्टनो दीर्घात् ६।१।१७२/३७१८" इस सूत्रमें दीर्घान्त 'अष्टन्' शब्दके आगेकी असर्वनामस्थान विभक्ति उदात्त होतीहै, ऐसा कहा हुआ है, इस कारण पक्षमें ह्रस्वान्त भी उस शब्दके रूप होतेहैं, ऐसा बोध होताहै, इस ज्ञापकसे और "अष्टन" इस सूत्रसे और उसमेंके ज्ञापकसे भी होनेवाला आत्व वैकल्पिक है, ऐसा जानना । आत्व होते औश् होकर, अष्टौ । अष्टौ । रूप हुए । 'परमाष्टन्' ऐसा कर्मधारय समास कियाजाय तो भी वैसे ही परमाष्टौ जस् और शस्में बनेगा । अष्टन्+भिस् अष्टाभिः । अष्टन्+भ्यस्=अष्टाभ्यः । अष्टन्+आम्=अष्टानाम् । अष्टन्+सुप्=अष्टासु । जब आत्व नहीं है तब "षड्भ्यो लुक् ७।१।२२/२६१" इससे जस् शस् का लुक् होकर अष्ट । अष्ट । पंचन् शब्दके समान रूप होंगे प्र० सं० द्वि० अष्टौ, अष्ट । तृ० अष्टाभिः, अष्टभिः । च० पं० अष्टाभ्यः, अष्टभ्यः । ष० अष्टानाम् । स० अष्टासु, अष्टसु । इसी प्रकारसे परमाष्टन् शब्दके रूप होतेहैं ।

(गौणत्वे त्विति) 'प्रियाष्टन्' ऐसा बहुव्रीहि अर्थात् गौण शब्द लियाजाय तो आत्व नहीं होता, तब राजवत् रूप होंगे, शस्में प्रियाष्ट्णः (इहेति०) यहां 'शस्' इस परनिमित्तसे भत्वके कारण अकारका जो लोप हुआहै, उसके पहले टवर्णके अगले वर्णको अर्थात् नकारको ष्टुत्व कर्तव्य है, इस कारण अल्लोपको स्थानिवद्भाव प्राप्त हुआ, इसलिये टकारके आगे अव्यवहित नकार न होनेसे ष्टुत्व नहीं (कार्यकालपक्षे इति) अथवा कार्यकाल पक्षमें अल्लोपको बहिरङ्गत्व आताहै तो असिद्धता होजायगी ऐसा कहना भी योग्य ही है । प्रियाष्टन्+टा=प्रियाष्ट्णा इत्यादि * ॥

(जश्शसोः०) जस् और शस् आगे होते अंगको जो आत्व होताहै, यह अनुमानसे लायागयाहै अर्थात् केवल ज्ञापकसिद्ध होनेसे शब्दको प्राधान्य होते वह आत्व होताहै, बहुव्रीहिसमासके कारण जब गौणत्व आताहै, तब आत्व ही नहीं (तेनेति) इसकारण आगे हलादि विभक्ति हो तो हो । नहीं तो नहीं, 'प्रियाष्टन्' शब्दको वैकल्पिक आत्व होताहै जस् शस् प्रत्ययोंमें नहीं, प्रियाष्टन्+भ्याम्=प्रियाष्टाभ्याम् । प्रियाष्टन्+भिस्=प्रियाष्टाभिः । प्रियाष्टन्+भ्यस्=प्रियाष्टाभ्यः । प्रियाष्टन् + सुप्=प्रियाष्टासु, इस विषयमें आधी कारिका है "प्रियाष्टनो राजवत्सर्वं हाहावच्चापरं हलि" अर्थात् प्रियाष्टन् शब्दको राजन् शब्दके समान सब कार्य होतेहैं, आगे 'भ्याम्' इत्यादि हलादि विभक्ति होत हाहावत् (२४०) आकारयुक्त दूसरे रूप होतेहैं ।

प्रियाष्टन् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	प्रियाष्टा	प्रियाष्टानौ	प्रियाष्टानः
सं०	हे प्रियाष्टन्	हे प्रियाष्टानौ	हे प्रियाष्टानः
द्वि०	प्रियाष्टानम्	प्रियाष्टानौ	प्रियाष्ट्नः
तृ०	प्रियाष्ट्ना	प्रियाष्टाभ्याम्, प्रियाष्टभ्याम्,	प्रियाष्टाभिः, प्रियाष्टभिः,
च०	प्रियाष्ट्ने	प्रियाष्टाभ्याम्, प्रियाष्टभ्याम्	प्रियाष्टाभ्यः, प्रियाष्टभ्यः
पं०	प्रियाष्ट्नः	प्रियाष्टाभ्याम्, प्रियाष्टभ्याम्	प्रियाष्टाभ्यः, प्रियाष्टभ्यः,
ष०	प्रियाष्ट्नः	प्रियाष्ट्नोः	प्रियाष्ट्नाम्
स०	प्रियाष्ट्नि, प्रियाष्टनि	प्रियाष्ट्नोः	प्रियाष्टासु, प्रियाष्टसु.

बुध् (ज्ञाता) यह क्विप् प्रत्ययान्त झषन्त शब्द है ।

सु का लोप, भष्भाव, धातुत्व है, इस कारण "एकाचो बशो भष्० ८।२।३७/३२६" इससे पदान्तत्वके कारण भष्भाव, तब 'भुध्' ऐसी स्थिति हुई, "झलाञ्जशोऽन्ते ८।२।३९/८४" इससे जश्त्व, भुद् होकर "वावसाने ८।४।५६/२०६" इससे विकल्पकरके चर्त्व, भुत्, भुद् । फिर आगे बुधौ । बुधः । फिर पदान्तमें पूर्ववत् भष्भाव, भुद्भ्याम् । भुत्सु ।

बुध् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	भुत्, भुद्	बुधौ	बुधः
सं०	हे भुत्-द्	हे बुधौ	हे बुधः
द्वि०	बुधम्	बुधौ	बुधः
तृ०	बुधा	भुद्भ्याम्	भुद्भिः
च०	बुधे	भुद्भ्याम्	भुद्भ्यः
पं०	बुधः	भुद्भ्याम्	भुद्भ्यः
ष०	बुधः	बुधोः	बुधाम्
स०	बुधि	बुधोः	भुत्सु. * ॥

* 'यथोद्देशं संज्ञापरिभाषम्', 'कार्यकालं संज्ञापरिभाषम्' ऐसी परिभाषा हैं अर्थात् संज्ञा और परिभाषा इनके विषयमें यथोद्देश पक्ष और कार्यकाल पक्ष यह दो पक्ष हैं, असुक एक संज्ञा वा परिभाषा असुक ही उद्देश्यसे दी हुई है अर्थात् केवल उतनेके निमित्तही उस संज्ञा वा परिभाषाका प्रयोजन है, ऐसा मानना, इसको यथोद्देशपक्ष कहतेहैं, इस यथोद्देशपक्षमें ही षाष्ठी बहिरंगपरिभाषाको राजन् शब्द (३५२) में श्चुत्व त्रैपादिक है, इस कारण दीखता नहीं, इस कारण अन्तरङ्ग और बहिरङ्ग इन दोनों शब्दोंकी वहां प्राप्ति ही नहीं, अर्थात् वहां उस परिभाषाकी प्राप्ति ही नहीं इस कारण वहां अल्लोप असिद्ध नहीं, और उसी कारण श्चुत्व हुआहै, परन्तु मूलका उद्देश ध्यानमें न लाते जहां उस परिभाषाका कार्य आवेगा वहां वह लाई जाय, ऐसा जो पक्ष उसको कार्यकालपक्ष कहतेहैं, यह पक्ष माननेसे यहां बहिरङ्गपरिभाषाकी प्राप्ति आकर अल्लोपको बहिरङ्गत्वके कारण असिद्धत्व प्राप्त होताहै, इसलिये नकारको ष्टुत्वका अभाव हुआ, यदि यह पक्ष न मानाजाय तो ऊपर कहेसमान स्थानिवद्भाव करके ष्टुत्वका निषेध है ही, "अचः परस्मिन्पूर्वविधौ" इसके अनुसार-—स्थानिवद्भाव है । यहां 'पूर्वत्रासिद्धे न स्थानिवत्' यह वचन लाकर ष्टुत्व क्यों नहीं करते ? ऐसी शंका हुई, परन्तु उसको 'संयोगादिलोपलत्वणत्वेषु' ऐसा निषेध (२३५ में) कहा है ॥

* इस प्रकारसे सब झषन्त शब्दोंके रूप जानना चाहिये परन्तु जहां शब्दोंका एकाच् झषन्त अवयव बशयुक्त न हो वहां "एका-

युज् (योजना करनेवाला) जशन्त शब्द–

प्रथम शब्दकी उत्पत्ति–

३७३ ऋत्विग्दधृक्स्रग्दिगुष्णिगञ्चुयुजिक्रुञ्चां च । ३ । २ । ५९ ॥

एभ्यः क्विन् स्यात् । अलाक्षणिकमपि किंचित्कार्यं निपातनाल्लभ्यते । निरुपपदाद्युजेः क्विन् । कनावितौ ॥

३७३–ऋत्विज्, दधृष्, स्रज्, दिश्, उष्णिह्, अञ्च्, युज्, क्रुञ्च् यह निपातन करके क्विप्प्रत्ययान्त सिद्ध होतेहैं, अर्थात् यह शब्द अनुक्रमसे यज्, धृष्, सृज्, दिश्, ष्णिह्, अञ्चु, युजि, क्रुञ्च्, इनसे कर्त्रर्थमें क्विन्नन्त हैं ऐसा जानना ।

(अलाक्षणिकमपि०) यहां ऊपरके शब्द पूर्वोक्त धातुओंसे बनेहुए द्वित्व, अमागम, तलोप, नलोपाभाव, यह जो कार्य हुए हैं,वे यद्यपि अलाक्षणिक (अर्थात् किसी भी सूत्रसे सिद्ध न हुए ऐसे) हैं, तो भी प्रस्तुत सूत्रमें उनके सिद्ध रूप दिये हैं, इस निपातन करके ही उनको वे वे कार्य होतेहैं, ऐसा जानना चाहिये ।

(निरुपपदादिति) उपपदरहित जो (३७६) युज् धातु, उसके परे कर्त्रर्थमें क्विन् प्रत्यय होताहै, (सोपपद युज् क्विबन्त होताहै सि० ३७७), ककार, नकार इत् हैं, इससे 'वि' इतना अंश रहा, फिर संज्ञा–

३७४ कृदतिङ् । ३ । १ । ९३ ॥

संनिहिते धात्वधिकारे तिङ्भिन्नः प्रत्ययः कृत्संज्ञः स्यात् ॥

३७४–"धातोः ३।१।९१ / २८२९" ऐसा जो प्रस्तुत सूत्रके समीप सूत्र है, उस अधिकारमेंके तिङ् प्रत्याहार ३।४।७८ / २१५४ भिन्न जो प्रत्यय हैं, उनकी 'कृत्' ऐसी संज्ञा है, इसलिये यह क्विन् (वि) प्रत्यय कृत्संज्ञक है, 'वि' में भी इकार इत् है, तब 'व्' इतनाही अंश रहा, एकाल् होनेसे "अपृक्त एकाल् प्रत्ययः १।२।४२ / २५" इससे इसकी अपृक्त संज्ञा हुई, फिर–

३७५ वेरपृक्तस्य । ६ । १ । ६७ ॥

अपृक्तस्य वस्य लोपः स्यात् । कृत्तद्धितेति प्रातिपदिकत्वात्स्वादयः ॥

३७५–अपृक्तसंज्ञक वकारका लोप होताहै, इस कारण युज् इतना ही शब्द रहा,यह शब्द कृत्प्रत्ययान्त अर्थात् कृदन्त है, इसलिये (कृत्तद्धित०) "कृत्तद्धितसमासाश्च १।२।४६ / १७९" इससे कृदन्तत्वके कारण इसकी प्रातिपदिक संज्ञा है,इस कारण इसके आगे स्वादिविभक्ति (१८३) आई युज्+स् हुआ फिर–

–चो वशो भष० ८।२।३७ / ३२६ इस सूत्रकी प्राप्ति नहीं, इसकारण सब रूप बहुत सीधे हैं, जश्त्व, चर्त्व मात्र पूर्ववत् होंगे, इससे उदाहरण न दिये, इसी प्रकार जहां शब्दोंमें कोई विशेष बात नहीं है, वहां भी उदाहरण नहीं दिये हैं । कमल्, सुगण् इत्यादि शब्दोंके अनुसार संधिकार्य रखकर उनके आगे प्रत्ययमात्र लगानेसे कार्य सिद्ध होगा ॥

३७६ युजेरसमासे । ७ । १ । ७१ ॥

युजेः सर्वनामस्थाने नुम् स्यादसमासे । सुलोपः । संयोगान्तस्य लोपः ॥

३७६–समासमेंका न हो ऐसे क्विन्नन्त युज् शब्दके आगे सर्वनामस्थान परे रहते नुम् (न्) का आगम हो । (यहां "इदितो नुम्० ७।१।५८" उगिदचां सर्वनामस्थाने ७।१।७० / २६१ " इन सूत्रोंसे 'नुम्' और 'सर्वनामस्थाने' की अनुवृत्ति होतीहै) युन्+ज्=स् ऐसी स्थिति हुई सु का लोप,संयोगान्तलोप, तब युन् ऐसी स्थिति रही, फिर–

३७७ क्विन्प्रत्ययस्य कुः । ८ । २ । ६२ ॥

क्विन्प्रत्ययो यस्मात्तस्य कवर्गोन्तादेशः स्यात्पदान्ते । नस्य कुत्वेनानुनासिको ङकारः । युङ् । नश्चापदान्तस्येति नुमोऽनुस्वारः परसवर्णः । तस्याऽसिद्धत्वाच्चोः कुरिति कुत्वं न । युञ्जौ । युञ्जः । युञ्जम् । युञ्जौ । युजः । युजा । युग्भ्यामित्यादि । असमासे किम् ॥

३७७–जिससे क्विन् प्रत्यय हुआ है उसको पदान्तमें कवर्ग अन्तादेश होताहै । नकारको कवर्ग कहनेसे अनुनासिक अर्थात् ङकार हुआ, युङ् ।

(नश्चेति) 'औ' आगे रहते युन्+ज्=औ इसमें अगले जकारके कारण "नश्चापदान्तस्य झलि ८।३।२४ / १२३" इससे अपदान्त नकारको अनुस्वार, उसको "अनुस्वारस्य ययि० ८।४।५८ / १२४" इससे परसवर्ण 'ञ्' वह "चोः कुः ८।२।३० / ३७८" इससे पर है, इसलिये असिद्ध अर्थात् नहीं दीखता, इस कारण अगले झल् (ज्) के निमित्तसे जकारको उससे कुत्वङ कार नहीं, युञ्जौ । युज्+जस्=युञ्जः । युज्+अम्=युञ्जम् । युञ्जौ । युज्+शस् असर्वनामस्थानत्वके कारण नुम् नहीं हुआ, युजः । युज्+टा=युजा । पदान्तमें 'चोः कुः' इससे कुत्वके कारण युग्भ्याम् इत्यादि ॥

क्विन्नन्त युज् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	युङ्	युञ्जौ	युञ्जः
सं०	हे युङ्	हे युञ्जौ	हे युञ्जः
द्वि०	युञ्जम्	युञ्जौ	युजः
तृ०	युजा	युग्भ्याम्	युग्भिः
च०	युजे	युग्भ्याम्	युग्भ्यः
पं०	युजः	युग्भ्याम्	युग्भ्यः
ष०	युजः	युजोः	युजाम्
स०	युजि	युजोः	युक्षु.* ॥

(असमासे किम्) युज्को असमासमें ऐसा क्यों कहा ? तो समासमें "सत्सूद्विष० ३।२।६१ / २९७५" इससे बनेहुए 'सुयुज्' इस क्विबन्त शब्दको सर्वनामस्थानमें नुम् नहीं तो भी कुत्व हुई है इसके विषयमें–

* इसमें "क्विन्प्रत्ययस्य कुः", "चोः कुः", "संयोगान्तस्य लोपः", इत्यादि सूत्रोंके अंक भली भांति ध्यानमें रखनेसे उन २ सूत्रोंके प्रयोजन स्पष्ट होजायंगे ॥

३७८ चोः कुः । ८ । २ । ३० ॥

चवर्गस्य कवर्गः स्याज्झलि पदान्ते च । इति कुत्वम् । क्विन्प्रत्ययस्येति कुत्वस्यासिद्धत्वात् । सुयुक् । सुयुग् । सुयुजौ । सुयुजः । युजेरिति धातुपाठपठितेकारविशिष्टस्यानुकरणं न त्विका निर्देशः । तेनेह न । युज्यते समाधत्ते इति युक् । युज समाधौ दैवादिक आत्मनेपदी । संयोगान्तलोपः । खन् । खञ्जौ । खञ्जः । इत्यादि ॥ व्रश्चेति षत्वम् । जश्त्वचर्त्वे । राट् । राड् । राजौ राजः । राट्त्सु । राट्सु ॥ एवं विभ्राट् । देवेट् । देवेजौ । देवेजः । विश्वसृट् । विश्वसृड् । विश्वसृजौ । विश्वसृजः । इह सृजियज्योः कुत्वं नेति क्लीबे वक्ष्यते । परिमृट् । षत्वविधौ राजिसाहचर्यात् टुभ्राजृदीप्ताविति फणादिरेव गृह्यते । यस्तु एजृ भ्राजृ दीप्ताविति तस्य कुत्वमेव । विभ्राक्, विभ्राग् । विभ्राग्भ्यामित्यादि ॥

परौ व्रजेः षः पदान्ते ॥ (उ० २१७) ॥

परावुपपदे व्रजेः क्विप् स्याद्दीर्घश्च पदान्तविषये षत्वं च । परित्यज्य सर्वं व्रजतीति परिव्राट् । परिव्राजौ । परिव्राजः ॥

३७८-झल् आगे रहते और पदान्तमें चवर्गको कवर्ग होताहै । "क्विन्प्रत्ययस्य कुः ६।२।६२/३७७" यह सूत्र यहांपर असिद्ध है इससे प्रस्तुतसूत्रसे कुत्व हुआ, सुयुक्, सुयुग् । सुयुज्+औ=सुयुजौ । सुयुज्+जस्=सुयुजः ।

क्विबन्त सुयुज् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सुयुक्, सुयुग्	सुयुजौ	सुयुजः
सं०	हे सुयुक्, हे सुयुग्	हे सुयुजौ	हे सुयुजः
द्वि०	सुयुजम्	सुयुजौ	सुयुजः
तृ०	सुयुजा	सुयुग्भ्याम्	सुयुग्भिः
च०	सुयुजे	सुयुग्भ्याम्	सुयुग्भ्यः
पं०	सुयुजः	सुयुग्भ्याम्	सुयुग्भ्यः
ष०	सुयुजः	सुयुजोः	सुयुजाम्
स०	सुयुजि	सुयुजोः	सुयुक्षु.

(युजेरिति) "युजेरसमासे" इसमें और "ऋत्विग्दधृक्० ३।२।२९/३७३" इसमें भी 'युजि' ऐसा जो धातु है वह धातुपाठमें ही जो इकारयुक्त धातु 'युजिर् योगे' रुधादि (२५४३) है उसीका उच्चारण है अर्थात् उसीको नुम् होताहै। दूसरा जो युज् धातु (२५१३) उसको* "इक्श्तिपौ धातुनिर्देशे (३२८५)" इस वार्तिकसे इक् (इ) प्रत्यय लगानेसे 'युजि' ऐसा सामान्यतः उच्चारण होताहै, वह यह नहीं है, इस कारण इस धातुसे 'युज्यते' (जो समाधान करताहै वह) इस अर्थमें जो क्विबन्त शब्द 'युज्' होताहै, उसको सर्वनामस्थानमें 'नुम्' नहीं, यह धातु 'युज् समाधौ' ऐसा दिवादिगणमेंका आत्मनेपदी है, इस क्विबन्त 'युज्' शब्दके रूप 'सुयुज्' शब्दके समान जानना चाहिये।

खञ्ज् (लूला) शब्द (क्विबन्त) ।

इसमेंका जकार नकारज है इसलिये खञ्ज् ऐसा शब्द है तो सुलोप, "संयोगान्तस्य लोपः ८।२।२३/५४" खन् । सम्बुद्धिमेंभी इसीप्रकार । आगे फिर नकारके स्थानमें अनुस्वार फिर परसवर्ण होकर खञ्जौ । खञ्ज्+जस्=खञ्जः इत्यादि । आगे पदसंज्ञानिमित्त हलादि विभक्तिमें भी संयोगान्तलोप, खन्भ्याम् इत्यादि ।

खञ्ज् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	खन्	खञ्जौ	खञ्जः
सं०	हे खन्	हे खञ्जौ	हे खञ्जः
द्वि०	खञ्जम्	खञ्जौ	खञ्जः
तृ०	खञ्जा	खन्भ्याम्	खन्भिः
च०	खञ्जे	खन्भ्याम्	खन्भ्यः
पं०	खञ्जः	खन्भ्याम्	खन्भ्यः
ष०	खञ्जः	खञ्जोः	खञ्जाम्
स०	खञ्जि	खञ्जोः	खन्त्सु-न्सु.

राज् (दीप्तिमान्) शब्द-(क्विबन्त)-

सुलोप, "व्रश्चभ्रस्जसृजमृजयजराजभ्राजच्छशां षः ८।२।३६/२९४" इसमें राज् धातु है, इससे इसी सूत्रसे पदान्तमें और झल् परे रहते षत्व, राष् ऐसी स्थिति हुई, "झलाञ्जशोऽन्ते ८।२।३९/८४" इससे षकारके स्थानमें जश् डकार और "वावसाने ८।४।५६/२०६" इससे विकल्पसे चर्त्व, राट्, राड् । राज्+औ=राजौ । राज्+जस्=राजः । पदान्तमें पूर्ववत् षत्व और फिर डत्व, राड्भ्याम् । राज्+सु=राट्त्सु, राट्सु ।

राज् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	राट्, राड्	राजौ	राजः
स०	हे राट्, हे राड्	हे राजौ	हे राजः
द्वि०	राजम्	राजौ	राजः
तृ०	राजा	राड्भ्याम्	राड्भिः
च०	राजे	राड्भ्याम्	राड्भ्यः
पं०	राजः	राड्भ्याम्	राड्भ्यः
ष०	राजः	राजोः	राजाम्
स०	राजि	राजोः	राट्त्सु, राट्सु.* ॥

---

१ चाहे यह क्विबन्त शब्द है, तो भी बहुव्रीहिके आश्रयणसे जिससे क्विन् दृष्ट हो उसको होनेवाले कुत्वका असिद्धत्व जानना चाहिये ॥

* व्रश्च १, भ्रस्ज २, सृज ३, मृज ४, यज ५, राज ६, भ्राज ७, इन सात धातुओंसे जो क्विबन्त शब्द बनतेहैं, उनमेंसे 'राज्' शब्द तो ऊपर आ ही चुका, व्रश्च यह चान्त है, इस लिये आगे चान्तप्रकरणमें (४२४) आवेगा, उसको और शेष रहेहुए भ्रस्ज, सृज, मृज, यज, भ्राज इन पांच धातुओंसे बनेहुए शब्दोंको भी पदान्तमें और झल् परे रहते षत्व होताहै, इसी कारण 'एवं विभ्राट्' (इसी प्रकारसे विभ्राट्) ऐसा आगे कहा है ॥

व्रश्च, भ्रस्ज,–इत्यादि सात शब्दोंको "चोः कुः $\frac{८।२।३०}{३७८}$" इससे कुत्वकी प्राप्ति तो हुई, परन्तु "व्रश्चभ्रस्ज० $\frac{८।२।३६}{२९४}$" यह अपवाद होनेके कारण अपवादहीको प्रबलता आई और षत्व ही स्थिर रहा, कुत्व नहीं होता (एवं विभ्राट्) इस 'राज्' शब्दके समान ही विभ्राज् (सूर्य) शब्दके रूप जानना कारण कि, वह उसी 'व्रश्चभ्रस्ज०' सूत्रमेंके 'भ्राज्' धातुसे "भ्राजभास० $\frac{३।२।१७७}{३१५७}$" इससे बनाहुआ क्विबन्त शब्द है ॥

देवेज् (देवताके निमित्त यज्ञ करनेवाला) यह भी वैसे ही, अर्थात् इसके भी रूप वैसे ही होंगे, यज् धातु, देवेट्, देवेड्। देवेजौ। देवेजः। इत्यादि।

विश्वसृज् (विश्वकर्ता) यह भी उसी प्रकार, विश्वसृट्, विश्वसृड्। विश्वसृजौ। इत्यादि।

'यज्' और 'सृज्' शब्दोंको षत्व तो सिद्ध ही है, परन्तु "ऋत्विग्दधृक्स्र० $\frac{३।२।५९}{३७३}$" यहां ऋत्विज् और सृज् यह शब्द उसी यज् और सृज् धातुओंसे क्विन्नन्त बने हैं और उनको "चोः कुः" इससे कुत्व होताहै (२८० । ४४१) इस कारण उसी प्रकारसे देवेज् और विश्वसृज् क्या इनको भी कुत्व होताहै ? इस शंकाके निवारणार्थ कहते हैं–

(इहेति) इसमें यज् और सृज् इनको "चोः कुः" इससे कुत्व प्राप्त तो है, परन्तु नहीं होता ऐसा आगे नपुंसक असृज् शब्दके साधन ४४३ में कहाजायगा * ॥

परिमृज् (शुद्ध करनेवाला) शब्द–

इसके रूप वैसेही परिमृट् इत्यादि विश्वसृज् शब्दके समान जानने।

(षत्वविधाविति) इस षत्वविधानमें जो भ्राज् लिया जायगा वह 'राज्' धातुकी संगतिसे फणादिगणमें $\frac{६।४।१२५}{२३५४}$ 'टुभ्राजृ दीप्तौ' यह जो धातु है, वह लियाजायगा, अर्थात् उसीको षत्व होगा। (यस्त्विति) परन्तु, एजृ, भ्रेजृ इनके संगतिमें 'भ्राजृ दीप्तौ' ऐसा धातु (सि० २२९० में) है, उसको षत्व नहीं होता है, "चोः कुः" इससे कुत्व ही होताहै, इस कारण इस दूसरे भ्राजृ धातुसे जो 'विभ्राज्' अन्य शब्द बनताहै, उसके रूप विभ्राक्, विभ्राग्। विभ्राग्भ्याम् इत्यादि होंगे। सुयुज् शब्द (३७८) के समान * ॥

परिव्राज् इसमें व्रज् धातु है, उसको षत्वकी प्राप्ति नहीं, तथापि वार्तिकसे षत्व होताहै वह इस प्रकार है कि–

* "परौ व्रजेः षः पदान्ते (उ० २१७)" परि उपपद होते व्रज् धातुको कर्त्रर्थमें क्विप् (०) प्रत्यय और दीर्घ होताहै और पदान्तका विषय हो तो षत्व भी होताहै। (इसमें इसके पूर्व "क्विब्वचिप्रच्छि०" इस औणादिक सूत्रसे क्विप् और दीर्घका अनुकर्ष होताहै)। (परित्यज्य०) सबका परित्याग करके जो चलताहै सो परिव्राट् (संन्यासी) परिव्राज्+औ=परिव्राजौ। परिव्राज्+जस्=परिव्राजः इत्यादि राज् शब्दके समान ॥

विश्वराज् शब्द–

इसमें कई स्थानोंमें दीर्घ होताहै, उसके समझनेको पहले उत्पत्ति लिखते हैं–

३७९ विश्वस्य वसुराटोः।६।३।१२८॥

विश्वशब्दस्य दीर्घः स्याद्वसौ राट्शब्दे च परे। विश्वं वसु यस्य स विश्वावसुः। राडिति पदान्तोपलक्षणार्थम्। चर्त्वमविवक्षितम्। विश्वाराट्। विश्वाराड्। विश्वराजौ। विश्वराजः। विश्वाराड्भ्यामित्यादि ॥

३७९–आगे वसु अथवा राट् शब्द हो तो विश्व शब्दको दीर्घ होताहै। ("ढ्लोपे पूर्वस्य दीर्घः० $\frac{६।३।१११}{१७४}$" से दीर्घकी अनुवृत्ति आतीहै)। (विश्वं वसु यस्य सः) सब जगत् है वसु (धन) जिसका वह विश्वावसु (गन्धर्व विशेष)।

(राडिति) इसमें राट् जो टान्त शब्द है सो पदान्तोपलक्षणार्थ (अर्थात् राज् शब्द पदान्तमें होते उसका जो रूप होताहै उस रूपका ग्रहण कियाजाय ऐसा दिखानेको) लाये हैं, उसमें चर्त्व होना ही चाहिये, ऐसी कुछ आवश्यकता नहीं है, विश्वाराट्, विश्वाराड्। विश्वराज्+औ=विश्वराजौ। विश्वराज्+जस्=विश्वराजः। विश्वराज्+भ्याम्=विश्वाराड्भ्याम्। इत्यादि।

विश्वराज् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	विश्वाराट्–ड्	विश्वराजौ	विश्वराजः
सं०	हे विश्वाराट्–ड्	हे विश्वराजौ	हे विश्वराजः
द्वि०	विश्वराजम्	विश्वराजौ	विश्वराजः
तृ०	विश्वराजा	विश्वाराड्भ्याम्	विश्वाराड्भिः
च०	विश्वराजे	विश्वाराड्भ्याम्	विश्वाराड्भ्यः
पं०	विश्वराजः	विश्वाराड्भ्याम्	विश्वाराड्भ्यः
ष०	विश्वराजः	विश्वराजोः	विश्वराजाम्
स०	विश्वराजि	विश्वराजोः	विश्वाराट्सु–सु.

भ्रस्ज् (पाक करनेवाला) शब्द–

यह 'भ्रस्ज पाके' इस धातुसे क्विबन्त बनाहै, और "ग्रहिज्यावयि० $\frac{६।१।१६}{२४१२}$" इस सूत्रसे संप्रसारण हुआहै, भृस्ज्+सु इसमें सु का लोप होकर भृस्ज् ऐसी स्थिति रहते पदान्तमें संयोग आया इससे संयोगान्तलोपकी प्राप्ति हुई, परन्तु–

३८० स्कोः संयोगाद्योरन्ते च। ८।२।२९॥

पदान्ते झलि च परे यः संयोगस्तदाद्योः सकारककारयोर्लोपः स्यात्। भृट्। भृड्। सस्य श्चुत्वेन शः। तस्य जश्त्वेन जः। भृज्जौ।

---

*"चोः कुः $\frac{८।२।३०}{३७२}$" और "क्विन्प्रत्ययस्य कुः $\frac{८।२।६२}{३७७}$" इनमेंसे त्रुमागममें (३७६) ही "क्विन्प्रत्ययस्य कुः" की प्राप्ति रहती है अन्यत्र उस सूत्रको असिद्ध होनेके कारण "चोः कुः" इसका सर्वत्र कार्य होता है यह बात सब पिछला प्रकरण देखनेसे ध्यानमें आ ही जायगी ॥

* व्रश्चादि सात धातुओंमेंसे भ्रस्ज् शेष रहा, उसका कार्य कुछ दूसरे प्रकारका है, इस कारण आगे कहा जायगा, पहले षत्वके सम्बन्धसे 'परिव्राज्' और 'विश्वराज्' इन दो शब्दोंके रूप दिये जायगे ॥

भृज्जः ॥ ऋत्विगित्यादिना ऋतावुपपदे यजेः क्विन् । क्विन्नन्तत्वात्कुत्वम् । ऋत्विक् । ऋत्विग् । ऋत्विजौ । ऋत्विजः । रात्सस्येति नियमान्न संयोगान्तलोपः । ऊर्क्, ऊर्ग् । ऊर्जौ । ऊर्जः । त्यदाद्यत्वं पररूपत्वं च ॥

३८०—पदान्तमें अथवा झल्के पूर्व रहनेवाले संयोगके आदिके सकार और ककारका लोप होताहै । भृज् ऐसी स्थिति हुई, फिर आगे "व्रश्चभ्रस्ज० ८।२।३६/२९४" इससे षत्व, उसको "झलाञ्जशोऽन्ते" इससे जश्त्व और "वावसाने ८।४।५६/२०६" इससे वैकल्पिक चर्त्व हुआ, भृट्, भृड् । आगे फिर 'औ' होते भृस्ज्+औ—इसमें सकारको श्चुत्व ८।४।४०/१११ होकर शकार और "झलाञ्जश् झशि ८।४।५३/५२" इससे शकारको जश्त्व होकर जकार हुआ, भृज्जौ । भृज्जः ।

भृस्ज् शब्दके रूप—

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	भृट्-ड्	भृज्जौ	भृज्जः
सं०	हे भृट्-ड्	हे भृज्जौ	हे भृज्जः
द्वि०	भृज्जम्	भृज्जौ	भृज्जः
तृ०	भृज्जा	भृड्भ्याम्	भृड्भिः
च०	भृज्जे	भृड्भ्याम्	भृड्भ्यः
पं०	भृज्जः	भृड्भ्याम्	भृड्भ्यः
ष०	भृज्जः	भृज्जोः	भृज्जाम्
स०	भृज्जि	भृज्जोः	भृट्सु-ट्सु.

ऋत्विज् शब्द—

"ऋत्विग्दधृक्० ३।२।५९/३७३" इस सूत्रसे ऋतु यह उपपद रहते यज्धातुसे ऋत्विज् यह क्विन्नन्त प्रातिपदिक निपातित है, "चोः कुः ८।२।३०/३७८" इससे कुत्व (क्विन्प्रत्ययस्य कुः। ८।२।६२/३७७ यह सूत्र असिद्ध है) इसलिये ऋत्विक्, ऋत्विग् । ऋत्विज्+औ=ऋत्विजौ । ऋत्विज्+जस्=ऋत्विजः । सुयुज् (३७८) शब्दके समान रूप होंगे ॥

ऊर्ज् (बल) शब्द—"भ्राजभास० ३।२।१७७/३१५७" इससे क्विबन्त है ।

(रात्सस्येति) सु का लोप होनेके पीछे संयोगान्तलोप प्राप्त हुआ, परन्तु "रात्सस्य ८।२।२४/२८०" इस नियमसे संयोगान्त पदमें रेफके परे सकारमात्रका लोप होताहै, अन्य वर्णका नहीं, इस कारण ऊर्क्, ऊर्ग् । ऊर्जौ । ऊर्जः इत्यादि ।

ऊर्ज् शब्दके रूप—

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	ऊर्क्-र्ग्	ऊर्जौ	ऊर्जः
सं०	हे ऊर्क्-र्ग्	हे ऊर्जौ	हे ऊर्जः
द्वि०	ऊर्जम्	ऊर्जौ	ऊर्जः
तृ०	ऊर्जा	ऊर्ग्भ्याम्	ऊर्ग्भिः
च०	ऊर्जे	ऊर्ग्भ्याम्	ऊर्ग्भ्यः
पं०	ऊर्जः	ऊर्ग्भ्याम्	ऊर्ग्भ्यः
ष०	ऊर्जः	ऊर्जोः	ऊर्जाम्
स०	ऊर्जि	ऊर्जोः	ऊर्क्षु.

त्यद् (वह) शब्द—

यह त्यदादि गणमेंका सर्वनाम शब्द है, विभक्ति आगे रहते "त्यदादीनामः ७।२।१०२/२६५" इससे उसको अकारान्तत्व है, त्य+अ—ऐसी स्थिति हुई, फिर "अतो गुणे ६।१।९७/१९१" से पररूप होकर 'त्य' ऐसा अजन्तशब्द बना उसके आगे विभक्तिकी प्राप्ति हुई, तब सु आगे रहते त्य+स् ऐसी स्थिति हुई, परन्तु—

३८१ तदोः सः सावनन्त्ययोः । ७ । २ । १०६ ॥

त्यदादीनां तकारदकारयोरनन्त्ययोः सः स्यात्सौ परे । स्यः । त्यौ । त्ये । त्यम् । त्यौ । त्यान् । सः । तौ । ते । परमसः । परमतौ । परमते । द्विपर्यन्तानामित्येव। नेह । त्वम्। न च तकारोच्चारणसामर्थ्यादिति वाच्यम् । अतित्वमिति गौणे चरितार्थत्वात् । संज्ञायां गौणत्वे चात्वसत्वे न । त्यद् । त्यदौ । त्यदः । अतित्यद् । अतित्यदौ । अतित्यदः ॥ यः । यौ । ये ॥ एषः । एतौ । एते । अन्वादेशे तु एनम् । एनौ । एनान् । एनेन । एनयोः २ ॥

३८१—सु परे होते अन्तके न हों ऐसे त्यदादिकोंके तकार और दकारके स्थानमें सकार होताहै । स्य+स्=स्यः । फिर त्यद्+औ=त्यौ । त्यद्+जस्=त्ये । त्यद्+अम्=त्यम् । त्यद्+औ=त्यौ । त्यद्+शस्=त्यान् । इत्यादि सर्ववत् । त्यदादिकोंका सम्बोधन नहीं होता ।

त्यद् शब्दके रूप—

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	स्यः	त्यौ	त्ये
द्वि०	त्यम्	त्यौ	त्यान्
तृ०	त्येन	त्याभ्याम्	त्यैः
च०	त्यस्मै	त्याभ्याम्	त्येभ्यः
पं०	त्यस्मात्	त्याभ्याम्	त्येभ्यः
ष०	त्यस्य	त्ययोः	त्येषाम्
स०	त्यस्मिन्	त्ययोः	त्येषु.

इसी प्रकारसे तद् (वह) शब्द, सः । तौ । ते ।

तद् शब्दके रूप—

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सः	तौ	ते
द्वि०	तम्	तौ	तान्
तृ०	तेन	ताभ्याम्	तैः
च०	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः
पं०	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः
ष०	तस्य	तयोः	तेषाम्
स०	तस्मिन्	तयोः	तेषु.

इसी प्रकारसे परमतत् यह कर्मधारय समाससे बनाहुआ शब्द, परमसः । परमतौ । परमते ।

(द्विपर्यन्तानामित्येव) त्यदादि गण द्विशब्दतक ही है अर्थात् उसमें त्यद्, तद्, यद्, एतद्, इदम्, अदस्, एक,

द्वि, यही आठ शब्द आतेहैं (२६५) इसीसे युष्मद् शब्दको त्यदाद्यत्व नहीं अर्थात् उसमें अत्व, सत्व नहीं होते 'त्वम्' ऐसा ही रूप होताहै (सि० ३८५)

(न च तकारोच्चारणेति) यदि कोई कहै कि, युष्मद्को त्यदाद्यत्व है परन्तु "त्वाहौ सौ ७।२।९४/३८४" इस सूत्रसे युष्मद्में के युष्मके स्थानमें 'त्व' आदेश होताहै ऐसा कहा हुआ है, इसलिये सूत्रके तकारके उच्चारणका सामर्थ्य लानेके अर्थ यहां 'त्व' आदेश करके 'त्वम्' ऐसा रूप बना, अत्व-सत्वमात्र नहीं कियागया, इतना ही न्यून है, तो ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये, कारण कि, संज्ञा और उपसर्जन इनमें सर्वनामकार्य और त्यदादिअन्तर्गणकार्य भी नहीं होता (सि० २२२) इसलिये 'अतित्वम्' इसमें 'युष्मद्' शब्द है, तो भी उसको उपसर्जनत्वके कारण सर्वनामत्व और त्यदाद्यत्व भी नहीं है, इतनी बात तो स्पष्ट ह ही, वहां 'त्व' के उच्चारणको चारितार्थ्य आया, इस कारण 'त्वम्' में उच्चारण सार्थकतानिभित्त व्यर्थ है, सारांश यह है युष्मद् अस्मद् भवतु किम् यह शब्द त्यदादिगणमें नहीं आते ऊपर कहे हुए आठही शब्द आतेहैं, यही सिद्ध है इसलिये 'त्यद्' ऐसी संज्ञा लीजाय तो त्यद्। त्यदौ। त्यदः इत्यादि रूप होंगे। 'अतित्यद्' शब्द, इसको उपसर्जनत्व होनेसे सर्वनामकार्य और अन्तर्गणकार्य दोनों नहीं,केवल इतर जशन्त शब्दोंके समान होगा, अतित्यद्+सु=अतित्यद्। अतित्यद्+औ=अतित्यदौ। अतित्यद्+जस्=अतित्यदः इत्यादि। यद् (जो) शब्द, सर्वनामही है त्यद् शब्दके समान ही त्यदाद्यत्व और पररूपत्व होताहै, यः। यौ। ये इत्यादि।

यद् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	यः	यौ	ये
द्वि०	यम्	यौ	यान्
तृ०	येन	याभ्याम्	यैः
च०	यस्मै	याभ्याम्	येभ्यः
पं०	यस्मात्	याभ्याम्	येभ्यः
ष०	यस्य	ययोः	येषाम्
स०	यस्मिन्	ययोः	येषु.

एतद् (यह) शब्द भी सर्वनाम उसी प्रकार है अत्व, सत्व, आदेशरूप सकारके कारण "आदेशप्रत्यययोः ८।३।५९/२१२" इससे षत्व, एषः। एतद्+औ=एतौ। एतद्+जस्=एते। (अन्वादेशे तु) "द्वितीयाटौस्स्वेनः २।४।३४/३५१" इससे अन्वादेशमें एनम्। एनौ। एनान्। एनेन। एनयोः। एनयोः।

एतद् शब्दके अन्वादेश और अनन्वादेश–
पक्षमें रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	एषः	एतौ	एते
द्वि०	एतम्, एनम्	एतौ, एनौ	एतान्, एनान्
तृ०	एतेन, एनेन	एताभ्याम्	एतैः
च०	एतस्मै	एताभ्याम्	एतेभ्यः
पं०	एतस्मात्	एताभ्याम्	एतेभ्यः
ष०	एतस्य	एतयोः, एनयोः	एतेषाम्
स०	एतस्मिन्	एतयोः, एनयोः	एतेषु.

युष्मद् (तू) शब्द और अस्मद् (मैं) शब्द–

इन दोनों शब्दोंके कार्य एकत्र कहे हुए हैं, इनके रूप कुछ विकट हैं, इस कारण नीचे लिखी बातोंपर विशेष ध्यान रखना चाहिये।

प्रथमतः युष्मद् और अस्मद् यह अंग हैं और सु, औ, जस्, इत्यादि प्रत्यय हैं, परन्तु प्रत्ययोंको और अंगोंको भी प्रायः आदेश हुआ करतेहैं, जहां आदेश नहीं वहां मूलमात्रके रूप होतेहैं, पहले प्रत्ययोंके आदेश बडे अक्षरोंमें लिखेजायंगे। अनादेश (अ० मूलके) प्रत्यय महीन अक्षरोंमें, फिर अंगके आदेश पूर्ववत् बडे अक्षरोंमें, और अनादेश अंगके महीन अक्षरोंमें, फिर अङ्गके अन्त्यवर्णको होनेवाले आदेश मध्यमें रक्खे जायंगे, यह सब लिखनेके अनन्तर अन्तरङ्गत्वके अनुसार अङ्गसंधि और आदेशकार्य फिर शेष रही इतर संधि। इस प्रकारसे कार्य करनेसे युष्मद् और अस्मद् इन दोनों शब्दोंके सब विभक्तियोंके रूप सहजमें सिद्ध होजायंगे। सूत्रोंके प्रयोजन सब आगे आवेंगेही परन्तु संक्षेपमात्रसे रूपसिद्धि इस कोष्ठकसे भली प्रकार ध्यानमें आजायगी, फिर सूत्रोंके क्रमसे केवल कार्य करते चले जाओ।

पहले अनुवृत्तिसहित प्रत्ययादेशोंके सूत्र–

७।१।२७ युष्मद्–अस्मद्भ्याम् ङसः अश् ३९९

७।१।२८ युष्मद्–अस्मद्भ्यां ङेप्रथम (द्वितीय)-योः अम् ३८२

७।१।२९ युष्मद्–अस्मद्भ्यां शसः न (न्) ३९१

७।१।३० युष्मद्–अस्मद्भ्यां भ्यसः भ्यम् ३९५

७।१।३१ युष्मद्–अस्मद्भ्यां पञ्चम्याः भ्यसः अत् ३९७

७।१।३२ युष्मद्–अस्मद्भ्यां पञ्चम्याः एकवचनस्य च अत् ३९६

७।१।३३ युष्मद्–अस्मद्भ्यां सामः आकम् ४००

(इतर मूलके प्रत्यय वही हैं)।

अङ्गको होनेवाले आदेशोंको दिखानेवाली सूत्रानुवृत्ति–

७।२।९१ युष्मद्–अस्मदोः मपर्यन्तस्य ३८३

७।२।९२ युष्मद्–अस्मदोः मपर्यन्तस्य युवाऽऽवौ द्विवचने ३८६

७।२।९३ युष्मद्–अस्मदोः मपर्यन्तस्य यूयवयौ जसि ३८८

७।२।९४ युष्मद्–अस्मदोः मपर्यन्तस्य त्वाऽहौ सौ ३८४

७।२।९५ युष्मद्–अस्मदोः मपर्यन्तस्य तुभ्यमह्यौ ङयि ३९४

७।२।९६ युष्मद्–अस्मदोः मपर्यन्तस्य तवममौ ङसि ३९८

७।२।९७ युष्मद्–अस्मदोः मपर्यन्तस्य त्वमौ एकवचने ३८९

(इतर यहां मूलकेही अंग हैं)।

अङ्गके अन्त्यवर्णको होनेवाले आदेशके विषय सूत्रानुवृत्ति-

७ । २ । ८६ युष्मद्-अस्मदोः आ अनादेशे हलादौ विभक्तौ ३९३

७ । २ । ८७ युष्मद्-अस्मदोः आ-द्वितीयायां च३९०

७ । २ । ८८ युष्मद्-अस्मदोः आ प्रथमायाः च द्विवचने भाषायाम् ३८७

७ । २ । ८९ युष्मद्-अस्मदोः यः (य्) अनादेशे अचि ३९२

७ । २ । ९० शेषे (आ-य निमित्तेतरविभक्तौ) युष्मद्-अस्मदोः लोपः ३८५

कितनेही स्थानोंमें दो दो रूप होतेहैं उनके विषयमें सूत्र-

८ । १ । २० युष्मद्-अस्मदोः षष्ठीचतुर्थीद्वितीयास्थयोः वां-नावौ ४०४

८ । १ । २१ युष्मद्-अस्मदोः षष्ठीचतुर्थीद्वितीयाबहुवचनस्य वस्नसौ ४०५

८ । १ । २२ युष्मद्-अस्मदोः षष्ठीचतुर्थीस्थयोः तेमयौ एकवचनस्य ४०६

८ । १ । २३ युष्मद्-अस्मदोः त्वामौ द्वितीयायाः एकवचनस्य ४०७

इस प्रकार क्रमसे सब कार्य किये जानेसे आगेके कोष्ठकमें दिखलाये हुएके अनुसार उनकी स्थिति होगी, उनके अनन्तर फिर संधि आदि कार्य । लोपादेश दरशानेके निमित्त कोष्ठकमें ऐसा।।चिह्न कियाहै-

युष्मद् शब्द-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	त्व अद्।।अम्	युव अद् आ अम्	यूय अद्।।अम्
द्वि०	त्व अद् आ अम्, त्वा	युव अद् आ अम, वाम्	युष्मद् आ न् स, वस्
तृ०	त्व अद् य् आ	युव अद् आ भ्याम्	युष्मद् आ भिस्
च०	तुभ्य अद्।।अम्, ते	युव अद् आ भ्याम्, वाम्	युष्मद्।।भ्यम्, वस्
पं०	त्व अद्।।अत्	युव अद् आ भ्याम्	युष्मद्।।अत्
ष०	तव अद्।।अ, ते	युव अद् य् ओस्, वाम्	युष्मद्।।आकम्, वस्
स०	त्व अद् य् इ	युव अद् य् ओस्	युष्मद् आ सु

अस्मद् शब्द-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अह अद्।।अम्	आव अद् आ अम्	वय अद्+अम्
द्वि०	म अद् आ अम्, मा	आव अद् आ अम्, नौ	अस्मद् आ न् स्, नस्
तृ०	म अद् य् आ	आव अद् आ भ्याम्	अस्मद् आ भिस्
च०	मह्य अद्।।अम्, मे	आव अद् आ भ्याम्, नौ	अस्मद्।।भ्यम्, नः
पं०	म अद्।।अत्	आव अद् आ भ्याम्	अस्मद्।।अत
ष०	मम अद्।।अ, मे	आव अद् य् ओस्, नौ	अस्मद्।।आकम्, नस्
स०	म अद् य् इ	आव अद् य् ओस्	अस्मद् आ सु

अब सिद्ध रूप लिखतेहैं-युष्मद् शब्द-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	त्वम्	युवाम्	यूयम्
द्वि०	त्वाम्, त्वा	युवाम्, वाम्	युष्मान्, वः
तृ०	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
च०	तुभ्यम्, ते	युवाभ्याम्, वाम्	युष्मभ्यम्, वः
पं०	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
ष०	तव, ते	युवयोः, वाम्	युष्माकम्, वः
स०	त्वयि	युवयोः	युष्मासु.

अस्मद् शब्द-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अहम्	आवाम्	वयम्
द्वि०	माम्, मा	आवाम्, नौ	अस्मान्, नः
तृ०	मया	आवाभ्याम्	अस्माभिः
च०	मह्यम्, मे	आवाभ्याम्, नौ	अस्मभ्यम्, नः
पं०	मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
ष०	मम, मे	आवयोः, नौ	अस्माकम्, नः
स०	मयि	आवयोः	अस्मासु.

अब कौमुदीके क्रमसे रूपसिद्धि दिखातेहैं-युष्मद्+सु ऐसी स्थिति हुई-

३८२ ङे प्रथमयोरम् । ७ । १ । २८ ॥

युष्मदस्मद्भ्यां परस्य ङे इत्येतस्य प्रथमाद्वितीययोश्चामादेशः स्यात् ॥

३८२-युष्मद् और अस्मद् इनके आगे ङेके स्थानमें तथा प्रथमा द्वितीया प्रत्ययके स्थानमें अम् आदेश होताहै । ("युष्मदस्मद्भ्यां ङसोऽश् ७।१।२७/३९९" से युष्मद् अस्मद्की अनुवृत्ति होतीहै, सूत्रमें 'ङे' यह लुप्तषष्ठीक पृथक् है और 'प्रथमयोः' इस द्विवचनके बलसे द्वितीयाकाभी ग्रहण भया) ॥ युष्मद्+अम् ऐसी स्थिति हुई-

३८३ मपर्यन्तस्य । ७ । २ । ९१ ॥

इत्यधिकृत्य ॥

३८३-यह अधिकारसूत्र है अगले सूत्रमें इसके अर्थका समावेश है ॥

३८४ त्वाहौ सौ । ७ । २ । ९४ ॥

युष्मदस्मदोर्मपर्यन्तस्य त्व अह इत्येतावादेशौ स्तः सौ परे ॥

३८४-सु परे रहते युष्मद्, अस्मद् शब्दोंके मपर्यन्त अंशके स्थानमें त्व और अह यह आदेश होतेहैं फिर आगे

अद् इतना जो अंश रहा वह वैसा ही रहताहै, इस कारण 'त्व+अद्=अम्' 'अह+अद्=अम्' ऐसी स्थिति हुई, "अतो गुणे ६।१।९७/१९१" इससे पररूप, त्वद्=अम्। अहद्=अम् ऐसा होनेके अनन्तर–

३८९ शेषे लोपः। ७। २। ९०॥

आत्वयत्वनिमित्तेतरविभक्तौ परतो युष्मदस्मदोरन्त्यस्य लोपः स्यात्। अतो गुणे। अमि पूर्वः। त्वम्। अहम्। ननु त्वं स्त्री अहं स्त्री इत्यत्र त्व अम् अह अम् इति स्थिते अमि पूर्वरूपत्वं परमपि बाधित्वाऽन्तरङ्गत्वाट्टाप् प्राप्नोति। सत्यम्। अलिङ्गे युष्मदस्मदी। तेन स्त्रीत्वाभावान्न टाप्। यद्वा शेष इति सप्तमी स्थानिनोऽधिकरणत्वविवक्षया तेन मपर्यन्ताच्छेषस्य अद् इत्यस्य लोपः स्यात्। स च परोप्यन्तरङ्गे अतो गुणे कृते प्रवर्तते। अदन्तत्वाभावान्न टाप्। परमत्वम्। परमाहम्। अतित्वम्। अत्यहम्॥

३८९–जिस विभक्तिके आगे रहते युष्मद् और अस्मद् इनके अन्त्य दकारको आत्व (७।२।८६।८७।८८) अथवा यत्व (७।२।८९) होताहै उन विभक्तियोंको छोडकर अन्य विभक्ति परे रहते युष्मद् और अस्मद् इनके अन्त्य दकारका लोप होताहै। 'सु' प्रत्ययमें आत्व वा यत्व होनेके निमित्त सूत्र नहीं, इसलिये दकारका लोप, 'त्व=अम्' 'अह=अम्' ऐसी स्थिति हुई, "अमि पूर्वः ६।१।१०७/१९४" इससे पूर्वरूप, त्वम्। अहम्*॥

शंका–(ननु त्वम् स्त्रीति) त्वम्, अहम्, यह शब्दरूप स्त्रीलिङ्गमें सिद्ध होतेहैं, त्व+अम्, अह+अम् ऐसी जो उनकी पहले स्थिति होतीहै वहां आगे अम् होनेके कारण "अमि पूर्वः ६।१।१०७/१९४" और स्त्रीत्वके कारण "अजाद्यतष्टाप् ४।१।४/४५४" इन दोनोंकी प्राप्ति हुई, और यद्यपि परत्वके कारण "अमि पूर्वः" इसीका कार्य होना चाहिये यह सत्य है, तो भी टाप् (आ) यह अङ्ग (त्व, अह) को होनेवाला प्रत्यय अम् यह 'सु' विभक्ति प्रत्ययके स्थानमें कियाहुआ आदेश है अर्थात् अम्के सम्बन्धसे जो पूर्वरूप है वह बाहरका कार्य है, इस कारण बहिरंग है और टाप्का कार्य अन्तरंग है, तो पूर्वरूप चाहे परसूत्र हो उसका बाध करके अन्तरंगकार्य ही प्रबल होना चाहिये, सारांश यह कि टाप्का कार्य प्रथम हो, ऐसी शंका हुई तो–

(सत्यमिति) सत्य है, परन्तु युष्मद् अस्मद् यह शब्द अलिङ्ग हैं ऐसा भाष्यमें निर्णय होचुका है इससे उसको स्त्रीत्व ही नहीं अर्थात् टाप् नहीं इस कारण "अमि पूर्वः" यही सूत्र प्रवृत्त होताहै।

(यद्वा शेष०) "शेषे लोपः" इसमें 'शेषे' जो सप्तमी है वह स्थानीको अधिकरणत्व (अर्थात् कार्याधारत्व) लानेवाली सप्तमी माननेसे "तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य" यह परिभाषा यहां न लग सकेगी, तब युष्मद् अस्मद् इसमेंके मकारतक रहनेवाले युष्म्, अस्म्, इनके स्थानमें आनेवाले त्व, अह उनके आगेका रहनेवाला जो 'अद्' अंश उसके स्थानमें लोप होताहै, ऐसा अर्थ होगा यह लोप यद्यपि "अतो गुणे ६।१।९७/१९१" इससे पर ७।२।९०/३८९ है तो भी वहां (त्व अद्+अम्, अह अद्+अम् इनमें) त्व अद, अह अद् इनमेंके संधिकार्य अन्तरंगकार्य हैं, और अद्लोप बहिरंगकार्य है, इसलिये पहले "अतो गुणे" यह अन्तरंगकार्य प्रवृत्त होताहै, उससे त्व अम्, अह अम् ऐसी स्थिति होते त्व, अह यह शब्द हलन्त हैं, इसलिये अदन्तत्वके अभाव होनेके कारण उनको 'टाप्' इस स्त्री प्रत्ययकी कुछभी प्राप्ति नहीं ४।१।४/४५४।

इसी प्रकारसे अङ्गाधिकारके कारण परमयुष्मद्, परमास्मद्, अतियुष्मद्, अत्यस्मद्, इन तदन्तशब्दोंके परमत्वम्, परमाहम्, अतित्वम्, अत्यहम्। आगे "ङे प्रथमयोरम् ७।१।२८/३८२" इससे औके स्थानमें अम् होनेके पीछे–

३८६ युवावौ द्विवचने। ७। २। ९२॥

द्वयोरुक्तौ युष्मदस्मदोर्मपर्यन्तस्य युवावौ स्तो विभक्तौ॥

३८६–द्वित्व+अर्थ उक्त होते युष्मद्, अस्मद् इनमेंके म तक अंशके स्थानमें आगे विभक्ति रहते युव और आव आदेश होतेहैं। युव अद्+अम्। आव अद्+अम् ऐसी स्थिति हुई–*॥

३८७ प्रथमायाश्च द्विवचने भाषायाम्। ७। २। ८८॥

इह युष्मदस्मदोराकारोन्तादेशः स्यात्। औङ्गीत्येव सुवचम्। भाषायां किम्। युवं वस्त्राणि। युवाम्। आवाम्। मपर्यन्तस्य किम्। साकच्कस्य मा भूत्, युवकाम्। आवकाम्। त्वया मयेत्यत्र त्वया म्येति मा भूत्। युवकाभ्यामावकाभ्यामिति च न सिध्येत्॥

३८७–यहां (प्रथमाके द्विवचनमें) युष्मद् अस्मद् इनको भाषामें 'आ' यह अन्तादेश होताहै। युव अ आ+अम् ऐसी स्थिति हुई, अन्तरंगत्वके कारण "अतो गुणे", "अकः सवर्णे दीर्घः" इनके कार्य पहिले होकर फिर "अमि पूर्वः"। इसलिये क्रमसे युव आ+अम्–युवा+अम् होकर अन्तमें युवाम् और आव आ+ अम्–आवा+अम् और फिर आवाम्।

* इसमें त्व, अह, इसमें अकार उच्चारणार्थ होनेसे त्व्, अह् ऐसे हलन्त लियेगये हैं इस कारण 'त्व्+अ=अम्' 'अह्+अ=अम्' ऐसी स्थिति हुई है, इससे पूर्वमें 'अतो गुणे' इसका वहां प्रयोजन नहीं, 'अमि पूर्वः' इसीसे 'त्वम्' 'अहम्' यह सिद्ध होतेहैं ऐसा नवीनोंका मत है तथापि कौमुदीकारने 'त्व' 'अह' यह अजन्त लिये हैं, इससे 'अतो गुणे' इसका प्रयोजन है॥

* विग्रहमें द्वित्व होते समासका अर्थ एकत्व या द्वित्व हो तो कुछ भी हानि नहीं, युव, आव यह आदेश होतेही हैं, इस कारण वृत्तिमें 'द्विवचने' इसका अर्थ 'द्वयोरुक्तौ' ऐसा ही किया है॥

(औङि इत्येव सुवचम्) सूत्रमें 'प्रथमायाश्च द्विवचने' ऐसा न लिखते 'औङि' इतना कहते तो बहुत लाघव है फिर ऐसा बडा सूत्र करनेकी जरूरत नहीं, भाषा अर्थात् लोकमें ऐसा क्यों कहा ? तो वेदमें 'युवं वस्त्राणि' (युवं वस्त्राणि पीवसार्व-साथे युवोरच्छिद्रा मन्तवो ह सर्गाः ऋ० मं० १सू० १५२ऋ० १) इसमें 'युवम्' यह प्रथमाका द्विवचन है उसमें आकार यह आदेश नहीं, पीछे "मपर्यन्तस्य ७।२।९१/३८३" इस सूत्रके बनानेका क्या प्रयोजन ?:तो(साकच्कस्य मा भूत्।)युष्मद् अस्मद् शब्दोंके जो रूप होतेहैं वही रूप युष्मकद्, अस्मकद् इन अकच्-सहित शब्दोंके भी न होते "मपर्यन्तस्य" इस नियमानुसार युवकाम्, आवकाम् ऐसेही रूप हों, (यहांपर यदि ऐसा कहाजाय कि, "ओकारसकारभकारादौ सुपि सर्वनाम्नष्टेः प्रागकच्०" इसका आश्रयण करें तो 'युवाम्' 'आवाम्' ऐसा सिद्ध होनेपर अकच् होगा तो कोई दोष नहीं, इसलिये दूसरा दोष-) (त्वया मयेति) ऐसेही आगे तृतीयाके एकवचनमें त्वया, मया ऐसे जो रूप होतेहैं वहां त्व्या, म्या, ऐसे रूप न होनेपावें (३९२), (यहांपर भी "योऽचि ७।२।८९/३९२" इसके स्थानमें 'अच्ये' ऐसा न्यास करके 'अनादेश अजादि विभक्ति परे रहते युष्मद्, अस्मद् इनको एत्व हो' ऐसा अर्थ करतेहैं, तो 'त्वया' 'मया' यहां दोष नहीं इस कारण दूसरा दोष-) ऐसा नियम जो न होता तो 'भ्याम्' प्रत्ययमें युष्मकद्, अस्मकद् इनके रूप युवकाभ्याम्, आवकाभ्याम् ऐसे सिद्ध न हुएहोते (३९४) (कारण कि, पूर्वोक्त "ओकारसकारभकारादौ०" इसके अनुसार यहां 'भ्याम्' को भकारादि होनेसे प्रथम ही अकच् होगा, पीछे संपूर्णको आदेश होजायगा) इसलिये 'मपर्यन्तस्य' ऐसा कहाहै, आगे फिर 'जस्' प्रत्ययमें पूर्ववत् अम् और-

३८८ यूयवयौ जसि । ७ । २ । ९३ ॥

स्पष्टम् । यूयम् । वयम् । परमयूयम् । परमवयम् । अतियूयम् । अतिवयम् । इह शेषे लोपोऽन्त्यलोप इति पक्षे जसः शी प्राप्तः । अङ्गकार्ये कृते पुनर्नाङ्गकार्यमिति न भवति । ङे प्रथमयोरित्यत्र मकारान्तरं प्रश्लिष्य अम् मान्त एवावशिष्यते न तु विक्रियत इति व्याख्यानाद्वा ॥

३८८-जस् परे रहते मपर्यन्त युष्मद् शब्दके स्थानमें 'यूय' और अस्मद् शब्दके स्थानमें 'वय' आदेश होताहै । यूय+अद्=अम्, वय+अद्=अम् ऐसी स्थिति रहते पूर्ववत् कार्य होकर यूयम्, वयम् । उसी प्रकारसे तदन्तत्वके कारण परमयूयम् । परमवयम् । अतियूयम् । अतिवयम् ।

(इहेति) यहां "शेषे लोपः ७।२।९०/३८५" इसका द्वितीय अर्थ अर्थात् अन्त्य वर्णका लोप किया जाय तो युष्मद्, अस्मद्, इनका अन्त्य दकार जाते ही वह शब्द अदन्त होकर "जशः शी ७।१।१७/२१८" इससे जस्के स्थानमें शी प्राप्त हुई, परन्तु एकवार अङ्गकार्य (अङ्गाधिकारसम्बन्धी कार्य) होगया तो फिर अङ्गकार्य नहीं होता, ऐसी परिभाषा है "ङे प्रथमयोरम् ७।१।२८/३८२" इससे एकवार जस्के स्थानमें अम् सिद्ध हुआ फिर उसके स्थानमें शी नहीं हो सकती, अथवा "ङे प्रथमयोरम्" इसमेंके अम्के स्थानमें प्रश्लेष करके और एक मकार लाकर 'अम्म्' अर्थात् अन्ततक मकारान्त रूपसे ही टिकनेवाला ऐसा 'अम्' आदेश होताहै, उसके मकारान्तत्वको कोई विकार नहीं होता, ऐसा व्याख्यान करनेसे भी ठीक ही है * ॥

आगे द्वितीयाके एकवचनमें अम्प्रत्यय होते-

३८९ त्वमावेकवचने । ७ । २ । ९० ॥

एकस्योक्तौ युष्मदस्मदोर्मपर्यन्तस्य त्वमौ स्तो विभक्तौ ॥

३८९-एकत्व+अर्थ उक्त होते युष्मद्, अस्मद् शब्दके मपर्यन्तके स्थानमें विभक्ति परे रहते त्व, म, यह आदेश होतेहैं ॥

त्वअद्+अम् । मअद्+अम् ऐसी स्थिति हुई-

३९० द्वितीयायां च । ७ । २ । ८७ ॥

युष्मदस्मदोराकारः स्यात् । त्वाम् । माम् । युवाम् । आवाम् ॥

३९०-आगे द्वितीया विभक्ति रहते युष्मद् अस्मद् इनको भी आकार अन्तादेश होताहै । त्व अ आ+अम् । म अ आ+अम् । इस परसे पूर्ववत् कार्य होकर त्वाम् माम् । द्विवचनमें पूर्ववत् युवाम् आवाम् । आगे शस् होते युष्मद्+अस्, अस्मद्+अस् ऐसी स्थिति होते "ङे प्रथमयोरम्" इससे होनेवाला जो अम् उसकी प्राप्ति हुई, परन्तु-

३९१ शसो न । ७ । १ । २९ ॥

नेत्यविभक्तिकम् । युष्मदस्मद्भ्यां परस्य शसो नकारः स्यादमोऽपवादः । आदेः परस्य । संयोगान्तस्य लोपः । युष्मान् । अस्मान् ॥

३९१-यहां 'न' यह अविभक्तिकरूप प्रथमार्थमें है । युष्मद्, अस्मद् इनके आगेके शस् प्रत्ययको नकार आदेश होताहै । यह अम्का अपवाद है, "आदेः परस्य १।१।५४/४४" इससे शस् (अस्) इसके अकारके स्थानमें नकार होकर युष्मद्+न्स् अस्मद्+न्स् ऐसी स्थिति होते "द्वितीयायां च" इससे आकार होकर युष्मान्स् अस्मान्स् ऐसी स्थिति होकर "संयोगान्तस्य लोपः ८।२।२३/५४" इससे युष्मान् । अस्मान् । 'टा' प्रत्यय आगे होते "त्वमावेकवचने" इससे त्व अद्+आ । म अद्+आ ऐसी स्थिति हुई-

३९२ योऽचि । ७ । २ । ८९ ॥

अनयोर्यकारादेशः स्यादनादेशेऽजादौ परतः । त्वया । मया ॥

* 'अङ्गवृत्ते पुनर्वृत्तावविधिः' ऐसी मूलकी परिभाषा है परन्तु यह शब्दभेद करके अर्थसे ऊपर लीहुई है ॥

३९२-आदेशरूप न हो ऐसा प्रत्यय परे रहते युष्मद्, अस्मद् इनको यकारादेश होताहै । त्व, अय्+आ म अय्+आ ऐसी स्थिति होकर त्वया । मया । फिर " युवावौ द्विवचने " यह सूत्र है ही युवअद्+भ्याम् आवअद्+भ्याम् इन परसे पूर्ववत् युवद्+भ्याम् आवद्+भ्याम् ऐसी स्थिति हुई-

३९३ युष्मदस्मदोरनादेशे।७।२।८६॥

अनयोराकारः स्यादनादेशे हलादौ विभक्तौ। युवाभ्याम् । आवाभ्याम्।युष्माभिः।अस्माभिः॥

३९३-अनादेशरूप हलादि विभक्ति परे रहते युष्मद्,अस्मद्को आकार होताहै । युवाभ्याम्।आवाभ्याम्। बहुवचनमें युव आव नहीं । युष्मद्+भिस् अस्मद्+भिस् ऐसी स्थिति होते प्रस्तुत सूत्रके अनुसार हलादि विभक्तिके कारण आकार हुआ, युष्माभिः । अस्माभिः । 'ङे' प्रत्यय आगे रहते-

३९४ तुभ्यमह्यौ ङयि।७।२।९५॥

अनयोर्मपर्यन्तस्य तुभ्यमह्यौ स्तो ङयि । अमादेशः । शेषे लोपः । तुभ्यम् । मह्यम् । परमतुभ्यम् । परममह्यम् । अतितुभ्यम् । अतिमह्यम् । युवाभ्याम् । आवाभ्याम् ॥

३९४-ङे आगे रहते युष्मद् अस्मद् इनके मकारतक अंशको तुभ्य और मह्य यह आदेश होतेहैं, ७।१।२८ / ३८२ से अमादेश,तुभ्य अद्+अम् । मह्य अद्+अम् इनपरसे तुभ्यद्+अम् । मह्यद्+अम् और दकारका लोप होकर अन्तमें तुभ्यम् । मह्यम् । परमतुभ्यम् । परममह्यम् । अतितुभ्यम् । अतिमह्यम् । युवाभ्याम् । आवाभ्याम् । बहुवचनमें भ्यस् प्रत्यय आगे रहते-

३९५ भ्यसो भ्यम् । ७ । १ । ३० ॥

भ्यसो भ्यम् अभ्यम् वा आदेशः स्यात् । आद्यः शेषे लोपस्यान्त्यलोपत्व एव । तत्राङ्गवृत्तपरिभाषया एत्वं न । अभ्यम् तु पक्षद्वयेपि साधुः । युष्मभ्यम् । अस्मभ्यम् ॥

३९५-भ्यस्के स्थानमें 'भ्यम्' अथवा 'अभ्यम्' आदेश होताहै । (आद्य इति) आद्य अर्थात् 'भ्यम्' लेनेसे " शेषे लोपः " इसका अन्त्यलोप ऐसा ही अर्थ लेना चाहिये तब द्का लोपहोकर युष्मभ्यम्, अस्मभ्यम् ऐसी स्थिति रहते " बहुवचने झल्येत् " इससे भ्यम्के पहले जो एकारकी प्राप्ति वह अंगवृत्तपरिभाषा (३८८) से नहीं होती, (अभ्यं त्विति) अभ्यम् ऐसा आदेश लियाजाय तो " शेषे लोपः " इसका दोनोंमेंसे कोईसा भी अर्थ लियाजाय तो होसकताहै, युष्मभ्यम् । अस्मभ्यम् । अब पंचमीके एकवचनमें त्व, म, आदेश होनेके पीछे-

३९६ एकवचनस्य च । ७।१।३२॥

आभ्यां पञ्चम्येकवचनस्य अत्स्यात् । त्वत् । मत्।ङसेश्चेति सुवचम्। युवाभ्याम्।आवाभ्याम्॥

३९६-युष्मद् और अस्मद् शब्दके उत्तर पंचमीके एकवचनके अत्+आदेश हो । त्व अद्+अत्।म अद्+अत् इनसे पूर्ववत् कार्य होकर त्वत् । मत् । (ङसेश्च इति सुवचम्) " एकवचनस्य० " इतना लम्बा सूत्र न करके 'ङसेश्च' इतनाही सूत्र होता तो अच्छा होता । आगे पूर्ववत् युवाभ्याम् । आवाभ्याम् । फिर बहुवचनमें-

३९७ पञ्चम्या अत् । ७।१।३१ ॥

आभ्यां पञ्चम्या भ्यसोऽत्स्यात् । युष्मत् । अस्मत् ॥

३९७-युष्मद् अस्मद् इनके आगेके पंचमीके भ्यस् प्रत्ययके स्थानमें अत् आदेश होताहै । युष्मत् । अस्मत् । आगे फिर-

३९८ तवममौ ङसि । ७ । २।९६॥

अनयोर्मपर्यन्तस्य तवममौ स्तो ङसि ॥

३९८-ङस् आगे होते युष्मद् अस्मद्के मकारपर्यन्तको 'तव' 'मम' आदेश होतेहैं । तव अद्+ङस्, मम अद्+ङस् ऐसी स्थिति होते फिर-

३९९ युष्मदस्मद्भ्यां ङसोऽश्।७।१।२७॥

स्पष्टम् । तव । मम । युवयोः । आवयोः ॥

३९९-युष्मद्, अस्मद् इनके आगे जो ङस् उसके स्थानमें 'अश्' आदेश होताहै । तवद्+अ, ममद्+अ, इसपरसे तव । मम । द्विवचनमें युव आव होकर युवद्+ओस् । आवद्+ओस् ऐसी स्थिति होते "योऽचि ७।२।८९ / ३९२" इससे दकारके स्थानमें यकार होकर युवयोः । आवयोः । फिर-

४०० साम आकम् ।७।१।३३ ॥

आभ्यां परस्य साम आकम् स्यात् । भाविनः सुटो निवृत्त्यर्थं ससुट्कनिर्देशः । युष्माकम् । अस्माकम् । त्वयि । मयि । युवयोः । आवयोः । युष्मासु । अस्मासु ॥

समस्यमाने द्व्येकत्ववाचिनी युष्मदस्मदी ।
समासार्थोऽन्यसंख्यश्चेत्स्तो युवावौ त्वमावपि॥१॥
सुजस्ङेङस्सु परत आदेशाः स्युः सदैव ते ।
त्वाहौ यूयवयौ तुभ्यमह्यौ तवममावपि ॥ २ ॥
एते परत्वाद्बाधन्ते युवावौ विषये स्वके ॥
त्वमावपि प्रबाधन्ते पूर्वविप्रतिषेधतः ॥ ३ ॥
द्व्येकसंख्यः समासार्थो बह्वर्थे युष्मदस्मदी ॥
तयोरद्व्येकतार्थत्वान्न युवावौ त्वमौ न च ॥४॥

त्वां मां वा अतिक्रान्त इति विग्रहे अतित्वम् । अत्यहम् । अतित्वाम् । अतिमाम् । अतियूयम् । अतिवयम् । अतित्वाम् २ । अतिमाम् २ । अतित्वान् । अतिमान् । अतित्वया । अतिमया । अतित्वाभ्याम् । अतिमाभ्याम् । अतित्वाभिः । अतिमाभिः । अतितुभ्यम् । अतिमह्यम् । अतित्वाभ्याम् । अतिमाभ्याम् । अतित्वभ्यम् । अतिमभ्यम् । ङसिभ्यसोः ।

अतित्वत् २ । अतिमत् २ । भ्यामि प्राग्वत् । अतितव । अतिमम । अतित्वयोः । अतिमयोः । अतित्वाकम् । अतिमाकम् । अतित्वयि । अतिमयि । अतित्वयोः । अतिमयोः । अतित्वासु । अतिमासु । युवाम् आवां वा अतिक्रान्त इति विग्रहे सुजसूङेङस्सु प्राग्वत् । औअम्औट्सु । अतियुवाम् ३ । अत्यावाम् ३ । अतियुवान् । अत्यावान् । अतियुवया । अत्यावया । अतियुवाभ्याम् ३ । अत्यावाभ्याम् ३ । अतियुवाभिः । अत्यावाभिः । भ्यसि अतियुवभ्यम् । अत्यावभ्यम् । ङसिभ्यसोः । अतियुवत् २ । अत्यावत् २ । ओसि अतियुवयोः २ । अत्यावयोः २ । अतियुवाकम् । अत्यावाकम् । अतियुवयि । अत्यावयि । अतियुवासु । अत्यावासु । युष्मानस्मान्वेति विग्रहे सुजसूङेङस्सु प्राग्वत् । औअम्औट्सु । अतियुष्माम् ३ । अत्यस्माम् ३ । अतियुष्मान् । अत्यस्मान् । अतियुष्मया । अत्यस्मया । अतियुष्माभ्याम् ३ । अत्यस्माभ्याम् ३ । अतियुष्माभिः । अत्यस्माभिः । भ्यसि । अतियुष्मभ्यम् । अत्यस्मभ्यम् । ङसिभ्यसोः । अतियुष्मत् । अत्यस्मत् । ओसि । अतियुष्मयोः २ । अत्यस्मयोः २ । अतियुष्माकम् । अत्यस्माकम् । अतियुष्मयि । अत्यस्मयि । अतियुष्मासु । अत्यस्मासु ॥

४००-युष्मद्, अस्मद् इनके आगेके साम(सम्भावित सुट्पूर्वकआम्) के स्थानमें 'आकम्' आदेश होता है । आगे आकम्को फिर 'सुट्' आगम न होने पावे इस कारण पहले ही सुट्युक्तका उच्चारण किया है, युष्माकम् । अस्माकम् । फिर सप्तमीके एकवचनमें त्व म आकर "योऽचि" इससे त्वयि । मयि । द्विवचनमें युवयोः । आवयोः । बहुवचनमें 'सु' अनादेश हलादिविभक्ति है इसकारण आकार हुआ, युष्मासु । अस्मासु रूप पूर्वमें लिखही चुकेहैं ।

अब समासमें जो इन रूपोंके विषयमें नियम हैं उनके विषयमें कारिका है—("युवावौ द्विवचने ७।२।९२/३८६" "तवममावेकवचने ७।२।९०/३८९" इन सूत्रोंमें द्विवचन और एकवचन शब्द अर्थपर हैं, प्रत्ययपर नहीं इसका फल दिखानेके लिये-) (समस्यमान इति) समासमें युष्मद्, अस्मद् रहें और जो वह द्विवचनके अथवा एकवचनके हों और चाहे सब (पूरे) सामासिकशब्द अन्यवचनके भी होजांय, तो भी उसके अन्तर्गतस्थानीको युव, आव, त्व, म, ये आदेश होतेहैं, परन्तु सु, जस्, ङे, ङस् प्रत्यय आगे हों तो त्व, अह, यूय, वय, तुभ्य, मह्य, तव, मम ये आदेश क्रमसे सदैव होतेहैं, कारण कि जहां इनका विषय आताहै वहां युव, आव, इनको ये परत्वके कारण बाधक होतेहैं और त्व, म, इनके भी ये पूर्वविप्रतिषेध करके बाधक होतेहैं, समासका अर्थ जो द्विवचनका अथवा एकवचनका हो और उसमेंके युष्मद् अस्मद् बहुवचनके हों तो उस बीचके शब्दोंमें द्वित्व अथवा एकत्व न होनेसे उनके स्थानमें युव आव और त्व म नहीं होते ।

(त्वां मां वा आतिक्रान्तः०) तुझको अथवा मुझको छोडकर गया ऐसे अर्थके 'अतियुष्मद्' और 'अत्यस्मद्' शब्द लियेजांय तो उनके रूप—

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अतित्वम् । अत्यहम्	अतित्वाम् । अतिमाम्	अतियूयम् । अतिवयम्
द्वि०	अतित्वाम् । अतिमाम्	अतित्वाम् । अतिमाम्	अतित्वान् । अतिमान्
तृ०	अतित्वया । अतिमया	अतित्वाभ्याम् । अतिमाभ्याम्	अतित्वाभिः । अतिमाभिः
च०	अतितुभ्यम् । अतिमह्यम्	अतित्वाभ्याम् । अतिमाभ्याम्	अतित्वभ्यम् । आतिमभ्यम्

(ङसिभ्यसोः) पंचमीके एकवचन और बहुवचनमें अतित्वत् । आतिमत् । भ्याम्प्रत्ययमें पूर्ववत् अतित्वाभ्याम् । अतिमाभ्याम् ।

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
ष०	अतितव । अतिमम	अतित्वयोः । अतिमयोः	अतित्वाकम् । अतिमाकम्
स०	अतित्वयि । अतिमयि	अतित्वयोः । अतिमयोः	आतित्वासु । अतिमासु.

(युवाम् आवां वा अतिक्रान्तः इति विग्रहे) तुम दोनोंको अथवा हम दोनोंको छोड़ कर गया इस विग्रहमें अतियुष्मद्, अत्यस्मद् शब्द लियेजांय तो प्रथमाके एकवचन, बहुवचन, चतुर्थी और षष्ठीके एकवचनमें इनके रूप पूर्ववत् अर्थात् अतित्वम् । अत्यहम् । अतियूयम् अतिवयम् । अतितुभ्यम् । अतिमह्यम् । अतितव । अतिमम । प्रथमाके द्विवचन, द्वितीयाके एकवचन और द्विवचन इनमें अतियुवाम् । अत्यावाम् । द्वितीयाके बहुवचनमें अतियुवान् । अत्यावान् । अतियुवया । अत्यावया । तृ० च० पं० द्विवचनमें अतियुवाभ्याम् ३ अत्यावाभ्याम् । तृ० ब० अतियुवाभिः । अत्यावाभिः । च० ब० में अतियुवभ्यम् । अत्यावभ्यम् । (ङसिभ्यसोः) अतियुवत् । अत्यावत् । दोनों ओस्प्रत्ययोंमें अतियुवयोः । अत्यावयोः । ष० ब० अतियुवाकम् । अत्यावाकम् । स० एक० अतियुवयि । अत्यावयि ।

(युष्मान्, अस्मान् वा अतिक्रान्तः इति विग्रहे) तुमको हमको छोडकर गया इस विग्रहमें अतियुष्मद्, अत्यस्मद् शब्दोंके रूप—प्र० एकवचन, बहुवचन, चतुर्थी और षष्ठीके एकवचनमें प्राग्वत् । प्रथमाके एकवचन और द्वितीयाके एकवचन, द्विवचनमें अतियुष्माम् । अत्यस्माम् । द्वि० ब० में अतियुष्मान् । अत्यस्मान् । तृ० ए० अतियुष्मया । अत्यस्मया । भ्याम् प्रत्ययमें अतियुष्माभ्याम् ३ अत्यस्माभ्याम् । तृ० ब० अतियुष्माभिः । अत्यस्माभिः । चतुर्थीके बहुवचनमें अतियुष्मभ्यम् । अत्यस्मभ्यम् । पंचमीके एकवचन और बहुवचनमें अतियुष्मत् । अत्यस्मत् । दोनों ओस् प्रत्ययोंमें अतियुष्मयोः । अत्यस्मयोः । ष० ब० अतियुष्माकम् । अत्यस्माकम् ।

स० ए० अतियुष्मायि । अत्यस्मायि । स० ब० अतियुष्मासु । अत्यस्मासु ॥

युष्मद् अस्मद्के अधिक रूपोंके विषयमें—

४०१ पदस्य । ८ । १ । १६ ॥

४०१—पदके ।

४०२ पदात् । ८ । १ । १७ ॥

४०२—पदसे परे ।

४०३ अनुदात्तं सर्वमपादादौ।८।१।१८॥

इत्यधिकृत्य ॥

४०३—अनुदात्त सर्व अपादादिमें ।

इस प्रकारसे अधिकार करके ।

४०४ युष्मदस्मदोः षष्ठीचतुर्थीद्वितीयास्थयोर्वांनावौ । ८ । १ । २० ॥

पदात्परयोरपादादौ स्थितयोरनयोः षष्ठ्यादिविशिष्टयोर्वान्नावित्यादेशौस्तस्तौ चानुदात्तौ ॥

४०४—किसी पदके अनन्तर हों परन्तु पद्यरचनामें पादके आरम्भमें न हों ऐसे युष्मद्, अस्मद्, शब्द षष्ठी चतुर्थी अथवा द्वितीयाविशिष्ट हों तो उनके स्थानमें वाम्, नौ आदेश होतेहैं वे अनुदात्त हैं ॥

४०५ बहुवचनस्य वस्नसौ।८।१।२१॥

उक्तविधयोरनयोः षष्ठ्यादिबहुवचनान्तयोर्वस्नसौ स्तः । वान्नावोरपवादः ॥

४०५—पदके परे अपादके आदिमें स्थित षष्ठीआदिके बहुवचनान्त युष्मद् और अस्मद् शब्दके स्थानमें वस् और नस् आदेश हों । यह आदेश वां और नौ आदेशके अपवादक हैं ।

४०६ तेमयावेकवचनस्य । ८।१।२२ ॥

उक्तविधयोरनयोः षष्ठीचतुर्थ्येकवचनान्तयोस्ते मे एतौ स्तः ॥

४०६—पदके परे अपादके आदिमें स्थित षष्ठी और चतुर्थीके एकवचनमें युष्मद्, अस्मद् शब्दके स्थानमें ते, मे आदेश हों । द्वितीयाके एकवचनमें अन्य रूप होतेहैं इस कारण उनका ग्रहण न करके अगला सूत्र लिखतेहैं—

४०७ त्वामौ द्वितीयायाः । ८।१।२३ ॥

द्वितीयैकवचनान्तयोस्त्वा मा एतौ स्तः ।

श्रीशस्त्वाऽवतु मापीह दत्तात्ते मेऽपि शर्म सः ।
स्वामी ते मेऽपि स हरिः पातु वामपि नौ विभुः।
सुखं वां नौ ददात्वीशः पतिर्वामपि नो हरिः ।
सोऽव्याद्वो नः शिवं वो नो दद्यात्सेव्योऽत्र वः स नः

पदात्परयोः किम् । वाक्यादौ मा भूत् । त्वां पातु मां पातु । अपादादौ किम् । वेदैरशेषैः संवेद्योऽस्मान्कृष्णः सर्वदाऽवतु । स्थग्रहणाच्छ्रूयमाणविभक्तिकयोरेव । नेह । इति युष्मत्पुत्रो ब्रवीति। इत्यस्मत्पुत्रो ब्रवीति॥ समानवाक्ये निघातयुष्मदस्मदादेशा वक्तव्याः ॥*॥ एकतिङ् वाक्यम् । तेनेह न । ओदनं पच तव भविष्यति ।इह तु स्यादेव । शालीनां ते ओदनं दास्यामीति ॥ एते वांनावादय आदेशा अनन्वादेशे वा वक्तव्याः ॥ * ॥ अन्वादेशे तु नित्यं स्युः । धाता ते भक्तोऽस्ति धाता तव भक्तोऽस्तीति वा । तस्मै ते नम इत्येव ॥

४०७—पदके परे अपादके आदिमें स्थित द्वितीयाके एकवचनान्त युष्मद् और अस्मद् शब्दके स्थानमें त्वा, मा आदेश हों । इनके उदाहरण देतेहैं 'श्रीशस्त्वावतु' इति (श्रीशः त्वा मा अपि अवतु) श्रीपति तेरी और मेरी भी रक्षा करे, यहां 'श्रीशः' इस शब्दके परे युष्मद्, अस्मद् शब्द अपादके आदिमें स्थित और द्वितीयाका एकवचनान्त हैं इस कारण उनको त्वा, मा, यह आदेश हुए, (सः ते मेऽपि शर्म दत्तात्) वह तुमको और मुझको भी कल्याण देवें, इस स्थलमें 'दत्तात्' इस शब्दके परे अपादके आदिमें स्थित चतुर्थीके एकवचनान्त होनेके कारण दोनों शब्दोंको ते मे आदेश हुए, (स हरिः ते मे अपि स्वामी) वह हरि तेरा और मेरा भी स्वामी है, इस स्थलमें 'स्वामी' इस शब्दसे परे और अपादके आदिमें स्थित षष्ठीका एकवचन है यहां पूर्वविधि होनेके कारण ते मे आदेश हुए, (विभुः वां नौ अपि पातु) ईश्वर तुम दोनोंकी और हम दोनोंकी भी रक्षा करें । वाम् नौ यह द्वितीयाके द्विवचन, (ईशः वां नौ अपि सुखं ददातु) ईश्वर तुमको और हमको भी सुख दें, वां नौ यह चतुर्थीका द्विवचन, (हरिः वां नौ अपि पतिः) तुम दोनोंका और हम दोनोंका भी पति हरि हैं, वाम् नौ यह षष्ठीका द्विवचन है, (सः वः नः अव्यात्) वह तुम सबोंकी और हम सबोंकी रक्षा करैं, वः नः यह द्वितीयाका बहुवचन, (शिवं वः नः दद्यात्) तुम सबको और हम सबको कल्याण देवें, वः नः यह चतुर्थीका बहुवचन, (सः हरिः वः नः सेव्यः) वह तुम सबको और हम सबको सेव्य हैं, वः नः यह षष्ठीके बहुवचन हैं ।

(पदात् परयोः किम्) पदसे पर हों ऐसा क्यों कहा ? तो वाक्यके आरंभमें यह आदेश नहीं करना चाहिये इसलिये ऐसा कहा है (त्वां पातु०) तेरी रक्षा करें इसमें त्वा आदेश नहीं, (अपादादौ०) पदात् पर कहनेपर भी फिर 'अपादादौ' (पदका आरंभ न हो) ऐसा क्यों ? तो पदके आरंभमें होते पदके अनन्तर होना संभव है, इस कारण उनके निवारणके लिये हैं (वेदैरशेषैः०) सब वेदोंमें पूज्य कृष्ण सर्वदा हमारी रक्षा करैं, यहां अनुष्टुप् छन्दके आठ अक्षरोंका पाद है, और 'अस्मान्' यह द्वितीयान्त शब्द पदके अनन्तर होते भी द्वितीयपादके प्रारंभमें है, इसलिये वहां 'नः' यह आदेश नहीं होता, (स्थग्रहणादिति) "युष्मदस्मदोः ८।१।२०। ४०४" इस सूत्रमें 'स्थ' (अर्थात् रहनेवाला) शब्दका ग्रहण होनेसे

विभक्तिप्रत्ययोंका जब श्रवण होग्य हो तब ही उनको आदेश होतेहैं, इस कारण अगले उदाहरणमें आदेश नहीं, 'इति युष्मत्पुत्रो ब्रवीति,' 'इति अस्मत्पुत्रो ब्रवीति' इस प्रकारसे तेरा पुत्र कहताहै, इस प्रकारसे मेरा पुत्र कहताहै, इनमें युष्मद् अस्मद् शब्द पदके अनन्तर हैं, षष्ठयन्त हैं तो भी समासशास्त्रके कारण उनके आगेके प्रत्यय लुप्त हुए हैं इसलिये उनके स्थानमें पूर्वोक्त आदेश नहीं, * समान वाक्य इति०(वा० ४७१४) * एकतिङ् वाक्यम् (११९९ वा०) एक क्रियापद जिसमें हो वह वाक्य, निघात (अर्थात् अनुदात्तकरण) और युष्मद् अस्मद् इनके आदेश, समानवाक्यमें ही होतेहैं, (तेन इह न) इसलिये अगले संयुक्त वाक्योंमें वह प्रकार नहीं 'ओदनं पच तव भविष्यति 'भात पकाओ तुम्हारे लिये होजायगा, इसमें दो वाक्य हैं, इसलिये 'तव' यह शब्द समानवाक्यस्थ पदके अनन्तर नहीं इसलिये आदेश नहीं, परन्तु अगला वाक्य समान वाक्य होनेसे वहां आदेश होताहै, 'शालीनां ते ओदनं दास्यामि ' शाली धानका भात तुझको दूंगा ऐसा, * एते वामिति (४७१७ वा०) अन्वादेश न हो तो वां नौ इत्यादि आदेश प्राप्त हों तो भी विकल्प करके होतेहैं, परन्तु अन्वादेश हो तो नित्य होतेहैं, 'धाता ते भक्तोऽस्ति' 'धाता तव भक्तोऽस्ति इति वा' ब्रह्मदेव तेरा भक्त है, इसमें अन्वादेश न होनेसे विकल्प करके 'ते' आदेश हुआ है, परन्तु अन्वादेशमें 'तस्मै ते नमः इत्येव' उस तुझको नमस्कार है ऐसा ही प्रयोग होताहै विकल्प नहीं। अब निषेध-

४०८ न चवाहाऽहैवयुक्ते।८।१।२४॥

चादिपञ्चकयोगे नैते आदेशाः स्युः।हरिस्त्वां मां च रक्षतु। कथं त्वां मां वा न रक्षेदित्यादि युक्तग्रहणात्साक्षाद्योगेऽयं निषेधः। परंपरासंबन्धे तु आदेशः स्यादेव। हरो हरिश्च मे स्वामी॥

४०८-'चादिपंचक च, वा, ह, अह, एव, इनका योग हो तो पूर्वोक्त आदेश नहीं होते। (हरिस्त्वां मां च रक्षतु) हरि तेरी और मेरी रक्षा करें, इसमें चकार होनेके कारण आदेश नहीं, (कथं त्वां मां वा न रक्षेत्) तुझको वा मुझको क्यों नहीं रक्षा करेगा, इसमें 'वा' शब्दके कारण आदेश नहीं, (युक्तग्रहणादिति) 'न चवाहाहैवैः०' ऐसा सूत्र होता तो भी 'तुल्यार्थैः-'इत्यादिके समान तृतीयाहीसे युक्त अर्थ आजाता सो न होकर सूत्रमें युक्तशब्द होनेसे युष्मद् अस्मद् शब्दोंको प्रत्यक्ष चादिकोंका योग हो तो वहां ही यह निषेध है, (परंपरा) परंपरा अर्थात् अन्यशब्दोंके सम्बन्धसे जो उनका सम्बन्ध हो तो आदेश होनाही चाहिये 'हरो हरिश्च मे स्वामी' हर और हरि यह मेरे स्वामी है, इसमें 'च' का अस्मद्शब्दसे प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं, हर और हरि इनसे है, इस कारण यहां आदेश होताहै॥

४०९पश्यार्थैश्चानालोचने८।१।२५॥

अचाक्षुषज्ञानार्थैर्धातुभिर्योगे एते आदेशा न स्युः। चेतसा त्वां समीक्षते। परम्परासम्बन्धेप्ययं निषेधः। भक्तस्तव रूपं ध्यायति। आलोचने तु भक्तस्त्वा पश्यति चक्षुषा॥

४०९-'प्रत्यक्ष नेत्रसे देखना' यह अर्थ छोडकर इतर अर्थमें योजना किये हुए (लायेहुए) जो देखने अर्थके धातु इनका योग रहते यह आदेश नहीं होते। (चेतसा त्वां समीक्षते) मनसे तुझको देखताहै, (परंपरासम्बन्ध इति) परंपरा सम्बन्ध होते भी यह निषेध होताहै, यथा 'भक्तस्तव रूपं ध्यायति' भक्त तेरा रूप ध्यान करताहै, (आलोचने तु) परन्तु प्रत्यक्ष देखनेका अर्थ होते निषेध नहीं, 'भक्तस्त्वां पश्यति चक्षुषा' भक्त तुझको नेत्रोंसे देखताहै, इस स्थलमें चाक्षुषज्ञानार्थ धातुको योग होनेके कारण 'त्वा' आदेश हुआ॥

४१० सपूर्वायाः प्रथमाया विभाषा। ८।१।२६॥

विद्यमानपूर्वात्प्रथमान्तात्परयोरनयोरन्वादेशेप्येते आदेशा वा स्युः। भक्तस्त्वमप्यहं तेन हरिस्त्वां त्रायते स माम्। त्वा मेति वा॥

४१०-पूर्वमें दूसरा कोई पद विद्यमान हो ऐसे प्रथमान्तपदके परे युष्मद् अस्मद् शब्दको अन्वादेशमें यह सम्पूर्ण आदेश विकल्प करके हों। (भक्तस्त्वमप्यहं तेन हरिस्त्वां त्रायते स माम् त्वा, मा इति वा) तू भक्त है मैं भी हूं इस कारण वह हरि तुझको और मुझको रक्षण करताहै। इनमें 'हरिः' 'सः' यह प्रथमान्त हैं सपूर्व हैं अर्थात् इनके पहले और २ शब्दभी हैं इससे इनके आगे आनेवाले युष्मद् अस्मद् शब्दोंको विकल्प करके उक्त आदेश होतेहैं, इस कारण 'त्वाम्' 'माम्' अथवा 'त्वा' 'मा' यह रूप होतेहैं। अगले निषेधके लिये पहले संज्ञा-

४११ सामन्त्रितम्। २। ३। ४८॥

संबोधने या प्रथमा तदन्तमामन्त्रितसंज्ञं स्यात्॥

५११-सम्बोधनमें प्रथमाविभक्त्यन्त पदकी आमंत्रित संज्ञा हो॥

४१२ आमन्त्रितं पूर्वमविद्यमानवत्। ८। १। ७२॥

स्पष्टम्। अग्ने तव। देवास्मान्पाहि। अग्ने नय। अग्ने इन्द्र वरुण। इह युष्मदस्मदोरादेशस्तिङन्तनिघात आमन्त्रितनिघातश्च न। सर्वदा रक्ष देव न इत्यत्र तु देवेत्यस्याविद्यमानवद्भावेपि ततः प्राचीनं रक्षेत्येतदाश्रित्यादेशः। एवमिमं मे गङ्गे यमुने इति मन्त्रे यमुन इत्यादिभ्यः प्राचीनामन्त्रिताविद्यमानवद्भावेऽपि मेशब्दमेवाश्रित्य सर्वेषां निघातः॥

४१२-पूर्वस्थित आमंत्रित अविद्यमानकी समान हो (न होनेके समान हो) अर्थात् वह एकही शब्द पहले हो और आगे युष्मद्, अस्मद्, इनकी पूर्वोक्त षष्ठयादिविभक्ति आवें

अथवा निघात प्राप्त हो तो भी उनके स्थानमें वेवे आदेशादि कार्य नहीं होते । (अग्ने तव) हे अग्नि तेरा । (देव अस्मान् पाहि) हे देव हमारी रक्षा करो । (अग्ने नय) हे अग्नि लेजा । (अग्न इन्द्र वरुण) हे अग्नि, हे इन्द्र, हे वरुण, (इह युष्मदस्मदोः०) इन उदाहरणोंमें युष्मद् अस्मद् इनके स्थानमें आदेश, तिङ्के स्थानमें निघातस्वर और आमंत्रितके स्थानमें निघातस्वर यह सब नहीं होते * ॥

(सर्वदा रक्ष देव नः इत्यत्रेति) इस उदाहरणमें यद्यपि 'देव' यह आमन्त्रित अविद्यमानवत् है तो भी उसके पहले 'रक्ष' 'सर्वदा' यह पद रहनेसे उनके आश्रयसे अस्मद् शब्दको पदात्परत्व है ही इस कारण उसके स्थानमें 'नः' आदेश योग्य ही है । (एवम् इमम्मे गङ्ग इति०) इसी प्रकारसे "इमम्मेगङ्गेयमुनेसरस्वतिशुतुद्रिस्तोमंसचता परुष्ण्या" (ऋ० मं० १० सू० ५ ऋक् ५) * ॥

अब निषेधका फिर निषेध कहतेहैं—

४१३ नामन्त्रिते समानाधिकरणे सामान्यवचनम् । ८ । १ । ७३ ॥

विशेष्यं समानाधिकरणे आमन्त्रिते परे नाविद्यमानवत्स्यात् । हरे दयालो नः पाहि । अग्ने तेजस्विन् ॥

४१३—समानाधिकरण (अर्थात् विशेष्यसे ही जिसका बोध होताहै उसीका गुण दिखलानेवाला ऐसा) विशेषण आमंत्रित आगे हो तो विशेष्य अविद्यमानवत् नहीं होता, 'हरे दयालो नः पाहि' (हे दयालु हरि हमारी रक्षा करो) 'अग्ने तेजस्विन्' (हे तेजस्वी अग्नि) इनमें 'दयालो' और 'तेजस्विन्' यह समानाधिकरण विशेषण आमंत्रितभी हैं, और आगे भी हैं इस कारण 'हरे' और 'अग्ने' यह आमंत्रित सामान्यवचन अर्थात् विशेष्य अविद्यमानवत् नहीं है अर्थात् अगले 'अस्मद्' शब्दको 'नः' आदेश होताहै और 'तेजस्विन्' को निघात होताहै ॥

❀ विभाषितं विशेषवचने।८।१।७४॥

अत्र भाष्यम् । बहुवचनमिति वक्ष्यामीति । बहुवचनान्तं विशेष्यं समानाधिकरणे आमन्त्रिते विशेषणे परे अविद्यमानवद्वा । यूयं प्रभवः देवाः शरण्या युष्मान् भजे । वो भजे इति वा । इहान्वादेशेपि वैकल्पिका आदेशाः । सुपात् । सुपाद् । सुपादौ । सुपादः । सुपादम् । सुपादौ ॥

"समानाधिकरण आमंत्रितविशेषण परे रहते बहुवचनान्त विशेष्य विकल्प करके अविद्यमानकी समान होताहै । यथा 'यूयं प्रभवः देवाः शरण्याः युष्मान् भजे; वो भजे' इत्यादि स्थलमें अन्वादेश होनेपर भी वैकल्पिक आदेश हुआ है" ॥

सुपाद् (जिसके सुन्दर चरण हों) शब्द—

"संख्यासुपूर्वस्य $\frac{५।४।१४०}{८७९}$" इससे अन्तलोप होकर सु, पाद् इनसे यह बना है सुपाद्+सु=सुपात्, सुपाद् । सुपाद्+औ=सुपादौ । सुपाद्+जस्=सुपादः । सुपाद्+अम्=सुपादम् । सुपाद्+औ=सुपादौ । आगे—

४१४ पादः पत् । ६ । ४ । १३० ॥

पाच्छब्दान्तं यदङ्गं भं तदवयवस्य पाच्छब्दस्य पदादेशः स्यात् । सुपदः । सुपदा । सुपाद्भ्यामित्यादि । अग्निं मन्थतीत्यग्निमत् । अग्निमद् । अग्निमथौ । अग्निमथः । अग्निमद्भ्यामित्यादि । ऋत्विगादिसूत्रेणाञ्चेः सुप्युपपदे क्विन् ॥

४१४—'पाद्' शब्द जिसके अन्तमें है ऐसे भसंज्ञक अंगके अवयव पाद् शब्दके स्थानमें 'पद्' आदेश हो । सुपाद्+शस्=सुपदः । सुपाद्+टा=सुपदा । सुपाद्+भ्याम्=सुपाद्भ्याम्—इत्यादि ।

सुपाद् शब्दके रूप—

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सुपात्, सुपाद्	सुपादौ	सुपादः
सं०	हे सुपात्, सुपाद्	सुपादौ	सुपादः
द्वि०	सुपादम्	सुपादौ	सुपदः
तृ०	सुपदा	सुपाद्भ्याम्	सुपाद्भिः
च०	सुपदे	सुपाद्भ्याम्	सुपाद्भ्यः
पं०	सुपदः	सुपाद्भ्याम्	सुपाद्भ्यः
ष०	सुपदः	सुपदोः	सुपदाम्
स०	सुपदि	सुपदोः	सुपात्सु.

थान्त शब्द अग्निमथ्—

'अग्निं मथ्नाति इति अग्निमत्' (अग्निका मन्थन करे सो) 'मन्थ' धातुको "क्विप् च $\frac{३।२।७६}{२९८३}$" इससे क्विप् और "अनिदितां० $\frac{६।४।२४}{४१५}$" इससे नलोप, अग्निमथ्+सु= ऐसी स्थितिमें सुलोप, और "झलाञ्जशोऽन्ते $\frac{८।२।३९}{८४}$" इससे 'अग्निमद्' और "वाऽवसाने $\frac{८।४।५६}{२०८}$" इससे विकल्प करके अग्निमत्—द् । अग्निमथौ । अग्निमथः । अग्निमद्भ्याम् इत्यादि ।

क्विबन्त अग्निमथ् शब्दके रूप—

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अग्निमत्—द्	अग्निमथौ	अग्निमथः
सं०	हे अग्निमत्—द्	अग्निमथौ	अग्निमथः

* 'अग्ने तव' 'देवास्मान्पाहि' इनमें 'तव' 'अस्मान्' इनके स्थानमें "पदस्य" "पदात्" इत्यादिकोंसे जो आदेश प्राप्त हैं वे आमंत्रितपूर्वके कारण निषेध कियेगये हैं, 'अग्ने नय' इसमें "तिङ्ङतिङः $\frac{८।१।२८}{३९१३५}$" इससे 'अग्ने' इस अतिङन्त पदके परेके 'नय' इस तिङन्तपदको निघात प्राप्त है, परन्तु वह प्रस्तुत सूत्रसे निषिद्ध है, वैसेही अग्न, इन्द्र, वरुण इनमें "आमंत्रितस्य च $\frac{८।१।१९}{३६५४}$" इससे अग्ने इस पदके परेके इन्द्रपदको आमंत्रितत्व होनेसे वह प्रस्तुत सूत्र करके अविद्यमानवत् (हैही नहींके समान) है इसलिये इन्द्रको निघात (अनुदात्त) का निषेध है ॥

* इस मंत्रमें यमुने इत्यादि आमंत्रित शब्दोंके पूर्वशब्दोंको चाहे आमंत्रितत्वके कारण अविद्यमानत्व है, तो भी उनके पीछेका जो (मे) शब्द उसके आश्रयसे अगले सब आमंत्रितोंको निघात होता है ॥

द्वि०	अग्निमथम्	अग्निमथौ	अग्निमथः
तृ०	अग्निमथा	अग्निमद्भ्याम्	अग्निमद्भिः
च०	अग्निमथे	अग्निमद्भ्याम्	अग्निमद्भ्यः
पं०	अग्निमथः	अग्निमद्भ्याम्	अग्निमद्भ्यः
ष०	अग्निमथः	अग्निमथोः	अग्निमथाम्
स०	अग्निमथि	अग्निमथोः	अग्निमत्सु.

प्राच् (पहलेका) शब्द-

यह सुबन्त उपपद और अञ्च् (अञ्चु) धातु इनसे "ऋत्विग्दधृक्० ३।२।५९/३७३" इससे यह क्विन्नन्त बना है ॥

४१५ अनिदितां हल उपधायाः क्ङिति । ६ । ४ । २४ ॥

हलन्तानामनिदितामङ्गानामुपधाया नस्य लोपः स्यात्किति ङिति च । उगिदचामिति नुम् । संयोगान्तस्य लोपः । नुमो नकारस्य क्विन्प्रत्ययस्य कुरिति कुत्वेन ङकारः । प्राङ् । अनुस्वारपरसवर्णौ । प्राञ्चौ । प्राञ्चः । प्राञ्चम् । प्राञ्चौ ॥

४१५-अङ्ग हलन्त हो और इदित् न हो(अर्थात् जिसमें ह्रस्व इकार इत् न हो) तो कित् अथवा ङित् प्रत्यय परे रहते उपधाके नकारका लोप होताहै । (यहां " श्नान्नलोपः ६।४। २३ " इस सूत्रसे ' न ' इस लुप्तषष्ठीककी और लोपकी अनुवृत्ति होतीहै) । 'अञ्चु गतिपूजनयोः' यह धातु इदित् नहीं है, और आगेके क्विन्में क् इत् होनेसे वह कित् प्रत्यय है इसलिये ' प्राञ्च् ' इसमेंके उपधानकारका लोप हुआ, तब ' प्राच् ' यही प्रातिपदिक हुआ, प्राच्+सु=ऐसी स्थिति होते सर्वनामस्थानत्वके कारण " उगिदचां सर्व० ७।१।७०/३६१ " इसके ' अचाम् ' (अर्थात् नलोपिनः अञ्चतेश्च) इससे नुम् (न) हुआ, तब प्राञ्च्+स् ऐसी स्थिति हुई, सकारका संयोगान्तलोप हुआ, यह क्विन्नन्त शब्द होनेसे "क्विन्प्रत्ययस्य कुः ८।२।६२/३७७ " इससे नुममेंके नकारके स्थानमें कुत्व अर्थात् ङकार हुआ, प्राङ् । आगे नकारके स्थानमें अनुस्वार और परसवर्ण, प्राञ्च्+औ=प्राञ्चौ । प्राञ्चः । प्राञ्चम् । प्राञ्चौ । आगे भके स्थानमें प्रभच्+अस् ऐसी स्थिति रहते-

४१६ अचः । ६ । ४ । १३८ ॥

लुप्तनकारस्याञ्चतेर्भस्याकारस्य लोपः स्यात् ॥

४१६-नकार जिसका गयाहुआ है ऐसा अञ्चु धातु (अर्थात् अच् जो रूप है सो) भसंज्ञक होते उसके अकारका लोप होताहै । प्रच्+अस् ऐसी स्थिति हुई-

४१७ चौ । ६ । ३ । १३८ ॥

लुप्ताकारनकारेऽञ्चतौ परे पूर्वस्याणो दीर्घः स्यात् । प्राचः । प्राचा । प्राग्भ्यामित्यादि ॥ प्रत्यङ् । प्रत्यञ्चौ । प्रत्यञ्चः । प्रत्यञ्चम् । प्रत्यञ्चौ । अच इति लोपस्य विषयेऽन्तरङ्गोऽपि यण न प्रवर्तते । अकृतव्यूहा इति परिभाषया । प्रतीचः । प्रतीचा ॥ अमुमञ्चतीति विग्रहे । अदस् अञ्च् इति स्थिते ॥

४१७-' चु ' अर्थात् जिसके अकार, नकार, लुप्त होगये हैं, ऐसा अञ्चुधातु (अर्थात् उसका ' च् ' अंश) आगे रहते उसके पूर्वमें आनेवाले अण्को दीर्घ होताहै । यहां " ढ्लोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः ६।३।१११/१७४ " इससे अण् और दीर्घकी अनुवृत्ति होतीहै) इसलिये ' प्र ' मेंके ' अ ' इस अण्को दीर्घ, प्राच्+अस्=प्राचः । टामें प्राचा । आगे प्र+अच्+भ्याम् यहां भसंज्ञा नहीं, इससे अकारका लोप भी नहीं प्राग्भ्यामित्यादि ।

प्राच् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	प्राङ्	प्राञ्चौ	प्राञ्चः
सं०	हे प्राङ्	हे प्राञ्चौ	हे प्राञ्चः
द्वि०	प्राञ्चम्	प्राञ्चौ	प्राचः
तृ०	प्राचा	प्राग्भ्याम्	प्राग्भिः
च०	प्राचे	प्राग्भ्याम्	प्राग्भ्यः
पं०	प्राचः	प्राग्भ्याम्	प्राग्भ्यः
ष०	प्राचः	प्राचोः	प्राचाम्
स०	प्राचि	प्राचोः	प्राक्षु.

इसी प्रकारसे प्रत्यच् (पिछला) शब्द-

उत्पत्ति पूर्ववत्, प्रति+अच्+सु ऐसी स्थिति होकर पूर्ववत् नुम् कुत्वादि, प्रत्यङ् । प्रत्यञ्चौ । प्रत्यञ्चः । प्रत्यञ्चम् । प्रत्यञ्चौ ॥

(अचः इति) प्रति+अच्+अस् ऐसी स्थिति रहते "अचः ६।४।१३८/४१६" इससे भसंज्ञासमयमें अकारका लोप होताहै यहां लोपके पहले ही अन्तरंगत्वके कारण प्रति+अच् इसमेंके इकारके स्थानमें यण् प्राप्त हुआ, परन्तु "अकृतव्यूहाः पाणिनीयाः" इस (४६) परिभाषाके कारण उसकी प्रवृत्ति नहीं होती * ॥

प्रति+च्+अस् ऐसी स्थिति हुई, ' चौ ' इससे पूर्व अण्को दीर्घ होकर प्रतीचः । ' टा ' में प्रतीचा ।

प्रत्यच् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	प्रत्यङ्	प्रत्यञ्चौ	प्रत्यञ्चः
सं०	हे प्रत्यङ्	हे प्रत्यञ्चौ	हे प्रत्यञ्चः
द्वि०	प्रत्यञ्चम्	प्रत्यञ्चौ	प्रतीचः
तृ०	प्रतीचा	प्रत्यग्भ्याम्	प्रत्यग्भिः
च०	प्रतीचे	प्रत्यग्भ्याम्	प्रत्यग्भ्यः
पं०	प्रतीचः	प्रत्यग्भ्याम्	प्रत्यग्भ्यः
ष०	प्रतीचः	प्रतीचोः	प्रतीचाम्
स०	प्रतीचि	प्रतीचोः	प्रत्यक्षु.

और भी अञ्चुधात्वन्त शब्द-

' अमुम् अञ्चति ' (उसकी ओर जाताहै) ऐसा विग्रह हो तो ' अमुम् ' इसका मूलशब्द अदस् और अञ्चुधातु इससे अदस्+अञ्चु ऐसी स्थितिमें अञ्चुधातुको " ऋत्विग्दधृक्०

* अकारके निमित्तसे इकारके स्थानमें यण् प्राप्त है परन्तु आगे "अचः" इस सूत्रसे उस अकारका ही लोप होनेवाला है इससे उस अकारके निमित्तसे वह यणरूप कार्य नहीं होता ऐसा 'अकृतव्यूहाः०' इसका अर्थ है ॥

३।२।५९/३७३ " इससे आगे होनेवाले क्विन्प्रत्ययके कित्वके कारण पूर्ववत् " अनिदिताम्० ६।४।२४/४१५ " इससे उपधाके नकारका लोप होकर अदस्+अच् ऐसी स्थिति हुई * ॥

४१८ विष्वग्देवयोश्च टेरद्र्यञ्चतावप्रत्यये ।६।३।९२॥

अनयोः सर्वनाम्नश्च टेरद्र्यादेशः स्यादप्रत्ययान्तेऽञ्चतौ परे।अदद्रिअञ्च् इति स्थिते यण् ॥

४१८-अप्रत्ययान्त 'अञ्चु' धातु आगे रहते विष्वक्, देव और सर्वनामसंज्ञक शब्दकी 'टि' को 'अद्रि' आदेश होताहै । यहां 'अदस्' यह सर्वनाम होनेके कारण उसकी टि 'अस्' के स्थानमें आदेश होनेसे अदद्रि+अच् ऐसी स्थिति होते अगले अकारके कारण इकारके स्थानमें यण् अदद्र्य्+अच् ऐसी स्थिति हुई * ॥

४१९ अदसोऽसेर्दादु दो मः।८।२।८०॥

अदसोऽसान्तस्य दात्परस्य उदूतौ स्तो दस्य मश्च उ इति ह्रस्वदीर्घयोः समाहारद्वन्द्वः । आन्तरतम्याद्ध्रस्वव्यञ्जनयोर्ह्रस्वो दीर्घस्य दीर्घः । अमुमुयङ् । अमुमुयञ्चौ । अमुमुयञ्चः । अमुमुयञ्चम् । अमुमुयञ्चौ । अमुमुईचः । अमुमुईचा । अमुमुयग्भ्यामित्यादि । मुत्वस्याऽसिद्धत्वान्न यण्। अन्त्यबाधेऽन्त्यसदेशस्येति परिभाषामाश्रित्य परस्यैव मुत्वं वदतां मते अदमुयङ् । असेः सकारस्य स्थाने यस्य सः असिरिति व्याख्यानात् त्यदाद्यत्वविषय एव मुत्वं नान्यत्रेति पक्षे अदद्र्यङ् । उक्तं च-

अदसोऽद्रेः पृथङ्मुत्वं केचिदिच्छन्ति लत्ववत्।
केचिदन्त्यसदेशस्य नेत्येकेऽसेर्हि दृश्यते इति ॥

विष्वग्देवयोः किम् । अश्वाची । अञ्चतौ किम् । विष्वग्युक् । अप्रत्यये किम् । विष्वगञ्चनम् । अप्रत्ययग्रहणं ज्ञापयति अन्यत्र धातुग्रहणे तदादिविधिरिति । तेनाऽयस्कारः । अतः कृकमीति सः॥उदङ्।उदञ्चौ । उदञ्चः।शसादावचि॥

४१९-जब 'अदस्' शब्द सकारान्त न हो तब उस शब्दके दकारके पर वर्णके स्थानमें 'उ' अथवा 'ऊ' और दकारके स्थानमें मकार यह आदेश होतेहैं ।

(उ इति ह्रस्वदीर्घयोः समाहारद्वन्द्वः) सूत्रमें 'उ' लिया है सो ह्रस्व'उ' और दीर्घ 'ऊ' इन दोनोंका समाहारद्वन्द्व है इसलिये उन दोनोंका इसमें ग्रहण करना चाहिये और (आन्तरतम्यादिति) दकारके परेका वर्ण ह्रस्व अथवा व्यञ्जन हो तो वहां ह्रस्व 'उ' आदेश होगा और दीर्घ हो तो दीर्घ 'ऊ' (अदस् शब्दमें सि० ४३७ में) आदेश करै, यह आन्तरतम्यसे जानना चाहिये । अदद्र्य्+अच् इसमें दो दकार होनेसे उन दोनोंके अगले वर्णके स्थानमें उकार और दकारके स्थानमें मकार आया, अम्+उम्+उय्+अच् इस परसे'अमुमुयच्' ऐसा प्रातिपदिक सिद्ध हुआ, उसके आगे विभक्ति और इसमें नलोपी अञ्च् (अर्थात् अच्) धातु होनेसे सर्वनामस्थानमें पूर्ववत् नुम् (न्) का आगम, "क्विन्प्रत्ययस्य कुः" इससे ङकार, संयोगान्तलोप, अमुमुयङ् । अमुमुयञ्चौ । अमुमुयञ्चः । अमुमुयञ्चम् । अमुमुयञ्चौ । आगे 'भ' के विषयमें अदद्रि+अच्+अस् ऐसे पहलेमें ही "अचः ६।४।१३८/४१६" इससे अकारका लोप और "चौ ६।१।१३८/४१७" इससे पूर्व अण्को दीर्घ, उकार, मकार, अमुमुईचः । यहां पूर्ववत् 'अकृतव्यूहाः०'इससे 'अच्'के अकारको अच्मानकर इकारके स्थानमें यण्का अभाव, मकार उकार असिद्ध हैं ४।२।८/४१९ इसकारण अगले ईकारके कारण उकारके स्थानमें यण् ६।१।७७/४७ नहीं, आगे 'टा' में अमुमुईचा । अमुमुयग्भ्याम् इत्यादि * ॥

अदद्र्यच् शब्दके रूप (२ मुत्व)-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अमुमुयङ्	अमुमुयञ्चौ	अमुमुयञ्चः
सं०	हे अमुमुयङ्	हे अमुमुयञ्चौ	हे अमुमुयञ्चः
द्वि०	अमुमुयञ्चम्	अमुमुयञ्चौ	अमुमुईचः
तृ०	अमुमुईचा	अमुमुयग्भ्याम्	अमुमुयग्भिः
च०	अमुमुईचे	अमुमुयग्भ्याम्	अमुमुयग्भ्यः
पं०	अमुमुईचः	अमुमुयग्भ्याम्	अमुमुयग्भ्यः
ष०	अमुमुईचः	अमुमुईचोः	अमुमुईचाम्
स०	अमुमुईचि	अमुमुईचोः	अमुमुयक्षु.

दूसरा मत-अदद्र्यच् ऐसी स्थिति होते "अदसोऽसेर्दादु दो मः ८।२।८०/४१९" इसके अनुसार दोनों स्थलोंमें जब मुत्व कार्य प्राप्त हुआ, तब सूत्रमें 'अदसः' यह अवयवषष्ठी नहीं है किन्तु स्थानषष्ठी है इसलिये 'अलोऽन्त्यस्य ४२' इस परिभाषाकी उपस्थिति भई, तो अदस्का जो अन्त्य है 'य्' सो 'द्' से पर नहीं है और जो द से पर है 'र्' सो अन्त्य नहीं है ऐसा संदेह होनेपर-

(अन्त्यबाध इति) 'अन्त्यको कार्य न हो तो उसके समीपवर्णको कार्य होताहै' ऐसी जो परिभाषा है उसका आश्रय लेकर अन्त्यके समीप (शब्दमेंका दूसरा) जो दकार उसके परेके वर्णको उकार और उसी दकारको मकार होताहै, उसके पहले और दकार हो तो भी वहां मुत्व नहीं होता, इस मतसे 'अदमुयच्' ऐसा प्रातिपदिक होकर 'अदमुयङ्' अर्थात् विभक्तिमें दो सु न आते 'अदमु' ऐसा अंश होकर अगले सब अंश 'अमुमुयच्' इसके अनुसार होंगे और उसीके अनुसारही सब रूप जानना चाहिये ।

अदद्र्यच् शब्दके रूप (१ मु०)-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अदमुयङ्	अदमुयञ्चौ	अदमुयञ्चः

* क्विन्, क्विप् इन प्रत्ययोंमें ककार, नकार, पकार, इत् हैं और "वेरपृक्तस्य ६।१।६७/३७५"इससे वकारका लोप, फिर कुछ नहीं रहता ॥

* इस सूत्रमें 'अञ्चतौ वप्रत्यये' ऐसा भी पाठ कहींकहीं है वप्रत्ययसे 'क्विन्' इसका ग्रहण करना चाहिये ॥

* सूत्रमें 'असेः' यह असि शब्दकी षष्ठी है असके स्थानमें असि यह शब्द केवल उच्चारणके अर्थ लियागया है ॥

सं०	हे अदमुयङ्	हे अदमुयञ्चौ	हे अदमुयञ्चः
द्वि०	अदमुयञ्चम्	अदमुयञ्चौ	अदमुईचः
तृ०	अदमुईचा	अदमुयग्भ्याम्	अदमुयग्भिः
च०	अदमुईचे	अदमुयग्भ्याम्	अदमुयग्भ्यः
पं०	अदमुईचः	अदमुयग्भ्याम्	अदमुयग्भ्यः
ष०	अदमुईचः	अदमुईचोः	अदमुईचाम्
स०	अदमुईचि	अदमुईचोः	अदमुयक्षु.

अब तीसरा मत-(अः सेः सकारस्येति) अकार (यह) सेः अर्थात् सकारके स्थानमें होताहै जिसको वह 'असि' अर्थात् 'अदस्' शब्दका त्यदादिगणमें स्थित होनेके कारण जब अकारान्तत्व आताहै अर्थात् दूसरा शब्द न आते प्रत्यक्ष विभक्तियां लगतीहैं, तब ही उसको मुत्व होताहै अन्यत्र नहीं ऐसा व्याख्यान कितनेही करतेहैं, यह पक्ष लियाजाय तो यहां त्यदादिकार्य न होनेसे मुत्व होताही नहीं, 'अदद्रयच्' यही प्रातिपदिक है, उससे अगले रूप पूर्ववत्, वार्तिककारने ऐसा कहा भी है कि-

(अदसोऽद्रेः)कोई कहतेह अदस् शब्दसे परे'अद्रि'इस भागके दकार और रेफको (कृप) इससे " कृपो रो लः $\frac{८।२।१८}{२३५०}$" इससे होनेवाले 'चलीक्लृप्यते,' इसमेंके जुदे लकारके अनुसार पृथक् (अर्थात् दोनों स्थानोंमें) मुत्व होताहै, कोई कहतेहैं कि केवल अन्त्यके समीप रहनेवाले 'अद्रि' इस भागको मुत्व होताहै,कोई कहतेहैं कि होता ही नहीं परन्तु अदस् शब्दको अकारान्तत्व होते मात्रमें वह देखनेमें आताहै ।

अदद्रयच् शब्दके रूप (मुत्वाभाव)-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अदद्रयङ्	अदद्रयञ्चौ	अदद्रयञ्चः
सं०	हे अदद्रयङ्	हे अदद्रयञ्चौ	हे अदद्रयञ्चः
द्वि०	अदद्रयञ्चम्	अदद्रयञ्चौ	अदद्रीचः
तृ०	अदद्रीचा	अदद्रयग्भ्याम्	अदद्रयग्भिः
च०	अदद्रीचे	अदद्रयग्भ्याम्	अदद्रयग्भ्यः
पं०	अदद्रीचः	अदद्रयग्भ्याम्	अदद्रयग्भ्यः
ष०	अदद्रीचः	अदद्रीचोः	अदद्रीचाम्
स०	अदद्रीचि	अदद्रीचोः	अदद्रयक्षु.

इस 'अदद्रयच्' शब्दके अनुसार विष्वद्रयच् और देवद्रयच् शब्दोंके रूप जानने चाहिये ।

(विष्वग्देवयोः किम्) विष्वक् और देव इन्हीं शब्दोंको 'अद्रि' आदेश होताहै, ऐसा क्यों कहा ? तो 'अश्वाची' (अश्वपरसे जानेवाली) इसमें अश्व शब्द पहले होनेसे 'अद्रि' आदेश नहीं ।

(अञ्चतौ किम्) आगे अञ्चुधातु हो ऐसा क्यों कहा ? तो विष्वक् शब्द यद्यपि पहले है तो भी आगे युज्धातु होनेसे 'अद्रि' आदेश न होते, विष्वग्युक् ।

आगे प्रत्यय न होते क्यों कहा ? तो 'विष्वगञ्चनम्' (सर्वत्र गमन) यह सूत्र उत्तरपदाधिकारी है तो उत्तरपदरूप अञ्चुधातु परे रहते ऐसा अर्थ होगा, इसमें विष्वक्शब्द है, आगे अञ्चुधातु भी है तो भी उसके आगे ल्युट् (अन्) प्रत्यय है, इसलिये 'अद्रि' आदेश नहीं ।

(अप्रत्ययग्रहणमिति) यहां 'अप्रत्यय' ऐसा जो सूत्रमें कहा है उससे ऐसा जानपडताहै कि, जहां केवल धातुका उच्चारण कियागया हो वहां तदादि ग्रहण करै, अर्थात् आगे प्रत्यय हो तो भी कुछ हानि नहीं, इसीसे 'अयस्कारः' ऐसी सन्धि सिद्ध होतीहै (' अतः कृकमि० $\frac{८।३।४६}{१६०}$' इति सः) आगे कृ, कमि इत्यादि उत्तरपद होते अकारके परे विसर्गके स्थानमें सकार होताहै ऐसा सूत्र है, तथापि 'कृ' है जिसको ऐसा 'कार' इतना उत्तरपद होतेभी इस ज्ञापकसे विसर्गके स्थानमें सकार होताहै अन्यथा न हुआ होता ॥

उदच् (ऊपरका) शब्द-

उद् और अञ्चुधातु क्विन्नन्त पूर्ववत्, उदङ् । उदञ्चौ । उदञ्चः । शस् इत्यादि अजादि प्रत्यय आगे रहते अर्थात् भके स्थानमें-

४२० उद ईत् । ६ । ४ । १३९ ॥

उच्छब्दात्परस्य लुप्तनकारस्याञ्चतेर्भस्याकारस्य ईत्स्यात् । उदीचः । उदीचा । उदग्भ्यामित्यादि ॥

४२०-उद् शब्दके आगे जो लुप्तनकार अञ्चुधातु (अर्थात् अच्) वह भसंज्ञक हो तो उसके अकारके स्थानमें ईकार होताहै । अकारलोपका यह सूत्र बाधक है, उदीचः । उदीचा । भसंज्ञाक अभावमें उदग्भ्यामित्यादि ।

उदच् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	उदङ्	उदञ्चौ	उदञ्चः
सं०	हे उदङ्	हे उदञ्चौ	हे उदञ्चः
द्वि०	उदञ्चम्	उदञ्चौ	उदीचः
तृ०	उदीचा	उदग्भ्याम्	उदग्भिः
च०	उदीचे	उदग्भ्याम्	उदग्भ्यः
पं०	उदीचः	उदग्भ्याम्	उदग्भ्यः
ष०	उदीचः	उदीचोः	उदीचाम्
स०	उदीचि	उदीचोः	उदक्षु.

सम्यच् (भली प्रकार चलनेवाला) शब्द-

इसकी उत्पत्ति सम् उपपद रहते अञ्चुधातुसे क्विन्प्रत्यय होकर क्विन्का लोप और नलोप हुआ तब-

४२१ समः समि । ६ । ३ । ९३ ॥

अप्रत्ययान्तेऽञ्चतौ परे । सम्यङ् । सम्यञ्चौ । सम्यञ्चः । समीचः । समीचा ॥

४२१-आगे अप्रत्ययान्त अञ्चुधातु होते सम् (अच्छा) इसके स्थानमें 'समि' आदेश होताहै । आगे सुप्रत्यय लाकर सम्यङ् । सम्यञ्च्+औ=सम्यञ्चौ । सम्यञ्च्+जस्=सम्यञ्चः । सम्यञ्चम् । सम्यञ्चौ । सम्यञ्च्+शस्=समीचः । अकारलोप और पूर्व अच्को दीर्घ (सि० ४१६ । ४१७) सम्यञ्च्+टा=समीचा इत्यादि ।

सम्यच् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सम्यङ्	सम्यञ्चौ	सम्यञ्चः
सं०	हे सम्यङ्	हे सम्यञ्चौ	हे सम्यञ्चः

द्वि०	सम्यञ्चम्	सम्यञ्चौ	समीचः
तृ०	समीचा	सम्यग्भ्याम्	सम्यग्भिः
च०	समीचे	सम्यग्भ्याम्	सम्यग्भ्यः
पं०	समीचः	सम्यग्भ्याम्	सम्यग्भ्यः
ष०	समीचः	समीचोः	समीचाम्
स०	समीचि	समीचोः	सम्यक्षु.

सध्र्यच् (संग २ जानेवाला) शब्द–
सह+अच् ऐसी मूलकी स्थिति है–

४२२ सहस्य सध्रिः । ६ । ६ । ९५ ॥

अप्रत्ययान्तेऽञ्चतौ परे । सध्र्यङ् ॥

४२२–आगे अप्रत्ययान्त अञ्चु धातु हो तो सहके स्थानमें 'सध्रि' आदेश होताहै । पूर्ववत्, सध्र्यङ् इत्यादि–

सध्र्यच् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सध्र्यङ्	सध्र्यञ्चौ	सध्र्यञ्चः
सं०	हे सध्र्यङ्	हे सध्र्यञ्चौ	हे सध्र्यञ्चः
द्वि०	सध्र्यञ्चम्	सध्र्यञ्चौ	सध्रीचः
तृ०	सध्रीचा	सध्र्यग्भ्याम्	सध्र्यग्भिः
च०	सध्रीचे	सध्र्यग्भ्याम्	सध्र्यग्भ्यः
पं०	सध्रीचः	सध्र्यग्भ्याम्	सध्र्यग्भ्यः
ष०	सध्रीचः	सध्रीचोः	सध्रीचाम्
स०	सध्रीचि	सध्रीचोः	सध्र्यक्षु.

तिर्यच् (टेढा चलनेवाला) शब्द–
तिरस्+अच् ऐसी स्थिति हुई–

४२३ तिरसस्तिर्यलोपे । ६ । ३ । ९४ ॥

अलुप्ताऽकारेऽञ्चतावप्रत्ययान्ते परे तिरसस्तिर्यादेशः स्यात् । तिर्यङ् । तिर्यञ्चौ । तिर्यञ्चः । तिर्यञ्चम् । तिर्यञ्चौ । तिरश्चः । तिरश्चा । तिर्यग्भ्यामित्यादि ॥

४२३–अप्रत्ययान्त अलुप्तअकार अञ्चु धातु आगे होते तिरस् शब्दको 'तिरि' आदेश होताहै । तिर्यञ्च्+सु=तिर्यङ् । तिर्यञ्च्+औ=तिर्यञ्चौ । तिर्यञ्च्+जस्=तिर्यञ्चः । तिर्यञ्च्+अम्=तिर्यञ्चम् । तिर्यञ्च्+औ=तिर्यञ्चौ । तिर्यञ्च्+शस् इसमें भके स्थानमें "अचः $\frac{६।४।१३८}{४१६}$" इससे अकारका लोप होताहै, इसलिये आदेश नहीं, तिरश्चः । पदविभक्तिमें अकारलोप नहीं, इसलिये पूर्ववत् तिरि आदेश, तिर्यग्भ्याम् इत्यादि ।

तिर्यच् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	तिर्यङ्	तिर्यञ्चौ	तिर्यञ्चः
सं०	हे तिर्यङ्	हे तिर्यञ्चौ	हे तिर्यञ्चः
द्वि०	तिर्यञ्चम्	तिर्यञ्चौ	तिरश्चः
तृ०	तिरश्चा	तिर्यग्भ्याम्	तिर्यग्भिः
च०	तिरश्चे	तिर्यग्भ्याम्	तिर्यग्भ्यः
पं०	तिरश्चः	तिर्यग्भ्याम्	तिर्यग्भ्यः
ष०	तिरश्चः	तिरश्चोः	तिरश्चाम्
स०	तिरश्चि	तिरश्चोः	तिर्यक्षु.

यह जो अञ्चुधात्वन्त शब्द ऊपर कहेहैं इसमें अञ्चु इसका अर्थ 'गतौ' अर्थात् 'जाना' ऐसा था, अञ्चुका दूसरा अर्थ पूजा ऐसा है 'अञ्चुगतिपूजनयोः' (सि०२२७) यह दूसरा अर्थ लेनेसे उसी शब्दके रूपोंमें अन्तर पड जाताहै वह इस प्रकारसे कि, प्र+अञ्च् क्विन्नन्त लिया जाय तब–

४२४ नाञ्चेः पूजायाम् । ६ । ४ । ३० ॥

पूजार्थस्याञ्चतेरुपधाया नस्य लोपो न स्यात् । अलुप्तनकारत्वान्न नुम् । प्राङ् । प्राञ्चौ । प्राञ्चः । नलोपाभावादकारलोपो न । प्राञ्चः । प्राञ्चा । प्राङ्भ्याम् । प्राङ्क्षु । प्राङ्षु । एवं पूजार्थे प्रत्यङ्ङादयः ॥ क्रुञ्च कौटिल्याल्पीभावयोः । अस्य ऋत्विगादिना नलोपाभावोऽपि निपात्यते । क्रुङ् । क्रुञ्चौ । क्रुञ्चः । क्रुङ्भ्यामित्यादि ॥ चोः कुः । पयोमुक् । पयोमुग् । पयोमुचौ । पयोमुचः ॥ व्रश्चेति षत्वम् । स्कोरिति सलोपः । जश्त्वचर्त्वे । सुवृट् । सुवृड् । सुवृश्चौ । सुवृश्चः । सुवृट्त्सु । सुवृट्सु ॥ वर्तमाने पृषन्महद्बृहज्जगच्छतृवच्च ॥ * * ॥ एते निपात्यन्ते शतृवच्चैषां कार्यं स्यात् । उगित्त्वान्नुम् । सान्त महत इति दीर्घः । मह्यते पूज्यत इति महान् । महान्तौ । महान्तः । हे महन् । महतः । महता । महद्भ्यामित्यादि ॥

४२४–पूजा अर्थमें अञ्चु धातुके उपधानकारका लोप नहीं होताहै, इस लिये लुप्तनकार हो तो "उगिदचाम्० $\frac{७।१।७०}{३६१}$" इससे जो सर्वनामस्थान परे रहते नुमागम होताहै वह यहां नहीं होता यहां मूलका (आदिका) ही नकार है, प्राञ्च्+स् ऐसी स्थिति होते सुलोप, संयोगान्तलोप और "क्विन्प्रत्ययस्य कुः $\frac{८।२।६२}{३७७}$" इससे नकारको ङ्, प्राङ् । औ आगे होते नकारके स्थानमें अनुस्वार, परसवर्ण होकर प्राञ्चौ । प्राञ्चः । नकारका लोप कहीं भी नहीं इससे भस्थानमें भी नहीं, इससे 'अच्' ऐसा रूप नहीं होता इसलिये "अचः $\frac{६।४।१३८}{४१६}$" इससे होनेवाला अकारलोप भी नहीं, और "चौ $\frac{६।३।१३८}{४१७}$" इससे जो पूर्व अणको दीर्घकी प्राप्ति होनेवाली वह भी न हुई, प्राञ्चः । प्राञ्चा । पदान्तमें "क्विन्प्रत्ययस्य कुः" इससे प्राङ्भ्याम् इत्यादि ।

पूजन अर्थवाले प्राच्शब्द के रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	प्राङ्	प्राञ्चौ	प्राञ्चः
सं०	हे प्राङ्	हे प्राञ्चौ	प्राञ्चः
द्वि०	प्राञ्चम्	प्राञ्चौ	प्राञ्चः
तृ०	प्राञ्चा	प्राङ्भ्याम्	प्राङ्भिः
च०	प्राञ्चे	प्राङ्भ्याम्	प्राङ्भ्यः
पं०	प्राञ्चः	प्राङ्भ्याम्	प्राङ्भ्यः

ष०	प्राञ्चः	प्राञ्चोः	प्राञ्चाम्
स०	प्राञ्चि	प्राञ्चोः	प्राङ्ख्षु,प्राङ्क्षु–ङ्षु*

(एवं पूजार्थे प्रत्यङ्ङादयः) इसी प्रकार पूजाके अर्थमें 'प्रत्यञ्च्' इत्यादि शब्दोंके रूप जानना चाहिये, प्रत्यञ्चा। प्रत्यङ्भ्याम्। अमुमुयञ्चा। अमुमुयङ्भ्याम्। अदमुयञ्चा। अदमुयङ्भ्याम्। अदद्र्यञ्चा। अदद्र्यङ्भ्याम्। विष्वद्र्यञ्चा। विष्वद्र्यङ्भ्याम्। देवद्र्यञ्चा। देवद्र ङ्भ्याम्। उदञ्चा। उदङ्भ्याम्। सम्यञ्चा। सम्यङ्भ्याम्। ध्र्यञ्चा।सध्र्यङ्भ्याम्। तिर्यञ्चा। तिर्यङ्भ्याम् इत्यादि ॥

(क्रुञ्च कौटिल्याल्पीभावयोः०) टेढा होना वा अल्प होना,इस अर्थमें क्रुञ्च धातु है,उससे "ऋत्विग्दधृक्० ३।२।५९/३७३" इससे क्रुञ्च् (टेढा चलनेवाला अथवा अल्प होनेवाला) ऐसा क्विन्नन्त शब्द निपातित है, सामान्यतः "अनिदितां हल उपधायाः० ६।४।२४/४१५" इससे अनिदित् हलन्त शब्दके उपधा नकारका लोप होताहै, परन्तु यहां सूत्रमें ही 'क्रुञ्चाञ्च' ऐसा नकारयुक्त उच्चारण कियाहै, इस कारण उस नकारका भी निपातन हुआ, अर्थात् उसका लोप नहीं होता ऐसा सिद्ध हुआ, "क्विन्प्रत्ययस्य कुः" क्रुङ्। आगे क्रुञ्चौ। क्रुञ्चः। क्रुङ्भ्याम्–इत्यादि।

क्रुञ्च् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	क्रुङ्	क्रुञ्चौ	क्रुञ्चः
सं०	हे क्रुङ्	हे क्रुञ्चौ	हे क्रुञ्चः
द्वि०	क्रुञ्चम्	क्रुञ्चौ	क्रुञ्चः
तृ०	क्रुञ्चा	क्रुङ्भ्याम्	क्रुङ्भिः
च०	क्रुञ्चे	क्रुङ्भ्याम्	क्रुङ्भ्यः
पं०	क्रुञ्चः	क्रुङ्भ्याम्	क्रुङ्भ्यः
ष०	क्रुञ्चः	क्रुञ्चोः	क्रुञ्चाम्
स०	क्रुञ्चि	क्रुञ्चोः	क्रुङ्ख्षु, क्रुङ्क्षु-ङ्षु.

पयोमुच् (मेघ) शब्द–

'मुच्लृ मोचने' इससे क्विप्, "चोः कुः ८।२।३०/३७९" इससे कुत्व, पयोमुक्, पयोमुग्। पयोमुचौ। पयोमुचः–इत्यादि।

पयोमुच् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	पयोमुक्-ग्	पयोमुचौ	पयोमुचः
सं०	हे पयोमुक्–ग	हे पयोमुचौ	हे पयोमुचः
द्वि०	पयोमुचम्	पयोमुचौ	पयोमुचः
तृ०	पयोमुचा	पयोमुग्भ्याम्	पयोमुग्भिः
च०	पयोमुचे	पयोमुग्भ्याम्	पयोमुग्भ्यः
पं०	पयोमुचः	पयोमुग्भ्याम्	पयोमुग्भ्यः
ष०	पयोमुचः	पयोमुचोः	पयोमुचाम्
स०	पयोमुचि	पयोमुचोः	पयोमुक्षु. * ॥

* यहां 'चयो द्वितीयाश्शरि (वा)' से द्वितीय अक्षर ख भया तो प्राङ्ख्षु। इसके विकल्पपक्षमें प्राङ्क्षु। कुकविकल्पपक्षमें प्राङ्षु॥

* अच् (स्वर) यह शब्द यद्यपि चान्त है, तो भी विभक्तिमें स्पष्ट प्रतिपत्तिके निमित्त "चोः कुः" यह सूत्र नहीं लगता, अच्। अचौ। अचः। अचम्। अचा। अज्भ्याम्। अज्भिः। अच्सु इत्यादि, वैसेही उससे 'अच्संधि'इत्यादि शब्द सिद्ध होतेहैं॥

सुवृश्च् (भलीप्रकारसे काटनेवाला) शब्द–

'ओ व्रश्च् (व्रश्च्) छेदने' इसके आगे "क्विप् च ३।२।७६/३९८३" इससे क्विप् "ग्रहिज्यावयिव्यधिवष्टिविचतिवृश्चति० ६।१।१६/२४१२" इससे सम्प्रसारण, सुवृश्च्+सु ऐसी स्थिति होते सुलोप, और पदान्तमें संयोग है, इस कारण "स्कोः संयोगाद्योरन्ते च ८।२।२९/३८०" इससे सलोप, और "व्रश्चभ्रस्ज० ८।२।३६/२९४" इससे अन्त चकारके स्थानमें षत्व, "झलाञ्जशोऽन्ते" इससे जश्त्व और "वावसाने" इससे विकल्प करके चर्त्व, सुवृट्, सुवृड्। सुवृश्चौ। सुवृश्चः। सुवृट्त्सु, सुवृट्सु * ॥

सुवृश्च् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सुवृट्–ड्	सुवृश्चौ	सुवृश्चः
सं०	हे सुवृट्-ड्	हे सुवृश्चौ	हे सुवृश्चः
द्वि०	सुवृश्चम्	सुवृश्चौ	सुवृश्चः
तृ०	सुवृश्चा	सुवृड्भ्याम्	सुवृड्भिः
च०	सुवृश्चे	सुवृड्भ्याम्	सुवृड्भ्यः
पं०	सुवृश्चः	सुवृड्भ्याम्	सुवृड्भ्यः
ष०	सुवृश्चः	सुवृश्चोः	सुवृश्चाम्
स०	सुवृश्चि	सुवृश्चोः	सुवृट्त्सु-ट्सु.

महत् (बडा) शब्द–

'मह पूजायाम्' इस धातुसे बना है, (वर्तमान इति) *(उ० २४१) पृषत् (जलबिन्दु), महत् (बडा), बृहत् (बडा), जगत् (संसार), यह शब्द निपातन करके वर्तमान अर्थमें उत्पन्न होतेहैं और शतृ (अत्) प्रत्ययान्त ३।२।१२४/३१०० शब्दोंके प्रमाणसे इनके कार्य होतेहैं। यह कार्य इस प्रकारसे हैं कि शतृ (अत्) इसमें शकार, ऋकार इत् हैं, फिर इसमें 'ऋ' यह उक् प्रत्याहारका वर्ण है, इस कारण "उगिदचां सर्वनामस्थानेऽधातोः ७।१।७०/३६१" इससे सर्वनामस्थान आगे रहते नुम् (न्) का आगम हुआ, महन्त्+स् ऐसी स्थिति हुई, "सान्त महतः संयोगस्य ६।४।१०/३१७" इससे सम्बुद्धिवर्ज सर्वनामस्थान आगे होते नकारउपधावाले अकारको दीर्घ हुआ,तब महान्त्+स् ऐसी स्थिति हुई,सुलोप,संयोगान्तलोप हुए 'मह्यते पूज्यते'अर्थात् सम्मानित कियाजाताहै सो, महान्। महत्+औ=महान्तौ। महत्+जस्=महान्तः। सम्बुद्धिमें दीर्घ नहीं, इस कारण हे महन्। असर्वनामस्थानमें नुम्की प्राप्ति नहीं और उपधादीर्घ भी नहीं, महत्+शस्=महतः। महत्+टा=महता। महद्भ्याम्–इत्यादि।

महत् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	महान्	महान्तौ	महान्तः
सं०	हे महन्	हे महान्तौ	हे महान्तः
द्वि०	महान्तम्	महान्तौ	महतः
तृ०	महता	महद्भ्याम्	महद्भिः

* "संयोगान्तस्य लोपः ८।२।२३/५४" इसका "स्कोः संयोगाद्योः० ८।२।२९/३८०" यह अपवाद है, इस कारण संयोगादिलोप ही होताहै॥

च०	महते	महद्भ्याम्	महद्भ्यः
पं०	महतः	महद्भ्याम्	महद्भ्यः
ष०	महतः	महतोः	महताम्
स०	महति	महतोः	महत्सु.

धीमत् (बुद्धिमान्) शब्द–

मतुप् (मत्) प्रत्ययान्त " तदस्या० ५।२।९४/१८९४ "

४२९ अत्वसन्तस्य चाऽधातोः ६।४।१४॥

अत्वन्तस्योपधाया दीर्घः स्याद्धातुभिन्नासन्तस्य चासंबुद्धौ सौ परे । परं नित्यं च नुमं बाधित्वा वचनसामर्थ्यादादौ दीर्घः । ततो नुम् । धीमान् । धीमन्तौ । धीमन्तः । हे धीमन् । शसादौ महद्वत् । धातोरप्यत्वन्तस्य दीर्घः । गोमन्तमिच्छति गोमानिवाचरतीति वा क्यजन्तादाचारक्विबन्ताद्वा कर्तरि क्विप् । उगिदचामिति सूत्रेऽञ्ग्रहणं नियमार्थम् । धातोश्चेदुगित्कार्यं तर्ह्यञ्चतेरेवेति तेन स्रत् ध्वत् इत्यादौ न । अधातोरिति तु अधातुभूतपूर्वस्यापि नुमर्थम् । गोमान् । गोमन्तौ । गोमन्तः इत्यादि ॥ भातेर्डवतुः । भवान् । भवन्तौ । भवन्तः । शत्रन्तस्य त्वत्वन्तत्वाभावान्न दीर्घः । भवतीति भवन् ॥

४२९–असम्बुद्धि सु आगे रहते अतु (मतुप्, वतुप्) प्रत्ययान्त शब्द और धातुभिन्न असप्रत्ययान्त शब्द, इनकी उपधाको दीर्घ होताहै, (यहां " ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः ६।३।१११/१७४ ", "सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ ६।४।८/२५०", " सौ च ६।४।१३/३५७ ", "नोपधायाः ६।४।७/३७७ " इन सूत्रोंसे दीर्घ, असम्बुद्धि, सु, उपधा, इनकी अनुवृत्ति जाननी) । (परं नित्यमिति) मतुप् प्रत्ययके कारण उगित् है, इस कारण "उगिदचां० ७।१।७०/३६१ " इससे नुम्की प्राप्ति, वह इस दीर्घसे पर और नित्य भी है, तथापि यह प्रस्तुत सूत्र जानबूझकर बनायागया है, इस कारण अपवाद है इससे इसका कार्य दीर्घ पहले होगा और फिर नुम्, धीमान्+स्=धीमान् । आगे दीर्घकी प्राप्ति नहीं, धीमत्+औ=धीमन्तौ । धीमत्+जस्=धीमन्तः । सम्बोधनमें हे धीमन् । असर्वनामस्थानमें दीर्घकी प्राप्ति नहीं, अर्थात् शसादि प्रत्ययोंमें महत् शब्दके समान रूप होंगे ।

धीमत् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	धीमान्	धीमन्तौ	धीमन्तः
सं०	हे धीमन्	हे धीमन्तौ	हे धीमन्तः
द्वि०	धीमन्तम्	धीमन्तौ	धीमतः
तृ०	धीमता	धीमद्भ्याम्	धीमद्भिः
च०	धीमते	धीमद्भ्याम्	धीमद्भ्यः
पं०	धीमतः	धीमद्भ्याम्	धीमद्भ्यः
ष०	धीमतः	धीमतोः	धीमताम्
स०	धीमति	धीमतोः	धीमत्सु.

इसी प्रकार गोमत् (गायवाला) इस शब्दके रूप जानो,

सूत्रमें " अत्वसन्तस्य चाधातोः " ऐसा पाठ है उसमें 'अधातोः' यह विशेषण 'असन्तस्य' इतनेहीका है. 'अत्वन्त' इसको वह नहीं लगता कारण कि, 'अनन्तरस्य विधिर्वा भवति प्रतिषेधो वा ' (विधि और निषेध अव्यवहितको होतेहैं) ऐसा न्याय है, इससे (धातोः अपि अत्वन्तस्य दीर्घः) अतु (मतुप्, वतुप्) प्रत्ययान्त धातु शब्दको भी असम्बुद्धि सु प्रत्ययमें दीर्घ होताहै, (गोमन्तमिति) गोमत् अर्थात् गायवाला उसकी जो इच्छा करे इस अर्थमें 'क्यच्' प्रत्यय किया, अथवा गायवालेके समान वर्तताहै, ऐसे अर्थमें आचार क्यप् प्रत्यय किया और इन दोनोंके आगे फिर कर्तामें क्विप् किया (सि० २०० कुमारी शब्दकी व्युत्पत्ति देखो), तो गोमत् ऐसा जो धातुप्रातिपदिक सिद्ध होताहै, उसको भी असम्बुद्धि सु प्रत्ययमें दीर्घ होताहै ।

शङ्का–(उगिदचामिति०) " उगिदचाम्० ७।१।७०/३६१ " इस सूत्रमें 'अधातोः' ऐसा कहकर फिर ' अच् ' ऐसा अञ्चु धातु लियाहै, वह केवल नियमार्थ है, अर्थात् एक नकारलोपी 'अञ्चु' धातुमात्रको ही उगित्कार्य अर्थात् नुमागम हो, इतर धातुओंको नहीं हो, इसीसे स्रन्सु, ध्वन्सु, इन धातुओंसे बनेहुए क्विबन्त स्रस् ध्वस् शब्दोंको उगित्कार्य नहीं होता, इससे स्रत्, ध्वत्–इत्यादि रूप होतेहैं (सि०४३५) ।

गोमत् शब्द मतुप्प्रत्ययान्तके कारण यद्यपि उगिदन्त है, तो भी धातु होनेके कारण इसको उगित्कार्य नहीं होना चाहिये ? समाधान–(अधातोः इति०) "उगिदचां सर्वनामस्थानेऽधातोः ७।१।७०/३६१ " इसमें 'अधातोः' ऐसा जो कहाहै उसका अर्थ यह है कि, पूर्वका अधातु हो और फिर चाहे उसको धातुत्व भी आजाय, तो भी उसको अधातुके ही समान सर्वनामस्थान आगे रहते नुमागम होताहै, गोमान् । गोमन्तौ । गोमन्तः–इत्यादि धीमत् शब्दके समान * ॥

भवत् (आप–श्रेष्ठजन) शब्द–

"भातेर्डवतुः" (उणा० १।६३) इससे 'भा दीप्तौ' इस धातुके आगे कर्तामें 'डवतु' (अवत्) प्रत्यय होताहै यह प्रत्यय स्वादि नहीं है, इस कारण यद्यपि अङ्गको भसंज्ञा नहीं, तो भी डित्वकी सामर्थ्यसे अभसंज्ञक भी टिका लोप (२।४।८५/२१८८) होकर 'भवत्' यह प्रातिपदिक हुआ 'भवतु' ऐसा जो सर्वादिगणमें उदित् शब्द दियाहुआ है वही यह है दीर्घ, उगित्कार्य भवान् । भवन्तौ । भवन्तः ।

भवत् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	भवान्	भवन्तौ	भवन्तः
सं०	हे भवन्	हे भवन्तौ	हे भवन्तः
द्वि०	भवन्तम्	भवन्तौ	भवतः
तृ०	भवता	भवद्भ्याम्	भवद्भिः
च०	भवते	भवद्भ्याम्	भवद्भ्यः
पं०	भवतः	भवद्भ्याम्	भवद्भ्यः
ष०	भवतः	भवतोः	भवताम्
स०	भवति	भवतोः	भवत्सु.

* इस विषयमें " सांप्रतिकाभावे भूतपूर्वगतिः " ऐसी परिभाषा है ॥

(शत्रन्तस्य त्विति) 'भू सत्तायाम्' इस धातुसे "वर्तमाने लट् ३।२।१२३/२१५१" और "लटः शतृशानचौ० ३।२।१२४/३१००" इनसे शतृ (अत्) प्रत्ययान्त जो भवत् (रहनेवाला, होता हुआ) ऐसा शब्द होताहै, वह कुछ अतु (वतुप् मतुप्) प्रत्ययान्त नहीं, इस कारण "अत्वसन्तस्य०" इस प्रस्तुत सूत्रकी प्राप्ति नहीं अर्थात् दीर्घ नहीं, (भवतीति भवन्) यह शतृप्रत्ययान्त है, दीर्घ न होनेके कारण सु विभक्तिमें ही इनके रूपोंमें भेद जानना, उगित्त्वके कारण सर्वनामस्थान परे रहते नुमागम है ही, इस कारण अगले सब रूप पूर्ववत्, भवन्तौ । भवन्तः । भवता । भवद्भ्याम् इत्यादि ॥

(शत्रन्त शब्दोंके नुमागमके सम्बन्धके अपवाद–) ददत् (देनेवाला) शब्द *–

४२६ उभे अभ्यस्तम् । ६ । १ । ५ ॥

षाष्ठद्वित्वप्रकरणे ये द्वे विहिते ते उभे समुदिते अभ्यस्तसंज्ञे स्तः ॥

४२६–छठे अध्यायमें जो द्वित्वप्रकरण है उस करके जो धातुके दो अवयव बनेहैं उन दोनोंकी मिलकर अभ्यस्तसंज्ञा है। इससे 'ददा'की अभ्यस्तसंज्ञा हुई–

४२७ नाभ्यस्ताच्छतुः । ७ । १ । ७८ ॥

अभ्यस्तात्परस्य शतुर्नुम् न स्यात् । ददत् । ददद् । ददतौ । ददतः ॥

४२७–अभ्यस्तसे परे शतृ प्रत्ययको नुम् न हो । ददत्, ददद् । ददत्+औ=ददतौ । ददत्+जस्=ददतः ।

ददत् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	ददत्–द्	ददतौ	ददतः
सं०	हे ददत्–द्	हे ददतौ	हे ददतः
द्वि०	ददतम्	ददतौ	ददतः
तृ०	ददता	ददद्भ्याम्	ददद्भिः
च०	ददते	ददद्भ्याम्	ददद्भ्यः
पं०	ददतः	ददद्भ्याम्	ददद्भ्यः
ष०	ददतः	ददतोः	ददताम्
स०	ददति	ददतोः	ददत्सु.

और भी अभ्यस्तसंज्ञक शब्द–

४२८ जक्षित्यादयः षट् । ६ । १ । ६ ॥

षड् धातवोऽन्ये जक्षितिश्च सप्तम एतेऽभ्यस्तसंज्ञाः स्युः । जक्षत् । जक्षद् । जक्षतौ । जक्षतः । एवं जाग्रत् । दरिद्रत् । शासत् । चकासत् ॥ दीधीवेव्योर्ङित्त्वेपि छान्दसत्वाद्व्यत्ययेन परस्मैपदम् । दीध्यत् । वेव्यत् ॥ गुप् । गुब् । गुपौ । गुपः । गुब्भ्यामित्यादि ॥

४२८–जक्ष धातु और दूसरे छः धातु इनकी अभ्यस्त संज्ञा हो । 'जक्ष भक्षहसनयोः' १, 'जागृ निद्राक्षये' २, 'दरिद्रा दुर्गतौ' ३, 'चकासृ दीप्तौ' ४, 'शासु अनुशिष्टौ' ५, 'दीधीङ् दीप्तिदेवनयोः' ६, 'वेवीङ् वेतिना तुल्ये' (गतादयर्थे) यह धातु द्वितीय अर्थात् अदादिगणके हैं, इनसे होनेवाले शत्रन्त शब्दोंको नुम् नहीं होता, जक्षत्+सु=जक्षत्, जक्षद् । जक्षत्+औ=जक्षतौ । जक्षत्+जस्=जक्षतः इत्यादि ददत् शब्दके समान, इसी प्रकार जाग्रत्, दरिद्रत्, शासत्; चकासत्, शब्द होंगे ।

संस्कृत भाषाके धातुओंके आगे जो प्रत्यय होतेहैं, उनमें आत्मनेपदी और परस्मैपदी यह दो भेद हैं (१।४।९९-१००/२१५५-५६) धातुपाठमें जिस धातुको अनुदात्त इत् अथवा ङ् यह इत् लगा होताहै उसके परे आत्मनेपदके प्रत्यय लगतीहैं (अनुदात्तङित आत्मनेपदम् १।३।१२/२१५७) जिनको स्वरित इत् अथवा ञ् यह इत् लगा है उनका क्रियाफल कर्तृगामी हो, तो उसके परे भी आत्मनेपदी प्रत्यय लगतीहै "स्वरितञितः कर्त्रभिप्राये० १।३।७२/२१५८" इसको छोडकर आत्मनेपदनिमित्तक अन्य कुछ स्थल हैं, परन्तु इतर सब धातुओंके आगे कर्तृवाच्यप्रसंगमें परस्मैपदी प्रत्यय लगती हैं, "शेषात्कर्तरि परस्मैपदम् १।३।७९/२१५९" तो इस नियमसे दीधीङ् वेवीङ् यह धातु ङित्त्वके कारण आत्मनेपदी हैं, इससे शतृ (अत्) यह परस्मैपदी प्रत्यय उनके परे नहीं लगानी चाहिये, परन्तु–

(दीधीवेव्योः इत्यादि) यह दीधी वेवी, धातु ङित् हैं, तो भी छान्दस अर्थात् वेदमेंके हैं इस कारण "व्यत्ययो बहुलम् ३।१।८५/३४३३" इससे नियम टूटकर उनके आगे परस्मैपदी प्रत्यय लगती हैं, दीध्यत् । वेव्यत् । इनके रूप 'ददत्' शब्दकी समान जानना, नुम् नहीं होता ॥

गुप् (रक्षाकरनेवाला) शब्द क्विबन्त– गुप्, गुब् । गुपौ । गुपः । गुब्भ्याम् । गुप्सु– इत्यादि सरल रूप हैं ॥

शान्त तादृश (उसकी समान) शब्द–

४२९ त्यदादिषु दृशोऽनालोचने कञ्च । ३ । २ । ६० ॥

त्यदादिषूपपदेष्वज्ञानार्थाद्दृशेर्धातोः कञ् स्यात् क्विन् ॥

---

* यहां कुछ थोडासा विशेष कहना आवश्यक है, धातुपाठमें नौ गण पाणिनिमुनिने लिखेहैं वह क्रियापदमें दिखावेंगे, वे वहीं समझमें आवेंगे पर यहां इतना ही ध्यानमें रखना चाहिये कि, 'ददत्' यह शत्रन्त शब्द, 'डुदाञ् दाने' इस तीसरे जुहोत्यादि गणके धातुसे निकला हुआ है, इस गणके धातुओंको "जुहोत्यादिभ्यः श्लुः २।४।७५/२४८९" इससे बहुतसे प्रसंगोंमें 'श्लु' यह होताहै, इस कारण कार्यविशेष होताहै और इसी हेतुसे "श्लौ ६।१।१०/२४९०" इससे धातुको द्वित्व होताहै और भी कुछ दूसरे कार्य होतेहैं, वे आगे भली भांति समझमें आवेंगे, यह द्वित्वप्रकरण छठे अध्यायमें है इतना कहना बस है ॥

१ आठवें अध्यायमें भी दूसरे किसी सम्बन्धके (अनचि च) द्वित्वप्रकरण हैं उनका इसमें संग्रह न होने पावे इससे वृत्तिमें 'षाष्ठद्वित्वप्रकरणे' ऐसा पढा है और सूत्रमें 'उभे' के स्थानमें 'द्वे' इसकी अनुवृत्ति ही करनी योग्य थी सो न करके गौरवनिर्देशसे समुदित अर्थ आताहै इससे 'नेनिजति' इसमें "अभ्यस्तानामादिः" इससे समुदायको आद्युदात्तत्व होताहै प्रत्येकको नहीं ॥

४२९-त्यदादि गणमेंके (त्यद्, तद्, यद्, एतद्, इदम्, अदस्, एक, द्वि,) उपपद हों और आगे ज्ञानार्थवर्ज दृश् धातु हो, तो उसके आगे, कर्ता अर्थमें, कञ् प्रत्यय हो, सूत्रमें चकार है इसलिये पिछली अनुवृत्तिसे क्विन् होताहै यहां क्विन्प्रत्ययान्त ही शब्द लेना चाहिये, कञ्प्रत्ययान्त शब्द अजन्त (१०१७) में हैं, इस कारण उनका यहां प्रयोजन नहीं । तद्+दृश् ऐसी स्थिति हुई-

४३० आ सर्वनाम्नः । ६ । ३ । ९१ ॥

सर्वनाम्न आकारोऽन्तादेशः स्याद् दृग्दृशवतुषु । कुत्वस्यासिद्धत्वाद्व्रश्चेति षः । तस्य जश्त्वेन डस्तस्य कुत्वेन गः, तस्य चर्त्वेन पक्षे कः । तादृक् । तादृग् । तादृशौ । तादृशः । षत्वापवादत्वात्कुत्वेन खकार इति कैयटः । हरदत्तादिमते तु चर्त्वाभावपक्षे ख एव श्रूयते न तु गः । जश्त्वं प्रति कुत्वस्याऽसिद्धत्वाद्दिगादिभ्यो यदिति निर्देशान्नासिद्धत्वमिति वा बोध्यम् । व्रश्चेति षत्वम् । जश्त्वचर्त्वे । विट् । विड् । विशौ । विशः । विशम् ॥

४३०-दृश्, दृश अथवा वतु प्रत्यय आगे रहते सर्वनामको आकार अन्तादेश होताहै, इससे ' तादृश् ' यह प्रातिपदिक है यहां विभक्तिमें " क्विन्प्रत्ययस्य कुः ८।२।६२/३७७ " इसकी प्राप्ति है सही, तो भी उसके असिद्धत्वके कारण "व्रश्चभ्रस्जसृजमृजयजराजभ्राजच्छशां षः ८।२।३६/२९४ " इससे शकारके स्थानमें षत्व हुआ, तब ' तादृष् ' ऐसी स्थिति हुई, (तस्येति) " झलां जशोऽन्ते ८।२।३९/८४ " इससे षकारके स्थानमें डकार, फिर " क्विन्प्रत्ययस्य कुः " इससे डकारको गकार और " वावसाने ८।४।५६/२०६ " इससे विकल्प होकर ककार, तादृक्, तादृग् । आगे पदान्तत्वके अभावसे तादृशौ । तादृशः ।

तादृश् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	तादृक्-ग्	तादृशौ	तादृशः
सं०	हे तादृक्-ग्	हे तादृशौ	हे तादृशः
द्वि०	तादृशम्	तादृशौ	तादृशः
तृ०	तादृशा	तादृग्भ्याम्	तादृग्भिः
च०	तादृशे	तादृग्भ्याम्	तादृग्भ्यः
पं०	तादृशः	तादृग्भ्याम्	तादृग्भ्यः
ष०	तादृशः	तादृशोः	तादृशाम्
स०	तादृशि	तादृशोः	तादृक्षु.

(षत्वापवादत्वादिति) कैयट हरदत्तादिकोंका ऐसा मत है कि, " व्रश्चभ्रस्ज० ८।२।३६/२९४ " इस सूत्रका " क्विन्प्रत्ययस्य कुः ८।२।६२/३७७ " यह अपवाद है, इस कारण असिद्ध नहीं, अर्थात् शकारके स्थानमें कुत्व होताहै, ' श ' यह अघोष महाप्राण है, तो उसके स्थानमें कवर्गसम्बन्धी अघोष महाप्राण करनेसे खकार आताहै, वह वैसा ही रहताहै, अथवा चर्त्व ८।४।५६/२०६ पक्षमें ककार होताहै, परन्तु उस खकारके स्थानमें गकार नहीं होता, कारण कि, जश्त्व कर्तव्य रहते भी (८।२।३९/८४) वह कुत्व (८।२।६२/३७७) असिद्ध है, (दिगादिभ्यो यत् इतीति) परन्तु " दिगादिभ्यो यत् ४।३।५४/१४२९ " इसमें खकारके स्थानमें गकार हुआ है, इस निर्देशसे जश्त्व कर्तव्य रहते खकार असिद्ध नहीं, ऐसा निर्णय करनेसे कोई हानि नहीं होगी ।

विश् (वैश्य) शब्द-

(व्रश्चेति) " व्रश्च० " इससे षत्व और जश्त्व, चर्त्व, क्विन्नन्तत्वके अभावके कारण कुत्व नहीं, विट्, विड् । विशौ । विशः । विशम्-इत्यादि ।

विश् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	ब०
प्र०	विट्, विड्	विशौ	विशः
सं०	हे विट्, हे विड्	हे विशौ	हे विशः
द्वि०	विशम्	विशौ	विशः
तृ०	विशा	विड्भ्याम्	विड्भिः
च०	विशे	विड्भ्याम्	विड्भ्यः
पं०	विशः	विड्भ्याम्	विड्भ्यः
ष०	विशः	विशोः	विशाम्
स०	विशि	विशोः	विट्सु-ट्त्सु.

नश् (नष्ट होनेवाला) शब्द क्विबन्त-

सुलोप, इसको षत्व होनेके पीछे जश्त्व, चर्त्व, परन्तु एक और विकल्प-

४३१ नशेर्वा । ८ । २ । ६३ ॥

नशेः कवर्गोऽन्तादेशो वा स्यात्पदान्ते । नक् । नग् । नट् । नड् । नशौ । नशः । नग्भ्याम् । नड्भ्यामित्यादि ॥

४३१-'नश्' धातुको पदान्तमें विकल्प करके कवर्ग अन्तादेश हो, नख् ऐसी स्थिति होनेपर जश्त्व, चर्त्व, नक्-ग्। नट्-ड्। नग्भ्याम् । नड्भ्याम् ।

नश् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	नक्-ग्-ट्-ड्	नशौ	नशः
सं०	हे नक्-ग्-ट्-ड्	हे नशौ	हे नशः
द्वि०	नशम्	नशौ	नशः
तृ०	नशा	नग्भ्याम्, नड्भ्याम्	नग्भिः, नड्भिः
च०	नशे	नग्भ्याम्, नड्भ्याम्	नग्भ्यः, नड्भ्यः
पं०	नशः	नग्भ्याम्, नड्भ्याम्	नग्भ्यः, नड्भ्यः
ष०	नशः	नशोः	नशाम्
स०	नशि	नशोः	नक्षु-ट्सु-ट्त्सु.

घृतस्पृश् (घृतका स्पर्श करनेवाला) शब्द-

४३२ स्पृशोऽनुदके क्विन् । ३ । २ । ५८ ॥

अनुदके सुप्युपपदे स्पृशेः क्विन् स्यात् । घृतस्पृक् । घृतस्पृग् । घृतस्पृशौ । घृतस्पृशः । क्विन् प्रत्ययो यस्मादिति बहुव्रीह्याश्रयणात् क्विप्यपि

कुत्वम् । स्पृक् । षडगकाः प्राग्वत् ॥ ञिधृषा प्रागल्भ्ये । अस्माहृत्विगादिना क्विन् द्वित्वमन्तोदात्तत्वं च निपात्यते । कुत्वात्पूर्वं जश्त्वेन डः,गः, कः । धृष्णोतीति दधृक् । दधृग् । दधृषौ । दधृषः । दधृग्भ्यामित्यादि ॥ रत्नानि मुष्णातीति रत्नमुट् । रत्नमुड् । रत्नमुषौ । रत्नमुषः । षड्भ्यो लुक् । षट् । षड् । षड्भिः । षड्भ्यः २ । षट्चतुर्भ्यश्चेति नुट् । अनामिति पर्युदासान्न ष्टुत्वनिषेधः । यरोऽनुनासिक इति विकल्पं बाधित्वा प्रत्यये नित्यमिति वचनान्नित्यमनुनासिकः । षण्णाम् । षट्त्सु । षट्सु । तदन्तविधिः । परमषट् । परमषण्णाम् । गौणत्वे तु प्रियषषः । प्रियषषाम् । रुत्वं प्रति षत्वस्यासिद्धत्वात्ससजुषोरुरिति रुत्वम् ॥

४३२-उदकशब्दवर्ज सुबन्त उपपद होते 'स्पृश्' धातुसे कर्त्रर्थमें क्विन् प्रत्यय हो । षत्व, डत्व, कुत्व, चर्त्व, घृतस्पृक्, घृतस्पृग् । घृतस्पृशौ । घृतस्पृशः-इत्यादि तादृश् शब्दके समान ।

(क्विन्प्रत्ययः यस्मादिति) जिस धातुके आगे चाहे जब क्विन् प्रत्यय होता हो, वह क्विन् प्रत्यय जिससे ऐसा बहुव्रीहि समासके आश्रयसे "क्विन्प्रत्ययस्य कुः ८।२।६२/३७७" इसमें अर्थ है इसलिये स्पृश् (स्पर्श करनेवाला) इस क्विन्त शब्दको भी कुत्व, स्पृक्, षकार, डकार, गकार, ककार, क्रमसे पूर्ववत् (४३०) स्पृक्, स्पृग् । स्पृशौ । स्पृशः इत्यादि तादृश् शब्दके समान ।

षान्त दधृष् (ढीठ मनुष्य) शब्द-

'ञिधृषा (धृष्) प्रागल्भ्ये' इस धातुसे "ऋत्विग्दधृक्० ३।२।५९/३७३" इससे क्विन्, 'दधृष्' इसमें 'धृष्' इसको जो द्वित्व है वह निपातनसे (सूत्रमें दियाहै इतने ही परसे) लेना चाहिये, अन्तोदात्तत्व भी वैसे ही निपातन करके, वेदमें (नेत्वा धृष्णुहरसाजहृष्वाणो दधृग्विधत्यन्यर्यखयति । मं० १० सू० १६ ऋ० ७) इत्यादि स्थलोंमें 'दधृष्' शब्द अन्तोदात्त है, "ञ्नित्यादिर्नित्यम् ६।१।१९७/३६८६" इससे नित्त्वके कारण आद्युदात्तत्व होना चाहियेथा वैसा नहीं होता (कुत्वात्पूर्वं जश्त्वेन डः, गः, कः,) कुत्वसे पहले जश्त्व करके डकार, फिर गकार, ककार, 'धृष्णोति (ढीठपन करताहै सो) इति' दधृक्, दधृग् । दधृषौ । दधृषः । दधृग्भ्याम्-इत्यादि ।

दधृष् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	दधृक्-ग्	दधृषौ	दधृषः
सं०	हे दधृक्-ग्	हे दधृषौ	हे दधृषः
द्वि०	दधृषम्	दधृषौ	दधृषः
तृ०	दधृषा	दधृग्भ्याम्	दधृग्भिः
च०	दधृषे	दधृग्भ्याम्	दधृग्भ्यः
पं०	दधृषः	दधृग्भ्याम्	दधृग्भ्यः
ष०	दधृषः	दधृषोः	दधृषाम्
स०	दधृषि	दधृषोः	दधृक्षु.

रत्नमुष् (रत्न चुराताहै सो) शब्द-

यह शब्द क्विन्त है इस कारण कुत्व नहीं, जश्त्व, चर्त्व, 'रत्नानि मुष्णाति इति' रत्नमुट्, रत्नमुड् । रत्नमुषौ । रत्नमुषः-इत्यादि सरल रूप हैं ।

षष् (छह) शब्द संख्यावाचक-

"ष्णान्ता षट् १।१।२४/३६९" इससे षट् संज्ञा, बहुत अर्थ होनेसे बहुवचन, "षड्भ्यो लुक् ७।१।२२/२६" इससे जस्, शस्, इनका लोप, जश्त्व, चर्त्व, षट्, षड् । षड्भिः । षड्भ्यः । आम्प्रत्यय आगे रहते "षट्चतुर्भ्यश्च ७।१।५५/३२८" इससे नुट्, (अनामिति) यहां 'षड्+नाम्' ऐसी स्थिति रहते "न पदान्ताट्टोः० ८।४।४२/११४" इससे यद्यपि ष्टुत्वनिषेध है, तो भी वहीं 'अनाम्' ऐसा पर्युदास (प्रत्ययका निषेध) आगे होनेसे ष्टुत्व होताही है, (यरोनुनासिके इति) षड्+नाम् ऐसी स्थिति होते "यरोऽनुनासिके० ८।४।४५/११६" इससे डकारके स्थानमें विकल्प करके अनुनासिक 'ण' प्राप्त है, परन्तु सूत्रपरके इस वार्तिक (प्रत्यये भाषायां नित्यम्) के नित्य शब्दसे उसका बाध होकर नित्य ही अनुनासिक होताहै विकल्प नहीं, षण्णाम् । षट्त्सु, षट्सु ।

प्र० सं० द्वि-षट्-ड् । तृ० षड्भिः । च० पं० षड्भ्यः । ष० षण्णाम् । षट्त्सु-ट्सु ।

(तदन्तविधिः) 'परमषष्' ऐसा कर्मधारयसमास लिया जाय, तो अंगाधिकारके कारण तदन्तत्वके कारण तद्वत्, परमषट् । परमषण्णाम्-इत्यादि (३४०) देखो । (गौणत्वे तु) बहुव्रीहिसमास हो, तो शब्दको गौणत्व है, इसलिये वहां "षड्भ्यो लुक्" और "षट्चतुर्भ्यश्च" यह दोनों सूत्र नहीं लगते (सि० ३४०) अर्थात् जस् शस्में लुक्, और नुट् यह दोनों नहीं, इस विषयमें 'गौणत्वे तु न लुङ्नुटौ' ऐसा वचन है । प्रियषषः । प्रियषषाम् ।

प्रियषष् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	प्रियषट्-ड्	प्रियषषौ	प्रियषषः
सं०	हे प्रियषट्-ड्	हे प्रियषषौ	हे प्रियषषः
द्वि०	प्रियषषम्	प्रियषषौ	प्रियषषः
तृ०	प्रियषषा	प्रियषड्भ्याम्	प्रियषड्भिः
च०	प्रियषषे	प्रियषड्भ्याम्	प्रियषड्भ्यः
पं०	प्रियषषः	प्रियषड्भ्याम्	प्रियषड्भ्यः
ष०	प्रियषषः	प्रियषषोः	प्रियषषाम्
स०	प्रियषषि	प्रियषषोः	प्रियषट्त्सु-ट्सु.

पिपठिष् (पठनकी इच्छावाला) शब्द-

'पठ व्यक्तायां वाचि' (२२९९) इस धातुके आगे इच्छार्थमें सन् (स) प्रत्यय होता है और क्रियापदके सम्बन्धसे इडागम, द्वित्व, षत्व (८।३।५९/२१२) यह कार्य होकर 'पिपठिष' ऐसा धातु बनताहै, वह सन्नन्तप्रकरण (२६०८-२६२८) में भली भांति समझमें आवेगा, उसके आगे क्विप् होकर अल्लोप (२७३) हुआ, तब 'पिपठिष्' ऐसा प्रातिपदिक बना, आगे विभक्तिकार्य, पिपठिष्+स्, ऐसी स्थिति होकर सुलोप, (रुत्व प्रतीति) इसमेंका षकार "सस-

जुषो रुः ८।२।६६/१६२" इसकी दृष्टिसे असिद्ध है, वहां सकारही दीखताहै इस कारण इसी सूत्रसे रुत्व, 'पिपठिर्' ऐसी स्थिति हुई, परन्तु धातुत्वके कारण–

४३३ वोरुपधाया दीर्घ इकः।८।२।७६॥

रेफवान्तस्य धातोरुपधाया इको दीर्घः स्यात्पदान्ते । पिपठीः । पिपठिषौ । पिपठिषः । पिपठीर्भ्याम् । वा शरीति वा विसर्जनीयः ॥

४३३–रेफान्त और वान्त धातुके उपधा इक्को पदान्तमें दीर्घ होताहै । 'पिपठीर्' ऐसी स्थिति हुई, "खरवसानयोर्विसर्जनीयः ८।३।१५/७६" इससे विसर्ग, पिपठीः । 'औ' प्रत्ययमें पदान्तत्व न होनेसे रुत्व, दीर्घ नहीं, पिपठिषौ । पिपठिषः । भ्याम्में पदान्तत्वके कारण रुत्व, दीर्घ, पिपठीर्भ्याम् । पिपठिष्+सु, ऐसी स्थिति रहते रुत्व, दीर्घ और अगला सकार खर् है इसलिये 'खरवसानयोः०' इससे विसर्ग, उसको "वा शरि ८।३।३६/१५१" इससे विसर्ग ही हुआ, विकल्प पक्षमें "विसर्जनीयस्य सः ८।३।३४/१३८" इससे सकार, पिपठीः+सु, पिपठीस्+सु ऐसी स्थिति हुई–

४३४ नुम्विसर्जनीयशर्व्यवायेऽपि । ८ । ३ । ५८ ॥

एतैः प्रत्येकं व्यवधानेपि इण्कुभ्यां परस्य सस्य मूर्धन्यादेशः स्यात् । ष्टुत्वेन पूर्वस्य षत्वम् । पिपठीःषु । पिपठीष्षु । प्रत्येकमिति व्याख्यानादनेकव्यवधाने षत्वं न । निंस्स्व । निंस्से । नुम्ग्रहणं नुम्स्थानिकानुस्वारोपलक्षणार्थं व्याख्यानात् । तेनेह न । सुहिन्सु । पुंसु । अत एव न शर्ग्रहणेन गतार्थता । रात्सस्येति सलोपे विसर्गः । चिकीः । चिकीर्षौ । चिकीर्षः । रोः सुपीति नियमान्न विसर्गः । चिकीर्षु ॥ दमेर्डोस् । डित्त्वसामर्थ्याट्टिलोपः । षत्वस्यासिद्धत्वाद्रुत्वविसर्गौ । दोः । दोषौ । दोषः । पद्न्न इति वा दोषन् । दोष्णः । दोष्णा । दोषः । दोषा ॥ विश प्रवेशने । सन्नन्तात् क्विप् । षत्वस्यासिद्धत्वात्संयोगान्तलोपः । व्रश्चेति षः । जश्त्वचर्त्वे । विविट् । विविड् । विविक्षौ । विविक्षः । स्कोरिति कलोपः । तट् । तड् । तक्षौ । तक्षः ॥ गोरट् । गोरड् । गोरक्षौ । गोरक्षः । तक्षिरक्षिभ्यां ण्यन्ताभ्यां क्विपि तु स्कोरिति न प्रवर्तते । णिलोपस्य स्थानिवद्भावात् । पूर्वत्रासिद्धे न स्थानिवदिति तु इह नास्ति । तस्य दोषः संयोगादिलोपलत्वणत्वेष्विति निषेधात् । तस्मात्संयोगान्तलोप एव । तक् । तग् । गोरक् । गोरग् ॥ स्कोरिति कलोपं प्रति कुत्वस्यासिद्धत्वात् संयोगान्तलोपः । पिपक् । पिपग् । एवं विवक् । दिधक् ॥ पिस गतौ । सुष्ठु पेसतीति सुपीः । सुपिसौ । सुपिसः । सुपिसा । सुपीर्भ्याम् । सुपीःषु । सुपीष्षु । एवं सुतूः । तुस खण्डने ॥ विद्वान् । विद्वांसौ । विद्वांसः । हे विद्वन् । विद्वांसम् । विद्वांसौ ॥

४३४–नुम्, विसर्जनीय और शर् इनमेंसे कोई भी एक बीचमें आवे, तो इण् अथवा कवर्गके आगेके आदेश तथा प्रत्ययसम्बन्धी सकारको मूर्धन्य (ष) आदेश होताहै । इससे विसर्गसे व्यवधान रहते षत्व, पिपठीःषु । दूसरे रूपमें सकारको षत्व, "ष्टुना ष्टुः ८।४।४१/११३" इससे पूर्व सकारको , पिपठीष्षु ।

पिपठिष् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	पिपठीः	पिपठिषौ	पिपठिषः
सं०	हे पिपठीः	हे पिपठिषौ	हे पिपठिषः
द्वि०	पिपठिषम्	पिपठिषौ	पिपठिषः
तृ०	पिपठिषा	पिपठीर्भ्याम्	पिपठीर्भिः
च०	पिपठिषे	पिपठीर्भ्याम्	पिपठीर्भ्यः
पं०	पिपठिषः	पिपठीर्भ्याम्	पिपठीर्भ्यः
ष०	पिपठिषः	पिपठिषोः	पिपठिषाम्
स०	पिपठिषि	पिपठिषोः	पिपठीःषु, पिपठीष्षु.

(प्रत्येकमिति) "नुम्विसर्जनीय०" इस प्रस्तुत सूत्रके व्याख्यानमें 'प्रत्येकम्' (एक एक) ऐसा कहाहुआ है इसलिये इण्, कवर्ग और सरकार इनमें (नुम्, विसर्ग और शर्) इनमेंसे एकसे अधिकका व्यवधान आवे, तो मूर्धन्यादेश नहीं होता, यथा निंस्स्व । निंस्से * ॥

(नुम्ग्रहणमिति) सूत्रमें नुम् (न्) जो अंश लियाह उससे नुम्स्थानिक अनुस्वारका ग्रहण करना चाहिये (नकार अथवा अन्य अनुस्वार इनका ग्रहण नहीं) ऐसा व्याख्यान होनेसे, सुहिन्सु, पुंसु, इनमेंके नुम्स्थानिक नकार, मस्थानिक अनुस्वार इनके व्यवधानके कारण अगले सकारके स्थानमें षत्व नहीं होता । (४३५ में 'सुहिन्स' शब्द और ४३६ में 'पुम्स्' शब्द देखो) । (अत एव न शर्ग्रहणेन गतार्थता) इससे सामान्यतः शर्ग्रहणसे अनुस्वारका भी ग्रहण संभाव्य है (सि० १३८) तथापि यहां नुम्स्थानिक अनुस्वारका ही ग्रहण आवश्यक है, इस कारण सूत्रमें नुम् ऐसा पृथक् शब्द लायेहैं, केवल शर् कहनेसे उसका ग्रहण न होता ।

चिकीर्ष् (करनेकी इच्छावाला) शब्द–

यह पूर्ववत् 'डुकृञ् (कृ) करणे' इस धातुसे उत्पन्न

---

* 'णिसि (निस्) चुम्बने' यह अदादिकाधातु है, इसको इदित होनेके कारण "इदितो नुम् धातोः ५।३।५८/२२६२" इससे नुम् (न्)का आगम होकर अनुस्वारसे 'निंस्' ऐसा धातु है और 'स्व' और 'से' यह आत्मनेपद प्रत्यय आनेसे 'निंस्स्व' (चुम्बन करो) और 'निंस्से' (चुम्बन करताहै) ऐसे रूप सिद्ध हुए हैं, उनमें प्रथम सकारको धातुके अङ्गका होनेसे "आदेशप्रत्यययोः" यह सूत्र नहीं लगता, इसलिये उसके स्थानमें षत्व नहीं, आगेके जो प्रत्ययमेंके सकार उनके और पिछले इकारके बीच नुम्स्थानिक अनुस्वार और सकार यह (शर्) ऐसे दो आवे, नुम् और शर् इनमें प्रत्येकमें यद्यपि हानि नहीं तथापि एकत्र आनेसे आगे षत्व नहीं होता ॥

हुआहै, सुलोप होनेपर 'चिकीर्ष्' ऐसी स्थिति हुई, उसमें 'र्ष्' ऐसा संयोग अन्तमें है, इसलिये "संयोगान्तस्य लोपः ८।२।२३/५४" इसकी प्राप्ति तो है, परन्तु यहां रेफके परे सकार-स्थानिक षकार असिद्ध है इस कारण "रात्सस्य" ऐसा जो नियम उससे सकारका लोप, रेफके स्थानमें "खरवसानयोः० ८।३।१५/७६" इससे विसर्ग, चिकीः। चिकीर्षौ। चिकीर्षः। चिकीर्ष्+सु, ऐसी स्थिति रहते पदान्तत्वके कारण संयोगान्त-लोप, रेफके स्थानमें विसर्ग प्राप्त है, परन्तु "रोः सुपि ८।३।१६/३३९" इस नियमसे अर्थात् यह रेफ रु के स्थानका होता, तो उसको विसर्ग होता, वह रुस्थानका नहीं मूलका ही है इस कारण विसर्ग नहीं, चिकीर्षु। इसमें रेफ इण् है इस कारण अगले सकारको षत्व हुआ।

चिकीर्ष् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	चिकीः	चिकीर्षौ	चिकीर्षः
सं०	हे चिकीः	हे चिकीर्षौ	हे चिकीर्षः
द्वि०	चिकीर्षम्	चिकीर्षौ	चिकीर्षः
तृ०	चिकीर्षा	चिकीर्भ्याम्	चिकीर्भिः
च०	चिकीर्षे	चिकीर्भ्याम्	चिकीर्भ्यः
पं०	चिकीर्षः	चिकीर्भ्याम्	चिकीर्भ्यः
ष०	चिकीर्षः	चिकीर्षोः	चिकीर्षाम्
स०	चिकीर्षि	चिकीर्षोः	चिकीर्षु.

दोष् (भुजा) शब्द-

'दमेर्डोस्' (उणा० २।६९) दम् धातुके आगे डोस् (ओस्) प्रत्यय, डित्वके सामर्थ्यसे दम्सेंकी टि (अम्) का लोप और षत्व होकर 'दोष्' यह प्रातिपदिक बना, सुलोप हुआ, ('पिपठिष्' शब्दमें दिखाये हुएके समान) षत्व (८।३।५९/२१२) को असिद्धत्व है इसलिये रुत्व (८।२।६६/१६२) और विसर्ग (८।३।१५/७६) हुए, दोः। दोष्+औ=दोषौ। दोष्+जस्=दोषः। "पद्दन्नो० ६।१।६३/२२८" इस सूत्रसे शसादि विभक्तियोंके पूर्वमें दोषन् आदेश होकर विकल्पसे दोष्+शस् =दोष्णः, दोषः। यहां "अल्लोपोऽनः ६।४।१३४/२३४", "न-लोपः० ८।२।७/२३६" और "विभाषा ङिश्योः ६।४।१३६/२३७" यह सूत्र ध्यानमें रखने चाहिये। दोषन्+टा=दोष्णा, दोषा।

दोष् शब्दके रूप--

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	दोः	दोषौ	दोषः
सं०	हे दोः	हे दोषौ	हे दोषः
द्वि०	दोषम्	दोषौ	दोष्णः, दोषः
तृ०	दोष्णा, दोषा	दोषभ्याम्, दोर्भ्याम्	दोषभिः, दोर्भिः
च०	दोष्णे, दोषे	दोषभ्याम्, दोर्भ्याम्	दोषभ्यः, दोर्भ्यः
पं०	दोष्णः, दोषः	दोषभ्याम्, दोर्भ्याम्	दोषभ्यः, दोर्भ्यः
ष०	दोष्णः, दोषः	दोष्णोः, दोषोः	दोष्णाम्, दोषाम्
स०	दोष्णि, दोषणि, दोषि.	दोष्णोः, दोषोः	दोषसु, दोःषु, दोष्षु.

विविक्ष् (भीतर घुसनेकी इच्छावाला) शब्द-

'विश् प्रवेशने' इस धातुसे सन्नन्त होनेसे क्विप् प्रत्यय पूर्ववत्, विविश्+स्, यह प्रातिपदिककी मूलस्थिति हुई, सुलोप हुआ, आगे सु झल् है इस कारण "व्रश्चभ्रस्ज० ८।२।३६/२९४" इससे शकारके स्थानमें षत्व होना चाहिये था, परन्तु वह षत्व असिद्ध है, इसलिये पहले संयोगान्तलोप (८।२।२३/५४) विविश् ऐसी स्थिति हुई, फिर "व्रश्चभ्रस्ज०" इससे पदान्तत्वके कारण शकारके स्थानमें षत्व, जश्त्व, चर्त्व हुए, विविट्, विविड्। विविश्+स्+औ, इसमें शकारके स्थानमें षत्व होकर विविष्+स्+औ, यह स्थिति हुई, आगे सकार होनेके कारण "षढोः कः सि ८।२।४१/२९५" इससे षका-रके स्थानमें ककार और ककारके कारण "आदेश० ८।३।५७/२११" इससे सकारके स्थानमें षकार, विविक्षौ। विविक्षः*॥

विविक्ष् शब्दके रूप—

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	विविट्–ड्	विविक्षौ	विविक्षः
सं०	हे विविट्–ड्	हे विविक्षौ	हे विविक्षः
द्वि०	विविक्षम्	विविक्षौ	विविक्षः
तृ०	विविक्षा	विविड्भ्याम्	विविड्भिः
च०	विविक्षे	विविड्भ्याम्	विविड्भ्यः
पं०	विविक्षः	विविड्भ्याम्	विविड्भ्यः
ष०	विविक्षः	विविक्षोः	विविक्षाम्
स०	विविक्षि	विविक्षोः	विविट्त्सु–ट्सु.

तक्ष् (बढई) शब्द-

'तक्षू तनूकरणे' इसके आगे क्विप्, तक्ष्+स् ऐसी स्थिति होते सुलोप, "स्कोः संयोगाद्योरन्ते च ८।२।२९/३८०" इससे 'क्ष्' मेंके ककारका लोप, जश्त्व, चर्त्व, तट्, तड्। तक्षौ। तक्षः। और सब रूप ऊपर कहे अनुसार जानना।

गोरक्ष् (गाय रखनेवाला) शब्द भी इसी प्रकार, गोरट्, गोरड्। गोरक्षौ। गोरक्षः-इत्यादि।

(तक्षिरक्षिभ्यामिति) तक्षि, रक्षि यह धातु णिजन्त(२५७५-२६०७) अर्थात् तक्ष्, रक्ष्, धातुसे प्रयोजकार्थमें णिच् कियागया और फिर क्विप् किया, तो तक्ष्+णिच्+क्विप्, ऐसी स्थिति रहते "णेरनिटि ६।४।५१/२३१३" इससे यद्यपि णिच्का लोप हुआ, तो भी स्थानिवद्भावसे वह णिच् है ही, इसलिये यहां पदान्त, अथवा झल् आगे न होनेसे "स्कोः संयोगा-द्योः०" यह सूत्र ही नहीं प्रवृत्त होता। इस कारण तक्ष् (छी-लनेवाला) गोरक्ष् (गाय रखानेवाला) इनके क्षके कका-रका लोप नहीं, (पूर्वत्रासिद्ध इति) (वा० ४३३) पूर्व-त्रासिद्धे अर्थात् त्रिपादीमें स्थानिवद्भाव नहीं होता ऐसा जो वचन है वह यहां नहीं लगता, उस वचनका दोष है, कारण कि (तस्य दोषेति) (वा० ४४०) संयोगादिलोप, लत्व, णत्व, यह कार्य कर्तव्य होते यह निषेध नहीं (अर्थात् इस स्थानमें स्थानिवद्भावका निषेध होते फिर उलटकर निषेध है) इससे संयोगान्तलोप ही हुआ, (८।२।२३/५४) तक्, तग्।

* विविश्+स् यहां संयोगान्तलोप ५४ कर्तव्य होते अल्लोप२७३ क्विप् मानकर भयाहै इसलिये बहिरङ्ग है, तो 'असिद्धं बहि०' इस परिभाषासे असिद्ध होता था सो नहीं, कारण कि, अल्लोपकी अपेक्षा संयोगान्तलोप ही बहिर्भूत पदादिनिमित्त होनेसे बहिरङ्ग है॥

तक्ष् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	तक्-ग्	तक्षौ	तक्षः
सं०	हे तक्-ग्	हे तक्षौ	हे तक्षः
द्वि०	तक्षम्	तक्षौ	तक्षः
तृ०	तक्षा	तग्भ्याम्	तग्भिः
च०	तक्षे	तग्भ्याम्	तग्भ्यः
पं०	तक्षः	तग्भ्याम्	तग्भ्यः
ष०	तक्षः	तक्षोः	तक्षाम्
स०	तक्षि	तक्षोः	तक्षु.

इसी प्रकार गोरक्, गोरग् इत्यादि ।

पिपक्ष् (पाक करनेकी इच्छा करनेवाला) शब्द–

पच् धातु सन्नन्त होकर क्विप् :पिपच्+स् ऐसी मूलस्थिति होते स् इसके झल् होनेके कारण "चोः कुः ८।२।३०/३७८" इससे चकारको कुत्व हुआहै, इसलिये (स्कोरितीति)"स्कोः संयोगाद्योः० ८।२।२९/३८०" इसकी दृष्टिसे कुत्व असिद्ध अर्थात् नहीं दीखता, इस कारण "संयोगान्तस्य लोपः ८।२।२३/५४" इससे सकारका लोप, पिपक्, पिपग् पूर्ववत् रूप होंगे ।

इसी प्रकारसे बिवक्ष् (बोलनेकी इच्छा करनेवाला) बच् धातु, दिधक्ष् (जलानेकी इच्छा करनेवाला) दह् धातु, इन सन्नन्तोंके रूप विवक् । बिवक्षौ । दिधक् । दिधक्षौ इत्यादि जानना ।

सान्त 'सुपिस्' शब्द–

'पिस् गतौ' धातु क्विप्, सुलोप, 'सुपिस्' ऐसी स्थिति रहते "ससजुषो रुः ८।२।६६/१६२" इससे रुत्व, "र्वोरुपधाया दीर्घ इकः ८।२।७६/४३३" इससे सुपीर् ऐसी स्थिति, फिर "खरवसानयोर्विसर्जनीयः" इससे विसर्ग, 'सुष्ठ पेसाति इति' (भली प्रकारसे चलताहै सो) सुपीः । सुपिस्+औ=सुपिसौ, इसमें अंगका अर्थात् निजका सकार है, इसलिये "आदेशप्रत्ययोः" इससे षत्व नहीं, सुपिस्+जस्=सुपिसः सुपिस्+टा=सुपिसा । पदान्तत्वके कारण पूर्ववत् रेफ, दीर्घ, सुपीर्भ्याम् । (४३४) 'पिपठीषु'के अनुसार सुपीः षु, सुपीष्षु ।

(एवं सुतूः) 'तुस् खण्डने' इस धातुसे निकला हुआ सुतुस् (भली प्रकार तोडनेवाला) शब्द बना है, सुतूः । सुतुसौ इत्यादि ।

विद्वस् (जाननेवाला) शब्द–

'विद ज्ञाने' इसके आगे 'शतृ' के स्थानमें "विदेः शतुर्वसुः ७।१।३६/३१०५" इससे कर्त्रर्थमें वसु (वस्) आदेश हुआ है आगे सर्वनामस्थान है, इस लिये उगित्त्वके कारण "उगिदचाम्० ७।१।७०/३६१" इससे नुम्, विद्वन्स्+स्, ऐसी स्थिति "सान्त महतः संयोगस्य ६।४।१०/३१७" इससे नकारके पूर्वके अकारको दीर्घ, विद्वान्स्+स् ऐसी स्थिति हुई, सुलोप ६।१।६८/२५२ फिर अन्तमें "संयोगान्तस्य लोपः ८।२।२३/५४" इससे स्लोप, विद्वान् । विद्वस्+औ, इसमें नुम् और दीर्घ विद्वान्सौ, ऐसा स्थिति हुई, तब "नश्चापदान्तस्य झलि ८।३।२४/१२३" इससे नकारको अनुस्वार, विद्वांसौ । विद्वांसः । सम्बुद्धिमें दीर्घ नहीं, हे विद्वन् । आगे भके स्थानमें विद्वस्+शस्–

४३५ वसोः संप्रसारणम् ।६।४।१३१॥

वस्वन्तस्य भस्य संप्रसारणं स्यात् । पूर्वरूपत्वं षत्वम् । विदुषः । विदुषा । वसुस्रंस्विति दत्वम् । विद्वद्भ्यामित्यादि । सेदिवान् । सेदिवांसौ । सेदिवांसः । सेदिवांसम् । अन्तरङ्गोपीडागमः संप्रसारणविषये न प्रवर्तते । अकृतव्यूहा इति परिभाषया । सेदुषः । सेदुषा । सेदिवद्भ्यामित्यादि । सान्त महत इत्यत्र सान्तसंयोगोपि प्रातिपदिकस्यैव गृह्यते न तु धातोः । महच्छब्दसाहचर्यात् ॥ सुष्ठु हिनस्तीति सुहिन् । सुहिंसौ । सुहिंसः । सुहिन्भ्याम् । सुहिन्सु ॥ ध्वत् । ध्वद् । ध्वसौ । ध्वसः । ध्वद्भ्याम् । एवं स्नत् ॥

४३५–वसुप्रत्ययान्त शब्द भसंज्ञक हो तो उसको संप्रसारण होताहै । विद्–उ–अस्+अस् ऐसी स्थिति रहते (पूर्वरूपत्वम्) "संप्रसारणाच ६।१।१०८/३३०" इससे पूर्वरूप, तब विदुस्+अस् ऐसी स्थिति हुई, 'उस्' को स्थानिवद्भाव करके प्रत्ययत्व है इस कारण "आदेशप्रत्यययोः" इससे षत्व, विदुषः । विद्वस्+टा=विदुषा । विद्वस्+भ्याम्=" वसुस्रंसुध्वंसु० ८।२।७२/३३४" इससे पदान्तमें सकारके स्थानमें दत्व, विद्वद्भ्याम्–इत्यादि ।

विद्वस् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	विद्वान्	विद्वांसौ	विद्वांसः
सं	हे विद्वन्	हे विद्वांसौ	हे विद्वांसः
द्वि०	विद्वांसम्	विद्वांसौ	विदुषः
तृ०	विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भिः
च०	विदुषे	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भ्यः
पं०	विदुषः	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भ्यः
ष०	विदुषः	विदुषोः	विदुषाम्
स०	विदुषि	विदुषोः	विद्वत्सु.

सेदिवस् (गया हुआ) शब्द–

'षद्लृ (सद्) विशरणगत्यवसादनेषु' इस धातुके परे भूतसामान्य अर्थमें लिट् (३।२।१०५/३०९३) प्रत्यय होकर उसको क्वसु (वस्) (३।२।१०७/३०९५) आदेश हुआ है. *॥ पूर्ववत् उगित्त्वके कारण सर्वनामस्थान आगे रहते नुम्

१ 'विद्वान्' ऐसी स्थितिमें "न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य २३६" इससे नलोप नहीं होता, कारण कि, संयोगान्तलोपके असिद्ध होनेसे पदान्तत्व नहीं रहता ॥

* यहां 'सद्' इसको लिट्के कारण द्वित्व होताहै और फिर "अत एकहल्मध्ये० ६।४।१२०/२२६०" इससे अभ्यासलोप होकर, 'सेद्' ऐसा रूप होताहै सेद्+वस् इसमें "वस्वेकाजाद्घसाम् ७।२।६७/३०९६" इससे वस्को इडागम होकर, सेदिवस्० ऐसा प्रातिपदिक बना, इसकी व्युत्पत्ति आगे भली भांति ध्यानमें आजायगी. जहां अभ्यासलोप नहीं होता वहां भी (तस्थिवस् इसमें) विभक्ति कार्य इसी प्रकारसे होगा ॥

और सान्तत्वके कारण सम्बुद्धिवर्ज सर्वनामस्थान आगे रहते दीर्घ, सेदिवान्। सेदिवांसौ । सेदिवांसः । सेदिवांसम् । सेदिवांसौ। सेदिवस्+अस्, इसमें "वसोः सम्प्रसारणम्" इससे वस्‌के स्थानमें 'उस्' ऐसा सम्प्रसारण हुआ, इस शब्दमें इडागम वस्‌के निमित्तसे होनेवाला था, परन्तु 'वस्' इसीका आगे विनाश होगा, इसलिये यद्यपि सम्प्रसारण इस बहिरंग कार्यसे इडागम यह अन्तरंग कार्य प्रबल होना चाहिये, तथापि 'अकृतव्यूहाः पाणिनीयाः' इस परिभाषाके आश्रयसे इडागम प्रवृत्त नहीं होता, "आर्धधातुकस्येड् वलादेः ७।२।३५/२१८४" इससे वकारके निमित्तसे इट्‌का आगम होता, इसलिये वकारके स्थानमें उकार होनेके पीछे उस इडागमकी प्राप्ति नहीं, सेदुषः। सेदुषा । सेदिवद्भ्याम्-इत्यादि । शेष कार्य 'विद्वस्'की समान ।

सेदिवस् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सेदिवान्	सेदिवांसौ	सेदिवांसः
सं०	हे सेदिवन्	हे सेदिवांसौ	हे सेदिवांसः
द्वि०	सेदिवांसम्	सेदिवांसौ	सेदुषः
तृ०	सेदुषा	सेदिवद्भ्याम्	सेदिवद्भिः
च०	सेदुषे	सेदिवद्भ्याम्	सेदिवद्भ्यः
पं०	सेदुषः	सेदिवद्भ्याम्	सेदिवद्भ्यः
ष०	सेदुषः	सेदुषोः	सेदुषाम्
स०	सेदुषि	सेदुषोः	सेदिवत्सु.

(सान्त महतः इति) "सान्त महतः संयोगस्य ६।४।१०/३१७" इस सूत्रमें, 'महत्', इस प्रातिपदिकके साथ 'सान्त' शब्द है, इससे उस साहचर्यसे ऐसा जानना चाहिये कि, सान्त संयोग भी प्रातिपदिकका ही गृहीत है धातुका नहीं इस कारण 'सुष्ठु हिनस्ति' (उत्तम प्रकारसे हिंसा करताहै) ऐसा अर्थ होते, 'सुहिन्स्' ऐसा जो 'हिंसि, हिंसायाम्' इस धातुसे क्विबन्तप्रातिपदिक बनताहै, उसमें धातुका है, इस कारण उसके नकारकी उपधा दीर्घ नहीं होती, सुहिन् । सुहिंसौ । सुहिंसः । पदान्तमें अनुस्वार नहीं, सुहिन्भ्याम् । सुहिन्त्सु, सुहिन्सु ।

सुहिन्स् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सुहिन्	सुहिंसौ	सुहिंसः
सं०	हे सुहिन्	हे सुहिंसौ	हे सुहिंसः
द्वि०	सुहिंसम्	सुहिंसौ	सुहिंसः
तृ०	सुहिंसा	सुहिन्भ्याम्	सुहिन्भिः
च०	सुहिंसे	सुहिन्भ्याम्	सुहिन्भ्यः
पं०	सुहिंसः	सुहिन्भ्याम्	सुहिन्भ्यः
ष०	सुहिंसः	सुहिंसोः	सुहिंसाम्
स०	सुहिंसि	सुहिंसोः	सुहिन्त्सु-न्सु.

ध्वस् (विध्वंस करनेवाला) शब्द-

यह शब्द 'स्रन्सु ध्वन्सु अवस्रंसने' इसमेंके ध्वन्सु धातुसे क्विप् करके बना है, क्विप् इसके कित्वके कारण "अनिदितां हल० ६।४।२४/४१५" इससे नकारका लोप, यह शब्द उगित् है तो भी धातुशब्द होनेके कारण उगित्कार्य नहीं (सि० ४२५ में 'गोमत्' इस क्विबन्तशब्दके आगेका शास्त्रार्थ देखो) "वसुस्रंसुध्वंस्वनडुहां दः ८।२।७२/३३४" इससे पदान्तमें दकार आदेश, विकल्पसे चर्त्व, ध्वत्, ध्वद् । ध्वसौ । ध्वसः । ध्वद्भ्याम् इत्यादि ।

ध्वस् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	ध्वत्-द्	ध्वसौ	ध्वसः
सं०	हे ध्वत्-द्	हे ध्वसौ	हे ध्वसः
द्वि०	ध्वसम्	ध्वसौ	ध्वसः
तृ०	ध्वसा	ध्वद्भ्याम्	ध्वद्भिः
च०	ध्वसे	ध्वद्भ्याम्	ध्वद्भ्यः
पं०	ध्वसः	ध्वद्भ्याम्	ध्वद्भ्यः
ष०	ध्वसः	ध्वसोः	ध्वसाम्
स०	ध्वसि	ध्वसोः	ध्वत्सु.

(एवं स्रत्) स्रन्सु धातुसे जो स्रस् शब्द बनताहै उसके रूप भी इसी प्रकार जानने, स्रत्, स्रद् । स्रसौ । स्रसः । स्रद्भ्याम् इत्यादि ।

पुम्स् (पुरुष) शब्द-

४३६ पुंसोऽसुङ् । ७ । १ । ८९ ॥

सर्वनामस्थाने विवक्षिते पुंसोऽसुङ् स्यात् । उकार उच्चारणार्थः । बहुपुंसी इत्यत्र उगितश्चेति ङीबर्थं कृतेन पूञो डुम्सुन्निति प्रत्ययस्योगित्त्वेनैव नुमसिद्धेः । पुमान् । हे पुमन् । पुमांसौ । पुमांसः । पुंसः । पुंसा । पुंभ्याम् । पुंभिः । पुंसु ॥ ऋदुशनेत्यनङ् । उशना । उशनसौ । उशनसः ॥ अस्य संबुद्धौ वाऽनङ् नलोपश्च वा वाच्यः ॥*॥ हे उशनन् । हे उशन । हे उशनः । उशनोभ्यामित्यादि ॥ अनेहा । अनेहसौ । अनेहसः । हे अनेहः । अनेहोभ्यामित्यादि । वेधाः । वेधसौ । वेधसः । हे वेधः । वेधोभ्यामित्यादि । अधातोरित्युक्तेर्न दीर्घः । सुष्ठु वस्ते सुवः । सुवसौ । सुवसः ॥ पिण्डं ग्रसते पिण्डग्रः । पिण्डग्लः । ग्रसु ग्लसु अदने ॥

१ सेदुषः यहां "वसोः सम्प्रसारणम् ४३५" इससे सम्प्रसारण न होना चाहिये कारण कि, 'तदनुबन्धकग्रहणे नातदनुबन्धकस्य' (उस अनुबन्धवालेका ग्रहण होनेपर उससे भिन्न अनुबन्धवालेका ग्रहण नहीं होता) इस परिभाषासे 'वसोः संप्रसा०' सूत्रमें वसुकाही ग्रहण होगा, क्वसुका नहीं, ऐसी शङ्का होनेपर वहां कहतेहैं कि, वसुमें उकार ग्रहण क्यों किया ? यदि यह कहो कि, उगित् कार्य होनेके लिये, सो ठीक नहीं, स्थानिवद्भावसे शतृमेंका उगित्व वसुमें आवेगा, तो वही उकार क्वसु सामान्यग्रहणमें ज्ञापक होताहै अर्थात् क्वसुमें भी वसुको संप्रसारण भया ॥

२ साहचर्यसे गृहीत और अगृहीत उन दोनोंमें आवहीका ग्रहण है. इस अर्थकी "सहचरितासहचरितयोः सहचरितस्यैव ग्रहणम्" ऐसी परिभाषा है इसलिये प्रातिपदिककाही संयोग ग्राह्य है ॥

४३६–आगे सर्वनामस्थान विवक्षित होते 'पुम्स्' शब्दको असुङ् (अस्) आदेश होताहै । (यहां "इतोऽत्सर्वनामस्थाने ७।१।८६/२६६" इस सूत्रसे सर्वनामस्थानकी अनुवृत्ति होतीहै)। ङित् होनेसे अन्तादेश, पुम्अस्+स्, ऐसी स्थिति हुई (उकार उच्चारणार्थः० बहुपुंसी इत्यत्रेति) असुङ्मेंका उकार केवल उच्चारणके अर्थ है, इत् नहीं है कारण कि, 'बहुपुम्स्' इससे 'बहुपुंसी' इस स्त्रीलिङ्ग ङीप् प्रत्ययान्त शब्द सिद्ध होनेके निमित्त 'बहुपुम्स्' यह शब्द उगित् होना चाहिये, तो ही "उगितश्च ४।१।६/४५५" इससे वहां ङीप् होगा नहीं तो नहीं होगा, परन्तु ङीप् यह सर्वनामस्थान न होनेसे उस प्रसङ्गमें इस असुङ्की कुछ भी प्राप्ति नहीं, अर्थात् शब्दको उगित्त्व लानेके निमित्त उससे सर्वत्र निर्वाह नहीं होता, 'पूञो डुम्सुन्' इस उणादिसूत्रसे पूञ् (पू) धातुके आगे डुम्सुन् (उम्स्) प्रत्यय आकर 'पुम्स्' यह प्रातिपदिक सिद्ध होताहै, इसी उत्पत्तिकी दृष्टिसे जो शब्दको उगित्त्व आताहै, वही ग्रहण करना पडताहै, इससे वही सर्वत्र लेना चाहिये और 'असुङ्' मेंका उकार उच्चारणार्थ जानना चाहिये ।

"पातेर्डुम्सुन् (उणा० ४।१७७) इसीका 'पूञो डुम्सुन्' ऐसा पाठान्तर है"

उगित् होनेसे नुम्, "सान्त महतः" इससे दीर्घ, पुमान् । सम्बुद्धिमें हे पुमन् । नकारके स्थानमें अनुस्वार, पुमांसौ । पुमांसः । असर्वनामस्थानमें उगित्कार्य और दीर्घ नहीं, पुम्स्+शस्=पुंसः । पुम्स्+टा=पुंसा । पुम्स्+भ्याम्=पुंभ्याम्। पुंभिः । पुम्सु+सु=पुंसु (सि० ४३४) ।

पुम्स् शब्दके रूप—

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	पुमान्	पुमांसौ	पुमांसः
सं०	हे पुमन्	हे पुमांसौ	हे पुमांसः
द्वि०	पुमांसम्	पुमांसौ	पुंसः
तृ०	पुंसा	पुंभ्याम्	पुंभिः
च०	पुंसे	पुंभ्याम्	पुंभ्यः
पं०	पुंसः	पुंभ्याम्	पुंभ्यः
ष०	पुंसः	पुंसोः	पुंसाम्
स०	पुंसि	पुंसोः	पुंसु.

उशनस् (शुक्राचार्य) शब्द—

"ऋदुशनस्पुरुदंसोऽनेहसां च ७।१।९४/२७८" इससे असम्बुद्धि प्रत्यय आगे रहते अनङ् (अन्) आदेश, उशन–अन्+स्, फिर "अतो गुणे ६।१।९७/१९१" उशनन्+स्, ऐसी स्थिति हुई, नान्तत्वके कारण "सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ ६।४।८/१९१" इससे उपाधादीर्घ, फिर सुलोप, नलोप, उशना । आगे अनङ् नहीं । उशनस्+औ=उशनसौ । उशनस्+जस्=उशनसः । (अस्य सम्बुद्धौ० वा० ५०३७) * आगे सम्बुद्धि होते 'उशनस्' शब्दको विकल्प करके अनङ् और विकल्प करके नलोप होताहै हे उशनन्, हे उशन । हे उशनः । आगे उशनस्+भ्याम्, ऐसी स्थिति होते सकारको रुत्व और रुको "हशि च ६।१।११४/१६६" इससे उत्व, "आद् गुणः" उशनोभ्याम्–इत्यादि ।

उशनस् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	उशना	उशनसौ	उशनसः
सं०	हे उशन, हे उशनन्, हे उशनः	हे उशनसौ	हे उशनसः
द्वि०	उशनसम्	उशनसौ	उशनसः
तृ०	उशनसा	उशनोभ्याम्	उशनोभिः
च०	उशनसे	उशनोभ्याम्	उशनोभ्यः
पं०	उशनसः	उशनोभ्याम्	उशनोभ्यः
ष०	उशनसः	उशनसोः	उशनसाम्
स०	उशनसि	उशनसोः	उशनःसु–स्सु.

अनेहस् (समय) शब्द–

पूर्ववत् अनङ्, अनेहा । अनेहस्+औ=अनेहसौ । अनेहस्+जस्=अनेहसः । सम्बोधनका वार्तिक उशनस्मात्रके निमित्त है, इससे यहां अनङ् किंवा नलोप नहीं है, अर्थात् सम्बुद्धिका एकही रूप होगा, हे अनेहः । इतर सब रूप उशनस् शब्दके समान जानने, अनेहोभ्याम्–इत्यादि ।

पुरुदंसस् (इन्द्र) शब्द–

इसके भी रूप अनेहस् शब्दके समान होंगे पुरुदंसा । पुरुदंसस्+औ=पुरुदंससौ–इत्यादि, सम्बुद्धिमें हे पुरुदंसः ।

वेधस् (ब्रह्मा) शब्द–

'सु' आगे रहते अनङ्की प्राप्ति नहीं, "अत्वसन्तस्य चाधातोः ६।४।१४/४२५" इससे दीर्घ, वेधाः । वेधस्+औ=वेधसौ । वेधस्+जस्=वेधसः । सम्बुद्धि आगे रहते दीर्घ नहीं, हे वेधः । भ्याम्में वेधोभ्याम्–इत्यादि. ।

वेधस् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	वेधाः	वेधसो	वेधसः
सं०	हे वेधः	हे वेधसौ	हे वेधसः
द्वि०	वेधसम्	वेधसौ	वेधसः
तृ०	वेधसा	वेधोभ्याम्	वेधोभिः
च०	वेधसे	वेधोभ्याम्	वेधोभ्यः
पं०	वेधसः	वेधोभ्याम्	वेधोभ्यः
ष०	वेधसः	वेधसोः	वेधसाम्
स०	वेधसि	वेधसोः	वेधःसु-स्सु.

सुवस् यह क्विबन्त शब्द है ।

'अत्वसन्तस्य०' इसमें 'अधातोः' ऐसा कहाहुआहै, इस-लिये यहां दीर्घ नहीं 'सुष्ठु वस्ते' (भली प्रकारसे वस्त्र धारण करै सो) सुवः । सुवसौ । सुवसः । शेष रूप वेधस् शब्दकी समान जानना ।

'पिण्डं ग्रसते' पिण्डग्रः, पिण्डग्लः (ग्रसु, ग्लसु, अदने) पिण्ड खाताहै इस अर्थमें पिण्डग्रस्, पिण्डग्लस् यह क्विबन्त शब्द भी इसी प्रकारसे होतेहैं, पिण्डग्रस्+सु=पिण्डग्रः । पिण्डग्रस्+

---

१ 'अस्य सम्बुद्धौ०' यह वाचनिक है, हरदत्तादिके मतमें तो यह ज्ञापकसिद्ध है सो इस प्रकार "अनङ् सौ २४८" इसके स्थानमें 'सोऽर्डी' ऐसा ही करनेसे इष्ट सिद्ध होताहै, तो 'अनङ् सौ' यह निर्देश अनङ् (अन्) का श्रवण होनेके वास्ते है यदि यह कहो कि टि का लोप होनेपर 'सर्वनामस्थाने०' से दीर्घ होकर 'उशाना' ऐसा अनिष्ट रूप होजायगा सो नहीं 'अनवृत्ते०' इस परिभाषासे दीर्घ नहीं होगा, यह उनका आशय है ॥

औ=पिण्डग्रसौ । पिण्डग्रस्+जस्=पिण्डग्रसः । पिण्डग्लः । पिण्डग्लसौ । पिण्डग्लसः-इत्यादि ।

अदस् (वह) त्यदादि सर्वनाम शब्द-

"त्यदादीनामः ७।२।१०२/२६५" इसका पर और अपवाद सूत्र-

४३७ अदस औ सुलोपश्च।७।२।१०७॥

अदस औकारोन्तादेशः स्यात्सौ परे सुलोपश्च । तदोः सः साविति दस्य सः । असौ ॥ औत्वप्रतिषेधः साकच्कस्य वा वक्तव्यः सादुत्वं च ॥ * ॥ प्रतिषेधसन्नियोगशिष्टमुत्वं तदभावे न प्रवर्तते।असकौ।असुकः।त्यदाद्यत्वं पररूपत्वम्। वृद्धिः । अदसोसेरिति मत्वोत्वे । अमू । जसः शी । आद् गुणः ॥

४३७-आगे सु होते अदस् शब्दको औ अन्तादेश होताहै और सु का लोप हो, अद+औ,ऐसी स्थिति हुई, "तदोः सः सावनन्त्ययोः ७।२।१०६/३८१" इससे दकारके स्थानमें सकार, अस+औ ऐसी स्थिति हुई, "वृद्धिरेचि ६।१।८८/७२" असौ । (औत्वप्रतिषेध इति ४४८२ वा०) * अकच्सहित अदस् शब्दको औत्वनिषेध और सकारके आगे उत्व यह कार्य विकल्प करके होतेहैं, (प्रतिषेधसंनियोगेति) औत्वनिषेधके संनियोगसे उत्वका विधान है इस कारण जब औत्वनिषेध नहीं तब उत्व भी प्रवृत्त नहीं, अदकस्+सु इससे असुक+सु और विकल्पसे असक+औ ऐसी दो स्थिति हुई, इस कारण असुकः । असकौ ।

अदस्+औ ऐसी स्थिति होते "त्यदादीनामः ७।२।१०२/२६५" इससे अत्व, "अतो गुणे ६।१।९७/१०१" इससे पररूप और "वृद्धिरेचि ६।१।८८/७२" इससे वृद्धि, 'अदौ' ऐसी स्थिति हुई, "अदसोऽसेर्दादु दो मः ८।२।८०/४१८" इससे दकारके आगेके औ वर्णके स्थानमें उत्व और दकारके स्थानमें मकार, अमू। औ यह दीर्घ वर्ण है इसलिये उसके स्थानमें दीर्घ ऊ(४१९)। त्यदादिगणके कारण अद्+जस् ऐसी स्थिति होते सर्वनामत्वके कारण जस्के स्थानमें शी (ई)"आद्गुणः ६।१।८७/६९" 'अदे' ऐसी स्थिति हुई-

४३८ एत ईद्बहुवचने । ८ । २ । ८१ ॥

अदसो दात्परस्यैत ईत्स्याद्दस्य च मो बह्वर्थोक्तौ । अमी । पूर्वत्रासिद्धमिति विभक्तिकार्यं प्राक् पश्चादुत्वमत्वे । अमुम् । अमू । अमून् । मुत्वे कृते घिसंज्ञायां नाभावः ॥

४३८-[1]बहुत्व अर्थ उक्त होते अदस् शब्दसम्बन्धी दकारके आगे एके स्थानमें 'ई' आदेश होताहै, अमी (पूर्वत्रासिद्धमिति०) मुत्वकार्य ८।२।८०/४१९ असिद्ध है इस कारण पहले द्वितीयाके ६।१।१०७/१९४ अम् प्रत्ययका कार्य होकर फिर मुत्व, अमुम् । अमू । अमून् । शब्दको मुत्व किया हुआ है इससे घिसंज्ञा होकर 'टा' के स्थानमें ना (७।३।१२०/२४४) अमुना ऐसी स्थिति हुई, यहां मुत्वको असिद्धत्वकी शंका आती है, परन्तु-

४३९ न मु ने । ८ । २ । ३ ॥

नाभावे कर्तव्ये कृते च मुभावो नासिद्धः स्यात् । अमुना । अमूभ्याम् ३ । अमीभिः । अमुष्मै । अमीभ्यः । अमुष्मात् । अमुष्य । अमुयोः । अमीषाम् । अमुष्मिन् । अमुयोः । अमीषु ॥

॥ इति हलन्ताः पुँल्लिगाः ॥

४३९-'ना' भाव कर्तव्य हो तो, अथवा किया गया हो तो मुत्व असिद्ध नहीं होता (नाभाव कर्तव्य हो, अथवा कियागया हो, यह दोनों अर्थ सूत्रमें 'ने' इसकी आवृत्तिसे लब्ध होतेहैं, एक जगह विषयसप्तमी मानतेहैं वहां पहला अर्थ और दूसरी जगह सत्सप्तमी मानतेहैं वहां दूसरा अर्थ) अमुना । यहां नाभाव किये जानेपर भी किया हुआ मुत्व असिद्ध नहीं, इससे "सुपि च ७।३।१०२/२०२" इसकी दृष्टिसे उकारके स्थानमें मूलका अकार रहकर दीर्घकी प्राप्ति न हुई ।

अमूभ्याम्३ । अद+भिस् यहां "अतो भिस ऐस् ७।१।९/२०३" इसकी प्राप्ति है सही, परन्तु "नेदमदसोरकोः ७।१।११/३४९" इस निषेधके कारण ऐस्त्व नहीं, मीत्व होगा, अमीभिः । अदस्+ङे=अमुष्मै । अदस्+भ्यस्=अमीभ्यः । अदस्+ङसि=अमुष्मात् । अदस्+ङस्=अमुष्य । अदस्+ओस्=अमुयोः । अदस्+आम्=अमीषाम् । अदस्+ङि=अमुष्मिन् । अदस्+सु=अमीषु * ।

अदस् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	असौ	अमू	अमी
द्वि०	अमुम्	अमू	अमून्
तृ०	अमुना	अमूभ्याम्	अमीभिः
च०	अमुष्मै	अमूभ्याम्	अमीभ्यः
पं०	अमुष्मात्	अमूभ्याम्	अमीभ्यः
ष०	अमुष्य	अमुयोः	अमीषाम्
स०	अमुष्मिन्	अमुयोः	अमीषु

॥ इति हलन्ताः पुँल्लिङ्गाः ॥

1 इस सूत्रमें 'बहुवचन' पारिभाषिक नहीं लियाजाता, इसी कारण वृत्तिमें 'बह्वर्थोक्तौ' ऐसा कहा है, यदि पारिभाषिक लियाजाय तो 'अमीभिः'-इत्यादि सिद्ध होंगे, परन्तु 'अमी' यह नहीं बनैगा ॥

* इसमें सामान्यतः ऐसा ध्यान रखना चाहिये कि, 'अद' ऐसा रूप होनेके पीछे अकारान्त सर्वनामके अनुसार प्रक्रियाकार्य और फिर मुत्व होताहै और फिर उसमें भी ह्रस्वके स्थानमें ह्रस्व दीर्घके स्थानमें दीर्घ ऊकार, बहुवचनमें एकारके स्थानमें ईकार । अपवादमात्र अलग ॥

अथ हलन्ताः स्त्रीलिंगाः ।

हकारान्त उपानह् (जूता) शब्द–

'णह् बन्धने' क्विप्, सुलोप । "हो ढः ८।२।३१/३२४" इसका अपवाद--

४४० नहो धः । ८ । २ । ३४ ॥

नहो हस्य धः स्याज्झलि पदान्ते च । उपानत् । उपानद् । उपानहौ । उपानहः । उपानद्भ्याम् । उपानत्सु ॥ उत्पूर्वात् ष्णिह प्रीतावित्यस्मादृत्विगादिना क्विन्निपातनात्तलोपषत्वे । क्विन्नन्तत्वात्कुत्वेन हस्य घः । जश्त्वचर्त्वे । उष्णिक् । उष्णिग् । उष्णिहौ । उष्णिहः । उष्णिग्भ्याम् । उष्णिक्षु ॥ द्यौः । दिवौ । दिवः । द्युषु ॥ गीः । गिरौ । गिरः । एवं पूः ॥ चतुरश्चतसृादेशः । चतस्रः २ । चतसृणाम् ॥ किमः कादेशे टाप् । का । के । काः । सर्ववत्[1] ॥

४४०–झल् परे रहते और पदान्तमें 'नह्' धातुके हकारके स्थानमें धकार होताहै । उपानध् ऐसी स्थिति होनेपर जश्त्व, चर्त्व । उपानत्, उपानद् । उपानहौ । उपानहः । उपानद्भ्याम् । उपानत्सु * ।

उपानह् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	उपानत्–द्	उपानहौ	उपानहः
सं०	हे उपानत्–द्	हे उपानहौ	हे उपानहः
द्वि०	उपानहम्	उपानहौ	उपानहः
तृ०	उपानहा	उपानद्भ्याम्	उपानद्भिः
च०	उपानहे	उपानद्भ्याम्	उपानद्भ्यः
पं०	उपानहः	उपानद्भ्याम्	उपानद्भ्यः
ष०	उपानहः	उपानहोः	उपानहाम्
स०	उपानहि	उपानहोः	उपानत्सु.

उष्णिह् (छन्दविशेष) शब्द–

(उत्पूर्वादिति) 'उत्' उपसर्गपूर्वक 'ष्णिह् (स्निह्) प्रीतौ' धातुसे "ऋत्विग्दधृक्० ३।२।५९/३७३" इससे क्विन् प्रत्यय, और निपातनसे उनमेंके तकारका लोप और षत्व, सुलोप, क्विन्नन्तत्वके कारण "क्विन्प्रत्ययस्य कुः ८।२।६२/३७७" इससे हकारको कुत्व घकार, जश्त्व, चर्त्व । उष्णिक्, उष्णिग् । उष्णिहौ । उष्णिहः । उष्णिग्भ्याम् । उष्णिक्षु ।

वान्त दिव् (स्वर्ग) शब्द–

आगे सु रहते "दिव औत् ७।१।८४/३३६" इससे पुंवत् वकारके औ, द्यौः । दिव्+औ=दिवौ । दिव्+जस्=दिवः । दिव्+सुप्="दिव उत् ६।१।१३१/३३७" इससे पदान्तमें उत्व, द्युषु, सर्वथा सुदिव् (३३६) शब्दवत् रूप होंगे ॥

रेफान्त गिर् (वाणी) शब्द–

'गॄ निगरणे' इससे क्विबन्त है इस कारण "र्वोरुपधाया:० ८।२।७६/४३३" इससे दीर्घ, रेफके स्थानमें "खरवसानयोः०" इससे विसर्ग, गीः । गिर्+औ=गिरौ । गिर्+जस्=गिरः । आगे सुप् होते "रोः सुपि ८।३।१६/३३९" इस नियमसे रेफके स्थानमें विसर्गनिषेध, गीर्षु ।

गिर् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	गीः	गिरौ	गिरः
सं०	हे गीः	हे गिरौ	हे गिरः
द्वि०	गिरम्	गिरौ	गिरः
तृ०	गिरा	गीर्भ्याम्	गीर्भिः
च०	गिरे	गीर्भ्याम्	गीर्भ्यः
पं०	गिरः	गीर्भ्याम्	गीर्भ्यः
ष०	गिरः	गिरोः	गिराम्
स०	गिरि	गिरोः	गीर्षु.

(एवं पूः) पुर् (नगरी) शब्दके रूप भी इसी प्रकार होंगे, 'पॄ पालनपूरणयोः' "भ्राजभास०" इससे क्विप्, पूः । पुरौ । पुरः । पूर्षु ।

पुर् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	पूः	पुरौ	पुरः
सं०	हे पूः	हे पुरौ	हे पुरः
द्वि०	पुरम्	पुरौ	पुरः
तृ०	पुरा	पूर्भ्याम्	पूर्भिः
च०	पुरे	पूर्भ्याम्	पूर्भ्यः
पं०	पुरः	पूर्भ्याम्	पूर्भ्यः
ष०	पुरः	पुरोः	पुराम्
स०	पुरि	पुरोः	पूर्षु.

चतुर् (चार) शब्द–

केवल बहुवचनमें इसके रूप होतेहैं, चतुर्+जस् "त्रिचतुरोः स्त्रियां तिसृचतसृ ७।२।९९/२९८" इससे विभक्ति परे रहते चतुर् शब्दके स्थानमें स्त्रीलिङ्गमें चतसृ आदेश होताहै, चतसृ+जस् ऐसी स्थिति होनेपर, (सि० २९९ में दिखाये अनुसार) गुण (७।३।११०/२७५), दीर्घ (६।१।१०२/१६४), उत्व (६।१।१११/२७९) इनका अपवाद "अचि र ऋतः ७।२।१००/२९९" इससे ऋके स्थानमें रेफादेश, चतस्रः । चतुर्+शस्=चतस्रः । 'नुमचिर० (२८०*)' इससे नुडागम, "न तिसृचतसृ ६।४।४/३००" इससे दीर्घनिषेध, चतसृणाम् ।

प्र० सं० द्वि० चतस्रः । तृ० चतसृभिः । च० पं० चतसृभ्यः । ष० चतसृणाम् । स० चतसृषु ॥

किम् (कौन) शब्द–

यह सर्वनाम है, विभक्ति आगे रहते "किमः कः ७।२।१०३/३४२" इससे 'क' आदेश, स्त्रीलिङ्गके कारण 'अजाद्यतष्टाप् ४।१।४/४२४' इससे टाप् (आ) प्रत्यय, आबन्तत्व होनेके कारण सु का

---

1 यहां "सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः" इससे पुंवद्भाव होताहै ॥

* "नहो धः" इससे प्रक्रियालाघवमूलक 'द्' यह विधान नहीं किया, कारण कि, नद्धा इस स्थलमें झष्से परे तकार न होनेसे, "झषस्तथोर्धोऽधः" इससे धकार न होता ॥

1 चतुर्+जस् ऐसी स्थितिमें "चतुरनडुहोरामुदात्तः ७।१।९८/३३१" से आम् प्राप्त हुआ और "त्रिचतुरोः स्त्रियां तिसृचतसृ ७।२।९९/२९९" से चतसृ आदेश, तहां परत्वके कारण चतसृ आदेश हुआ, फिर आम्की प्राप्ति 'सकृद्गतिन्याय' से न हुई ॥

लोप, का । किम्+औ=के । किम्+जस्=काः । सर्वा(२९१) शब्दकी समान रूप जानने ॥

इदम् (यह) शब्द-

४४१ यः सौ । ७ । २ । ११० ॥

इदमो दस्य यः स्यात्सौ । इदमो मः । इयम् । त्यदाद्यत्वं टाप् । दश्चेति मः । इमे । इमाः । इमाम् । इमे । इमाः । अनया । हलि लोपः । आभ्याम् ३ । आभिः । अस्यै । अस्याः । अनयोः २ । आसाम् । अस्याम् । आसु । अन्वादेशे तु एनाम् । एने । एनाः । एनया । एनयोः २ ॥ ऋत्विगादिना स्रजेः क्विन् अमागमश्च निपातितः । स्रक् । स्रग् । स्रजौ । स्रजः । स्रग्भ्याम् । स्रक्षु ॥ त्यदाद्यत्वं टाप् । स्या । त्ये । त्याः । एवं तद् यद् एतद् ॥ वाक् । वाग् । वाचौ । वाचः । वाग्भ्याम् । वाक्षु ॥ अप्शब्दो नित्यं बहुवचनान्तः । अप्तृन्निति दीर्घः । आपः । अपः ॥

४४१-सु परे रहते इदम् शब्दके दकारके स्थानमें यकार हो, इयम्+सु-ऐसी स्थिति हुई, "त्यदादीनामः ७।२।१०२/२६५" इससे अकारकी प्राप्ति भई परन्तु सु परे रहते "इदमो मः ७।२।१०८/३४३" यह अपवाद है, इयम् । आगे त्यदादित्वके कारण होनेवाला अत्व, पररूप, इद+औ ऐसी स्थिति होते टाप् और "दश्च ७।२।१०९/३४५" इससे दककारके स्थानमें मत्व, इमा+औ ऐसी स्थिति हुई, "औङ आपः ७।१।१८/२७८" इससे औके स्थानमें शी (ई) इमे । आगे 'इदाः' इससे इमाः । इमाम् । इमे । इमाः । आगे 'इद्' इसको "अनाप्यकः ७।२।११२/३४६" और "आङि चापः ७।३।१०५/२८९" इससे अनया । "हलि लोपः ७।२।११३/३४७" आभ्याम् ३ । आभिः । "सर्वनाम्नः स्याड् ढ्रस्वश्च ७।३।११४/२९१" इससे ह्रस्व, इदम्+ङे=अस्यै । इदम्+ङसि=अस्याः । इदम्+ङस्=अस्याः । इदम्+ओस्=अनयोः । इदम्+आम्=आसाम् । इदम्+ङि=अस्याम् । इदम्+सुप्=आसु । अन्वादेशमें इदम्+अम्=एनाम् । इदम्+औ=एने । इदम्+शस्=एनाः । इदम्+टा=एनया । इदम्+ओस्=एनयोः (२।४।३४/३५१) ।

इदम् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	इयम्	इमे	इमाः
द्वि०	इमाम्, एनाम्	इमे, एने	इमाः, एनाः
तृ०	अनया, एनया	आभ्याम्	आभिः
च०	अस्यै	आभ्याम्	आभ्यः
पं०	अस्याः	आभ्याम्	आभ्यः
ष०	अस्याः	अनयोः, एनयोः	आसाम्
स०	अस्याम्	अनयोः, एनयोः	आसु.

जान्त स्रज् (पुष्पमाला) शब्द-

"ऋत्विग्दधृक्० ३।२।५९/३७३" इससे सृज् धातुसे क्विन् और अम् (अ) आगम निपातनसे होकर स्रज् प्रातिपदिक बनाहै * ॥

"चोः कुः ८।२।३०/३७९" से स्रज्+सु=स्रक्, स्रग् । स्रज्+औ=स्रजौ, स्रज्+जस्=स्रजः । स्रज्+भ्याम्=स्रग्भ्याम् । स्रज्+सुप्=स्रक्षु ॥

त्यद् शब्द-

सु विभक्ति परे रहते त्यदाद्यत्व, टाप्, सु आगे रहते "तदोः सः सौ०" इससे तकारके स्थानमें सकार, सुलोप, स्या । त्यद्+औ=त्ये । त्यद्+जस्=त्याः (२९१ सर्ववत्) ।

इसी प्रकारसे तद्, यद्, एतद् इन शब्दोंके रूप जानना चाहिये, उनमें यद्को केवल सकारकी प्राप्ति नहीं, एतद्में तकारके स्थानमें आदेशरूप सकार, इसलिये षत्व (३८१) एतद् शब्द देखो । अन्वादेशमें एनाम्-इत्यादि ।

स्त्रीलिङ्ग तद् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	सा	ते	ताः
द्वि०	ताम्	ते	ताः
तृ०	तया	ताभ्याम्	ताभिः
च०	तस्यै	ताभ्याम्	ताभ्यः
पं०	तस्याः	ताभ्याम्	ताभ्यः
ष०	तस्याः	तयोः	तासाम्
स०	तस्याम्	तयोः	तासु.

यद् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	या	ये	याः
द्वि०	याम्	ये	याः
तृ०	यया	याभ्याम्	याभिः
च०	यस्यै	याभ्याम्	याभ्यः
पं०	यस्याः	याभ्याम्	याभ्यः
ष०	यस्याः	ययोः	यासाम्
स०	यस्याम्	ययोः	यासु.

एतद् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	एषा	एते	एताः .
द्वि०	एताम्, एनाम्	एते, एने	एताः, एनाः
तृ०	एतया, एनया	एताभ्याम्	एताभिः
च०	एतस्यै	एताभ्याम्	एताभ्यः
पं०	एतस्याः	एताभ्याम्	एताभ्यः
ष०	एतस्याः	एतयोः, एनयोः	एतासाम्
स०	एतस्याम्	एतयोः, एनयोः	एतासु.

वाच् (वाणी) शब्द-

"चोः कुः" वाक्, वाग् । वाच्+औ=वाचौ । वाच्+जस्=वाचः । वाग्भ्याम् । वाच्+सु=वाक्षु. ।

---

* 'सृज्' धातुको "सृजिदृशोर्झल्यम० ६।१।५८/२४०५" इससे 'अम्' आगम प्राप्त है, परन्तु इसी सूत्रमें 'अकिति' ऐसा कहा है, इससे यहां क्विन्नन्तत्वके कारण वह आगम नहीं होता इसलिये निपातनसे ही आगम लियाहै ॥

वाच् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	वाक्, वाग्	वाचौ	वाचः
सं०	हे वाक्, हे वाग्	हे वाचौ	हे वाचः
द्वि०	वाचम्	वाचौ	वाचः
तृ०	वाचा	वाग्भ्याम्	वाग्भिः
च०	वाचे	वाग्भ्याम्	वाग्भ्यः
पं०	वाचः	वाग्भ्याम्	वाग्भ्यः
ष०	वाचः	वाचोः	वाचाम्
स०	वाचि	वाचोः	वाक्षु.

अप् (जल) शब्द–

नित्य बहुवचनान्त है, "अप्तृन्तृच्० ६।४।११ / २७७" इससे सर्वनामस्थान परे रहते उपधादीर्घ, आपः । अप्+शस्= असर्वनामस्थानमें दीर्घ नहीं, अपः । आगे भिस् रहते–

४४२ अपो भि । ७ । ४ । ४८ ॥

अपस्तकारः स्याद्भादौ प्रत्यये परे । अद्भिः । अद्भ्यः २ । अपाम् । अप्सु । दिक् । दिग् । दिशौ । दिशः । दिग्भ्याम् । दिक्षु ॥ त्यदादिष्विति दृशेः क्विन्विधानादन्यत्रापि कुत्वम् । दृक् । दृग् । दृशौ । दृशः । त्विट् । त्विड् त्विषौ । त्विषः । त्विड्भ्याम् । त्विट्त्सु । त्विट्सु । सह जुषत इति सजूः । सजुषौ । सजुषः । सजूर्भ्याम् । सजूःषु । सजूष्षु । षत्वस्यासिद्धत्वाद्रुत्वम् । आशीः । आशिषौ । आशिषः । आशीर्भ्याम् । असौ । त्यदाद्यत्वं टाप् । औङः शी । उत्वमत्वे । अमू । अमूः । अमूम् । अमू । अमूः । अमुया । अमूभ्याम् । अमूभिः । अमुष्यै । अमूभ्याम् । अमूभ्यः । अमुष्याः २ । अमुयोः २ । अमूषाम् । अमुष्याम् । अमूषु ॥

॥ इति हलन्ताः स्त्रीलिंगाः ॥

४४२–भकारादि प्रत्यय परे रहते, अप्के पकारके स्थानमें तकार होताहै । ("अच उपसर्गात्तः ७ । ४ । ४८" इस सूत्रसे तकारकी अनुवृत्ति होतीहै) जश्त्व, अद्भिः । अद्भ्यः२ । अप्+आम्=अपाम् । अप्सु ।

दिश् (दिशा) शब्द–

'दिश्' धातु "ऋत्विग्दधृक्० ३।२।५९ / ३७३" इससे क्विन्, प्, ङ्, ग्, क् । दिक्, दिग् । दिश्+औ=दिशौ । दिश्+जस्=दिशः । दिश्+भ्याम्=दिग्भ्याम् । दिश्+सु=दिक्षु ।

दृश् (नेत्र) शब्द–

क्विन्त–(त्यदादिषु दृशे) त्यदादि उपपद रहते ही दृश् धातुसे "त्यदादिषु दृशो० ३।२।६० / ४२९" इससे क्विन्प्रत्यय होताहै, इस कारण चाहे जब क्विन् प्रत्यय जिसको होताहो इस अर्थमें "क्विन्प्रत्ययस्य०" इसमें बहुव्रीहि समास करके यह क्विन्तधातु प्रत्यक्ष क्विन्त नहीं, तो भी उसको "क्विन्प्रत्ययस्य कुः" इससे कुत्व होताहै, दृक्, दृग् । दृश्+औ=दृशौ । दृशः– इत्यादि सरल रूप हैं ।

त्विष् (कान्ति) शब्द–

पदान्तमें जश्त्व, चर्त्व, त्विष्+सु=त्विट्, त्विड् । त्विष्+औ= त्विषौ । त्विष्+जस्=त्विषः । त्विष्+भ्याम्=त्विड्भ्याम् । त्विष्+सु=धुट्, त्विट्त्सु, त्विट्सु ।

सजुष् शब्द–

(सह जुषते इति सजूः) साथ २ जो रहतीहै सो (सहचरी वा सहेली) सुलोप, "ससजुषो रुः ८।२।६६ / १६२" इससे ष्के स्थानमें रुत्व, तब 'सजुर्' ऐसी स्थिति रहते "र्वोरुपधायाः० ८।२।७६ / ४३३" इससे उपधादीर्घ, फिर "खरवसानयोर्विसर्जनीयः ८।३।१५ / ७६" सजूः । सजुष्+औ=सजुषौ । सजुष्+जस्=सजुषः । सजूर्भ्याम् । सजुष्+सु=सजूःषु, सजूष्षु ।

आशिष् (आशीर्वाद) शब्द–

'आङः शासु (आ शास्) इच्छायाम्' (सि० २४४०) इस धातुसे आगे क्विप् है, इसलिये (* आशासः क्वावुपधाया इत्वं वाच्यम् वा० २९८४) इससे उपधाके स्थानमें इकार, इकार होनेके कारण, "शासिवसिघसीनां च ८।३।६० / ४१०" इससे सकारके स्थानमें षत्व होनाचाहिये था, परन्तु वह असिद्ध है, इसलिये "ससजुषो रुः ८।२।६६ / १६२" इससे रुत्व, उपधादीर्घ, विसर्ग, आशीः । आगे षत्व, आशिष्+औ= आशिषौ । आशिष्+जस्=आशिषः । पदान्तत्वके कारण रुत्व, दीर्घ, आशिष्+भ्याम्=आशीर्भ्याम् । आशीर्भिः ।

आशिष् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	आशीः	आशिषौ	आशिषः
सं०	हे आशीः	हे आशिषौ	हे आशिषः
द्वि०	आशिषम्	आशिषौ	आशिषः
तृ०	आशिषा	आशीर्भ्याम्	आशीर्भिः
च०	आशिषे	आशीर्भ्याम्	आशीर्भ्यः
पं०	आशिषः	आशीर्भ्याम्	आशीर्भ्यः
ष०	आशिषः	आशिषोः	आशिषाम्
स०	आशिषि	आशिषोः	आशीः–ष्षु.

अदस् (वह) शब्द–

सु आगे रहते "त्यदादीनामः" इसका अपवाद "अदस औ सुलोपश्च ७।२।१०७ / ४३७", "तदोः सः सौ० ७।२।१०६ / ३८१" इससे पुंवत् असौ । आगे औ होते त्यदाद्यत्वके कारण अकारान्तत्व प्राप्त होकर फिर टाप्, अदा+औ=ऐसी स्थिति रहते "औङ आपः ७।१।१८ / २८७" इससे औके स्थानमें शी (ई) हुई, 'अदे' ऐसी स्थिति रहते "अदसोऽसेर्दादु दो मः ८।२।८० / ४१९" इससे दकारके परेके वर्णको ऊकार (दीर्घस्थानमें दीर्घ), दकारको मकार, अमू । आगे इतर विभक्ति रहते पूर्ववत् आबन्तत्व होकर 'अद' ऐसा अंग और उसको सर्वनामत्व होनेके कारण सर्वा शब्दके समान सब विभक्तियोंमें रूप होंगे, परन्तु "अदसोऽसे०" इससे उत्व, मत्व, विशेष, बहुवचनमें एत्व न होनेसे "एत ईद्बहुवचने ८।२।८१ / ४३८" यह सूत्र प्राप्त नहीं, अदस्+औ=अमू । अदस्+जस्=अमूः । अदस्+अम्=अमूम् । अदस्+शस्=अमूः । अदस्+टा अदसा

ऐसी स्थिति रहते मुत्व (ह्रस्वके स्थानमें ह्रस्व) अमुया। अदस्+भ्याम्=अमूभ्याम् ३ । अदस्+भिस् अमूभिः । अदस्+ङे=अमुष्यै । अदस्+भ्यस्=अमूभ्यः । अदस्+ङसि=, ङस्=अमुष्याः २ । अदस्+ओस्=अमुयोः २ । अदस्+आम्=अमूषाम्, अदस्+ङि=अमुष्याम् । अदस्+सु=अमूषु ।

स्त्रीलिङ्ग अदस् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	असौ	अमू	अमूः
द्वि०	अमूम्	अमू	अमूः
तृ०	अमुया	अमूभ्याम्	अमूभिः
च०	अमुष्यै	अमूभ्याम्	अमूभ्यः
पं०	अमुष्याः	अमूभ्याम्	अमूभ्यः
ष०	अमुष्याः	अमुयोः	अमूषाम्
स०	अमुष्याम्	अमुयोः	अमूषु.

॥ इति हलन्ताः स्त्रीलिङ्गाः ॥

अथ हलन्ता नपुंसकलिंगाः ।

स्वमोर्लुक् । दत्वम् । स्वनडुत् । स्वनडुद् । स्वनडुही । चतुरनडुहोरित्याम् । स्वनड्वांहि । पुनस्तद्वत् । शेषं पुंवत् ॥ दिव उत् । विमलद्यु अहः । अन्तर्वर्तिनीं विभक्तिमाश्रित्य पूर्वपदस्येवोत्तरखण्डस्यापि पदसंज्ञायां प्राप्तायामुत्तरपदत्वे चापदादिविधौ प्रतिषेध इति प्रत्ययलक्षणं न । विमलदिवी । विमलदिवि । अपदादिविधौ किम् । दधिसेचौ । इह षत्वनिषेधे कर्तव्ये पदत्वमस्त्येव । कुत्वे तु न ॥ वाः । वारी । अझलन्तत्वान्न नुम् । वारि । चत्वारि । न लुमतेति कादेशो न । किम् । के । कानि ॥ इदम् । इमे । इमानि ॥ अन्वादेशे नपुंसके एनद्वक्तव्यः ॥ * ॥ एनत् । एने । एनानि । एनेन । एनयोः २ ॥ ब्रह्म । ब्रह्मणी । ब्रह्माणि । हे ब्रह्मन् । हे ब्रह्म । रोऽसुपि । अहर्भाति । विभाषा ङिश्योः । अह्नी । अहनी । अहानि ॥

हान्त 'स्वनडुह्' (सुन्दर बैल है जिसके) शब्द-

सु आगे होते "स्वमोर्नपुंसकात् ७।१।२३ / ३१९" इससे सुलुक्, "वसुस्रंसुध्वंस्वनडुहां दः ८।२।७२ / ३३४" इसको पदाधिकारस्थ होनेसे अनडुह् शब्दान्तके भी हकारके स्थानमें दकार, चर्त्व, स्वनडुत्, स्वनडुद् । सम्बोधनमें भी ऐसेही रूप होंगे। स्वनडुह्+औ औके स्थानमें "नपुंसकाच्च ७।१।१९ / ३१०" इससे शी (ई) स्वनडुही । स्वनडुह्+जस् इसमें "जश्शसोः शिः ७।१।२० / ३१२" और "शि सर्वनामस्थानम् १।१।४२ / ३१३" इससे जस्के स्थानमें सर्वनामस्थानसंज्ञक शि (इ), सर्वनामस्थान आगे है इसलिये "चतुरनडुहोराम्० ७।१।९८ / ३३१" इससे आम् (आ), तब स्वनड्वाह्+इ ऐसी स्थिति हुई, "नपुंसकस्य झलचः ७।१।७२ / ३३४" इससे आगे सर्वनामस्थान होनेके कारण नुम् (न्) स्वनड्वान्ह्+इ ऐसी स्थिति हुई, फिर "नश्चापदान्तस्य झलि ८।३।२४ / १३३" इससे नकारके स्थानमें अनुस्वार, स्वनड्वांहि । फिर इसी प्रकार और सब रूप पुंवत् जानने (अनडुह् (३३४) शब्दके समान)।

विमलदिव् (निर्मल है आकाश जिस दिनमें ऐसा) शब्द—

"स्वमोर्नपुंसकात्", "दिव उत् ६।१।१३१ / ३३७" पदान्तत्वके कारण उत्व, विमलद्यु अहः (निरभ्र दिन)। (अन्तर्वर्तिनीमिति) औत्स्थानिक शी (ई) प्रत्यय परे रहते, शब्दकी मूल (आदि) स्थिति विमलस् दिव्+सु+शी ऐसी है और समासशास्त्रके कारण "सुपो धातुप्रातिपदिकयोः ६।४।७१ / ६५०" इससे सु का लुक् होगया है, इसलिये इस अन्तर्गत विभक्तिको प्रत्ययलक्षण करके, जैसे राजपुरुष यहां पूर्वपदको प्रत्ययलक्षणसे पदत्व होकर नलोप होताहै वैसेही 'दिव्' इस उत्तर खण्डको भी पदत्व होकर "दिव उत्" इस सूत्रका कार्य होना चाहिये था, परन्तु *(उत्तरपदत्वे इति) 'उत्तरखण्डके आदिको छोड इतर वर्णको कोई विधान कर्तव्य हो तो वहां प्रत्ययलोपमें प्रत्ययलक्षण नहीं, अर्थात् पदत्व नहीं' ऐसा वचन होनेके कारण यहां दिव्को पदत्व नहीं इस कारण 'दिव उत्' इसकी प्राप्ति भी नहीं, विमलदिवी । आगे शि (इ) सर्वनामस्थान होते 'विमलदिव्' इसमें झलन्तत्व न होनेसे "नपुंसकस्य झलचः" इस सूत्रकी प्राप्ति नहीं अर्थात् नुमागम नहीं, विमलदिवि । फिर भी उसी प्रकार तृतीयादिमें सुदिव् (३३७) शब्दकी समान रूप होंगे ।

(अपदादिविधौ किम्) पदके आदि वर्णको छोड इतर वर्णको विधान होते ऐसा क्यों कहा ? तो पदके आदिवर्णको विधान होते प्रत्ययलक्षण होताहै इससे पदत्व सिद्ध होताहै सो नहीं होता, जैसे 'दधिसेचौ' इसमें दधि और सेच् यह शब्द समस्त हैं, और 'सेच्' इसमेंके आदिवर्ण (स) को इणपूर्वत्व होनेके कारण षत्व प्राप्त होताहै परन्तु "सात्पदाद्योः ८।३।१११ / २१२३" इससे षत्वनिषेध होताहै, अत एव कहतेहैं कि, (इह षत्वेति) यहां आदि सकारको षत्वनिषेध यह कार्य है, इसलिये पदत्व है ही, परन्तु दधिसेच्+औ=इसके चकारको "चोः कुः" इससे जो कुत्व प्राप्त है वह सेच्मेंके आदि वर्णको न होनेसे सेच् इसको पदत्वनिषेध है, पदत्व नहीं तो कुत्व भी नहीं ऐसा जानना चाहिये ।

वार् (जल) शब्द-

स्वमोर्लुक् "खरवसानयोर्विसर्जनीयः ८।३।१५ / ७६" इससे

---

१ दध्नः सेचौ-'दधिसेचौ' ऐसा षष्ठीसमास है, उपपदसमास तो 'गतिकारकोपपदानाम्०' इस करके सुपुत्पत्तिके पहले ही होताहै, तो उस समासमें 'सेच्' इसको पद संज्ञा नहीं, इसलिये सेच्के सकारको पदादित्व भी नहीं होगा, यदि यह कहो कि, उपपदसमासमें पदादित्व न होनेसे षत्व होजायगा, सो ठीक नहीं 'सात्पदाद्योः' इसमें पदादि इस अंशमें पदात्-आदिः-पदादिः (पदसे परे हो और किसीका आदि हो) ऐसे समासका आश्रय कर इस पक्षमें भी दोष नहीं ॥

विसर्ग, वाः। वार्+औ=वारी। आगे झलन्त न होनेसे नुम् नहीं, वारि। फिर उसीप्रकार।

वार् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	वाः	वारी	वारि
सं०	हे वाः	हे वारी	हे वारि
द्वि०	वाः	वारी	वारि
तृ०	वारा	वार्भ्याम्	वार्भिः
च०	वारे	वार्भ्याम्	वार्भ्यः
पं०	वारः	वार्भ्याम्	वार्भ्यः
ष०	वारः	वारोः	वाराम्
स०	वारि	वारोः	वार्षु.

चतुर् (चार) शब्द–

यह नित्य बहुवचनान्त है। चतुर्+जस् ऐसी स्थिति होते शि (इ) और उसे सर्वनामस्थान संज्ञा, "चतुरनडुहोराम्० $\frac{७।१।९८}{३३१}$" इससे आम् (आ) चत्वार्+इ ऐसी स्थिति हुई, झलन्त न होनेसे नुम् नहीं हुआ, चत्वारि। फिर उसी प्रकार।

प्र० सं० द्वि० चत्वारि। तृ० चतुर्भिः। च० पं० चतुर्भ्यः। ष० चतुर्णाम्। स० चतुर्षु।

किम् (क्या) शब्द–

आगे सु होते "किमः कः $\frac{७।२।१०३}{३४२}$" इससे 'क' आदेश होना चाहिये था, परन्तु "स्वमोर्नपुंसकात् $\frac{७।१।२३}{३१९}$" इससे पहले सुलुक् हुआ है इसलिये "न लुमताङ्गस्य $\frac{१।१।६३}{२६३}$" इससे प्रत्ययलक्षणनिषेध है, इससे कादेश नहीं होता, किम्। आगे 'शी' होते "किमः कः" गुण, के। आगे फिर कादेश शि (इ) सर्वनामस्थान होते अजन्तत्वके कारण "नपुंसकस्य झलचः $\frac{७।१।७२}{३१४}$" इससे नुम्, कन्+इ ऐसी स्थिति होते, नान्तत्वके कारण "सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ $\frac{६।४।८}{२५०}$" इससे उपधादीर्घ, कानि। आगे इसी प्रकार। तृतीयादिके (३४२) पुंवत् रूप होंगे।

इदम् (यह) शब्द–

इदम्+सु–"स्वमोर्नपुंसकात्" इससे लुक्, पूर्ववत् प्रत्ययलक्षणाभाव, इसलिये त्यदाद्यत्व ($\frac{७।२।१०२}{२६५}$) नहीं, इदम्। आगे शी (ई) होते त्यदाद्यत्व और "दश्च $\frac{७।२।१०९}{३४५}$" से म, इमे। फिर इदम्+शि–त्यदाद्यत्व मत्व, नुम् और उपधादीर्घ, इमानि। फिर इसी प्रकार तृतीयादिमें (३४२ पुंवत्)। (अन्वादेशे नपुंसके० वा० १५६९) * इदम् और एतत् शब्दोंको अन्वादेशमें नपुंसकमें 'एनद्' आदेश हो। अमलुक्, एनत्, एनद्। आगे त्यदाद्यत्वके कारण अकारान्तत्व प्राप्त होकर ज्ञानशब्दके समान रूप ऐसा जानना चाहिये (सि० ३१४) एने। एनानि। एनेन। एनयोः२।

इदम् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	इदम्	इमे	इमानि
द्वि०	इदम्, एनत्–द्	इमे, एने	इमानि, एनानि
तृ०	अनेन, एनेन	आभ्याम्	एभिः
च०	अस्मै	आभ्याम्	एभ्यः
पं०	अस्मात्	आभ्याम्	एभ्यः
ष०	अस्य	अनयोः, एनयोः	एषाम्
स०	अस्मिन्	अनयोः, एनयोः	एषु.

नान्त ब्रह्मन् शब्द–

'स्वमोर्लुक्' "न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य $\frac{८।२।७}{२३६}$" ब्रह्म। "सम्बुद्धौ नपुंसकानां नलोपो वा वाच्यः ३६८" * इस वार्तिकके अनुसार विकल्प करके नलोप; हे ब्रह्मन्, हे ब्रह्म। ब्रह्मणी, यहां "न संयोगाद्वमन्तात् $\frac{६।४।१३७}{३५५}$" इस निषेध होनेके कारण "विभाषा ङिश्योः $\frac{६।४।१३६}{२३७}$" से वैकल्पिक अल्लोप नहीं। आगे नान्तत्वके कारण उपधादीर्घ, ब्रह्माणि। फिर इसी प्रकार। तृतीयादिमें पुंल्लिङ्गके समान रूप होंगे (३५५)।

अहन् (दिवस) शब्द–

'स्वमोर्लुक्' प्रत्ययलक्षण नहीं, तो विभक्तिका अभाव होनेके कारण "रोः सुपि $\frac{८।२।६९}{१७२}$" इससे रेफादेश, विसर्ग, अहः। यह रेफ रुस्थानका नहीं, इसलिये "हशि च $\frac{६।१।११४}{१६६}$" इसकी प्राप्ति नहीं, अर्थात् रेफको उत्व न हुआ, अहर्भाति (दिन प्रकाश होताहै) आगे 'शी' होते "विभाषा ङिश्योः $\frac{६।४।१३६}{२३७}$" इससे अन्में के अकारका विकल्प करके लोप हुआ, अह्नी, अहनी। उपधादीर्घ, अहानि। पुनस्तद्वत्। आगे "अल्लोपोऽनः $\frac{६।४।१३४}{२३४}$" इससे अन्में के अकारका लोप, अह्ना॥

४४३ अहन्। ८। २। ६८॥

अहन्नित्यस्य रुः स्यात्पदान्ते। अहोभ्याम्। अहोभिः। इह अहः अहोभ्यामित्यादौ रुत्वरुत्वयोरसिद्धत्वान्नलोपे प्राप्ते अहन्नित्यावर्त्य नलोपाभावं निपात्य द्वितीयेन रुर्विधेयः॥ तदन्तस्यापि रुत्वरत्वे। दीर्घाण्यहानि यस्मिन् स दीर्घाहा निदाघः। इह हल्ङ्यादिलोपे प्रत्ययलक्षणेनाऽसुपीतिनिषेधाद्रत्वाभावे रुत्तस्यासिद्धत्वान्नान्तलक्षण उपधादीर्घः। संबुद्धौ तु हे दीर्घाहो निदाघ। दीर्घाहाणौ। दीर्घाहानः। दीर्घाह्ना। दीर्घाहोभ्याम्॥ दण्डि। दण्डिनी। दण्डीनि॥ स्रग्वि। स्रग्विणी। स्रग्वीणि॥ वाग्मि। वाग्मिनी। वाग्मीनि॥ बहुवृत्रहाणि। बहुपूषाणि। बह्वर्यमाणि॥ असृजः पदान्ते कुत्वम्। सृजेः किनो विधानात्। विश्वसृडादौ तु न। सृजिदृशोरितिसूत्रे रज्जुसृड्भ्यामिति भाष्यप्रयोगात्। यद्वा वश्चादिसूत्रे सृजियजोः पदान्ते षत्वं कुत्वापवादः। स्रगृत्विकशब्दयोस्तु निपातनादेव कुत्वम्। असृक्शब्दस्तु अस्यतेरौणादिके ऋजुप्रत्यये बोध्यः। असृक्। असृग्। असृजी। असृञ्जि। पद्दन्निति वा असन्। असानि। असृजा। अस्ना। असृग्भ्याम्। असभ्यामित्यादि॥ ऊर्क्। ऊर्ग्। ऊर्जी। ऊर्न्जि। न-

रजनां संयोगः ॥ बहूर्जि नुम्प्रतिषेधः । अन्त्यात्पूर्वो वा नुम् ॥ * ॥ बहूर्जि । बहूर्ञ्जि वा कुलानि ॥ त्यत् । त्यद् । त्ये । त्यानि ॥ तत् । तद् । ते । तानि ॥ यत् । यद् । ये । यानि ॥ एतत् । एतद् । एते । एतानि । अन्वादेशे तु एनत् ॥ बेभिद्यतेः क्विप् । बेभित् । बेभिद् । बेभिदी । शावल्लोपस्य स्थानिवत्त्वादझलन्तत्वान्न नुम् । अजन्तलक्षणस्तु नुम्न स्वविधौ स्थानिवत्त्वाभावात् । बेभिदि ब्राह्मणकुलानि । चेच्छिदि ।

गवाक्शब्दस्य रूपाणि क्लीबेऽर्चागतिभेदतः ।
असंध्यवङ्पूर्वरूपैर्नवाधिकशतं मतम् ॥
स्वमुसुप्सु नव षड् भादौ षट्के स्युस्त्रीणिजश्शसोः।
चत्वारि शेषे दशके रूपाणीति विभावय ॥ २ ॥

तथाहि । गामञ्चतीति विग्रहे । ऋत्विगादिना क्विन् । गतौ नलोपः । अवङ् स्फोटायनस्येत्यवङ् । गवाक् । गवाक् । सर्वत्र विभाषेति प्रकृतिभावे । गोअक् । गोअग् । पूर्वरूपे । गोक् । गोग् । पूजायां नस्य कुत्वेन ङः । गवाङ् । गोअङ् । गोङ् । अम्यपि एतान्येव नव । औङः शी । भत्वादच इत्यलोपः । गोची । पूजायां तु । गवाञ्ची । गोअञ्ची । गोञ्ची । जश्शसोः शिः । शेः सर्वनामस्थानत्वान्नुम् । गवाञ्चि । गोअञ्चि । गोञ्ची । गतिपूजनयोस्त्रीण्येव । गोचा । गवाञ्चा । गोअञ्चा । गोञ्चा । गवाग्भ्याम् ॥ गोअग्भ्याम् । गोग्भ्याम् । गवाङ्भ्याम् । गोअङ्भ्याम् । गोङ्भ्याम् । इत्यादि॥सुपि तु ङान्तानां पक्षे ङ्णोः कुगिति कुक् । गवाङ्क्षु । गोअङ्क्षु।गोङ्क्षु।गवाङ्षु । गोअङ्षु । गोङ्षु । गवाक्षु । गोअक्षु । गोक्षु । न चेह चयो द्वितीया इति पक्षे ककारस्य खकारेण षण्णामाधिक्यं शङ्क्यम् । चर्त्वस्यासिद्धत्वात् । कुक्पक्षे तु तस्यासिद्धत्वाज्जश्त्वाभावपक्षे चयो द्वितीयादेशास्त्रीणि रूपाणि वर्धन्त एव ॥

ऊह्यमेषां द्विर्वचनानुनासिकविकल्पनात् ।
रूपाण्यश्वाक्षिभूतानि (५२७) भवन्तीति
मनीषिभिः ॥ १ ॥

तिर्यक् । तिरश्ची । तिर्यञ्चि । पूजायां तु । तिर्यङ् । तिर्यञ्ची । तिर्यञ्चि ॥ यकृत् । यकृती । यकृन्ति । पद्दन्निति वा यकन् । यकानि । यक्ना । यकृता ॥ शकृत् । शकृती । शकृन्ति । शकानि । शक्ना । शकृता ॥ ददत् । ददती ॥

४४३–पदान्तमें 'अहन्' इसको 'रु' हो, "हशि च" इससे उत्व, गुण, अहोभ्याम् । अहोभिः । (इहेति) इस शब्दके अहः और अहोभ्याम्–इत्यादि रूपोंमें रत्व "८।२।६० / १७२" और रुत्व "८।२।६८ / ४४३" यह दोनों असिद्ध हैं, इस कारण "न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य ८।२।७ / २३६" इसकी प्राप्ति होतीहै, तो यहां क्या युक्ति करनी चाहिये जिससे नलोप न होवे ? तो कहतेहैं कि, "अहन्" इस सूत्रकी आवृत्ति[1] करैं अर्थात् उसे दो वार लें और प्रथम "अहन्" का अर्थ 'अहन्' ऐसा निपातन हो अर्थात् अहन् ऐसा नान्त शब्द ही स्थिर रहै उसके नकारका कहीं भी लोप नहीं हो, ऐसा अर्थ समझना चाहिये। फिर दूसरे 'अहन्' इस सूत्रसे नकारके स्थानमें रुत्व कर दो, बस होगया, ऐसी युक्तिसे नलोप सूत्रका कुछ न चलेगा, वह सूत्र मानो है ही नहीं, ऐसा होगा। अहः इसमें 'अहन्' इसका अगला सूत्र "रोः सुपि ८।२।६९ / १७२" इस अपवादका ही कार्य होगा इससे वहां भी वही युक्ति ।

अहन् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	अहः	अह्नी, अहनी	अहानि
सं०	हे अहः	हे अह्नी, अहनी	हे अहानि
द्वि०	अहः	अह्नी, अहनी	अहानि
तृ०	अह्ना	अहोभ्याम्	अहोभिः
च०	अह्ने	अहोभ्याम्	अहोभ्यः
पं०	अह्नः	अहोभ्याम्	अहोभ्यः
ष०	अह्नः	अह्नोः	अह्नाम्
स०	अह्नि, अहनि,	अह्नोः	अहःसु–स्सु.

(तदन्तस्यापीति) इस सूत्रको पदाधिकारमेंका होनेसे 'पदाङ्गाधिकारे०' इस परिभाषासे तदन्त शब्दको भी रत्व, रुत्व, 'दीर्घाहन्' ऐसा नपुंसक शब्द होते, दीर्घाहः । दीर्घाहोभ्याम् । ऐसेही रूप होंगे । अन्यलिङ्ग तदन्त शब्दोंमें भी रत्व प्राप्त है, परन्तु 'असुपि' इस निषेधके कारण रत्व न होते, रुत्व ही होताहै, देखो 'दीर्घाणि अहानि यस्मिन्' (दीर्घ हैं दिवस जिसमें सो) ऐसा अर्थ होते 'दीर्घाहन्' इस पुँल्लिङ्ग शब्दके प्रथमाके एकवचनमें 'दीर्घाहाः निदाघः' (ग्रीष्म), (इह हल्ङ्यादि०) परन्तु यहां सुलुक् नहीं पुँल्लिङ्ग होनेसे "हल्ङ्याप्०" इससे सुलोप है इसलिये प्रत्ययलक्षण कार्य है ही इस कारण "रोऽसुपि ८।२।६९ / १७२" इसकी प्राप्ति नहीं अर्थात् रेफ नहीं किन्तु प्रत्ययलक्षण करके पदत्व लाकर 'अहन्' इस सूत्रसे प्रथमामें भी न्‌के स्थानमें रुत्व पाया परन्तु वह असिद्ध है अर्थात् "सर्वनामस्थाने० ६।४।८ / २५०" यह नकार ही दीखताहै इसलिये उपधादीर्घ हुआ है, आगे विसर्ग ।

(सम्बुद्धौ तु) परन्तु सम्बोधनमें सम्बुद्धिके कारण उपधादीर्घ नहीं, हे दीर्घाहो निदाघ । दीर्घाहाणौ । दीर्घाहाणः ।

१ नलोपाभावबोधक "अहन्" इस सूत्रकी आवृत्तिमें क्या प्रमाण है सो कहतेहैं "रूपरात्रिरथन्तरेषु रुत्वं वाच्यम् १७२" यह वार्तिक प्रमाण है, नहीं तो रुत्व वा रेफादेशमें कोई फरक नहीं होगा, कारण कि, नकारका लोप करनेपर हकारोत्तर अकारको आदेश करनेपर हकार हल् होजायगा, तो हल्से परे रकारको कोई सन्धि न होगी ।

दीर्घाह्ना । रुत्व, दीर्घाहोभ्याम् । यहां "प्रातिपदिकान्तनुम्विभक्तिषु च ८।२।११/१०५५" इससे प्रातिपदिकान्त होनेके कारण णकार विकल्प, दीर्घाहानौ । दीर्घाहानः । दीर्घाह्णः । दीर्घाह्ना-इत्यादि * ॥

दण्डिन् शब्द–'स्वमोर्लुक्' "नलोपः०" इससे नलोप, दण्डिन्+सु=दण्डि । दण्डिन्+औ=दण्डिनी । दण्डिन्+जस्=दण्डीनि । सर्वनामस्थान आगे है इससे जसमें उपधादीर्घ हुआ, पुनस्तद्वत्, तृतीयादिमें पुँल्लिङ्गके समान रूप होंगे(३५९शार्ङ्गिन् शब्द देखो) केवल णत्वमात्र नहीं ।

इसी प्रकार स्रग्विन् (मालाधारी) शब्द–

स्रग्विन्+सु=स्रग्वि । स्रग्विन्+औ=स्रग्विणी । स्रग्विन्+जस्=स्रग्वीणि–इत्यादि ।

इसी प्रकार 'वाग्मिन्' (बोलनेवाला) शब्द–

वाग्मि । वाग्मिनी । वाग्मीनि–इत्यादि ।

बहुवृत्रहन् (बहुत इन्द्र हैं जिसमें वह) शब्द–

'स्वमोर्लुक्', "इन्हन्पूषार्यम्णां शौ ६।४।१२/३५६" इससे केवल 'शी' ही आगे हो तो उपधादीर्घ होता है इसलिये यहां दीर्घ नहीं, सुलुक् है इसलिये "सौ च ६।४।१३/३५७" इसकी भी प्रवृत्ति नहीं, "न लोपः० ८।२।७/२३६" बहुवृत्रह । आगे द्विवचनमें "विभाषा ङिश्योः ६।४।१३६/२३७" इससे विकल्प करके अल्लोप । बहुवृत्रघ्नी, बहुवृत्रहणी । उपधादीर्घ, बहुवृत्रहाणि । पुनस्तद्वत् । तृतीयादिमें पुँल्लिङ्ग वृत्रहन् शब्द (३५९) की समान रूप होंगे ।

इसी प्रकारसे 'बहुपूषन्' शब्द–

बहुपूषन्+सु=बहुपूष । बहुपूषन्+औ=बहुपूष्णी, बहुपूषणी । बहुपूषाणि–इत्यादि ।

इसी प्रकारसे बह्वर्यमन् शब्द–

बह्वर्यम । बह्वर्यम्णी, बह्वर्यमणी । बह्वर्यमाणि–इत्यादि ।

असृज् (रक्त) यह रूढि शब्द है–

"ऋत्विग्दधृ०" इससे 'सृज्' धातुसे परे क्विन्प्रत्यय कहाहुआ है, इसलिये असृज् इसको पदान्तमें कुत्व होताहै परन्तु भाष्यकारने "सृजिदृशो० ६।१।५८/२४०५" इस सूत्रके व्याख्यानमें 'रज्जुसृड्भ्याम्' ऐसा जो प्रयोग किया है उसमें रज्जुसृज् शब्दको "व्रश्चभ्रस्ज०" इससे षत्व ही कियाहुआ स्पष्ट दीखता है, इससे भाष्यकारका अभिप्राय है कि आनव्यय पूर्वपद रहनेसे षत्वही होताहै इससे विश्वसृज्, देवेज् इत्यादि सामासिक यौगिक (अन्वर्थक) शब्दोंमें षत्व ही होताहै कुत्व नहीं (खि० ३७८) ।

(यद्वेति) अथवा अन्यप्रकारसे ऐसी सिद्धि होगी, सृज्, यज् इनको "व्रश्चभ्रस्ज० ८।२।३६/२९४" इस सूत्रमें जो षत्व कहाहुआ है वह "क्विन्प्रत्यय० ३।२।५९/३७७" होनेवाले कुत्वका अपवाद जानना चाहिये, स्रज् (४४१) और ऋत्विज् (३८०) इन शब्दोंमें "ऋत्विग्दधृक्स्रक्० ३।२।५९/३७३" इस सूत्रसे निपातनकरके ही कुत्व सिद्ध है, इस लिये उनको कुत्वमात्र करना चाहिये, (असृगिति०) तो फिर इस रीतिसे असृज् इस तद्व्यतिरिक्तशब्दको कुत्व कैसा, तो असृज् शब्द सृज् धातुसे न लेते 'असु (अस्) क्षेपणे' इस दिवादि धातुके परे "उणादयो बहु० ३।३।१/३१६९" इससे 'ऋज्' प्रत्ययकी कल्पना करके वह सिद्ध कर लेनेसे कार्य बनगया, केवल "चोः कुः" इससे कुत्व । असृक्, असृग् । असृजी । "नपुंसकस्य झलचः ७।१।७३/३१४" इससे नुम्, असृञ्जि । "पद्दन्० ६।१।६३/२२८" इससे शसादि प्रत्यय परे रहते विकल्प करके 'असन्' आदेश, असानि । असृजा, अस्ना । असृग्भ्याम्, असभ्याम्–इत्यादि ।

असृज् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	असृक्–ग्	असृजी	असृञ्जि
सं०	हे असृक्–ग्	हे असृजी	हे असृञ्जि
द्वि०	असृक्–ग्	असृजी	असानि असृञ्जि
तृ०	अस्ना, असृजा	असभ्याम्, असृग्भ्याम्	असभिः, असृग्भिः
च०	अस्ने, असृजे	असभ्याम्, असृग्भ्याम्	असभ्यः, असृग्भ्यः
पं०	अस्नः, असृजः	असभ्याम्, असृग्भ्याम्	असभ्यः, असृग्भ्यः
ष०	अस्नः, असृजः	अस्नोः, असृजोः	अस्नाम्, असृजाम्
स०	अस्नि, असनि, असृजि,	अस्नोः, असृजोः	अससु, असृक्षु.

ऊर्ज् (बल) शब्द–

'स्वमोर्लुक्', ऊर्ज्में संयोगान्तलोप प्राप्त है पर रेफके परे

---

* 'एकाह' इत्यादि शब्द तत्पुरुष समास होनेके कारण "राजाहः सखिभ्यष्टच् ५।४।९१/७८८" इससे टच् (अ) प्रत्ययान्त, और "रात्राह्नाहाः पुंसि ८।४।२९/८१४" इससे उनको पुंस्त्व है, इस कारण राम शब्दके ऐसे रूप होंगे ॥

१ 'रज्जुसृड्भ्याम्' यहांपर 'भ्याम्' प्रत्यय झलादि और अकित् है, तो "सृजिदृशोर्झल्यमकिति ६।१।५८" इस सूत्रसे 'अम्' होकर 'रज्जुस्रड्भ्याम्' ऐसा क्यों नहीं होता ? तहां कहतेहैं कि, अम्विधायक सूत्रमें सृज् यह धातु है इस कारण 'धातोः स्वरूपग्रहणे तत्प्रत्यये कार्यविज्ञानम्' इससे भ्याम्को धातुप्रत्यय न होनेसे अम् न हुआ, यदि यह कहो कि, "अनुदात्तस्य चर्दुपधस्यान्यतरस्याम् ६।१।५९" इसमें धातुके स्वरूपका ग्रहण नहीं है, तो विकल्प करके अम् होनाचाहिये सो भी ठीक नहीं, 'धातोः कार्यमुच्यमानं तत्प्रत्यय एव' ऐसा नियम है, (ऐसा भाष्यमें कहा हुआ है) ॥

१ सन्देह यह है कि, 'रज्जुसृड्भ्याम्' इस भाष्यप्रयोगसे अनव्यय पूर्व पद रहते षत्व ही हो ऐसा स्पष्ट मालुम होताहै तो भी "उपयट्काम्यति" "उपसृट्काम्यति" इन प्रयोगोंमें षत्व ही देखतहैं इसलिये कहते हैं यद्वेति ॥

२ सारांश यह कि, यहां थोडासा मतभेद है अर्थात् असृज्वर्जे सृजन्त यजन्त सब शब्दोंको पदान्तमें षत्वही होताहै ऐसा कौमुदीकारका अभिप्राय दीखताहै, प्राचीन ग्रंथकारोंके मतसे रज्जुसृज् शब्दके सजातीय होनेके कारण द्रव्यवाचक पूर्वपदघटित समासमें ही सृज्, यज्, इनको पदान्तमें षत्व होताहै और अव्ययपूर्वपदघटितोंको कुत्व होताहै, परन्तु इस समय हमको कौमुदीटीका मत ग्राह्य है यह स्पष्ट है ॥

सकार नहीं, इसलिये "रात्सस्य ८।२।४२/२८०" इस नियमसे जकारका लोप न हुआ, "चोः कुः" और चर्त्व हुआ, ऊर्क्, ऊर्ग्। ऊर्जी। । ऊर्ज+जस्=ऊन्र्जि। इसमें क्रमसे नकार, रेफ और जकार इनका संयोग है इसमें भी झल् परे न होनेसे नकारको अनुस्वार (८।३।२४/१२३) नहीं होता। तृतीयादिके रूप पुँल्लिङ्गके रूप (३८०) की समान।

ऊर्ज् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	ऊर्क्, ऊर्ग्	ऊर्जी	ऊन्र्जि
सं०	हे ऊर्क्, हे ऊर्ग्	हे ऊर्जी	हे ऊन्र्जि
द्वि०	ऊर्क्, ऊर्ग्	ऊर्जी	ऊन्र्जि
तृ०	ऊर्जा	ऊर्ग्भ्याम्	ऊर्ग्भिः
च०	ऊर्जे	ऊर्ग्भ्याम्	ऊर्ग्भ्यः
पं०	ऊर्जः	ऊर्ग्भ्याम्	ऊर्ग्भ्यः
षं०	ऊर्जः	ऊर्जोः	ऊर्जाम्
स०	ऊर्जि	ऊर्जोः	ऊर्क्षु.

बहूर्ज् (बहुत बली) शब्द-

(बहूर्जि नुम्प्रतिषेधः वा० ४३३१) आगे शि रहते 'बहूर्ज्' शब्दको नुम् नहीं हो बहूर्जि। (अन्त्यात्पूर्वो वा नुम्। ४३३२ वा०) अथवा अन्त्यवर्णके पहले विकल्प करके नुम् हो। अनुस्वार, परसवर्ण, बहूर्जि बहूर्ञ्जि वा कुलानि (बडे बलवान् घराने) इतर सब रूप ऊर्जशब्दके समान।

त्यद् शब्द-

नित्यत्वसे "स्वमोर्नपुंसकात् ७।१।२३/३१९" पहले, इसलिये आगे विभक्ति न होनेसे फिर "तदोः सः सौ० ७।२।१०६/३८१" और "त्यदाद्यत्व (७।२।१०२/२६५) यह होतेही नहीं, त्यत्, त्यद्। आगे शी रहते त्यदाद्यत्व, गुण, त्ये। पुनः त्यदाद्यत्व, सर्वनामस्थान आगे है इस कारण "नपुंसकस्य झलचः" इससे नुम्, नान्त होनेसे उपधादीर्घ, त्यानि। फिर उसीप्रकार। शेष रूप (३८१) पुंवत्।

इसी प्रकार तद् शब्द-

तत्, तद्। ते। तानि। पुनस्तद्वत्। तृतीयादिमें पुंवत् (३८१)

इसी प्रकार यद् शब्द-

यत्, यद्। ये। यानि। पुनस्तद्वत्। तृतीयादिमें पुंवत् (३८१)।

इसी प्रकार एतद् शब्द-

पूर्ववत् तकार दकारके स्थानमें सकाराभाव है इसलिये पुँल्लिङ्गमें और स्त्रीलिङ्गमें जैसे सत्व षत्व होतेहैं वैसे यहां नहीं, एतत्, एतद्। एते। एतानि। पुनस्तद्वत्। तृतीयादिमें पुंवत् (३८१) (अन्वादेशे तु एनत्) इदम् शब्दपरका वार्तिक देखो।

एतद् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	एतत्, एतद्	एते	एतानि
द्वि०	एतत्, एनत्	एते, एने	एतानि, एनानि
तृ०	एतेन, एनेन	एताभ्याम्	एतैः
च०	एतस्मै	एताभ्याम्	एतेभ्यः
पं०	एतस्मात्	एताभ्याम्	एतेभ्यः
ष०	एतस्य	एतयोः, एनयोः	एतेषाम्
स०	एतस्मिन्	एतयोः, एनयोः	एतेषु.

बेभिद् (फिर २ तोडनेवाला) शब्द-

(बेभिद्यतेः क्विप्) भिद् धातुके परे पौनःपुन्य अर्थमें अथवा अतिशयार्थमें "धातोरेकाचो० ३।१।२२/२६२९" इससे यङ् (य) प्रत्यय होकर द्वित्वादिकार्य होकर, 'बेभिद्यते' (फिर २ किंवा अतिशय करके फोडताहै) ऐसा जो क्रियापद होताहै उसमेंका 'बेभिद्य' ऐसा जो धातु उससे क्विप्, और "यस्य हलः ६।४।४९/२६३१" इससे यलोप, "अतो लोपः ६।४।४८/२३०८" इससे अल्लोप तब 'बेभिद्' ऐसा प्रातिपदिक बना, यह शत्रन्त नहीं है, बेभित्, बेभिद्। बेभिदी। शि परे रहते "नपुंसकस्य झलचः ७।१।७२/३१४" इससे नुम् होना चाहिये था, परन्तु यहां अल्लोपकी स्थानिवद्भाव करके अझलन्त होनेसे नुम् नहीं, तो भी अजन्त शब्द है नुम् होना चाहिये, वैसा भी नहीं होता, कारण कि, "अचः परस्मिन्पूर्वविधौ १।१।५७/५०" इससे स्थानी अच्से पूर्व वर्णको कुछ विधि कर्तव्य हो तो स्थानिवद्भाव होताहै, परन्तु यहां तो स्थानी अकारको ही नुमागमकी प्राप्ति है, इसलिये स्थानिवद्भाव नहीं, नुमागम भी नहीं, 'बेभिदी ब्राह्मणकुलानि' (पुनः २ अथवा अतिशय करके फोडनेवाले ब्राह्मणकुल) पुनस्तद्वत्, आगे सरल रूप।

इसी प्रकारसे 'छिद्' धातुसे बनेहुए 'चेच्छिद्यते' इस यङन्त क्रियापदका जो धातु 'चेच्छिद्य' उससे क्विप् होकर चेच्छिद् (फिर २ छेदनेवाला) ऐसा जो प्रातिपदिक उसके भी रूप बेभिद्के समान ही जानने चाहियें। चेच्छित्। चेच्छिद्। चेच्छिदी। चेच्छिदि-इत्यादि॥

गवाञ्च् शब्द-

(गवाक्शब्दस्येति) अर्चा (पूजा) और गति यह दो भेद होनेके कारण नपुंसकमें 'गवाञ्च्' शब्दके रूप असन्धि, अवङ्, पूर्वरूप, इनके योगसे १०९ एकसौ नौ माने गये हैं उनमें सु, अम्, सुप्, इन प्रत्ययोंको नौ नौ अर्थात् नौतियां सत्ताईस, भादि छः प्रत्ययोंमें प्रत्येकमें छः २ अर्थात् छत्तीस, जस्, शस्, इनमें तीन २ मिलकर छः, और इतर दश विभक्तियोंमें चार २ मिलकर चालीस, इसका अर्थविस्तार-

(तथाहि-) वह इस प्रकारसे 'गाम् अञ्चति' (अञ्चु गतिपूजनयोः) ऐसे विग्रहमें "ऋत्विग्दधृक्० " इससे क्विन्

१ किसी राजाकी सभामें किसी पण्डितने-

"जायन्ते नव सौ तथाऽमि च नव भ्याम्भिस्भ्यसां सप्तसे।
षट्संख्यानि नवैव सुप्यथ जसि त्रीण्येव तद्वच्छसि॥
चत्वार्यन्यवचस्सु कस्य विबुधाः शब्दस्य रूपाणि त-
ज्जानन्तु प्रतिभाऽस्ति चेन्निगदितुं षाण्मासिकोऽत्रावधिः॥"

(अर्थात् सु में नौ रूप होतेहैं और अम्में भी नौ रूप होतेहैं, भ्याम् भिस् भ्यस् इनमें छः २ रूप होतेहैं, सुप्में नौ, जस्में तीन, और शस्में तीन, और वचनोंमें चार २ रूप होतेहैं, सो हे पण्डितलोगों! ऐसा कौन शब्द है जिसके ऐसे रूप होतेहैं, यह कहनेकी यदि शक्ति है तो छःमहीनेकी अवधि देताहूं) ऐसा प्रश्न कियाथा, उसका उत्तर किसी पंडितने इन दो श्लोकोंसे दियाथा॥

हुआ उसमें अञ्चु धातुके गति अर्थमें नकारका लोप हुआ, तव गो + अच् ऐसी स्थिति हुई, 'स्वसीर्लुक्', समासके कारण 'गो' को पदत्व है और अच् परे होते "अवङ् स्फोटायनस्य ६।१।१२३ / ८८" इससे अवङ् (अव) गव+अच् इसका 'गवाच्' होकर "चोः कुः" इससे गवाक्, गवाग्। "सर्वत्र विभाषा गोः ६।१।१२२ / ८७" इससे विकल्प करके प्रकृतिभाव, कुत्व, (बार बार कहनेका प्रयोजन नहीं) गो--अक्, गोअग्। (पूर्वरूपे) "एङः पदान्तादति ६।१।१०९ / ८६" इससे पूर्वरूप हुआ, गोक्, गोग्। (पूजायां नस्य कुत्वेन ङः) जब अञ्चु धातुका अर्थ पूजा हो तब "नाञ्चेः पूजायाम्" इससे नकारके लोपका निषेध होताहै इसालिये संयोगान्तलोप, "क्विन्प्रत्ययस्य कुः" इससे नकारके स्थानमें ङकार, गवाङ्, गोअङ्, गोङ्। इस प्रकारसे 'सु' प्रत्ययके नौ रूप होतेहैं, 'अम्' प्रत्ययमें भी यही नौ रूप। औङ्के स्थानमें होनेवाली शी (ई) के पहलेको भत्व होनेसे "अचः ६।४।१२८ / ४१६" इससे अलोप, गोची। पूजा अर्थ होते नलोप नहीं, अलोप नहीं, पूर्ववत् अवङ्, प्रकृतिभाव और पूर्वरूप, गवाञ्ची, गोअञ्ची, गोञ्ची। जस्, शस्, इनके स्थानोंमें जो 'शि' वह सर्वनामस्थान है इससे "नपुंसकस्य झलचः" इससे नुम्, पूर्ववत् तीन रूप, गवाञ्चि, गोअञ्चि, गोञ्चि। गति किंवा पूजा कोईसा अर्थ हो तो भी तीन ही रूप। आगे गोचा, गवाञ्चा, गोअञ्चा, गोञ्चा, यह टाके रूप हुए। भ्याम्में गवाग्भ्याम्, गोअग्भ्याम्, गोग्भ्याम्, गवाङ्भ्याम्, गोअङ्भ्याम्, गोङ्भ्याम्-इत्यादि। (सुपि तु०) सप्तमीका सुप् परे रहते ङान्तको पक्षमें "ङ्णोः कुक्० ८।३।२८ / १३०" इससे कुक्, गवाङ्क्षु, गोअङ्क्षु, गोङ्क्षु, गवाङ्षु, गोअङ्षु, गोङ्षु, गवाक्षु, गोअक्षु, गोक्षु।

गति अर्थमें गवाच्-शब्दके रूप-

विभ०	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	गवाक्-ग्, गोअक्-ग्, गोऽक्-ग्	गोची	गवाञ्चि, गोअञ्चि, गोऽञ्चि
सं०	,,	,,	,,
द्वि०	गवाक्-ग्, गोअक्-ग्, गोऽक्-ग्	गोची	गवाञ्चि, गोअञ्चि, गोऽञ्चि
तृ०	गोचा	गवाग्भ्याम्, गोअग्भ्याम्, गोऽग्भ्याम्	गवाग्भिः, गोअग्भिः, गोऽग्भिः
च०	गोचे	गवाग्भ्याम्, गोअग्भ्याम्, गोऽग्भ्याम्	गवाग्भ्यः, गोअग्भ्यः, गोऽग्भ्यः
पं०	गोचः	गवाग्भ्याम्, गोअग्भ्याम्, गोऽग्भ्याम्	गवाग्भ्यः, गोअग्भ्यः, गोऽग्भ्यः
ष०	गोचः	गोचोः	गोचाम्
स०	गोचि	गोचोः	गवाक्षु, गोअक्षु, गोऽक्षु.

पूजा अर्थमें-गवाञ्च् शब्दके रूप-

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	गवाङ्, गोअङ्, गोऽङ्	गवाञ्ची, गोअञ्ची, गोऽञ्ची	गवाञ्चि, गोअञ्चि, गोऽञ्चि
सं०	,,	,,	,,
द्वि०	गवाङ्, गोअङ्, गोऽङ्	गवाञ्ची, गोअञ्ची, गोऽञ्ची	गवाञ्चि, गोअञ्चि, गोऽञ्चि
तृ०	गवाञ्चा, गोअञ्चा, गोऽञ्चा	गवाङ्भ्याम्, गोअङ्भ्याम्, गोऽङ्भ्याम्	गवाङ्भिः, गोअङ्भिः, गोऽङ्भिः
च०	गवाञ्चे, गोअञ्चे, गोऽञ्चे	गवाङ्भ्याम्, गोअङ्भ्याम्, गोऽङ्भ्याम्	गवाङ्भ्यः, गोअङ्भ्यः, गोऽङ्भ्यः
पं०	गवाञ्चः, गोअञ्चः, गोऽञ्चः	गवाङ्भ्याम्, गोअङ्भ्याम्, गोऽङ्भ्याम्	गवाङ्भ्यः, गोअङ्भ्यः, गोऽङ्भ्यः
ष०	गवाञ्चः, गोअञ्चः, गोऽञ्चः	गवाञ्चोः, गोअञ्चोः, गोऽञ्चोः	गवाञ्चाम्, गोअञ्चाम्, गोऽञ्चाम्
स०	गवाञ्चि, गोआञ्चि, गोऽञ्चि	गवाञ्चोः, गोअञ्चोः, गोऽञ्चोः	गवाङ्क्षु--षु, गोअङ्क्षु--षु, गोङ्क्षु--षु.

(न च इहेति) सप्तमीके बहुवचनमें आगे शर होनेके कारण तीन रूपोंमेंके ककारको "चयो द्वितीयाः० ८।३।२८ / १३०" इस वार्तिकसे पाक्षिक खकार करके तीनों स्थानोंमें छः रूप अधिक होंगे ? ऐसी शंका न करनी चाहिये, कारण कि, उसमें "चोः कुः" इससे कुत्व, कुत्वको जश्त्व और जश्त्वको चर्त्व, ऐसा क्रम है इसलिये वह चर्त्व 'चयो द्वितीयाः०' इस वार्तिकके प्रति असिद्ध है इससे न हुआ। (कुक् पक्षे०) जब कुक् आगम होताहै तब वह असिद्ध होनेके कारण वहीं दरशाये हुएके अनुसार जश्त्व नहीं, उस समय चय्को द्वितीयादेश होकर तीन रूप बढेंगेही, इस प्रकार ११२ रूप होंगे।

(ऊह्यमेषामिति) इन ११२ रूपोंके "अनचि च" से विकल्प करके द्वित्व और "अणोऽप्रगृह्यस्य० ८।४।५७ / ११०" इससे विकल्प अनुनासिक, सब मिलकर अश्व ७ अक्षि २ भूत ५ 'अंकानां वामतो गतिः' (अंकोंकी वामभागसे गिनती होतीहै) इससे ५२७ रूप होतेहैं यह विद्वानोंको ध्यानमें लाने चाहियें ॥

तिर्यञ्च् शब्द क्विन्नन्त-

गत्यर्थमें "अनिदितां हल० ६।४।२४ / ४१५" इससे नलोप, तिर्यच् + सु ऐसी स्थिति होते सुलुक्, भसंज्ञाका अभाव होनेसे "अचः ६।४।१३८ / ४१६" इससे अकार लोपकी प्राप्ति नहीं, लोपाभावके कारण "तिरसस्तिर्यलोपे ६।३।९४ / ४२३" इससे 'तिरि' आदेश, तब तिर्यच् ऐसी स्थिति हुई, "चोः कुः" तिर्यक्। आगे 'शी' रहते भसंज्ञा, भसंज्ञाके कारण अकारलोप, आदेश नहीं, तिरस्च् + ई ऐसी स्थिति हुई, तिरश्ची। आगे। 'शि' सर्वनामस्थान है भसंज्ञाऽभावके कारण अकारलोप नहीं, 'तिरि' आदेश, "नपुंसकस्य झलचः ७।१।७२ / ३१४"

इससे नुम, तिरि+अञ्च्+ इ–तिर्यञ्चि । पुनस्तद्वत् । आगे ४२३ के अनुसार पुंवत् ।

(पूजायान्तु०) पूजार्थ हो तो, "नाञ्चेः पूजायाम् ६।४।३०/४२४" इससे नलोपनिषेध अत एव कहीं भी अलोप नहीं इस कारण 'तिरि' आदेश, सुलुक्, तिरिअञ्च् ऐसी स्थिति रहते "संयोगान्तस्य लोपः", "क्विन्प्रत्ययस्य कुः" इससे ङत्व, तिर्यङ् । तिर्यञ्ची । तिर्यञ्चि । फिर इसी प्रकार तिर्यञ्चा । तिर्यङ्भ्याम्– इत्यादि (४२४) इसके समान ॥

यकृत् (पित्तस्थान) शब्द–

यकृत्+सु= यकृत् । यकृत्+औ=यकृती । यकृत्+जस् "नपुंसकस्य झलचः" यकृन्ति । "पद्दन्नो० ८।१।६३/२२८" इससे शसादि प्रत्यय परे रहते 'यकन्' आदेश, यकानि । अल्लोप, यक्ना, यकृता । आगे पुंवत् ।

यकृत् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	यकृत्–द्	यकृती	यकृन्ति
सं०	हे यकृत्–द्	हे यकृती	हे यकृन्ति
द्वि०	यकृत्–द्	यकृती	यकानि, यकृन्ति
तृ०	यक्ना, यकृता	यकभ्याम्, यकृद्भ्याम्	यकभिः, यकृद्भिः
च०	यक्ने, यकृते	यकभ्याम्, यकृद्भ्याम्	यकभ्यः, यकृद्भ्यः
पं०	यक्नः, यकृतः	यकभ्याम्, यकृद्भ्याम्	यकभ्यः, यकृद्भ्यः
ष०	यक्नः, यकृतः	यक्नोः, यकृतोः	यक्नाम्, यकृताम्
स०	यक्नि, यकनि, यकृति	यक्नोः, यकृतोः	यकसु, यकृत्सु.

इसी प्रकार शकृत् (विष्ठा) शब्द–

शकृत् । शकृती । शकृन्ति, शकानि । शक्ना, शकृता इत्यादि पुंवत् ।

शकृत् शब्दके रूप–

विभ०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	शकृत्–द्	शकृती	शकृन्ति
सं०	हे शकृत्–द्	हे शकृती	हे शकृन्ति
द्वि०	शकृत्–द्	शकृती	शकानि, शकृन्ति
तृ०	शक्ना, शकृता	शकभ्याम्, शकृद्भ्याम्,	शकभिः, शकृद्भिः
च०	शक्ने, शकृते	शकभ्याम्, शकृद्भ्याम्,	शकभ्यः, शकृद्भ्यः
पं०	शक्नः, शकृतः	शकभ्याम्, शकृद्भ्याम्	शकभ्यः, शकृद्भ्यः
ष०	शक्नः, शकृतः	शक्नोः, शकृतोः	शक्नाम्, शकृताम्
स०	शक्नि, शकनि, शकृति	शक्नोः, शकृतोः	शकसु, शकृत्सु.

ददत् (देनेवाला) शतृप्रत्ययान्त शब्द–

यह ददत् शब्द पीछे (सि० ४२६) दरसाये हुएकी समान अभ्यस्तसंज्ञक है, 'स्वमोर्लुक्' ददत् । शी परे रहते अभ्यस्तके अगले 'शतृ' प्रत्ययको नुम्की प्राप्ति ही नहीं, कारण कि उसके पहले अङ्गके 'आ' इस वर्णका लोप हुआहै, तो अवर्णसे पर नहीं है, ददती । आगे शि सर्वनामस्थान रहते–

४४४ वा नपुंसकस्य । ७।१।७९॥

अभ्यस्तात्परो यः शता तदन्तस्य क्लीबस्य नुम् वा स्यात्सर्वनामस्थाने । ददन्ति । ददति ॥ तुदत्॥

४४४–अभ्यस्तसे परे जो 'शतृ' प्रत्यय तदन्त क्लीब (नपुंसक) शब्दको विकल्पसे नुम् हो, आगे सर्वनामस्थान हो ।

सामान्यतः सब धातुओंके आगे शतृ (अत्) प्रत्ययको सु औ, जस्, अम्, औट् यह सर्वनामस्थान आगे रहते "उगिदचां सर्वनामस्थाने० ७।१।७०/३६१" इससे नुम् होताहै, वैसे ही 'शि' यह सर्वनामस्थान परे रहते "नपुंसकस्य झलचः ७।१।७२/३१४" इससे नुम् होताहै, अब निषेध कहेजानेसे "नाभ्यस्ताच्छतुः ७।१।७८/४२७" इससे सामान्यतः अभ्यस्तके आगेके 'शतृ' प्रत्ययको नुमागम नहीं यही एक निषेध है, परन्तु इस निषेधको फिर "वा नपुंसकस्य ७।१।७९/४४४" इससे नपुंसकमें (आगे सर्वनामस्थान हो तो) विकल्प है । अब शी, नदी, इनके सम्बन्धसे नुमागमके विषयमें आगे शी किंवा नदी रहते शत्रन्तको नुमागम होनेके निमित्त उस शतृ प्रत्ययके पिछले धातुको अवर्णान्तत्व होना चाहिये उसमें फिर शप् (अ) विकरणान्त (भ्वादिगणस्थ) और श्यन् (य) विकरणान्त (दिवादिगणस्थ) धातुओंसे आगे शी अथवा नदी हो तो "शप्श्यनोर्नित्यम् ७।१।८१/४४६" इससे नित्य नुम् होताहै । और आकारान्त (अदादिगणके) धातु और श (अ) विकरणान्त (तुदादिगणस्थ धातु) इनसे शी, नदी, आगे हों तो "आच्छीनद्योर्नुम् ७।१।८०/४४५" इससे विकल्प करके नुम् होताहै, अन्यत्र नुमागम है ही नहीं ।

"नाभ्यस्ताच्छतुः" यह निषेध यहां भी (अ० शी, नदी, प्रत्यय परे रहते) प्राप्त हुआहोता, परन्तु शतृप्रत्ययके पहले अभ्यस्तके अन्त्यवर्णको "श्नाभ्यस्तयोरातः ६।४।११२/२४८३" इससे लोप होही जाताहै इस कारण अवर्णान्तत्वाभावके कारण वहां नुम्की प्राप्ति कहींभी नहीं, उसी प्रकारसे श्ना (ना) विकरणान्त (क्र्यादिगणके) धातुके अगले भी आकारका इसी सूत्रसे लोप होताहै इसलिये उनके आगेके शतृप्रत्ययको नुम् नहीं ।

शतृप्रत्ययान्त शब्दको स्त्रीलिङ्ग होनेके लिये नदी ङीप् प्रत्यय होताहै और उसी समय नुम्की साध्यबाधता निश्चित होकर ईकारान्त रूप सिद्ध होताहै, इस कारण उन स्त्रीलिङ्ग शब्दोंके परे विभक्तियां लानी होतीहैं, तब फिर नुम्का निमित्त ही नहीं है, कारण कि उन शब्दोंमेंके शतृ प्रत्ययके आगे अव्यवहित सर्वनामस्थान नहीं ।

"उगिदचाम्० ७।१।७०/३६१" और "नपुंसकस्य झलचः ७।१।७२/३१४" इन दोनोंका भी कार्य नुम् है तथापि "नपुंसकस्य झलचः" इसको परत्व होनेके कारण नपुंसकमें इसका कार्य होताहै ॥

यह सब अनुगम भली प्रकारसे ध्यानमें रखना चाहिये यही प्रकरण आगे है ॥

---

१ यहां थोडासा विशेष ध्यान देना चाहिये, शतृ (अत्) प्रत्ययान्त शब्दोंको भिन्न २ तीन निमित्तोंसे नुम् (न्) आगम होताहै और उस नुम्के विकल्पस्थल भी हैं, वे निमित्त यह हैं–१ सर्वनामस्थान, २ शीप्रत्यय, और ३ नदी (ङीप् ४।१।६/४५५ प्रत्यय), इनमेंसे सर्वनामस्थान परे रहते प्राप्ति, निषेध स्थल अलग २ और शी वा नदी होते अलग स्थल हैं ।

होते "उगिदचाम्०" और "नपुंसकस्य झलचः" इनसे नुमागमका "नाभ्यस्ताच्छतुः" यह जो निषेध है उसका भी बाधक यह विकल्प है, ददन्ति, ददति । पुनस्तद्वत् । आगे पुंवत् (४२७) ॥

तुदत् (पीडा देनेवाला) शब्द–

यह 'तुद व्यथने' इस तुदादिगणस्थ श (अ) विकरणवाले धातुसे तुद्+अ+अत् ऐसा शत्रन्त बनाहुआ है, तुदत् । आगे–

४४५ आच्छीनद्योर्नुम् ।७।१।८०॥

अवर्णान्तादङ्गात्परो यः शतुरवयवस्तदन्तस्याङ्गस्य नुम् वा स्याच्छीनद्योः परतः । तुदन्ती । तुदती । तुदन्ति ॥ भात् । भान्ती । भाती । भान्ति ॥ पचत् ॥

४४५–अवर्णान्त (अकारान्त और आकारान्त) अङ्गसे परे स्थित शतृ (अत्)प्रत्ययका अवयव (त्) तदन्त अङ्गको विकल्पसे नुम् हो, औके स्थानमें होनेवाले शी वा नदी (ङीप् ४।१।६/४५५) आगे हो तो 'तुदत्' इसमें शतृ (अत्) प्रत्ययके 'त्' इस अवयवके पूर्व (पहले) 'तुद' ऐसा श (अ) विकरणान्त (३।१।७७/२५३४) अर्थात् अवर्णान्त अंग है इससे विकल्प करके नुम्,तुदन्ती,तुदती । आगे शि होते "नपुंसकस्य झलचः" इससे नुम्, पुनस्तद्वत् । आगे सरल रूप ददत्के समान ॥

भात् (प्रकाश करनेवाला) शब्द–

'भा दीप्तौ' (अदादिगण) यह आकारान्त धातु है इसके आगे कोई विकरण नहीं रहता, इसलिये केवल शतृ प्रत्यय, 'भात्' के आगे शी रहते भाके अवर्णके कारण "आच्छीनद्योर्नुम्" विकल्पसे नुम् हुआ, भान्ती, भाती । "नपुंसकस्य०" इससे नुम्, भान्ति । आगे सरल रूप हैं ॥

पचत् (पकानेवाला) शब्द–

भ्वादिगणके पच् धातुसे बनाहुआ शत्रन्त, पचत् । "कर्तरि शप् ३।१।६८/२१६७" इससे पच् धातुसे शप् (अ) यह विकरण है, परन्तु–

४४६ शप्श्यनोर्नित्यम् ।७।१।८१॥

शप्श्यनोरात्परो यः शतुरवयवस्तदन्तस्य नित्यं नुम् स्याच्छीनद्योः परतः । पचन्ती । पचन्ति ॥ दीव्यत् । दीव्यन्ती । दीव्यन्ति॥ स्वप् । स्वब् । स्वपी । नित्यात्परादपि नुमः प्राक् अप्तृन्निति दीर्घः प्रतिपदोक्तत्वात् । स्वाम्पि । निरवकाशत्वं प्रतिपदोक्तत्वमिति पक्षे तु प्रकृते तद्विरहान्नुमेव । स्वम्पि । स्वपा । अपो भि । स्वद्भ्याम् । स्वद्भिः ॥ अर्तिपिपर्तीत्यादिना धनेरुस् । रुत्वम् । धनुः । धनुषी । सान्तेति दीर्घः । नुम्विसर्जनीयेति षत्वम् । धनूंषि । धनुषा । धनुर्भ्याम् । एवं चक्षुर्हविरादयः ॥ पिपठिषतेः क्विप् । र्वोरिति दीर्घः । पिपठीः । पिपठिषी । अल्लोपस्य स्थानिवत्त्वाज्झलन्तलक्षणो नुम् न । स्वविधौ स्थानिवत्त्वाभावादजन्तलक्षणोपि नुम् न । पिपठिषि । पिपठीर्भ्यामित्यादि ॥ पयः । पयसी । पयांसि । पयसा । पयोभ्यामित्यादि ॥ सुपुम् । सुपुंसी । सुपुमांसि ॥ अदः । विभक्तिकार्यम् । उत्वमत्वे । अमू । अमूनि । शेषं पुंवत् ॥

॥ इति हलन्ता नपुंसकलिंगाः ॥

४४६–शप् (अ) और श्यन् (य) इन विकरणोंके अवर्णसे आगे जो शतृ प्रत्ययका अवयव तदन्तको नित्य नुम् हो, शी अथवा नदी आगे होते । पचन्ती । शि सर्वनामस्थान परे रहते "नपुंसकस्य०" इससे नुम् है ही, पचन्ति । आगे पूर्ववत् सरल रूप ॥

दीव्यत् (खेलनेवाला) शब्द–

'दिवु क्रीडायाम्' इस दिवादिगणस्थ धातुसे शत्रन्त बना है, बीचमें "दिवादिभ्यः श्यन् ३।१।६९/२५०५" इससे श्यन् (य) विकरण और उसमें यकारके कारण "हलि च ८।२।७५/३५४" इससे इकारको दीर्घ होकर 'दीव्यत्' यह प्रातिपादिक बना, 'स्वमोर्लुक्' दीव्यत् । दीव्यत्+औ इसको शी होकर प्रस्तुत सूत्रसे नित्य नुम्, दीव्यन्ती । दीव्यत्+शि "नपुंसकस्य झलचः" दीव्यन्ति । पुनस्तद्वत् । आगे पुंवत् ॥

स्वप् शब्द–

'सुष्ठु आपः यस्मिन् तत्' (अच्छा जल है जिसमें सो) स्वप्+सु=स्वप्, स्वब् । स्वप्+शी=स्वपी । स्वप्+शि–(नित्यात्परादिति) नित्य और पर ऐसा भी नुम् है (७।१।७२/३१४) तो भी वह होनेके पहले "अप्तृन्तृच्० ६।४।११/२७७" इससे दीर्घ हुआ, कारण कि, उस दीर्घको प्रतिपदोक्तत्व है अर्थात् जानबूझकर उसका विशेष विधान किया है, अनन्तर नुम्, स्वाम्पि । जो पहले किया होता, तो स्वम्प्+इ ऐसी स्थिति होनेसे अकारको उपधात्व नहीं, इससे "अप्तृन्०" इससे होनेवाला दीर्घ न होता, (निरवकाशत्वमिति) कोई कोई कहतेहैं कि, सूत्रको निरवकाशत्व रहना (अर्थात् उसके कार्यको और कहीं भी स्थल न रहना) इसका नाम प्रतिपदोक्त है, तो "अप्तृन्०" इसको अन्यत्र (सि० ४४१ में) अप् शब्दमें अवकाश है, इससे प्रकृत कार्य्यमें प्रतिपदोक्तत्व नहीं, उनके मतसे उस सूत्रकी प्राप्ति ही नहीं अर्थात् दीर्घ नहीं, स्वम्पि । स्वप्+टा=स्वपा । "अपो भि ७।४।४८/४४२" स्वद्भ्याम् । स्वद्भिः ।

स्वप् शब्दके रूप–

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	स्वप्–ब्	स्वपी	स्वाम्पि, स्वम्पि
सं०	स्वप्–ब्	स्वपी	स्वाम्पि, स्वम्पि

---

१ इस सूत्रमें नुम्ग्रहण करनेका कुछ प्रयोजन नहीं, कारण कि, इस सूत्रके पूर्वका सूत्र है "वा नपुंसकस्य ७ । १ । ७९" इसमें "इदितो नुम् धातोः ७ । १ । ५८" से नुम्की अनुवृत्ति आतीहै वही अनुवृत्ति यहां पर भी आवेगी, उसके आनेमें कोई बाधक नहीं है ॥

द्वि०	स्वप्-ब्	स्वपी	स्वाम्पि, स्वम्पि
तृ०	स्वपा	स्वद्भ्याम्	स्वद्भिः
च०	स्वपे	स्वद्भ्याम्	स्वद्भ्यः
पं०	स्वपः	स्वद्भ्याम्	स्वद्भ्यः
ष०	स्वपः	स्वपोः	स्वपाम्
स०	स्वपि	स्वपोः	स्वप्सु.

धनुष् शब्द-

"अर्तिपृवपियजितनिधनितपिभ्यो नित् (उणा० २।११६)" इससे धन धातुके आगे उस् प्रत्यय हुई 'स्वमोर्लुक्' (रुत्व-म्) षत्व (८।३।५९/२१२) असिद्ध है इस कारण "ससजुषो रुः ८।२।६६/१६२" इससे रुत्व, विसर्ग, धनुः। धनुस् औ=षत्व, धनुषी। आगे 'शि' रहते "नपुंसकस्य झलचः" इससे नुम् होकर 'धनुन्स्+इ' ऐसी स्थिति हुई, "सान्त महतः संयोगस्य ६।४।१०/३१७" इससे नकारकी उपधाको दीर्घ, नकारको अनुस्वार, "नुम्विसर्जनीयशर्व्यवायेऽपि ८।३।५८/४३४" इससे षत्व, धनूंषि। धनुस्+टा=धनुषा। पदान्तमें रुत्व, धनुर्भ्याम्। यह शब्द धातु नहीं इसलिये "र्वोरुपधायाः०" इससे दीर्घ नहीं।

धनुष् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	धनुः	धनुषी	धनूंषि
सं०	हे धनुः	हे धनुषी	हे धनूंषि
द्वि०	धनुः	धनुषी	धनूंषि
तृ०	धनुषा	धनुर्भ्याम्	धनुर्भिः
च०	धनुषे	धनुर्भ्याम्	धनुर्भ्यः
पं०	धनुषः	धनुर्भ्याम्	धनुर्भ्यः
ष०	धनुषः	धनुषोः	धनुषाम्
स०	धनुषि	धनुषोः	धनुःषु-ष्षु.

इसी प्रकारसे चक्षुष् (नेत्र) हविष् (होमद्रव्य) इत्यादिके रूप जानने।

पिपठिष् शब्द-

(पिपठिषतेः क्विप्) पुँल्लिङ्गमें (४३२), दिखायेके अनुसार पिपठिषके आगे क्विप् होकर 'पिपठिष्' यह प्रातिपदिक बना, (स्वमोर्लुक्) "र्वोरुपधाया० ८।२।७६/४३३" इससे पदान्तमें उपधादीर्घ, विसर्ग, पिपठीः। 'शी' में पिपठिषी। आगे शि रहते (अल्लोपस्येति) (४४३ में 'बेभिद्' शब्दके समान) अल्लोपको स्थानिवत्त्व होनेसे झलन्तलक्षण नुम् नहीं होता, स्वेके विधानमें स्थानिवत्त्वाभाव है इसलिये अजन्तलक्षण भी नुम् नहीं होता, तथा दीर्घ भी नहीं होता, पिपठिषि। पिपठीर्भ्याम्-इत्यादि (४३३) पुंवत् ॥

सान्त पयस् (दूध) शब्द-

'स्वमोर्लुक्' रुत्व, विसर्ग, पयस्+सु=पयः। पयस्+शी=पयसी। पयस्+शि-नुम्, "सान्त महतः०" इससे दीर्घ, पयांसि। पयस्+टा=पयसा। पदान्तमें रुत्व, उत्व, पयोभ्याम् इत्यादि।

पयस् शब्दके रूप-

वि०	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	पयः	पयसी	पयांसि
सं०	हे पयः	हे पयसी	हे पयांसि
द्वि०	पयः	पयसी	पयांसि
तृ०	पयसा	पयोभ्याम्	पयोभिः
च०	पयसे	पयोभ्याम्	पयोभ्यः
पं०	पयसः	पयोभ्याम्	पयोभ्यः
ष०	पयसः	पयसोः	पयसाम्
स०	पयसि	पयसोः	पयःसु-स्सु.

सुपुम्स् (सुन्दर पुरुष हैं जिसमें सो) शब्द-

'स्वमोर्लुक्', संयोगान्तलोप, सुपुम्। अनुस्वार, सुपुंसी। शि आगे रहते "पुंसोऽसुङ् ७।१।८९/४३६" इससे असुङ् (अस्) पुमस्+इ ऐसी स्थिति रहते नुम् और सान्तत्वके कारण उपधादीर्घ, सुपुमांसि। फिर इसी प्रकार। आगे पुंवत् (४३६) ॥

अदस् (यह) शब्द-

'स्वमोर्लुक्,' रुत्व, विसर्ग, अदः। आगे प्रत्यय रहते त्यदाद्यत्व, (विभक्तिकार्यम्) शी परे रहते अदे, अदस्+शि=अदानि, ऐसी स्थिति होकर उत्व, मत्व,-(दकारपरेके वर्णको उत्व और दकारको मत्व) अमू। अमूनि। शेष पुंवत् (सि० ४३९) ॥

॥ इति हलन्ता नपुंसकलिङ्गाः ॥

अथाव्ययप्रकरणम्।

४४७ स्वरादिनिपातमव्ययम् १।१।३७॥

स्वरादयो निपाताश्चाव्ययसंज्ञाः स्युः। स्वर्, अन्तर्, प्रातर्, पुनर्, सनुतर्, उच्चैस्, नीचैस्, शनैस्, ऋधक्, ऋते, युगपत्, आरात्, पृथक्, ह्यस्, श्वस्, दिवा, रात्रौ, सायम्, चिरम्, मनाक्, ईषत्, जोषम्, तूष्णीम्, बहिस्, अवस्, समया, निकषा, स्वयम्, वृथा, नक्तम्, नञ्, हेतौ, इद्धा, अद्धा, सामि, वत्, ब्राह्मणवत्, क्षत्रियवत्, सना, सनत्, सनात्, उपधा, तिरस्, अन्तरा, अन्तरेण, ज्योक्, कम्, शम्, सहसा, विना, नाना, स्वस्ति, स्वधा, अलम्, वषट्, श्रौषट् वौषट्, अन्यत्, अस्ति, उपांशु, क्षमा, विहायसा, दोषा, मृषा, मिथ्या, मुधा, पुरा, मिथो, मिथस्, प्रायस्, मुहुस्। प्रवाहुकम्, प्रवाहिका, आर्यहलम्, अभीक्ष्णम्, साकम्, सार्धम्, नमस्, हिरुक्, धिक्, अम्, आम्, प्रताम्, प्रशान्, प्रतान्, मा, माङ्, आकृतिगणोऽयम् ॥ च, वा, ह, अह, एव, एवम्, नूनम्,

---

१ प्राचीनोंने "पुंसोऽसुङ्" इस सूत्रका सुट्में (पांच वचनमें) असुङ् हो ऐसी व्याख्या कियाहै, परन्तु उनके मतमें जस्में 'सुपुमांसि'' सिद्ध होगा शस्में नहीं होगा और 'सुपुंसी' यहां पर भी होजायगा यह सब दोष हैं, इसलिये सर्वनामस्थानकी अनुवृत्ति करके व्याख्यान किया है, तो सब इष्ट सिद्ध होजातेहैं और कोई दोष भी नहीं होता ॥

शश्वत्, युगपत्, भूयस्, कूपत्, कुवित्, नेत्, चेत्, चण्, कच्चित्, यत्र, नह, हन्त, माकिः, माकिम्, नकिः, नकिम्, माङ्, नञ्, यावत्, तावत्, त्वै, द्वै, न्वै, रै, श्रौषट्, वौषट्, स्वाहा, स्वधा, तुम्, तथाहि, खलु, किल, अथ, सुष्ठु, स्म, आदह, उपसर्गविभक्तिस्वरप्रतिरूपकाश्च, अवदत्तम्, अहंयुः, अस्तिक्षीरा, अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, पशु, शुकम्, यथाकथाच, पाट्, प्याट्, अङ्ग, है, हे, भोः, अये, द्य, विषु, एकपदे, युत्, आतः। चादिरप्याकृतिगणः ॥

४४७–स्वर्–इत्यादि गणके शब्द और निपातसंज्ञक शब्द १।४।५७–९८ / २० इनकी 'अव्यय' संज्ञा हो।

अव्यय	संस्कृत अर्थ	भाषार्थ
स्वर्–	स्वर्गे परलोके च	स्वर्ग वा परलोक
अन्तर्–	मध्ये	मध्यमें
प्रातर्–	प्रत्यूषे	प्रातःकाल
पुनर्–	अप्रथमे विशेषे च	फिर वा विशेष
सनुतर्–	अन्तर्धाने	अन्तर्धान
उच्चैस्–	महति	ऊंचा, बड़ा
नीचैस्–	अल्पे	नीचा, थोडा
शनैस्–	क्रियामान्द्ये	धीरे धीरे
ऋधक्–	सत्ये। वियोगशीघ्रसामीप्यलाघवेषु इत्यन्ये	यथार्थ–वियोग, शीघ्र, समीपता, छोटेपन, यह किसीका मत है.
ऋते–	वर्जने	विना
युगपत्	एककाले	एक कालमें
आरात्–	दूरसमीपयोः	दूर वा निकट
पृथक्–	भिन्ने	अलग
ह्यस्–	अतीतेहनि	बीता हुआ काल
श्वस्–	अनागतेऽहनि	आनेवाला कलका दिन
दिवा–	दिवसे	दिनमें
रात्रौ–	निशि	रातमें
सायम्–	निशामुखे	सायंकाल

अ०	सं० अ०	भा० अर्थ
चिरम्–	बहुकाले	बहुत समयतक
मनाक्–	अल्पे	थोड़ा
ईषत्–	अल्पे	थोड़ा
जोषम्–	सुखे मौने च	मौन वा सुख
तूष्णीम्–	मौने	मौन
बहिस्–	बाह्ये	बाहर
अवस्–	बाह्ये	बाहरकी ओर
समया–	समीपे मध्ये च	निकट वा मध्यमें
निकषा–	अन्तिके	निकट
स्वयम्–	आत्मना इत्यर्थे	आप ही
वृथा–	व्यर्थे	निष्फल
नक्तम्–	रात्रौ	रातमें
नञ्–	निषेधे	नहीं
हेतौ–	निमित्ते	कारणमें
इद्धा–	प्राकाश्ये	प्रकाशतासे
अद्धा–	स्फुटावधारणयोः	स्पष्टता वा निश्चयसे
सामि–	अर्धजुगुप्सितयोः	अर्ध वा निन्दित
वत्–	तुल्ये	सदृश
ब्राह्मणवत्	ब्रा० तुल्ये	ब्राह्मणकी तुल्य
क्षत्रियवत्–	क्ष० तुल्ये	क्षत्रियकी तुल्य
सना–	नित्ये	नित्य
सनत्–	नित्ये	सदा
सनात्–	नित्ये	सर्वदा
उपधा–	भेदे	विभाग
तिरस्–	अन्तर्धौ तिर्यगर्थे परिभवे च	अन्तर्धान, तिर्यक्, तिरस्कार
अन्तरा–	मध्ये विनार्थे च	मध्य वा विना
अन्तरेण–	वर्जने	वर्जन
ज्योक्–	कालभूयस्त्वप्रश्नशीघ्रार्थसंप्रत्यर्थेषु	कालबाहुल्य, प्रश्न, शीघ्रता, संप्रति
कम्–	वारिमूर्धनिन्दासुखेषु	जल, मस्तक, निन्दा, सुख
शम्–	सुखे	सुख
सहसा–	आकस्मिकाविमर्शयोः	विनाहेतुक वा अविचारसे
विना–	वर्जने	छोडकर
नाना–	अनेकविनार्थयोः	अनेक वा विना
स्वस्ति–	मङ्गले	कल्याण मंगल
स्वधा–	पितृदाने	पितृसम्बन्धी दान
अलम्–	भूषणपर्याप्तिशक्तिवारणनिषेधेषु	भूषण, पूर्त्ति, शक्ति, वारण, निषेध
वषट्, श्रौषट्, वौषट्	हविर्दाने	देवसम्बन्धी हविर्दानमें यह तीनों शब्द हैं
अन्यत्–	अन्यार्थे	और रीतिसे
अस्ति–	सत्तायाम्	है
उपांशु–	अप्रकाशोच्चारणरहस्ययोः	गुप्तरीतिसे बोलना, रहस्य

१ इस सूत्रमें स्वरादिग्रहण क्यों किया? यदि यह कहो कि, इनको अव्ययसंज्ञा किस तरह होगी? तो 'च' आदिमें 'स्वर्' आदि पढेंगे, निपात ही मानकर उनको भी अव्यय संज्ञा होजायगी और "तद्धितश्चासर्वविभक्तिः १।१।३८•३९-४०-४१ / ४४८" इन सूत्रोंको "चादयोऽसत्त्वे १।४।५७ / २०" इसके आगे पढेंगे और जिन सूत्रोंमें 'अव्यय' शब्द है वहांपर 'निपात' ही उच्चारण करेंगे, ऐसी शङ्का होनेपर कहतेहैं कि, अद्रव्यवाची जो चादि हैं उनकी निपात संज्ञा होतीहै और स्वर् आदि चाहे अद्रव्यार्थक हों वा द्रव्यार्थक हों उनकी अव्ययसंज्ञा होती ही है, तो 'स्वः पश्यति' 'स्वस्ति वाचयति' इत्यादिमें कर्मादिका योग होनेसे द्रव्यार्थकत्व आताहै इस कारण यहां निपात संज्ञा न होनेसे अव्यय संज्ञा न होगी इस वास्ते स्वरादि ग्रहण करना चाहिये ॥

अ०	सं० अ०	भा० अ०
क्षमा-	क्षान्तौ	सहन
विहायसा-	वियदर्थे	आकाशमें
दोषा-	रात्रौ	रातमें
मृषा- मिथ्या-	वितथे	झूठ-असत्य
मुधा-	व्यर्थे	निष्प्रयोजन
पुरा-	अविरते चिरातीते भविष्यदासन्ने च	निरन्तर, पहलेसे, भविष्य, समीप,
मिथो मिथस्	रहःसहार्थयोः	एकान्त, परस्पर
प्रायस्-	बाहुल्ये	बहुधा
मुहुस्-	पुनरर्थे	बार बार
प्रवाहुकम् प्रवाहुका	समकाले ऊर्ध्वार्थे च	उसी समय अथवा ऊपर
आर्यहलम्-	बलात्कारे	बलात्कार
अभीक्ष्णम्-	पौनःपुन्ये	बारबार, निरंतर
साकम् सार्धम्	सहार्थे	साथ
नमस्-	नतौ	नमस्कार
हिरुक्-	वर्जने	विना
धिक्-	निन्दाभर्त्सनयोः	निन्दा, धमकाना
अम्-	शैघ्र्येऽल्पे च	शीघ्रतासे वा अल्पतासे
आम्-	अङ्गीकारे	अङ्गीकार करना
प्रताम्-	ग्लानौ	ग्लानि
प्रशान्-	समानार्थे,	सदृश
प्रतान्-	विस्तारे	विस्तार-बढाव
मा माङ्	शंकानिषेधयोः	आशंका वा निषेध

(आकृतिगणोयम्) यह स्वरादि आकृतिगण है।
निपात लिखते हैं-

अ०	सं० अ०	भा० अ०
च-	समुच्चयान्वाचयेतरेतरयोगसमाहारेषु	समुच्चय, अन्वाचय, इतरेतरयोग, समाहार
वा-	विकल्पोपमयोरिवार्थे च समुच्चये	विकल्प, उपमा, निश्चय, समुच्चय
ह-	प्रसिद्धौ	प्रसिद्धिमें
अह-	पूजायाम्	पूजा, आदर
एव-	अवधारणेऽनवक्लृप्तौ च	निश्चय, अनिश्चय
एवम्-	उक्तपरामर्शे	ऐसा
नूनम्-	निश्चये वितर्के च	निश्चय वा संभावना
शश्वत्-	पौनःपुन्ये सहार्थे च	निरन्तर (सर्वदा), साथ
युगपत्-	एककाले	एककालमें
भूयस्-	पुनरर्थे आधिक्ये च	बहुधा, अधिकता
कूपत् सूपत्	प्रश्ने प्रशंसायां च	प्रश्न वा प्रशंसा, अच्छा
कुवित्-	भूर्यर्थे प्रशंसायां च	बाहुल्य वा प्रशंसा
नेत्-	शंकाप्रतिषेधविचारसमुच्चयेषु	शंका, निषेध, विचार, समुच्चय,
चेत्-	यद्यर्थे	यदि, जो
चण्-	(च) चेदर्थे	जो
कच्चित्-	इष्टप्रश्ने	इष्टप्रश्न-क्या
किंचित्-	ईषदर्थे	कुछ
यत्र-	आश्चर्यादौ	आश्चर्य, अनिश्चय, निन्दा, अक्षमा,
नह-	प्रत्यारम्भे	नहीं
हन्त-	हर्षविषादवाक्यारम्भानुकम्पासु	हर्ष, विषाद, वाक्यारम्भ, दया
माकिः माकिम् नकिः नकिम्	वर्जने	नहीं (ठीकठीक)
माङ्- नञ्	वर्जने	नहीं
यावत् तावत्	साकल्ये	जितना, जबतक तितना, तबतक
त्वै-	विशेषवितर्कयोः	विशेष, वितर्क
द्वै-	वितर्के	वितर्क, कदाचित्
न्वै-	वितर्के	वितर्क
रै-	दाने अनादरे च	दान अनादर
श्रौषट् वौषट्	हविर्दाने	हविषके देनेमें
स्वाहा-	देवतादाने	देवताके अर्पणमें
स्वधा-	पितृदाने	पितृअर्पणमें
तुम्-	तुंकारे	तुकारकर
तथाहि-	निदर्शने	इस प्रकारसे, इस प्रमाणसे
खलु-	निषेधवाक्यालंकारनिश्चयेषु	निषेध, वाक्यालंकार, निश्चय
किल-	वार्तायामलीके च	वार्ता, अलीक
अथो अथ	मङ्गलानन्तरारम्भप्रश्नकार्त्स्न्याधिकारप्रतिज्ञासमुच्चयेषु	मङ्गल, अनन्तर, आरम्भ, प्रश्न, कार्त्स्न्य, अधिकार, प्रतिज्ञा, समुच्चय
सुष्ठु-	शोभनार्थे	अच्छा
स्म-	अतीते पादपूरणे च	बीतना पादपूरण
आदह-	उपक्रमहिंसाकुत्सनेषु	आरंभ, हिंसा, निंदा.

(उपसर्गविभक्तिस्वरप्रतिरूपकाश्च) उपसर्ग, विभक्ति, स्वर, इनके समान दिखाई देनेवाले शब्द अव्ययसंज्ञक हों। अवदत्तम् (दियाहुआ), अहंयुः (अहंकारवान्), अस्तिक्षीरा (दूध जिसमें वह), इनमें 'अव' यह उपसर्गप्रतिरूपक और अहम्, अस्ति, यह विभक्ति प्रतिरूपक अव्यय हैं, 'अव' यह उपसर्ग होता तो अजन्त होनेके कारण

"अच उपसर्गात्तः ७।४।४७/३०७८" इससे अगले 'दत्त' के दकारके परेके अकारके स्थानमें तकार होकर 'अवत्तम्' ऐसा रूप बना होता । 'अहम्' शब्द विभक्त्यन्त होता तो, समासके कारण विभक्तिलोप हुआ होता । 'अस्ति' यह क्रियापद होता तो, समासही न हुआ होता 'गेये केन विनीतौ वाम्' (युवाम्), त्वामस्मि (अहम्), 'वश्मि'–इत्यादि प्रयोग इसी परसे सिद्ध होतेहैं । अगले दस अव्यय स्वरप्रतिरूपक हैं–

अ–'सम्बोधनाधिक्षेपनिषेधेषु' सम्बोधन, विक्षेप और निषेधवाचक ।

आ–'वाक्यस्मरणयोः' वाक्य और स्मरणार्थक ।

इ–'सम्बोधनजुगुप्साविस्मयेषु' सम्बोधन, निन्दा और विस्मयवाचक ।

ई उ ऊ ए ऐ ओ औ–'सम्बोधने' सम्बोधनवाचक ।

अ०	सं० अ०	भा० अ०
पशु–	सम्यगर्थे	सरस, अच्छा
शुकम्–	शैघ्ये	शीघ्रता
यथाकथाच–अनादरे		अनादर, किसीप्रकार
पाट्–	सम्बोधने	सम्बोधन
स्याट्, अङ्ग, ह, हे, भोः, अये	सम्बोधने	सम्बोधनार्थक.
च–	हिंसाप्रातिलोम्यपादपूरणेषु	हिंसा, प्रतिकूलता, पादपूर्ति, सम्बोधन
विषु–	नानार्थे	नानार्थक, सर्वत्र, जहां तहां
एकपदे–	अकस्मादित्यर्थे	अकस्मात्, एकसमय
युत्–	कुत्सायाम्	दोष, निन्दा
आतः–	इतोपीत्यर्थे	इससे

(चादिरप्याकृतिगणः) चादि भी आकृतिगण है, इसलिये इनको छोड और भी निपात हैं ("चादयोऽसत्त्वे १।४।५७/२०") * ॥

४४८ तद्धितश्चासर्वविभक्तिः ।१।१।३८॥

यस्मात्सर्वा विभक्तिर्नोत्पद्यते स तद्धितान्तोऽव्ययं स्यात् । परिगणनं कर्तव्यम् । तसिलादयः प्राक् पाशपः । शस्प्रभृतयः प्राक् समासान्तेभ्यः । अम् । आम् । कृत्वोर्थाः । तसिवती । नानाञाविति । तेनेह न । पचतिकल्पम् । पचतिरूपम् ॥

४४८–तद्धितप्रत्ययान्त जो शब्द, उनमेंसे जिनके आगे सब विभक्तियां नहीं लगतीं उनकी अव्ययसंज्ञा हो, ऐसे अव्ययसंज्ञक तद्धितान्त कौनसे हैं इसकी गणना करनी चाहिये (तसिलादयः०) "पञ्चम्यास्तसिल् ५।३।७/१९५३" यहांसे लेकर "याप्ये पाशप् ५।३।४७/१९९३" इसके पूर्वसूत्रतक, (शस्प्रभृतयः०) "बह्वल्पार्थाच्छस्० ५।४।४२/२१०९" यहांसे लेकर "समासान्ताः ६।४।६८/६७६" इसके पूर्व सूत्रतक । (अम्) "अमु च च्छन्दसि ५।४।१२/३५०२" इससे होनेवाला अमु (अम्) । (आम्) "किमेत्तिङव्ययघादामु० ५।४।११/२००४" इससे होनेवाला आमु (आम्) । (कृत्वोर्थाः) "संख्यायाः क्रिया० ५।४।१७/२०८५" इत्यादि सूत्रोंसे होनेवाले कृत्वसुच् (कृत्वस्) सुच् (स्),–इत्यादि आवृत्तिसूचक प्रत्यय । (तसिवती) "तेनैकदिक्, तसिश्च ४।३।११२-१३/१४९२-३" इनसे तसि (तस्) और "तेन तुल्यं क्रिया चेत्० ५।१।११५/१७७८" इससे वति (वत्) प्रत्यय । (नानाञौ०) "विनञ्भ्यां नानाञौ० ५।२।२७/१८२८" इस सूत्रसे ना, नाञ् (ना), इन प्रत्ययवाले सब शब्दोंकी अव्ययसंज्ञा जाननी चाहिये । (तेन इह न) इसलिये इससे बाहर "ईषदसमाप्तौ० ५।३।६७/२०२२" इससे होनेवाला कल्पप् (कल्प) और "प्रशंसायां रूपप् ४।३।६६/२०२१" इससे होनेवाला रूपप् (रूप) इत्यादि जो तद्धित प्रत्यय तदन्तोंकी अव्यय संज्ञा नहीं, 'पचतिकल्पम्' (कच्चा पकाताहै) 'पचतिरूपम्' (अच्छा पकाताहै) ॥

४४९ कृन्मेजन्तः ।१।१।३९॥

कृद्यो मान्त एजन्तश्च तदन्तमव्ययं स्यात् । स्मारंस्मारम् । जीवसे । पिबध्यै ॥

४४९–धातुके अधिकारमें कहेहुए "कृदतिङ् ३।१।९३/३७४" सूत्रसे जो कृत्संज्ञक प्रत्यय मकारान्त, तथा ए ऐ ओ औ–कारान्त जो हैं तदन्तोंकी अव्ययसंज्ञा हो, मकारान्त (स्मारंस्मारम्) फिरफिर स्मरण करके । वैदिकशब्द एकारान्त, जीवसे ('जीवितुम्' अर्थात् बचनेके कारण) यह असेन् (असे) (३।४।९/३४३६) प्रत्ययान्त । पिबध्यै (पातुम् अर्थात् पीनेके निमित्त) यह शध्यै (अध्यै) (३।४।९/३४३६) प्रत्ययान्त ॥

४५० क्त्वातोसुन्कसुनः ।१।१।४०॥

एतदन्तमव्ययं स्यात् । कृत्वा । उदेतोः । विसृपः ॥

४५०–क्त्वा (त्वा) (३।४।१८-२१/३३१८-२०) तोसुन् (तोस्) (३।४।१६/३४।४३) कसुन् (अस्) (३।४।१७/३४४४) यह प्रत्ययान्त शब्द भी अव्ययसंज्ञक जानने चाहियें, यथा–कृत्वा (करके), उदेतोः ('उदेतुम्' अ० उदय पानेको) । विसृपः ('विसृतुम्' अ० जानेकेलिये) ॥

४५१ अव्ययीभावश्च ।१।१।४१॥

अधिहरि ॥

४५१–अव्ययीभाव समास भी (६४७-६८३) अव्ययसंज्ञक हो । अधिहरि ('हरौ इति' अर्थात् हरिमें) ॥

---

* स्वरादिकोंमेंसे कितने शब्द यहां फिर आयेहुए हैं "निपाता आद्युदात्ताः" (फिट् ४ । १२) इससे स्वरभेद है ॥

१ यहां श्रुत जो कृत् है उसीके साथ मान्त इसका सम्बन्ध होताहै, तदन्तविधिसे 'कृदन्त' के साथ नहीं होता, कारण कि, 'श्रुतानुमितयोः श्रुतसम्बन्धो बलीयान्' ऐसी परिभाषा है, नहीं तो प्रताम् शब्दके द्विवचन प्रतामौ यहांपर भी अव्ययसंज्ञा होकर लुक् होजायगा, कारण कि, "प्रताम्" यह मान्त भी है और प्रत्ययलक्षणसे कृदन्त भी है ॥

४५२ अव्ययादाप्सुपः ।२।४।८२॥

अव्ययाद्विहितस्यापः सुपश्च लुक् स्यात् । तत्र शालायाम् । विहितविशेषणान्नेह । अत्युच्चैसौ । अव्ययसंज्ञायां यद्यपि तदन्तविधिरस्ति तथापि न गौणे । आब्ग्रहणं व्यर्थमलिङ्गत्वात् ॥

सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु ।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥

इति श्रुतिर्लिङ्गकारकसंख्याभावपरा ।

वष्टि भागुरिरल्लोपमवाप्योरुपसर्गयोः ।
आपं चैव हलन्तानां यथा वाचा निशा दिशा॥

वगाहः । अवगाहः । पिधानम् । अपिधानम्॥

॥ इत्यव्ययानि ॥

४५२-अव्ययके उत्तर विधान कियेहुए जो स्त्रीवाचक आप् (आ) और सु, औ, जस्-इत्यादि 'सुप्' प्रत्यय इनका लुक् होताहै । ("ण्यक्षत्रियार्षञितो यूनि लुग्० २।४।५८" सूत्रसे लुक्की अनुवृत्ति होतीहै) 'तत्र शालायाम्' (उस शालामें) इसमें 'शालायाम्' यह 'तत्र' इसका ही अर्थ है इसलिये शाला शब्दके समान 'तत्र' इसके आगे भी स्त्रीवाचक आप् (आ) और सप्तमी प्रत्ययका प्रस्तुत सूत्रसे लुक् हुआ है, कारण कि, "सप्तम्यास्त्रल् ५।३।१० / १९५७" इससे होनेवाली यह त्रल् (त्र) प्रत्यय तसिलादिकोंमेंसे है इसलिये इसको अव्ययत्व है, (विहितेति) विहित अर्थात् विवक्षित शब्दके आगे कहाहुआ, ऐसा विशेषण लगाहुआ है, इस कारण 'अत्युच्चौसौ' (उच्चको अतिक्रमण करनेवाले, दो जने) इसमें 'औ' प्रत्ययका लुक् नहीं हुआ, कारण यह कि, 'उच्चैस्' शब्दके परे यद्यपि औ प्रत्यय है, तो भी 'उच्चैस्' से विहित नहीं है ।(अव्ययसंज्ञायामिति) अव्ययसंज्ञा होते यद्यपि 'प्रयोजनं सर्वनामाव्ययसंज्ञायाम्' इस भाष्यकारके वचनसे तदन्तविधि है, तो भी इस शब्दमें 'उच्चैस्' शब्द नहीं है, 'अत्युच्चैस्' इसमें विशेषण है, इसलिये उसको गौणत्व है, गौण होनेके कारण "गौणमुख्ययोर्मुख्ये कार्य्यसम्प्रत्ययः" इस न्यायसे यहां लुक् नहीं । सूत्रमें आप् ग्रहण व्यर्थ है, कारण कि, अव्यय अलिङ्ग है, यह अगली श्रुतिसे स्पष्ट है । (सदृशमिति०) तीनो लिङ्गोंमें समान, सब विभक्तियोंमें समान, सब वचनोंमें समान, अर्थात् जिसमें कभी भी विकार उत्पन्न नहीं होता, वह अव्यय है । (इति श्रुतिः लिङ्गकारकसंख्याऽभावपरा) ऐसी लिङ्ग, कारक (विभक्तिसम्बन्ध), संख्या (वचन) इनका अभाव दरसानेवाली यह (आथर्वण) श्रुति है ।

अव्ययप्रकरणमें कुछ विशेषता कहतेहैं-

(वष्टि भागुरीति) भागुरिनामक वैयाकरणको 'अव' और 'अपि' इन उपसर्गोंमेंका अकारलोप इष्ट है, वैसेही हलन्त स्त्रीलिङ्ग शब्दोंका आबन्तत्व इष्ट माना है, जैसे-'वाच्' इसके वाचा, निशके निशा और दिश्के दिशा । वगाहः, अवगाहः (स्नान), । पिधानम्, अपिधानम् (ढकना) विकल्पके कारण यहां दोनों प्रकारके रूपोंका ग्रहण जानना चाहिये[२] ॥

॥ इति अव्ययानि ॥

अथ स्त्रीप्रत्ययप्रकरणम् ।

४५३ स्त्रियाम् । ४ । १ । ३ ॥

अधिकारोऽयं समर्थानामिति यावत् ॥

४५३-यह अधिकारसूत्र है, "समर्थानां प्रथमाद्वा ४।१।८२ / १०७२" इस सूत्रतक चलेगा ॥

४५४ अजाद्यतष्टाप् । ४ । १ । ४ ॥

अजादीनामकारान्तस्य च वाच्यं यत् स्त्रीत्वं तत्र द्योत्ये टाप् स्यात् । अजाद्युक्तिर्ङीषो ङीपश्च बाधनाय । अजा । अतः खट्वा । अजादिभिः स्त्रीत्वस्य विशेषणान्नेह । पञ्चाजी । अत्र हि समासार्थसमाहारनिष्ठं स्त्रीत्वम् । अजा । एडका । अश्वा । चटका । मूषिका । एषु जातिलक्षणो ङीष् प्राप्तः ॥ बाला । वत्सा । होढा । मन्दा । विलाता । एषु वयसि प्रथम इति ङीप् प्राप्तः ॥ संभस्त्राजिनशणपिण्डेभ्यः फलात् ॥ * ॥ संफला । भस्त्रफला । ङ्यापोरिति ह्रस्वः ॥ सदच्काण्डप्रान्तशतैकेभ्यः पुष्पात् ॥ * ॥ सत्पुष्पा । प्राक्पुष्पा । प्रत्यक्पुष्पा । शूद्रा चामहत्पूर्वा जातिः ॥ * ॥ पुंयोगे तु शूद्री । अमहत्पूर्वा किम् । महाशूद्री। क्रुञ्चा। उष्णिहा । देवविशा । ज्येष्ठा । कनिष्ठा । मध्यमेति पुंयोगेऽपि । कोकिला जातावपि ॥ मूलान्नञः॥*॥ अमूला ॥

ऋन्नेभ्यो ङीप् । कर्त्री । दण्डिनी ॥

---

१ वास्तवमें यह श्रुति ब्रह्मका निरूपण करनेवाली है, तो भी भाष्यकारके व्याख्यानसे यहां अव्ययपरत्व की गई है ॥

१ इस कारिकामें 'अव' और 'अपि' के अकारका लोप पढाहै, तो 'अव' इसमें अन्त्य अकारका लोप नहीं होता, कारण कि, 'सहचरितासहचारितयोः सहचरितस्यैव ग्रहणम्' इस परिभाषाके बलसे 'अपि' के साहचर्यसे अवके भी आदिका ही लोप इष्ट है अन्त्यका नहीं ॥

२ यहां यह बात ध्यानमें रखनी चाहिये कि, अव्ययोंसे "अव्ययसर्वनाम्नामकच् प्राक्टेः ५।३।७१ / २०२६" इससे अव्ययके टिसे पूर्व अकच् भी होताहै, इसलिये-

"किमसामयिकं वितन्वता मनसः क्षोभमुपात्तरंहसः ।
क्रियते पतिरुच्चकैरपां भवता धीरतयाऽधरीकृतः ॥"

इस श्लोकमें उच्चकैः यह रूप सिद्ध हुआ, इसी तरह नीचकैः- इत्यादि रूप भी जानने चाहियें ॥

४५४-अजादि और अकारान्त शब्दोंका वाच्य जो स्त्रीत्व वह द्योत्य रहते टाप् प्रत्यय हो । ङीष् और ङीप् प्रत्ययके बाधके निमित्त सूत्रमें अजादिग्रहण कियाहै, नहीं तो केवल 'अतः' इतना ही कहदेते । अज+टाप्=अजा । खट्वा । अजादिमें जो स्त्रीत्वका विशेषण दिया है इस कारणसे 'पञ्चानामजानां समाहारः- पञ्चाजी,' इस स्थलमें टाप् प्रत्यय नहीं हुआ, "द्विगोः ४।१।२१/४७९" सूत्रसे ङीप् हुआ है, कारण कि, इस स्थलमें समासार्थ जो समाहार तन्निष्ठ स्त्रीत्व हुआ है, अजा, एडका, अश्वा, चटका, मूषिका, इनमें जातिलक्षणसे ङीष् प्राप्त है, परन्तु यह अजादि गणमें पठित हैं, इस कारण ङीष् नहीं हुआ, बाला, वत्सा, होडा, मंदा, विलाता, इनमें "वयसि प्रथमे ४।१।२०/४७८" इस सूत्रसे ङीप् प्राप्त है, परन्तु अजादिमें पाठके कारण नहीं हुआ ।[1]

संभस्त्राजिनशणपिण्डेभ्यः फलात् (वा० २४९७) सम्, भस्त्रा, अजिन, शण और पिण्ड शब्दके परे स्थित फल शब्दके उत्तर टाप् प्रत्यय हो सम्फल+टाप्=संफला । भस्त्रफला । "ङ्यापोः० ६।३।६३/१००१" इस सूत्रसे ह्रस्व हुआ है ।

सदच्काण्डप्रांतशतैकेभ्यः पुष्पात् (वा० २४९६) सत्, अञ्च्, काण्ड, प्रान्त, शत और एक शब्दके परे स्थित पुष्प शब्दके उत्तर टाप् प्रत्यय हो । सत्पुष्प+टाप्=सत्पुष्पा, प्रत्यक्पुष्पा-इत्यादि ।

शूद्रा चामहत्पूर्वा जातिः (वा० २४००-२४०१) जातिवाचक अमहत्पूर्वक शूद्र शब्दके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें टाप् (आ) हो । 'शूद्रत्वजातिविशिष्ट स्त्री' इस अर्थमें शूद्र+टाप्=(आ) शूद्रा, परन्तु पुंयोग अर्थात् 'शूद्रस्य स्त्री' इस अर्थमें जातिवाच्य न होनेके कारण ङीप् होताहै, शूद्र+ङीप्=शूद्री । 'अमहत्पूर्वा' क्यों कहा? तो महत् शब्द पूर्वमें जहां है वहां ङीप् हो, महाशूद्री । क्रुञ्च+टा=क्रुञ्चा । उष्णहा, देवविशा, ज्येष्ठा, कनिष्ठिका । मध्यमा शब्दसे पुंयोगमें और कोकिल शब्दसे जातिवाच होनेपर भी अजादित्वके कारण टाप् होगा ।

(मूलान्नञः[2] २५००) नञ्पूर्वक मूल शब्दके उत्तर टाप् प्रत्यय हो । अमूला ।

(ऋन्नेभ्यो ङीप् ४।१।५/३०६) ऋदन्त और नान्त शब्दके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीप् हो । कर्तृ+ङीप्=कर्त्री, दण्डिन्+ङीप्=दण्डिनी-इत्यादि ॥

४५५ उगितश्च । ४ । १ । ६ ॥

उगिदन्तात्प्रातिपदिकात् स्त्रियां ङीप् स्यात् । पचन्ती । भवन्ती । शप्श्यनोरिति नुम् । उगिदचामिति सूत्रेऽञ्ग्रहणेन धातोश्चेदुगित्कार्यं तर्ह्यश्चतेरेवेति नियम्यते । तेनेह न । उखास्रत् । क्विप् । अनिदितामिति नलोपः । पर्णध्वत् । अञ्चतेस्तु स्यादेव । प्राची । प्रतीची ॥

४५५-उगिदन्त (उ-ऋ-ऌ-इत्संज्ञक हैं जिसमें तदन्त) जो प्रातिपदिक उससे स्त्रीलिंगमें ङीप् हो । भवन्ती, पचन्ती, "शप्श्यनो० ७।१।८१/४४६" इस सूत्रसे नुम्, भवत्+ई=भवन्+त्+ई=भवन्ती (होतीहुई) । पचत्+ई=पचन्+त्+ई=पचन्ती (रांधतीहुई) । "उगिदचाम्० ७।१।७०/३६१" इस सूत्रसे अच्ग्रहणके सामर्थ्यसे, धातुको उगित्कार्य हो तो अञ्चु धातुको ही हो, अन्यको नहीं, इसलिये उखायाः स्रंसते उखा+स्रन्स्+क्विप्+सु=उखास्रत् । पर्णेभ्यो ध्वंसते पर्ण+ध्वंस्+क्विप्+सु=पर्णध्वत्, (स्रन्सु, ध्वंसु अवस्रंसने) "वसुस्रंसु० ८।२।७२/३३४" इससे दकार, "अनिदिताम्० ६।४।२४/४१५" इससे नकारका लोप हुआ और यहां ङीप् न हुआ, अञ्चु धातुके उत्तर ङीप् होगा, प्र+अञ्च्+ङीप्=प्राची । प्रति+अञ्च्+ङीप्=प्रतीची ॥

४५६ वनो र च । ४ । १ । ७ ॥

वन्नन्तात्तदन्ताच्च प्रातिपदिकात् स्त्रियां ङीप् स्याद् रश्चान्तादेशः । वन्निति ङ्वनिक्वनिब्वनिपां सामान्यग्रहणम् ॥ प्रत्ययग्रहणे यस्मात्स विहितस्तदादेस्तदन्तस्य ग्रहणम् । तेन प्रातिपदिकविशेषणात्तदन्तान्तमपि लभ्यते । सुत्वानमतिक्रान्ता अतिसुत्वरी । अतिधीवरी । शर्वरी ॥ वनो न हश इति वक्तव्यम् ॥*॥ हशन्ताद्धातोर्विहितो यो वन् तदन्तात्तदन्तान्ताच्च प्रातिपदिकात् ङीप् रश्च नेत्यर्थः । ओणृ अपनयने वनिप् । विड्वनोरित्यात्वम् । अवावा ब्राह्मणी । राजयुध्वा ॥ बहुव्रीहौ वा ॥ * ॥ बहुधीवरी । बहुधीवा । पक्षे डाप् वक्ष्यते ॥

४५६-वन्प्रत्ययान्त और तदन्त प्रातिपदिकके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीप् हो और रकार अन्तादेश हो । ङ्वनिप्, क्वनिप्, वनिप्, इन प्रत्ययोंका वनिप् कहनेसे सामान्यतासे ग्रहण है, प्रत्ययग्रहणके कारणसे 'प्रत्ययग्रहणे०' इस परिभाषासे तदादिविशेष्यक तदन्त विधि होकर वन्नन्त जो तदादि ऐसा अर्थ हुआ, फिर वन्नन्तको प्रातिपदिकका विशेषण होनेसे "येन विधिस्तद०" इससे तदन्तविधि होकर वन्नन्तान्त ऐसा अर्थ हुआ, इसलिये यहां भी होताहै, यथा-सुत्वानमतिक्रान्ता "सुयजोर्ङ्वनिप्० ३।२।१०३/३०९१" से ङ्वनिप्, "अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे०" इससे समास हुआ, तब अति+सु+ङ्वनिप्+ङीप्=अतिसुत्वरी । अतिधीवरी-अति+धा+क्वनिप्+ङीप्=अतिधीवरी "अन्येभ्योऽपि दृश्यते" इससे धा धातुसे क्वनिप् प्रत्यय हुआ, "घुमास्था० ६।४।६६/२४६२" इससे ईत्व हुआ, अतिधीवरी । शर्वरी-यह शृधातुसे "अन्येभ्योपि०" इससे वनिप्,

१ अज, एडक, अश्व, चटक, मूषक, बाल, वत्स, होड, पाक, मन्द, विलात, पूर्वापहाण, उत्तरापहाण, क्रुञ्चा, उष्णिहा, देवविशा, ज्येष्ठा, कनिष्ठा, मध्यमा यह पुँयोगमें भी, कोकिला यह जातिमें दंष्ट्रा, इतने अजादि हैं, यह आकृतिगण है ॥

२ 'संभस्त्रा०' 'सदच्०' 'मूलात्०' यह तीन वार्तिक ङीष्के प्रतिषेधनिमित्त हैं, "पाककर्ण० ४।१।६४/५१९" इस सूत्रमें पठित भी है, तो भी फलमें विशेष न होनेके कारण यहां ही लिखा इससे यह गणसूत्र है ऐसा भ्रम न करना चाहिये, ऐसे ही 'श्वेताच्च' 'त्रेश्च' ये दोनों वार्तिक यहां जानने चाहियें इससे श्वेतफला, त्रिफला, यह भी सिद्ध हुए ॥

फिर गुण, रपरत्व, होकर होताहै, यहां वनको हशन्तसे परत्व होनेपर भी हशन्तसे विधान नहीं है इससे ङीप् और रकारका निषेध नहीं हुआ।

वनो न हश० (वा० २४०५) हशन्त धातुसे विहित जो वन तदन्त और तदन्तान्त प्रातिपदिकसे ङीप् और र आदेश नहीं हों 'ओणृ अपनयने' इससे वनिप्, "विड्वनो० ६।४।४१/२९८२" इससे आत्व हुआ ओण्+वन्=औ+आ+वन्+सु=अवावा (पाप दूर करनेवाली ब्राह्मणी) इसमें अवादेश "हल्ङ्याब्भ्यः०" इससे अपृक्त हल्का[1] लोप, "सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ ६।४।८/२५०" इससे नान्तकी उपधाको दीर्घ, "नलोपः० ८।२।७/२६६" इससे नकारका लोप हुआहै। राजयुध्वा=राजानं योधितवती "राजनियुधिकृञः ३।२।९५/३०५" इस सूत्रसे ङ्वनिप्।

बहुव्रीहौ वा (२४०७ वा०) बहुव्रीहिमें ङीप्, रकारान्तादेश, विकल्पकरके हों। बहवो धीवानो यस्यां नगर्यामिति बहुधीवरी। विकल्प पक्षमें "डाबुभाभ्याम्० ४।१।१३/४६१" इससे डाप् होकर बहुधीवा। द्विवचनमें बहुधीवर्यौ, बहुधीवे, बहुधीवानौ, यह तीन रूप होंगे॥

४५७ पादोऽन्यतरस्याम् ।४।१।८॥

पाच्छब्दः कृतसमासान्तस्तदन्तात्प्रातिपदिकाद् ङीब् वा स्यात् । द्विपदी । द्विपाद् ॥

४५७-कृतसमासान्त जो पाद् शब्द तदन्त प्रातिपदिकसे विकल्प करके ङीप् हो। द्वौ पादौ यस्याः इस बहुव्रीहिमें "संख्यासुपूर्वस्य० ५।४।१४०/८७९" इससे पादशब्दका अन्तलोप, ङीप्, भत्व होनेसे पादको पद् आदेश हुआ, द्विपदी। ङीप् न होनेसे द्विपाद्॥

४५८ टाबृचि ।४।१।९॥

ऋचि वाच्यायां पादन्ताट्टाप् स्यात् । द्विपदा ऋक् । एकपदा ॥ * ॥ न षट्स्वस्रादिभ्यः । पञ्च । चतस्रः । पञ्चेत्यत्र नलोपे कृतेऽपि ष्णान्ता षडिति षट्संज्ञां प्रति नलोपः सुप्स्वरेति नलोपस्यासिद्धत्वान्न षट्स्वस्रादिभ्य इति न टाप् ॥

४५८-ऋक् अर्थमें पाद्शब्दान्त प्रातिपदिकसे स्त्रीलिङ्गमें टाप् प्रत्यय हो। द्विपद्+टाप्=द्विपदा ऋक्। एकपदा ऋक्। यद्यपि 'पदं व्यवसितत्राणस्थानलक्ष्माङ्घ्रिवस्तुषु' इस कोशसे पादके ही समान अर्थवाला पद शब्द है, तथापि ऋचा अर्थमें, द्विपदी द्विपात् इस प्रयोगके निवृत्तिके निमित्त यह आरंभ है।

"न षट्स्वस्रादिभ्यः ४।१।१०/३०८" इस सूत्रसे पञ्च। चतस्रः। पञ्च यहां नकारका लोप करनेपर भी "ष्णान्ता षट् १।१।२४/३६९" इस सूत्रसे षट् संज्ञाके प्रति "नलोपः सुप्स्वर० ८।२।२/३५३" इस सूत्रसे नकारलोपको असिद्धत्व है, इसलिये, "न षट्स्वस्रादिभ्यः" ४।१।१०/३०८" इससे टाप् नहीं होगा॥

४५९ मनः ।४।१।११॥

मन्नन्तान्न ङीप् । सीमा । सीमानौ ॥

४५९-मन् प्रत्ययान्त प्रातिपदिकसे स्त्रीलिङ्गमें ङीप् न हो सीमा, सीमानौ॥

४६० अनो बहुव्रीहेः ।४।१।१२॥

अन्नन्ताद्बहुव्रीहेर्न ङीप् । बहुयज्वा । बहुयज्वानौ ॥

४६०-अन्नन्त बहुव्रीहिसे ङीप् न हो। बहुयज्वा, बहुयज्वानौ॥

४६१ डाबुभाभ्यामन्यतरस्याम् ४।१।१३।

सूत्रद्वयोपात्ताभ्यां डाब् वा स्यात् । सीमा । सीमे । सीमानौ ॥ दामा । दामे । दामानौ । न पुंसि दामेत्यमरः ॥ बहुयज्वा । बहुयज्वे । बहुयज्वानौ ॥

४६१-पूर्वोक्त दोनों सूत्रोंमें कहे हुए मन्नन्त और अन्नन्त शब्दोंसे विकल्प करके डाप् (आ) प्रत्यय हो। सीमा, सीमे, सीमानौ। दामन्+डाप्=दामा, दामे, दामानौ। दामन् शब्दका पुल्लिङ्गमें प्रयोग नहीं है ऐसा अमरकोश कहता है, बहुयज्वा, बहुयज्वे, बहुयज्वानौ। बहवो यज्वानोऽस्यां नगर्यां सा बहुयज्वा॥

४६२ अन उपधालोपिनोऽन्यतरस्याम् ४।१।२८॥

अन्नन्ताद्बहुव्रीहेरुपधालोपिनो वा ङीप् स्यात् । पक्षे । डाब्निषेधौ । बहुराज्ञी । बहुराज्ञ्यौ । बहुराजे । बहुराजानौ ॥

४६२-उपधालोपी जो अन्नन्त बहुव्रीहि, उससे स्त्रीलिङ्गमें विकल्प करके ङीप् हो, विकल्प पक्षमें डाप् और ङीप्का निषेध है। "बहुव्रीहेरूधसो ङीष् ४।१।२५" इससे बहुव्रीहि पदकी अनुवृत्ति आई और "संख्याव्ययादेर्ङीप् ४।१।२६" इससे ङीप्की अनुवृत्ति हुई। बहवो राजानः यस्याः सा बहुराज्ञी। बहुराज्ञ्यौ। बहुराजे, बहुराजानौ। अन्नन्तग्रहण इस कारण है कि, बहुमत्स्या, यहां ङीप् न हो। और उपधालोपी इस कारण है कि, सुपर्वा, सुपर्वाणौ, सुपर्वाणः-इत्यादिमें न

---

१ राजयुध्वा-इत्यादिकी सिद्धिके लिये कृत 'वनो न हश०' इससे ही यहां भी इष्टसिद्धि होसकती थी, फिर इस सूत्रसे क्या प्रयोजन है? तो यह बात नहीं, अन्नन्त बहुव्रीहिसे "डाबुभाभ्याम्०" इस डाप्के विधान होनेके लिये इस सूत्रकी आवश्यकता है और इससे ङीप्का निषेध होनेपर ङीप्के संनियोगसे प्राप्त "वनो र च ४।१।७/४५६" इससे रेफ भी दुर्लभ हुआ इससे 'वनो न हश०' यह वार्तिक अबहुव्रीहिके ही निमित्त है यह फलित हुआ। बहुयज्वानौ, यहां "न संयोगात्० ६।४।१३७/३५५" इस निषेधसे उपधालोप नहीं, इससे "अन उपधालोपिनो० ४।१।२८/४६२" इस वक्ष्यमाण विकल्पकी निवृत्ति हुई॥

२ "मनः ४।१।११" "अनो बहुव्रीहेः। ४।१।१२" इन दोनों वचनोंके सामर्थ्यसे और "डाबुभाभ्याम्० ४।१।१३" इससे डाब्विधानसामर्थ्यसे पर्याय क्रमसे डाप् ङीप्निषेध होही जाता, फिर यहां अन्यतरस्यां ग्रहण जो किया सो स्पष्टार्थ है॥

हो । यहां ४६१ सूत्रसे डाप् विकल्प करके होता है इन दो विकल्पोंके होनेसे तीन प्रयोग होजातेहैं ॥

४६३ प्रत्ययस्थात्कात्पूर्वस्यात इदाप्यसुपः ७ । ३ । ४४ ॥

प्रत्ययस्थात्ककारात्पूर्वस्याऽकारस्येकारः स्यादापि परे स आप् सुपः परो न चेत् । सर्विका । कारिका । अतः किम् । नौका । प्रत्ययस्थात्किम् । शक्नोतीति शका । असुपः किम् । बहुपरिव्राजका नगरी । कात्किम् । नन्दना । पूर्वस्य किम् । परस्य मा भूत् । कटुका । तपरः किम् । राका । आपि किम् । कारकः ॥ मामकनरकयोरुपसंख्यानम् ॥ * ॥ मामिका। नरान् कायतीति नरिका ॥ त्यकृत्यपोश्च ॥ * ॥ दाक्षिणात्यिका । इहत्यिका ॥

४६३–सुप्से आगे स्थित न हो, ऐसा आप् परे रहते प्रत्ययस्थित ककारके पूर्ववर्ती अकारके स्थानमें इकार हो । सर्वक+आ=सर्व्+इ+क+आ=सर्विका " अव्ययसर्वनाम्नाम-कच्० ५।३।७१ / २०२६ " (कुत्सित स्त्री) कारक+आ=कार्+इ+का=कारिका(करोतिर्णवुल् वृद्धिः) (बनानेवाली स्त्री) ।

ककारके पूर्वमें अकार न होनेपर इकार न हो, यथा–नौका (नाव) (स्वार्थे कः । टाप्०) इसमें 'औ' है इस कारण ऊपर कही विधि न लगी ।

प्रत्ययमें स्थित ककारके कहनेका कारण 'शक्नोतीतिशका' इसमें ककार धातुका अवयव है, इससे अकारको इकार न हुआ, 'पचाद्यच्' और टाप् हुआ ।

' असुपः ' कहनेका कारण यह कि, सुप्से परे हो तो, यह विधि न लगे, बहुपरिव्राजका नगरी (जिसमें बहुत संन्यासी हों ऐसी नगरी) इसमें सुप्का लोप होकर पीछे स्त्रीप्रत्यय आ है । ' बहवः परिव्राजकाः यस्याम् ' ऐसे बहुव्रीहि समासमें, सुप्का लुक् होनेपर, प्रत्ययलक्षणसे सुबन्तके परे आप् होताहै, (परिपूर्वक व्रज धातुसे पहिले ण्वुल् हुआहै) इससे यहां इकार न हुआ ।

ककारके पूर्वमें न होनेपर नन्दना यहां न हुआ, "नन्दिग्रहि० ३।१।१३४ / २८९६ " इस सूत्रसे ल्यु प्रत्यय हुआ है ।

सूत्रमें 'पूर्वस्य' क्यों कहा ? तो कप्रत्ययस्थ ककारसे पर अकारको इकार न हो, यथा–'कटुका' यहां पूर्वग्रहणके अभावमें सर्विका कारिका इसी जगह दोष था, फिर कटुकामें दोष क्यों दिया ? ऐसा नहीं कह सकते, कारण जो " नयासयोः ७ । ३ । ४५ " इस सूत्रारम्भसामर्थ्यसे और अत्में तपरकरणसामर्थ्यसे प्रत्ययस्थ ककारसे पूर्व अकारको इकार हो, ऐसा विशेष ज्ञापन करनेसे यहां दोष न था, इसलिये ' कटुका ' यहां दोष दिया, यहां वैसा अकार न होनेसे ककारसे पर अकारको इकार होजायगा, इसलिये ' पूर्वस्य ' कहा ।

तपरकरण इस कारण है कि, राका (" कृदाधारार्चिकलिभ्यः कः" (उणादि० ३२०) इससे क और संज्ञापूर्वक विधिके अनित्यत्वसे " केणः ७।४।१३ / ३४ " इससे ह्रस्व न हुआ) यहां इत्व न हो ।

आप् परे न होनेपर ' कारकः ' यहां इत्व न हुआ ।

"मामकनरकयोरुपसंख्यानं कर्तव्यमप्रत्ययस्थत्वात्"(४५२४ वा.) आप्के परे रहते मामक और नरक शब्दके ककारसे पूर्व अत्को इकार आदेश हो । यथा–'ममेयम्' इस विग्रहमें "युष्मदस्मदोः०" इससे अण् और "तवकममकौ०" इससे ममकादेश होकर मामिका ' नरान् कायति ' (इस विग्रहमें कै धातुसे "आदेच उपदेशे०" इससे आत्व करके "आतोऽनुपसर्गे०" इससे क प्रत्यय "आतो लोपः०"से आकारका लोप टाप्) नरिका ।

"प्रत्ययप्रतिषेधेत्यकृत्यपोश्चोपसंख्यानम्"(४५२५वा०)आप् परे हो तो, प्रत्ययस्थ ककारसे पूर्व त्यक् और त्यप् प्रत्ययके अकारको इत् आदेश हो, यथा–दाक्षिणात्यिका, इहत्यिका, इत्यादि, (यहां दक्षिणस्यामदूरे इस अर्थमें " दक्षिणादाच् " इससे आच्, तब दक्षिणा भवा इस अर्थमें दक्षिणा शब्दसे " दक्षिणापश्चात्पुरसस्त्यक् ४।२।९८ / १३१८ " इससे त्यक् प्रत्यय और अव्ययशब्दसे " अव्ययात्त्यप् ४।२।१०४ / १३२४ " इस सूत्रसे त्यप् प्रत्यय हुआहै) ॥

४६४ न यासयोः । ७ । ३ । ४५ ॥

यत्तदोरस्येन्न स्यात् । यका । सका ।यकाम्। तकाम् ॥ त्यकनश्च निषेधः ॥ * ॥ अधित्यका । उपत्यका ॥ आशिषि वुनश्च न ॥ * ॥ जीवका। भवका ॥ उत्तरपदलोपे न ॥ * ॥ देवदत्तिका । देवका ॥ क्षिपकादीनां च ॥ * ॥ क्षिपका । ध्रुवका । कन्यका । चटका ॥ तारका ज्योतिषि ॥ * ॥ अन्यत्र तारिका ॥ वर्णका तान्तवे ॥ * ॥ अन्यत्र वर्णिका ॥ वर्तका शकुनौ प्राचाम् ॥ * ॥ उदीचां तु वर्तिका ॥ अष्टका पितृदेवत्ये ॥ * ॥ अष्टिकान्या ॥ सूतिकापुत्रिकावृन्दारकाणां वेति वक्तव्यम् ॥ * ॥ इह वा अ इतिच्छेदः । कात्पूर्वस्याऽकारादेशो वेत्यर्थः । तेन पुत्रिकाशब्दे ङीन इवर्णस्य पक्षेऽकारः । अन्यत्रेत्वबाधनार्थमकारस्यैव पक्षेऽकारः।सूतिका। सूतकेत्यादि॥

४६४–प्रत्ययस्थ ककारसे पूर्व यत्तत्सम्बन्धी अकारको इत् आदेश न हो । यका, सका, यहां यत् तत् शब्दोंसे अकच् प्रत्यय हुआहै, पीछे टाप् हुआहै ।

"यत्तदोः प्रतिषेधे त्यकन उपसंख्यानम्" (वा०४५२६) यत् और तत् शब्दोंको जो इत्वका निषेध कियाहै, वहां 'त्यकन्' प्रत्ययके ककारसे पूर्व अको भी इत्व न हो ऐसा कहना चाहिये यथा–उपत्यका, अधित्यका, य पूर्व होनेसे यहां " उदीचा० " इस अगले सूत्रसे विकल्प इत्वका निषेध करदिया ।

" आशिषि श्चोपसंख्यानम् " (४५२८ वा०)

आशीर्वाद अर्थमें वर्तमान वुन् प्रत्ययसम्बन्धी ककारसे पूर्व अको इत्व न हो, यथा–जीवका, भवका "जीवतिभवतिभ्यामाशिषि च $\frac{३।१।१५०}{२९१२}$" इससे वुन् उसको अकादेश करनेपर टाप् ।

"उत्तरपदलोपे चोपसंख्यानम्" (४५२९ वा०) उत्तरपदका जहां लोप हो, वहां प्रत्ययस्थककारसे पूर्व अको इत्व न हो । देवदत्तका–देवका, यहां दत्त इस उत्तरपदका लोप होनेसे इत्व नहीं हुआ । (यहां स्वार्थमें क) "अनजादौ विभाषा लोपो वक्तव्यः" इससे लोप) ।

"क्षिपकादीनां चोपसंख्यानम्" (४५३०वा०)क्षिपक आदि शब्दोंके अकारके स्थानमें इत्व न हो । * क्षिपका ध्रुवका कन्यका चटका (चट् भेदने पचाद्यच् टाप्) ।

"तारका ज्योतिष्युपसंख्यानम्" (वा० ४५३१) तारका शब्द जहां नक्षत्रनामवाला है, वहां उसको इकारादेश न हो, यथा तारका, तृ धातुसे ण्वुल् प्रत्यय । जहां तारावाचक न हो, वहां तारिका ।

"वर्णका तान्तव उपसंख्यानम्"(४५३२ वा०) तन्तुओंके समुदाय इस अर्थमें वर्तमान वर्णकाशब्दको इत्व न हो, यथा वर्णका (यहां ण्वुल् हुआ है) जहां यह अर्थ न होगा, वहां वर्णिका (किसी ग्रंथकी व्याख्या वा स्तोत्रकरनेवाली) ।

"वर्तका शकुनौ प्राचामुपसंख्यानम्" (४५३३ वा०) जहां पक्षीवाची वर्तका शब्द हो, वहां प्राचीन आचार्योंके मतमें इकारादेश न हो । वर्तयतीति वर्तका शकुनिः । नवीनोंके मतमें वर्तिका ।

"अष्टका पितृदेवत्ये" (वा० ४५३४) पितृदैवतकर्ममें वर्तमान अष्टका शब्दको इकार न हो, अष्टका (अश्नन्ति ब्राह्मणा यस्यां सा अष्टका 'इष्यशिभ्यां तकन्') अन्य अर्थमें, अष्टिका (अष्टौ परिमाणमस्याः इति " संख्याया अतिशदन्तायाः कन् ") ।

"सूतिकापुत्रिकावृन्दारकाणामुपसंख्यानम्"(वा० ४५३५) यहां वा अ ऐसा पदच्छेद करके ककारसे पूर्वको विकल्पसे अकार आदेश हो, ऐसा अर्थ जानना, इसी कारण पुत्रिका शब्दमें ङीन्‌के इवर्णको पक्षमें अकारादेश होगा, अन्यत्र इत्वबाधनके निमित्त अकारको विकल्पकरके अकार ही होगा,यथा–सूतका, सूतिका इत्यादि ॥

४६५ उदीचामातः स्थाने यकपूर्वायाः । ७ । ३ । ४६ ॥

यकपूर्वस्य स्त्रीप्रत्ययाकारस्य स्थाने योऽकारस्तस्य कात्पूर्वस्येद्वा स्यादापि परे । केण इति ह्रस्वः । आर्यका । आर्यिका । चटकका । चटकिका । अतः किम् । सांकाश्ये भवा सांकाश्यिका । यकेति किम् । अश्विका । स्त्रीप्रत्ययेति किम् । शुभं यातीति शुभंया । अज्ञाता शुभंया शुभंयिका ॥ धात्वन्तयकोस्तु नित्यम् ॥ * ॥ सुनयिका । सुपाकिका ॥

४६५--य, क पूर्वक जो स्त्रीप्रत्ययसम्बन्धी आकार उसके स्थानमें जो अकार उसके स्थानमें विकल्पकरके इकार हो । "केऽणः $\frac{७।४।१३}{६३४}$" इस सूत्रसे ह्रस्व हुआ, आर्यका, आर्यिका । चटकका, चटकिका । आत्‌का ग्रहण इस कारण है कि, जहां स्त्रीप्रत्ययसम्बन्धी आत्स्थानी अकार नहीं हो वहां इत्व न हो यथा–साङ्काश्ये भवा साङ्काश्यिका, यहां न हुआ, (संकाशेन निर्वृत्तं नगरं सांकाश्यम् " वुञ्छण्० " 'संकाशादिभ्यो ण्यः' । फिर भवार्थमें " धन्वयोपधाद्वुञ् " अकादेश) । यकपूर्वग्रहण इस लिये है कि, यह जहां न हो, वहां उक्तविधि न लगे, यथा–अश्विका, विकल्प न हुआ । स्त्रीप्रत्ययसम्बन्धी आकार न होनेपर शुभं याति इस अर्थमें " अन्येभ्योपि दृश्यते " इस सूत्रसे शुभं+या+विच् शुभंया, अज्ञातार्थमें शुभंया शब्दके उत्तर क प्रत्यय, ह्रस्व, पश्चात् "प्रत्ययस्थात्० $\frac{७।३।४४}{४६३}$" इस सूत्रसे नित्य इ होकर शुभंयिका पद सिद्धहुआ है यहां विकल्प न हुआ ।

(धात्वन्तयकोस्तु नित्यम् ४५३६) धात्वन्त यकार और ककारपूर्वक स्त्रीप्रत्ययसम्बन्धी आत्स्थानी अकारको नित्य इकार हो, यथा–सुनयिका । सुपाकिका । सुष्ठु नयो यस्याः सुनया, फिर क, फिर "केऽणः" इससे ह्रस्व । इसी प्रकार सुष्ठु पाको यस्याः सा सुपाकिका ॥

४६६ भस्त्रैषाजाज्ञाद्वास्वा नञ्पूर्वाणामपि । ७ । ३ । ४७ ॥

स्वेत्यन्तं लुप्तषष्ठीकं पदम् । एषामत इद्वा स्यात् । तदन्तविधिनैव सिद्धे नञ्पूर्वाणामपीति स्पष्टार्थम् । भस्त्राग्रहणमुपसर्जनार्थम् । अन्यस्य तूत्तरसूत्रेण सिद्धम् । एषा द्वा एतयोस्तु सपूर्वयोर्नेत्वम् । अन्तर्वर्तिनीं विभक्तिमाश्रित्याऽसुप इति प्रतिषेधात् । अनेषका । परमैषका । अद्वके । परमद्वके । स्वशब्दग्रहणं संज्ञोपसर्जनार्थम् । इह हि । आतः स्थाने इत्यनुवृत्तं स्वशब्दस्यातो विशेषणं न तु द्वेषयोरसंभवात् । नाप्यन्येषामव्यभिचारात् । स्वशब्दस्त्वनुपसर्जनमात्मीयवाची अकजर्हः । अर्थान्तरे तु न स्त्री । संज्ञोपसर्जनीभूतस्तु कप्रत्ययान्तत्वाद्भवत्युदाहरणम् । एवं चात्मीयायां स्विका परमस्विकेति नित्यमेवेत्वम् । निर्भस्त्रका । निर्भस्त्रिका । एषका । एषिका । कृतषत्वनिर्देशान्नेह विकल्पः । एतिके । एतिकाः । अजका । अजिका । ज्ञका । ज्ञिका । द्विके । द्वके । निःस्वका । निःस्विका ॥

४६६–स्वा यहांतक लुप्तषष्ठीक पद है, भस्त्रा, एषा, अजा, ज्ञा, द्वा और स्वा यह शब्द नञ्पूर्वक भी हों, तो

१ क्षिपका, ध्रुवका, चरका,सेवका,करका,चटका,अवका, हलका, अलका, कन्यका, एडका, इतने क्षिपकादि हैं, यह आकृतिगण है ॥

भी आकारके अकारको विकल्पकरके इत् आदेश हो। तदन्तविधिसे ही नञ्पूर्वकको भी हो ही जाता, फिर नञ्पूर्वग्रहण स्पष्टताके निमित्त है। भस्त्राग्रहण, उपसर्जन अर्थात् गौणार्थके निमित्त है, औरको "अभाषितपुंस्काच्च ७। ३। ४८" इस पर सूत्रसे ही सिद्ध होगा। एषा और द्वा शब्दके पूर्वमें कोई पद विद्यमान हो तो, इत्व नहीं होगा, क्योंकि, अन्तर्वर्त्तिनी विभक्तिका आश्रय करके 'असुपः' यह निषेध लगजाताहै इसलिये अनेषका होताहै, 'न सु, एतद् सु' ऐसी स्थितिमें अकच् करनेपर, वा अकच्से पहले ही, नञ्तत्पुरुष करनेपर, 'अन्तरङ्गानपि' इस न्यायसे त्यदाद्यत्वप्रवृत्तिसे पहले ही, सामासिक लुक् होगया। फिर विशिष्टसे सुप्, त्यदाद्यत्व और पररूप करनेपर टाप् होता है, यहां आदि सुप्से टाप्को पर होनेके कारण आकारस्थानिक अकारको इत्व नहीं होता, अज्ञाता एषा एषका–न एषका, अनेषका, अज्ञाता अनेषा अनेषका वा यह लौकिक विग्रह जानना। इसी प्रकार आगे भी जानना। परमैषका। अद्वके। परमद्वके। स्व शब्दका ग्रहण संज्ञा उपसर्जन (विशेषण) के निमित्त है। इस सूत्रमें 'आतः स्थाने०' ($\frac{३।४।११०}{२२२७}$) इसकी अनुवृत्ति आतीहै वह स्व शब्दके आत्का विशेषण है, द्वा और एषा शब्दके असंभवके कारण, और अन्यको अर्थात् भस्त्रादि शब्दोंके अव्यभिचारके कारण आत् विशेषण नहीं है। यदि स्व शब्द संज्ञा अथवा उपसर्जनीभूत हो तो, क प्रत्ययके पीछे इस सूत्रसे विकल्प करके इत्व होगा, इसके कहनेकी आवश्यकता क्या? इस शंकापर कहतेहैं कि, आत्मीयवाचक अनुपसर्जनीभूत स्व शब्दकी ठिके पूर्वमें अकच् प्रत्यय होता है इस कारण उसका अकार आत्स्थानजात नहीं है, इस कारण इत्व न होगा। अर्थान्तरमें आत्मीयसे भिन्नार्थ (ज्ञातिधनादि)में स्व शब्द स्त्रीलिङ्ग नहीं है, परन्तु संज्ञा और उपसर्जनीभूत स्व शब्द कप्रत्ययान्त यहां रहेंगे वही उदाहरण अर्थात् इस सूत्रसे वैकल्पिक इत्व होगा। इसी कारण आत्मीयार्थमें स्विका, परमस्विका,–इत्यादिमें नित्य ही इत्व होगा, निर्भस्त्रका, निर्भस्त्रिका–निष्क्रान्ता भस्त्रायाः इस विग्रहमें निर्भस्त्रा, 'निरादयः क्रान्ताद्यर्थे पञ्चम्या (१३३९वा०)' इससे समास, उपसर्जनहस्व, टाप्, अज्ञातादिमें क, "केऽणः" से ह्रस्व, फिर टाप्। इसी प्रकार एषा, एषिका। कृतषत्वनिर्देशके कारण एतिके, एतिकाः, यहां विकल्प नहीं हुआ। अजका, आजिका। ज्ञका, ज्ञिका–जानातीति ज्ञः "इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः ३।१।१३५।" इससे क प्रत्यय हुआ। द्वके, द्विके। निःस्वका, निःस्विका (स्वस्याः निष्क्रान्तेति निःस्वका)॥

४६७ अभाषितपुंस्काच्च ।७।३।४८॥

एतस्माद्विहितस्यातः स्थानेऽत इद्वा स्यात्। गंगका। गङ्गिका। बहुव्रीहेर्भाषितपुंस्कत्वात्ततो विहितस्य नित्यम्। अज्ञाता खट्वा अखट्विका। शैषिके कपि तु विकल्प एव॥

४६७–अभाषितपुंस्कके उत्तर विहित जो आत् तत्स्थानी अकारके स्थानमें विकल्प करके इत् हो। गङ्गका, गङ्गिका। बहुव्रीहि समास भाषितपुंस्क है इस कारण उसके उत्तर विहित आत्के आकारके स्थानमें नित्य इकार होगा। न विद्यते खट्वा यस्याम् इस विग्रहमें नञ्को खट्वाको समास करके "गोस्त्रियोः०" इससे ह्रस्व, फिर टाप् अखट्वा, तब अज्ञाता अखट्वा इस वाक्यमें अज्ञातार्थमें कप्रत्यय, इससे प्रत्यय परे रहते "केऽणः" इससे ह्रस्व अकार और अकारके स्थानमें नित्य इकार होकर अखट्विका पद सिद्ध हुआ, परन्तु शैषिक कप्पक्षमें विकल्प ही होगा, कारण जो उपसर्जन ह्रस्वको बाधकर समासान्त कप्प्रत्यय करनेपर स्त्रीप्रत्ययान्तके अभावसे उपसर्जन ह्रस्व नहीं होताहै, किन्तु "आपोऽन्यतरस्याम्" से वैकल्पिक ह्रस्व होकर, 'अखट्विका' यहां अभाषितपुंस्कसे विहितके कारण इससे वैकल्पिक इत्व होताहै॥

४६८ आदाचार्याणाम् । ७ । ३ ।४९॥

पूर्वसूत्रविषये आद्वा स्यात्। गङ्गाका। उक्तपुंस्कात्तु शुभ्रिका॥

४६८–आचार्योंके मतमें अभाषितपुंस्क प्रातिपदिकोंसे विहित आत्के स्थानमें अकारको विकल्पकरके आत् हो, यथा–गङ्गाका, परन्तु उक्तपुंस्कसे विहित आके स्थानमें अकारको आकार न होकर, शुभ्रिका ऐसा रूप होगा॥

४६९ अनुपसर्जनात्। ४ । १ । १४॥

अधिकारोऽयं यूनस्तिरित्यभिव्याप्य। अयमेव स्त्रीप्रत्ययेषु तदन्तविधिं ज्ञापयति॥

४६९–"यूनस्तिः $\frac{४।१।७७}{५३१}$" सूत्रतक इस सूत्रका अधिकार चलेगा। यहांसे आगे जिन २ प्रत्ययोंका विधान करेंगे, सो २ अनुपसर्जन अर्थात् स्वार्थमें मुख्य प्रातिपदिकोंसे ही होंगे। यही स्त्रीप्रत्ययमें तदन्तविधिका ज्ञापन करताहै॥

४७० टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रच्तयप्ठक्ठञ्कञ्क्वरपः। ४ । १ । १५॥

अनुपसर्जनं यट्टिदादि तदन्तं यददन्तं प्रातिपदिकं ततः स्त्रियां ङीप् स्यात्। कुरुचरी। उपसर्जनत्वान्नेह। बहुकुरुचरा। नदट् नदी। वक्ष्यमाणेऽत्र डित्वादुगित्वाच्च ङीप् प्राप्तः। यासुटो ङित्वेन लाश्रयमनुबन्धकार्यं नादेशानामिति ज्ञापनान्न भवति। श्नः शानचः शित्वेन कचिदनुबन्धकार्येऽप्यनल्विधाविति निषेधज्ञापनाद्वा। सौपर्णेयी। ऐन्द्री। औत्सी। ऊरुद्वयसी। ऊरुदघ्नी। ऊरुमात्री। पञ्चतयी। आक्षिकी। लावणिकी। यादृशी। इत्वरी॥ ताच्छीलिके णेऽपि॥ * ॥ नञ्स्नञीकक्ख्युंस्तरुणतलुनानामुपचौरी॥ नञ्स्नञीकक्ख्युंस्तरुणतलुनानामुपसंख्यानम्॥ * ॥ स्त्रैणी। पौंस्नी। शाक्तीकी। आढ्यंकरणी। तरुणी। तलुनी॥

४७०–अनुपसर्जनीभूत टिदादि अर्थात् टित्, ढप्रत्यय, अण्, अञ्, द्वयसच्, दघ्नच्, मात्रच्, तयप्, ठक्, ठञ्,

कञ् और क्वरप् इन सम्पूर्ण प्रत्ययान्त अकारान्त प्रातिपदिकोंके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीप् हो ।

कुरुषु चरति इस अर्थमें "चरेष्टः ३।२।१६/२९३०" इस सूत्रसे टच् प्रत्यय होकर ङीप् हुआ, तब कुरुचरी (कुरुको जानेवाली स्त्री)। बहवः कुरुचरा यस्याम् इस विग्रहमें बहुकुरुचरा यहां अन्यपदार्थ प्रधान होनेसे ङीप् न हुआ । नदट् शब्दका टकार इत् है पीछे ङीप् होकर नदी पद बना ।

(वक्ष्यमाणेति) 'वच् परिभाषणे' इससे कर्ममें लृट् प्रत्यय, उसके स्थानमें "लृटः सद्वा ३।३।१४/३१०७" से शानच् आदेश, "स्यतासी० ३।१।३३/२१८६" से स्य प्रत्यय, कुत्व, षत्व, "आने मुक्" से मुक्का आगम होकर–वक्ष्यमाण ऐसी स्थिति हुई, यहां स्थानि (ऌ) वृत्ति टित्व और उगित्त्वको स्थानिवद्भाव करके आदेशमें लाकर "४ । १ । १५" सूत्रसे वा "४ । १ । ६" से ङीप् प्राप्त हुआ, यहां "अनल्विधौ" यह स्थानिवद्भावका निषेध नहीं कर सकता, कारण जो "न ल्यपि" इस सूत्रारम्भसामर्थ्यसे अनुबन्धप्रयुक्त कार्य्य कर्त्तव्य होते 'अनल्विधौ' यह निषेध नहीं लगताहै, ऐसा ज्ञापन है, नहीं तो प्रदाय, प्रस्थाय, यहां भी क्त्वावृत्ति कित्त्वको स्थानिवद्भावसे आदेश (य) में नहीं आनेसे ईत्त्वकी प्राप्ति ही नहीं थी, फिर उसके निषेधके लिये "नल्यपि" सूत्र व्यर्थ ही होजाता ? यह बात सत्य है, परन्तु यहां ङीप् नहीं होसकताहै, कारण जो लिङ्वृत्ति ङित्त्व स्थानिवद्भावसे आदेशमें आहीजाता फिर "यासुट् परस्मैपदेषु०" इसमें यासुट्को ङित्त्वविधानसामर्थ्यसे 'लाश्रयमनुबन्धकार्य्यं नादेशानाम्' अर्थात् लाश्रय अनुबन्धकार्य्य आदेशको नहीं होताहै, ऐसा वचन सिद्ध होताहै, इससे यहां ङीप् न होगा, यह ठीक है, परन्तु ङित्त्वविधान व्यर्थ नहीं होसकताहै, कारण जो भाष्यकार "ङिच्च-पिन्न, पिच्च ङिन्न," अर्थात् ङित् पित् नहीं होता और पित् ङित् नहीं होता, ऐसा "सार्वधातुक०" इस सूत्रमें कहेहैं इससे ङित्त्वको तिप्प्रत्यय ही में व्याघात होगया अर्थात् तिप्में ङित्त्व नहीं आवेगा इसलिये ङित्त्वविधान सार्थक होगया, फिर उससे 'लाश्रय०' यह ज्ञापन नहीं होसकताहै, इसलिये कहते हैं–(श्नः शानच इति) "हलः श्नः शानज्झौ ३।१।८३/२५५७" इससे श्नाके स्थानमें शानच्को शित्त्वकरणसामर्थ्यसे कहीं अनुबन्धकार्य्यमें भी "अनल्विधौ" यह निषेध लगताहै, ऐसा ज्ञापनसे वक्ष्यमाणा यहां ङीप् न हुआ, यदि कोई इस पर भी कहे कि, शानच्के शित्त्वको भाष्यकार प्रत्याख्यान किये है, तो वक्ष्यमाणा ऐसा प्रयोग देखनेमें आवे, तो अजादिगणमें पाठकर टाप् प्रत्यय करके सिद्ध करना ॥

सुपर्णी+ढक्+ङीप्=सौपर्णेयी (सुपर्णीकी कन्या) सुपर्ण्या अपत्यं स्त्री "स्त्रीभ्यो ढक् १२२३" इससे ढक् हुआ है, फिर ४७५ वां सूत्र लगा । इन्द्र+अण्+ङीप्=ऐन्द्री (जिस ऋचाका इन्द्र देवता है) इन्द्रो देवता अस्याः "साऽस्य देवता १२२६" इससे अण् हुआ है । उत्स+अञ्+ङीप्=औत्सी (उत्सवंशकी कन्या) उत्से भवा "उत्सादिभ्योऽञ् १०७८" इससे अञ् हुआ । ऊरु+द्वयसच्+ङीप्=ऊरुद्वयसी । ऊरु+दघ्नच्+ङीप्=ऊरुदघ्नी । ऊरु+मात्रच्+ङीप्=ऊरुमात्री (जांघभर प्रमाणवाली) ऊरू प्रमाणमस्याः "प्रमाणे द्वयसज्दघ्नञ्मात्रचः १८३८" इससे द्वयसच्, दघ्नच्, मात्रच् प्रत्यय क्रमसे हुए हैं । पञ्च+तयप्+ङीप्=पञ्चतयी (जिसके पांच अवयव हों) पञ्च अवयवा यस्याः "संख्याया अवयवे तयप् १८४३" इससे तयप् हुआ है । अक्ष+ठक्+ङीप्=आक्षिकी (पासासे खेलनेवाली) अक्षैर्दीव्यति "तेन दीव्यति० १५५०" से ठक् हुआ है । लवण+ठञ्+ङीप्=लावणिकी (लवण बेचनेवाली) लवणं पण्यमस्याः "लवणाट्ठञ् १६०२" से ठञ् हुआ है । यादृश्+कञ्+ङीप्=यादृशी (जैसी) "त्यदादिषु० ४२९" इससे कञ् हुआ है, फिर ४३० वां सूत्र लगा । इण्+क्वरप्+ङीप्=इत्वरी (जानेवाली) "इण्नश्जिसर्तिभ्यः० ३१४३" से क्वरप् हुआ है ।

(ताच्छीलिके णेपि ६८ प०) अण् प्रत्यय रहते जो कार्य्य होता है, वह शीलार्थक ण प्रत्ययमें भी होता है, इस कारण चुरा शीलमस्याः इस वाक्यमें चुरा+ताच्छीलिक ण+ङीप्=चौरी ।

(नञ्स्नञ्० २४२५ वा०) नञ्, स्नञ्, ईकक्, ख्युन् प्रत्ययान्त और तरुण तथा तलुन शब्दोंके उत्तर ङीप् हो । स्त्री+नञ्+ङीप्=स्त्रैणी, (स्त्रीसम्बन्धिनी) स्त्रिया इयं "स्त्रीपुंसाभ्यां नञ्स्नञौ भवनात् ४।१।८७/१०७९" से नञ् हुआ है। पुंस्+स्नञ्+ङीप्=पौंस्नी (पुरुषसम्बन्धिनी) शक्ति+ईकक्+ङीप्=शाक्तिकी (शक्तिप्रहार करनेवाली) शक्तिः प्रहरणमस्याः "शक्तियष्ट्योरीकक्० ४।४।५९/१६०९" से ईकक्, आढ्य+कृ+ख्युन्+ङीप्=आढ्यङ्करणी (दरिद्रको धनीकरनेवाली स्त्री) अनाढ्यः आढ्यः क्रियते अनया "आढ्यसुभग० ३।२।५६/२९७३" इससे कृ धातुसे ख्युन्, "युवोरना० ७।१।१/१२४७" इससे अनादेश, "अरुर्द्विषत्० ६।३।६७/२९४२" इससे मुम्, तरुण+ङीप्=तरुणी, तलुन+ङीप्=तलुनी. (जवान स्त्री) ॥

४७१ यञश्च । ४ । १ । १६ ॥

यञन्तात्स्त्रियां ङीप्स्यात् । अकारलोपे कृते ॥

४७१–यञन्तशब्दके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीप् हो । अकारका लोप करनेपर–

४७२ हलस्तद्धितस्य । ६ । ४ । १५० ॥

हल उत्तरस्य तद्धितयकारस्योपधाभूतस्य लोपः स्यादीति परे । गार्गी ॥ अनपत्याधिकारस्थान्न ङीप् ॥ * ॥ द्वीपे भवा द्वैप्या । अधिकारग्रहणान्नेह । देवस्यापत्यं दैव्या । देवाद्यञञाविति हि यञ् प्राग्दीव्यतीयो न त्वपत्याधिकारपठितः ॥

४७२–ईत् परे रहते हल्के उत्तर उपधाभूत तद्धितके यकारका लोप हो गर्गस्य अपत्यं स्त्री इस वाक्यमें गर्ग+यञ्+ङीप्=गार्गी (गर्गवंशकी कन्या) "यञश्च ४७१" इस सूत्रमें भाष्यकारका 'अपत्यग्रहणं कर्तव्यम्' (अपत्यार्थक यञ् यहां लेना चाहिये) ऐसा वार्त्तिक है इससे "द्वीपादनुसमुद्रं यञ् ४।३।१०/१३८०" इस सूत्रमेंके यञ् के अपत्याधिकारस्थ नहीं होनेसे

यञ्के उत्तर ङीप् न हुआ, द्वीपे भवा द्वीप्+यञ्+टाप्=द्वैप्या। वार्त्तिकमें अधिकारग्रहण है इससे देवस्यापत्यम् देव+यञ्+टाप्=दैव्या, इस स्थलमें अपत्यार्थमें यञ् होनेपर भी "देवाद्यञञौ २५५५ वा०" इसमें स्थित यञ् 'प्राग्दीव्यतीय' अधिकारमें पठित है अपत्याधिकारमें पठित नहीं है। इसीकारण ङीप् नहीं हुआ ॥

४७३ प्राचां ष्फ तद्धितः । ४ । १ । १७॥

यञन्तात्ष्फो वा स्यात् स्त्रियां स च तद्धितः॥

४७३–स्त्रीलिङ्गमें यञन्त शब्दके उत्तर विकल्प करके ष्फ हो, वह ष्फ तद्धितसंज्ञक हो ॥

४७४ षः प्रत्ययस्य । १ । ३ । ६ ॥

प्रत्ययस्यादिः ष इत्स्यात् ॥

४७४–प्रत्ययके आदिमें स्थित षकार इत् हो ॥

४७५ आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम् । ७ । १ । २ ॥

प्रत्ययादिभूतानां फादीनां क्रमादायन्नादय आदेशाः स्युः । तद्धितान्तत्वात्प्रातिपदिकत्वम् । षित्वसामर्थ्यात् ष्फेणोक्तेऽपि स्त्रीत्वे षिद्गौरेति वक्ष्यमाणो ङीष् । गार्ग्यायणी ॥

४७५–प्रत्ययके आदिभूत जो फादि, अर्थात् फ्, ढ्, ख्, छ्, घ्, इनको क्रमसे आयन्, एय्, ईन्, ईय्, इय्, आदेश हों (अर्थात् फ्को आयन्, ढ्को एय्, ख्को ईन्, छको ईय्, घ्को इय् हों) । तद्धितान्तत्वके कारण प्रातिपदिकत्व होगा, स्त्रीलिङ्गमें ष्फके विधानसे स्त्रीत्व उक्त होनेके कारण 'उक्तार्थानामप्रयोगः' इस न्यायके अनुसार गार्ग्यायणी इत्यादि स्थलमें ङीष्की अप्राप्ति हुई, परन्तु ष्फमें षित्वकरणसामर्थ्यसे (ङीष् न होता, तो षित्व करनेका प्रयोजन क्या इससे) उक्त न्यायको बाधकर "षिद्गौरादिभ्यः० ४९८" से ङीष् होकर गार्ग्यायणी सिद्ध हुआ॥

४७६ सर्वत्र लोहितादिकतन्तेभ्यः । ४ । १ । १८ ॥

लोहितादिभ्यः कतशब्दान्तेभ्यो यञन्तेभ्यो नित्यं ष्फः स्यात् । लौहित्यायनी । कात्यायनी॥

४७६–गर्गादि गणपठित जो लोहित[1] आदि कत शब्द पर्यन्त अकारान्त शब्द हैं उनके यञन्त होनेपर उनसे नित्य ष्फ हो। लौहित्य+ष्फ+आयन्+ङीष्=लौहित्यायनी । कात्य+ष्फ+आयन्+ङीष्=कात्यायनी ॥

४७७ कौरव्यमाण्डूकाभ्यां च । ४ । १ । १९ ॥

आभ्यां ष्फः स्यात् । टाबङीषोरपवादः । कुर्वादिभ्यो ण्यः । कौरव्यायणी । ढक् च मण्डूकादित्यण् । माण्डूकायनी । आसुरेरुपसंख्यानम् ॥ * ॥ आसुरायणी ॥

४७७–कौरव्य और माण्डूक शब्दोंके उत्तर ष्फ प्रत्यय हो । यह टाप् और ङीप्का अपवाद है । "कुर्वादिभ्यो ण्यः $\frac{४।१।१५१}{११७५}$" इस सूत्रसे कुरुआदि शब्दोंके उत्तर ण्य प्रत्यय करके, कुरु+ण्य=कौरव्य+ष्फ+आयन्+ङीष्=कौरव्यायणी। "ढक् च मण्डूकात् $\frac{४।१।११९}{११२२}$" इससे अण्, मण्डूक+अण्=माण्डूक+ष्फ+आयन्+ङीष्=माण्डूकायनी ।

(आसुरेरुपसंख्यानम् २४३३ वा०) आसुरि शब्दसे भी तद्धितसंज्ञक ष्फ प्रत्यय हो। आसुरि+ष्फ+आयन्+ङीष्= आसुरायणी, यहां आसुरि शब्दमें अपत्यसंज्ञक इञ् प्रत्यय हुआहै, तद्धितग्रहणका प्रयोजन यही है कि, आसुरि शब्दक इकारका लोप होजाय ॥

४७८ वयसि प्रथमे । ४ । १ । २० ॥

प्रथमवयोवाचिनोऽदन्तात् स्त्रियां ङीप् स्यात् । कुमारी॥वयस्यचरम इति वाच्यम्॥*॥ वधूटी । चिरण्टी । वधूटचिरण्टशब्दौ यौवनवाचिनौ । अतः किम् । शिशुः । कन्याया न । कन्यायाः कनीन चेति निर्देशात् ॥

४७८–प्रथमवयोवाचक (पहली उमरके कहनेवाले) अकारान्त प्रातिपदिकोंके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीप् प्रत्यय हो । कुमार+ङीप्=कुमारी ।

(वयस्यचरम इति वाच्यम् २४३५ वा०) प्रथमावस्थामें जो ङीप् कहाहै, वह अचरमे अर्थात् वृद्धावस्थाको छोडके कहना चाहिये, यथा–वधूटी । चिरंटी । अकारान्त, न होनेपर ङीप् न हो, यथा–शिशुः । कन्या शब्दके उत्तर ङीप् न हो, "कन्यायाः कनीन च $\frac{४।१।११६}{१११९}$" इस सूत्रनिर्देशके कारण ॥

४७९ द्विगोः । ४ । १ । २१ ॥

अदन्ताद् द्विगोर्ङीप् स्यात् । त्रिलोकी । अजादित्वात्रिफला । त्र्यनीका सेना ॥

४७९–स्त्रीलिङ्गमें वर्तमान अकारान्त द्विगुसमाससंज्ञक प्रातिपदिकके उत्तर ङीप् हो,त्रयाणां लोकानां समाहारः इस वाक्यमें "तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च ७२८" इससे समास, "संख्यापूर्वो द्विगुः ७३०" इससे द्विगुसंज्ञा और "अकारान्तोत्तरपदो द्विगुः स्त्रियामिष्टः" (वा०) से स्त्रीत्व होकर अकारान्त त्रिलोक शब्दके उत्तर ङीप् करके त्रिलोकी पद सिद्ध हुआ। अजादि गणमें पाठके कारण त्रिफला, इत्यादिमें टाप् होगा ङीप् नहीं होगा । त्र्यनीका (सेना) भी इसी प्रकार है । त्रयाणामनीकानां समाहारः त्र्यनीका ॥

४८० अपरिमाणबिस्ताचितकम्बल्येभ्यो न तद्धितलुकि । ४ । १ । २२ ॥

अपरिमाणान्ताद्बिस्ताद्यन्ताच्च द्विगोर्ङीप् न स्यात्तद्धितलुकि सति । पञ्चभिरश्वैः क्रीता पञ्चाश्वा । आर्हीयष्ठक् । अध्यर्धेति लुक् । द्वौ

[1] लोहित, संशित, बभ्रु, वल्गु, मण्ड, गण्डु, शंख, लिगु, गुहलु, मन्तु, मंक्षु, अलिगु, जिगीषु, मनु, तन्तु, मनायी, सूनु, कथक, कंथक, ऋक्ष, तृक्ष, वृक्ष, तनु, तुरुक्ष, तलक्ष, तण्ड, वतण्ड, कपिकत, कुरु और कत यह लोहितादि हैं ॥

बिस्तौ पचति द्विबिस्ता । द्व्याचिता । द्विकम्बल्या । परिमाणात्तु द्व्याढकी । तद्धितलुकि किम् । समाहारे । पञ्चाश्वी ॥

४८०-तद्धितलुक् होनेपर, अपारिमाणान्त और बिस्तादि शब्दान्त द्विगुके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीप् प्रत्यय न हो। पञ्चभिरश्वैः क्रीता इस अर्थमें पञ्चाश्व+टाप्=पञ्चाश्वा, आर्हीय ठक् हुआ "अध्यर्द्ध० ५।१।२८/१६९३" इससे ठक्का लुक्। द्वौ बिस्तौ पचति इस वाक्यमें द्विबिस्त+टाप्=द्विबिस्ता । द्व्याचित+टाप्=द्व्याचिता । द्विकम्बल्य+टाप्=द्विकम्बल्या । (द्वाभ्यां कम्बलाभ्यां क्रीता)। परिमाणान्त होनेपर, द्वौ आढकौ प्रमाणमस्याः इस वाक्यमें द्व्याढक+ङीप्=द्व्याढकी यहां निषेध न लगा 'तद्धितलुकि' इस कारण कहा है कि, यहां भी ङीप् निषेध न होजाय, पञ्चानामश्वानां समाहारः इस अर्थमें समास करके पञ्चाश्व, तब ङीप्, पञ्चाश्वी ॥

४८१ काण्डान्तात्क्षेत्रे । ४ । १ । २३ ॥

क्षेत्रे यः काण्डान्तो द्विगुस्ततो न ङीप् तद्धितलुकि। द्वे काण्डे प्रमाणमस्या द्विकाण्डा क्षेत्रभक्तिः । प्रमाणे द्वयसजिति विहितस्य मात्रचः प्रमाणे लो द्विगोर्नित्यमिति लुक् । क्षेत्रे किम् । द्विकाण्डी रज्जुः ॥

४८१-तद्धितलुक् होनेपर, क्षेत्रवाचक काण्ड शब्दान्त द्विगुके उत्तर ङीप् न हो, यथा-द्वे काण्डे प्रमाणमस्याः इस वाक्यमें द्विकाण्ड+टाप्=द्विकाण्डा । काण्ड यह सोलह हाथ परिमाणवाले डंडेका नाम है,इससे द्विकाण्डपरिमित क्षेत्रभक्ति (क्षेत्रका भाग) अर्थ हुआ । "प्रमाणे द्वयसच्० ५।२।३७/१८३८" इस सूत्रसे विहित मात्रच् प्रत्ययको "प्रमाणे लो द्विगोर्नित्यम् (३१२८ वा०)" से लुक् हुआ । क्षेत्रवाचक न होनेपर ङीप् होगा, द्विकाण्ड+ङीप्=द्विकाण्डी, दो काण्ड प्रमाणवाली रस्सी ॥

४८२ पुरुषात्प्रमाणेऽन्यतरस्याम् । ४ । १ । २४ ॥

प्रमाणे यः पुरुषस्तदन्ताद्द्विगोर्ङीब्वा स्यात्तद्धितलुकि । द्वौ पुरुषौ प्रमाणमस्याः सा द्विपुरुषी द्विपुरुषा वा परिखा ॥

४८२-तद्धित लुक् होनेपर, प्रमाणवाचक जो पुरुषशब्द तदन्त द्विगुके उत्तर स्त्रीलिंगमें विकल्प करके ङीप् हो, द्वौ पुरुषौ प्रमाणमस्याः सा द्विपुरुष+ङीप्=द्विपुरुषी अथवा द्विपुरुषा। यहां तद्धित प्रत्ययको "प्रमाणे लो० ३१२८" से लुक् होताहै (परिखा) दो पुरुषके परिमाणवाली खाई ।

जहां प्रमाण अर्थमें पुरुष शब्द न होगा, वहां द्वाभ्यां पुरुषाभ्यां क्रीता द्विपुरुषा गौः "अपरिमाण० ४८०" इससे ङीपनिषेध होगा । तद्धितलुक् इसलिये है कि, द्विपुरुषी, यहां समाहारमें विकल्प न हो ॥

४८३ ऊधसोऽनङ् । ५ । ४ । १३१ ॥

ऊधोन्तस्य बहुव्रीहेरनङादेशः स्यात् स्त्रियाम् । इत्यनङि कृते डाब्ङीब्निषेधेषु प्राप्तेषु ॥

४८३-स्त्रीलिङ्गमें ऊधस् शब्दान्त बहुव्रीहि समासको अनङ् आदेश हो। इस सूत्रसे अनङ् करनेपर, "डाबुभाभ्याम्० ४६१" इससे वैकल्पिक डाप्, "अन उपधालोपिनोऽन्यतरस्याम् ४।१।२८/४६२" इससे अन्नन्तसे वैकल्पिक ङीप् और "ऋन्नेभ्यः० ४।१।५/३०६" इससे प्राप्त ङीप्का "अनो बहुव्रीहेः० ४।१।१२/४६०" इससे निषेध प्राप्त होताहै ॥

४८४ बहुव्रीहेरूधसो ङीष् ४ । १ । २५ ॥

ऊधोन्ताद्बहुव्रीहेर्ङीष् स्यात् स्त्रियाम् । कुण्डोध्नी । स्त्रियां किम् । कुण्डोधो धैनुकम् । इहाऽनङपि न। तद्विधौ स्त्रियामित्युपसंख्यानात् ॥

४८४-ऊधस्शब्दान्त बहुव्रीहिके उत्तर, स्त्रीलिङ्गमें ङीष् हो, यथा-कुण्डोध्+अन्+ङीष्= "अल्लोपोऽनः ६।४।१३४/२३४" इस सूत्रसे अन्के अकारका लोप करनेपर कुण्डोध्नी (कुण्डकी समान स्तनवाली) । स्त्रीवाची न होनेपर कुण्डोधो धैनुकम्, इस स्थानमें नपुंसक लिङ्ग होनेके कारण अनङ् आदेश भी न हुआ कारण जो अनङ् भी स्त्रीलिंग ही में कहाहै, "स्त्रियाम् ३३६७" इसका अधिकार होनेसे ॥

४८५ संख्याव्ययादेर्ङीप् । ४ । १ । २६ ॥

ङीषोऽपवादः । द्व्यूध्नी । अत्यूध्नी । बहुव्रीहेरित्येव । ऊधोऽतिक्रान्ता अत्यूधाः ॥

४८५-संख्या और अव्यय जिसके आदिमें है, ऐसे स्त्रीलिंगमें वर्तमान ऊधस्शब्दान्त बहुव्रीहिसंज्ञक प्रातिपदिकसे ङीप् हो, यह सूत्र ङीष्का बाधक है, द्व्यूध्+अन्+ङीप्=द्व्यूध्नी । अव्यय, यथा-अत्यूध्+अन्+ङीप्=अत्यूध्नी । बहुव्रीहि समास न होनेपर, ऊधोऽतिक्रान्ता अत्यूधाः यहां ङीप् वा ङीष् न हुआ ॥

४८६ दामहायनान्ताच्च । ४ । १ । २७ ॥

संख्यादेर्बहुव्रीहेर्दामान्ताद्धायनान्ताच्च ङीप् स्यात् । दामान्ते डाप्प्रतिषेधयोः प्राप्तयोर्हायनान्ते टापि प्राप्ते वचनम् । द्विदाम्नी । अव्ययग्रहणाऽननुवृत्तेरुद्दामा वडवेत्यत्र डाब्निषेधावपि पक्षे स्तः । द्विहायनी बाला ॥ त्रिचतुर्भ्यां हायनस्य णत्वं वाच्यम् ॥ * ॥ वयोवाचकस्यैव हायनस्य ङीब् णत्वं चेष्यते ॥*॥ त्रिहायणी । चतुर्हायणी । वयसोऽन्यत्र त्रिहायना । चतुर्हायना शाला ॥

४८६-संख्यावाचक शब्द जिसके आदिमें है, ऐसे दामान्त और हायनान्त बहुव्रीहिके उत्तर, स्त्रीलिंगमें ङीप् हो ।"संख्या-

व्ययादेः० ४।१।२६/४८५ " इस सूत्रमें संख्याशब्दको समासान्तर्गत होनेपर भी स्वरितत्वप्रतिज्ञाबलसे अनुवृत्ति होतीहै । दामान्त शब्दसे " डाबुभाभ्याम्० ४।१।१३/४६१ " इस सूत्रसे डाप् और " अनो बहुव्रीहेः० ४।१।१२/४६० " इस सूत्रसे नान्तलक्षण ङीप्का निषेध प्राप्त था, तथा हायनान्त शब्दसे " अजाद्यतष्टाप् " इससे टाप् प्राप्त था । लेकिन इस सूत्रसे सबका ही बाध होता है । द्विदामन्+ङीप्=द्विदाम्नी । अव्ययकी अनुवृत्ति न होनेसे उद्दामा वडवा, इस स्थलमें " अन उ० " इसके विकल्प पक्षमें डाप् और ङीप्के निषेध भी होतेहैं, द्विहायनी बाला (दो वर्षकी लडकी) ।

त्रि और चतुर शब्दके परे हायन शब्दके नकारको णत्व हो, (वा० ५०३८) वयोवाचक ही हायन शब्दके उत्तर ङीप् और णत्व दोनों हों (वा० २४४१) यथा—त्रिहायणी, चतुर्हायणी । वयोवाचक न होनेपर ङीप् णत्व न होंगे, यथा—द्विहायना, त्रिहायना, चतुर्हायना शाला—इत्यादि ॥

४८७ नित्यं संज्ञाछन्दसोः । ४ । १ । २९ ॥

अन्नन्ताद्बहुव्रीहेरुपधालोपिनो ङीप् । सुराज्ञी नाम नगरी । अन्यत्र पूर्वेण विकल्प एव । वेदे तु शतमूर्ध्नी ॥

४८७—स्त्रीलिङ्गमें वर्तमान अन्नन्त उपधालोपी बहुव्रीहि समासनिष्पन्न प्रातिपदिकसे संज्ञा और वेदविषयमें नित्य ङीप् हो, संज्ञामें यथा—सुराज्ञी नाम नगरी, 'सुशोभनो राजा यस्याः' इस विग्रहमें समास होकर सुराजन् शब्दके उत्तर ङीप् हुआ है, जहां संज्ञा वा वेद नहीं है वहां पूर्व सूत्र(४६२) से विकल्प ही होताहै । छन्दमें शतमूर्ध्नी—इत्यादि ॥

४८८ केवलमामकभागधेयपापापरसमानार्यकृतसुमङ्गलभेषजाच्च । ४ । १ । ३० ॥

एभ्यो नवभ्यो नित्यं ङीप् स्यात्संज्ञाछन्दसोः । अथोत इन्द्रः केवलीर्विशः । मामकी । भागधेयी । पापी । अपरी । समानी । आर्यकृती । सुमङ्गली । भेषजी । अन्यत्र केवला इत्यादि । मामकग्रहणं नियमार्थम् । अण्णन्तत्वादेव सिद्धेः । तेन लोकेऽसंज्ञायां मामिका ॥

४८८-संज्ञा और वेदमें केवल १, मामक २, भागधेय ३, पाप ४, अपर ५, समान ६, आर्यकृत ७, सुमंगल ८ और भेषज ९, इन शब्दोंके उत्तर नित्य ङीप् हो । छन्दमें यथा—" अथोत इन्द्रः केवलीर्विशः " केवल+ङीप्=केवली । मामक+ङीप्=मामकी । इसी प्रकार भागधेयी, पापी, अपरी, समानी, आर्यकृती, सुमंगली, भेषजी । संज्ञा और छन्दसे भिन्न विषयमें केवला—इत्यादि । मामकग्रहण नियमके निमित्त है, अर्थात् अण्णन्त मामक शब्दसे यदि ङीप् हो तो संज्ञा और वेद ही में हो, नहीं तो अण्णन्त होनेसे " टिड्ढाणञ्० ४।१।१५/४७० " इससे ङीप् होकर मामकी यह सिद्ध ही था फिर इस सूत्रमें मामक ग्रहण व्यर्थ ही होजाता, इस लिये लोकमें और असंज्ञामें 'मामिका' ऐसा ही रूप होताहै ॥

४८९ अन्तर्वत्पतिवतोर्नुक् । ४ । १ । ३२ ॥

एतयोः स्त्रियां नुक् स्यात् । ऋन्नेभ्यो ङीप् । गर्भिण्यां जीवद्भर्तृकायां च प्रकृतिभागौ निपात्येते । तत्रान्तरस्त्यस्यां गर्भ इति विग्रहे अन्तःशब्दस्याधिकरणशक्तिप्रधानतयाऽस्तिसामानाधिकरण्याभावादप्राप्तो मतुब् निपात्यते पतिवत्नीत्यत्र तु वत्वं निपात्यते । अन्तर्वत्नी । पतिवत्नी । प्रत्युदाहरणं तु । अन्तरस्त्यस्यां शालायां घटः । पतिमती पृथिवी ॥

४८९—अन्तर्वत् और पतिवत् शब्दको स्त्रीलिङ्गमें नुक्का आगम हो । पीछे " ऋन्नेभ्यो ङीप्३०६ " इस सूत्रसे ङीप्, गर्भिणी और जीवद्भर्तृका अर्थमें प्रकृतिभाग, अर्थात् गर्भिणी अर्थमें मतुप् और जीवद्भर्तृका अर्थमें वत्वका निपातन है, 'अन्तरस्ति अस्यां गर्भः' इस विग्रहमें अन्तर शब्दको अधिकरण शक्ति प्रधान होनेके कारण अस्तिके साथ सामानाधिकरण्य न होनेसे अप्राप्त जो मतुप् उसका निपातन होताहै और पतिवत्नी इसमें अप्राप्त वत्वका निपातन होता है, यथा अन्तर्वत्+नुक्+ङीप्=अन्तर्वत्नी । पतिवत्+नुक् (न्)+ङीप् पतिवत्नी । इनसे भिन्नार्थमें ' अन्तरस्ति अस्यां शालायां घटः, पतिमती पृथिवी ' इन स्थलोंमें, मतुप् वत्व और नुक् न हुए ॥

४९० पत्युर्नो यज्ञसंयोगे । ४ । १ । ३३ ॥

पतिशब्दस्य नकारादेशः स्याद्यज्ञेन संबन्धे । वसिष्ठस्य पत्नी । तत्कर्तृकयज्ञस्य फलभोक्त्रीत्यर्थः । दम्पत्योः सहाधिकारात् ॥

४९०—यज्ञका सम्बन्ध रहते पतिशब्दको नकार आदेश हो, वसिष्ठस्य पत्+न्+ङीप्=पत्नी । दम्पतिके सहाधिकारके कारण उस (वसिष्ठ) के यज्ञके फलकी भोगनेवाली । (जहां यज्ञका सम्बन्ध न हो वहां नकारादेश नहीं होताहै यथा ग्रामस्य पतिरियं ब्राह्मणी) ।

४९१ विभाषा सपूर्वस्य । ४ । १ । ३४ ॥

पतिशब्दान्तस्य सपूर्वस्य प्रातिपदिकस्य नो वा स्यात् । गृहस्य पतिः गृहपतिः । गृहपत्नी । अनुपसर्जनस्येतीहोत्तरार्थमनुवृत्तमपि न पत्युर्विशेषणं किन्तु तदन्तस्य । तेन बहुव्रीहावपि ।

---

१ (का०) "अन्तर्वत्पतिवतोर्नुग्मतुब्वत्वे निपातनात् । गर्भिण्यां जीवत्पत्यां च वा च च्छन्दसि नुग्भवेत् ॥ " अर्थात् यहां यह बात ध्यानमें लानी चाहिये कि, अन्तःशब्दसे गर्भिणी अर्थमें मतुप्का निपातन है, और पतिवत् शब्दमें जीवद्भर्तृका अर्थमें वत्वका निपातन है, और दोनों जगह नुक्का आगम होताहै, परन्तु वेदमें नुक्का आगम विकल्प करके होताहै । यथा—सान्तर्वत्नी सान्तर्वती देवानुपैत् । पतिवत्नी तरुणवत्सा, पतिवती तरुणवत्सा इति ॥

दृढपत्नी । दृढपतिः । वृषलपत्नी । वृषलपतिः ॥ अथ वृषलस्य पत्नीति व्यस्ते कथमिति चेत् । पत्नीव पत्नीत्युपचारात् । यद्वा । आचारक्विबन्तात्कर्तरि क्विप् । अस्मिंश्च पक्षे । पत्न्यौ । पत्न्यः इतीयङ्विषये विशेषः । सपूर्वस्य किम् । गवां पतिः स्त्री ॥

४९१-विद्यमानपूर्वावयव पतिशब्दान्त प्रातिपदिकको विकल्प करके नकार हो, यथा-गृहस्य पतिः इस अर्थमें गृहपत्नी, गृहपतिः । यद्यपि इस सूत्रमें अनुपसर्जन अधिकारकी आवश्यकता नहीं है, तथापि उत्तर सूत्रमें अनुवृत्तिके निमित्त इस सूत्रमें भी अनुवृत्ति आतीहै, परन्तु अनुपसर्जन पति शब्दका विशेषण नहीं होगा, किन्तु तदन्तका विशेषण होगा, इससे यह फल हुआ कि, बहुव्रीहि समासमें भी ङीप् और नकारादेश विकल्प करके होंगे, यथा-दृढपत्नी, दृढपतिः । वृषलपत्नी, वृषलपतिः । जिस स्थलमें वृषलस्य पत्नी इस प्रकार पृथक् पद हो उस स्थलमें पत्नीव पत्नी ऐसे उपचारसे सिद्ध होगा, अथवा पत्नीव आचरति इस वाक्यमें आचारार्थक क्विबन्तके उत्तर, कर्त्रर्थमें क्विप् करके पत्नी पद सिद्ध होगा, इसमें पत्न्यौ, पत्न्यः-इत्यादिमें इयङ् आदेशमात्र विशेष है ।

सपूर्व इस कारण कहाहै कि, गवां पतिः स्त्री, यहां ङीप् और नकारादेश न हो ॥

४९२ नित्यं सपत्न्यादिषु ।४।१।३५॥

पूर्वविकल्पापवादः । समानस्य सभावोपि निपात्यते । समानः पतिर्यस्याः सा सपत्नी । एकपत्नी । वीरपत्नी ॥

४९२-सपत्न्यादि शब्दोंमें नकार नित्य हो। यह पूर्व सूत्रसे विकल्पका अपवादक है । समान शब्दके स्थानमें स आदेश निपातनसिद्ध है । समानः पतिर्यस्याः सा सपत्नी । इस वाक्यमें समान+पत्+न्+ङीप्=सपत्नी । एकपत्नी और वीरपत्नी शब्द भी इसी प्रकार हैं ॥

४९३ पूतक्रतोरै च । ४ । १ । ३६ ॥

इयं त्रिसूत्री पुंयोग एवेष्यते ॥ * ॥ पूतक्रतोः स्त्री पूतक्रतायी । यया तु क्रतवः पूताः पूतक्रतुरेव सा ॥

४९३-स्त्रीलिङ्गमें वर्तमान पूतक्रतु शब्दसे ङीप् और उसको ऐकारादेश भी हो (२४४९ वा०) इस सूत्रसे लेकर तीन सूत्र पुंयोगहीमें लगते हैं, यथा-पूतक्रतोः स्त्री इस वाक्यमें पूतक्रत्+ऐ+ङीप्=पूतक्रतायी जहां पुंयोग अर्थात् उस स्त्रीके साथ पुरुषसम्बन्धकी विवक्षा न होगी वहां ङीप् न होगा, यथा-'यया तु क्रतवः पूताः स्यात्पूतक्रतुरेव सा' यहां ङीप् और ऐकार आदेश न हुए ॥

४९४ वृषाकप्यग्निकुसितकुसिदानामुदात्तः ४ । १ । ३७ ॥

एषामुदात्त ऐ आदेशः स्यात् ङीप् च । वृषाकपेः स्त्री वृषाकपायी । हरविष्णू वृषाकपी इत्यमरः ॥ वृषाकपायी श्रीगौर्योरिति च । अग्नायी । कुसितायी । कुसिदायी । कुसिदशब्दो ह्रस्वमध्यो न तु दीर्घमध्यः ॥

४९४-पुरुषके योगमें वृषाकपि, अग्नि, कुसित और कुसिद शब्दोंको उदात्त ऐकारादेश और इनसे ङीप् प्रत्यय हो । वृषाकपेः स्त्री इस अर्थमें वृषाकपै+ङीप्=वृषाकपायी (हरि हर इनकी स्त्री लक्ष्मी और पार्वती) । अग्नै+ङीप्=अग्नायी । कुसितै+ङीप्=कुसितायी । कुसिदै+ङीप्=कुसिदायी । कुसिद शब्द ह्रस्वमध्य है दीर्घमध्य नहीं है ॥

४९५ मनोरौ वा । ४ । १ । ३८ ॥

मनुशब्दस्यौकारादेशः स्यादुदात्तैकारश्च वा ताभ्यां संनियोगशिष्टो ङीप् च । मनोः स्त्री मनावी । मनायी । मनुः ॥

४९५-पुंयोगमें मनु प्रातिपदिकको औकार और उदात्त ऐकार आदेश हो, विकल्प करके, और उसके साथ ङीप् भी हो, यथा-मनोः स्त्री । मनौ+ङीप्=मनावी । मनै+ङीप्=मनायी । जहां ऐ अथवा औ न होगा वहां ङीप् भी न होगा, यथा-मनुः ॥

४९६ वर्णादनुदात्तात्तोपधात्तो नः । ४ । १ । ३९ ॥

वर्णवाची योऽनुदात्तान्तस्तोपधस्तदन्तादनुपसर्जनात्प्रातिपदिकाद्वा ङीप् स्यात्तकारस्य नकारादेशश्च । एनी । एता । रोहिणी। रोहिता। वर्णानां तणतिनितान्तानामिति फिट्सूत्रेणाद्युदात्तः । त्र्येण्या च शलल्येति गृह्यम् । त्रीण्येतान्यस्या इति बहुव्रीहिः । अनुदात्तात्किम् । श्वेता । घृतादीनां चेत्यन्तोदात्तोयम् । अत इत्येव । शितिः स्त्री ॥ पिशङ्गादुपसंख्यानम् ॥ * ॥ पिशङ्गी । पिशङ्गा ॥ असितपलितयोर्न ॥ * ॥ असिता । पलिता ॥ छन्दसि क्नमेके ॥ * ॥ असिक्नी । पलिक्नी ॥ अवदातशब्दस्तु न वर्णवाची किन्तु विशुद्धवाची।तेन अवदाता इत्येव॥

४९६-स्त्रीलिङ्गमें वर्तमान वर्णवाची अनुदात्तान्त जो तकारोपध तदन्त जो अनुपसर्जन प्रातिपदिक हैं, उनसे विकल्प करके ङीप् और उनके तकारको नकारादेश हो, यथा-एन+ई=एनी । विकल्प पक्षमें टाप्=एता (चित्र विचित्र मृगी)

१ इस सूत्रमें यज्ञसंयोगकी अनुवृत्ति नहीं होतीहै इसलिये यह अप्राप्तविभाषा है, यदि यज्ञसम्बन्धहीमें यह भी लगता, तो पूर्वसूत्रसे नुक्की प्राप्ति होनेसे प्राप्तविभाषा हो जाता ॥

२ समान, एक, वीर, पिण्ड, श्व, भ्रातृ, भद्र, पुत्र, दासपूर्वक पति शब्दको छन्दमें नकारादेश हो उतने समानादि हैं ॥

रोहिन्+ई=रोहिणी, रोहिता । "वर्णानां तणतिनितान्तानाम् (३३)" इस फिट्सूत्रसे त, ण, ति, नि, और तान्त शब्दके आदि उदात्त होते हैं इसलिये यह अनुदात्तान्त हुए ।

(त्र्येण्या च शलल्येति) यहां सन्देह यह है कि, अनुपसर्जन यह गृह्यमाण अर्थात् सूत्रोपात्त ही शब्दोंका विशेषण होताहै, कारण जो "अनुपसर्जनाविकारस्य गृह्यमाणविशेषणतैव" ऐसा "उपमानानि०" इस सूत्रमें भाष्यकारने कहेहैं, तब यहां भी गृह्यमाणहीको विशेषण होनेसे 'त्र्येण्या' इस जगह बहुव्रीहि होनेसे शलली पदार्थको प्राधान्य है, इससे वर्णवाची अनुदात्तान्त तोपध अनुपसर्जन प्रातिपदिक त्र्येणीघटक एत शब्द न हुआ, किन्तु उपसर्जन होगया, तब यहां ङीप् और नकारादेश कैसे हुआ ? इसपर कहते हैं कि, इस गृह्यसूत्रानुरोधसे तदन्तमें यहां विशेषण है, तब तदन्त 'त्र्येत' यह अनुपसर्जन प्रातिपदिक है ही, इससे ङीप्, नकार हुए । वस्तुतः विचार करो तो यहां 'एनी' पहले बनाकर, फिर त्रिषु एनी ऐसे समास करके त्र्येणी होगा, उसके तृतीयामें त्र्येण्या है ।

अनुदात्त न होनेपर ङीप् न होगा, यथा—श्वेता, यहां "घृतादीनाञ्च (फिट् २१)" इस सूत्रसे अन्तोदात्त होनेके कारण ङीप् और तकारके स्थानमें नकार आदेश नहीं हुआ ।

अकारान्त से ही आगे ङीप् और नकार होगा, इसलिये शितिः स्त्री इस स्थानमें इकारान्त होनेके कारण ङीप् आदि नहीं हुए ।

(पिशंगादुपसंख्यानम् २४५५ वा०) पिशंग शब्द तोपध नहीं है, इस कारण ङीप् नहीं पाता था, इस लिये यह वार्तिक है । पिशंग शब्दसे भी स्त्रीलिङ्गमें विकल्प करके ङीप् हो । पिशङ्गी, पिशङ्गा ।

(असितपलितयोर्न २४५३ वा०) असित और पलित प्रातिपदिकोंसे ङीप् और इनके तकारको नकारादेश न हो । यह वार्तिक सूत्रका अपवादक है । असिता । पलिता ।

(छन्दसि क्नमेके २४५४ वा०) कोई आचार्य कहते हैं कि, वेदमें असित और पलित शब्दोंके तकारको क्न आदेश हो, यथा—असिक्नी । पलिक्नी । अवदात शब्द विशुद्धवाचक है, वर्णवाचक नहीं है, इस कारण उसके उत्तर ङीप् आदि न हुए, यथा—अवदाता ॥

४९७ अन्यतो ङीष् । ४ । १ । ४० ॥

तोपधभिन्नाद्वर्णवाचिनोऽनुदात्तान्तात्प्रातिपदिकात् स्त्रियां ङीष् स्यात् । कल्माषी। सारंगी । लघावन्ते द्वयोश्च बह्वषो गुरुरिति मध्योदात्तावेतौ । अनुदात्तान्तात्किम् । कृष्णा । कपिला ॥

४९७—तकारोपधसे भिन्न वर्णवाचक अनुदात्तान्त प्रातिपदिकसे स्त्रीलिङ्गमें ङीष् हो, यथा—कल्माष+ङीष्=कल्माषी । सारङ्ग+ङीष्=सारङ्गी, " लघावन्ते द्वयोश्च बह्वषो गुरुः (फिट् ४२)" इससे कल्माष और सारङ्ग शब्द मध्योदात्त हैं । उदात्तान्त होनेपर ङीष् न होगा, यथा—कृष्णा । कपिला ॥

४९८ षिद्गौरादिभ्यश्च । ४ । १ । ४१ ॥

षिद्भ्यो गौरादिभ्यश्च ङीष् स्यात् । नर्तकी । गौरी । अनडुही । अनड्वाही ॥ पिप्पल्यादयश्च॥ आकृतिगणोऽयम् ॥

४९८—षित् अर्थात् ष् इत् है जिसमें तदन्त शब्द और गौरादि शब्दोंके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीष् प्रत्यय हो । नर्तक+ङीष्=नर्तकी, इस उदाहरणमें, "शिल्पिनि ष्वुन् ३।१।१४५ / २९०७" इस सूत्रसे "ष्वुन् प्रत्यय हुआ है ।"षः प्रत्ययस्य १।३।६ / ४७४" इससे ष इत्, तब लोप, "युवोरनाकौ ७।१।१ / १२४७" इससे वुके स्थानमें अक आदेश, नर्त+ष्वुन्=नर्त+अक=नर्तक ई"यस्येति च" इससे अकारका लोप, नर्तकी (नाचनेवाली)। गौर+ङीष्=गौरी ।

(आमनडुहः स्त्रियां वा ४३७८ वा०) स्त्रीलिङ्गमें विकल्प करके अनडुह् शब्दको आम् हो । अनडुह्+ङीष्= अनड्वाही, अनडुही ।

(पिप्पल्यादयश्च ४७ गण०) पिप्पल्यादि शब्दोंके उत्तर भी ङीष् हो । गौरादि आकृतिगण है ॥

४९९ सूर्यतिष्यागस्त्यमत्स्यानां य उपधायाः । ६ । ४ । १४९ ॥

अंगस्योपधाया यस्य लोपः स्यात्स चेद्यः सूर्याद्यवयवः ॥ मत्स्यस्य ङ्याम् ॥ * ॥ सूर्यागस्त्ययोश्छे च ङ्यां च ॥*॥तिष्यपुष्ययोर्नक्षत्राणि यलोप इति वाच्यम् ॥ * ॥ मत्सी । मातरि षिच्चेति षित्वादेव सिद्धे गौरादिषु मातामहीशब्दपाठादनित्यः षितां ङीष् । दंष्ट्रा ॥

४९९—सूर्यादि अङ्गके उपधाभूत यकारका लोप हो, वह यकार यदि सूर्यादिओंका अवयव हो तो ।

मत्स्य शब्दके यकारका लोप हो ङी प्रत्यय परे रहते (४१९८ वा०) । ङी और छ परे रहते सूर्य और अगस्त्य शब्दके यकारका लोप हो (वा० ४१९९)। नक्षत्रसम्बन्धी अण् परे रहते तिष्य और पुष्यके यकारका लोप हो (४२००) । ("संधिवेलाद्यृतुनक्षत्रेभ्योऽण्" इससे अण् होताहै) मत्स्य+ङीष्=मत्सी । " मातरि षिच्च " (वा० २७१०) इससे षित्वके कारण ङीष् सिद्ध होनेपर भी गौरादि गणमें मातामही शब्दका उल्लेख होनेसे षित्वप्रयुक्त ङीष्की अनित्यता सिद्ध होगी, इससे दश्यतेऽनयेति दंष्ट्रा "दाम्नीशस०" इत्यादिसे करणमें ष्ट्रन् प्रत्यय हुआ है, यहां ङीष् न हुआ ॥

५०० जानपदकुण्डगोणस्थलभाजनागकालनीलकुशकामुककबराद् वृत्त्यमत्रावपनाकृत्रिमाश्राणास्थौल्यवर्णानाच्छादनायोविकारमैथुनेच्छाकेशवेशेषु । ४ । १ । ४२ ॥

एकादशभ्यः प्रातिपदिकेभ्यः क्रमाद् वृत्त्यादिष्वर्थेषु ङीष् स्यात् । जानपदी वृत्तिश्चेत्।अन्या तु जानपदी । उत्सादित्वादञन्तत्वेन टिड्ढेति ङीप्याद्युदात्तः । कुण्डी अमत्रं चेत् । कुण्डान्या। कुडि दाहे गुरोश्च हल इति अप्रत्ययः । यस्तु अमृते जारजः कुण्ड इति मनुष्यजातिवचनस्ततो जातिलक्षणो ङीष् भवत्येव। अमत्रे हि स्त्रीविषयत्वाभावादप्राप्तो ङीष् विधीयते न तु नियम्यते । गोणी आवपनं चेत् । गोणाऽन्या। स्थली अकृत्रिमा चेत् । स्थलाऽन्या। भाजी श्राणा चेत् । भाजा अन्या । नागी स्थूला चेत्। नागाऽन्या । गजवाची नागशब्दः स्थौल्यगुणयोगादन्यत्र प्रयुक्त उदाहरणम्।सर्पवाची तु दैर्घ्यगुणयोगादन्यत्र प्रयुक्तःप्रत्युदाहरणम्। काली वर्णश्चेत् । कालाऽन्या। नीली अनाच्छादनं चेत्। नीलाऽन्या। नील्या रक्ता शाटीत्यर्थः। नील्या अन्वक्तव्य इत्यन् । अनाच्छादनेपि न सर्वत्र किंतु ॥ नीलादौषधौ ॥ * ॥ नीली ॥ प्राणिनि च ॥ * ॥ नीली गौः ॥ संज्ञायां वा ॥ * ॥ नीली । नीला ॥ कुशी अयोविकारश्चेत् । कुशाऽन्या । कामुकी मैथुनेच्छा चेत् । कामुकाऽन्या। कबरी केशानां संनिवेशविशेषः । कबराऽन्या चित्रेत्यर्थः ॥

५००–वृत्ति, अमत्र, आवपन, अकृत्रिम, श्राणा, स्थौल्य, वर्ण, अनाच्छादन, अयोविकार, मैथुनेच्छा और केशवेश अर्थमें क्रमसे जानपद, कुण्ड, गोण, स्थल, भाज, नाग, काल, नील, कुश, कामुक और कबर शब्दसे ङीष् हो, यथा– जानपद+ङीष्=जानपदी (वृत्ति–आजीवका)। अन्य अर्थमें जानपदी उत्सादित्वके कारण अञ् "टिड्ढाणञ्० ४।१।१५, ४७०" इस सूत्रसे अञन्तत्वके कारण ङीप् होनेपर जानपदी यह आद्युदात्त होगा ।

कुण्ड+ङीष्=कुण्डी अर्थात् यतिओंके जलपात्र (कमण्डलु) "अस्त्री कमण्डलुः कुण्डी"इत्यमरः। अन्यार्थमें कुण्डा।दाहार्थक कुडि धातुके उत्तर "गुरोश्च हल ३।३।१०३, ३२८०" से 'अ' प्रत्यय हुआ स्वामीके जीवित रहते जारसे उत्पन्न हुए बालकका नाम कुण्ड है, वह कुण्ड शब्द मनुष्य जातिवाचक है इस लिये उससे स्त्रीलिङ्गमें जातिलक्षण "जातेरस्त्री०" से ङीष् होताही है, अमत्रार्थमें कुण्ड शब्दके स्त्रीविषयत्वके कारण "जातेरस्त्रीविषयादयोपधात्" से अप्राप्त ङीष्का विधान किया है, कुण्डशब्दसे अमत्र ही अर्थमें ङीष् हो, ऐसा नियम नहीं कियाहै ।

गोण+ङीष्=गोणी (गौन), अन्यार्थमें गोणा ।

स्थल+ङीष्=स्थली अर्थात् अकृत्रिम भूमि, अन्यत्र, स्थला ।

भाज+ङीष्=भाजी (पकाया हुआ व्यंजन), अन्यत्र भाजा।

नाग+ङीष्=नागी, (अतिमोटी) अन्यत्र नागा। नाग शब्दसे हस्ती और सर्प जानना, उसमें जहां गजवाची नाग शब्द है, वहां स्थौल्य गुणसे योग होनेके कारण प्रस्तुत सूत्रका उदाहरण है, अर्थात् वहां प्रस्तुत सूत्रसे ङीष् होताहै, जहां सर्पवाची है, वहां दैर्घ्य गुणसे योग होनेके कारण प्रत्युदाहरण है, अर्थात् वहां प्रस्तुत सूत्रसे ङीष् नहीं होता, किन्तु टाप् होताहै, यथा–नागा ।

काल+ङीष्=काली (काले रंगकी स्त्री), अन्यत्र काला ।

नील+ङीष्=नीली (अनाच्छादन), अन्यार्थमें नीला, नील्या रक्ता शाटी अर्थात् नीलीसे रक्त साडी यहां "नील्या अन् वक्तव्यः २६८० वा०" इससे नीली शब्दके उत्तर अन् होताहै. अनाच्छादन होनेपर भी सर्वत्र ङीष् नहीं हो, किन्तु औषधि अर्थमें नील शब्दसे ङीष् हो (वा० २४५६), यथा नीली । प्राणी अर्थमें भी ङीष् हो (वा० २४५७) नीली (गौ) । संज्ञा अर्थमें विकल्प करके ङीष् हो (वा० २४५८) नीली, नीला ।

कुशी (लोहेका विकार), अन्यार्थमें कुशा ।

कामुक+ङीष्=कामुकी (मैथुनकी इच्छावाली), अन्यार्थमें कामुका ।

कबर+ङीष्=कबरी (बालोंका संभालना) अन्यत्र कबरा (चित्रविचित्र) ॥

५०१ शोणात्प्राचाम् । ४ । १ । ४३ ॥

शोणी । शोणा ॥

५०१–शोण शब्दके उत्तर, प्राचीन आचार्योंके मतमें ङीष् हो । शोणी । नवीनमतमें शोणा ॥

५०२ वोतो गुणवचनात् । ४ । १ । ४४ ॥

उदन्ताद् गुणवाचिनो वा ङीष् स्यात् । मृद्वी। मृदुः । उतः किम् । शुचिः । गुणेति किम् । आखुः ॥ खरुसंयोगोपधान्न ॥ * ॥ खरुः पतिंवरा कन्या । पाण्डुः ॥

५०२–उकारान्त गुणवाचक शब्दके उत्तर, विकल्प करके ङीष् हो, यथा–मृदु+ङीष्=मृद्वी, मृदुः ।

उकारान्तसे ङीष् विधानके कारण इकारान्त शुचि शब्दसे वैकल्पिक ङीष् न हुआ ।

गुणवाचकसे विधान होनेसे जातिवाचक आखु शब्दसे ङीष् न हुआ ।

खरु और संयोगोपध शब्दके गुणवाचकत्व होनेपर भी उनके उत्तर ङीष् न हो (वा० २४६०) खरुः पतिंवरा कन्या (पतिका वरण करनेवाली लड़की), पाण्डुः (पीली स्त्री)॥

५०३ बह्वादिभ्यश्च । ४ । १ । ४५ ॥

एभ्यो वा ङीष् स्यात् । बह्वी । बहुः ॥ कृदिकारादक्तिनः ॥ रात्रिः । रात्री ॥ सर्वतोऽक्तिन्नर्थादित्येके ॥ शकटिः । शकटी । अक्तिन्नर्थात्किम् । अजननिः । क्तिन्नन्तत्वादप्राप्ते विध्यर्थं पद्धतिशब्दो गणे पठ्यते । हिमकाषिहतिषु चेति पद्भावः । पद्धतिः । पद्धती ॥

५०३-बहु आदि शब्दोंके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें विकल्प करके ङीष् हो, यथा-बहु+ङीष्=बह्वी, बहुः ।

"कृदिकारादक्तिनः" (गणसू०५०)क्तिन् प्रत्ययसे भिन्न जो कृत् इकारान्त प्रत्यय तदन्तसे विकल्प करके ङीष् हो, यथा-रात्री, रात्रिः ।

कोई कहते हैं, अक्तिन्नर्थक जो सब इकारान्त प्रत्यय, तदन्त शब्दसे विकल्प करके ङीष् हो (गण० ५१) शकटी, शकटिः ।

अक्तिन्नर्थ न होनेपर अजननिः, यहां ङीष् न हुआ । "आक्रोशे नञ्यनिः $\frac{३।३।११२}{३३८९}$" इससें जन्से अनि प्रत्यय हुआ है ।

क्तिन्नन्तत्वके कारण ङीष्की अप्राप्ति होनेपर, उस विधानके निमित्त बह्वादि-गणमें पद्धति शब्दका उल्लेख कियाहै, यहां "हिमकाषिहतिषु च $\frac{६।३।५४}{९९२}$" इससे हति शब्द परे रहते पद शब्दको पद् भाव हुआ है, पद्धती, पद्धतिः ॥

५०४ पुंयोगादाख्यायाम् । ४।१।४८॥

या पुमाख्या पुंयोगात् स्त्रियां वर्तते ततो ङीष् स्यात् । गोपस्य स्त्री गोपी ॥ पालकान्तान्न ॥ * ॥ गोपालिका । अश्वपालिका ॥ सूर्याद्देवतायां चाप् वाच्यः ॥ * ॥ सूर्यस्य स्त्री देवता सूर्या । देवतायां किम् । सूरी कुन्ती मानुषीयम् ॥

५०४-जो पुंवाचक शब्द पुंयोग (पुंवाचक शब्दप्रवृत्तिनिमित्तके आरोप) से स्त्रीलिङ्गसे वर्त्तमान है, उससे ङीष् हो । गोपस्य स्त्री इस वाक्यमें गोप+ङीष्=गोपी ।

पालकान्त शब्दके उत्तर ङीष् न हो (२४६१ वा०) गोपालिका । अश्वपालिका ।

(सूर्याद्देवतायां चाप् वक्तव्यः २४७१ वा०) देवता अर्थमें सूर्य शब्दसे स्त्रीलिङ्गमें चाप् हो । सूर्यस्य स्त्री देवता सूर्या । देवतासे भिन्न अर्थमें सूरी (कुन्ती) " सूर्यतिष्य० $\frac{६।४।१४९}{४९९}$" से यकारका लोप हुआहै ॥

५०५ इन्द्रवरुणभवशर्वरुद्रमृडहिमारण्ययवयवनमातुलाचार्याणामानुक् । ४ । १ । ४९ ॥

एषामानुगागमः स्यान्ङीष् च । इन्द्रादीनां षण्णां मातुलाचार्ययोश्च पुंयोग एवेष्यते । तत्र ङीषि सिद्धे आनुगागममात्रं विधीयते । इतरेषां चतुर्णामुभयम् । इन्द्राणी ॥ हिमाऽरण्ययोर्महत्त्वे ॥ * ॥ महद्धिमं हिमानी । अरण्यानी ॥ यवाद्दोषे ॥ * ॥ दुष्टो यवो यवानी ॥ यवनाल्लिप्याम् ॥ * ॥ यवनानां लिपिर्यवनानी ॥ मातुलोपाध्याययोरानुग्वा ॥ * ॥ मातुलानी । मातुली । उपाध्यायानी । उपाध्यायी । या तु स्वयमेवाध्यापिका तत्र वा ङीष् वाच्यः ॥ * ॥ उपाध्यायी । उपाध्याया ॥ आचार्यादणत्वं च ॥ * ॥ आचार्यस्य स्त्री आचार्यानी । पुंयोग इत्येव । आचार्या स्वयं व्याख्यात्री ॥ अर्यक्षत्रियाभ्यां वा स्वार्थे ॥ * ॥ अर्याणी । अर्या । स्वामिनी वैश्या वेत्यर्थः ॥ क्षत्रियाणी । क्षत्रिया । पुंयोगे तु । अर्यी । क्षत्रियी । कथं ब्रह्माणीति । ब्रह्माणमानयति जीवयतीति कर्मण्यण् ॥

५०५-इन्द्र, वरुण, भव, शर्व, रुद्र, मृड, हिम, अरण्य, यव, यवन, मातुल और आचार्य शब्दोंको आनुक् हो और ङीष् हो । इन्द्रादि छः शब्दोंके और मातुल शब्द व आचार्य शब्दके पुंयोगमें ही आनुक् इष्ट है । वहां पुंयोगमें ङीष् सिद्ध ही है, इसलिये आनुक् आगममात्रका विधान होगा, दूसरे चारके उत्तर ङीष् और आनुक् होगा । इन्द्र+आनुक्+ङीष्=इन्द्राणी ।

महत्त्व अर्थमें हिम और अरण्य शब्दके उत्तर ङीष् और आनुक् हो (२४७२ वा०) महद्धिमम् इस अर्थमें हिम+आन्+ङीष्=हिमानी (बर्फका ढेर) । महदरण्यम् इस अर्थमें अरण्य+आन्+ङीष्=अरण्यानी । बड़ा वन ।

दोष अर्थमें यव शब्दके उत्तर आनुक् और ङीष् हो । (वा० २४७३) दुष्ट यवार्थमें यव+आन्+ङीष्=यवानी ।

लिपि अर्थमें यवन शब्दके उत्तर आनुक् और ङीष् हो । (२४७४ वा०) यवनानां लिपिः इस अर्थमें यवन+आन्+ङीष्=यवनानी ।

मातुल और उपाध्याय शब्दके उत्तर आनुक् विकल्प करके हो । (२४७६वा०) मातुल+आन्+ङीष्=मातुलानी, मातुली । उपाध्यायानी, उपाध्यायी । जो स्त्री स्वयं ही अध्यापिका (पढानेवाली) हो उस अर्थमें उपाध्याय शब्दके उत्तर स्त्रीलिंगमें विकल्प करके ङीष् हो। (२४७७) उपाध्यायी, उपाध्याया।

आचार्यशब्दके परे स्थित आनुक्के नकारको णत्व न हो (२४७७ वा०) आचार्यस्य स्त्री इस अर्थमें आचार्य+आन्+ङीष्=आचार्यानी। ङीष् तथा आनुक् पुंयोगहीमें होते हैं, इससे पुंयोग न होनेपर ङीष् और आनुक् न होंगे, यथा-आचार्या स्वयं व्याख्याकर्त्री यहां टाप् हुआ है ।

अर्य और क्षत्रिय शब्दके उत्तर विकल्प करके ङीष् और आनुक् हों, स्वार्थमें (२४७८ वा०) अर्याणी, अर्या, अर्थात् स्वामिनी वा वैश्या । क्षत्रियाणी, क्षत्रिया । पुंयोग होनेपर, यथा-अर्यी, क्षत्रियी ।

" इन्द्रवरुण० " इस सूत्रमें ब्रह्मन् शब्दका पाठ न होनेसे 'ब्रह्माणी' यह रूप कैसे बना ? तब कहतेहैं कि-ब्रह्माणमानयति जीवयति इस वाक्यमें ण्यन्त 'अन् प्राणने' इससे अण्, "णेरनिटि० " इससे णिलोप करके " टिड्ढाणञ्० " इससे ङीप्, " पूर्वपदात् संज्ञायाम्० " इससे णत्व, ब्रह्माणी ॥

५०६ क्रीतात्करणपूर्वात् । ४ । १ । ५० ॥

क्रीतान्ताददन्तात्करणादेः स्त्रियां ङीष् स्यात् । वस्त्रक्रीती । क्वचिन्न । धनक्रीता ॥

५०६–करणकारकपूर्वक क्रीतान्त अकारान्त शब्दके उत्तर स्त्रीलिंगमें ङीष् हो, यथा–वस्त्रेण क्रीता, इस अर्थमें वस्त्रक्रीती । कहीं न भी हो, यथा–धनक्रीता ॥[1]

५०७ क्तादल्पाख्यायाम् । ४ । १ । ५१ ॥

करणादेः क्तान्तात् स्त्रियां ङीष् स्यादल्पत्वे द्योत्ये । अभ्रलिप्ती द्यौः ॥

५०७–करण कारकादि क्तप्रत्ययान्त शब्दके उत्तर, अल्प अर्थ द्योत्य रहते ङीष् हो, अभ्रेण लिप्ता द्यौः इस अर्थमें अभ्रलिप्ती। अल्पार्थ न होनेपर, चन्दनलिप्ता अंगना यहां ङीष् न हुआ ॥

५०८ बहुव्रीहेश्चान्तोदात्तात् । ४ । १ । ५२ ॥

बहुव्रीहेः क्तान्तादन्तोदात्ताददन्तात् स्त्रियां ङीष् स्यात् ॥ जातिपूर्वादिति वक्तव्यम् ॥ * ॥ तेन बहुनञ्सुकालसुखादिपूर्वान्न । ऊरुभिन्नी । नेह । बहुकृता ॥ जातान्तान्न ॥ * ॥ दन्तजाता ॥ पाणिगृहीती भार्यायाम् ॥ * ॥ पाणिगृहीताऽन्या ॥

५०८–बहुव्रीहिसंज्ञक क्तान्त अन्तोदात्त अकारान्त शब्दके उत्तर स्त्रीलिंगमें ङीष् हो । यहां जातिवाचकपूर्वकसे ङीष् हो ऐसा कहना चाहिये, इसलिये बहु, नञ्, सुकाल और सुखादि पूर्वक होनेपर न होगा । भिन्नौ ऊरू यस्याः, इस वाक्यमें 'ऊरुभिन्न' इस क्तान्त अकारान्त शब्दके उत्तर ङीष् हुआ ऊरुभिन्नी । बहुकृत+टाप्=बहुकृता, इस स्थानमें बहु शब्द पूर्वमें होनेके कारण ङीष् न होकर टाप् हुआ।

जात शब्द अन्तमें रहनेसे ङीष् न हो (२४७९ वा०) यथा–दन्तजाता । भार्या अर्थमें पाणिगृहीतसे ङीष् हो । पाणिगृहीती, अन्यार्थमें पाणिगृहीता ॥

५०९ अस्वाङ्गपूर्वपदाद्वा । ४ । १ । ५३ ।

पूर्वेण नित्यं प्राप्ते विकल्पोऽयम् । सुरापीती । सुरापीता । अन्तोदात्तात्किम् । वस्त्रच्छन्ना । अनाच्छादनादित्युदात्तनिषेधः । अत एव पूर्वेणापि न ङीष् ॥

५०९–अस्वांगवाचक शब्द पूर्वमें हो तो क्तान्त अन्तोदात्त अदन्त बहुव्रीहिसंज्ञक प्रातिपदिकसे विकल्प करके ङीष् हो । पूर्व सूत्रसे नित्य विधि प्राप्त था परन्तु विकल्पके लिये यह सूत्र है । सुरापीत+ङीष्=सुरापीती,[2] ङीष् न हुआ, तो टाप् हुआ सुरापीता । अन्तोदात्त कहनेका कारण यह कि जहां यह स्वर न होगा, वहां ङीष् न होगा, यथा–वस्त्रछन्ना, यहां टाप् हुआ है ।[1] अनाच्छादनके कारण इस स्थलमें "नञ्सुभ्यां जातिकालसुखादिभ्योऽनाच्छादनात्" इससे उदात्तका निषेध हुआ इस कारण पूर्व सूत्रसे भी ङीष् न हुआ ॥

५१० स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात् । ४ । १ । ५४ ॥

असंयोगोपधमुपसर्जनं यत्स्वाङ्गं तदन्ताददन्तात्प्रातिपदिकाद्वा ङीष् । केशानतिक्रान्ता अतिकेशी । अतिकेशा । चन्द्रमुखी । चन्द्रमुखा । संयोगोपधात्तु सुगुल्फा । उपसर्जनात्किम् । शिखा । स्वाङ्गं त्रिधा ॥

अद्रवन्मूर्तिमत्स्वाङ्गं प्राणिस्थमविकारजम् ॥

सुस्वेदा । द्रवत्वात् । सुज्ञाना । अमूर्तत्वात् । सुमुखा शाला । अप्राणिस्थत्वात् । सुशोफा । विकारजत्वात् ॥

अतत्स्थं तत्र दृष्टं च–

सुकेशी सुकेशा वा रथ्या । अप्राणिस्थस्यापि प्राणिनि दृष्टत्वात् ॥

–तेन चेत्तत्तथा युतम् ॥ * ॥

सुस्तनी सुस्तना वा प्रतिमा । प्राणिवत्प्राणिसदृशे स्थितत्वात् ॥

५१०–असंयोगोपध उपसर्जनीभूत जो स्वाङ्गवाचक अकारान्त शब्द तदन्तसे विकल्प करके ङीष् हो, यहां बहुव्रीहि अन्तोदात्त क्तान्त ये तीनों पद छूट गये हैं केशान् अतिक्रान्ता अतिकेशी, अतिकेशा । चन्द्रमुखी, चन्द्रमुखा । संयोगोपध होनेपर ङीष् न होगा, यथा–सुगुल्फा ।

(उपसर्जनात्किमिति) उपसर्जन नहीं कहेंगे तो अनुपसर्जन स्वाङ्गवाचक शब्दोंसे भी ङीष् हो जायगा, यथा–शिखा, शोभना शिखा सुशिखा । आशय यह है कि, 'कल्याणपाणिपादा' यहां ङीष् न होनेके लिये पूर्वसूत्र(४।१।५३)से "अस्वाङ्गपूर्वपदात्" इसकी अनुवृत्ति लाकर पर्युदास मानकर स्वांगभिन्नपूर्वपदक जो स्वांगवाचक शब्द उससे ङीष् हो, ऐसा अर्थ होनेसे 'शिखा' यहां पूर्वपदके अभावसे दोष न था, इसलिये 'सुशिखा' यहां दोष दिया । नवीन लोग तो कहतेहैं कि, 'सुशिखा' यह प्रक्षिप्त पाठ है, क्योंकि,–विशिष्ट (सुशिखा) को अदन्तत्व न होनेसे प्राप्ति ही नहीं है, किन्तु 'शिखा' यही प्रत्युदाहरण है, यद्यपि भाष्यकार उपसर्जनग्रहणके खण्डनकालमें 'अशिखा' यही प्रत्युदाहरण दियेहैं, तथापि उनका भी एकदेश 'शिखा' यहींपर तात्पर्य्य है, नहीं तो विशिष्टमें अदन्तत्व न होनेसे और होनेपर भी "सहनञ्० ४ । १ । ५७ ।" यह निषेध

---

१ धनक्रीता ऐसा ही प्रयोग सब जगह दृष्ट होताहै, इससे अजादिगणके आकृतिगणत्वके कारण इसका भी उस गणमें पाठकर उक्त प्रयोग सिद्ध होताहै, यही 'क्वचिन्न' इसका तत्त्व जानना ॥

२ (सुरापीती) यहां "जातिकाल०" (१८२२ वा०) इस सूत्र और वार्तिकोंसे निष्ठाको परनिपात और अन्तोदात्त हुआ है ॥

१ (वस्त्रछन्ना) यहां बहुव्रीहि स्वरसे पूर्वपदप्रकृतिस्वर और [illegible] निपात करनेपर यह अनन्तोदात्त है ॥

होजानेसे ङीप् हो ही न सकता, यदि यह कहो कि, पूर्व कहेके अनुसार शिखामें भी दोष नहीं है? सो नहीं कह सकते। कारण जो 'अस्वांगपूर्वपदात्' यहां इसी भाष्यप्रमाणसे प्रसज्य-प्रतिषेध है, तब तो ऐसा अर्थ हुआ कि,-स्वांगपूर्वपदक स्वांगवाचक शब्दसे ङीप् न हो, तब 'शिखा' यह स्वांगपूर्वपदक स्वांगवाचक नहीं है, इससे प्राप्त हुआ, इसलिये 'उपसर्जनात्' कहना चाहिये ॥

स्वांग तीन प्रकारका है, (१) अद्रव, मूर्तिमत् और प्राणिस्थित अविकारज इनको स्वांग कहते हैं, जहां स्वांग न होगा, वहां ङीप् न होगा, यथा द्रव होनेसे सुस्वेदा। मूर्तिरहित होनेसे सुज्ञाना, अप्राणिस्थत्वके कारण सुमुखा शाला। विकारजके कारण सुशोफा इन सब स्थलोंमें ङीप् न होकर टाप् हुआ है ॥

(२) प्राणिस्थ न होकर प्राणीमें दृष्ट हो तो वह भी स्वांग होता है, यथा-सुकेशी, सुकेशा वा रथ्या। इस स्थानमें केश अप्राणिस्थ होनेपर भी प्राणीमें देखे जानेके कारण स्वांग हुआ इससे ङीप् हुआ ॥

(३) जिस अंगसे प्राणी जैसे युक्त होता है वैसे उस अंगसे अप्राणी भी युक्त हो, तो वह स्वांग होताहै यथा-सुस्तनी, पक्षमें-सुस्तना वा प्रतिमा। इस स्थानमें प्राणिवत् प्राणिसदृश प्रतिमामें स्थितिके कारण स्तन यह स्वांग है ॥

५११ नासिकोदरौष्ठजङ्घादन्तकर्णशृंगाच्च। ४। १। ५५॥

एभ्यो वा ङीष् स्यात्। आद्ययोर्बह्वज्लक्षणो निषेधो बाध्यते पुरस्तादपवादन्यायात्। ओष्ठादीनां पञ्चादीनां तु असंयोगोपधादिति पर्युदासे प्राप्ते वचनं मध्येपवादन्यायात्। सहनञ्लक्षणस्तु प्रतिषेधः परत्वादस्य बाधकः। तुङ्गनासिकी। तुङ्गनासिका। इत्यादि। नेह। सहनासिका। अनासिका। अत्र वृत्तिः॥ अङ्गगात्रकण्ठेभ्यो वक्तव्यम्॥ * ॥ स्वङ्गी। स्वङ्गेत्यादि। एतच्चानुक्तसमुच्चयार्थेन चकारेण संग्राह्यमिति केचित्। भाष्याद्यनुक्तत्वादप्रमाणमिति प्रामणिकाः। अत्र वार्तिकानि॥ पुच्छाच्च॥ * ॥ सुपुच्छी। सुपुच्छा॥ कबरमणिविषशरेभ्यो नित्यम्॥ * ॥ कबरं चित्रं पुच्छं यस्याः सा कबरपुच्छी मयूरी इत्यादि॥ उपमानात्पक्षाच्च पुच्छाच्च॥ * ॥ नित्यमित्येव॥ उलूकपक्षी शाला। उलूकपुच्छी सेना॥

५११-बहुव्रीहि समासमें स्त्रीलिंगमें वर्तमान नासिका, उदर, ओष्ठ, जंघा, दंत, कर्ण और शृंग शब्दके उत्तर विकल्प करके ङीप् हो। आदिमें स्थित नासिका और उदर शब्दके बहुअच्विशिष्टत्वके कारण "न क्रोडादिबह्वचः ५१२" इस वक्ष्यमाण सूत्रसे निषेध प्राप्त होनेपर 'पुरस्तादपवादा अनन्तरान्विधीन्बाधन्ते नोत्तरान्' (प०) अर्थात् जो पहले अपवाद और पीछे उत्सर्ग पढा हो, तो वह अपने समीपमें स्थित कार्यका बाधक हो और परविधि अर्थात् जिसके साथ व्यवधान हो, उसका बाधक न हो। इसके अनुसार बह्वच्लक्षण ङीप्के निषेधका बाधक हुआ और सह नञ् विद्यमानपूर्वक नासिका और उदरसे प्राप्त ङीप्के निषेधका बाधक नहीं हुआ, और इस सूत्रमें जो ओष्ठादि पांच संयोगोपध हैं, उनमें "असंयोगोपधात्" यह निषेध प्राप्त है, उसके बाधके लिये यह वचन है, परन्तु, सह, नञ्, विद्यमान, पूर्व पद रहते "सहनञ्विद्यमानपूर्वाच्च ५१३" इसका अपवादक नहीं है, कारण जो '(परि०) मध्येऽपवादाः पूर्वान् विधीन् बाधन्ते नोत्तरान्' अर्थात् मध्य अपवाद पूर्व विधिको बाध करताहै और उत्तर विधिको बाध नहीं करताहै, इससे यह सूत्र सामान्य उपपद रहते ओष्ठादि पांचोंसे प्राप्त "असंयोगोपधात्" इस पर्युदासहीका बाध किया और "सहनञ्०" इसका बाध न किया, इसलिये सह, नञ्, विद्यमान, पूर्वपद रहते "सहनञ्०" यह निषेध परत्वके कारण इसका बाध करैगा, यथा-तुङ्गनासिक+ङीप्=तुङ्गनासिकी। पक्षमें तुङ्गनासिका, इत्यादि। सहनासिका, अनासिका,-इत्यादि स्थलोंमें सहनञ्योगके कारण ङीप् नहीं हुआ।

इस स्थलमें वृत्तिकारने कहा है कि, (अङ्गगात्रकण्ठेभ्य इति वक्तव्यम्) अङ्ग, गात्र और कंठ इन शब्दोंके उत्तर विकल्प करके ङीष् हो। स्वङ्गी, पक्षमें-स्वङ्गा। कोई२ कहते हैं कि, सूत्रमें अनुक्त समुच्चयार्थक चकारसे इन सबका संग्रह करना चाहिये। भाष्य आदिमें ऐसा प्रयोग न होनेसे प्रमाणिकोंने उसको अप्रमाण माना है।

इस विषयमें सब वार्तिक कहते हैं-

(पुच्छाच्च२४८९) पुच्छ शब्दके उत्तर विकल्प करके ङीप् हो, यथा-सुपुच्छी, सुपुच्छा।

(कबरमणिविषशरेभ्यो नित्यम्२४९० वा०) कबर, मणि, विष और शर शब्दोंसे परे स्वांगवाची पुच्छ प्रातिपदिकसे स्त्रीलिङ्गमें नित्य ङीप् हो, यथा-कबरं पुच्छं यस्याः सा कबरपुच्छी मयूरी (मोरनी) इत्यादि।

(उपमानात्पक्षाच्च पुच्छाच्च२४९१वा०) उपमानवाचकसे परे पक्ष और पुच्छ शब्दके उत्तर नित्य ङीप् हो, जैसे-उलूकपक्षी शाला। उलूकपुच्छी सेना-इत्यादि॥

५१२ न क्रोडादिबह्वचः। ४। १। ५६॥

क्रोडादेर्बह्वचश्च स्वाङ्गान्न ङीष्। कल्याणक्रोडा। अश्वानामुरः क्रोडा। आकृतिगणोऽयम्। सुजघना॥

५१२-क्रोडादि अर्थात् क्रोड, नख, खुर, गोखा, उखा,

१ क्रोड शब्द स्त्रीलिङ्ग है, यह हरदत्त कहते हैं, उपसर्जन ह्रस्व करनेपर अदन्तत्व होनेसे ङीप्की प्राप्ति थी; अमरकोशमें "न ना क्रोडं भुजान्तरम्" इससे नपुंसक और स्त्रीलिङ्ग कहा है, रत्नपति तो, पुंलिङ्ग कहते हैं, गणमें 'क्रोड' ऐसा प्रातिपदिकमात्र पढा है, टाबन्त नहीं, यह रत्नमहोदधिकार कहतेहैं, ऐसे तीनों-

शिखा, वाल, शफ, शुक्र, भग, गल, घोण, नाल, भुज, गुद, कर-इत्यादि शब्द और बहुअच्युक्त स्वांगवाचक शब्दोंके उत्तर ङीप् न हो, यथा-कल्याणक्रोडा ॥

५१३ सहनञ्विद्यमानपूर्वाच्च ।४।१।५७॥

सहेत्यादित्रिकपूर्वान्न ङीष् । सकेशा । अकेशा । विद्यमाननासिका ॥

५१३-सह, नञ् अथवा विद्यमान शब्द जिसके पूर्वमें हो ऐसे स्वाङ्गवाची प्रातिपदिकसे स्त्रीलिङ्गमें ङीष् न हो । सकेशा, अकेशा । विद्यमाननासिका ॥

५१४ नखमुखात्संज्ञायाम् ।४।१।५८॥

ङीष् न स्यात् । शूर्पणखा । गौरमुखा । संज्ञायां किम् । ताम्रमुखी कन्या ॥

५१४-संज्ञामें नख और मुख शब्दके उत्तर ङीष् न हो, यथा-शूर्पणखा (यहां " पूर्वपदात्संज्ञायामगः ८५७" इससे णत्व हुआहै) । गौरमुखा ।

संज्ञा अर्थ न होनेपर ताम्रमुखी कन्या । यहां ङीप्का निषेध न हुआ ॥

५१५ दिक्पूर्वपदान्ङीप् । ४।१।६० ॥

दिक्पूर्वपदात्स्वांगान्तात्प्रातिपदिकात्परस्य ङीषो ङीबादेशः स्यात् । प्राङ्मुखी । आद्युदात्तं पदम् ॥

५१५-दिग्वाचक शब्द पूर्वमें है जिसके ऐसे स्वाङ्गान्त प्रातिपदिकके उत्तर ङीष्के स्थानमें ङीप् हो, यथा-प्राङ्मुखी, यह आद्युदात्त है ॥

५१६ वाहः । ४ । १ । ६१ ॥

वाहन्तात्प्रातिपदिकात् ङीष् स्यात् । ङीषेवानुवर्तते न ङीप् । दित्यवाट् च मे दित्यौही च मे ॥

५१६-वेदमें वाहशब्दान्त प्रातिपदिकके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीष् हो, ङीष्की ही अनुवृत्ति आतीहै, ङीप्की नहीं । दित्यवाट् च मे, दित्यौही च मे । " वाह ऊठ्" इससे ऊठ्, " संप्रसारणाच्च " इससे पूर्वरूप, " एत्येधत्यू०" इससे वृद्धि ॥

५१७ सख्यशिश्वीति भाषायाम् । ४ । १ । ६२ ॥

इति शब्दः प्रकारे भाषायामित्यस्यानन्तरं द्रष्टव्यः । छन्दस्यपि क्वचित् । सखी । अशिश्वी । आधेनवो धुनयन्तामशिश्वीः ॥

५१७-सखि और अशिशु शब्दके उत्तर भाषा अर्थात् लौकिक प्रयोगमें ङीष् हो । सखि+ङीष्=सखी । न विद्यते शिशुर्यस्याः, अशिशु+ङीष्=अशिश्वी । सूत्रमें इति शब्द सादृश्यार्थक है और उसे ' भाषायाम् ' इसके आगे देखना चाहिये, इससे कहीं वेदमें भी इनके उत्तर ङीष् हो, यथा-आधेनवो धुनयन्तामशिश्वी । (भाषामें क्यों कहा ? तो वेदमें ' सखा सप्तपदी भव ' यहां ङीष् नहीं होता) ॥

५१८ जातेरस्त्रीविषयादयोपधात् । ४ । १ । ६३ ।

जातिवाचि यन्न च स्त्रियां नियतमयोपधं ततः स्त्रियां ङीष् स्यात् ॥

आकृतिग्रहणा जातिः-

अनुगतसंस्थानव्यङ्ग्येत्यर्थः । तटी ॥

-लिंगानां च न सर्वभाक् ।

सकृदाख्यातनिर्ग्राह्या-

असर्वलिंगत्वे सत्येकस्यां व्यक्तौ कथनाद्व्यक्त्यन्तरे कथनं विनापि सुग्रहा जातिरिति लक्षणान्तरम् । वृषली । सत्यन्तं किम् । शुक्ला । सकृदित्यादि किम् । देवदत्ता ॥

-गोत्रं च चरणैः सह ॥

अपत्यप्रत्ययान्तः शाखाध्येतृवाची च शब्दो जातिकार्यं लभत इत्यर्थः । औपगवी । कठी । बह्वृची । ब्राह्मणीत्यत्र तु शार्ङ्गरवादिपाठात् ङीना ङीष् बाध्यते । जातेः किम् । मुण्डा । अस्त्रीविषयात्किम् । बलाका । अयोपधात्किम् । क्षत्रिया ॥ योपधप्रतिषेधे हयगवयमुकयमनुष्यमत्स्यानामप्रतिषेधः ॥ * ॥ हयी । गवयी । मुकयी । हलस्तद्धितस्येति यलोपः । मनुषी ॥ मत्स्यस्य ङ्याम् ॥ * ॥ मत्सी ॥

५१८ स्त्रीलिङ्गमें वर्त्तमान यकारोपधभिन्न जातिवाची अनियत स्त्रीलिङ्ग अकारान्त प्रातिपदिकसे ङीष् प्रत्यय हो ।

भिन्नोंमें अभिन्न प्रत्ययके निमित्तको जाति कहतेहैं और नित्य हो, एक हो, अनेकमें अनुगत हो उसे भी जाति कहतेहैं, इस प्रकार लक्षण करनेसे शुक्लादि गुणोंमें अतिव्याप्ति हुई, अर्थात् शुक्ला शाटी यहां ङीष् प्राप्त हुआ । ' जन्मसे जो प्राप्त हो ' इतने लक्षणसे अतिव्याप्ति दूर होगई परन्तु ' युवती ' इस प्रयोगमें अव्याप्ति हुई, अर्थात् यहां नहीं प्राप्त हुआ, इससे कहते हैं कि, (आकृतिग्रहणा०) आकृति अर्थात् अवयव सन्निवेश, यह अवयवसन्निवेश जिसका ग्रहण (ज्ञान) करानेवाला है, उसे जाति कहतेहैं, जैसे-तटी । पूर्वोक्त लक्षण करनेपर भी वृषल शब्दमें अव्याप्ति होगी अर्थात् ' वृषली ' यहां ङीष् न होगा, कारण कि जैसे-ब्राह्मणादिमें अवयवसन्निवेश है वैसेही वृषलमें है । इस कारण कहाहै कि, लिङ्गानामिति 'लिङ्गानाम्' यहां

-लिङ्ग होनेसे तीनों लिङ्गोंमें उदाहरण समझना । माधवने तो तुदादिगणके "कुड निमज्जने" इससे घञ् मानकर 'क्रोडः' कहाहै । अश्वानामुरः क्रोडा । स्वभावसे उरोविषयक यह टावन्त है, कारण जो क्रोडादिमें टावन्तमात्रका पाठ है सुजान्तर मात्रवचन क्रोड शब्दको बहुव्रीहिमें स्वाङ्गलक्षण ङीष् विकल्प करके होता ही है, यथा-कल्याणक्रोडी, कल्याण क्रोडा, मयूरी इत्यादि ॥

कर्ममें षष्ठी है, सम्पूर्ण लिङ्गोंको जो न भजै, अर्थात् जो तीनों लिङ्ग न हो । "सकृदाख्यात०" यहां आख्यात पदका अर्थ उपदेश है, एक वारके उपदेशसे जिसका सब जगह ग्रहण हो उसे जाति कहतेहैं, यथा–वृषली । जैसे ब्राह्मण कहनेसे उसके पिता आदिमें ब्राह्मणत्व जाति विदित होतीहै, वृषल कहनेसे उसके अपत्यादिमें वृषलत्व जाति होतीहै, वैसे एक स्थानमें इन्द्रके कहनेसे अन्यत्र उसका ग्रहण नहीं होसकता इस कारण इन्द्रत्व जाति नहीं होतीहै ।

सत्यन्त (असर्वलिङ्गत्वे सति) ग्रहणके कारण शुक्ला इस स्थलमें ङीष् न होकर टाप् हुआ है । एक वारके उपदेशसे दूसरी व्यक्तिमें ज्ञात न होनेसे देवदत्ता, यहां ङीप् न होकर टाप् हुआहै ।

अब पूर्वोक्त लक्षण करनेसे भी औपगवी, कठी; इत्यादि प्रयोग सिद्ध नहीं होते, इससे 'गोत्रञ्च चरणैः सह' यह भी पारिभाषिक जातिलक्षण कहतेहैं, अर्थात् अपत्य प्रत्ययान्त और शाखाअध्येतृवाचक शब्द भी जातिकार्य्यका लाभ करतेहैं । यथा–'उपगोरपत्यं पुमान्' इस अर्थमें उपगु शब्दके उत्तर अपत्यार्थमें अण् प्रत्यय हुआ, और अपत्य प्रत्ययान्तत्वसे जातित्वके कारण उसके उत्तर ङीष् हुआ, यथा–औपगवी ।

'कठशाखाध्यायिनी' इस अर्थमें शाखाध्येतृत्वके कारण जातित्व हुआहै, इस कारण उसके उत्तर ङीष् हुआ, कठी और 'कठेन प्रोक्तमधीयाना' इस विग्रहमें "कलापिवैशंपायनान्तेवासिभ्यश्च ४।३।१०४/१४८४" इससे णिनि, "कठचरकाल्लुक् ४।३।१०७/१४८७" इससे लुक्, अध्येता अर्थमें विहित अण्का तो "प्रोक्ताल्लुक् ४।२।६४/१२७४" इससे लुक् ।

बह्वृची–(बह्वयः ऋचोऽध्येतव्या यया सेति बहुव्रीहिः) "अनृचबह्वृचावध्येतर्यैव" इस वचनसे "ऋक्पूरब्धू० ५।४।७४/९४०" इससे समासान्त अप्रत्यय हुआ, फिर ङीष् हुआ । (पूर्व कल्पमें स्त्रियां अध्ययन करती थीं, ऐसा यमने कहाहै– "पुरा कल्पेषु नारीणां मौञ्जीबन्धनमिष्यते । अध्यापनञ्च वेदानां सावित्रीवचनं तथा" पर इस कल्पमें निषेध है) ।

ब्राह्मणी इस स्थलमें ब्राह्मण शब्दको शार्ङ्गरवादिगणमें पाठ होनेके कारण ङीन्से ङीष् बाधित हुआहै ।

जातिवाचक न होनेपर मुण्डगुणयोगके कारण 'मुण्डा' यहां ङीष् न हुआ ।

अस्त्रीविषय कहनेस बलाका (बिसकण्ठिका) यहां ङीष् न हुआ ।

यकारोपधके कारण ङीष् न हुआ क्षत्रिया, "क्षत्राद् घः ४।१।१३८/११६१" इससे अपत्यमें घविधान कियाहै ।

यकारोपधके निषेधमें हय, गवय, मुकय, मनुष्य और मत्स्य, शब्दका अप्रतिषेध हो (२४९५ वा०), यथा हयी, गवयी, मुकयी । "हलस्तद्धितस्य ६।४।१५०/४७२" इस सूत्रसे यकारका लोप करके मानुषी । ङी परे रहते मत्स्य शब्दके यकारका लोप हो (४१९८) मत्सी ।

१ गौरादिमें गवयादि शब्द अबके पुरुषोंने संयुक्त कियेहैं, यह इस वार्तिकसे जाना जाताहै ॥

५१९ पाककर्णपर्णपुष्पफलमूलवालोत्तरपदाच्च । ४ । १ । ६४ ॥

पाकाद्युत्तरपदाज्जातिवाचिनः स्त्रीविषयादपि ङीष् स्यात् । ओदनपाकी । शंकुकर्णी । शालपर्णी । शंखपुष्पी । दासीफली । दर्भमूली । गोवाली । ओषधिविशेषे रूढा एते ॥

५१९–पाक, कर्ण, पर्ण, पुष्प, फल, मूल और वाल शब्द हैं उत्तरपदमें जिसके ऐसे जातिवाचक स्त्रीविषयक भी शब्दसे स्त्रीलिङ्गमें ङीष् हो, यथा–ओदनपाक+ङीष्=ओदनपाकी । शंकुकर्णी । शालपर्णी । शंखपुष्पी । दासीफली । दर्भमूली । गोवाली । यह सब शब्द औषधि अर्थमें रूढ हैं ॥

५२० इतो मनुष्यजातेः । ४ । १ । ६५ ॥

ङीष् स्यात् । दाक्षी । योपधादपि । उदमेयस्यापत्यम् औदमेयी । मनुष्येति किम् । तित्तिरिः ॥

५२०–मनुष्यजातिवाचक इकारान्त शब्दके उत्तर ङीष् हो, यथा–दाक्षी, "अत इञ् ४।१।९५/१०९५" । यकारोपध होनेपर भी ङीष् होगा, 'उदमेयस्यापत्यम्' इस वाक्यमें औदमेयी ।

मनुष्यभिन्नजातिवाची होनेपर ङीष् न होगा, यथा–तित्तिरिः (पक्षीविशेषतीतर) ॥

५२१ ऊङुतः । ४ । १ । ६६ ॥

उकारान्तादयोपधान्मनुष्यजातिवाचिनः स्त्रियामूङ् स्यात् । कुरूः । कुरुनादिभ्यो ण्यः । तस्य स्त्रियामवन्तीत्यादिना लुक् । अयोपधा- किम् । अध्वर्युः ॥ अप्राणिजातेश्चारज्ज्वादीनामुपसंख्यानम् ॥ * ॥ रज्ज्वादिपर्युदासादुवर्णान्तेभ्य एव । अलाब्वा । कर्कन्ध्वा । अनयोर्दीर्घान्तत्वेऽपि नोङ्धात्वोरिति विभक्त्युदात्तत्वप्रतिषेध ऊङः फलम् । प्राणिजातेस्तु कृकवाकुः । रज्ज्वादेस्तु रज्जुः । हनुः ॥

५२१–यकार उपधामें न हो ऐसे मनुष्यजातिवाचक उकारान्त शब्दके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ऊङ् हो, यथा कुरूः । "कुरुनादिभ्यो ण्यः ४।१।१७२/११९०" इस सूत्रसे ण्य, उसका "स्त्रियामवन्ति० ४।१।१७६/११९५" इससे लुक्, कुरु+ऊङ्=कुरूः ।

जब उपधामें यकार होगा तो ऊङ् न होगा, यथा–अध्वर्युः (अध्वर्यु शाखाका अध्ययन करनेवाली अथवा अध्वर्युशाखाध्यायी वंशमें प्रगट होनेवाली) । 'अध्वरं याति' इस विग्रहमें "मृगय्वादयश्च (३७ उणा०)" इससे अध्वर शब्दके अकारका लोप और या धातुसे कुप्रत्यय हुआहै ।

(अप्राणीति २५०२ वा०) रज्जु आदिको छोडकर स्त्रीलिङ्गमें वर्तमान अप्राणिजातिवाची प्रातिपदिकसे ऊङ् हो । उवर्णान्त रज्जुआदि शब्दके पर्य्युदाससे उवर्णान्तहीसे ऊङ् हो, यथा–अलाबू+ऊङ्=टा अलाब्वा । कर्कन्धू+ऊङ्+

टा=कर्कन्ध्वा । अलाबू और कर्कन्धू शब्दोंको दीर्घान्तत्व रहते भी ऊङ्करनेकी आवश्यकता यह है कि, "नोङ्धात्वोः ६।१।१७५/३७२१" (ऊङ् और धातु सम्बन्धी यणूसे परे शसादि विभक्ति उदात्त न हो) इस सूत्रसे उदात्तप्रतिषेध हो, प्राणिजातिवाचक होनेपर कृकवाकुः (मोर वा मुरगा) यहां न हुआ । रज्ज्वादिका ग्रहण इस लिये है कि, रज्जुः, हनुः, यहां ऊङ् न हो ॥

५२२ बाह्वन्तात्संज्ञायाम् । ४ ।१।६७॥

स्त्रियामूङ् स्यात् । भद्रबाहूः । संज्ञायां किम् । वृत्तबाहुः ॥

५२२-संज्ञा होनेपर बाह्वन्त शब्दके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ऊङ् हो, यथा-भद्रबाहु+ऊङ्=भद्रबाहूः । संज्ञा न होनेपर ऊङ् न हो, यथा-वृत्तबाहुः ॥

५२३ पङ्गोश्च । ४ । १ । ६८ ॥

पङ्गूः॥श्वशुरस्योकाराऽकारलोपश्च॥*॥चादूङ्। पुंयोगलक्षणस्य ङीषोऽपवादः । लिंगविशिष्ट-परिभाषया स्वादयः । श्वश्रूः ॥

५२३-स्त्रीलिङ्गमें वर्तमान पंगु प्रातिपदिकसे ऊङ् हो, यथा-पंगूः (पंगुल स्त्री) ।

(श्वशुरस्य० ५०३९ वा०) श्वशुर शब्दके उकार और अकारका लोप हो और उसके उत्तर चकारसे ऊङ् भी हो । यह पुंयोगलक्षण ङीष्का अपवाद है । लिङ्गविशिष्ट परिभाषासे सुआदि विभक्ति होंगी । श्वश्रू+ऊङ्+सु=श्वश्रूः (सास) * ॥

५२४ ऊरूत्तरपदादौपम्ये । ४।१ ।६९ ॥

उपमानवाचि पूर्वपदमूरूत्तरपदं यत्प्रातिपदिकं तस्मादूङ् स्यात् । करभोरूः ॥

५२४-उपमानवाचक शब्द पूर्वपद है और ऊरु शब्द उत्तरपद है जिसका ऐसे प्रातिपदिकसे स्त्रीलिंगमें ऊङ् हो । करभ+ऊरु+ऊङ्=करभोरू+सु=करभोरूः (करभकी समान जंघावाली) (मणिबंधसे लेकर कनिष्ठापर्यन्त हाथके बाहरी भागको करभ कहतेहैं) ॥

५२५ संहितशफलक्षणवामादेश्च । ४ । १ । ७० ॥

अनौपम्यार्थं सूत्रम् । संहितोरूः । सैव शफोरूः। शफौ खुरौ ताविव संश्लिष्टत्वादुपचारात् । लक्षणशब्दादर्शआद्यच् । लक्षणोरूः । वामोरूः ॥ सहितसहाभ्यां चेति वक्तव्यम् ॥ * ॥ हितेन सह सहितौ ऊरू यस्याः सा सहितोरूः । संहते इति सहौ ऊरू यस्याः सा सहोरूः । यद्वा । विद्यमानवचनस्य सहशब्दस्य ऊर्वतिशयप्रतिपादनाय प्रयोगः ॥

५२५-स्त्रीलिङ्गमें वर्तमान संहित, शफ, लक्षण, अथवा वाम शब्द जिसके आदिमें हो ऐसे ऊरूत्तर प्रातिपदिकसे ऊङ् हो । जहां उपमानवाचक कोई पूर्वपद न हो उसके निमित्त यह सूत्र, है क्यों कि उपमानवाचक पूर्वपद रहता तो पूर्व ही सूत्रसे कार्य सिद्ध था । संहित+ऊरु+ऊङ्+सु=संहितोरूः (मिली जांघोंवाली) । शफ+ऊरु+ऊङ्+सु=शफोरूः (खुरकी समान जुटी जांघोंवाली) संहितोरूः और शफोरूः का एक ही अर्थ है । 'लक्षणमस्त्यस्य' ऐसे विग्रहमें लक्षण शब्दसे अर्शआदित्वके कारण अच् प्रत्यय हुआहै, लक्षण+ऊरु+ऊङ्+सु=लक्षणोरूः (जिसकी जंघामें तिल आदिका चिह्न हो) । वामौ सुन्दरौ ऊरू यस्याः=वाम+उरु+ऊङ्+सु=वामोरूः (सुन्दर जांघोंवाली) ।

(सहितसहाभ्यामिति २५०३ वा०) स्त्रीलिङ्गमें वर्तमान सहित और सह शब्दसे परे जो ऊरु प्रातिपदिक उससे ऊङ् हो, यथा-हितेन सह सहितौ ऊरू यस्याः सा=सहितोरूः । 'सहेते' इस अर्थमें 'सहौ' पद सिद्ध हुआहै, 'सहौ ऊरू यस्याः सा' इस विग्रहमें सहोरूः, अथवा विद्यमानवचन सह शब्दको ऊरुकी अतिशयता प्रतिपादनके निमित्त यहां प्रयोग हुआहै ॥

५२६ संज्ञायाम् । ४ । १ । ७२ ॥

कद्रुकमण्डल्वोः संज्ञायां स्त्रियामूङ् स्यात् । कद्रूः । कमण्डलूः । संज्ञायां किम् । कद्रुः । कमण्डलुः । अच्छन्दोर्थं वचनम् ॥

५२६-कद्रु और कमण्डलु शब्दके उत्तर संज्ञामें स्त्रीलिंगमें ऊङ् हो, यथा कद्रु+ऊङ्+सु=कद्रूः । कमण्डलु+ऊङ्+सु=कमण्डलूः (चतुष्पाद्जातिवाचक), संज्ञासे भिन्न अर्थमें तो कद्रुः । कमण्डलुः । वेदमें "कद्रुकमण्डल्वोश्छन्दसि ३४४९" इससे संज्ञा और असंज्ञामें भी ऊङ् सिद्ध है इस लिये केवल लोकके वास्ते यह सूत्र है ॥

५२७ शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन् ।४।१। ७३ ॥

शार्ङ्गरवादेरञो योकारस्तदन्ताच्च जातिवाचिनो ङीन् स्यात् । शार्ङ्गरवी । बैदी । जातेरित्यनुवृत्तेः पुंयोगे ङीषेव । नृनरयोर्वृद्धिश्चेति गणसूत्रम् । नारी ॥

५२७-जातिवाचक शार्ङ्गरवादि शब्दोंके उत्तर और अञ् प्रत्ययका अकार है अन्तमें जिनके ऐसे शब्दोंके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें ङीन् हो, यथा-शार्ङ्गरव+ई=शार्ङ्गरवी (शृङ्गरु ऋषिके वंशकी कन्या) । बिद+ई=बैदी (बिदऋषिके वंशकी कन्या) 'बिदस्यापत्यं स्त्री' इस अर्थमें "अनृष्यानन्तर्ये बिदादिभ्योऽञ् ४।१।१०४/११०६" इससे अञ् होताहै । जाति इसकी अनुवृत्तिके कारण पुंयोगमें ङीष् ही होगा ।

---

* यह "श्वशुरः श्वश्र्वा १।२।७१/९३७" इस निर्देशसे सिद्ध है । "ङ्याप्० ४।१।१/१८२" इस सूत्रके भाष्यमें 'उवर्णान्तसे ऊङ्विधान कियाहै फिर उसे एकादेश करनेपर, अन्तादिवद्भावसे प्रातिपदिकसंज्ञा होगी' ऐसा कहाहै, इससे तो ध्वनित होताहै कि श्वश्रू शब्द अव्युत्पन्न है ॥

"नृनरयोर्वृद्धिश्च (ग० ५४)" नृ तथा नर शब्दोंको वृद्धि भी हो। नृ+ङीन्, नर+ङीन्=नारी * ॥

५२८ यङश्चाप्। ४। १। ७४ ॥

यङन्तात् स्त्रियां चाप् स्यात्। यङ्ष्यङोः सामान्यग्रहणम्। आम्बष्ठ्या। कारीषगन्ध्या। षाद्यञश्चाप् वाच्यः॥ * ॥ पौतिमाष्या॥

५२८-यङन्त शब्दके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें चाप् हो। यङ् कहनेसे यङ् और ष्यङ् इन दोनोंका ग्रहण होताहै। (चकार स्वरके निमित्त है-पित्स्वर (३७०९) का बाध कर "चितः ३७१०" से अन्तोदात्त होताहै)। आम्बष्ठस्यापत्यं स्त्री "वृद्धेत्कोसला० ४।१।१७२/११८९" इससे ञ्यङ्, आम्बष्ठ्या। "उपमा- कारीषगन्ध्या-करीषस्येव गन्धोऽस्य करीषगन्धिः "उपमानाच्च ५।४।१३७/८७६" इससे गन्धको इदन्तादेश, उससे 'तस्य गोत्रापत्यं स्त्री' इस अर्थमें अण् "अणिञोरनार्षयोः० ४।१।७८/११९८" इससे ष्यङ् आदेश। यद्यपि यह चाप् स्त्रीलिङ्गमें विहित है तो भी ङित्करणके सामर्थ्यसे तदन्तसे भी होताहै। षकारसे परे स्थित यञ् से चाप् (आप्) हो (वा० २५०५) यथा-पौतिमाष्या॥

५२९ आवट्याच्च। ४। १। ७५ ॥

अस्माच्चाप् स्यात्। यञश्चेति ङीपोऽपवादः। अवटशब्दो गर्गादिः। आवट्या॥

५२९-आवट्य शब्दके उत्तर स्त्रीलिङ्गमें चाप् हो "यञश्च ४।१।१६/४७१" ङीप्का अपवादक है, (अर्थात् अवट शब्द गर्गादिमें पठित होनेसे यञ्प्रत्ययान्त होनेसे ङीप् प्राप्त है, उसका यह अपवाद है। प्राचीन आचार्योंके मतमें ष्फ् होता- है) अवट+यञ्+आप्=आवट्या॥

५३० तद्धिताः। ४। १। ७६ ॥

आ पञ्चमसमाप्तेरधिकारोऽयम्॥

५३०-पांचवें अध्यायतक इस सूत्रका अधिकार है इस- लिये अगले सूत्रोंसे जिन प्रत्ययोंका विधान होगा उनको तद्धित संज्ञा होगी॥

५३१ यूनस्तिः। ४। १। ७७ ॥

युवन्शब्दात्तिप्रत्ययः स्यात्स च तद्धितः। लिङ्गविशिष्टपरिभाषया सिद्धे तद्धिताधिकार उत्तरार्थः। युवतिः। अनुपसर्जनादित्येव बहवो युवानो यस्यां सा बहुयुवा। युवतीति तु यौतेः शत्रन्तात् ङीपि बोध्यम्॥

॥ इति स्त्रीप्रत्ययाः॥

५३१-स्त्रीलिङ्गमें युवन् शब्दसे ति प्रत्यय हो और वह तद्धितसंज्ञक हो। लिङ्गविशिष्टपरिभाषासे सिद्ध होनेपर तद्धि- ताधिकार उत्तरार्थ जानना चाहिये। युवन्+ति=युवतिः। "स्वादिषु० १।४।१७/२३०"से पदत्वके कारण नकारका लोप हुआ। अनुपसर्जन न होनेके कारण 'बहवो युवानो यस्यां सा बहु- युवा' इस स्थानमें ति प्रत्यय न हुआ। यौति मिश्रीकरोति पत्या इस विग्रहमें "लटः शतृशानचौ० ३।२।१२४/३१००" इससे शतृ होनेपर "उगितश्च ४५५" इससे ङीप् करके युवती यह दीर्घ ईकारान्त शब्द सिद्ध होताहै॥

इति स्त्रीप्रत्ययप्रकरणम्॥

अथ कारकप्रकरणम्।

५३२ प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाण- वचनमात्रे प्रथमा। २। ३। ४६ ॥

नियतोपस्थितिकः प्रातिपदिकार्थः। मात्र- शब्दस्य प्रत्येकं योगः। प्रातिपदिकार्थमात्रे लिङ्गमात्राद्याधिक्ये संख्यामात्रे च प्रथमा स्यात्। उच्चैः। नीचैः। कृष्णः। श्रीः। ज्ञानम्। अलिंगा नियतलिंगाश्च प्रातिपदिकार्थमात्र इत्य- स्योदाहरणम्। अनियतलिंगास्तु लिंगमात्रा- द्याधिक्यस्य। तटः। तटी। तटम्। परिमाण- मात्रे द्रोणो व्रीहिः। द्रोणरूपं यत्परिमाणं तत्परिच्छिन्नो व्रीहिरित्यर्थः। प्रत्ययार्थे परि- माणे प्रकृत्यर्थोऽभेदेन संसर्गेण विशेषणम्। प्रत्ययार्थस्तु परिच्छेद्यपरिच्छेदकभावेन व्रीहौ विशेषणमिति विवेकः। वचनं संख्या। एकः। द्वौ। बहवः। इहोक्तार्थत्वाद्विभक्तेरप्राप्तौ वचनम्॥

५३२-नियतोपस्थितिक जो है, वही यहां प्रातिपदिकार्थ है, तन्मात्रमें, लिङ्ग, परिमाण और वचनमात्रके आधिक्यमें प्रथमा हो। प्रातिपदिकादि सबके साथ मात्र शब्दका योग होगा, यथा-प्रातिपदिकार्थमात्रमें, लिङ्गमात्रमें-इत्यादि।

प्रातिपदिकार्थ बोध होनेपर भी लिङ्ग परिमाणादिके बोधके असंभवके कारण आधिक्यार्थमें प्रथमाविधान किया है। यदि ऐसा कहो कि, लिङ्गादि भी प्रातिपदिकार्थ ही हैं, क्यों तो-

" स्वार्थो द्रव्यञ्च लिङ्गञ्च संख्या कर्मादिरेव च।

अमी पञ्चैव नामार्थास्त्रयः केषाञ्चिदग्रिमाः॥"

अर्थात् स्वार्थ-विशेषण, द्रव्य-विशेष्य, लिङ्ग=स्त्रीत्वआदि, संख्या-एकत्वादि, कर्मादि-कारक, यह पांच नामार्थ प्राति

---

* नृ शब्दसे "ऋन्नेभ्यः० ४।१।५/३०६" इससे ङीप् प्राप्त होनेपर और नर शब्दसे जातिलक्षण ङीष् प्राप्त होनेपर उसके बाधनार्थ; और वृद्धिविधानके निमित्त यह वचन है, यदि कहो कि, नर शब्दमें "अलोन्त्यस्य" से अन्त्य अकारको वृद्धि होजायगी सो नहीं, क्योंकि "वार्णादाङ्गं बलीयः" इस परिभाषासे अकारका "यस्येति च" ६।४।१४८/३११" इस सूत्रसे लोप होनेसे अनन्त भी अकारको वृद्धि होतीहै, अथवा नरस्य अः=नरः, कतन्तवत् पररूप 'ना च नरश्च, तयोर्नृनरयोः' इस प्रकार प्रश्लेषकी सामर्थ्यसे परके प्रथम ही अकारका ग्रहण कियाजाताहै, न कि दूसरेका। यद्यपि अन्यतरोपादानसे भी नारी इस रूपकी सिद्धि होती, तो भी अन्यतरको अनिष्ट रूप निवृत्तिके निमित्त दानोंका उपादान है। जहां नरी ऐसा रूप हो, वहां पुंयोगलक्षणमें ङीष् हुआहै। कोई नरशब्दका ग्रहण ङीन्के निमित्त करतेहैं, यह बात दूसरे लोग नहीं मानते, कारण कि, यदि ङीन्के निमित्त ही ग्रहण हुता तो इसका पाठ शार्ङ्गरवादि गणमें अलग ही करते॥

पदिकार्थ हैं, इस कारिकाके अनुसार पांच प्रकारके नामार्थ हों, तो प्रातिपदिकार्थ कहनेमें ही लिङ्गादिकी प्राप्ति हुई, फिर सूत्रमें उसका पृथक् ग्रहण व्यर्थ है ? ऐसा नहीं कहना, क्यों तो 'नियतोपस्थितिकः' यह विशेषण दिया है, अर्थात् जिस प्रातिपदिकके उच्चारणमात्रसे ही नियमके साथ जिस अर्थकी उपस्थिति हो उसे नियतोपस्थितिक कहते हैं, वही यहां प्रातिपदिकार्थ पदसे विवक्षित है, तत्र लिङ्गादिकोंके प्रातिपदिकार्थत्व नहीं आया, क्यों तो वे नियतोपस्थितिक नहीं हैं, इसलिये पृथक् ग्रहण है।

मात्र पदसे कर्मादिके आधिक्यमें प्रथमाका निषेध होगा, लिङ्ग, परिमाण और वचनका पृथक् ग्रहण करनेसे प्रातिपदिकार्थमात्रसे अधिक लिङ्गादि अर्थमें भी प्रथमा होगी।

प्रातिपदिकार्थका उदाहरण, यथा–उच्चैः, नीचैः, कृष्णः, श्रीः, ज्ञानम्। अलिङ्ग और नियतलिङ्ग दोनों ही प्रातिपदिकार्थमात्रके उदाहरण हैं।

अनियतलिंग केवल लिङ्गमात्राधिक्यका उदाहरण है, यथा–तटः, तटी, तटम्।

परिमाण(तोल) मात्रका उदाहरण,जैसे–द्रोणो व्रीहिः(अर्थात् द्रोणरूप परिमाणसे परिच्छिन्न व्रीहि)यहां द्रोण नियमित तोलका नाम है, सो प्रातिपदिकार्थसे भिन्न है। प्रत्ययार्थ परिमाण होनेपर प्रकृतिका अर्थ, अभेद संसर्गसे प्रत्ययार्थमें विशेषण होगा, परन्तु प्रत्ययार्थ जो है, सो परिच्छेद्य परिच्छेदक भावद्वारा व्रीहिका विशेषण है,यह कहना चाहिये।

वचन अर्थात् संख्या, यथा–एकः, द्वौ, बहवः। इस स्थानमें उक्तार्थत्वके कारण 'उक्तार्थानामप्रयोगः' इस न्यायके अनुसार विभक्तिकी अप्राप्ति होनेके कारण वचन शब्दका पृथक् ग्रहण है * ॥

५३३ संबोधने च । २ । ३ । ४७ ॥

इह प्रथमा स्यात्। हे राम ॥

५३३–सम्बोधनमें प्रथमा विभक्ति हो, यथा–हे राम ॥

॥ इति प्रथमा ॥

५३४ कारके । १ । ४ । २३ ॥

इत्यधिकृत्य ॥

५३४–यह अधिकार सूत्र है, संज्ञाधिकारके बीचमें पढनेसे और आगे २ सूत्रोंमें इसकी अनुवृत्ति होनेसे यह अधिकार सूत्र है, इससे जहां जहां स्वतंत्रादि रूप अर्थोंकी संज्ञा की जायगी, वहां वहां कारकका अधिकार समझा जायगा। क्रिया और द्रव्यका संयोग तथा क्रियाकी सिद्धि करनेवालेको कारक कहतेहैं। कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, अधिकरण यह कारक हैं। भर्तृहरिजीकी कारिका भी ऐसे ही सिद्धान्तको प्रतिपादन करती है, यथा–

कर्ता कर्म च करणं सम्प्रदानं तथैव च।
अपादानाधिकरणमित्याहुः कारकाणि षट् ॥

पूर्वोक्त छे प्रकारके कारक हैं, ऐसा आचार्य लोग कहतेहैं यही इस कारिकाका अर्थ है ॥

५३५ कर्तुरीप्सिततमं कर्म । १।४।४९ ॥

कर्तुः क्रियया आप्तुमिष्टतमं कारकं कर्मसंज्ञं स्यात्। कर्तुः किम्। माषेष्वश्वं बध्नाति। कर्मण ईप्सिता माषा न तु कर्तुः। तमब्ग्रहणं किम्। पयसा ओदनं भुङ्क्ते। कर्मेत्यनुवृत्तौ पुनः कर्मग्रहणमाधारनिवृत्त्यर्थम्। अन्यथा गेहं प्रविशतीत्यत्रैव स्यात् ॥

५३५–कर्ताकी क्रियासे सम्बन्ध करनेको अत्यन्त इष्ट जो है, उसको कारक संज्ञा होकर कर्म संज्ञा हो।

'कर्तुः' कहनेसे यह दिखाया है कि, माषेष्वश्वं बध्नाति (उडदोंमें घोडेको बांधताहै), इस स्थलमें माष पदको कर्म संज्ञा नहीं हो, कारण कि, माषपदार्थ कर्मकी क्रियासे सम्बन्ध करनेको अत्यन्त इष्ट है, परन्तु कर्ताकी क्रियासे सम्बन्ध करनेको अत्यन्त इष्ट नहीं।

तमप्को ग्रहण इस कारण है कि, पयसा ओदनं भुंक्ते, यहां पयस्‌की कर्म संज्ञा न हो।

(कर्मेत्यनुवृत्तावित्यादि) पूर्व सूत्रसे कर्मकी अनुवृत्तिका सम्भव है, तो फिर इस सूत्रमें कर्मग्रहण केवल आधारग्रहणकी अनुवृत्तिकी निवृत्तिके ही लिये है, यदि कोई कहै कि, आधारकी अनुवृत्ति हो ही जाती तो क्या क्षति, सो ठीक नहीं, क्यों तो (अन्यथा, गेहं प्रविशतीत्यत्रैव स्यात्) यदि आधारकी अनुवृत्ति आती, तो गेहं प्रविशति (गृहमें प्रवेश करताहै) ऐसे ही स्थलोंमें कर्म संज्ञा होती, किन्तु हरिम्भजति–इत्यादि स्थलोंमें नहीं होती ॥

५३६ अनभिहिते । २ । ३ । १ ॥

इत्यधिकृत्य ॥

५३६–आगे इस सूत्रका अधिकार चलेगा, यह अधिकार विभक्तिविधानप्रकरणमें है। अभिहित उसको कहतेहैं, जिससे लकारादि प्रत्ययान्त क्रियाओंका समानाधिकरण होवे। जिसमें लकारादि प्रत्ययोंका समानाधिकरण न हो, वह अनभिहित, अनुक्त और अकथित कहाताहै, आगेके विभक्तिविधानप्रकरणमें इसका अधिकार चलेगा ॥

५३७ कर्मणि द्वितीया । २ । ३ । २ ॥

अनुक्ते कर्मणि द्वितीया स्यात्। हरिं भजति। अभिहिते तु कर्मणि प्रातिपदिकार्थमात्र इति प्रथमैव। अभिधानं तु प्रायेण तिङ्कृत्तद्धितस-

---

* इसी सूत्रके भाष्यमें "तिङ्समानाधिकरणे प्रथमेत्येतल्लक्षणं करिष्यते" अर्थात्–अस्ति, भवति आदि तिङन्त क्रियाके साथ जो समानाधिकरण हो, उसको उक्त, कथित और अभिहित कहतेहैं, उसीमें प्रथमा विभक्ति होतीहै, इससे भिन्न कारकोंमें द्वितीयादि होतीहैं, सो आगे कहेंगे। कर्ता, हेतु कारकके उदाहरण प्रातिपदिकार्थमात्रमें 'देवदत्तो ग्रामं गच्छति' 'देवदत्तो यज्ञदत्तं ग्रामं गमयति' 'देवदत्त ओदनं पचति' 'यज्ञदत्तो देवदत्तेनौदनं पाचयति'-इत्यादि, यहां गच्छति, पचति क्रियाके करनेमें देवदत्त स्वतंत्र होनेसे कर्ता और यज्ञदत्तकी प्रेरणाका कर्म है, उसका इन्ही क्रियाओंके साथ समानाधिकरणता होनेसे प्रथमा हुई ॥

मासैः । तिङ् । हरिः सेव्यते । कृत् । लक्ष्म्या सेवितः । तद्धितः । शतेन क्रीतः शत्यः।समासः। प्राप्त आनन्दो यं स प्राप्तानन्दः । क्वचिन्निपातेनाभिधानम् । यथा । विषवृक्षोपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसांप्रतम् । सांप्रतमित्यस्य हि युज्यत इत्यर्थः ॥

५३७-अनुक्त कर्ममें द्वितीया विभक्ति हो, यथा-हरिं भजति (हरिको भजन करताहै) इसमें भजनरूप क्रियासे सम्बन्ध करनेको अत्यन्त इष्ट हरि है, इस कारण यहां 'हरिम्' में कर्म संज्ञा हुई ।

कर्म-प्रधान क्रियापेक्षित प्रत्ययद्वारा अभिहित होनेपर प्रातिपदिकार्थमात्रमें उससे प्रथमा होगी । अभिधान प्रायः तिङ्, कृत्, तद्धित और समासद्वारा होताहै, तिङ्, यथा-हरिः सेव्यते । कृत्, यथा-लक्ष्म्या सेवितः । तद्धित, यथा-शतेन क्रीतः=शत्यः (यत् प्रत्यय) । समासमें, यथा-प्राप्तः आनन्दः यं सः=प्राप्तानंदः ("गत्यर्थाकर्मक०" ३।४।७२, ३०८६ इससे कर्तामें क्त) । कहीं निपातनसे भी उक्त होताहै, यथा-विषवृक्षोपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्, यहां 'साम्प्रतम्' शब्दका अर्थ 'युज्यते' जानना इस कारण 'असाम्प्रतम्' अर्थात् अयुक्त है, यहां 'विषवृक्षम्' न हुआ॥

५३८ तथायुक्तं चानीप्सितम् । १ । ४ । ५० ॥

ईप्सिततमवत्क्रियया युक्तमनीप्सितमपि कारकं कर्मसंज्ञं स्यात् । ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति । ओदनं भुञ्जानो विषं भुङ्क्ते ॥

५३८-ईप्सिततमकी समान क्रियायुक्त अनीप्सित कारककी भी कर्म संज्ञा हो, यथा-ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति (गांवको जाताहुआ तृण छूताहै), (ओदनं बुभुक्षुर्विषं भुंक्ते भात खानेकी इच्छा करते विष खाजाताहै) ओदनं भुञ्जानो विषं भुंक्ते (ओदनको खाता विष खा जाताहै) यहां कर्ताको तृण और विष दोनों अनीप्सित हैं,पर कर्म होनेसे इनमें भी द्वितीया हुई * ॥

५३९ अकथितं च । १ । ४ । ५१ ॥

अपादानादिविशेषैरविवक्षितं कारकं कर्मसंज्ञं स्यात् ॥

दुह्याच्पच्दण्ड्रुधिप्रच्छिचिब्रूशासुजिमथ्मुषाम् ॥
कर्मयुक् स्यादकथितं तथा स्यान्नीहृकृष्वहाम्।

दुहादीनां द्वादशानां तथा नीप्रभृतीनां चतुर्णां कर्मणा यद्युज्यते तदेवाकथितं कर्मेति परिगणनं कर्तव्यमित्यर्थः । गां दोग्धि पयः । बलिं याचते वसुधाम् । अविनीतं विनयं याचते । तण्डुलानोदनं पचति । गर्गान् शतं दण्डयति । व्रजमवरुणद्धि गाम् । माणवकं पन्थानं पृच्छति । वृक्षमवचिनोति फलानि । माणवकं धर्मं ब्रूते शास्ति वा । शतं जयति देवदत्तम् । सुधां क्षीरनिधिं मथ्नाति । देवदत्तं शतं मुष्णाति । ग्राममजां नयति हरति कर्षति वहति वा । अर्थनिबन्धनेयं संज्ञा । बलिं भिक्षते वसुधाम् । माणवकं धर्मं भाषते अभिधत्ते वक्तीत्यादि । कारकं किम् । माणवकस्य पितरं पन्थानं पृच्छति ॥ अकर्मकधातुभिर्योगे देशः कालो भावो गन्तव्योऽध्वा च कर्मसंज्ञक इति वाच्यम् ॥ * ॥ कुरून् स्वपिति । मासमास्ते । गोदोहमास्ते । क्रोशमास्ते॥

५३९-अपादानादि विशेषसे अविवक्षित कारककी कर्म संज्ञा हो अर्थात् अपादानादिकी जहां विवक्षा न हो, उसे अकथित कहते हैं और उसकी भी कर्म संज्ञा होतीहै, आशय यह कि, कर्तामें लकार होकर कर्म अनुक्त होनेसे अकथित कर्ममें द्वितीया होतीहै ।

अकथित कर्म कहां होताहै, सो दिखातेहैं-

(दुह्याच०) दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध, प्रच्छ, चिञ्, ब्रूञ्, शास्, जि, मन्थ और मुष्, इन बारह धातुओंके और नी, हृ, कृष्, वह, इन चार धातुओंके कर्मसे युक्त जो है, वही अकथित कर्म है,यथा-गां दोग्धि पयः अर्थात् गायसे दूध दुहताहै, यहां दुह् धातुके कर्मसे युक्त होनेके कारण अपादानके अनुसार अविवक्षित कारककी कर्म संज्ञा हुई । बलिं याचते वसुधाम् (बलिराजासे पृथ्वी मांगताहै,) यहां याच् धातुके कर्मसे युक्त वसुधा है, इस कारण अपादान प्रकारमें अविवक्षित कारक वसुधाकी कर्म संज्ञा हुई है । अविनीतं विनयं याचते (अविनीतसे विनयकी प्रार्थना करताहै), तण्डुलानोदनं पचति (चावलसे भात पकाताहै,) गर्गान् शतं दण्डयति (गर्गसे सौ रुपये दण्ड ग्रहण करताहै) । व्रजमवरुणद्धि गाम् (व्रजमें गायको रोकताहै) इनमें पच्, दण्ड और रुध् धातुके कर्मसे युक्त होनेसे कर्म संज्ञा हुई । यहां रुध् धातुके कर्मसे युक्त होनेसे अधिकरण प्रकारमें अविवक्षित कारक (व्रज) की कर्म संज्ञा हुई । माणवकं पंथानं पृच्छति (बालकसे मार्ग पूछताहै) यहां 'प्रच्छ्', वृक्षमवचिनोति फलानि (वृक्षसे फल चुनताहै) यहां 'चिञ्', माणवकं धर्मं ब्रूते, शास्ति वा (बालकको धर्म देता वा उपदेश करताहै), इस स्थानमें 'ब्रू' और 'शास्' धातुके कर्मसे युक्त होनेके कारण संप्रदान विषयमें अविवक्षित कारककी कर्म संज्ञा हुई । शतं जयति देवदत्तम् (देवदत्तको जीतकर उससे सौ रुपये लेताहै,) इस स्थानमें अपा-

* यदा कर्तुरनिष्टं यत्कर्मत्वेन विवक्षितम् ।
तदनीप्सिततमं कर्म उक्तानुक्ततया द्विधा"
अर्थात् जब कर्ताका अनिच्छित कारक भी कर्म माना जाताहै, तब वह अनीप्सित कर्म होताहै और वह उक्त अनुक्त भेदसे दो प्रकारका है, अनुक्त अनीप्सित विषं खादति क्रुद्धः । उक्तानीप्सित, यथा-विषं खाद्यते क्रुद्धेन । 'विषम्' इसमें द्वितीया हुई ॥

दान विषयमें अविवक्षित कारक (देवदत्त) की कर्म संज्ञा हुई । सुधां क्षीरनिधिं मथ्नाति (अमृतके निमित्त क्षीरसागर मथताहै) इस स्थानमें निमित्तार्थ चतुर्थीके विषयमें अविवक्षा करके सुधाकी कर्म संज्ञा हुई । देवदत्तं शतं मुष्णाति (देवदत्तको ठगकर सौ रुपये लेताहै) यहां मुष् धातुके कर्मसे युक्त होनेसे अपादान प्रकारमें अविवक्षा करके देवदत्तकी कर्म संज्ञा हुई । ग्रामम् अजां नयति, हरति, कर्षति, वहति, वा (बकरीको गांवसे लेकर जाताहै, अर्थात् गांवसे हरण, कर्षण और वहन करताहै) यहां अधिकरण प्रकारमें अविवक्षा करके ग्रामकी कर्म संज्ञा हुई ।

यह संज्ञा अर्थके अनुसारही हो, अर्थात् दुहादि धातुओंका जो अर्थ उस अर्थके कहनेवाले अन्य धातुके कर्मसे युक्त होनेपर अविवक्षितत्वके कारण उनकी भी कर्म संज्ञा होगी, यथा–बलिं भिक्षते वसुधाम्, इस स्थलमें याच् धातुके अर्थबोधक भिक्ष् धातुके कर्मसे युक्त होनेके कारण अपादान प्रकारमें अविवक्षित कारक वसुधाकी कर्म संज्ञा हुई । माणवकं धर्मं भाषते, अभिधत्ते, वक्तीत्यादि, इस स्थानमें ब्रू धातुका अर्थबोधक भाष्,अभिपूर्वक धा–और वच् धातु हैं संप्रदानविषयमें कर्म संज्ञा हुई है ।

कारक क्यों कहा ? तो माणवकस्य पितरं पंथानं पृच्छति, इस स्थलमें'माणवकस्य' यहां षष्ठीके विषयमें कर्म संज्ञा होकर द्वितीया न हो ।

(अकर्मक धातुके योगमें देश, काल, भाव और गमनके योग्य पथि(मार्ग)इनकी कर्म संज्ञा हो११०३–११०४ वा०) । कुरून् स्वपिति, यहां 'स्वपिति' इस अकर्मक धातुके योगमें कुरु नाम देशको कर्मत्व हुआहै । मासमास्ते, इस स्थानमें आस् इस अकर्मक-धातुके योगमें मासको कर्मत्व हुआ है (यह कालका उदाहरण है) । गोदोहमास्ते, इस स्थानमें गोदोहको कर्मत्व हुआहै (यह भावका उदाहरण है) । क्रोशमास्ते, इस स्थानमें क्रोशको कर्मत्व हुआ है (यह अध्वाका उदाहरण है) ॥

५४० गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्माकर्मकाणामणिकर्त्ता स णौ । १ । ४ । ५२ ॥

गत्याद्यर्थानां शब्दकर्मकाणामकर्मकाणां चाणौ यः कर्ता स णौ कर्म स्यात् ।

शत्रूनगमयत्स्वर्गं वेदार्थं स्वानवेदयत् ।
आशयच्चामृतं देवान्वेदमध्यापयद्विधिम् ॥ १ ॥
आसयत्सलिले पृथ्वीं यः स मे श्रीहरिर्गतिः ॥

गतीत्यादि किम् । पाचयत्योदनं देवदत्तेन । अण्यन्तानां किम् । गमयति देवदत्तो यज्ञदत्तं तमपरः प्रयुङ्क्ते । गमयति देवदत्तेन यज्ञदत्तं विष्णुमित्रः ॥ नीवह्योर्न ॥ * ॥ नाययति वाहयति वा भारं भृत्येन ॥ नियन्तृकर्तृकस्य वहेरनिषेधः ॥ * ॥ वाहयति रथं वाहान् सूतः ॥ आदिखाद्योर्न ॥ * ॥ आदयति खादयति वाऽन्नं वटुना ॥ भक्षेरहिंसार्थस्य न ॥ * ॥ भक्षयत्यन्नं वटुना । अहिंसार्थस्य किम् । भक्षयति बलीवर्दान् सस्यम् ॥ जल्पतिप्रभृतीनामुपसंख्यानम् ॥ * ॥ जल्पयति भाषयति पुत्रं देवदत्तः ॥ दृशेश्च ॥ * ॥ दर्शयति हरिं भक्तान् । सूत्रे ज्ञानसामान्यार्थानामेव ग्रहणं न तु तद्विशेषार्थानामित्यनेन ज्ञाप्यते । तेन स्मरति जिघ्रतीत्यादीनां न । स्मारयति घ्रापयति देवदत्तेन ॥ शब्दायतेर्न ॥*॥ शब्दाययति देवदत्तेन । धात्वर्थसंगृहीतकर्मत्वेनाकर्मकत्वात्प्राप्तिः। येषां देशकालादिभिन्नं कर्म न संभवति तेऽत्राकर्मकाः नत्वविवक्षितकर्माणोऽपि । तेन मासमासयति देवदत्तमित्यादौ कर्मत्वं भवति देवदत्तेन पाचयतीत्यादौ तु न ॥

५४०–गतिअर्थवाले, बुद्धिअर्थवाले, प्रत्यवसान अर्थात् भोजनअर्थवाले, शब्दकर्मक और अकर्मक धातुओंका जो णिच् प्रत्ययके पहले कर्ता है, अर्थात् अण्यन्त अवस्थाका जो कर्ता है, वह ण्यन्त अवस्थामें कर्मसंज्ञक होताहै, यथा–शत्रूनगमयत्स्वर्गम्, इस स्थानमें गत्यर्थ गम् धातुके अणिजन्तकर्ता (शत्रवः) की णिजन्तकालमें कर्म संज्ञा (शत्रून्) हुई है । वेदार्थं स्वानवेदयत्, इस स्थानमें बुद्ध्यर्थ धातुके अणिजन्तकर्ता (स्वाः) की णिजन्त कालमें कर्म संज्ञा (स्वान्) हुई है । देवान् अमृतम् आशयत्, इस स्थानमें प्रत्यवसानार्थ धातुके अणिजन्तकर्ता (देवाः) को णिजन्त कालमें कर्मत्व (देवान्) हुआहै । विधिं वेदमध्यापयत्,इस स्थानमें शब्दकर्मक धातुके अणिजन्तकर्ता (विधिः) को णिजन्तकालमें कर्मत्व (विधिम्) हुआहै । सलिले पृथ्वीम् आसयत्, इस स्थानमें अकर्मक आस् धातुके अणिजन्त कर्ता (पृथिवी) को णिजन्तकालमें कर्मत्व (पृथिवीम्) हुआहै ।

गति इत्यादि अर्थ न होनेपर, यथा–पाचयति ओदनं देवदत्तेन–इत्यादि स्थलमें गत्यर्थ न होनेके कारण अणिजन्त कर्ता (देवदत्त) को णिजन्त कालमें कर्मत्व (देवदत्तम्) नहीं हुआहै ।

अणिजन्तकर्त्ता न होनेपर अर्थात् णिजन्तकर्त्ता होनेपर, यथा='गमयति देवदत्तो यज्ञदत्तं तमपरः प्रयुंक्ते गमयति देवदत्तेन यज्ञदत्तं विष्णुमित्रः' । इस स्थानमें देवदत्तको कर्मत्व नहीं हुआ ।

नी और वह धातुके अणिजन्तकर्ताको णिजन्तकालमें कर्मत्व न हो (११०९ वा०) । नाययति वाहयति वा भारं भृत्येन, इस स्थानमें नी और वह धातुके अणिजन्तकर्ता (भृत्यः) को णिजन्तकालमें कर्मत्व नहीं हुआ ।

जहां वह धातुके प्रयोगमें अण्यन्तावस्थाका कर्ता यदि अनियन्ता हो अर्थात् जहां सारथि वह धातुका कर्ता न हो

वहीं कर्म संज्ञाका निषेध हो, अन्यत्र नहीं अर्थात् सारथि कर्ता होनेपर वह् धातुके अणिजन्तकर्ताकी णिजन्तकालमें कर्म संज्ञा हो (वा० १११०) यथा—वाहयति रथं वाहान् सूतः, इस स्थानमें वह् धातुका सारथि कर्ता होनेसे अणिजन्त कर्ता (वाहाः) की णिजन्तकालमें कर्म संज्ञा (वाहान्) होतीहै।

(आदिखादिवहीनां प्रतिषेधः १९०९ वा०) आदि और खादि, इन धातुओंके प्रयोगमें अणिजन्त कर्ताको णिजन्तकालमें कर्मत्व न हो, यथा—आदयति खादयति वान्नं बटुना, इस स्थानमें अद् और खाद् धातुके अणिजन्तकर्ता (बटु) की णिजन्तकालमें कर्म संज्ञा (बटुम्) न हुई।

(भक्षे० ११११ वा०) अहिंसार्थक भक्ष धातुके अणिजन्तकर्ताकी णिजन्तकालमें कर्म संज्ञा न हो 'भक्षयत्यन्नं बटुना'। हिंसार्थक होनेपर कर्मत्व हो, यथा—भक्षयति बलीवर्दान् सस्यम्, इस स्थानमें बलीवर्दकी कर्म संज्ञा हुई॥

जल्पति आदि धातुओंके प्रयोगमें अण्यन्त अवस्थाका कर्ता ण्यन्त अवस्थामें कर्मसंज्ञक होताहै (वा० ११०७) जल्पयति भाषयति वा धर्मं पुत्रं देवदत्तः, इस स्थानमें पुत्रकी कर्म संज्ञा हुई है।

(दृशेश्च ११०८ वा०) दृश् धातुके प्रयोगमें अण्यन्त अवस्थाका कर्ता ण्यन्त अवस्थामें कर्मसंज्ञक होता है, यथा—दर्शयति हरिं भक्तान्, इस स्थानमें भक्त इसकी कर्म संज्ञा हुई है, उपरोक्त सूत्रमें बुद्धि अर्थवाले अन्य धातुओंका ग्रहण करनेसे ही दृश् धातुका भी ग्रहण होजानेके कारण वार्तिक व्यर्थ होकर नियम करताहै कि,—सूत्रमें ज्ञानसामान्यार्थक धातुओंका ग्रहण है, विशेषज्ञानार्थक धातुओंका ग्रहण नहीं है, इसीलिये स्मारयति घ्रापयति देवदत्तेन, यहां विशेषज्ञानार्थक स्मृ और घ्रा धातुके योगमें अण्यन्तावस्थाका कर्ता ण्यन्तावस्थामें कर्म नहीं हुआ, इससे देवदत्तको कर्मत्व नहीं हुआ॥

(शब्दायतेर्न ११०५ वा०) शब्दाय धातुके अण्यन्तावस्थाके कर्ताकी ण्यन्तावस्थामें कर्म संज्ञा न हो। शब्दाययतीति "शब्दवैर० ३।१।१७/२६७३" इससे क्यङ् फिर हेतुमत् अर्थमें (३।१।२६/२५७६) णिच् हुआहै। (धात्वर्थेति) यहां धात्वर्थसे कर्म संगृहीत होताहै क्योंकि, शब्दाययति, इसका 'शब्दं करोति' यह अर्थ है, इसलिये अकर्मकत्व होनेसे "गतिबुद्धि० ५४०" से कर्म संज्ञाकी प्राप्ति हुई थी।

जिसको देश, काल—आदिसे भिन्न कर्मकी संभावना न हो उसका इस सूत्रमें अकर्मक पदसे ग्रहण है, किन्तु अविवक्षित कर्मका नहीं है, इसलिये मासमासयति देवदत्तम्—इत्यादि स्थलोंमें कर्मत्व हुआ, देवदत्तेन पाचयति—इत्यादि स्थलोंमें कर्मत्व न हुआ॥

५४१ हृक्रोरन्यतरस्याम्।१।४।५३।

हृक्रोरणौ यः कर्ता स णौ वा कर्म स्यात्। हारयति कारयति वा भृत्यं भृत्येन वा कटम्॥

अभिवादिदृशोरात्मनेपदे वेति वाच्यम्॥ * ॥ अभिवादयते दर्शयते देवं भक्तं भक्तेन वा॥

५४१—हृ और कृ धातुके अण्यन्त अवस्थाका जो कर्ता है, उसकी णिजन्तकालमें विकल्प करके कर्म संज्ञा हो, यथा—हारयति कारयति भृत्यं भृत्येन वा कटम्, इस स्थानमें 'भृत्य' इसको विकल्प करके कर्मत्व हुआहै पक्षमें 'भृत्येन' यहां तृतीया हुई।

(अभिवादीति १११४ वा०) अभिपूर्वक वद् धातु तथा दृश् धातु इनका आत्मनेपदमें अण्यन्तावस्थाका कर्ता ण्यन्तावस्थामें कर्म होताहै विकल्प करके, यथा—अभिवादयते दर्शयते देवं भक्तं भक्तेन वा, इस स्थानमें एकवार भक्त शब्दको कर्मत्व, विकल्पपक्षमें तृतीया हुई॥

५४२ अधिशीङ्स्थासां कर्म।१।४।४६॥

अधिपूर्वाणामेषामाधारः कर्म स्यात्। अधिशेते अधितिष्ठति अध्यास्ते वा वैकुण्ठं हरिः॥

५४२—अधिपूर्वक शीङ्, स्था और आस् धातुके आधारकी कर्म संज्ञा हो, यथा अधिशेते, अधितिष्ठति, अध्यास्ते वा वैकुण्ठं हरिः, इस स्थानमें शीङ्, स्था और आस् के आधार वैकुण्ठको कर्मत्व हुआ॥

५४३ अभिनिविशश्च।१।४।४७।

अभिनीत्येतत्संघातपूर्वस्य विशतेराधारः कर्म स्यात्। अभिनिविशते सन्मार्गम्। परिक्रयणे संप्रदानमिति सूत्रादिह मण्डूकप्लुत्याऽन्यतरस्यां ग्रहणमनुवर्त्य व्यवस्थितविभाषाश्रयणात् क्वचिन्न। पापेऽभिनिवेशः॥

५४३—अभि और निपूर्वक विश् धातुके अधिकरणकी कर्म संज्ञा हो, यथा—अभिनिविशते सन्मार्गम्, इस स्थानमें 'सन्मार्ग' जो है वह आधार है, इस लिये उसको कर्मत्व हुआहै, अन्यथा 'सन्मार्गे' ऐसा होता। "परिक्रयणे सम्प्रदानम्० १।४।४४/५८०" इस सूत्रसे इस सूत्रमें मण्डूकप्लुति न्यायसे 'अन्यतरस्याम्' इस पदकी अनुवृत्ति करके व्यवस्थित विभाषाके आश्रयके कारण कहीं कर्म संज्ञा नहीं भी होतीहै, यथा—पापे अभिनिवेशः, इस स्थानमें पाप शब्दको कर्मत्व नहीं हुआ॥

१ धातुओंके अनेक अर्थ होनेसे कई अर्थोंमें कर्म संज्ञा प्राप्त है, और कईमें नहीं, यथा—अभ्यव और आङ्पूर्वक हृ धातु प्रत्यवसानार्थक है वहां प्राप्त है, अन्यत्र नहीं, तथा—विपूर्वक कृ धातु शब्दकर्मक है, और अकर्मक कहीं, वहां प्राप्त अन्यत्र अप्राप्त इसप्रकार यह (सूत्र) प्राप्ताप्राप्त विभाषा है॥

२ जहां अभिपूर्वक वद् धातु शब्दकर्मक और दृश् धातु बुद्ध्यर्थक है, वहां तो पूर्वसूत्रसे कर्म संज्ञा प्राप्त है अन्य अर्थमें नहीं, इस वार्तिकसे सर्वत्र विकल्प होताहै, इस कारण यह प्राप्ताप्राप्त विभाषा है॥

३ जहां कहीं शब्दको कर्मत्व हो, अधिकरणत्व हो इत्यादि—

५४४ उपान्वध्याङ्वसः ।१।४।४८॥

उपादिपूर्वस्य वसतेराधारः कर्म स्यात् । उपवसति अनुवसति अधिवसति आवसति वा वैकुण्ठं हरिः ॥ अभुक्त्यर्थस्य न ॥ * ॥ वने उपवसति ॥

उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु ।
द्वितीयाम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते ॥*।

उभयतः कृष्णं गोपाः । सर्वतः कृष्णम् । धिक् कृष्णाऽभक्तम् । उपर्युपरि लोकं हरिः । अध्यधि लोकम् । अधोऽधो लोकम् ॥ अभितःपरितःसमयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि ।*। अभितः कृष्णम् । परितः कृष्णम् । ग्रामं समया । निकषा लंकाम् । हा कृष्णाऽभक्तम् । तस्य शोच्यत इत्यर्थः । बुभुक्षितं न प्रतिभाति किंचित् ॥

५४४-उप, अनु, अधि और आङ्पूर्वक वस् धातुके अधिकरणको कर्मत्व हो, (यहां वस् निवासे भ्वादिगणी जानना) यथा उपवसति, अनुवसति, अधिवसति, आवसति वा वैकुण्ठं हरिः; इस स्थानमें वैकुण्ठ शब्दको अधिकरणमें कर्मत्व हुआहै ।

(अभुक्त्यर्थस्य न (१०८७ वा०) भोजनकी निवृत्तिका वाचक वस् धातु होय तो उसका आधार कर्म न हो, यथा-वने उपवसति, इस स्थानमें अभुक्त्यर्थक वस् धातुके आधार वन शब्दको कर्मत्व न हुआ ।

उभयतः, सर्वतः, धिक् और उपर्युपरि, अध्यधि, अधोऽधः इन आम्रेडितान्तोंके योगमें द्वितीया विभक्ति हो, पूर्वकी अपेक्षा दूसरे स्थानमें भी द्वितीया हो, उभयतः कृष्णं गोपाः (कृष्णके दोनों ओर गोप) यहां ' उभयतः ' के योगसे ' कृष्णम् ' यह द्वितीयान्त पद हुआ, सर्वतः कृष्णम्, यहां ' सर्वतः' के योगसे 'कृष्णम् ' में द्वितीया हुई । धिक् कृष्णाऽभक्तम् (जो कृष्णका भक्त नहीं उसको धिक्कार है) यहां धिक्के योगमें 'अभक्तम्' में द्वितीया हुई, उपर्युपरि लोकं हरिः, यहां 'उपर्युपरि' के योगसे ' लोकम् ' में द्वितीया हुई । अध्यधि लोकम्, इस स्थानमें ' अध्याधि' के योगसे 'लोकम्' में द्वितीया हुई, अधोऽधो लोकम्, इस स्थानमें 'अधोऽधः' के योगसे 'लोकम्' में द्वितीया हुई ।

(अभितःपरितेति १४४२-१४४३ वा०) अभितः, परितः, समया, निकषा, हा और प्रति इनके योगमें भी द्वितीया हो, यथा-(अभितः कृष्णम्, परितः कृष्णम् । ग्रामं समया(ग्रामके निकट)० निकषा लङ्काम् (लंकाके धोरे), हा कृष्णाभक्तम् (कृष्णके अभक्तके निमित्त शोक), बुभुक्षितं न प्रतिभाति किंचित् (भूंखेको कुछ अच्छा नहीं लगता) यहां प्रतिके योगसे द्वितीया हुई ॥

-वाक्य आवें, वहां शब्दसे उस शब्दका अर्थ जानना, अर्थमें कर्मत्व व्यवहार होनेसे शब्दमें भी गौण व्यवहार होताहै ॥

५४५ अन्तराऽन्तरेण युक्ते ।२।३।४॥

आभ्यां योगे द्वितीया स्यात् । अन्तरा त्वां मां हरिः । अन्तरेण हरिं न सुखम् ॥

५४५-अन्तर और अन्तरेण इन दो अव्ययोंके योगमें द्वितीया हो । अन्तरा त्वां मां हरिः, अन्तरेण हरिं न सुखम् यहां ' अन्तरा'के योगमें 'त्वाम्' 'माम्' और 'अन्तरेण'के योगमें 'हरिम् ' यहां द्वितीया हुई ॥

५४६ कर्मप्रवचनीयाः । १ ।४। ८३॥

इत्यधिकृत्य ॥

५४६-यह अधिकार सूत्र है, यहांसे आगे जो कार्य होगा वह कर्मप्रवचनीयका अधिकार करके होगा । यह इतनी बड़ी संज्ञा इस कारण है कि, ' अन्वर्था संज्ञा यथा विज्ञायेत कर्म प्रोक्तवंतः कर्मप्रवचनीयाः ' (भाष्य) अर्थात् जिससे यौगिक संज्ञा समझी जावे जो शब्द क्रियाको कहचुका हो उसे कर्मप्रवचनीय कहते हैं ॥

५४७ अनुर्लक्षणे । १ । ४ । ८४ ॥

लक्षणे द्योत्येऽनुरुक्तसंज्ञः स्यात् । गत्युपसर्गसंज्ञापवादः ॥

५४७-जहां लक्षण अर्थ द्योत्य हो वहां अनुकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो । यह सूत्र गति और उपसर्ग संज्ञाका अपवाद है ॥

५४८ कर्मप्रवचनीययुक्ते द्वितीया । २ । ३ । ८ ॥

एतेन योगे द्वितीया स्यात् । जपमनु प्रावर्षत् । हेतुभूतजपोपलक्षितं वर्षणमित्यर्थः । परापि हेतौ तृतीयाऽनेन बाध्यते । लक्षणेत्थंभूतेत्यादिना सिद्धे पुनः संज्ञाविधानसामर्थ्यात् ॥

५४८--कर्मप्रवचनीयके योगमें द्वितीया विभक्ति हो । यथा-जपमनु प्रावर्षत् (जपके पीछे वर्षा अर्थात् कारणीभूत जपोपलक्षित् वर्षण) इस स्थानमें कर्मप्रवचनीय अनुके योगमें द्वितीया हुई । तृतीया क्यों न हुई ? इस आशंकासे कहतेहैं कि, हेतु अर्थमें तृतीयाविधायक सूत्रको परवर्ती होनेपर भी इस सूत्रसे उसका बाध होगा, जिसलिये ''लक्षणेत्थंभूत० $\frac{१।४।९०}{५५२}$'' इस सूत्रसे कर्मप्रवचनीय सिद्ध होनेपर भी दूसरी वार संज्ञाविधानसे द्वितीयाविधानकी सामर्थ्य है ॥

५४९ तृतीयार्थे । १ । ४ । ८५ ॥

अस्मिन् द्योत्येऽनुरुक्तसंज्ञः स्यात् । नदीमन्ववसिता सेना । नद्या सह संबद्धेत्यर्थः ॥ षिञ् बन्धने क्तः ॥

५४९-जो तृतीया विभक्तिके अर्थमें वर्तमान अनु शब्द है, उसकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो । यथा-नदीमन्ववसिता सेना । इस स्थानमें तृतीयार्थद्योतक अनुकी कर्मप्रवचनीय

संज्ञा हुई उसके योगसे नदी शब्दसे द्वितीया हुई (नदीके साथ सम्बद्ध ऐसा अर्थ होगा), अवपूर्वक बन्धनार्थक षिञ् धातुके उत्तर क्त प्रत्ययसे अवसित पद बनाहै ॥

५५० हीने । १ । ४ । ८६ ॥

हीने द्योत्येऽनुः प्राग्वत् । अनु हरिं सुराः । हरेर्हीना इत्यर्थः ॥

५५०–जहां अनुका हीन (छोटा) अर्थ हो, वहां भी अनुकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो; यथा–अनु हरिं सुराः (देवता हरिसे हीन हैं) इस स्थानमें हीनार्थक अनुकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हुई, तब उसके योगसे ' हरिम् ' में द्वितीया हुई ॥

५५१ उपोऽधिके च । १ । ४ । ८७ ॥

अधिके हीने च द्योत्ये उपेत्यव्ययं प्राक्संज्ञं स्यात् । अधिके सप्तमी वक्ष्यते । हीने उप हरिं सुराः ॥

५५१–अधिक और हीनार्थ द्योत्य होनेपर उप इस अव्ययकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो । अधिकार्थक उप शब्दके योगमें सप्तमी कहेंगे । हीनार्थमें यथा–उपहरिं सुराः(देवता हरिसे हीन हैं), इस स्थानमें हीनार्थक उप शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हुई उसके योगसे 'हरिम्' में द्वितीया हुई ॥

५५२ लक्षणेत्थंभूताख्यानभागवीप्सासु प्रतिपर्यनवः । १ । ४ । ९० ॥

एष्वर्थेषु विषयभूतेषु प्रत्यादय उक्तसंज्ञाः स्युः । लक्षणे वृक्षं प्रति पर्यनु वा विद्योतते विद्युत् । इत्थंभूताख्याने । भक्तो विष्णुं प्रति पर्यनु वा । भागे लक्ष्मीर्हरिं प्रति पर्यनु वा । हरेर्भाग इत्यर्थः । वीप्सायां वृक्षंवृक्षं प्रति पर्यनु वा सिञ्चति । अत्रोपसर्गत्वाभावान्न षत्वम् । एषु किम् । परिषिञ्चति ॥

५५२–लक्षण (किसी ज्ञानको उत्पन्न करनेवाला जो ज्ञान उसका विषय), इत्थम्भूताख्यान (किसी प्रकारको प्राप्त जो है उसका कहना), भाग (अंश), वीप्सा (व्याप्ति), इन अर्थोंके होनेपर प्रति, परि और अनु शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो । लक्षणार्थमें यथा–वृक्षं प्रति पर्यनु वा विद्योतते विद्युत्, यहां बिजलीविद्योतनज्ञानका उत्पन्न करनेवाला ज्ञान हुआ वृक्षज्ञान तद्विषय वृक्षको होनेसे प्रति : इत्यादिकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हुई (वृक्षके सामने ऊपर और पश्चात् बिजली चमकतीहै) । इत्थम्भूताख्यान यथा–भक्तो विष्णुं प्रति पर्यनु वा (भक्त विष्णुके प्रति किंचित्प्रकार भक्ति आदिको पायाहै) । भागार्थमें यथा–लक्ष्मीः हरिं प्रति पर्यनु वा (लक्ष्मी हरिका अंश है)। वीप्सार्थमें यथा–वृक्षं वृक्षं प्रति पर्यनु वा सिञ्चति,इस स्थानमें कर्मप्रवचनीय संज्ञासे उपसर्गसंज्ञाके बाध होनेके कारण षत्व नहीं हुआ । यह सम्पूर्ण अर्थमें कोई अर्थ न होनेसे परिषिञ्चति, इत्यादि स्थलमें कर्मप्रवचनीय संज्ञासे उपसर्ग संज्ञाके बाध न होनेके कारण षत्व हुआ * ॥

५५३ अभिरभागे । १ । ४ । ९१ ॥

भागवर्जे लक्षणादावभिरुक्तसंज्ञः स्यात् । हरिमभि वर्तते । भक्तो हरिमभि । देवंदेवमभिसिञ्चति । अभागे किम् । यदत्र ममाभिष्यात्तद्दीयताम् ॥

५५३–भागसे भिन्नार्थमें अर्थात् लक्षण, इत्थम्भूताख्यान और वीप्सा अर्थमें अभि शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो । लक्षण अर्थमें यथा–हरिमभि वर्तते, इत्थंभूताख्यान–भक्तो हरिमभि, इस स्थलमें 'हरिम्' यहां द्वितीया हुई । वीप्सा अर्थमें यथा–' देवंदेवमभिसिञ्चति' । भाग अर्थमें संज्ञा न होनेपर यथा–यदत्र ममाभिष्यात्तद्दीयताम् (जो इसमें मेरा है सो दीजिये) यहां अभि शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा न होनेसे षत्व हुआ और (मम) इसमें द्वितीया न होकर षष्ठी हुई ॥

५५४ अधिपरी अनर्थकौ । १ । ४ । ९३ ॥

उक्तसंज्ञौ स्तः । कुतोऽध्यागच्छति । कुतः पर्यागच्छति । गतिसंज्ञाबाधाद्गतिर्गतौवेति निघातो न ॥

५५४–अनर्थक अधि और परि इन दो अव्ययोंकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो (आशय यह कि, धातुके साथ लगनेसे इनका कुछ विशेष अर्थ नहीं होनेसे इन दोनोंकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो) उदाहरण, यथा–कुतोध्यागच्छति, इस स्थानमें गम् धातुके साथ ' अधि ' उपसर्ग लगनेसे वही अर्थ रहा । कुतः पर्यागच्छति, इस स्थानमें भी ' परि ' इस अव्ययकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हुई है,यहां कर्मप्रवचनीय संज्ञा करनेका प्रयोजन यह है कि, यहां अधि, परिकी गति संज्ञा होकर आङ् उपसर्गको गतिसंज्ञक होनेसे "गतिर्गतौ $\frac{८।१।७०}{३९७७}$" इस सूत्रसे अनुदात्त स्वर न होजाय इस कारण गति संज्ञाके निषेधके निमित्त कर्मप्रवचनीय संज्ञाका इस सूत्रसे विधान किया है ॥

५५५ सुः पूजायाम् । १ । ४ । ९४ ॥

सु सिक्तम् । सु स्तुतम् । अनुपसर्गत्वान्न षः । पूजायां किम् । सुषिक्तं किं तवात्र । क्षेपोयम् ॥

५५५–पूजा अर्थमें वर्तमान सु शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो, यथा–सु सिक्तम्, सु स्तुतम्, इस स्थानमें पूजा अर्थमें सु को कर्मप्रवचनीय संज्ञा हुई, अर्थ–अच्छी प्रकार सींचा हुआ, अच्छी प्रकार स्तुति किया हुआ, यहां उपसर्ग संज्ञा न होनेके कारण षत्व नहीं हुआ, जहां पूजासे भिन्न अर्थ हो वहां सुषिक्तं किं तवात्र, यहां आक्षेप अर्थ है, इस

* अप और परिके योगमें जहां पंचमी होतीहै, वहां वर्जन अर्थवाले अप, और परि एकत्र पडे हैं, उन्हींका ग्रहण होताहै अन्यका नहीं ॥

कारण कर्मप्रवचनीयत्व न होकर उपसर्गत्व होनेके कारण षत्व हुआहै। अर्थ यह कि, क्या तूने अच्छा सींचा॥

५५६ अतिरतिक्रमणे च । १ । ४ । ९५ ॥

अतिक्रमणे पूजायां चातिः कर्मप्रवचनीयसंज्ञः स्यात् । अति देवान् कृष्णः ॥

५५६–अतिक्रमण और पूजा अर्थमें अति शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो। अतिक्रमण (उल्लंघन) अर्थ, जैसे–अति देवान् कृष्णः (कृष्ण सब देवताओंके अतिक्रमण करनेवाले हैं), यहां अतिके योगसे 'देवान्' में द्वितीया हुई, यही पूजा अर्थमें भी होताहै, अति देवान् कृष्णः (कृष्ण सब देवताओंकी अपेक्षा पूज्य हैं) ॥

५५७ अपिः पदार्थसंभावनाऽन्ववसर्गगर्हासमुच्चयेषु । १ । ४ । ९६ ॥

एषु द्योत्येष्वपिरुक्तसंज्ञः स्यात् । सर्पिषोऽपि स्यात् । अनुपसर्गत्वान्न षः । संभावनायां लिङ्। तस्या एव विषयभूते भवने कर्तृदौर्लभ्यप्रयुक्तं दौर्लभ्यं द्योतयन्नपि शब्दः स्यादित्यनेन संबध्यते । सर्पिष इति षष्ठी तु अपिशब्दबलेन गम्यमानस्य बिन्दोरवयवावयविभावसंबन्धे । इयमेव ह्यपिशब्दस्य पदार्थद्योतकता नाम । द्वितीया तु नेह प्रवर्तते सर्पिषो बिन्दुना योगो न त्वपिनेत्युक्तत्वात् । अपि स्तुयाद्विष्णुम् । संभावनं शक्त्युत्कर्षमाविष्कर्तुमत्युक्तिः । अपि स्तुहि । अन्ववसर्गः कामचारानुज्ञा । धिग्देवदत्तमपि स्तुयाद् वृषलम् । गर्हा । अपि सिञ्च अपि स्तुहि। समुच्चये ॥

५५७–पदार्थ, संभावना, अन्ववसर्ग (कामचारानुज्ञा), गर्हा (निन्दा) और समुच्चय अर्थमें वर्तमान अपिकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो।

पदार्थमें यथा–सर्पिषोपि स्यात् (घृतका बिन्दु भी हो), यहां पदार्थद्योतक अपि शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा होनेसे उपसर्गत्वप्रयुक्त षत्व नहीं हुआ, इस स्थानमें संभावना अर्थमें लिङ्का प्रयोग हुआ है, सम्भावनाहीका विषयीभूत जो भवन (सत्ता) तिसमें बिन्दु इस कर्ताकी दुर्लभताप्रयुक्त क्रियाका दौर्लभ्य प्रकाश करता हुआ अपि शब्द 'स्यात्' इस क्रियाके साथ सम्बद्ध होताहै, 'सर्पिषः' इस जगह षष्ठी तो अपि शब्दके बलसे गम्यमान जो बिन्दु उसके साथ सर्पिष्के अवयवावयविभाव सम्बन्धमें हुई, यही अपि शब्दकी पदार्थद्योतकता है, इस स्थानमें द्वितीया विभक्ति नहीं होतीहै क्योंकि, सर्पिष् शब्दका योग बिन्दु शब्दके साथ है, अपिके साथ नहीं, यह बात कहदीगई है।

१ इस सूत्रमें, नहीं प्रयुक्त जो पदान्तर उसका जो अर्थ वही पदार्थ पदसे गृहीत है किन्तु पदका जो अर्थ सो पदार्थ ऐसा नहीं, अगर ऐसा अर्थ होता तो सम्भावनादिग्रहण व्यर्थ हो जाता॥

(अपि स्तुयाद्विष्णुम्) यह संभावनाका उदाहरण है, शक्तिके उत्कर्षप्रकाशके निमित्त जो अत्युक्ति उसको संभावना कहतेहैं ।

अन्ववसर्ग यथा–अपिस्तुहि (स्तुति कर) अभिलाषाके अनुकूल जो अनुज्ञा उसका नाम अन्ववसर्ग है।

गर्हा यथा–धिग्देवदत्तमपि स्तुयाद् वृषलम् (शूद्रकी स्तुति करे तो देवदत्तको धिक्कार है), धिक् ते जन्म यद्देवनिन्दकमपि स्तौषि(तेरे जन्मको धिकार है जो तू देव पितर अवतारादिकी निन्दा करनेवालेकी स्तुति करताहै), यहां अपि शब्द गर्हाका द्योतक है।

समुच्चयार्थ यथा–अपि सिञ्च, अपि स्तुहि (सींचो या स्तुति करो), इन सब अर्थोंमें अपि शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञासे उपसर्गसंज्ञाका बाध होनेके निमित्त कर्मप्रवचनीय संज्ञा की है, जिससे उपरोक्त प्रयोगोंमें मूर्धन्य षकार न हुआ ॥

५५८ कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे । २ । ३ । ५ ॥

इह द्वितीया स्यात् । मासं कल्याणी । मासमधीते मासं गुडधानाः । क्रोशं कुटिला नदी । क्रोशमधीते । क्रोशं गिरिः । अत्यन्तसंयोगे किम् । मासस्य द्विरधीते। क्रोशस्यैकदेशे पर्वतः॥

५५८–अत्यन्त संयोग होनेपर काल और अध्व (मार्ग) वाचक शब्दके उत्तर द्वितीया हो, यथा–मासं कल्याणी, मासमधीते (निरन्तर महीने भर तक पढताहै), मासं गुडधानाः । क्रोशं कुटिला नदी (क्रोश पर्यन्त कुटिल नदी है), यहां मार्ग और नदीका अत्यन्त संयोग है, इससे 'क्रोशम्' में द्वितीया हुई । क्रोशं गिरिः–इत्यादि । अत्यन्त संयोग न होनेपर मासस्य द्विरधीते (महीनेमें दो बार पढता है), यहां द्वितीया न हुई, क्रोशस्यैकदेशे पर्वतः (पहाड कोशके एकदेशमें है) यहां द्वितीया न हुई * ॥

॥ इति द्वितीया ॥

* कर्म सातप्रकारका होताहै, ईप्सित १ अनीप्सित २ ईप्सितानीप्सित ३ उक्ताकथित ४ अनुक्ताकथित ५ अनुक्तकर्तृकर्म ६ उक्तकर्तृकर्म ७ इस प्रकार सातप्रकारका है, तथा अनुक्तेप्सित, उक्तेप्सित, अनुक्तानीप्सित, उक्तानीप्सित इस प्रकार ईप्सित अनीप्सित मिलानेसे दो भेद और बढ जाते हैं, अनुक्तेप्सित यथा–द्वारिकां गच्छति हरिः, यहां 'द्वारिकाम्' ईप्सित कर्म है, 'हरिः' स्वतंत्र कर्ता है, गमधातु है, इससे "लः कर्मणि च०" इस सूत्रसे कर्तामें लकार होकर 'गच्छति' रूप बनता है, यहां कर्त्ता उक्त होताहै और कर्म अनुक्त होताहै, इससे कर्ममें द्वितीया होती है।

"सकर्मकाणां धातूनां यदा कर्तरि लादयः ।
तदानुक्तेप्सितं कर्म द्वितीया तत्र कीर्तिता ॥

अर्थात् जब सकर्मक धातुओंसे कर्तामें लकार होकर प्रयोग होताहै, तब ईप्सित कर्मको अनुक्तत्व होनेसे उससे द्वितीया होतीहै । उक्तेप्सितकर्म यथा–द्वारिका गम्यते हरिणा, यहां "लः कर्मणि० $\frac{३।४।६९}{२१५२}$" इस सूत्रसे कर्ममें प्रत्यय हुआहै, इससे कर्ता अनुक्त होनेसे 'हरिणा' में "कर्तृकरणयोः० $\frac{२।३।१८}{५६१}$" इससे तृतीया हुई, द्वारिकामें प्रथमा, इसके नियमकी अगली कारिका है–

५५९ स्वतन्त्रः कर्ता । १ । ४ । ५४ ॥

क्रियायां स्वातन्त्र्येण विवक्षितोर्थः कर्ता स्यात्॥

५५९–क्रियामें स्वतंत्रतासे विवक्षित जो अर्थ है, अर्थात् जो क्रियाके करनेमें आपही प्रधान है, उसकी कर्ता संज्ञा है * ॥

–"सकर्मकाणां धातूनां यदा कर्मणि लादयः ।
तदैवोक्तेप्सितं कर्म प्रथमा तत्र कीर्तिता ॥"

अर्थात् सकर्मक, धातुओंका कर्ममें लकार होकर जब प्रयोग होताहै, तब ईप्सित कर्म उक्त होताहै, उसमें प्रथमा विभक्ति होतीहै । अकर्मक सकर्मक धातुओंकी पहचान यह है कि,–

"लज्जासत्तास्थितिजागरणं वृद्धिक्षयभयजीवितमरणम् ।
शयनक्रीडारुचिदीप्त्यर्थं धातुगणन्तमकर्मकमाहुः ॥"

अर्थात्–लज्जा, सत्ता (होना), स्थिति, जागना, वृद्धि, नाश, भय, जीवन, मरण, शयन, क्रीडा, प्रीति, प्रकाश, इन अर्थवाले धातुओंको अकर्मक कहतेहैं, यथार्थ तो यह है कि,–'फलसमानाधिकरणव्यापारवाचकत्वमकर्मत्वम्' अर्थात् जिनके फलका समानाधिकरण व्यापार अर्थ वह धातु अकर्मक कहातेहैं, यथा–देवदत्तः स्नाति (देवदत्त न्हाताहै,) यहां धातुका फल देवदत्तको छोड़कर और कहीं नहीं जाता । 'फलव्यधिकरणव्यापारवाचकत्वं सकर्मत्वम्' जिसके फलका समानाधिकरण व्यापार अर्थ न हो, किन्तु अन्यत्र रहनेवाला हो, उस व्यापार अर्थवाला धातु सकर्मक कहाता है, यथा–ग्रामं गच्छति, यहां गम् धातुका फल कर्तामें न होकर ग्राममें है । अनुक्तानीप्सितकर्म यथा–विषं खादति कुद्धः, यहां 'विषम्' अनुक्तानीप्सित कर्म है । उक्तानीप्सित यथा–विषं खाद्यते कुद्धेन, यहां "लःकर्म०" से कर्ममें प्रत्यय है, कर्म उक्त, कर्ता अनुक्त है । अनीप्सित कर्म उक्त अनुक्त भेदसे दोप्रकारका है, तथाच–

"यदा कर्तुरनिष्टं यत्कर्मत्वेन विवक्षितम् ।
तदानीप्सिततमं कर्म उक्तानुक्ततया द्विधा ॥"

अर्थात्–जब कर्ताका अनिच्छित कारक भी कर्म मानां जाताहै, तब अनीप्सित कर्म होताहै, वह उक्त अनुक्त भेदसे दो प्रकारका है, उक्तमें प्रथमा अनुक्त कर्ममें द्वितीया होतीहै । ईप्सितानीप्सित कर्म यथा– पायसं भक्षयँस्तत्पातितं रजोऽप्यभ्यवहरति कुमारः (कुमार खीर खातेहुए उसमें गिरी धूर भी खाताहै) इसमें विना इच्छाके धूलि भी खाताहै यहां रज कर्म है । अनुक्ताकथित कर्म यथा–गां दोग्धि पयः गोपालः, इसमें 'गाम्' अनुक्ताकथितकर्म, 'पयः' अनुक्तेप्सित कर्म है । उक्ताकथित कर्म यथा–गौर्दुह्यते दुग्धं गोपालेन, यहां 'दुग्धम्' ईप्सितकर्म, 'गौः' उक्ताकथितकर्म है । अनुक्तकर्तृकर्म गच्छति ग्रामं पथिकः तं धनी प्रेरयति=गमयति ग्रामं पथिकं धनी, यह णिच् होकर कर्तामें लकार होकर शुद्ध कर्ता कर्म हुआहै (गतिबुद्धि सूत्र देखो) । उक्त कर्तृकर्म, यथा–गम्यते ग्रामः पथिको धनिना, यहां भी धातुसे णिच् होकर "लः कर्मणि०" इससे कर्ममें लकार हुआहै ॥

* "तत्प्रयोजको हेतुश्च १।४।५५ / २५७५" कर्ताको प्रेरण करनेवाला हेतु कहाता है और हेतु कर्ता भी कहाताहै, यथा–

"प्रवृत्तौ वा निवृत्तौ वा यः स्वतन्त्रं प्रयोजयेत् ।
हेतुकर्ता भवेदेष उक्तानुक्तभिदा द्विधा ॥"

विधि, निषेधमें जो स्वतंत्र होकर प्रेरण करै, वह हेतुकर्ता कहाता है, वह उक्त अनुक्त भेदसे दो प्रकारका है, स्वतंत्र कर्ता भी उक्त अनुक्त भेदसे दो प्रकारका है, हेतुकर्ता भी दो प्रकारका है अभिहित और अनभिहित । अभिहित हेतुकर्ता यथा–हितं–

५६० साधकतमं करणम् ।१।४। ४२ ॥

क्रियासिद्धौ प्रकृष्टोपकारकं कारकं करणसंज्ञं स्यात् । तमब्ग्रहणं किम् । गङ्गायां घोषः ॥

५६०–क्रियाकी निष्पत्तिसम्पादनमें जो अत्यन्त उपकारक हो उसकी करण संज्ञा हो ।

(तमप्ग्रहणं किमिति) आशय यह है कि,–कारक (क्रियासम्पादक) के अधिकारसे और करण (क्रिया सम्पादित हो जिससे) इस महासंज्ञासे साधक पदका जो अर्थ है, उसका लाभ हो ही जाता, फिर साधकग्रहण व्यर्थ होकर साधकतम पदका जो अर्थ है, उसका बोधक होनेसे रामेण बाणेन धनुषो हतो वाली, यहां धनुष्की करण संज्ञाकी प्राप्ति नहीं, तो फिर 'तमप्'ग्रहण क्यों किया ? यह प्रश्न है, उत्तर देतेहैं कि,–'गङ्गायां घोषः' आशय यह कि,–जैसे प्रस्तुत सूत्रमें महासंज्ञासे अत्यन्त अर्थका लाभ कियाहै, वैसे ही "आधारोऽधिकरणम् १।४।४५" इसमें भी अधिकरण ('अधिक्रियते यस्मिन्०' रक्खा जाय जिसमें) इस महासंज्ञासे आधार इस अर्थका लाभ होनेसे आधारग्रहण व्यर्थ होकर ऐसा ज्ञापन करता कि,–जिस आधारका आधेयके साथ सब अवयवोंमें सम्बन्ध है, वही यहां आधार पदसे ग्राह्य है, तब तिलेषु तैलम्, दध्नि सर्पिः इत्यादि स्थलोंमें ही अधिकरण संज्ञा होती, गंगायां घोषः (गङ्गापद तीररूप अर्थमें लाक्षणिक है, गंगाजीके तीरमें घोष–झोपडा) इत्यादि स्थलोंमें नहीं होती, इसलिये तमप्ग्रहण करना, करनेसे तमप्ग्रहणके सामर्थ्यसे ऐसा ज्ञापन होगया कि,–इस कारकाधिकारमें शब्दके सामर्थ्यसे विशेष अर्थका लाभ न हो, तब कारकाधिकारसे और करण इस महासंज्ञासे अत्यन्त इस अर्थका लाभ न होनेसे रामेण बाणेन धनुषो हतो वाली, यहां धनुष् शब्दको भी करण संज्ञा होनेसे तृतीया होजाती, इसलिये प्रस्तुत सूत्रमें तमप्ग्रहण किया "आधारोधि०" यहां

–लभन्ते विनीताः तान् विनीतान् हितं लभमानान् यो धीरः प्रयुङ्क्ते स विनीतान् हितं लम्भयति–अर्थात् नम्र पुरुष हितको प्राप्त करतेहैं और कोई पंडित उनको हित प्राप्त कराताहै, यहां 'हितम्' अनभिहित कर्म है 'विनीतान्' यह कर्तृकर्म है, हितं लभन्ते विनीताः, यहां विनीत शब्दकी कर्तृ संज्ञा थी कारण कि, कर्तामें प्रत्यय हुआहै और जब ण्यन्तावस्थामें विनीत शब्द प्रेरित होताहै तब कर्म होजाताहै, इस कारण कर्तृकर्म कहाताहै, 'धीरः' अभिहित हेतुकर्ता है । अनभिहित हेतुकर्ता यथा–हितं लम्भ्यन्ते विनीताः धीरेण, यहां 'हितम्' यह अनभिहित कर्म है, 'विनीताः' यह कर्तृकर्म है और अभिहित है, 'धीरेण' यह अनभिहित हेतुकर्ता है ।

जब सकर्मक तथा अकर्मक धातुसे "लः कर्मणि च भावे चाकर्मकेभ्यः ३।४।६९ / २१५२" इस सूत्रसे कर्तामें लकार होताहै, तब स्वतंत्र कर्ता अभिहित होताहै और जब सकर्मक धातुसे उक्त सूत्रसे कर्ममें प्रत्यय होताहै तब स्वतंत्र कर्ता अनभिहित होताहै, इसी प्रकार जब ण्यन्तावस्थामें धातुसे कर्तामें प्रत्यय होताहै तब अभिहित हेतुकर्ता होताहै और जब ण्यन्त धातुसे कर्ममें प्रत्यय होताहै, तब अनभिहित हेतुकर्ता होताहै ॥

भी महासंज्ञासे उक्त अर्थका लाभकर आधारग्रहणके सामर्थ्यसे वैसे अर्थका लाभ न होनेसे 'गंगायाम्' यहां सप्तमी भई यह जानना ॥

५६१ कर्तृकरणयोस्तृतीया । २।३।१८॥

अनभिहिते कर्तरि करणे च तृतीया स्यात् । रामेण बाणेन हतो वाली ॥ प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम् ॥ * ॥ प्रकृत्या चारुः । प्रायेण याज्ञिकः । गोत्रेण गार्ग्यः । समेनैति । विषमेणैति । द्विद्रोणेन धान्यं क्रीणाति । सुखेन दुःखेन वा यातीत्यादि ॥

५६१–अनुक्त कर्तृकारक और करण कारकमें तृतीया विभक्ति हो, यथा–रामेण बाणेन हतो वाली, इस स्थानमें 'रामेण' इस अनुक्त कर्तामें तृतीया हुई, 'बाणेन' इस करणमें तृतीया हुई ।

(प्रकृत्यादिभ्यः० १४६६ वा०) प्रकृति इत्यादि शब्दोंसे भी तृतीया होती है, यथा–प्रकृत्या चारुः, प्रायेण याज्ञिकः, गोत्रेण गार्ग्यः, समेनैति, विषमेणैति, द्विद्रोणेन धान्यं क्रीणाति, सुखेन दुःखेन वा यातीत्यादि, यहां प्रकृति, प्राय, गोत्र, सम, विषम, द्विद्रोण ये शब्द प्रकृत्यादि गणके हैं इनमें तृतीया होतीहै * ॥

५६२ दिवः कर्म च । १ । ४ । ४३ ॥

दिवः साधकतमं कारकं कर्मसंज्ञं स्याच्चात्करणसंज्ञम् । अक्षैरक्षान्वा दीव्यति ॥

५६२–जो दिव् धातुके प्रयोगमें क्रियाकी सिद्धिमें मुख्य हेतुकारक है, वह कर्मसंज्ञक और चकारसे करणसंज्ञक भी हो । पूर्व सूत्रसे नित्य करण संज्ञा प्राप्त थी उसका बाधक यह सूत्र है, यथा– अक्षैरक्षान् वा दीव्यति * ॥

* एक प्रकारका कर्मकर्ता, यथा–स्वयमेव पच्यते ओदनः (आप ही ओदन पकताहै,), भिद्यते काष्ठम् (आप ही काष्ठ विदीर्ण होताहै) यहां ओदनः' 'काष्ठम्' कर्मकर्ता हैं, जो कर्मस्थ क्रिया 'पचति' को आदि लेकर धातु हैं उनके प्रयोगमें "कर्मवत् कर्मणा तुल्यक्रियः" इस सूत्रसे जब कर्ताको कर्मवद्भाव होताहै, तब ही कर्ताको कर्मवद्भाव होनेसे कर्मविषयक यक्, तदन्तसे आत्मनेपद, चिण्, चिण्वद्भाव–इत्यादि कार्य होतेहैं, तब यह 'पच्यते' आदि प्रयोग बनते हैं ।

"कर्मस्थो यस्य भावः स्यात्कर्मस्था च क्रिया तथा ।
तस्य धातोः प्रयोगे तु कर्म कर्ता विधीयते ॥"

जिस धातुका भाव कर्मस्थ हो, तथा क्रिया कर्मविषयक हो, उस धातुके प्रयोगमें कर्म कर्ता होताहै ॥

* इस सूत्रके विधानमें केवल करण संज्ञा होकर तृतीया विभक्ति प्राप्त थी, उसका यह सूत्र अपवाद है, बहुव्यापक उत्सर्ग, और अल्पव्यापक अपवादसंज्ञक है, उत्सर्ग सूत्रोंहीके विषयमें अपवाद सूत्र प्रवृत्त होतेहैं और अपवाद सूत्रोंके विषयमें उत्सर्ग सूत्र प्रवृत्त नहीं होते, किन्तु अपवादविषयोंको छोडकर उत्सर्ग सूत्रोंकी प्रवृत्ति होतीहै, ऐसा सर्वत्र समझना, इसलिये सूत्रमें चकार ग्रहण किया ॥

५६३ अपवर्गे तृतीया । २ । ३ । ६ ॥

अपवर्गः फलप्राप्तिस्तस्यां द्योत्यायां कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे तृतीया स्यात् । अह्ना क्रोशेन वानुवाकोऽधीतः । अपवर्गे किम् । मासमधीतो नायातः ॥

५६३–फलप्राप्ति होनेपर काल और अध्ववाचक शब्दोंके उत्तर अत्यन्तसंयोगमें तृतीया हो, यथा–अह्ना क्रोशेन वा अनुवाकोऽधीतः, इस स्थानमें फलप्राप्ति होनेके कारण तृतीया हुई । अपवर्गग्रहण करनेसे 'मासमधीतो नायातः' (महीनेभर तक पढा, पर कुछ आया नहीं) यहां फलकी प्राप्ति नहीं है, इसलिये तृतीया नहीं हुई, किन्तु कालके अत्यन्त संयोगमें (५५८) द्वितीया हुई ॥

५६४ सहयुक्तेऽप्रधाने । २ । ३ । १९ ॥

सहार्थेन युक्ते अप्रधाने तृतीया स्यात् । पुत्रेण सहागतः पिता । एवं साकं सार्द्धं समं योगेपि । विनापि तद्योगं तृतीया । वृद्धो यूनेत्यादिनिर्देशात् ॥

५६४–सह शब्दका जो अर्थ उससे युक्त जो अप्रधान कर्ता कारक उसका वाचक जो शब्द उससे तृतीया विभक्ति हो, यथा–पुत्रेण सहागतः पिता (पुत्रसहित पिता आया) , इसी प्रकार साकं, सार्द्धं, समम्–इत्यादिके योगमें, अथवा उनका योग न होनेपर भी तृतीया हो, यथा–"वृद्धो यूना०"इत्यादिमें 'साकम्'आदिका योग न होनेपर भी उक्तार्थमें तृतीया हुई*॥

५६५ येनाङ्गविकारः । २ । ३ । २० ॥

येनाङ्गेन विकृतेनाङ्गिनो विकारो लक्ष्यते ततस्तृतीया स्यात् । अक्ष्णा काणः । अक्षिसंबन्धिकाणत्वविशिष्ट इत्यर्थः । अङ्गविकारः किम् । अक्षि काणमस्य ॥

५६५–जिस अंग (अवयव) से शरीरका विकार प्रसिद्ध हो, उस अवयववाचकसे तृतीया विभक्ति हो, यथा–अक्ष्णा काणः (नेत्रसम्बन्धी. काणत्वसे युक्त) अङ्गविकार न होनेपर अक्षि काणमस्य, यहां तृतीया न हुई ॥

५६६ इत्थंभूतलक्षणे । २ । ३ । २१ ॥

कंचित्प्रकारं प्राप्तस्य लक्षणे तृतीया स्यात् । जटाभिस्तापसः । जटाज्ञाप्यतापसत्वविशिष्ट इत्यर्थः ॥

* इस सूत्रमें सह शब्द शब्दपरक नहीं है, यदि होता तो "सहयुक्ते" के जगहमें "सहेन" ऐसा तृतीयान्त निर्देश करके तृतीयासे योग इस अर्थका लाभ करके सिद्ध था ही, फिर युक्तग्रहण व्यर्थ होजाता किन्तु अर्थपरक है, इससे टीकामें जो अर्थ दिखलाया है, उसका लाभ हुआ, इसीसे साकं, सार्द्धम्–इत्यादिशब्दोंका योग रहनेसे 'वृद्धोयूना०' इत्यादि स्थलमें उन उन शब्दोंके योग नहीं रहनेसे भी तादर्थ्यगम्यमान होनेसे तृतीया हुई ॥

५६६-इत्थम्भूत अर्थात् इस प्रकारका वह है,इस अर्थका जनानेवाला जो अर्थ उसके बोधक प्रातिपदिकसे तृतीया विभक्ति हो, यथा-जटाभिस्तापसः (जटाओंसे तपस्वी है) यहां लक्षण जटा है, उससे तृतीया विभक्ति हुई ॥

५६७ संज्ञोऽन्यतरस्यां कर्मणि ।२।३।२२॥

संपूर्वस्य जानातेः कर्मणि तृतीया वा स्यात्। पित्रा पितरं वा संजानीते ॥

५६७-सम्पूर्वक ज्ञा धातुके कर्ममें विकल्प करके तृतीया हो, यथा-पित्रा पितरं वा संजानीते, यहां 'संजानीते' यह सम्पूर्वक ज्ञा धातुका प्रयोग है, इस कारण उसके कर्म पितृशब्दमें द्वितीया और तृतीया हुई. (यह अप्राप्त विभाषा है, अनभिहित कर्ममें द्वितीया प्राप्त है, यह उसका अपवाद है) ॥

५६८ हेतौ । २ । ३ । २३ ॥

हेत्वर्थे तृतीया स्यात् । द्रव्यादिसाधारणं निर्व्यापारसाधारणं च हेतुत्वम् । करणत्वं तु क्रियामात्रविषयं व्यापारनियतं च । दण्डेन घटः। पुण्येन दृष्टो हरिः । फलमपीह हेतुः । अध्ययनेन वसति । गम्यमानापि क्रिया कारकविभक्तौ प्रयोजिका । अलं श्रमेण । श्रमेण साध्यं नास्तीत्यर्थः । इह साधनक्रियां प्रति श्रमः करणम् । शतेन शतेन वत्सान्पाययति पयः।शतेन परिच्छिद्येत्यर्थः॥अशिष्टव्यवहारे दाणः प्रयोगे चतुर्थ्यर्थे तृतीया ॥ * ॥ दास्या संयच्छते कामुकः । धर्म्ये तु भार्यायै संयच्छति ॥

५६८-हेतु अर्थमें तृतीया विभक्ति हो । द्रव्यादिसाधारण और निर्व्यापार साधारणका नाम हेतु है, अर्थात् जो द्रव्य, गुण और कर्म व्यापाररहित होकर क्रियाका सम्पादक है, वह हेतु होताहै, और जो द्रव्य, गुण और कर्म व्यापारसे युक्त होकर क्रियाका जनक हो, वह करण है, यथा-दण्डेन घटः, यहां द्रव्यनिरूपित हेतुत्ववान् दण्ड है, इस कारण तृतीया हुई । 'पुण्येन दृष्टो हरिः, यहां हरिदर्शनहेतु पुण्यसे तृतीया हुई है । यहां हेतुसे फलका भी ग्रहण जानना। अध्ययनेन वसति (अध्ययन हेतु वसताहै), यहां वसनेका फल अध्ययन है वही हेतु है। कहीं गम्यमान क्रिया भी कारक विभक्तिमें प्रयोजिका (हेतु) होजातीहै, यथा-अलं श्रमेण (यह कार्य श्रमसे साध्य नहीं है), इस स्थानमें क्रिया ऊह्य होनेके कारण 'श्रमेण' में तृतीया हुई, साधन क्रियाके प्रति श्रमको करणत्व हुआ । शतेन शतेन वत्सान् पाययति पयः (सौ सौ बछडोंको जल पिलाताहै), यहां 'शतेन' में तृतीया हुई ।

(अशिष्टव्यवहारे० ५०४० वा०) अशिष्ट व्यवहारमें दाण् धातुके प्रयोगस्थलमें चतुर्थीके अर्थमें तृतीया हो, यथा-दास्या संयच्छते कामुकः (कामी पुरुष दासीके अर्थ देता है), दासीसंगम निन्दित है, इससे 'संयच्छते' इस दाण् धातुके प्रयोगमें अधर्मार्थ दान होनेसे चतुर्थी न होकर तृतीया हुई । शिष्टार्थ (धर्मार्थ) में, यथा-भार्यायै संयच्छति, यहां 'भार्यायै' इसमें चतुर्थी हुई ॥

॥ इति तृतीया ॥

५६९ कर्मणा यमभिप्रैति स संप्रदानम् । १ । ४ । ३२ ॥

दानस्य कर्मणा यमभिप्रैति स संप्रदानसंज्ञः स्यात् ॥

५६९-दा धातुका जो कर्म उससे सम्बन्ध करानेके लिये जो इष्ट है, अर्थात् जिसका उद्देश्य करके दान किया जाय उसकी संप्रदान संज्ञा हो * ॥

५७० चतुर्थी संप्रदाने । २ । ३ । १३ ॥

विप्राय गां ददाति । अनभिहित इत्येव । दानीयो विप्रः॥क्रियया यमभिप्रैति सोपि संप्रदानम् ॥ * ॥ पत्ये शेते ॥ कर्मणः करणसंज्ञा संप्रदानस्य च कर्मसंज्ञा ॥ * ॥ पशुना रुद्रं यजते । पशुं रुद्राय ददातीत्यर्थः ॥

५७०-सम्प्रदानमें चतुर्थी होतीहै, यथा-विप्राय गां ददाति (ब्राह्मणके निमित्त गौ देताहै) अनुक्त स्थलमें सम्प्रदान कारकमें चतुर्थी होगी, परन्तु उक्त स्थलमें "अनभिहिते" इसके अधिकारसे प्रथमा ही होती है, यथा-दानीयो विप्रः (देने योग्य ब्राह्मण), यहां चतुर्थी न हुई ।

(क्रियया० १०८५ वा०) क्रियासे जिसकी इच्छा की जाय उसको सम्प्रदानत्व हो, यथा-पत्ये शेते (पतिके उद्देशसे शयन करती है) यहां चतुर्थी हुई ।

यज् धातुके कर्मकी करण संज्ञा और सम्प्रदानकी कर्म संज्ञा हो (वा० १०८६) । पशुना रुद्रं यजते (रुद्रको पशु देता है) यहां कर्मकी करण संज्ञा होकर 'पशुम्' के स्थानमें 'पशुना' और सम्प्रदानकी कर्म संज्ञा होकर 'रुद्राय' के स्थानमें 'रुद्रम्' हुआहै ॥

५७१ रुच्यर्थानां प्रीयमाणः।१।४।३३॥

रुच्यर्थानां धातूनां प्रयोगे प्रीयमाणोर्थः संप्रदानं स्यात् । हरये रोचते भक्तिः । अन्य-

* प्रेरक, अनुमन्तृक, और अनिराकर्तृक भेदसे सम्प्रदान तीन प्रकारका है।

प्रेरक यथा-रामः भक्ताय मुक्तिं ददाति (राम भक्तोंको मुक्ति देतेहैं) यहां जब भक्तिद्वारा भक्त रामको प्रेरणा करताहै, तब वह मुक्ति देतेहैं ।

अनुमन्तृक वह है, जिसमें न प्रेरणा की जाय, न निराकरण किया जाय, यथा-तापसः वने फलमूले रामाय ददाति (वनमें तपस्वी रामके अर्थ फल, मूल देताहै) यहां राम फल, मूलको देनेकी प्रेरणा नहीं करते, निषेध भी नहीं करते ।

अनिराकर्तृक वह है, जिसमें प्रेरणा, निराकरण और अनुमति भी न हो, यथा-पुरुषोत्तमाय पुष्पं ददाति (पुरुषोत्तमके निमित्त फूल देताहै) यहां पुरुषोत्तम पुष्पके निमित्त प्रेरणा और निषेध नहीं करते और यह भी निश्चय नहीं होता कि, ग्रहण करलिया ॥

कर्तृकोऽभिलाषो रुचिः । हरिनिष्ठप्रीतेर्भक्तिः कर्त्री । प्रीयमाणः किम् । देवदत्ताय रोचते मोदकः पथि ॥

५७१-रुच्यर्थक धातुओंके प्रयोगमें तृप्त होनेवाले कारककी सम्प्रदान संज्ञा हो, यथा-हरये रोचते भक्तिः (हरिको भक्ति अच्छी लगती है), अन्यकर्तृक अभिलाषाका नाम रुचि है, यहां रुचि अर्थवाला रुच् धातु है, तृप्त होनेवाले हरि हैं, इससे 'हरये'में चतुर्थी हुई, हरिनिष्ठ प्रीतिकी कर्त्री भक्ति है। प्रीयमाणार्थ न होनेपर यथा-देवदत्ताय रोचते मोदकः पथि (देवदत्तको मार्गमें लड्डू अच्छा लगताहै) ॥

५७२ श्लाघह्नुङ्स्थाशपां ज्ञीप्स्यमानः । १ । ४ । ३४ ॥

एषां प्रयोगे बोधयितुमिष्टः संप्रदानं स्यात् । गोपी स्मरात् कृष्णाय श्लाघते ह्नुते तिष्ठते शपते वा। ज्ञीप्स्यमानः किम्। देवदत्तस्य श्लाघते पथि॥

५७२-श्लाघ, ह्नुङ्, स्था, शप् इन धातुओंके प्रयोगमें जिसको जनाया जाय उसकी सम्प्रदान संज्ञा हो, यथा-गोपी स्मरात् कृष्णाय श्लाघते, ह्नुते, तिष्ठते, शपते वा (गोपी कामदेवके वश हो कृष्णके अर्थ श्लाघा करती, सपत्नीसे दूरकरती, स्थित होकर अपना अभिप्राय कहती और उपालम्भ करती है), इनके योगमें कृष्णमें चतुर्थी हुई । जिसको जनाया जाय ऐसा कहनेसे देवदत्ताय श्लाघते पथि, यहां पथिमें चतुर्थी न हुई ॥

५७३ धारेरुत्तमर्णः । १ । ४ । ३५ ॥

धारयतेः प्रयोगे उत्तमर्ण उक्तसंज्ञः स्यात् । भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः । उत्तमर्णः किम् । देवदत्ताय शतं धारयति ग्रामे ॥

५७३-ऋण देनेवाला उत्तमर्ण कहाताहै, ऋण लेनेवाला अधमर्ण कहाताहै, जहां ण्यन्त धृ धातुका प्रयोग होय वहाँ उत्तमर्णकी सम्प्रदान संज्ञा हो, यथा-भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः (हरि भक्तके अर्थ मोक्षको धारतेहैं) यहां उत्तमर्ण भक्त है, अधमर्ण हरि हैं, इस कारण उत्तमर्ण भक्तकी सम्प्रदान संज्ञा होकर चतुर्थी हुई । उत्तमर्ण न होनेपर यथा-देवदत्ताय शतं धारयति ग्रामे, यहां शतकी सम्प्रदान संज्ञा न हुई ॥

५७४ स्पृहेरीप्सितः । १ । ४ । ३६ ॥

स्पृहयतेः प्रयोगे इष्टः संप्रदानं स्यात् । पुष्पेभ्यः स्पृहयति । ईप्सितः किम् । पुष्पेभ्यो वने स्पृहयति । ईप्सितमात्रे इयं संज्ञा । प्रकर्षविवक्षायां तु परत्वात्कर्मसंज्ञा । पुष्पाणि स्पृहयति ॥

५७४-ण्यन्त स्पृह् धातुके प्रयोगमें ईप्सितकी सम्प्रदान संज्ञा हो, यथा-पुष्पेभ्यः स्पृहयति (फूलोंके निमित्त इच्छा करताहै), यहां ण्यन्त स्पृह् धातुके प्रयोगमें ईप्सित पुष्प है, इस कारण पुष्पकी संप्रदान संज्ञा होकर चतुर्थी हुई । ईप्सितमात्रमें ही सम्प्रदान संज्ञा होतीहै, जहां अत्यन्त स्पृहा हो वहां परत्वके कारण कर्म संज्ञा होती है, यथा-पुष्पाणि स्पृहयति-(फूलोंकी अत्यन्त इच्छा करताहै) ॥

५७५ क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः । १ । ४ । ३७ ॥

क्रुधाद्यर्थानां प्रयोगे यं प्रति कोपः स उक्तसंज्ञः स्यात् । हरये क्रुध्यति । द्रुह्यति । ईर्ष्यति। असूयति । यं प्रति कोपः किम् । भार्यामीर्ष्यति। मैनामन्योऽद्राक्षीदिति।क्रोधोऽमर्षः।द्रोहोऽपकारः। ईर्ष्याऽक्षमा । असूया गुणेषु दोषाविष्करणम् । द्रुहादयोऽपि कोपप्रभवा एव गृह्यन्ते । अतो विशेषणं सामान्येन यं प्रति कोप इति ॥

५७५-क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य, असूय, इन तुल्यार्थ धातुओंके प्रयोगमें जिसके प्रति कोप किया जाय वह कारक संप्रदानसंज्ञक हो, यथा-हरये क्रुध्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति (हरिके अर्थ क्रोध करता, अपकार करता, ईर्षा करता और गुणोंमें दोष निकालताहै) यहां जिसके प्रति कोपादि करताहै उस हरिमें चतुर्थी हुई, जिसके प्रति कोप होय उसकी सम्प्रदान संज्ञा इस कारण कहीहै कि,-भार्यामीर्ष्यति (स्त्रीके ऊपर क्रोध करताहै) यहां इसको कोई और न देखे इस कारण भर्त्सन करता (धमकाता) है । क्रोधसे अमर्ष जानना । द्रोह-अपकार । ईर्ष्या-अक्षमा । असूया-गुणोंमें दोष देखना । द्रोहादि भी क्रोधसे उत्पन्न हुएहैं, इस कारण सामान्यसे जिसके प्रति क्रोध यह विशेषण ग्रहण कियाहै ॥

५७६ क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म । १ । ४ । ३८ ॥

सोपसर्गयोरनयोर्यं प्रति कोपस्तत्कारकं कर्मसंज्ञं स्यात् । क्रूरमभिक्रुध्यति अभिद्रुह्यति ॥

५७६-उपसर्गयुक्त क्रुध् और द्रुह् धातुके प्रयोगमें जिसके प्रति कोप हो, उसकी कारक संज्ञा होकर कर्म संज्ञा हो यह सूत्र पूर्व सूत्रका बाधक है । क्रूरमभिक्रुध्यति, अभिद्रुह्यति (क्रूरके ऊपर क्रोध और द्रोह करताहै) यहां अभि उपसर्गपूर्वक क्रुध् और द्रुह् धातुका प्रयोग है, इससे क्रूरके ऊपर क्रोध होनेसे उसकी कर्म संज्ञा हुई ॥

५७७ राधीक्ष्योर्यस्य विप्रश्नः । १ । ४ । ३९ ॥

एतयोः कारकं संप्रदानं स्यात् । यदीयो विविधः प्रश्नः क्रियते । कृष्णाय राध्यति ईक्षते वा। पृष्टो गर्गः शुभाशुभं पर्यालोचयतीत्यर्थः ॥

५७७-राध् और ईक्ष धातुके प्रयोगमें जिसका विविध प्रकारका प्रश्न हो, वह कारक संप्रदानसंज्ञक हो, यथा-कृष्णाय राध्यति, ईक्षते वा (गर्गके प्रति कृष्णके प्रश्न करनेपर कृष्णके प्रति शुभाशुभकी आलोचना करतेहैं) यहां

राध् और ईक्ष धातुका प्रयोग है,प्रश्न विषय कृष्ण हैं, इससे कृष्णकी सम्प्रदान संज्ञा होकर चतुर्थी हुई ॥

५७८ प्रत्याङ्भ्यां श्रुवः पूर्वस्य कर्ता ।१।४।४०॥

आभ्यां परस्य शृणोतेर्योगे पूर्वस्य प्रवर्त्तनरूपव्यापारस्य कर्ता संप्रदानं स्यात् । विप्राय गां प्रतिशृणोति । आशृणोति वा । विप्रेण मह्यं देहीतिप्रवर्तितः प्रतिजानीत इत्यर्थः ॥

५७८-प्रति और आङ्पूर्वक श्रु धातुके योगमें पूर्व जो प्रेरणारूप व्यापार उसके कर्ताकी सम्प्रदान संज्ञा हो, यथा-विप्राय गां प्रतिशृणोति, आशृणोति वा (किसी ब्राह्मणने कहा मुझे गौ दो उसको गौके देनेकी प्रतिज्ञा करताहै) यहां पूर्व कारक ब्राह्मणकी सम्प्रदान संज्ञा हुई, विप्रकर्तृक मुझे दो ऐसा प्रवर्तित होकर उसकी प्रतिज्ञा करताहै ॥

५७९ अनुप्रतिगृणश्च ।१।४।४१॥

आभ्यां गृणातेः कारकं पूर्वव्यापारस्य कर्तृभूतमुक्तसंज्ञं स्यात् । होत्रेऽनुगृणाति प्रतिगृणाति । होता प्रथमं शंसति तमध्वर्युः प्रोत्साहयतीत्यर्थः ॥

५७९-अनु और प्रतिपूर्वक गृ धातुके योगमें पूर्व व्यापारके कर्ताकी कारक संज्ञा होकर संप्रदान संज्ञा हो, यथा-होत्रेऽनुगृणाति, प्रतिगृणाति वा (होता पहले कहताहै, पीछे अध्वर्यु उसको उत्साहित करताहै,) यहां पूर्वकर्ता होतृमें सम्प्रदान संज्ञा हुई ॥

५८० परिक्रयणे संप्रदानमन्यतरस्याम् ।१।४।४४॥

नियतकालं भृत्यास्वीकरणं परिक्रयणं तस्मिन् साधकतमं कारकं संप्रदानसंज्ञं वा स्यात् । शतेन शताय वा परिक्रीतः ॥ तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या ॥ * ॥ मुक्तये हरिं भजति ॥ क्लृपिसंपद्यमाने च ॥ * ॥ भक्तिर्ज्ञानाय कल्पते संपद्यते जायते इत्यादि ॥ उत्पातेन ज्ञापिते च ॥ * ॥ वाताय कपिला विद्युत् ॥ हितयोगे च ॥ * ॥ ब्राह्मणाय हितम् ॥

५८०-नियत कालमें धनादि देकर जो भृत्यको अत्यन्त स्वाधीन करलेना है वह परिक्रयण कहाताहै, उस परिक्रयणमें अत्यन्त साधककी विकल्प करके सम्प्रदान संज्ञा हो; यथा-'शतेन शताय वा परिक्रीतः' (सौ रुपये देकर स्वीकार किया हुआ भृत्य) चतुर्थी न होनेपर "कर्तृकरणयोः०" इससे तृतीया हुई ।

(चतुर्थी विधाने तादर्थ्यमुपसंख्यानम् १४५८ वा०) जिस कार्यके निमित्त कारणवाची शब्दका प्रयोग कियाहो, उस कार्य (तादर्थ्य) में चतुर्थी हो, यथा-मुक्तये हरिं भजति (मुक्तिके लिये हरिका भजन करताहै), यहां मुक्तिके निमित्त हरिका भजन है, इससे मुक्तिमें चतुर्थी हुई ।

(क्लृपि० १४५९ वा०) जो क्लृप् धातुका प्रयोग रहते उत्पन्न होनेवाला कारक है, उसमें चतुर्थी हो, यथा-भक्तिर्ज्ञानाय कल्पते, संपद्यते, जायते (भक्ति ज्ञानके अर्थ होतीहै) इसमें क्लृप् धातुके अर्थवाला सम्पूर्वक पद् और ज्ञा धातु है, और वार्तिकमें अर्थग्रहण है अर्थात् क्लृप् धातुका जो अर्थ, तदर्थक धातुका प्रयोग रहते ऐसा अर्थ होनेसे सम्पद्यमान ज्ञानमें चतुर्थी हुई है ।

(उत्पातेन० १४६० वा०) शुभाशुभके जतानेवाले पृथ्वी आदिके उत्पातसे जो जानाजाय उसमें चतुर्थी हो ।

"वाताय कपिला विद्युदातपायातिलोहिनी" ।
कृष्णा सर्वविनाशाय दुर्भिक्षाय सिता भवेत् ॥"

अर्थात् पीत वर्णकी बिजलीसे आंधी बहुत आतीहै, लाल वर्णकी बहुत धूपके अर्थ होती, कालीः सर्वनाशके निमित्त और श्वेत चमके तो दुर्भिक्षके निमित्त होतीहै, यहां विद्युत्से जानीजाती वस्तुमें चतुर्थी हुई ।

(हितयोगे च १४६१वा०) हित शब्दके योगमें चतुर्थी हो, यथा-ब्राह्मणाय हितम् ॥

५८१ क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः ।२।३।१४॥

क्रियार्था क्रिया उपपदं यस्य तस्य स्थानिनोऽप्रयुज्यमानस्य तुमुनः कर्मणि चतुर्थी स्यात् । फलेभ्यो याति । फलान्याहर्तुं यातीत्यर्थः । नमस्कुर्मो नृसिंहाय । नृसिंहमनुकूलयितुमित्यर्थः । एवं स्वयंभुवे नमस्कृत्येत्यादावपि ॥

५८१-क्रियाके अर्थ जिसके उपपद क्रिया हो, ऐसे स्थानी अप्रयुज्यमान तुमुन् प्रत्ययान्तके कर्ममें चतुर्थी हो, यथा-फलेभ्यो याति (फलोंके लेनेके निमित्त जाताहै) यहां 'आहर्तुम्' का कर्म फल है । नमस्कुर्मो नृसिंहाय (नृसिंहके अनुकूल करनेके निमित्त नमस्कार करतेहैं), इसी प्रकार स्वयम्भुवे नमस्कृत्य-इत्यादि जानना (यह द्वितीयाका अपवाद है) ॥

५८२ तुमर्थाच्च भाववचनात् २।३।१५॥

भाववचनाश्चेतिसूत्रेण यो विहितस्तदन्ताच्चतुर्थी स्यात् । यागाय याति। यष्टुं यातीत्यर्थः॥

५८२-"भाववचनाश्च $\frac{३।३।११}{३१८०}$" इस सूत्रसे विहित जो प्रत्यय तदन्तसे चतुर्थी हो । यथा-यागाय याति (यज्ञ करनेके निमित्त जाताहै) यहां याग शब्द भावमें घञ् होकर बनाहै और तुमुन्का अर्थ देताहै, इससे यागमें चतुर्थी हुई ॥

५८३ नमःस्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च ।२।३।१६॥

एभिर्योगे चतुर्थी स्यात् । हरये नमः । उपपदविभक्तेः कारकविभक्तिर्बलीयसी ॥ * ॥

नमस्करोति देवान् । प्रजाभ्यः स्वस्ति । अग्नये स्वाहा । पितृभ्यः स्वधा । अलमिति पर्याप्त्यर्थग्रहणम् । तेन दैत्येभ्यो हरिरलं प्रभुः समर्थः शक्त इत्यादि । प्रभ्वादियोगे षष्ठ्यपि साधुः । तस्मै प्रभवति स एषां ग्रामणीरिति निर्देशात् । तेन प्रभुर्बुभूषुर्भुवनत्रयस्येति सिद्धम् । वषडिन्द्राय । चकारः पुनर्विधानार्थः । तेनाशीर्विवक्षायां परामपि चतुर्थीं चाशिषीति षष्ठीं बाधित्वा चतुर्थ्येव भवति । स्वस्ति गोभ्यो भूयात् ॥

५८३-नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम् और वषट् शब्दके योगमें चतुर्थी हो, यथा-हरये नमः (हरिके निमित्त नमस्कार) । (उपपदविभक्तेः०१०३परि०) उपपद विभक्तिसे कारक विभक्ति बलवती होतीहै । उपपदविभक्ति वह है, जो किसी शब्दके योगको मानकर होतीहै, यथा-समया, निकषाके योगमें द्वितीया और कारकविभक्ति कर्मादि छः कारकोंमें होनेवाली कहातीहै, यथा-'नमः' के योगमें चतुर्थी उपपदविभक्ति कहातीहै, कर्ममें द्वितीया कारकविभक्ति है, इससे यह बलवती है, यथा-नमस्करोति देवान्, यहां चतुर्थी न हुई ।

प्रजाभ्यः स्वस्ति (प्रजाके अर्थ मंगल हो) अग्नये स्वाहा, (अग्निके निमित्त हविष्का दान) पितृभ्यः स्वधा-(पितरोंके निमित्त अन्नादिका दान)।

(अलमिति०) 'अलम्' अव्ययके भूषणादि अनेक अर्थ हैं, परन्तु यहां 'पर्याप्ति' (समर्थ) परिपूर्ण अर्थ ही लिया जायगा । यथा-दैत्येभ्यो हरिरलं प्रभुः समर्थः शक्त इत्यादि (दैत्योंके अर्थ हरि समर्थ हैं) । प्रभु आदिके योगमें षष्ठी भी हो, यथा-तस्य तस्मै वा प्रभवति इसमें, "तस्मै प्रभवति$\frac{५।१।१०१}{१७६५}$" "स एषां ग्रामणीः$\frac{५।२।७८}{१८७८}$" इन सूत्रोंमें 'तस्मै' और 'एषाम्' ऐसे निर्देशसे चतुर्थी और षष्ठी दोनोंका ही विधान है, इससे "प्रभुर्बुभूषुर्भुवनत्रयस्य" इत्यादि स्थलमें षष्ठी हुई ।

इन्द्राय वषट् (इन्द्रके निमित्त वषट् हविष्का दान) सूत्रमें चकारग्रहण इसलिये है कि, यदि इस सूत्रसे पर होकर अन्य विभक्ति प्राप्त होय तो, उसे भी बाधकर चतुर्थी हो, यथा-स्वस्ति गोभ्यो भूयात्, यहां "चतुर्थी चाशिष्यायुष्यमद्रभद्र० $\frac{२।३।७३}{६३१}$" इससे षष्ठी प्राप्त थी, पर चतुर्थी हुई ॥

५८४ मन्यकर्मण्यनादरे विभाषाऽप्राणिषु । २ । ३ । १७ ॥

प्राणिवर्जे मन्यतेः कर्मणि चतुर्थी वा स्यात्तिरस्कारे । न त्वां तृणं मन्ये तृणाय वा । श्यना निर्देशात्तानादिकयोगे न । न त्वां तृणं मन्ये । अप्राणिष्वित्यपनीय ॥ नौकाकान्नशुकशृगालवर्जेष्विति वाच्यम् ॥ * ॥ तेन न त्वां नावमन्नं वा मन्ये इत्यत्राप्राणित्वेऽपि चतुर्थी न । न त्वां शुने श्वानं वा मन्ये इत्यत्र प्राणित्वेपि भवत्येव ॥

५८४-प्राणीको छोड़कर तिरस्कार अर्थ विदित होय तो दिवादि मन् धातुके कर्ममें विकल्पसे चतुर्थी हो । पक्षमें द्वितीया । न त्वां तृणं मन्ये तृणाय वा (मैं तुझे तृणकी समान भी नहीं मानताहूं) यहां मन् धातुका कर्म तृण प्राणी नहीं है, तिरस्कार अर्थ भी है, तब चतुर्थी विकल्पसे हुई । सूत्रमें मन्य ऐसे श्यन्प्रत्यययुक्त निर्देशके कारण तनादिके योगमें चतुर्थी न होगी, यथा-न त्वां तृणं मन्वे ।

इस सूत्रमें 'अप्राणिषु' यह पद त्यागकरके (नौकाक० १४६४ वा०) नौ, काक, अन्न, शुक, शृगाल इनको छोड़कर चतुर्थी हो ऐसा कहना, यथा-न त्वां नावम् अन्नं वा मन्ये (मैं तुझे नाव और अन्न नहीं मानताहूं)यहां अप्राणित्व होनेसे भी चतुर्थी न हुई, यद्यपि दिवादि मन धातु और तिरस्कार अर्थ भी है । न त्वां शुने श्वानं वा मन्ये (मैं तुझे कुत्ता भी नहीं मानताहूं) यहां प्राणी होनेपर भी चतुर्थी हुई ॥

५८५ गत्यर्थकर्मणि द्वितीयाचतुर्थ्यौ चेष्टायामनध्वनि । २ । ३ । १२ ॥

अध्वभिन्ने गत्यर्थानां कर्मणि एते स्तश्चेष्टायाम् । ग्रामं ग्रामाय वा गच्छति। चेष्टायां किम् मनसा हरिं व्रजति । अनध्वनीति किम् । पन्थानं गच्छति । गन्त्राधिष्ठितेऽध्वन्येवायं निषेधः । यदा तूत्पथात्पन्था एवाक्रमितुमिष्यते तदा चतुर्थी भवत्येव । उत्पथेन पथे गच्छति ॥

५८५-अध्ववाचक शब्दभिन्न गत्यर्थ धातुके कर्ममें चेष्टा अर्थमें द्वितीया और चतुर्थी हो । ग्रामं ग्रामाय वा गच्छति (ग्रामको जाताहै) यहां गत्यर्थ गम् धातुका कर्म मार्गभिन्न ग्राम है, उससे द्वितीया तथा चतुर्थी हुई । चेष्टा अर्थ न होनेपर, यथा-मनसा हरिं व्रजति, इस स्थानमें चेष्टा न होनेपर केवल द्वितीया हुई । अध्वभिन्न न होनेपर यथा-पंथानं गच्छति, यहां अध्ववाचक ही पथिन् शब्द है, इससे केवल द्वितीया हुई । गमनकर्तासे अधिष्ठित पथमें इसका निषेध जानना, परन्तु जब उत्पथ (कुमार्ग) से सत्पथ (श्रेष्ठमार्ग) में जाने की इच्छा हो, तब चतुर्थी ही होगी, यथा-उत्पथेन सत्पथे गच्छति (उन्मार्गसे सुमार्गमें जाता है) ॥

॥ इति चतुर्थी ॥

५८६ ध्रुवमपायेऽपादानम् । १ । ४ । २४ ॥

अपायो विश्लेषस्तस्मिन्साध्ये ध्रुवमवधिभूतं कारकमपादानं स्यात् ॥

५८६–ध्रुव अर्थात् पदार्थोंके पृथक् होनेमें जो अवधि है, वह कारक अपादानसंज्ञक हो * ॥

५८७ अपादाने पञ्चमी । २ । ३ । २८ ॥

ग्रामादायाति। धावतोऽश्वात्पतति।कारकं किम्। वृक्षस्य पर्णं पतति ॥ जुगुप्साविरामप्रमादार्थाना-मुपसंख्यानम् ॥ * ॥ पापाज्जुगुप्सते । विरमति । धर्मात्प्रमाद्यति ॥

५८७–अपादानमें पंचमी विभक्ति हो, यथा–ग्रामादायाति (ग्रामसे आता है), धावतोऽश्वात्पतति (दौडते घोडेसे गिरताहै) यहां अश्व और ग्रामकी अपादान संज्ञा होकर उससे पञ्चमी होती है । कारक न होनेसे वृक्षस्य पर्णं पतति (वृक्षका पत्ता गिरता है) यहां पंचमी न हुई ।

(जुगुप्साविराम॰ १०७९ वां॰) जुगुप्सा (निन्दा), विराम (विरति) और प्रमादबोधक धातुओंका कारक अपादान हो, यथा–पापात् जुगुप्सते, विरमति (पापसे विरामको प्राप्त होताहै), धर्मात् प्रमाद्यति (धर्मसे प्रमाद करताहै)॥

५८८ भीत्रार्थानां भयहेतुः । १।४।२५॥

भयार्थानां त्राणार्थानां च प्रयोगे भयहेतुरपादानं स्यात्। चोराद् बिभेति । चोरात्त्रायते। भयहेतुः किम् । अरण्ये बिभेति त्रायते वा ॥

५८८–भय अर्थवाले तथा रक्षा अर्थवाले धातुओंके प्रयोगमें भयका हेतु जो है, उसकी अपादन संज्ञा हो, यथा–चोराद्बिभेति (चोरसे डरताहै), चोरात्त्रायते (चोरसे रक्षा करताहै) यहां भी और त्रा धातुके योगमें भयके हेतु चोरमें पंचमी हुई । भयके हेतु भिन्नकी अपादान संज्ञा न हो, यथा–अरण्ये बिभेति त्रायते वा, यहां पंचमी न हुई * ॥

५८९ पराजेरसोढः । १ । ४ । २६ ॥

पराजेः प्रयोगेऽसह्योर्थोऽपादानं स्यात्। अध्ययनात्पराजयते । ग्लायतीत्यर्थः । असोढः किम् । शत्रून्पराजयते । अभिभवतीत्यर्थः ॥

५८९–परापूर्वक जि धातुके प्रयोगमें असह्य अर्थकी अपादान संज्ञा है, यथा–अध्ययनात्पराजयते (पढनेसे सुस्त होताहै), पढना असह्य है, इससे अध्ययनमें पंचमी हुई । असह्यार्थ न होनेपर शत्रून्पराजयते (शत्रुका तिरस्कार करताहै), यहां सह्य अर्थ होनेसे पंचमी न हुई ॥

* चल और अचल भेदसे दो प्रकारका अपादान होताहै । चल यथा–धावतोऽश्वात्पतति (दौडते हुए घोडेसे गिरताहै) । अचल यथा–वृक्षात्पर्णं पतति (वृक्षसे पत्ता गिरताहै) । परस्परान्मेषावपसरतः (आपसमें मेष टक्करसे हटते हैं), यहां जो हटताहै उसकी अपेक्षा दूसरेकी अपादान संज्ञा होतीहै ॥

* अरण्ये बिभेति, त्रायते वा, यहां अरण्यसे पञ्चमी न हुई कारण कि, वनमें जो व्याघ्रादि हैं, उनसे भयका और मनुष्यादिसे त्राणका सम्भव है, किन्तु अरण्यसे नहीं इसलिये पञ्चमी न हुई ॥

५९० वारणार्थानामीप्सितः । १।४।२७॥

प्रवृत्तिविघातो वारणम् । वारणार्थानां धातूनां प्रयोगे ईप्सितोर्थोऽपादानं स्यात्। यवेभ्यो गां वारयति । ईप्सितः किम् । यवेभ्यो गां वारयति क्षेत्रे ॥

५९०–वारण उसको कहतेहैं कि कुछ काम करते हुएको वहांसे हटादेना, वारणार्थ धातुके प्रयोगमें अत्यन्त इष्ट कारककी अपादान संज्ञा हो । यवेभ्यो गां वारयति (यवभक्षणरूप कार्यसे गौको निवारण करताहै) यहां वारणार्थक धातुके प्रयोगमें ईप्सित यवोंकी अपादान संज्ञा हुई । ईप्सित अर्थ न होनेपर यवेभ्यो गां वारयति क्षेत्रे (खेतमें यवरक्षाके निमित्त गौको वारण करताहै) यहां क्षेत्रकी अपादान संज्ञा नहीं होतीहै ॥

५९१ अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति । १ । ४ । २८ ॥

व्यवधाने सति यत्कर्तृकस्यात्मनो दर्शनस्याभावमिच्छति तदपादानं स्यात् । मातुर्निलीयते कृष्णः । अन्तर्धौ किम्। चौरान्न दिदृक्षते । इच्छतिग्रहणं किम् । अदर्शनेच्छायां सत्यां सत्यपि दर्शने यथा स्यात् ॥

५९१–अन्तर्द्धि अर्थात् छिपजाने अर्थमें जिसको अपने नहीं दीखनेकी इच्छा करताहै, वह कारक अपादानसंज्ञक हो । मातुर्निलीयते कृष्णः (कृष्ण मातासे दुबकतेहैं), यहां व्यवधान करके माताको अपने नहीं दीखनेकी कृष्णको इच्छा है, इससे मातृ शब्दकी अपादान संज्ञा हुई । व्यवधान न होनेपर अपादान संज्ञा नहीं होतीहै, इसलिये चौरान्न दिदृक्षते, यहां अपादान संज्ञा न हुई । 'इच्छति'ग्रहण इसलिये है कि, देखनेकी इच्छा न हो और सामनेसे दिखाता हो तो उसकी अपादान संज्ञा हो, यथा–देवदत्तात् यज्ञदत्तो निलीयते ॥

५९२ आख्यातोपयोगे । १ । ४ । २९ ॥

नियमपूर्वकविद्यास्वीकारे वक्ता प्राक्संज्ञः स्यात्। उपाध्यायादधीते । उपयोगे किम् । नटस्य गाथां शृणोति ॥

५९२–उपयोग अर्थात् नियमपूर्वक विद्याग्रहण करनेमें पढानेवालेकी अपादान संज्ञा हो, यथा–उपाध्यायादधीते (उपाध्यायसे पढताहै) यहां उपाध्यायसे नियमपूर्वक विद्याग्रहण है, इसलिये उपाध्यायसे अपादान संज्ञा होकर पञ्चमी हुई । उपयोग न होनेपर नटस्य गाथां शृणोति, यहां नटकी अपादान न संज्ञा न हुई ॥

५९३ जनिकर्तुः प्रकृतिः । १।४।३०॥

जायमानस्य हेतुरपादानं स्यात् । ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते ॥

५९३–जन् धातुके कर्ताका हेतु अपादानसंज्ञक हो । ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते (ब्रह्मासे प्रजा होतीहैं), यहां

प्रजाओंका ब्रह्मा हेतु है, इससे ब्रह्माकी अपादान संज्ञा होकर पंचमी हुई ॥

५९४ भुवः प्रभवः । १ । ४ । ३१ ॥

भवनं भूः । भूकर्तुः प्रभवस्तथा । हिमवतो गङ्गा प्रभवति । तत्र प्रकाशत इत्यर्थः ॥ ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे च ॥*॥ प्रासादात्प्रेक्षते आसनात्प्रेक्षते । प्रासादमारुह्य आसने उपविश्य प्रेक्षत इत्यर्थः । श्वशुराज्जिहेति । श्वशुरं वीक्ष्येत्यर्थः । गम्यमानाऽपि क्रिया कारकविभक्तीनां निमित्तम् । कस्मात्त्वं नद्याः ॥ यतश्चाध्वकालनिर्माणं तत्र पञ्चमी।तद्युक्तादध्वनःप्रथमासप्तम्यौ। कालात्सप्तमी च वक्तव्या ॥ * ॥ वनाद् ग्रामो योजनं योजने वा । कार्तिक्या आग्रहायणी मासे॥

५९४-प्रभव उसको कहतेहैं, जहांसे कोई पदार्थ उत्पन्न हुआ हो, जो भू धातुके कर्ताका प्रभव कारक है, वह अपादानसंज्ञक हो । 'भूः' यह भू धातुसे क्विप् होकर बनाहै हिमवतो गंगा प्रभवति (हिमालयसे गंगा प्रगट हुई है) यहां प्रभव हिमवत्‌की अपादान संज्ञा होकर पञ्चमी हुई ।

(पंचमीविधाने ल्यब्लोपे कर्मण्युपसंख्यानम् १४७४ वा०) (अधिकरणे च १४७५वा०) जहां ल्यबन्त क्रियाका लोप हुआ हो,वहां कर्ममें पंचमी हो,जहां ल्यबन्त क्रियाका लोप हुआ हो उसके अधिकरणमें पंचमी हो, यथा-प्रासादात्प्रेक्षते, आसनात्प्रेक्षते, यहां 'प्रासादमारुह्य' (महलपर चढकर देखताहै), ' आसने उपविश्य ' (आसनपर बैठकर देखताहै), यहां ल्यबन्त क्रिया जो 'आरुह्य' और 'उपविश्य' उसका लोप हुआ तो प्रासाद इस कर्ममें और आसन इस अधिकरणमें पंचमी हुई । इसी प्रकार श्वशुराज्जिहेति (श्वशुरको देखकर लज्जित होताहै), यहां भी ल्यबन्त क्रियाका लोप होनेसे श्वशुरमें पञ्चमी हुई ॥

गम्यमान क्रिया भी कारकविभक्तिका निमित्त होतीहै,यह पहले कहदियाहै, भाष्यमें तो इस अर्थमें ' प्रश्नाख्यानयोश्च १४७८वा०' यह वार्तिक है,प्रश्न और आख्यानवाची शब्दोंसे पंचमी हो, यथा-कस्मात्त्वम्-(तुम कहांसे आतेहो), नद्याः-(नदीसे आताहूं) इस स्थानमें गम्यमान क्रिया (आगतः) 'कस्मात्' और 'नद्याः' इन दो पदोंको कारकविभक्तिका निमित्त होनेसे उसके उत्तर पंचमी हुई ।

(यतश्चेति० १४७७ वा०) जहांसे मार्ग और कालका परिमाण कियाजाय वहां पंचमी हो । (तद्युक्तादिति १४७९ वा०) जो कालके निर्माणमें पंचमी विभक्ति की है उससे युक्त मार्गवाची शब्दसे प्रथमा और सप्तमी हो । (कालात्स० १४१८ वा०) उससे युक्त कालवाची शब्दसे केवल सप्तमी हो। वनाद् ग्रामो योजनं योजने वा (वनसे ग्राम योजनभर है), यहां अध्वका परिमाण वनसे हुआ इस कारण वन शब्दसे पंचमी होतीहै, तथा मार्गवाची योजन शब्दसे प्रथमा और सप्तमी हुई । कार्तिक्या आग्रहायणी मासे, यहां कालका परिमाण है, इस कारण 'कार्तिक्याः'में पंचमी और कालवाची मास शब्दसे सप्तमी होतीहै ॥

५९५ अन्यारादितरर्तेदिक्छब्दाऽञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते । २ । ३ । २९ ॥

एतैर्योगे पञ्चमी स्यात् । अन्य इत्यर्थग्रहणम् । इतरग्रहणं प्रपञ्चार्थम् । अन्यो भिन्न इतरो वा कृष्णात् । आराद्वनात् । ऋते कृष्णात् । पूर्वो ग्रामात् । दिशि दृष्टः शब्दो दिक्शब्दः।तेन संप्रति देशकालवृत्तिना योगेऽपि भवति । चैत्रात्पूर्वः फाल्गुनः । अवयववाचियोगे तु न । तस्य परमाम्रेडितमिति निर्देशात् । पूर्वं कायस्य । अञ्चूत्तरपदस्य तु दिक्छब्दत्वेऽपि षष्ठ्यतसर्थेति षष्ठीं बाधितुं पृथग् ग्रहणम् । प्राक् प्रत्यग्वा ग्रामात् । आच् । दक्षिणा ग्रामात् । आहि । दक्षिणाहि ग्रामात्।अपादाने पञ्चमीतिसूत्रे कार्तिक्याः प्रभृतीतिभाष्यप्रयोगात्प्रभृतियोगेऽपि पञ्चमी । भवात्प्रभृति आरभ्य वा सेव्यो हरिः । अपपरिबहिरिति समासविधानाज्ज्ञापकाद्बहियोंगे पञ्चमी । ग्रामाद्बहिः ॥

५९५-अन्यार्थ, आरात्, इतर, ऋते, दिशावाचक शब्द और अञ्चूत्तरपद, आच् और आहिप्रत्ययान्त शब्दोंके योगमें पंचमी हो । अन्य शब्दका अर्थग्रहण करना चाहिये । इतरग्रहण प्रपंचके निमित्त है । अन्यो भिन्न इतरो वा कृष्णात्, यहां अन्य शब्द, अन्यार्थक[1] भिन्न शब्द, तथा इतर शब्दके योगमें 'कृष्णात्' यहां पंचमी हुईहै। आरात् वनात्, ऋते कृष्णात्, पूर्वो ग्रामात्, इनमें आरात्‌के योगमें ' वनात् ', ऋतेके योगमें ' कृष्णात् ', पूर्वके योगमें'ग्रामात्' यहां पंचमी

१ अन्यार्थके ग्रहणमें इतर शब्द भी आजाता फिर पृथक् ग्रहण प्रपञ्चार्थ है ऐसा टीकामें कहचुका हूँ । शंका-' इतरस्त्वन्यनीचयोः' (अमर) इतर शब्द अन्यमें और नीचमें आताहै, तो नीचार्थ क्यों नहीं मानाजाता ? समाधान-यदि नीचार्थक इतर शब्दका ग्रहण होता तो इतर शब्दका ग्रहण करना ही व्यर्थ था कारण कि, नीच अर्थवाले इतर शब्दके प्रयोगमें तो "पंचमी विभक्ते २।३।४२/६३९" इससे पंचमी हो ही जाती, इस कारण अन्यार्थ ही इतर शब्द जानना ॥

२ प्रश्न-(घटः पटो न) नञ्‌का भी भेद अर्थ होताहै, इस कारण उक्त उदाहरणमें नञ्‌के योगमें पंचमी प्राप्त है सो क्यों न हुई ? उत्तर-यद्यपि नञ् शब्दका भेद अर्थ है तथापि नञ्‌को द्योतक अर्थात् वाचक न होनेसे उसके योगमें पंचमी नहीं होती कारण कि, इस सूत्रका, अन्य शब्दका जो अर्थ उसका वाचक जो शब्द उसके योगमें पञ्चमी हो ऐसा अर्थ है ॥

३ प्रश्न-यदि ऋते शब्दके योगमें पंचमी होतीहै, तो 'फलति पुरुषाराधनमृते' यहां 'ऋते' के योगमें पुरुषाराधनम्, यहां द्वितीया कैसे हुई ? उत्तर-इसमें हरदत्तका तो यह मत है कि, यह प्रमाद है, दूसरे वैयाकरण कहतेहैं कि, " ततोऽन्यत्रापि दृश्यते " इस कारिकाके प्रमाणसे द्वितीया होसकतीहै, इसीसे इसमें चान्द्र व्याकरणका "ऋते द्वितीया च" (ऋतेके योगमें द्वितीया और पंचमी होतीहै) यह सूत्र अनुकूल पडताहै ॥

हुईहै । दिक्भागमें दृष्ट शब्दको भी दिक्शब्द कहतेहैं, इस कारण देशकालवृत्तिके योगमें भी पंचमी विभक्ति होगी, यथा-चैत्रात्पूर्वः फाल्गुनः (चैत्रसे फाल्गुन पूर्व है), यहां पूर्व शब्द कालवाची है, उसके योगमें ' चैत्रात् ' यहां पंचमी हुईहै । अवयववाचक शब्दके योगमें " तस्य परमाम्रेडितम् ८।१।२/८३ " इस सूत्रमें षष्ठीनिर्देशके कारण ' पूर्वं कायस्य ' इस स्थलमें पंचमी न हुई । अञ्चूत्तरपदको दिक्शब्दत्व होनेपर भी " षष्ठ्यतसर्थ० २।३।३०/६०९ " इस सूत्रसे प्राप्त षष्ठीके बाधके निमित्त पृथक् ग्रहण कियाहै, यथा-प्राक् प्रत्यग्वा ग्रामात्, यहां प्राङ् और प्रत्यङ् अञ्चूत्तर, प्र और प्रति उपसर्गसे बनतेहैं, इनके योगसे ' ग्रामात् ' यहां पंचमी हुई । आच्के योगमें यथा-दक्षिणा ग्रामात्, यहां दक्षिणाके अन्तमें आच् है, इससे 'ग्रामात्' यहां पंचमी हुई । आहिके योगमें दक्षिणाहि ग्रामात्, यहां 'ग्रामात्'में पञ्चमी हुई । " अपादाने पञ्चमी २।३।२८/५८७ "इस सूत्रपर "कार्तिक्याः प्रभृति"-इत्यादि भाष्यप्रयोगसे प्रभृति शब्दके योगमें भी पञ्चमी हो ऐसा ज्ञापन होनेके कारण प्रभृतिके योगसे 'कार्तिक्याः' इसमें पंचमी हुईहै, इससे भवात्प्रभृति आरभ्य वा सेव्यो हरिः, इस स्थानमें प्रभृतिके योगमें 'भवात्' यहां पंचमी हुई, यह भाष्यसे जाना जाताहै ।

(अपपरिबहि० २।१।१२/६६६) पाणिनिने इस (२।१।१२/६६६) सूत्रसे बहिः शब्दके साथ पंचम्यन्तका समास कियाहै, इससे जाना जाताहै कि, 'बहिः'के योगमें पंचमी विभक्ति होती है, अन्यथा आचार्य ऐसा समासविधायक सूत्र नहीं बनाते,इससे 'बहिः'के योगमें पंचमी होतीहै, यथा-ग्रामाद्बहिः, यहां ग्रामसे पंचमी ' बहिः'के योगमें हुई है ॥

५९६ अपपरी वर्जने । १ ।४ ।८८॥

एतौ वर्जने कर्मप्रवचनीयौ स्तः ॥

५९६-वर्जन अर्थमें अप और परि शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो ॥

५९७ आङ् मर्यादावचने । १ ।४।८९॥

आङ् मर्यादायामुक्तसंज्ञः स्यात् । वचनग्रहणादभिविधावपि ॥

५९७-मर्यादा अर्थमें आङ् शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो । इस सूत्रमें वचनग्रहणसे अभिविधि अर्थमें भी आङ् अव्ययकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो, कहनेका तात्पर्य्य यह है कि, यदि मर्यादामात्र अर्थमें उक्त संज्ञा होती, तो "आङ् मर्यादायाम् ५९८ " ऐसे ही सूत्र करते, फिर वचनग्रहण करनेका क्या प्रयोजन था, इससे मालुम होताहै कि, मर्यादासे अन्य अर्थमें भी हो ॥

१ अर्थात् पूर्व शब्द पहले दिशाका वाची देखाहै कालवाची है तो भी पंचमी हुई ॥

२ प्रश्न-सध्यङ् देवदत्तेन, यहां अञ्चूत्तरपद 'सध्यङ्' शब्दके योगमें पञ्चमी क्यों नहीं ? उत्तर-यद्यपि 'सध्यङ्' शब्द अञ्चूत्तरपद है, तो भी सूत्रमें दिक् शब्दके साथ अञ्चूत्तरपदका ग्रहण कियाहै, इस कारण दिशावाची अञ्चूत्तरपद प्राक्, प्रत्यक्-इत्यादि शब्दोंहीका ग्रहण होताहै, इस कारण 'सध्यङ्' शब्दको दिग्वाचित्व न होनेसे उसके योगमें पंचमी न होगी ॥

५९८ पञ्चम्यपाङ्परिभिः । २।३।१० ॥

एतैः कर्मप्रवचनीयैर्योगे पञ्चमी स्यात् । अप हरेः परि हरेः संसारः । परिरत्र वर्जने । लक्षणादौ तु हरिं परि । आ मुक्तेः संसारः । आ सकलाद्ब्रह्म ॥

५९८-कर्मप्रवचनीय अप, आङ् और परि इनके योगमें पंचमी हो, यथा-अप हरेः,परि हरेर्वा संसारः,यहां वर्जन अर्थवाले अप और परिके योगमें 'हरेः'यहां पंचमी हुई है । लक्षणादि होनेपर पंचमी न होगी, यथा-हरिं परि । मर्यादा अर्थवाले आङ्के योगमें आ मुक्तेः संसारः (मुक्तिपर्यन्त संसार है), आ सकलाद्ब्रह्म, इसमें अभिविधि अर्थ होनेसे 'सकलात्' यहां पंचमी हुई है ॥

५९९ प्रतिः प्रतिनिधिप्रतिदानयोः । १ । ४ । ९२ ॥

एतयोरर्थयोः प्रतिरुक्तसंज्ञः स्यात् ॥

५९९-प्रतिनिधि (किसीके स्थानमें वैसे ही गुणोंवालेका स्थापन करना) और प्रतिदान (एक वस्तुके बदले दूसरी वस्तु देना) में वर्तमान प्रति अव्ययकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो ॥

६०० प्रतिनिधिप्रतिदाने च यस्मात्। २ । ३ । ११ ॥

अत्र कर्मप्रवचनीयैर्योगे पञ्चमी स्यात् । प्रद्युम्नः कृष्णात्प्रति । तिलेभ्यः प्रतियच्छति माषान् ॥

६००-जिससे प्रतिनिधि और प्रतिदान हो उससे कर्मप्रवचनीयके योगमें पञ्चमी होतीहै । प्रद्युम्नः कृष्णात्प्रति (कृष्णके प्रद्युम्न प्रतिनिधि हैं) यहां प्रतिनिधि अर्थ होनेपर कर्मप्रवचनीय प्रतिके योगमें 'कृष्णात्' में पंचमी हुई । प्रतिदान अर्थ यथा-तिलेभ्यः प्रतियच्छति माषान् (तिलोंसे उड़दोंको देताहै), यहां प्रतिदान अर्थमें प्रतिके योगमें 'तिलेभ्यः' यहां पंचमी हुई ॥

६०१ अकर्तर्यृणे पञ्चमी । २ ।३।२५ ॥

कर्तृवर्जितं यदृणं हेतुभूतं ततः पञ्चमी स्यात् ॥ शताद् बद्धः । अकर्तरि किम् । शतेन बन्धितः ॥

६०१-कर्तृसंज्ञकसे भिन्न जो हेतुभूत ऋण उससे पञ्चमी विभक्ति हो । शताद्बद्धः (सौके हेतु बंधा है), यहां शत जो ऋण है, वह कर्ता नहीं, किन्तु हेतु है, इससे 'शतात्'में पंचमी हुई । कर्तृसंज्ञक होनेपर यथा-शतेन बंधितः,यहां पंचमी न हुई ॥

६०२ विभाषा गुणेऽस्त्रियाम्।२।३।२६॥

गुणे हेतावस्त्रीलिङ्गे पञ्चमी वा स्यात् । जाड्याज्जाड्येन वा बद्धः । गुणे किम् । धनेन

कुलम् । अस्त्रियां किम् । बुद्ध्या मुक्तः । विभाषेति योगविभागादगुणे स्त्रियां च क्वचित्। धूमादग्निमान् । नास्ति घटोऽनुपलब्धेः ॥

६०२-गुणवाचक हेतुभूत पुँल्लिङ्ग नपुंसक लिङ्गमें वर्तमान शब्दसे विकल्प करके पंचमी हो । पक्षमें तृतीया होगी । जाड्यात् जाड्येन वा बद्धः (जडतासे बंधाहुआ),यह जाड्यशब्द गुणवाचक नपुंसक है,बंधनमें हेतुभूत भी है,इससे पंचमी तथा तृतीया होताहै । गुण न होनेपर, यथा-धनेन कुलम्, यहां पंचमी न हुई । स्त्रीलिङ्ग होनेपर बुद्ध्या मुक्तः, यहां बुद्धिसे पंचमी न हुई । सूत्रमें 'विभाषा' इस योगविभागके कारण अगुण और स्त्रीलिङ्गमें भी कहीं कहीं होताहै, यथा-धूमादग्निमान्, नास्ति घटोनुपलब्धेः ॥

६०३ पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम् । २ । ३ । ३२ ॥

एभिर्योगे तृतीया स्यात्पञ्चमीद्वितीये च । अन्यतरस्यां ग्रहणं समुच्चयार्थं पञ्चमीद्वितीये चाऽनुवर्तेते । पृथग् रामेण । रामात् । रामं वा। एवं विना नाना ॥

६०३-पृथक्, विना और नाना-आदि शब्दोंके योगमें द्वितीया, तृतीया और पंचमी हो । 'अन्यतरस्याम्' इस पदका ग्रहण समुच्चयार्थ है । पंचमी और द्वितीयाकी अनुवृत्ति आतीहै । पृथक् रामेण, रामात्, रामं वा । विना और नानाके योगमें भी इसी प्रकार जानना ॥

६०४ करणे च स्तोकाल्पकृच्छ्रकतिपयस्यासत्त्ववचनस्य ।२।३ । ३३ ॥

एभ्योऽद्रव्यवचनेभ्यः करणे तृतीयापञ्चम्यौ स्तः।स्तोकेन स्तोकाद्वा मुक्तः। द्रव्ये तु स्तोकेन विषेण हतः ॥

६०४-अद्रव्यवाची स्तोक, अल्प, कृच्छ्र और कतिपय शब्दोंके उत्तर करणमें तृतीया और पंचमी हो, यथा-स्तोकेन स्तोकाद् वा मुक्तः । द्रव्य होनेपर, यथा-स्तोकेन विषेण हतः (थोडे ही विषसे मरगया), यहां पंचमी आदि न हुई ॥

६०५ दूरान्तिकार्थेभ्यो द्वितीया च । २ । ३ । ३५ ॥

एभ्यो द्वितीया स्याच्चात्पञ्चमीतृतीये । प्रातिपदिकार्थमात्रे विधिरयम् । ग्रामस्य दूरं दूरात् दूरेण वा । अन्तिकम् अन्तिकात् अन्तिकेन वा । असत्त्ववचनस्येत्यनुवृत्तेर्नेह । दूरः पन्थाः ॥

६०५-दूर और अन्तिकार्थ (धोरे) शब्दके उत्तर द्वितीया हो, चकारसे पंचमी और तृतीया भी हों । प्रातिपदिकार्थमात्रमें यह विधि है,यथा-ग्रामस्य दूरं, दूरात्,दूरेण वा। अन्तिकम्, अन्तिकात्,अन्तिकेन वा । दूरः पन्थाः,इस स्थलमें "-असत्त्ववचनस्य ६०४" इस सूत्रसे असत्त्ववचनकी अनुवृत्ति होनेसे पंचमी, तृतीया और द्वितीया कुछ भी न हुई, 'पन्थाः' रूप द्रव्यवाची है ॥

॥ इति पञ्चमी ॥

६०६ षष्ठी शेषे । २ । ३ । ५० ॥

कारकप्रातिपदिकार्थव्यतिरिक्तः स्वस्वामिभावादिसम्बन्धः शेषस्तत्र षष्ठी स्यात् । राज्ञः पुरुषः । कर्मादीनामपि सम्बन्धमात्रविवक्षायां षष्ठ्येव । सतां गतम् । सर्पिषो जानीते । मातुः स्मरति । एधो दकस्योपस्कुरुते । भजे शंभोश्चरणयोः । फलानां तृप्तः ॥

६०६-प्रातिपदिकार्थ और कारकसे व्यतिरिक्त जो स्वस्वामिभावको आदिलेकर सम्बन्ध है, वह शेष कहाताहै, उस शेषमें षष्ठी विभक्ति हो, यथा-राज्ञः पुरुषः (राजाका पुरुष), इस स्थानमें 'राज्ञः' यहां स्वस्वरूप सम्बन्धमें षष्ठी हुई । कर्मादि कारककी भी सम्बन्धविवक्षामें षष्ठी हो, अर्थात् जब कर्म्मादिकी विवक्षा न हो, तो शेष मानकर षष्ठी हो, यथा-सतां गतम् (सत्सम्बन्धी गमन) यहां कर्मसम्बन्धकी विवक्षामें षष्ठी हुई, सर्पिषो जानीते (सर्पिःसम्बन्धी ज्ञान),मातुः स्मरति, एधोदकस्योपस्कुरुते, भजे शम्भोश्चरणयोः, फलानां तृप्तः, यहां क्रमसे कर्मादि कारकोंकी अविवक्षामें शेषषष्ठी होतीहै * ॥

६०७ षष्ठी हेतुप्रयोगे । २ । ३ । २६ ॥

हेतुशब्दप्रयोगे हेतौ द्योत्ये षष्ठी स्यात् । अन्नस्य हेतोर्वसति ॥

६०७-हेतुवाचक शब्दके प्रयोगमें हेतु द्योत्य होनेपर षष्ठी विभक्ति हो । अन्नस्य हेतोः वसति (अन्नके निमित्त वसताहै), यहां हेतु शब्दका प्रयोग है तथा हेतु द्योत्य है, इससे 'अन्नस्य' यहां षष्ठी हुई है ॥

---

* "स्वस्वामिजन्यजनकावयवाङ्गी तृतीयकः ।
स्थान्यादेशश्च विज्ञेयः सम्बन्धोसौ चतुर्विधः ॥"

स्वस्वामिभाव सम्बन्ध १, जन्यजनकभाव सम्बन्ध २, अवयवावयविभाव सम्बन्ध३, स्थान्यादेशभाव सम्बन्ध ४, यह चार प्रकारके सम्बन्ध हैं और भी अनेक हैं, पर यह मुख्य हैं, इनके उदाहरण, यथा-

"साधोर्धनं पितुः पुत्रः पशोः पादो ब्रुवो वचिः ।
उदाहृतश्चतुर्धा यः कविभिः परिशीलितः॥ "

स्वस्वामिभाव सम्बन्ध जैसे-साधोर्धनम् (साधुका धन), यहां धन और साधुका स्वस्वामिभाव सम्बन्ध है । पितुः पुत्रः (पिताका पुत्र), यहां पुत्र जन्य, पिता जनक है, यहां जन्यजनकभाव सम्बन्ध है । अवयवावयविभाव सम्बन्ध यथा-पशोः पादः (पशुका चरण) यहां पशुका पैर अवयव और पशु अवयवी है । स्थान्यादेशभाव सम्बन्ध जैसे-'ब्रू' के स्थानमें 'वचि' आदेश होताहै, 'ब्रू' स्थानी और 'वचि' आदेश होताहै । चार सम्बन्धसे अन्य स्थानोंमें भी षष्ठी होतीहै । कर्ताकी इच्छासे छः कारक होतेहैं, यथा-स्थाल्या पच्यते, यह प्रयोग 'स्थाल्यां पच्यते' के स्थानमें लिखाहै, अर्थात् विवक्षासे अधिकरणकी जगह करण करदियाहै ॥

६०८ सर्वनाम्नस्तृतीया च । २ ।३।२७॥

सर्वनाम्नो हेतुशब्दस्य च प्रयोगे हेतौ द्योत्ये तृतीया स्यात् षष्ठी च । केन हेतुना वसति । कस्य हेतोः ॥ निमित्तपर्यायप्रयोगे सर्वासां प्रायदर्शनम् ॥ * ॥ किं निमित्तं वसति । केन निमित्तेन । कस्मै निमित्तायेत्यादि । एवं किं कारणं को हेतुः किं प्रयोजनमित्यादि । पायग्रहणादसर्वनाम्नः प्रथमाद्वितीये न स्तः । ज्ञानेन निमित्तेन हरिः सेव्यः । ज्ञानाय निमित्तायेत्यादि ॥

६०८–हेतु शब्दके प्रयोगमें हेतु द्योत्य होनेपर सर्वनाम शब्दसे तृतीया और षष्ठी विभक्ति हो । केन हेतुना, कस्य हेतोर्वा वसति, इस स्थानमें सर्वनाम 'किम्' शब्दके परे हेतु शब्द रहते 'केन' में तृतीया और 'कस्य' यहां षष्ठी हुईहै ।

(निमित्त० १४७३ वा०) निमित्तके पर्याय जो कारण हेतु–इत्यादि शब्द हैं, उनके प्रयोगमें हेतु द्योत्य होय तो, प्रायः सब विभक्ति होतीहैं । यथा–किं निमित्तं वसति, केन निमित्तेन, कस्मै निमित्ताय–इत्यादि । इसी प्रकार किं कारणं वसति–इत्यादि, को हेतुः, किं प्रयोजनम्–इत्यादि । प्रायः शब्दग्रहणके कारण असर्वनामके उत्तर प्रथमा और द्वितीया न होगी, यथा–ज्ञानेन निमित्तेन हरिः सेव्यः, ज्ञानाय निमित्ताय-इत्यादि ॥

६०९ षष्ठ्यतसर्थप्रत्ययेन ।२।३।३० ॥

एतद्योगे षष्ठी स्यात् । दिक्शब्देति पञ्चम्या अपवादः । ग्रामस्य दक्षिणतः । पुरः पुरस्तात् । उपरि उपरिष्टात् ॥

६०९–अतसुच् प्रत्ययके अर्थमें जो प्रत्यय होतेहैं, तदन्तके योगमें षष्ठी हो । यह सूत्र " दिक्शब्द० $\frac{२।३।२९}{५९५}$ " से प्राप्त पंचमीका अपवाद है । ग्रामस्य दक्षिणतः[1], पुरः[2], पुरस्तात्[3], उपरि, उपरिष्टात्[4], यहां अतसुच्के अर्थमें होनेवाले जो अस्ताति–आदि प्रत्यय तदन्तके योगमें षष्ठी हुई है ॥

६१० एनपा द्वितीया । २ । ३ । ३१ ॥

एनबन्तेन योगे द्वितीया स्यात् । एनपेति योगविभागात् षष्ठ्यपि । दक्षिणेन ग्रामं ग्रामस्य वा । एवमुत्तरेण ॥

६१०–एनप् प्रत्यय अन्तवाले शब्दके योगमें द्वितीया हो । इस सूत्रमें " एनपा " इस योगविभागके कारण षष्ठी भी हो । दक्षिणेन ग्रामं, ग्रामस्य वा, यहां 'दक्षिणेन' यह एनप् प्रत्ययान्त है, इस कारण द्वितीया और षष्ठी होकर 'ग्रामस्य' 'ग्रामम्' बनेहैं । " एनबन्यतरस्याम् " इससे एनप् प्रत्यय होताहै, इसी प्रकार 'उत्तरेण'–इत्यादि * ॥

६११ दूरान्तिकार्थैः षष्ठ्यन्यतरस्याम् । २ । ३ । ३४ ॥

एतैर्योगे षष्ठी स्यात्पञ्चमी च । दूरं निकटं ग्रामस्य ग्रामाद्वा ॥

६११–दूर और समीप अर्थवाले शब्दोंके योगमें पंचमी और षष्ठी हो । यथा–दूरं, निकटं ग्रामस्य, ग्रामाद्वा, यहां दूर और निकट शब्दोंके योगमें 'ग्रामस्य' यहां षष्ठी और ' ग्रामात् ' यहां पंचमी हुई है ॥

६१२ ज्ञोऽविदर्थस्य करणे॥ २।३।५१ ॥

जानातेरज्ञानार्थस्य करणे शेषत्वेन विवक्षिते षष्ठी स्यात् । सर्पिषो ज्ञानम् ॥

६१२–अज्ञानार्थक ज्ञा धातुके प्रयोगमें शेषविवक्षा होय तो उक्त धातुके करण कारकमें षष्ठी हो । सर्पिषो ज्ञानम् (अर्थात् करणीभूत घृतके सम्बन्धसे प्रज्वलित होताहै), यहां ज्ञा धातुका ज्ञान अर्थ नहीं है और ज्ञा धातुका प्रयोग है, इस कारण सर्पीरूप करणमें शेषविवक्षा करनेपर षष्ठी विभक्ति होतीहै ॥

६१३ अधीगर्थदयेशां कर्मणि । २ । ३ । ५२ ॥

एषां कर्मणि शेषे षष्ठी स्यात् । मातुः स्मरणम् । सर्पिषो दयनमीशनं वा ॥

६१३–स्मरण अर्थवाला धातु तथा दय, ईश इनके कर्ममें शेषविवक्षामें षष्ठी विभक्ति हो, मातुः स्मरणम्, यहां स्मरण अर्थवाला स्मृ धातुका कर्म माता है, उसमें शेषविवक्षामें षष्ठी होतीहै । दय, ईशके कर्ममें यथा–सर्पिषो दयनम्, ईशनं वा, यहां दय, ईश धातुका कर्म जो सर्पि उसमें शेषविवक्षामें षष्ठी होतीहै * ॥

---

१ (दक्षिणतः) यह "दक्षिणोत्तराभ्यामतसुच् $\frac{५।३।२८}{१९७८}$" इससे 'दक्षिणस्याम्' इस सप्तम्यन्त दक्षिणा शब्दसे अतसुच् (अतस्) प्रत्यय और "यस्येति च" से आकारका लोप होकर बनताहै ॥

२ (पुरः) यह "पूर्वाधरावराणामसिपुरधवश्चैषाम् $\frac{५।३।३९}{१९७५}$" इससे 'पूर्वस्याम्' इस सप्तम्यन्त पूर्वा शब्दसे असि प्रत्यय और पूर्वाको पुर आदेश होकर बनताहै ॥

३(पुरस्तात्)यह "दिक्शब्देभ्यः० $\frac{५।३।२७}{१९१४}$" इससे सप्तम्यन्त पूर्वा शब्दसे अस्ताति (अस्तात्) प्रत्यय होकर "अस्ताति च $\frac{५।३।४०}{१९७६}$" इससे पूर्वाको पुर आदेश होनेसे बनताहै ॥

४(उपरि, उपरिष्टात्) यहां "उपर्युपरिष्टात् $\frac{५।३।३१}{१९८१}$" इससे 'ऊर्ध्वे' इस सप्तम्यन्त ऊर्ध्व शब्दसे रिल् (रि) और रिष्टातिल् (रिष्टाति) प्रत्यय तथा ऊर्ध्व शब्दको उप आदेश हुआहै ॥

* 'तत्रागारं धनपतिगृहादुत्तरेणास्मदीयम्' । यहां 'उत्तरेण' इस एनप्प्रत्ययान्तके योगमें पंचमी कैसे ? (उत्तर)–

'दूराल्लक्ष्यं सुरपतिधनुश्चारुणा तोरणेन' यहां तृतीयान्त तोरण शब्दका 'उत्तरेण' के साथ समानाधिकरणता है, इससे एनवन्त उत्तर शब्द नहीं, किन्तु तृतीयान्त है ॥

* इगर्थ कहनेसे ही स्मरणार्थक धातुका ग्रहण होजाता, तो अधिग्रहणका प्रयोजन क्या ? उत्तर–यद्यपि इगर्थ इतनाही कहनेसे–

६१४ कृञः प्रतियत्ने ।२।३।५३ ॥

कृञः कर्मणि शेषे षष्ठी गुणाधाने । एधो दकस्योपस्करणम् ॥

६१४-जो प्रतियत्न (गुणाधान) अर्थमें वर्तमान कृञ् धातु हो तो उसके शेषकर्ममें षष्ठी विभक्ति हो । एधो दकस्योपस्करणम् (ईंधन जलका गुण लेताहै) यहां गुणाधान अर्थमें कृञ् धातुसे सुट् होकर ' उपस्कुरुते ' बनताहै, उसका कर्म ' दक ' है, शेषविवक्षामें षष्ठी होतीहै ॥

६१५ रुजार्थानां भाववचनानामज्वरेः । २ । ३ । ५४ ॥

भावकर्तृकाणां ज्वरिवर्जितानां रुजार्थानां कर्मणि शेषे षष्ठी स्यात् । चौरस्य रोगस्य रुजा ॥ अज्वरिसंताप्योरिति वाच्यम् ॥ * ॥ रोगस्य चौरज्वरः । चौरसंतापो वा । रोगकर्तृकचौरसम्बन्धि ज्वरादिकमित्यर्थः ॥

६१५-जिन धातुओंके कर्तामें धातुका अर्थ रहताहै, ऐसे रुजार्थक धातुओंमेंसे ज्वर धातुको छोडकर उनके शेषकर्ममें षष्ठी हो । यहां भाववचन शब्दसे कर्तृस्थभावक रुजार्थ धातु समझे जातेहैं । चौरस्य रोगस्य रुजा, यहां भावकर्तृक ज्वर धातुवर्जित रुज्के कर्ममें शेषविवक्षामें षष्ठी हुई ।

(अज्वरि० १५०७ वा०) जहां ज्वर धातुका निषेध कियाहै, वहां ज्वर और सम् पूर्वक तप् धातुका निषेध कहना । रोगस्य चौरज्वरः, चौरसन्तापो वा, यहां भावकर्तृक ज्वरधातु तथा सम्पूर्वक तप् धातुके कर्ममें शेषविवक्षामें षष्ठी प्राप्त थी, सो इससे न हुई ॥

६१६ आशिषि नाथः । २ ।३ । ५५ ॥

आशीरर्थस्य नाथतेः शेषे कर्मणि षष्ठी स्यात् । सर्पिषो नाथनम् । आशिषीति किम् । माणवकनाथनम् । तत्संबन्धिनी याच्ञेत्यर्थः॥

६१६-आशीर्वाद अर्थवाले नाथ् धातुके कर्ममें शेषविवक्षामें षष्ठी हो । सर्पिषो नाथनम् (घृतसम्बन्धी आशीर्वाद), यहां आशीर्वादार्थक नाथ् धातुके सर्पिरूप कर्ममें शेषविवक्षामें षष्ठी हुईहै । आशीः अर्थ न होनेपर, यथा-माणवकनाथनम् अर्थात् तत्सम्बन्धी याचना, यहां षष्ठी न हुई॥

६१७ जासिनिप्रहणनाटक्राथपिषां हिंसायाम् । २ । ३ । ५६ ॥

हिंसार्थानामेषां शेषे कर्मणि षष्ठी स्यात् । चौरस्योज्जासनम् । निप्रौ संहतौ विपर्यस्तौ व्यस्तौ वा । चौरस्य निप्रहणनम् । प्रणिहननम् । निहननम् । प्रहणनं वा । नट अवस्यन्दने चुरादिः । चौरस्योन्नाटनम् । चौरस्य क्राथनम् । वृषलस्य पेषणम् । हिंसायां किम् । धानापेषणम् ॥

६१७-हिंसा अर्थवाला जास् धातु और नि-प्र-पूर्वक हन् धातु तथा नाट्,क्राथ् और पिष् धातु इनके कर्ममें शेष विवक्षामें षष्ठी हो, यथा-चौरस्योज्जासनम्, यहां 'उज्जासनम्' उत् पूर्वक जास् धातुका चौर कर्म है, चोरका मारना हिंसा है, इस कारण शेष विवक्षामें कर्ममें षष्ठी हुई । नि और प्र यह दो उपसर्ग विपर्यस्त-उलटे पुलटे और व्यस्त-एक एक हों तो भी कर्ममें षष्ठी हो, यथा-चौरस्य निप्रहणनम्, इस स्थानमें मिलित तथा प्रणिहननम्, इस स्थानमें विपर्यस्त हुए हैं । निहननम्, प्रहणनम्, इन स्थानोंमें व्यस्त हुए हैं । नट् धातु चुरादिगणीय है, उसका अवस्यन्दन अर्थ है, यथा-चौरस्योन्नाटनम् । चौरस्य क्राथनम्, वृषलस्य पेषणम्, यहां क्राथ् तथा पिष् धातुके कर्ममें षष्ठी हुईहै । जहां हिंसा अर्थ न हो, वहां षष्ठी न होगी यथा-धानापेषणम् ॥

६१८ व्यवहृपणोः समर्थयोः।२।३। ५७॥

शेषे कर्मणि षष्ठी स्यात् । द्यूते क्रयविक्रयव्यवहारे चानयोस्तुल्यार्थता । शतस्य व्यवहरणं पणनं वा । समर्थयोः किम् । शलाकाव्यवहारः। गणनेत्यर्थः । ब्राह्मणपणनं स्तुतिरित्यर्थः ॥

६१८-तुल्यार्थक जो वि और अव उपसर्गपूर्वक हृ और पण् धातु उनके कर्ममें शेष विवक्षामें षष्ठी हो । द्यूत और क्रय विक्रयके व्यवहारमें वि और अवपूर्वक हृ तथा पण् धातुका एकसा अर्थ होताहै। शतस्य व्यवहरणं, पणनं वा(सौका व्यवहार करना वा पण लगाना) यहां शत कर्ममें षष्ठी हुई । समान अर्थ न होनेपर षष्ठी न होगी, यथा-शलाकाव्यवहारः (शलाका गणना), ब्राह्मणपणनम् (ब्राह्मणस्तुति) ॥

६१९ दिवस्तदर्थस्य । २ । ३ । ५८ ॥

द्यूतार्थस्य क्रयविक्रयरूपव्यवहारार्थस्य च दिवः कर्मणि षष्ठी स्यात् । शतस्य दीव्यति । तदर्थस्य किम् । ब्राह्मणं दीव्यति स्तौतीत्यर्थः ॥

६१९-द्यूत और क्रयविक्रय व्यवहार अर्थवाले दिव् धातुके कर्ममें षष्ठी हो । शतस्य दीव्यति, यहां दिव् धातुका अर्थ द्यूत खेलना तथा क्रय विक्रय व्यवहार है, इससे उक्त धातुके कर्म शतमें षष्ठी हुई । जिस स्थानमें उक्त अर्थ न हो, वहां षष्ठी न होगी, यथा-ब्राह्मणं दीव्यति, अर्थात् ब्राह्मणकी स्तुति करताहै ॥

६२० विभाषोपसर्गे । २ । ३ । ५९ ॥

पूर्वयोगापवादः । शतस्य शतं वा प्रतिदीव्यति ॥

६२०-उपसर्गपूर्वक द्यूतार्थक तथा क्रयविक्रय व्यवहा-

-स्मरणार्थक धातुका ग्रहण होजाता, तथापि'इङिकावध्युपसर्गतो न व्यभिचरतः' इङ् धातु और इक् धातु अधि उपसर्गसे कभी भी व्यभिचारको नहीं प्राप्त होतेहैं, इसके निमित्त अधि उपसर्गका ग्रहण कियाहै ॥

रार्थक दिव् धातुके कर्ममें विकल्प करके षष्ठी हो। पक्षमें द्वितीया होगी। शतस्य शतं वा प्रतिदीव्यति, यहां प्रति उपसर्गपूर्वक दिव् धातुके कर्ममें षष्ठी और पक्षमें द्वितीया दोनों हुई। पूर्व सूत्रसे नित्य षष्ठी प्राप्त थी, उपसर्गयुक्त होनेसे विकल्प होता है। यह पूर्व सूत्रका अपवाद है ॥

६२१ प्रेष्यब्रुवोर्हविषो देवतासंप्रदाने। २। ३। ६१॥

देवतासंप्रदानकेऽर्थे वर्तमानयोः प्रेष्यब्रुवोः कर्मणो हविर्विशेषस्य वाचकाच्छब्दात् षष्ठी स्यात्। अग्नये छागस्य हविषो वपाया मेदसः प्रेष्य अनुब्रूहि वा ॥

६२१–देवताके अर्थ दान देनेमें वर्तमान जो प्रेष्य, ब्रू उनके हविर्विशेषके वाचक कर्ममें षष्ठी हो। अग्नये छागस्य हविषो वपायाः मेदसः प्रेष्य अनुब्रूहि वा (श्रुतिः), यहां अग्नि देवताके अर्थ छागकी वपा और मेदस् रूप हविका दान है, इसकारण प्रेष्य ब्रूके कर्म वपा और मेदस्में षष्ठी हुई * ॥

६२२ कृत्वोर्थप्रयोगे कालेऽधिकरणे। २। ३। ६४॥

कृत्वोर्थानां प्रयोगे कालवाचिन्यधिकरणे शेषे षष्ठी स्यात्। पञ्चकृत्वोऽह्नो भोजनम्। द्विरह्नो भोजनम्। शेषे किम्। द्विरहन्यध्ययनम् ॥

६२२–कृत्वसुच् और उसके समानार्थप्रत्ययान्त प्रातिपदिकोंके प्रयोगमें काल तथा अधिकरणवाचक शब्द हो तो उससे शेषमें षष्ठी विभक्ति हो। पञ्चकृत्वोऽह्नो भोजनम्, द्विरह्नो भोजनम्, यहां 'पंचकृत्वः' में "कृत्वसुच्० ५।४।१७/२०८" और 'द्विः' में कृत्वोर्थक सुच् प्रत्ययका प्रयोग है, इस कारण कालरूप अधिकरण 'अहन्' में षष्ठी हुई "द्वित्रिचतुर्भ्यः सुच् ५।४।१८/२०८६" इससे सुच् हुआ। यह सूत्र सप्तमीका अपवाद है। शेष अर्थ न होनेपर अधिकरणत्वाविवक्षामें 'द्विरहन्यध्ययनम्' यहां सप्तमी ही हुई ॥

६२३ कर्तृकर्मणोः कृति। २। ३। ६५॥

तद्योगे कर्तरि कर्मणि च षष्ठी स्यात्। कृष्णस्य कृतिः। जगतः कर्ता कृष्णः ॥ गुणकर्मणि वेष्यते ॥ * ॥ नेताऽश्वस्य स्रुघ्नं स्रुघ्नस्य वा। कृति किम्। तद्धिते मा भूत्। कृतपूर्वी कटम् ॥

६२३–कृत् प्रत्ययके योगमें कर्ता और कर्ममें षष्ठी विभक्ति हो। कृष्णस्य कृतिः, जगतः कर्त्ता कृष्णः, यहां 'कृति' में कृत्संज्ञक क्तिन् प्रत्यय है और 'कर्त्ता' यहां कृत्संज्ञक तृन् प्रत्यय है, इसकारण 'कृष्णस्य' यहां कर्त्तामें और 'जगतः' यहां कर्ममें षष्ठी हुई ॥

(गुणकर्म० ५०४२ वा०) द्विकर्मक धातुओंके गौण कर्ममें विकल्प करके षष्ठी हो। नेताश्वस्य स्रुघ्नं स्रुघ्नस्य वा, यहां 'नेता' यह द्विकर्मक णीञ् (नी) धातुसे कृदन्तमें तृन् प्रत्यय होकर बनताहै, इसके योगमें मुख्य कर्म 'अश्वस्य' में नित्य षष्ठी और गौण (स्रुघ्नं स्रुघ्नस्य) में विकल्प करके होतीहै॥

(कृति किमिति) आशय यह है कि, 'कृति' नहीं कहनेपर कर्तृ और कर्म इन दोनों पदोंसे क्रियाका आक्षेप होगा, क्रिया तो धातुका अर्थ है, धातुसे दो प्रत्यय होते हैं, तिङ् और कृत्, उनमें तिङ्के योगमें "न लोका० २।३।६९/६२७" इससे निषेध ही होजायगा, बचगया कृत्, तदन्तके योगमें कर्त्ता और कर्ममें षष्ठी हो, ऐसा अर्थ हो ही जायगा, फिर कृतिग्रहण क्यों किया ? उत्तर–' कृतपूर्वी कटम् ' (कटरूप कर्मकी अविवक्षा करके कृ धातुसे भावमें क्त प्रत्यय हुआ, फिर 'कृतं पूर्वम् अनेन' इस विग्रहमें "सपूर्वाच्च ५।२।८/१८८७" इससे इनि प्रत्यय हुआ, फिर समास होकर प्रातिपदिक संज्ञा होनेसे 'कृतपूर्वी' यह बना। पीछे 'कटम्' यह कर्मकी विवक्षा किया, विवक्षाके अधीन कारक है, यह पहले कहचुका हूं), यहां कटसे षष्ठी होजायगी। यदि कहो कि, 'कृति' ग्रहण करनेपर भी क्यों नहीं होती, कारण कि, कृदन्त तो कृत यह है ही ? सो तो नहीं कह सकते, कारण कि, कृतिग्रहणके बलसे ऐसा ज्ञापन हो जायगा कि, जहां कृदन्त शब्दमात्रका प्रयोग है, वहां ही षष्ठी हो, ' कृतपूर्वी ' यह तो तद्धितान्त है, इसलिये यहां नहीं होगी ॥

६२४ उभयप्राप्तौ कर्मणि। २। ३। ६६॥

उभयोः प्राप्तिर्यस्मिन् कृति तत्र कर्मण्येव षष्ठी स्यात्। आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन ॥ स्त्रीप्रत्यययोरकाकारयोर्नायं नियमः ॥ * ॥ भेदिका बिभित्सा वा रुद्रस्य जगतः ॥ शेषे विभाषा ॥ * ॥ स्त्रीप्रत्यय इत्येके। विचित्रा जगतः कृतिर्हरेर्हरिणा वा। केचिदविशेषेण विभाषामिच्छन्ति। शब्दानामनुशासनमाचार्येणाचार्यस्य वा ॥

६२४–पूर्व सूत्रसे कृदन्तयुक्त कर्त्ता तथा कर्मसे षष्ठी प्राप्त है, उसका नियम करनेके लिये यह सूत्र है, कृदन्तके योगमें कर्त्ता और कर्म दोनोंमें षष्ठी प्राप्त होनेपर कर्ममें ही षष्ठी हो। आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन, यहां कृत्प्रत्ययान्त (दोह) के योगमें गोरूप कर्ममें षष्ठी हुई, अनुक्त कर्त्तामें तृतीया हुई। (१५१३वा०) अक और अकार कृत्प्रत्ययान्त शब्द यदि स्त्रीलिङ्ग होंय तो, केवल कर्ममें ही षष्ठी न हो अर्थात् कर्त्ता कर्म दोनोंमें हो, यथा–भेदिका बिभित्सा वा रुद्रस्य जगतः, यहां 'भेदिका' यह शब्द कृदन्तमें अक प्रत्यय होकर स्त्रीलिङ्गमें बनताहै (भेदनं भेदिका "पर्यायार्हर्णोत्पत्तिषु ण्वुच् ३।३।१११/३२८८" कोई ऐसा भी कहतेहैं 'धात्वर्थनिर्देशे ण्वुल् वक्तव्यः' "युवोरनाकौ" स्त्रियां टाप्, "प्रत्ययस्थात्० ७।३।४४/४६३" इससे इत्व, 'बिभित्सा' सन्नन्त भिद् धातुसे "हलन्ताच्च १।२।१०/२६१३" इससे कित् होनेसे गुणाभाव "अ प्रत्ययात् ३।३।१०२/३२७९" इससे अकार प्रत्यय होनेपर टाप्, इस कारण एक ही समयमें 'रुद्रस्य', 'जगतः' यहां कर्त्ता और कर्ममें षष्ठी होतीहै ॥

* यहां प्रेष्यमें दिवादि गणवाला इष् धातु है, दूसरा ब्रू धातु है प्रेष्य ब्रू न होनेपर अग्नये छागस्य हविर्वपां मेदो जुहुधि, यहां प्रपूर्वक इष् नहीं इससे षष्ठी न हुई। हविष्ग्रहण इसलिये है कि, अग्नये गोमयानि प्रेष्य, यहां गोमयानि में षष्ठी न हुई। देवतादानके लिये इसकारण कहा कि, माणवकाय पुरोडाशान् प्रेष्य, यहां देवतादान न होनेसे पुरोडाशसे षष्ठी न हुई ॥

(शेष विभाषा १५१३ वा०) स्त्रीप्रत्ययमें वर्त्तमान जो कृत्प्रत्ययान्त शब्द उसके योगमें "उभयप्रा०" इस सूत्रसे शेष कर्त्तामें विकल्प करके षष्ठीका नियम होता है (ऐसा कोई कहतेहैं) यथा–विचित्रा जगतः कृतिर्हरेर्हरिणा वा, यहां स्त्रीलिङ्गमें वर्त्तमान कृत्प्रत्ययान्त कृति शब्दके योगमें कर्त्तामें षष्ठी होतीहै, पक्षमें अनुक्त कर्त्तामें तृतीया हुई । कोई २ अविशेषरूपसे विकल्पकी इच्छा करतेहैं, यथा– शब्दानामनुशासनमाचार्येण आचार्यस्य वा, इस स्थानमें 'आचार्यस्य' में षष्ठी हुई, 'आचार्येण' में तृतीया हुई । (यह अप्राप्त विभाषा इस कारण है कि, शेष स्त्रीप्रत्ययके योगमें कर्तृवाची शब्दसे किसी सूत्रसे षष्ठी प्राप्त नहीं प्रत्युत "उभयप्राप्तौ०" इससे कर्मका नियम होनेसे कर्त्ताका निषेध होता है) ॥

६२५ क्तस्य च वर्त्तमाने ।२।३।६७॥

वर्त्तमानार्थस्य क्तस्य योगे षष्ठी स्यात् । न लोकेतिनिषेधस्याऽपवादः । राज्ञां मतो बुद्धः पूजितो वा ॥

६२५–जो वर्त्तमान कालमें क्त प्रत्ययान्त शब्द है, उससे सम्बन्धमें षष्ठी हो, यह सूत्र "नलोका० ६२७" का अपवाद है । राज्ञां मतो बुद्धः पूजितो वा, यहां 'मतः' 'बुद्धः' 'पूजितः' में "मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च ३।२।१८८/३०८९" इस सूत्रसे क्त प्रत्यय हुआ है, इस कारण इनके योगमें 'राज्ञाम्' यहां षष्ठी हुईहै*॥

६२६ अधिकरणवाचिनश्च ।२।३।६८॥

क्तस्य योगे षष्ठी स्यात् । इदमेषामासितं शयितं गतं भुक्तं वा ॥

६२६–अधिकरणवाची क्त प्रत्ययके योगमें कर्त्तामें षष्ठी हो । इदमेषामासितं गतं भुक्तं वा("क्तोऽधिकरणे च० ३।४।७६/३०८७" इससे अधिकरणमें क्त), यहां 'आसितम्' यह अधिकरणमें क्त प्रत्यय होकर बनताहै, इस कारण इसके योगमें 'एषाम्' यहां षष्ठी हुई ॥

६२७ न लोकाव्ययनिष्ठाखलर्थतृनाम् । २।३।६९॥

एषां प्रयोगे षष्ठी न स्यात् । लादेशाः । कुर्वन् कुर्वाणो वा सृष्टिं हरिः । उ । हरिं दिदृक्षुः । अलंकरिष्णुर्वा । उक । दैत्यान् घातुको हरिः ॥ कमेरनिषेधः ॥ * ॥ लक्ष्म्याः कामुको हरिः । अव्ययम् । जगत् सृष्ट्वा । सुखं कर्तुम् । निष्ठा । विष्णुना हता दैत्याः । दैत्यान् हतवान् विष्णुः । खलर्थाः । ईषत्करः प्रपञ्चो हरिणा । तृन्निति प्रत्याहारः शतृशानचाविति तृशब्दादारभ्याऽऽतृनो नकारात् । शानन् । सोमं पवमानः । चानश् । आत्मानं मण्डयमानः । शतृ । वेदमधीयन् । तृन् । कर्ता लोकान् ॥ द्विषः शतुर्वा ॥ * ॥ मुरस्य मुरं वा द्विषन् । सर्वोयं कारकषष्ठ्याः प्रतिषेधः । शेषे षष्ठी तु स्यादेव । ब्राह्मणस्य कुर्वन् । नरकस्य जिष्णुः ॥

६२७–लकारस्थानीय उ; उक्, अव्यय, निष्ठा, खलर्थ और तृन् इन कृत्प्रत्ययान्त शब्दोंके योगमें कर्ममें षष्ठी विभक्ति न हो । लकारस्थानीय यथा–कुर्वन् कुर्वाणः सृष्टिं हरिः, यहां 'कुर्वन्' यह कृधातुसे परे लट् लकारके स्थानमें शतृ आदेश होकर बनताहै, तथा शानच् (आन) आदेश होकर 'कुर्वाणः' बनताहै ("लटः शतृशानचौ० ३।२।१२४/३१००"), इस कारण इसके योगमें षष्ठी विभक्ति नहीं होती, उ प्रत्ययके योगमें, जैसे–हरिं दिदृक्षुः, यहां सन्नन्त दृश् धातुसे "सनाशंसभिक्ष उः ३।२।१६८/३१४८" इस सूत्रसे उ प्रत्यय होकर 'दिदृक्षुः' बनताहै, इससे इसके योगमें षष्ठी न हुई, ऐसे ही अलंकरिष्णुः (अलंकृञ्० ३।२।१३६/३११८ इससे इष्णुच्), उक् प्रत्यय यथा–दैत्यान् घातुको हरिः, यहां "लषपत० ३।२।१५४/३१३४" इस सूत्रसे उकञ् (उक) प्रत्यय होकर 'घातुकः' इसके योगमें षष्ठी न हुई ।

(कमेर० १५१९ वा०) यदि कमु (कम्) धातुसे उकञ् प्रत्यय हो तो वहां षष्ठीका निषेध नहीं हो, यथा–लक्ष्म्याः कामुकः, यहां कामुक शब्द कम् धातुसे उकञ् होकर बनाहै, इसके योगमें 'लक्ष्म्याः' यहां षष्ठी हुई ।

अव्ययके योगमें यथा–जगत्सृष्ट्वा, यहां सृज् धातुसे क्त्वा प्रत्यय होकर "क्त्वातोसुन्कसुनः १।१।४०/४५०" इस सूत्रसे अव्यय संज्ञा होकर 'सृष्ट्वा' यह बनताहै, इस निषेधके कारण जगत्से षष्ठी नहीं होतीहै, ऐसे ही सुखं कर्तुम् । निष्ठामें जैसे–विष्णुनाहता दैत्याः, दैत्यान् हतवान् विष्णुः, यहां 'हताः' और 'हतवान्' यह दोनों शब्द निष्ठासंज्ञक (१।१।२६/३०१२) क्त और क्तवतु प्रत्ययसे बनतेहैं, इससे इनके योगमें षष्ठी नहीं होतीहै । खलर्थके योगमें जैसे–ईषत्करः प्रपञ्चो हरिणा, यहां "ईषद्दुस्सुषु० ३।३।१२६/३३०५" इससे खल् प्रत्यय होकर 'ईषत्करः' बनताहै, इसके योगमें षष्ठी नहीं होती । "–शतृशानचौ०" इस सूत्रमें तृ यह जो पद है उसको लेकर तृन्के नकार पर्यन्त तृन् प्रत्यय जानना, अर्थात् यह प्रत्याहार है, तब इसमें शानन् और चानश् भी आया । शानन्का उदाहरण जैसे–सोमं पवमानः "पूङ्यजोः शानन् ३।२।१२८/३१०८" इससे शानन् (आन), चानश्का उदाहरण यथा–आत्मानं मण्डयमानः, 'मडि भूषायाम्' इदित् होनेसे नुम् "ताच्छील्यवयोवचन० ३।२।१२९/३१०९" इससे चानश् (आन), शतृमें जैसे 'वेदमधीयन्' इसमें "इङ्धार्योः० ३।२।१३०/३११०" इससे शतृ

---

* "क्तस्य च वर्त्तमाने नपुंसके भाव उपसंख्यानम्" जो नपुंसक भावमें क्तप्रत्ययान्त है, उसके कर्त्तामें षष्ठी हो, यथा–'नटस्य भुक्तम्' 'भुक्तम्' यह वर्त्तमान काल और भावमें क्तप्रत्ययान्त और नपुंसक है, इस कारण नटस्य यहां कर्त्तामें षष्ठी हुई ॥

(अव्यय प्रतिषेधे तोसुन्कसुनोरप्रतिषेधः १५२१ वा०) जहां अव्ययके योगमें षष्ठीका निषेध है, वहां तोसुन्, कसुन् इन दो अव्ययोंके योगमें निषेध नहीं है, यथा–पुरा सूर्यस्योदेतोराधेयः, क्रूरस्य विसृपो विरप्शिन् इत्यादि, यहां 'सूर्यस्य' और 'क्रूरस्य' में षष्ठी हुई है ॥

(अत्)। तृन् प्रत्ययके योगमें जैसे—कर्त्ता लोकान्, इसमें 'कर्त्ता' तच्छीलादिमें "तृन् ३।२।१३५/३११५" इससे तृन् प्रत्यय होकर बनताहै, इससे यहां षष्ठी नहीं होती।(द्विष० १५२२वा०) द्विष धातुसे लट् होकर उसके स्थानमें शतृविधान करनेपर विकल्प करके षष्ठी हो, यथा—मुरस्य मुरं वा द्विषन् ॥

यह सम्पूर्ण कारक षष्ठीका ही निषेध करतेहैं इससे शेषमें षष्ठी होगी यथा—ब्राह्मणस्य कुर्वन्, नरकस्य जिष्णुः ॥

६२८ अकेनोर्भविष्यदाधमर्ण्ययोः। २।३।७०॥

भविष्यत्यकस्य भविष्यदाधमर्ण्यार्थेनश्च योगे षष्ठी न स्यात्। सतः पालकोऽवतरति। व्रजं गामी। शतं दायी॥

६२८—भविष्यत् अर्थमें विहित जो अक् प्रत्यय और भविष्यत् अर्थमें तथा आधमर्ण्य अर्थमें वर्तमान इन् प्रत्ययके योगमें षष्ठी न हो। यथा—सेतः पालकोऽवतरति, यहां अक होकर 'पालकः' बनताहै, इससे षष्ठी न हुई, यहां सत् पुरुषोंका पालनेवाला अवतार लेताहै, इससे विदित होताहै कि, अवतार लिया है तो पालन करैगा, इस प्रकार भविष्य अर्थ है। इन्के योगमें यथा—व्रजं गामी, शतं दायी॥

६२९ कृत्यानां कर्तरि वा।२।३।७१॥

षष्ठी वा स्यात्। मया मम वा सेव्यो हरिः। कर्तरीति किम्। गेयो माणवकः साम्नाम्। भव्यगेयेति कर्तरि यद्विधानादनभिहितं कर्म। अत्र योगो विभज्यते। कृत्यानाम्। उभयप्राप्ताविति नेति चानुवर्तते। तेन नेतव्या व्रजं गावः कृष्णेन। ततः कर्तरि वा उक्तोर्थः॥

६२९—कृत्यप्रत्ययान्तके कर्त्तामें विकल्प करके षष्ठी हो। पक्षमें अनुक्त कर्त्तामें तृतीया होगी, मया मम वा सेव्यो हरिः, इसमें 'षेवृ-सेवायाम्' से "ऋहलोर्ण्यत् ३।१।१२३" इससे कर्ममें ण्यत् होकर 'सेव्यः' बना, इसके योगमें षष्ठी और तृतीया हुई। कर्त्ता कारकसे भिन्न, जैसे—गेयो माणवकः साम्नाम्, यहां "भव्यगेय० ३।४।६८/२८९४" इस सूत्रसे कर्तृवाच्यमें यत्-विधानके कारण अनुक्त कर्म हुआ। इस सूत्रमें योगविभाग होताहै, अर्थात् "कृत्यानाम्" इतना सूत्र पृथक् माना जाताहै और "कर्तरि वा" इतना अलग माना जाताहै, "कृत्यानाम्" इससे कर्त्ता और कर्म दोनों स्थलोंमें षष्ठीकी प्राप्ति होनेसे "न लोकाव्य० ५२७" इससे नकारकी अनुवृत्ति आनेसे उभयप्राप्तिमें कृत्य प्रत्ययके योगमें षष्ठी नहीं होतीहै, इससे नेतव्या व्रजङ्गावः कृष्णेन, यहां 'नेतव्याः' यह कृत्य प्रत्यय होकर बनताहै, इससे इसके योगमें उभयप्राप्त षष्ठी नहीं होतीहै। "कर्तरि वा" इसका अर्थ यह कि, अनुक्त कर्तामें सर्वत्र विकल्प करके षष्ठी हो, पक्षमें तृतीया होगी। उदाहरण पूर्वोक्त है॥

६३० तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्यां तृतीयाऽन्यतरस्याम्। २। ३। ७२॥

तुल्यार्थैर्योगे तृतीया वा स्यात्पक्षे षष्ठी। तुल्यः सदृशः समो वा कृष्णस्य कृष्णेन वा। अतुलोपमाभ्यां किम्। तुला उपमा वा कृष्णस्य नास्ति।

६३०—तुल्य अर्थवाले शब्दोंके योगमें तृतीया और षष्ठी विभक्ति हो, यथा—तुल्यः, सदृशः, समो वा कृष्णस्य, कृष्णेन वा, यहां तुल्यार्थक तुल्य, सदृश, सम शब्द हैं, इस कारण 'कृष्णस्य' 'कृष्णेन' यहां षष्ठी तथा तृतीया हुई। 'अतुलोपमाभ्याम्' कहनेका भाव यह कि, तुला और उपमा शब्दके योगमें तृतीया न हो। तुला उपमा वा कृष्णस्य नास्ति, यहां तुल्य अर्थ होनेसे पक्षमें तृतीया प्राप्त थी सो न हुई। यद्यपि इस सूत्रमें पूर्व सूत्रसे विकल्पकी अनुवृत्ति आतीहै, तथापि 'अन्यतरस्याम्' ग्रहणका प्रयोजन यह है कि, कर्ताकी अनुवृत्ति न आजाय और उत्तर सूत्र "चतुर्थी चाशि० २।३।७३" में चकारसे सान्निध्यको प्राप्त जो तृतीया पद उसका अनुकर्षण न हो॥

६३१ चतुर्थी चाशिष्यायुष्यमद्रभद्रकुशलसुखार्थहितैः। २। ३। ७३॥

एतदर्थैर्योगे चतुर्थी वा स्यात्पक्षे षष्ठी। आशिषि आयुष्यं चिरंजीवितं कृष्णाय कृष्णस्य वा भूयात्। एवं मद्रं भद्रं कुशलं निरामयं सुखं शम् अर्थः प्रयोजनं हितं पथ्यं वा भूयात्। आशिषि किम्। देवदत्तस्यायुष्यमस्ति। व्याख्यानात्सर्वत्रार्थग्रहणम्। मद्रभद्रयोः पर्यायत्वादन्यतरो न पठनीयः॥

६३१—आशीर्वाद अर्थमें वर्तमान आयुष्य, मद्र, भद्र, कुशल, सुख, अर्थ, हित इन शब्दोंके अर्थवाले शब्दोंके योगमें चतुर्थी विकल्प करके हो। पक्षमें—षष्ठी होगी।

यथा—आयुष्यं चिरञ्जीवितं कृष्णस्य कृष्णाय वा भूयात्, इसी प्रकार 'मद्रम्, भद्रम्, कुशलं निरामयम्, सुखं शम्, अर्थः प्रयोजनं, हितं पथ्यं वा भूयात्' इनके योगमें चतुर्थी, षष्ठी हुई। आशीरर्थ न होनेपर षष्ठी हो, यथा—देवदत्तस्या-

---

१ (सतः) यह अस् धातुसे शतृ (अत्) प्रत्यय करके बनताहै॥

२ (पालकः) यह "तुमुन्ण्वुलौ० ३।३।१०" इससे ण्वुल्, फिर अक आदेश होकर बनताहै॥

३ (गामी) यह "भविष्यति गम्यादयः ३।३।३" इससे भविष्यत् अर्थमें गम् धातुसे णिनि (इन्) प्रत्यय होकर बनताहै॥

४ (दायी) यह "आवश्यकाधम० ३।३।१७०" इससे दा धातुसे आधमर्ण्य अर्थमें णिनि प्रत्यय होकर बनताहै। 'दायी' अर्थात् देनदार; जो देनदार है, वही अधमर्ण कहाताहै॥

१ "यतं ण्यतं क्यपञ्चैव केलिमरमनीयरम्।
तव्यञ्च तव्यतञ्चैव कृत्यान्सप्त विदुर्बुधाः"॥
यत्, ण्यत्, क्यप्, केलिमर्, अनीयर्, तव्य, तव्यत्, यह सात प्रत्यय कृत्य नामसे व्यवहार किये जातेहैं ऐसा आचार्य कहतेहैं॥

युष्मस्ति । व्याख्यानसे सर्वत्र ही अर्थग्रहण है। मद्र भद्र शब्दके पर्यायत्वके कारण दोनोंमेंसे एकको नहीं पढ़ना ॥

॥ इति षष्ठी ॥

६३२ आधारोऽधिकरणम् ।१।४।४५॥

कर्तृकर्मद्वारा तन्निष्ठक्रियाया आधारः कारकमधिकरणसंज्ञः स्यात् ॥

६३२–जिसमें पदार्थ धरे जातेहैं वह आधार कहाताहै, एककी अपेक्षामें दूसरा आधार बनता जाताहै, कर्ता और कर्मके द्वारा कर्ता और कर्मनिष्ठ क्रियाके आधारकी कारक संज्ञा होकर अधिकरण संज्ञा हो *॥

६३३ सप्तम्यधिकरणे च ।२।३।३६॥

अधिकरणे सप्तमी स्यात् । चकाराद्दूरान्तिकार्थेभ्यः । औपश्लेषिको वैषयिकोऽभिव्यापकश्चेत्याधारस्त्रिधा । कटे आस्ते । स्थाल्यां पचति । मोक्षे इच्छास्ति । सर्वस्मिन्नात्मास्ति । वनस्य दूरे अन्तिके वा । दूरान्तिकार्थेभ्य इति विभक्तित्रयेण सह चतस्रोऽत्र विभक्तयः फलिताः ॥ क्तस्येन्विषयस्य कर्मण्युपसंख्यानम् ॥ * ॥ अधीती व्याकरणे । अधीतमनेनेति विग्रहे इष्टादिभ्यश्चेति कर्तरीनिः ॥ साध्वसाधुप्रयोगे च ॥ * ॥ साधुः कृष्णो मातरि । असाधुर्मातुले ॥ निमित्तात्कर्मयोगे ॥ * ॥ निमित्तमिह फलम् । योगः संयोगः समवायात्मकः ॥

चर्मणि द्वीपिनं हन्ति दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम् ।
केशेषु चमरीं हन्ति सीम्नि पुष्कलको हतः ॥१॥

हेतौ तृतीयाऽत्र प्राप्ता तन्निवारणार्थम् । सीमाण्डकोशः । पुष्कलको गन्धमृगः । योगविशेषे किम् । वेतनेन धान्यं लुनाति ॥

६३३–अधिकरणमें सप्तमी विभक्ति हो, चकारसे दूर और समीप अर्थवालोंके भी उत्तर सप्तमी हो। औपश्लेषिक, वैषयिक और अभिव्यापक भेदसे अधिकरण तीन प्रकारका है। औपश्लेषिक यथा–कटे आस्ते, यहां कट और बैठनेवालेका स्पर्श संयोग है। स्थाल्यां पचति, यहां कर्मद्वारा क्रियाका आधार। वैषयिक यथा–मोक्षे इच्छास्ति (मोक्ष विषयमें इच्छा है)। अभिव्यापक यथा–सर्वस्मिन्नात्मा अस्ति–(सबमें आत्मा व्याप्त है)। दूरान्तिकादि, जैसे–वनस्य दूरे, अन्तिके वा, "दूरान्तिकार्थेभ्यो० ६०५" इससे द्वितीया, तृतीया और पंचमी विभक्तिके साथ इस स्थानमें द्वितीया, तृतीया, पंचमी और सप्तमी यह चार विभक्ति होतीहैं।

(क्तस्येन्० १४८५ वा०) इन्विषयक क्तप्रत्ययान्तके कर्ममें सप्तमी हो, यथा–व्याकरणे अधीती, यहां अधीतमनेन इस विग्रहमें क्तप्रत्ययान्त अधीत शब्दसे "इष्टादिभ्यश्च $\frac{५।२।८८}{१८८८}$" इस सूत्रसे कर्तृवाच्यमें इन् प्रत्यय करके उसके योगमें सप्तमी हुई।

(साध्व० १४८६वा०) साधु और असाधु शब्दोंके प्रयोगमें सप्तमी हो, यथा–साधुः कृष्णो मातरि, असाधुर्मातुले, यहां 'मातरि' और 'मातुल'में सप्तमी हुई।

(निमित्तात्० १४९० वा०) यदि कर्मका संयोग होय और किसी निमित्तके अर्थ कर्म कियाजाय तो निमित्तवाची शब्दसे सप्तमी हो, यहां निमित्तसे फल जानना। योग शब्दसे समवायात्मक संयोग जानना। (चर्मणीति) चर्मके निमित्त गैंडेको मारताहै। दांतोंके निमित्त हाथीको मारताहै, चामरके निमित्त चंवरी गायकी पूंछ काटता है, कस्तूरीके निमित्त हरिणको मारा, यहां चर्मरूप निमित्तमें द्वीपिकर्म संयुक्त है, इस कारण निमित्त चर्ममें सप्तमी हुई, इसी प्रकार दन्त, चमर, कस्तूरी निमित्त हैं और हस्ती, चमरी, पुष्कलक कर्म निमित्तसे संयुक्त है, इससे निमित्त दन्त, केश, सीमामें सप्तमी हुई। यहां हेत्वर्थमें तृतीया होती, इससे उसके निवारणके लिये यह वार्तिक किया है। सीमासे अंडकोष,पुष्कलकसे गंधमृग लेना। योगविशेष न होनेपर सप्तमी न होगी, यथा–वेतनेन धान्यं लुनाति ॥

६३४ यस्य च भावेन भावलक्षणम् । २।३।३७॥

यस्य क्रियया क्रियान्तरं लक्ष्यते ततः सप्तमी स्यात् । गोषु दुह्यमानासु गतः ॥ अर्हाणां कर्तृत्वेऽनर्हाणामकर्तृत्वे तद्वैपरीत्ये च ॥*॥ सत्सु तरत्सु असन्त आसते । असत्सु तिष्ठत्सु सन्तस्तरन्ति । सत्सु तिष्ठत्सु असन्तस्तरन्ति । असत्सु तरत्सु सन्तस्तिष्ठन्ति ॥

६३४–जिसकी क्रियासे अन्य क्रिया लक्षित हो उससे सप्तमी विभक्ति हो। गोषु दुह्यमानासु गतः (गौओंके दुहतेमें चला गया), यहां गौका दोहनरूप जो क्रिया है, उससे गमनरूप क्रिया लक्षित होतीहै, तब 'गोषु' यहां सप्तमी हुई।

(अर्हाणाम्० १४८७–१४८८ वा०) योग्यकारकोंको कर्तृत्व होनेपर तथा अयोग्य कारकोंको अकर्तृत्व होनेपर तथा योग्य कारकोंको अकर्तृत्व होनेपर अयोग्य कारकोंको कर्तृत्व होनेपर जिसकी क्रियासे अन्यक्रिया विदित हो, उसमें सप्तमी हो, यथा–सत्सु तरत्सु असन्त आसते, असत्सु तिष्ठत्सु सन्तस्तरन्ति, सत्सु तिष्ठत्सु असन्तस्तरन्ति, असत्सु तरत्सु सन्तस्तिष्ठन्ति

*"उपश्लेषोपविषयौ सामीप्यो व्यापकस्तथा ।
चतुर्विधोऽयमाधारो विभक्तिस्तत्र सप्तमी ॥"

औपश्लेषिक, वैषयिक, सामीप्य, अभिव्यापक, यह चार प्रकारका अधिकरण है इसमें सप्तमी विभक्ति होतीहै, यह प्राचीनोंका मत है। औपश्लेषिक–जहां आधार और आधेयका संयोगसम्बन्ध हो, यथा–खट्वायां शेते, यहां खाट और सोनेवालेका स्पर्शमात्र संयोग है। वैषयिक–जिसमें जो रहै, यथा धर्मे प्रतिष्ठते (धर्ममें प्रतिष्ठा रहतीहै)। सामीप्य–जगति विश्वेश्वरो वर्तते (यह विश्वेश्वर सब जगतके समीप है)। अभिव्यापक–जिसका योग सब व्याप्त और अवयवोंमें रहै, यथा–तिलेषु तैलम् (तिलोंमें तेल सब अवयवोंमें रहताहै) ॥

(सन्तोंके तरनेपर असन्त बैठे रहतेहैं), (असन्तोंके बैठनेपर सन्त तरतेहैं), (सत्पुरुषोंके बैठनेपर असन्त तरतेहैं), (असन्तोंके तरनेपर सत्पुरुष बैठे रहतेहैं), यहां सत्पुरुषोंका तरना योग्य है, अर्थात् तरणरूप क्रिया सन्तोंके कर्तृत्वयोग्य है, इस कारण 'सत्सु' यहां सप्तमी होती है, इसी प्रकार सन्तोंके तरनेपर असन्तोंका बैठा रहना योग्य है, अर्थात् तरणरूप क्रियामें अयोग्य होनेसे असन्तोंको अकर्तृत्व प्राप्त होताहै, इससे 'असत्सु' यहां दूसरे उदाहरणमें सप्तमी होतीहै, तीसरे और चौथे उदाहरणोंमें विपरीत होनेपर 'सत्सु' 'असत्सु' यहां सप्तमी होतीहै। सब स्थानमें तरणरूप क्रियासे स्थितिरूप क्रिया विदित होतीहै ॥

६३५ षष्ठी चानादरे । २ । ३ । ३८ ॥

अनादराधिके भावलक्षणे षष्ठीसप्तम्यौ स्तः । रुदति रुदतो वा प्राव्राजीत् । रुदन्तं पुत्रादिकमनादृत्य संन्यस्तवानित्यर्थः ॥

६३५–अनादर अर्थमें जिस क्रियासे अन्य क्रियाका लक्षण किया, वहां षष्ठी और चकारसे सप्तमी विभक्ति हो । रुदति रुदतो वा प्राव्राजीत् (रुदन्तं पुत्रादिकमनादृत्य संन्यस्तवानित्यर्थः। अर्थात् रोते हुए पुत्रादिकोंको कुछ न समझ संन्यासी होगया), यहां रोदनरूप क्रियासे प्रव्रजनरूप क्रिया लक्षित होतीहै, और अनादरका आधिक्य भी है,इससे 'रुदति' यहां सप्तमी तथा 'रुदतः' यहां षष्ठी हुई ॥

६३६ स्वामीश्वराधिपतिदायादसाक्षिप्रतिभूप्रसूतैश्च । २ । ३ । ३९ ॥

एतैः सप्तभिर्योगे षष्ठीसप्तम्यौ स्तः । षष्ठयामेव प्राप्तायां पाक्षिकसप्तम्यर्थं वचनम्। गवां गोषु वा स्वामी । गवां गोषु वा प्रसूतः। गा एवानुभवितुं जात इत्यर्थः ॥

६३६–स्वामी, ईश्वर, अधिपति, दायाद, साक्षी, प्रतिभू, प्रसूत, इन शब्दोंके योगमें षष्ठी और सप्तमी विभक्ति हो । षष्ठी ही प्राप्त होनेपर पाक्षिक सप्तमीके निमित्त यह सूत्र किया । गवां, गोषु वा स्वामी, गवां गोषु वा प्रसूतः, यहां स्वामी और प्रसूत शब्दके योगमें गो शब्दसे षष्ठी और सप्तमी होती है, अर्थात् सम्पूर्ण गौओंके ही अनुभवके निमित्त जन्माहै ॥

६३७ आयुक्तकुशलाभ्यां चासेवायाम् । २ । ३ । ४० ॥

आभ्यां योगे षष्ठीसप्तम्यौ स्तस्तात्पर्येऽर्थे । आयुक्तो व्यापारितः । आयुक्तः कुशलो वा हरिपूजने हरिपूजनस्य वा । आसेवायां किम् । आयुक्तो गौः शकटे । ईषद्युक्त इत्यर्थः ॥

६३७–आसेवा अर्थमें, तात्पर्य अर्थमें वर्तमान आयुक्त और कुशल शब्दके योगमें षष्ठी और सप्तमी हों, आसेवा अर्थात् यदि सब प्रकारसे सेवा गम्यमान होय तो । आयुक्त अर्थात् व्यापारित, यथा–आयुक्तः कुशलो वा हरिपूजने हरिपूजनस्य वा (हरिके पूजनमें सब प्रकारसे लगा हुआ वा कुशल है), यहांपर षष्ठी तथा सप्तमी हुई। आसेवा अर्थ न होनेपर षष्ठी न होगी, यथा–आयुक्तो गौः शकटे, अर्थात् ईषद्युक्त ॥

६३८ यतश्च निर्धारणम् । २।३।४१ ॥

जातिगुणक्रियासंज्ञाभिः समुदायादेकदेशस्य पृथक्करणं निर्धारणं यतस्ततः षष्ठीसप्तम्यौ स्तः। नृणां नृषु वा ब्राह्मणः श्रेष्ठः। गवां गोषु वा कृष्णा बहुक्षीरा । गच्छतां गच्छत्सु वा धावन् शीघ्रः । छात्राणां छात्रेषु वा मैत्रः पटुः ॥

६३८–जाति गुण क्रिया संज्ञा इनसे समूहसे एकदेशका पृथक् करना निर्धारण कहाताहै, वह जिससे निर्धारण अर्थात् किसीको पृथक् किया जाय उससे षष्ठी और सप्तमी हो । नृणां नृषु वा ब्राह्मणः श्रेष्ठः (मनुष्योंमें ब्राह्मण श्रेष्ठ है), यहां मनुष्यरूप जातिसे ब्राह्मणरूप एकदेशको पृथक् कियाहै, इससे नृ शब्दसे षष्ठी और सप्तमी हुई, इसी प्रकार गवां गोषु वा कृष्णा बहुक्षीरा (गौओंमें काली गाय बहुत दुधारी है), गच्छतां गच्छत्सु वा धावन् शीघ्रः (चलनेवालोंमें धावन करनेवाला शीघ्रगामी है), छात्राणां छात्रेषु वा मैत्रः पटुः (विद्यार्थियोंमें मैत्र चतुर है) यहां जाति, गुण, क्रिया और संज्ञासे समुदायसे निर्धारणके कारण निर्धारणमें षष्ठी और सप्तमी विभक्ति हुईहै ॥

६३९ पञ्चमी विभक्ते । २।३ ।४२ ॥

विभागो विभक्तं निर्धार्यमाणस्य यत्र भेद एव तत्र पञ्चमी स्यात् । माथुराः पाटलिपुत्रकेभ्य आढ्यतराः ॥

६३९–विभक्त शब्दका अर्थ विभाग है, निर्धारणमें जिसका विभाग कियाजाय उससे पंचमी विभक्ति हो, अर्थात् जहां निर्धारणका भेद प्रतीत हो । यह पूर्व सूत्रका अपवाद है । माथुराः पाटलिपुत्रेभ्यः आढ्यतराः (माथुर पटनेवालोंसे विशेष धनी हैं), यहां पाटलिपुत्रवालोंसे आढ्यतर होनेसे माथुरोंका भेदमात्र विदित होताहै, इस कारण पाटलिपुत्र शब्दसे पंचमी हुई, षष्ठी सप्तमी न हुई ॥

६४० साधुनिपुणाभ्यामर्चायां सप्तम्यप्रतेः । २ । ३ । ४३ ॥

आभ्यां योगे सप्तमी स्यादर्चायां न तु प्रतेः प्रयोगे । मातरि साधुर्निपुणो वा । अर्चायां किम्। निपुणो राज्ञो भृत्यः ।इह तत्त्वकथने तात्पर्यम् । अप्रत्यादिभिरिति वक्तव्यम् ॥ * ॥ साधुर्निपुणो वा मातरं प्रति पर्यनु वा ॥

६४०–पूजन अर्थ गम्यमान हो तो साधु और निपुण शब्दके योगमें सप्तमी हो, प्रतिके योगमें न हो, यथा–मातरि साधुर्निपुणो वा, (माताके विषयमें सत्कार करनेवाला और चतुर है) । पूजा अर्थ न होनेपर निपुणो राज्ञो भृत्यः, इस स्थानमें तत्त्वकथनमें तात्पर्य जानना चाहिये ।

१ (निपुणः) 'पुण कर्मणि शुभे' से इगुपधलक्षण क ॥

(अप्रत्य० १४९३ वा०) जहां प्रतिके योगमें सप्तमी-का निषेध कियाहै, वहां प्रतिको आदि ले परि, अनु उपसर्गमें भी निषेध जानना, यथा—साधुर्निपुणो वा मातरं प्रति पर्यनु वा, यहां प्रति, परि और अनुका योग होनेसे सप्तमी न हुई ॥

६४१ प्रसितोत्सुकाभ्यां तृतीया च । २ । ३ । ४४ ॥

आभ्यां योगे तृतीया स्याच्चात्सप्तमी । प्रसित उत्सुको वा हरिणा हरौ वा ॥

६४१-प्रसित और उत्सुक शब्दके योगमें तृतीया और चकारसे सप्तमी हो (इन दोनों शब्दोंका 'तत्पर' अर्थ है) । प्रसितः उत्सुको वा हरिणा हरौ वा (हरिमें उत्सुक वा तत्पर —आसक्त है), यहां प्रसित और उत्सुकके योगमें सप्तमी तृतीया हुई ॥

६४२ नक्षत्रे च लुपि । २ । ३ । ४५ ॥

नक्षत्रे प्रकृत्यर्थे यो लुप्संज्ञया लुप्यमानस्य प्रत्ययस्यार्थस्तत्र वर्तमानात्तृतीयासप्तम्यौ स्तोऽधिकरणे । मूलेनावाहयेद्देवीं श्रवणेन विसर्जयेत् । मूले श्रवणे इति वा । लुपि किम् । पुष्ये शनिः॥

६४२-प्रकृत्यर्थ नक्षत्र होनेसे लुप्संज्ञासे लुप्यमान प्रत्ययके अर्थमें वर्तमान शब्दोंसे अधिकरण गम्यमान होय तो तृतीया और सप्तमी हो, आशय यह कि, नक्षत्रवाची शब्दके प्रकृत अर्थमें जो लुप्संज्ञासे लोपको प्राप्त हुए प्रत्ययका अर्थ है, उस अर्थमें वर्तमान लुबन्त नक्षत्रवाची शब्दसे तृतीया और सप्तमी हो । मूलेनावाहयेद्देवीं श्रवणेन विसर्जयेत्, मूले श्रवणे वा (मूलमें देवीका आवाहनकर श्रवणमें विसर्जन करे), यहां "नक्षत्रेण युक्तः कालः ४।२।३/१०२४" इससे अण् प्रत्यय होकर "लुबविशेषे ४।२।४/१२०५" इससे अण्का लोप होनेपर भी प्रत्ययका अर्थ वर्तमान रहताहै, इससे श्रवण और मूल शब्दोंसे सप्तमी तृतीया हुई । लुप् संज्ञासे लुप्यमान प्रत्यय कहनेका आशय यह कि, पुष्ये शनिः, यहां इस सूत्रकी अनुवृत्ति (प्राप्ति) न होगी ॥

६४३ सप्तमीपञ्चम्यौ कारकमध्ये । २ । ३ । ७ ॥

शक्तिद्वयमध्ये यौ कालाध्वानौ ताभ्यामेते स्तः । अद्य भुक्त्वाऽयं द्व्यहे द्व्यहाद्वा भोक्ता । कर्तृशक्त्योर्मध्येऽयं कालः । इहस्थोऽयं क्रोशे क्रोशाद्वा लक्ष्यं विध्येत् । कर्तृकर्मशक्त्योर्मध्येऽयं देशः । अधिकशब्देन योगे सप्तमीपञ्चम्याविष्येते । तदस्मिन्नधिकमिति यस्मादधिकमिति च सूत्रनिर्देशात् । लोके लोकाद्वाधिको हरिः ॥

६४३-दो शक्तियोंके मध्यमें जो काल और मार्गवाचक शब्द है, उससे पञ्चमी और सप्तमी हो । अद्य भुक्त्वायं द्व्यहे द्व्यहाद्वा भोक्ता, आजभोजन करके यह दो दिनमें भोजन करेगा), इस स्थानमें कर्ता और शक्तिके मध्यमें काल है, यद्यपि यहां भोक्ता कारक एक है, कारकोंका मध्य कहा है, इसपर कहतेहैं कि, शक्तिका आश्रयरूप जो द्रव्य है, वह कारक यहां नहीं लिया जायगा, किन्तु शक्तिही कारक माना जायगा, सो आज भोजन करना फिर दूसरे दिन भोजन करना यह दो शक्ति हैं ही, उनके मध्यकालवाची 'द्व्यह' शब्दसे पंचमी और सप्तमी हुई । इहस्थोयं क्रोशे क्रोशाद्वा लक्ष्यं विध्येत्, (यहीं बैठा हुआ यह एक कोशपर लक्ष्यवेध करसकताहै), यहां कर्ता कर्म शक्तिके मध्यमें मार्गवाची क्रोश शब्द है, इसमें पंचमी सप्तमी हुई ।

अधिक शब्दके योगमें भी पंचमी और सप्तमी होतीहै । यद्यपि इसका किसी सूत्रसे विधान नहीं है, तथापि पाणिनिने अपने सूत्रपाठमें "तदस्मिन्नधिकमि० ५।२।४५/१८४६" "यस्मादधिकम्० २।३।९/६४५" ऐसा अधि शब्दके योगमें सप्तमी और पञ्चमीका प्रयोग दियाहै, इससे विदित होताहै कि, अधिक शब्दके योगमें पंचमी और सप्तमी होतीहै । लोके लोकाद्वाऽधिको हरिः, यहां अधिक शब्दके योगमें लोक शब्दसे सप्तमी और पञ्चमी होतीहै ॥

६४४ अधिरीश्वरे । १ । ४ । ९७ ॥

स्वस्वामिभावसम्बन्धेऽधिः कर्मप्रवचनीयसंज्ञः स्यात् ॥

६४४-स्वस्वामिभाव सम्बन्धमें अधि शब्दकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो ॥

६४५ यस्मादधिकं यस्य चेश्वरवचनं तत्र सप्तमी । २ । ३ । ९ ॥

अत्र कर्मप्रवचनीययुक्ते सप्तमी स्यात् । उपपरार्धे हरगुणाः । परार्धादधिका इत्यर्थः । ऐश्वर्ये तु स्वस्वामिभ्यां पर्यायेण सप्तमी । अधि भुवि रामः । अधि रामे भूः । सप्तमी शौण्डैरिति समासपक्षे तु रामाधीना । अषडक्षेत्यादिना खः ॥

६४५-अधिक अर्थवाले कर्मप्रवचनीयके योगमें तथा ईश्वर अर्थमें वर्तमान कर्मप्रवचनीयके योगमें सप्तमी हो । ईश्वर अर्थमें इतना अधिक है कि, जिसका ईश्वर हो उससे सप्तमी हो, पक्षमें जिसका अर्थ ईश्वरवचन हो, उससे सप्तमी हो । अधिकार्थ कर्मप्रवचनीयके योगमें, यथा—उपपरार्द्धे हरेर्गुणाः (हरिके गुण परार्द्धसे भी अधिक हैं), यहां "उपोऽधिके च १।४।८७/५५१" इस सूत्रसे उसकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा है, इससे उसके योगमें सप्तमी हुई, ऐश्वर्य अर्थ होनेपर स्वस्वामिभाव सम्बन्ध होनेपर अधि भुवि रामः, अधि रामे भूः, यहां राम पृथ्वीके ईश्वर हैं, ऐसा अर्थ निकलता है, यहां ईश्वर अर्थमें अधिकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हुई, इससे एक पक्षमें पृथिवी शब्दसे सप्तमी, द्वितीय पक्षमें राम शब्दसे सप्तमी होतीहै । जब "सप्तमी शौण्डैः २।१।४०/७१७" इस सूत्रसे समास होताहै तब "अषडक्ष० ५।४।७/२०७९" इससे 'ख' प्रत्यय होकर और

"आयनेयीनीयियः० ७।१।२ / ४७५" इस सूत्रसे 'ख' को 'ईन' होकर 'रामाधीना' ऐसा प्रयोग बनता है ॥

६४६ विभाषा कृञि ।१।४।९८॥

अधिः करोतौ प्राक्संज्ञो वा स्यादीश्वरेऽर्थे । यदत्र मामधिकरिष्यति । विनियोक्ष्यत इत्यर्थः । इह विनियोक्तुरीश्वरत्वं गम्यते । अगतित्वा-त्तिङ्ङिचोदात्तवतीति निघातो न ॥

॥ इति विभक्त्यर्थाः ॥

६४६–ईश्वर अर्थ होनेपर कृ धातुके प्रयोगमें अधिको विकल्प करके कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो, यथा–यदत्र मामधिकरिष्यति (इसमें मुझे विनियुक्त करेगा), यहां विनियोगकर्ताको ईश्वरत्व हुआह, इस प्रकार कर्मप्रवचनीय संज्ञा होकर गति संज्ञा न होनेसे "तिङ्ङिचोदात्तवति ८।१।७१ / ३९७८" इस सूत्रसे जो निघात स्वर प्राप्त था,सो नहीं होताहै ॥ इति सप्तमी ॥

॥ इति कारकप्रकरणम् ॥

अथाऽव्ययीभावसमासप्रकरणम् ।

६४७ समर्थः पदविधिः ।२।१।१॥

पदसम्बन्धी यो विधिः स समर्थाश्रितो बोध्यः ॥

६४७–पदसम्बन्धवाली विधिको समर्थाश्रित जानना, अर्थात् पदका उद्देश करके जो समासादि कार्य्य हैं, वे विग्रह वाक्यका जो अर्थ उसका अभिधान करनेमें समर्थ होकर साधु होतेहैं ॥

६४८ प्राक्कडारात्समासः ।२।१।३॥

कडाराः कर्मधारय इत्यतः प्राक् समास इत्यधिक्रियते ॥

६४८–"कडाराः कर्मधारये ७५१" इस सूत्रके पूर्वपर्यन्त समासका अधिकार चलेगा ॥

६४९ (१) सह सुपा ।२।१।४॥

सहेति योगो विभज्यते । सुबन्तं समर्थेन सह समस्यते । योगविभागस्येष्टसिद्ध्यर्थत्वा-त्कतिपयतिङन्तोत्तरपदोयं समासः स च छन्द-स्येव । पर्यभूषत् । अनुव्यचलत् ॥

६४९–(१)–सह शब्दका योगविभाग करते हैं, समर्थके अर्थात् सुबन्त, तिङन्त, नाम, धातु इत्यादिके साथ सुबन्तका समास हो,अर्थात् सुबन्तका सुबन्तके साथ, सुबन्तका तिङन्तके साथ, सुबन्तका नामके साथ, सुबन्तका धातुके साथ समास हो, योगविभाग इष्टसिद्धिके लिये होताहै इससे कतिपयतिङन्तोत्तरपदक भी यह समास होताहै परन्तु ऐसा समास वेदमें ही होताहै, जैसे–पर्यभूषत्, अनुव्यचलत् ॥

६४९ (२) सुपा ।२।१।४॥

सुप् सुपा सह समस्यते । समासत्वात्प्राति-पदिकत्वम् ॥

६४९–(२)–सुबन्तके साथ सुबन्तका समास हो। समास होनेसे उसको प्रातिपदिकत्व होताहै (१७९) ॥

६५० सुपो धातुप्रातिपदिकयोः । २।४।७१॥

एतयोरवयवस्य सुपो लुक् स्यात् । भूतपूर्वे चरडितिनिर्देशात् । भूतशब्दस्य पूर्वनिपातः । पूर्वं भूतो भूतपूर्वः ॥ इवेन समासो विभक्त्य-लोपश्च ॥ * ॥ जीमूतस्येव ॥

६५०–धातु और प्रातिपदिकके अवयव सुप्का लोप हो। 'भूतपूर्वः' यहां पूर्वं भूतः इस विग्रहमें समास होनेपर "प्रथमानिर्दिष्टं स०"इससे उपसर्जनत्व होनेसे दोनों सुबन्तोंको पर्य्यायसे पूर्वप्रयोग प्राप्त था; परन्तु उपसर्जन (विशेषण) इस अन्वर्थ संज्ञाके बलसे 'पूर्व' शब्दको ही पूर्व निपात प्राप्त हुआ, इस लिये कहतेहैं कि, "भूतपूर्वे चरट् १९९९" ऐसे सूत्रनिर्देशके कारण भूत शब्दका ही पूर्व निपात होताहै, यथा–पूर्वं+भूतः=भूतपूर्वः ॥

इव शब्दके साथ सुबन्तका समास हो और विभक्तिका लुक् नहीं हो, यथा–जीमूतस्य+इव=जीमूतस्येव ॥

६५१ अव्ययीभावः ।२।१।५॥

अधिकारोऽयम् ॥

६५१–यहांसे अव्ययीभावका अधिकार है ॥

६५२ अव्ययं विभक्तिसमीपसमृद्धि-व्यृद्ध्यर्थाभावात्ययासंप्रतिशब्दप्रादुर्भा-वपश्चाद्यथानुपूर्व्ययौगपद्यसादृश्यसंपत्ति-साकल्यान्तवचनेषु ।२।१।६॥

अव्ययमिति योगो विभज्यते । अव्ययं समर्थेन सह समस्यते सोऽव्ययीभावः ॥

६५२–'अव्ययम्' इतने अंशका इस सूत्रमें योगविभाग करतेहैं, इससे यह अर्थ होताहै कि, समर्थके साथ अव्ययका समास हो और वह अव्ययीभावसंज्ञक हो, (विभक्ति आदिके अर्थमें वर्त्तमान अव्ययके उदाहरण क्रमसे आगे दिये जायंगे) ॥

६५३ प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्ज-नम् ।१।२।४३॥

समासशास्त्रे प्रथमानिर्दिष्टमुपसर्जनसंज्ञं स्यात्॥

६५३–समासशास्त्रके मध्यमें प्रथमानिर्दिष्टकी उपसर्जन संज्ञा हो ॥

६५४ उपसर्जनं पूर्वम् ।२।२।३०॥

मास उपसर्जनं प्राक् प्रयोज्यम् ॥

६५४–समासमें उपसर्जनका प्रयोग पूर्वमें करना चाहिये ॥

६५५ एकविभक्ति चापूर्वनिपाते । १ । २ । ४४ ॥

विग्रहे यन्नियतविभक्तिकं तदुपसर्जनसंज्ञं स्यात् न तु तस्य पूर्वनिपातः ॥

६५५–विग्रहवाक्यमें नियतविभक्तियुक्त पदकी उपसर्जन संज्ञा हो, परन्तु उसका पूर्वनिपात न हो ॥

६५६ गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य ।१।२।४८॥

उपसर्जनं यो गोशब्दः स्त्रीप्रत्ययान्तं च तदन्तस्य प्रातिपदिकस्य ह्रस्वः स्यात् । अव्ययीभावश्चेत्यव्ययत्वम् ॥

६५६–उपसर्जनीभूत जो गो शब्द और स्त्रीप्रत्ययान्त तदन्त प्रातिपदिकको ह्रस्व हो ''अव्ययीभावश्च ४५१'' इस सूत्रसे अव्ययीभावकी अव्यय संज्ञा होतीहै ॥

६५७ नाव्ययीभावादतोऽम् त्वपञ्चम्याः । २ । ४ । ८३ ॥

अदन्तादव्ययीभावात्सुपो न लुक् तस्य पञ्चमीं विना अमादेशश्च स्यात् । दिशयोर्मध्यमपदिशम् । क्लीबाऽव्ययं त्वपदिशं दिशोर्मध्ये विदिक् स्त्रियामित्यमरः ॥

६५७–अकारान्त अव्यीभाव समासके उत्तर सुप्का लुक् न हो और पंचमीको छोडकर दूसरी विभक्तियोंको अम् आदेश हो, यथा–'दिशयोर्मध्यम्' इस विग्रहमें अपदिश+अम्=अपदिशम्, यहां विभक्तिके स्थानमें अमादेश हुआहै, अमरकोशमें लिखा है–''क्लीबाव्ययं त्वपदिशं दिशोर्मध्ये विदिक् स्त्रियाम्'' अर्थात् 'दिशोंका मध्य' इस अर्थमें अपदिश यह शब्द नपुंसकलिंग अव्यय है और विदिक् शब्द स्त्रीलिंग है, इस प्रयोगमें मध्यरूप अर्थका द्योतक अप शब्द है ॥

६५८ तृतीयासप्तम्योर्बहुलम्।२।४।८४॥

अदन्तादव्ययीभावात्तृतीयासप्तम्योर्बहुलमम्भावः स्यात् । अपदिशम् । अपदिशेन । अपदिशम् । अपदिशे । बहुलग्रहणात्सुमद्रमुन्मत्तगङ्गमित्यादौ सप्तम्या नित्यमम्भावः ॥ विभक्तीत्यादेरयमर्थः । विभक्त्यर्थादिषु वर्त्तमानमव्ययं सुबन्तेन सह समस्यते सोऽव्ययीभावः ॥ विभक्तौ तावत् । हरौ इत्यधिहरि । सप्तम्यर्थस्यैवात्र द्योतकोऽधिः । हरि ङि अधि इत्यलौकिकं विग्रहवाक्यम् । अत्र निपातेनाभिहितेऽप्यधिकरणे वचनसामर्थ्यात्सप्तमी ॥

६५८–अकारान्त अव्ययीभाव समासके उत्तर तृतीया और सप्तमीको विकल्प करके अम् आदेश हो,यथा–अपदिशम्,जब अम् आदेश न हुआ तब तृतीयामें अपदिशेन । सप्तमीमें अपदिशम् और अम् आदेशके अभावमें अपदिशे । बहुलग्रहणके कारण मद्राणां समृद्धिः=सुमद्रम् । उन्मत्ता गङ्गा यस्मिन् तत्=उन्मत्तगङ्गम्–इत्यादिमें सप्तमीको नित्य अम्भाव हुआ है ।

(६५२) विभक्त्यर्थ, समीप, समृद्धि, व्यृद्धि, अर्थाभाव, अत्यय, असम्प्रति, शब्दप्रादुर्भाव, पश्चात्, यथा, आनुपूर्व्य यौगपद्य, सादृश्य, सम्पत्ति,साकल्य, अन्तवचन,इन अर्थोंमें वर्तमान अव्ययका सुबन्तके साथ समास हो, वह अव्यीभावसंज्ञक हो । अब विभक्ति आदिका उदाहरण कहतेहैं–

विभक्ति अर्थमें यथा– 'हरौ' इस विग्रहमें 'अधिहरि' इस स्थानमें अधि शब्द सप्तम्यर्थका ही द्योतक है । हरि+ङि+अधि यह अलौकिक विग्रहवाक्य है, इस स्थलमें अधि इस निपातसे अधिकरणके कथित होनेपर भी 'विभक्ति' इस वचनसामर्थ्यसे'उक्तार्थानामप्रयोगः'इस न्यायकी प्रवृत्ति न होकर सप्तमी हुई है, आशय यह है कि, प्रत्यासत्तिन्यायसे जिस विभक्तिके अर्थका वाचक अव्यय हो, उसी विभक्त्यन्तसे उस अव्ययका समास होगा, तब यहां सप्तमीके अर्थको 'अधि' इस अव्ययसे उक्त होनेपर 'उक्तार्थानाम्०' इसन्यायसे सप्तमी विभक्ति नहीं आसकती, और अन्य विभक्त्यन्तसे उस अव्ययका समास हो नहीं सकता, तब विभक्तिग्रहण व्यर्थ ही होजाता ॥

६५९ अव्ययीभावश्च । १ । ४ । १८॥

अयं नपुंसकं स्यात् । ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य । गोपायतीति गाः पातीति वा गोपाः तस्मिन्नित्यधिगोपम् ॥ समीपे । कृष्णस्य समीपमुपकृष्णम् । समया ग्रामम्, निकषा लंकाम्, आराद्वनादित्यत्र तु नाव्ययीभावः अभितःपरितः, अन्यारादिति द्वितीयापञ्चम्योर्विधानसामर्थ्यात् ॥ मद्राणां समृद्धिः सुमद्रम् ॥ यवनानां व्यृद्धिर्दुर्यवनम् । विगता ऋद्धिर्व्यृद्धिः ॥ मक्षिकाणामभावो निर्मक्षिकम् ॥ हिमस्यात्ययोऽतिहिमम् । अत्ययो ध्वंसः ॥ निद्रा संप्रति न युज्यते इत्यतिनिद्रम् ॥ हरिशब्दस्य प्रकाश इतिहरि ॥ विष्णोः पश्चादनुविष्णु । पश्चाच्छब्दस्य तु नायं समासः । ततः पश्चात् स्रंस्यत इति भाष्यप्रयोगात् ॥ योग्यतावीप्सापदार्थानतिवृत्तिसादृश्यानि यथार्थाः । अनुरूपम् । रूपस्य योग्यमित्यर्थः । अर्थमर्थं प्रति प्रत्यर्थम् । प्रतिशब्दस्य वीप्सायां कर्मप्रवचनीयसंज्ञाविधानसामर्थ्यात्तद्योगे द्वितीयागर्भं वाक्यमपि । शक्तिमनतिक्रम्य यथाशक्ति । हरेः सादृश्यं सहरि । वक्ष्यमाणेन सहस्य सः ॥ ज्येष्ठस्यानुपूर्व्येणेत्यनुज्येष्ठम् ॥ चक्रेण युगपदिति विग्रहे ॥

६५९–अव्यीभाव समास नंपुसक हो, गोपायतीति, गाः पातीति वा गोपाः, तस्मिन्, इस विग्रहमें समास होनेसे नपुं-

सक होकर गोपाके आकारको " ह्रस्वो नपुंसके० ३१८" से ह्रस्व हुआ, तथा अम्भाव हुआ, अधिगोपम् ।

सामीप्यार्थमें यथा–कृष्णस्य समीपम्=उपकृष्णम्, यहां उप सामीप्य अर्थका द्योतक है ।

" अभितःपरितः० वा० " और "अन्यारात्० (५९५ सू०) " इनसे द्वितीया और पंचमीके विधानके सामर्थ्यसे समया ग्रामम्, निकषा लंकाम्, आरात् वनात्–इत्यादिमें अव्ययीभाव समास न हुआ ।

समृद्धयर्थमें यथा–मद्राणां समृद्धिः=सुमद्रम् ।

व्यृद्धयर्थमें यथा–यवनानां व्यृद्धिः=दुर्यवनम् । विगता ऋद्धिः=व्यृद्धिः ।

अभावमें यथा–मक्षिकाणामभावः=निर्मक्षिकम्, यहां निर् शब्द अभावका द्योतक है और अव्यय है ।

अत्यय अर्थमें यथा–हिमस्यात्ययः=अतिहिमम्,यहां अत्यय शब्द ध्वंसार्थमें है और अव्यय है ।

असम्प्रति अर्थमें यथा–निद्रा सम्प्रति न युज्यते इत्यतिनिद्रम्, यहां असम्प्रति (नहीं लगना) इस अर्थमें अति अव्यय है ।

शब्दप्रादुर्भाव अर्थात् प्रकाश अर्थमें यथा–हरिशब्दस्य प्रकाशः=इतिहरि, यहां प्रकाशार्थद्योतक इति शब्द है ।

पश्चात् अर्थमें विष्णोः पश्चात्=अनुविष्णु, यहां अनु शब्द पश्चात् अर्थका द्योतक है । "ततः पश्चात् स्रंस्यते(१।१।५७)" इस प्रकार भाष्यप्रयोगके कारण पश्चात् शब्दके साथ अव्ययीभाव समास नहीं होता ।

यथा शब्दके योग्यता, वीप्सा (सम्बन्धकी इच्छा), पदार्थानतिवृत्ति (किसी पदार्थका उल्लंघन न करना) और सादृश्य (समानपना) यह चार अर्थ जानने । योग्यता अर्थमें यथा–रूपस्य योग्यम् अनु+रूप+अम्=अनुरूपम्, यहां अनु योग्यताका द्योतक है । वीप्सा अर्थमें यथा–अर्थम् अर्थं प्रति=प्रत्यर्थम् (सब अर्थोंके विषय), यहां वीप्सा अर्थका द्योतक प्रति है । प्रति शब्दको वीप्सा अर्थमें कर्मप्रवचनीय संज्ञा विधानके सामर्थ्यसे उसके योगमें द्वितीयागर्भ वाक्य भी होताहै । पदार्थानतिवृत्ति अर्थमें यथा–शक्तिमनतिक्रम्य यथा+शक्ति+अम्=यथाशक्ति, अर्थात् शक्तिके अनुसार । सादृश्य अर्थमें यथा–हरेः सादृश्यम्=सहरि।अगले सूत्रसे सह शब्दके स्थानमें स आदेश हुआ है ।

आनुपूर्व्य अर्थमें यथा–ज्येष्ठस्य आनुपूर्व्येण(६५४) अनु+ज्येष्ठ+अम्=अनुज्येष्ठम् ।

युगपत् अर्थमें यथा–चक्रेण युगपत्, इस वाक्यमें समास होनेपर–॥

६६० अव्ययीभावे चाकाले।६।३।८१॥

सहस्य सः स्यादव्ययीभावे न तु काले । सचक्रम् । काले तु सहपूर्वाह्णम् ॥ सदृशः सख्या ससखि । यथार्थत्वेनैव सिद्धे पुनः सादृश्यग्रहणं गुणभूतेपि सादृश्ये यथा स्यादित्येवमर्थम् ॥ क्षत्त्राणां संपत्तिः सक्षत्त्रम् ॥ ऋद्धेराधिक्यं समृद्धिः, अनुरूपमात्मभावः संपत्तिरिति भेदः ॥ तृणमप्यपरित्यज्य सतृणमत्ति । साकल्येनेत्यर्थः । न त्वत्र तृणभक्षणे तात्पर्यम् ॥ अन्ते अग्निग्रन्थपर्यन्तमधीते साग्नि ॥

६६०–अव्ययीभाव समासमें सह शब्दके स्थानमें स हो, यदि उत्तरपद कालवाचक हो तो न हो । सह+चक्र+अम्=सचक्रम् (चक्रसहित) कालार्थमें यथा–पूर्वाह्णेन+सह=सहपूर्वाह्णम्, यहां सहके स्थानमें स न हुआ ।

सादृश्यार्थमें यथा–सदृशः सख्या=ससखि। यथार्थहीसे सादृश्यमें भी समास सिद्ध होजाता फिर सादृश्यका ग्रहण इस कारण है कि, गुणभूत सादृश्यमें भी समास हो ('सदृशः सख्या' यहां द्रव्यकी प्रधानता होनेसे ' सादृश्य' गौण है) । सम्पत्ति अर्थमें यथा–क्षत्त्राणां सम्पत्तिःसह+क्षत्र+अम्=सक्षत्रम् (क्षत्त्रियोंकी सम्पत्ति)यहां सह शब्द सम्पत्ति अर्थमें है । ऋद्धेराधिक्यम्=समृद्धिः,अर्थात् धनके आधिक्यका नाम समृद्धि है और अनुरूप आत्मभावका नाम सम्पत्ति है, यही भेद है ।

साकल्य अर्थमें यथा–तृणमपि अपरित्यज्य अत्ति सह+तृण=सतृण+अम्=सतृणम्, अर्थात् तृणके साथ ही सब भोजन कर लेताहै, यहां साकल्यार्थमें सह शब्द है, तृण भक्षणमें तात्पर्य नहीं है ।

अन्तार्थमें यथा–अग्निग्रन्थपर्यन्तमधीते सह+अग्नि=साग्नि ॥

६६१ यथाऽसादृश्ये । २ । १ । ७ ॥

असादृश्ये एव यथा शब्दः समस्यते । तेनेह न । यथा हरिस्तथा हरः । हरेरुपमानत्वं यथा शब्दो द्योतयति । तेन सादृश्ये इति वा यथार्थ इति वा प्राप्तं निषिध्यते ॥

६६१–असादृश्यार्थमें ही यथा शब्दका समास हो, इसी कारण यथा हरिस्तथा हरः, यहां सादृश्यार्थ होनेसे भी समास न हुआ, यथा शब्द यहां हरिका उपमानत्व प्रकाश करताहै, इसीसे "सादृश्ये" इससे वा "यथार्थ" इससे प्राप्त समासका निषेध हुआ है ॥

६६२ यावदवधारणे । २ । १ । ८ ॥

यावन्तः श्लोकास्तावन्तोऽच्युतप्रणामा यावच्छ्लोकम् ॥

६६२–अवधारण अर्थात् निश्चय अर्थमें यावत् शब्दको सुबन्तके साथ अव्ययीभाव समास हो, जैसे–यावन्तः श्लोकास्तावन्तोऽच्युतप्रणामाः=यावच्छ्लोकम् । अवधारण अर्थ न होनेपर यावद्दत्तं तावद् भुक्तम् (कितना खाया सो नहीं जाना जाताहै), यहां समास न हुआ ॥

६६३ सुप् प्रतिना मात्रार्थे।२।१।९॥

शाकस्य लेशः शाकप्रति। मात्रार्थे किम् । वृक्षं प्रति विद्योतते विद्युत् ॥

६६३–मात्रा अर्थमें प्रति शब्दके साथ सुबन्तका समास हो । यहां पुनः सुपका ग्रहण अव्ययनिवृत्तिके निमित्त है । शाकस्य+लेशः=शाकप्रति ।

मात्रार्थ न होनेपर वृक्षं प्रति विद्योतते विद्युत्, यहां समास न हुआ ॥

६६४ अक्षशलाकासंख्याः परिणा । । २ । १ । १० ॥

द्यूतव्यवहारे पराजये एवायं समासः । अक्षेण विपरीतं वृत्तम् अक्षपरि । शलाकापरि । एकपरि ॥

६६४-द्यूतव्यवहारमें पराजय गम्यमान हो तो अक्ष, शलाका और संख्यावाचक शब्दोंका परि शब्दके साथ समास हो, जैसे-अक्षेण विपरीतं वृत्तम्=अक्षपरि, शलाकया विपरीतं वृत्तम्=शलाकापरि, एकेन विपरीतं वृत्तम्=एकपरि ॥

६६५ विभाषा । २ । १ । ११ ॥

अधिकारोऽयम् । एतत्सामर्थ्यादेव प्राचीनानां नित्यसमासत्वम् । सुप् सुपेति तु न नित्यसमासः । अव्ययमित्यादिसमासविधानाज्ज्ञापकात् ॥

६६५-यह विभाषाधिकार है, यहां इसके करनेके कारण पूर्ववर्त्ती सूत्रोंसे नित्य समास होगा, परन्तु "अव्ययम्" इत्यादिसे समास विधान सामर्थ्यके कारण "सह सुपा" इस सूत्रसे नित्य समास नहीं होगा (आशय यह है कि, एकार्थीभाव सामर्थ्य और व्यपेक्षा सामर्थ्य, इनकी विवक्षासे समास और वाक्यका साधुत्व हो ही जाता, फिर विभाषाधिकार करनेका प्रयोजन यह है कि, लक्षण देखकर प्रयोग करनेवाले जो वैयाकरण लोग उनको भी स्पष्टतया समझमें आवे । यहां सन्देह यह है कि, विभाषाधिकारको इस जगह करनेसे इससे पूर्वसूत्रोंसे नित्य ही समास होगा, तब-विस्पष्टं पटुः विस्पष्टपटुः ऐसा 'सुप् सुपा' से समास करके विग्रहवाक्य जो भाष्यकारने दिखाया है, सो विरुद्ध होताहै ? इसपर कहतेहैं कि, "सुप्सुपा" इससे नित्य समास नहीं होताहै, कारण "अव्ययम्०" इससे समासविधान व्यर्थ हो जायगा) ॥

६६६ अपपरिबहिरञ्चवः पञ्चम्या । २ । १ । १२ ॥

अपविष्णु संसारः । अप विष्णोः । परिविष्णु । परिविष्णोः । बहिर्वनम् । बहिर्वनात् । प्राग्वनम् । प्राग्वनात् ॥

६६६-अप, परि, बहिः, अञ्चु शब्दोंका पञ्चमी विभक्त्यन्तके साथ विकल्प करके समास हो, जैसे-अपविष्णु, संसारः, अप विष्णोः । परिविष्णु, परिविष्णोः । बहिर्वनम्, बहिर्वनात् । प्राग्वनम्, प्राग्वनात् ।

१ समासप्रकरणमें जिस जगह शब्दका समास होऐसा लिखाहै, वहां तत्प्रकृतिकसुबन्तका समास समझना, कारण जो सुपकी अनुवृत्ति आतीहै, यथा-(६६४) इस सूत्रके अर्थमें लिखाहै की जो अक्षवाचक, शलाकावाचक और संख्यावाचक शब्दोंका परिशब्दके साथ समास हो, वहां अक्षवाचकप्रकृतिक, शलाकावाचकप्रकृतिक और संख्यावाचकप्रकृतिक सुबन्तोंका परि शब्दके साथ समास हो ऐसा जानना, इसी तरह सब जगह जानना ॥

६६७ आङ्मर्यादाभिविध्योः २ । १ । १३ ॥

एतयोराङ् पञ्चम्यन्तेन वा समस्यते सोऽव्ययीभावः । आमुक्ति संसारः । आ मुक्तेः । आबालं हरिभक्तिः । आ बालेभ्यः ॥

६६७-मर्यादा और अभिविधि अर्थमें आङ् शब्दका पञ्चम्यन्तके साथ विकल्प करके अव्ययीभाव समास हो, जैसे-आमुक्ति संसारः, आ मुक्तेः (मुक्तिं मर्यादीकृत्येत्यर्थः) (मुक्तिको मर्य्यादा करके संसार है) । आबालं हरिभक्तिः, आ बालेभ्यः ॥

६६८ लक्षणेनाभिप्रती आभिमुख्ये । २ । १ । १४ ॥

आभिमुख्यद्योतकावभिप्रती चिह्नवाचिना सह प्राग्वत् । अभ्यग्नि शलभाः पतन्ति । अग्निमभि प्रत्यग्नि । अग्निं प्रति ॥

६६८-आभिमुख्य-द्योतक अभि और प्रति शब्दोंका चिह्नवाचक शब्दोंके साथ पूर्ववत् समास हो, जैसे-अभ्यग्नि शलभाः पतन्ति, अग्निमभि । प्रत्यग्नि, अग्निं प्रति ॥

६६९ अनुर्यत्समया । २ । १ । १५ ॥

यं पदार्थं समया द्योत्यते तेन लक्षणभूतेनानुः समस्यते सोऽव्ययीभावः । अनुवनमशनिर्गतः । वनस्य समीपं गत इत्यर्थः ॥

६६९-जिस पदार्थका सामीप्य द्योतन किया जाय उस लक्षणभूत शब्दके साथ अनु शब्दका अव्ययीभाव समास हो, जैसे-अनुवनमशनिर्गतः (वनस्य समीपं गत इत्यर्थः, अर्थात् वनके समीपमें वज्रका पतन हुआ है) ॥

६७० यस्य चायामः । २ । १ । १६ ॥

यस्य दैर्घ्यमनुना द्योत्यते तेन लक्षणभूतेनानुः समस्यते । अनुगङ्गं वाराणसी । गंगाया अनु । गंगादैर्घ्यसदृशदैर्घ्योपलक्षितेत्यर्थः ॥

६७०-अनु शब्दसे जिसका दैर्घ्यद्योतन हो, उस लक्षणभूतके साथ अनु शब्दका समास हो, जैसे-अनुगङ्गं वाराणसी, गङ्गाया अनु, अर्थात् गंगा सदृश दैर्घ्यसमान वाराणसी है ॥

६७१ तिष्ठद्गुप्रभृतीनि च । २ । १ । १७ ॥

एतानि निपात्यन्ते । तिष्ठन्ति गावो यस्मिन्काले स तिष्ठद्गु दोहनकालः आयतीगवम् । इह शत्रादेशः पुंवद्भावविरहः समासान्तश्च निपात्यते ॥

६७१-तिष्ठद्गु इत्यादि पद निपातनसे सिद्ध होतेहैं, जैसे-तिष्ठंति गावो यस्मिन् काले सः तिष्ठद्गु अर्थात् दोहनकाल, इस स्थानमें शतृ आदेश हुआहै सो निपातन सिद्ध है । और ओकारको "गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य" से ह्रस्व, आयत्यः गावो यस्मिन् काले सः आयतीगवम्, इस स्थानमें शतृ आदेश, पुंवद्भावविरह और समासान्त टच् प्रत्यय निपातनसे सिद्ध हुए है ॥

६७२ पारे मध्ये षष्ठ्या वा ।२।१।१८॥

पारमध्यशब्दौ षष्ठ्यन्तेन सह वा समस्येते। एदन्तत्वं चानयोर्निपात्यते। पक्षे षष्ठीतत्पुरुषः। पारेगङ्गादानय। गङ्गापारात्। मध्येगङ्गात्। गङ्गामध्यात्। महाविभाषया वाक्यमपि। गङ्गायाः पारात्। गङ्गाया मध्यात्॥

६७२-पार और मध्य शब्दका षष्ठ्यन्तके साथ विकल्प करके समास हो, और इनकी एकारान्तता भी निपातन सिद्ध हो। पक्षमें-षष्ठीतत्पुरुष होगा। जैसे-पारेगंगादानय, पक्षमें-षष्ठीतत्पुरुष होकर, गंगापारात्। मध्येगङ्गात्, पक्षमें-गंगामध्यात्। महाविकल्पके कारण वाक्यभी होकर गङ्गायाः पारात्, गङ्गायाः मध्यात्, इस प्रकार होंगे॥

६७३ संख्या वंश्येन।२।१।१९॥

वंशो द्विधा विद्यया जन्मना च। तत्र भवो वंश्यः। तद्वाचिना सह संख्या वा समस्यते। द्वौ मुनी वंश्यौ। द्विमुनि। व्याकरणस्य त्रिमुनि। विद्या तद्वतामभेदविवक्षायां त्रिमुनि व्याकरणम्। एकविंशतिभारद्वाजम्॥

६७३-विद्या और जन्मसे वंश दो प्रकारका है, वंशे भवः वंश्यः अर्थात् वंशमें जो हो, वंश्यवाचक शब्दके साथ संख्यावाचकका विकल्प करके समास हो। द्वौ मुनी वंश्यौ= इस वाक्यमें द्विमुनि। व्याकरणस्य त्रिमुनि, अर्थात् व्याकरणके तीन मुनि हैं, जैसे-पाणिनि, कात्यायन, पतञ्जलि। विद्या और विद्वान्की अभेद विवक्षामें जैसे-त्रिमुनि व्याकरणम्, अर्थात् त्रिमुनिरूप व्याकरण। जन्मसे वंशभेदका उदाहरण जैसे-एकविंशतिभारद्वाजम् (एकविंशतिः भारद्वाजा वंश्या इति विग्रहः)॥

६७४ नदीभिश्च। २।१।२०॥

नदीभिः संख्या प्राग्वत्॥ समाहारे चायमिष्यते॥ * ॥ सप्तगङ्गम्। द्वियमुनम्॥

६७४-नदीवाचक शब्दोंके साथ संख्यावाचकका पूर्ववत् समास हो। समाहारमें यह समास इष्ट है, यथा-सप्तानां गङ्गानां समाहारः सप्तगङ्गम्, द्वयोर्यमुनयोः समाहारः द्वियमुनम्॥

६७५ अन्यपदार्थे च संज्ञायाम्।२।१।२१॥

अन्यपदार्थे विद्यमानं सुबन्तं नदीभिः सह नित्यं समस्यते संज्ञायाम्॥ विभाषाधिकारेऽपि वाक्येन संज्ञानवगमादिह नित्यसमासः। उन्मत्तगङ्गं नाम देशः। लोहितगङ्गम्॥

६७५-संज्ञा होनेपर अन्य पदार्थमें विद्यमान सुबन्तका नदीवाचक शब्दोंके साथ नित्य समास हो। विभाषाधिकार होनेपर भी वाक्यसे संज्ञाके अनवगमके कारण इस स्थलमें नित्य समास होगा, उन्मत्ता गङ्गा यस्मिन्-उन्मत्तगङ्गम्, अर्थात् इस नामका देश। लोहितगङ्गम्॥

६७६ समासान्ताः।५।४।६८॥

इत्यधिकृत्य॥

६७६-समासान्ताः इसका अधिकार करके कहतेहैं-

६७७ अव्ययीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः। ५।४।१०७॥

शरदादिभ्यष्टच् स्यात्समासान्तोऽव्ययीभावे। शरदः समीपमुपशरदम्। प्रतिविपाशम्। शरद्। विपाश्। अनस्। मनस्। उपानह्। दिव्। हिमवत्। अनडुह्। दिश्। दृश्। विश्। चेतस्। चतुर्। त्यद्। तद्। यद्। कियत्। जराया जरस् च। उपजरसम्। प्रतिपरसमनुभ्योऽक्ष्णः। यस्येति च। प्रत्यक्षम्। अक्ष्णः परमिति विग्रहे समासान्तविधानसामर्थ्यादव्ययीभावः। परोक्षे लिडिति निपातनात्परस्यौकारादेशः। परोक्षम्। परोक्षा क्रियेत्यादि तु अर्शआद्यचि। समक्षम्। अन्वक्षम्॥

६७७-शरदादि शब्दोंके उत्तर समासान्त टच् प्रत्यय हो अव्ययीभावमें, जैसे-'शरदः समीपम्', इसवाक्यमें उप+शरद्+टच्(अ)=उपशरदम्। प्रतिविपाशम्। शरदादि यथा-शरद्, विपाश्, अनस्, मनस्, उपानह्, दिव्, हिमवत्, अनडुह्, दिश्, दृश्, विश्, चेतस्, चतुर्, त्यद्, तद्, यद्, कियत्, यह शब्द। जरा शब्दके स्थानमें जरस् आदेश और टच् प्रत्यय हो उप+जरस्+अ+अम्=उपजरसम्। प्रति, पर, सम, अनु, शब्दके परे स्थित अक्षि शब्दके उत्तर टच् प्रत्यय हो। "यस्येति च ३११" इस सूत्रसे अवर्णलोप होकर अक्ष्णः प्रति इस वाक्यमें प्रत्यक्षम्। अक्ष्णः परम् इस वाक्यमें समासान्त विधानकी सामर्थ्यके कारण अव्ययीभाव हुआ, "परोक्षे लिट् २१७१" इस सूत्रसे निपातनसे पर शब्दके अकारके स्थानमें ओकार आदेश हुआ, जैसे-परोक्षम्। 'परोक्षा क्रिया' इत्यादि स्थलमें "अर्शआदिभ्योच्" इस सूत्रसे अच् प्रत्यय करके सिद्ध हुईहै, अक्ष्णः समम्=समक्षम् अर्थात् अक्षिके योग्य। अक्ष्णः अनु=अन्वक्षम् अर्थात् आक्षिके पश्चात्॥

६७८ अनश्च। ५।४।१०८॥

अन्नन्तादव्ययीभावाट्टच् स्यात्॥

६७८-अन्नन्त अव्ययीभाव समासके उत्तर टच् प्रत्यय हो॥

६७९ नस्तद्धिते।६।४।१४४॥

नान्तस्य भस्य टेर्लोपः स्यात्तद्धिते। उपराजम्। अध्यात्मम्॥

६७९-तद्धित परे रहते नान्त भसंज्ञककी टिका लोप हो, जैसे-राज्ञः समीपम् इस वाक्यमें उप+राजन्+अ+अम्=उपराजम्, आत्मनि अधि इस वाक्यमें अधि+आत्मन्+अ+अम्=अध्यात्मम्, यहां अन् भागका लोप टि होनेसे हुआहै॥

६८० नपुंसकादन्यतरस्याम् ५।४।१०९॥

अन्नन्तं यत् क्लीवं तदन्ताद्व्ययीभावाट्टच् वा स्यात्। उपचर्मम्। उपचर्म॥

६८०-अन् भागान्त जो नपुंसक तदन्त अव्ययीभाव समासमें विकल्प करके टच् हो, जैसे-चर्मणः उप=उपचर्मन्+अ=उपचर्म+अम्=उपचर्मम्, पक्षे-उपचर्म॥

६८१ नदीपौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः। ५।४।११०॥

वा टच् स्यात्। उपनदम्। उपनदि। उपपौर्णमासम्। उपपौर्णमासि। उपाग्रहायणम्। उपाग्रहायणि॥

६८१-नदी, पौर्णमासी, आग्रहायणी शब्दोंके उत्तर विकल्प करके टच् हो। नद्याः समीपम्-इस वाक्यमें उपनदम्, पक्षे-उपनदि। पौर्णमास्याः समीपम्=उपपौर्णमासम्, उपपौर्णमासि। आग्रहायण्याः समीपम्=उपाग्रहायणम्, उपाग्रहायणि॥

६८२ झयः। ५।४।११२॥

झयन्ताद्व्ययीभावाट्टज्वा। उपसमिधम्। उपसमित्॥

६८२-झयन्त अव्ययीभावके उत्तर विकल्प करके टच् हो। समिधः समीपम्=इस वाक्यमें उप+समिध्+अ+अम्=उपसमिधम्, पक्षमें-उपसमित् (२०६ सू.)॥

६८३ गिरेश्च सेनकस्य। ५।४।११३॥

गिर्यन्ताद्व्ययीभावाट्टच् वा स्यात्। सेनकग्रहणं पूजार्थम्। उपगिरम्। उपगिरि॥

॥ इत्यव्ययीभावः॥

६८३-गिरिशब्दान्त अव्ययीभावके उत्तर विकल्प करके टच् हो। सेनकग्रहण पूजाके निमित्त है। गिरेः समीपम्=उपगिरम्, पक्षमें-उपगिरि॥

॥ इत्यव्ययीभावः॥

अथ तत्पुरुषसमासप्रकरणम्।

६८४ तत्पुरुषः। २।१।२२॥

अधिकारोऽयं प्राग्बहुव्रीहेः॥

६८४-"तत्पुरुषः" इसका बहुव्रीहि समासके पूर्वपर्यंत अधिकार है॥

६८५ द्विगुश्च। २।१।२३॥

द्विगुरपि तत्पुरुषसंज्ञः स्यात्। इदं सूत्रं त्यक्तुं शक्यम्। संख्यापूर्वो द्विगुश्चेति पठित्वा चकारबलेन संज्ञाद्वयसमावेशस्य सुवचत्वात्। समासान्तः प्रयोजनम्। पञ्चराजम्॥

६८५-द्विगु समास भी तत्पुरुषसंज्ञक हो। "संख्यापूर्वो द्विगुश्च" इस सूत्रमें पठित चकारसे दोनों संज्ञाओंके समावेशके सुवचत्वके कारण यह सूत्र त्याग कर सकते हैं। द्विगुकी तत्पुरुषसंज्ञा करनेका समासान्त अर्थात् टच् आदि प्रत्यय प्रयोजन होगा, जैसे-पञ्चानां राज्ञां समाहारः=इस वाक्यमें पञ्चराजम्-इत्यादि॥

६८६ द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः। २।१।२४॥

द्वितीयान्तं श्रितादिप्रकृतिकैः सुबन्तैः सह वा समस्यते स तत्पुरुषः। कृष्णं श्रितः कृष्णश्रितः। दुःखमतीतो दुःखातीतः॥ गम्यादीनामुपसंख्यानम्॥ * ॥ ग्रामं गमी ग्रामगमी। अन्नं बुभुक्षुः अन्नबुभुक्षुः॥

६८६-श्रित, अतीत, पतित, गत, अत्यस्त, प्राप्त और आपन्नप्रकृतिक सुबन्तके साथ द्वितीयान्त पदका विकल्प करके तत्पुरुष समास हो। कृष्णं श्रितः=कृष्णश्रितः। दुःखम् अतीतः=दुःखातीतः।

गम्यादिका भी द्वितीयान्तके साथ तत्पुरुष समास हो* जैसे-ग्रामं गमी=ग्रामगमी। अन्नं बुभुक्षुः=अन्नबुभुक्षुः। यह द्वितीयातत्पुरुष समास हुआ॥

६८७ स्वयं क्तेन। २।१।२५॥

द्वितीयेति न सम्बध्यतेऽयोग्यत्वात्। स्वयंकृतस्याऽपत्यं स्वायंकृतिः॥

६८७-क्तप्रत्ययान्तप्रकृतिक सुबन्तके साथ स्वयं शब्दका समास हो। अयोग्यत्वके कारण द्वितीया (६८६ सू०) के साथ इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। स्वयंकृतस्य अपत्यम्=स्वायंकृतिः। समास न होनेपर स्वयं कातिः ऐसा होगा॥

६८८ खट्वा क्षेपे। २।१।२६॥

खट्वाप्रकृतिकं द्वितीयान्तं क्तान्तप्रकृतिकेन सुबन्तेन समस्यते निन्दायाम्। खट्वारूढो जाल्मः। नित्यसमासोऽयम्। न हि वाक्येन निन्दा गम्यते॥

६८८-निन्दा अर्थ होनेपर खट्वाप्रकृतिक द्वितीयान्त पदका क्तान्तप्रकृतिक सुबन्तके साथ समास हो। खट्वा+आरूढः=खट्वारूढो जाल्मः। जाल्म नाम अविचारसे काम करनेवालेका है, वेद और व्रतको समाप्तकर खाटपर चढना चाहिये, भूमिपर शयन ब्रह्मचर्यावस्थामें नहीं कर, उस समय जो खाट पर चढता है, वह जाल्म है, वा सब ही निषिद्ध अनुष्ठानकारी खट्वारूढ कहे जायँगे। यह नित्य समास है, कारण जो वाक्यसे निन्दाकी प्रतीति नहीं होतीहै॥

६८९ सामि। २।१।२७॥

सामिकृतम्॥

६८९-सामि शब्द अर्द्धवाचक है। क्तप्रत्ययान्तप्रकृतिक सुबन्तके साथ सामि शब्दका समास हो। सामिकृतम्॥

६९० कालाः । २ । १ । २८ ॥

क्तेनेत्येव अनत्यन्तसंयोगार्थं वचनम् । मासप्रमितः प्रतिपच्चन्द्रः। मासं परिच्छेत्तुमारब्धवानित्यर्थः ॥

६९०–कालवाचक शब्दका क्तप्रत्ययान्तप्रकृतिक सुबन्तके साथ समास हो । यह सूत्र अनत्यन्त संयोगके निमित्त है । मासं प्रमितः=मासप्रमितः प्रतिपच्चन्द्रः, अर्थात् मासके नियमके निमित्त प्रतिपद् (पड़वा) का आरब्धवान् चन्द्र होताहै । (माङ् माने " आदिकर्मणि क्तः कर्त्तरि च" इससे कर्त्तामें क्त हुआ) ॥

६९१ अत्यन्तसंयोगे च । २।१।२९॥

काला इत्येव । अक्तान्तार्थ वचनम् । मुहूर्तं सुखं मुहूर्तसुखम् ॥

६९१–अत्यन्त संयोग होनेपर कालवाचक शब्दका क्तप्रत्ययान्तसे भिन्नके साथ समास हो । मुहूर्तं सुखम् (५५८)= इस विग्रहसे मुहूर्तसुखम् (मुहूर्तपर्यन्त सुख) ॥

६९२ तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन । २ । १ । ३० ॥

तत्कृतेति लुप्ततृतीयाकम्। तृतीयान्तं तृतीयान्तार्थकृतगुणवचनेनार्थशब्देन च सह प्राग्वत् । शंकुलया खण्डः शंकुलाखण्डः । धान्यनार्थो धान्यार्थः । तत्कृतेति किम् । अक्ष्णा काणः ॥

६९२–"तत्कृत" यह लुप्ततृतीयाग्र पद है । तृतीयान्तार्थकृत जो गुण तद्वाचक शब्द और अर्थ शब्द उसके साथ तृतीयान्त पदका समास हो । शंकुलया खंडः=शंकुलाखंडः । (खडि+भेदने इससे घञ् प्रत्यय करके खण्ड बना, करणमें तृतीया हुई) । धान्येन अर्थः=धान्यार्थः ।

तत्कृत यह कहनेसे 'अक्ष्णा काणः' इस स्थलमें समास नहीं हुआ, यहां तृतीयान्त 'अक्ष्णा' पद तो है, परन्तु आंखने काना नहीं किया, किन्तु कर्मने किया ('कण्–निमीलने' कण्+घञ्=काणः) ॥

६९३ पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः । २ । १ । ३१ ॥

तृतीयान्तमेतैः प्राग्वत् । मासपूर्वः।मातृसदृशः । पितृसमः । ऊनार्थे माषोनं कार्षापणम् । माषविकलम् । वाक्कलहः । आचारनिपुणः। गुडमिश्रः। आचारश्लक्ष्णः । मिश्रग्रहणे सोपसर्गस्याऽपि ग्रहणम्। मिश्रं चानुपसर्गमसन्धावित्यत्रानुपसर्गग्रहणात् । गुडसंमिश्रा धानाः ॥ अवरस्योपसंख्यानम् ॥ * ॥ मासेनावरो मासावरः ॥

६९३–पूर्व, सदृश, सम, ऊनार्थ, कलह, निपुण, मिश्र और श्लक्ष्ण शब्दके साथ तृतीयान्त पदका समास हो । मासेन पूर्वः इस वाक्यमें मासपूर्वः । मात्रा सदृशः=मातृसदृशः । पित्रा समः=पितृसमः । ऊनार्थमें यथा–माषोनम् कार्षापणम् । माषविकलम् । वाक्कलहः । आचारनिपुणः । गुडमिश्रः । आचारश्लक्ष्णः ।

सूत्रमें मिश्रग्रहण करनेसे सोपसर्ग मिश्र शब्दका भी ग्रहण होगा, कारण जो " मिश्रञ्चानुपसर्गमसंधौ (३८८८) इस सूत्रमें अनुपसर्गका ग्रहण नहीं भी करनेपर सोपसर्ग मिश्र शब्दका ग्रहण नहीं होता, फिर अनुपसर्गग्रहण क्यों किया, इससे ज्ञापित होताहै कि, मिश्रग्रहण रहते सोपसर्गका भी ग्रहण होताहै, इसलिये गुडसंमिश्रा धानाः यहां भी समास हुआ ।

अवर शब्दके साथ तृतीयान्तका समास हो, * जैसे–मासेन अवरः=इस वाक्यमें मासावरः ॥

६९४ कर्तृकरणे कृता बहुलम् । २ । १ । ३२ ॥

कर्तरि करणे च तृतीया।कृदन्तेन बहुलं प्राग्वत्। हरिणा त्रातो हरित्रातः । नखैर्भिन्नो नखभिन्नः॥ कृद्ग्रहणे गतिकारकपूर्वस्यापि ग्रहणम् ॥ भिक्षाभिर्नखनिर्भिन्नः । कर्तृकरणे इति किम् । भिक्षाभिरुषितः । हेतावेषा तृतीया । बहुलग्रहणं सर्वोपाधिव्यभिचारार्थम् । तेन दात्रेण लूनवानित्यादौ न । कृता किम् । काष्ठैः पचतितराम् ॥

६९४–कर्ता और करणमें जो तृतीया, उसका कृदन्तके साथ विकल्प करके समास हो । हरिणा त्रातः=इस विग्रहमें हरित्रातः । नखैर्भिन्नः=नखभिन्नः । कृत्का ग्रहण रहनेसे गति और कारकपूर्वकका भी ग्रहण होताहै, इसलिये नखनिर्भिन्नः, यहां गतिपूर्वक कृदन्तके भी साथ समास हुआ । कर्तृकरणे ऐसा क्यों कहा ? तो कर्त्ता करणमें तृतीया न होनेपर भिक्षाभिरुषितः, अर्थात् भिक्षाके निमित्त वास करता है, इस स्थलमें हेतुमें तृतीया हुई है, कर्ता वा करणमें नहीं । इससे समास न हुआ ।

सूत्रमें बहुलग्रहण सर्वोपाधिव्यभिचारार्थ है अर्थात् जिस कारणसमूहके रहनेसे समास होताहै, उस कारणसमूहके रहनेपर भी कहीं न हो; इसी कारण 'दात्रेण लूनवान्' इत्यादिमें समास नहीं हुआ ।

" कृता " ग्रहण करनेसे काष्ठैः पचतितराम् इस स्थलमें समास नहीं हुआ ॥

६९५ कृत्यैरधिकार्थवचने । २ । १।३३॥

स्तुतिनिन्दाफलकमर्थवादवचनमधिकार्थवचनं तत्र कर्तरि करणे च तृतीया कृत्यैः सह प्राग्वत्। वातच्छेद्यं तृणम् । काकपेया नदी ॥

६९५–स्तुति और निन्दाफलक अर्थवादवचनको अधिकार्थवचन कहतेहैं, उसमें कर्ता और करण कारकमें तृतीयाका कृत्यप्रत्ययान्तके साथ पूर्ववत् समास हो, जैसे–वातेन+छेद्यम्=वातच्छेद्यम्, तृणम्, काकैः+पेया=काकपेया नदी, यहां

अत्यन्त तरङ्ग होनेके कारण काकहीसे पीने लायक इस अर्थसे स्तुति, और कम जलके कारण काकहीसे पीने योग्य न कि दूसरेसे इस अर्थसे निन्दा होती है, इसी प्रकार अत्यन्त कोमलत्वके कारण वातसे भी छेदन करने योग्य इस अर्थसे स्तुति और अत्यन्त निःसारत्वके कारण वातसे भी छेदन करने योग्य इस अर्थसे निन्दा होती है ॥

६९६ अन्नेन व्यञ्जनम् ।२।१।३४॥

संस्कारकद्रव्यवाचकं तृतीयान्तमन्नेन प्राग्वत्। दध्ना ओदनो दध्योदनः । इहान्तर्भूतोपसेकक्रियाद्वारा सामर्थ्यम् ॥

६९६–संस्कारक द्रव्यवाचक तृतीयान्तपदका अन्न शब्दके साथ पूर्ववत् समास हो, जैसे–दध्ना+ओदनः=दध्योदनः, इस स्थानमें अन्तर्भूत उपसेक क्रियाद्वारा सामर्थ्य है ॥

६९७ भक्ष्येण मिश्रीकरणम् २।१।३५॥

गुडेन धानाः गुडधानाः । मिश्रणक्रियाद्वारा सामर्थ्यम् ॥

६९७–भक्ष्यवाचक तृतीयान्तके साथ मिश्रीकरणवाचकका समास हो, जैसे–गुडेन धानाः=गुडधानाः, यहां भी मिश्रणक्रियाद्वारा सामर्थ्य जानना चाहिये ॥

६९८ चतुर्थी तदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितैः ।२।१।३६॥

चतुर्थ्यन्तार्थाय यत्तद्वाचिनाऽर्थादिभिश्च चतुर्थ्यन्तं वा प्राग्वत्। तदर्थेन प्रकृतिविकृतिभाव एव बलिरक्षितग्रहणाज्ज्ञापकात्। यूपाय दारु यूपदारु। नेह । रन्धनाय स्थाली । अश्वघासादयस्तु षष्ठीसमासाः ॥ अर्थेन नित्यसमासो विशेष्यलिङ्गता चेति वक्तव्यम् ॥*॥ द्विजायायं द्विजार्थः सूपः। द्विजार्था यवागूः । द्विजार्थं पयः । भूतबलिः । गोहितम् । गोसुखम् । गोरक्षितम् ॥

६९८–चतुर्थ्यन्तार्थके निमित्त जो अर्थ तद्वाचक शब्द और अर्थादि शब्दके साथ चतुर्थ्यन्तका विकल्प करके समास हो । सूत्रमें बलि और रक्षित शब्दका ग्रहण करनेसे तदर्थसे प्रकृतिविकृतिभावका ही ग्रहण होगा । यूपाय दारु=यूपदारु, परन्तु रंधनाय स्थाली इस स्थलमें प्रकृतिविकृतिभाव न होनेके कारण समास नहीं होगा । ' अश्वस्य घासः ' इत्यादि वाक्योंमें तो षष्ठीतत्पुरुष समास होकर अश्वघासादि पद सिद्ध होते हैं ॥ अर्थके साथ नित्य समास और विशेष्यलिङ्गता हो ऐसा कहना चाहिये । द्विजाय अयम्=द्विजार्थः सूपः, इस स्थानमें विशेष्य पुँल्लिङ्ग है । द्विजाय इयम्=द्विजार्था यवागूः, इस स्थानमें विशेष्य स्त्रीलिङ्ग है। द्विजार्थं इदम्=द्विजार्थं पयः, इस स्थानमें विशेष्य नपुंसकलिंग है । भूताय बलिः=भूतबलिः । गवे हितम् गोहितम् । गवे सुखम्=गोसुखम् । गवे रक्षितम्=गोरक्षितम् ॥

६९९ पञ्चमी भयेन ।२।१।३७॥

चोराद्भयं चोरभयम् ॥ भयभीतभीतिभीभिरिति वाच्यम् ॥ * ॥ वृकभीतः ॥

६९९–भय शब्दके साथ पञ्चम्यन्त पदका समास हो । चोरात् भयम्=चोरभयम् । भय, भीत, भीति, भी, इन शब्दोंके साथ भी पञ्चम्यन्त पदका समास हो * वृकात्+भीतः=वृकभीतः ॥

७०० अपेतापोढमुक्तपतितापत्रस्तैरल्पशः ।२।१।३८॥

एतैः सहाल्पं पञ्चम्यन्तं समस्यते स तत्पुरुषः । सुखापेतः। कल्पनापोढः। चक्रमुक्तः।स्वर्गपतितः। तरङ्गापत्रस्तः। अल्पशः किम्। प्रासादात्पतितः ॥

७००–अपेत, अपोढ, मुक्त, पतित और अपत्रस्त शब्दोंके साथ अल्प पञ्चम्यन्त पदका पञ्चमीतत्पुरुष समास हो। सुखात् अपेतः=सुखापेतः । कल्पनायाः अपोढः=कल्पनापोढः । चक्रात् मुक्तः=चक्रमुक्तः । स्वर्गात् पतितः=स्वर्गपतितः। तरङ्गात् अपत्रस्तः=तरङ्गापत्रस्तः। 'अल्पशः' कहनेसे प्रासादात् पतितः, इस स्थलमें समास न हुआ ॥

७०१ स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन ।२।१।३९ ॥

स्तोकान्मुक्तः । अल्पान्मुक्तः । अन्तिकादागतः। अभ्याशादागतः । दूरादागतः । विप्रकृष्टादागतः । कृच्छ्रादागतः । पञ्चम्याः स्तोकादिभ्य इत्यलुक् ॥

७०१–स्तोक, अन्तिक, दूरार्थ और कृच्छ्र शब्दोंका क्तप्रत्ययान्त पदके साथ पञ्चमीतत्पुरुष समास हो । स्तोकात् मुक्तः=स्तोकान्मुक्तः । अल्पान्मुक्तः। अन्तिकादागतः । अभ्याशादागतः । दूरादागतः । विप्रकृष्टादागतः । कृच्छ्रादागतः । (९५९) निषेधके कारण स्तोकादि शब्दोंके उत्तर पञ्चमीका लुक् नहीं हुआ ॥

७०२ षष्ठी ।२।२।८॥

राज्ञः पुरुषो राजपुरुषः ॥

७०२–षष्ठ्यन्त पदका सुबन्तके साथ समास हो, जैसे–राज्ञः पुरुषः=राजपुरुषः ॥

७०३ याजकादिभिश्च ।२।२।९॥

एभिः षष्ठ्यन्तं समस्यते । तृजकाभ्यां कर्तरीत्यस्य प्रतिप्रसवोऽयम् । ब्राह्मणयाजकः । देवपूजकः ॥ गुणात्तरेण तरलोपश्चेति वक्तव्यम् ॥*॥ तरबन्तं यद्गुणवाचि तेन सह समासस्तरलोपश्च। न निर्धारण इति पूरणगुणेति च निषेधस्य प्रतिप्रसवोऽयम्। सर्वेषां श्वेततरः। सर्वश्वेतः। सर्वेषां

महत्तरः=सर्वमहान्॥ कृद्योगा षष्ठी समस्यत इति वाच्यम् ॥*॥ इध्मस्य व्रश्चनः इध्मव्रश्चनः ॥

७०३–याजकादि शब्दोंके साथ षष्ठ्यन्त पदका समास हो। यह सूत्र "तृजकाभ्यां कर्त्तरि७०९"इस सूत्रका प्रतिप्रसव अर्थात् बाधक है। ब्राह्मणानां याजकः=ब्राह्मणयाजकः। देवानां पूजकः=देवपूजकः।

तरप्प्रत्ययान्त गुणवाचक शब्दके साथ षष्ठ्यन्त पदका समास हो और तरका लोप हो। यह "न निर्द्धारणे ७०४" और "पूरणगुण० ७०५" इन निषेधसूत्रोंका प्रतिप्रसव है। सर्वेषां श्वेततरः=सर्वश्वेतः। सर्वेषां महत्तरः=सर्वमहान्।

कृद्योगमें षष्ठ्यन्तका सुबन्तके साथ समास हो, यह कहना चाहिये, जैसे–इध्मस्य व्रश्चनः=इध्मव्रश्चनः॥

७०४ न निर्धारणे। २। २। १०॥

निर्धारणे या षष्ठी सा न समस्यते। नृणां द्विजः श्रेष्ठः॥ प्रतिपदविधाना षष्ठी न समस्यत इति वाच्यम्॥ *॥ सर्पिषो ज्ञानम्॥

७०४–निर्द्धारणमें विहित जो षष्ठी तदन्तका समास न हो, जैसे–नृणां द्विजः श्रेष्ठः, यहां समास न हुआ।

प्रतिपदविधाना षष्ठीका समास न हो, यह कहना चाहिये, जैसे–सर्पिषो ज्ञानम्, इस स्थानमें समास नहीं हुआ॥

७०५ पूरणगुणसुहितार्थसदव्ययतव्यसमानाधिकरणेन। २। २। ११॥

पूरणाद्यर्थैः सदादिभिश्च षष्ठी न समस्यते। पूरणे। सतां षष्ठः। गुणे काकस्य कार्ष्ण्यम्। ब्राह्मणस्य शुक्लाः। यदा प्रकरणादिना दन्ता इति विशेष्यं ज्ञातं तदेदमुदाहरणम्। अनित्योऽयं गुणेन निषेधः। तदशिष्यं संज्ञाप्रमाणत्वादित्यादिनिर्देशात्। तेनार्थगौरवं बुद्धिमान्द्यमित्यादि सिद्धम्। सुहितार्थास्तृप्त्यर्थाः। फलानां सुहितः। सत्। तृतीयासमासस्तु स्यादेव। स्वरे विशेषः। सत्। द्विजस्य कुर्वन् कुर्वाणो वा। किंकर इत्यर्थः। अव्ययम्। ब्राह्मणस्य कृत्वा। पूर्वोत्तरसाहचर्यात् कृदव्ययमेव गृह्यते। तेन तदुपरीत्यादि सिद्धमिति रक्षितः। तव्य। ब्राह्मणस्य कर्तव्यम्। तव्यता तु भवत्येव। स्वकर्तव्यम्। स्वरे भेदः। समानाधिकरणे। तक्षकस्य सर्पस्य। विशेषणसमासस्त्विह बहुलग्रहणान्न। गोर्धेनोरित्यादिषु पोटायुवतीत्यादीनां विभक्त्यन्तरे चरितार्थानां परत्वाद्बाधकः षष्ठीसमासः प्राप्तः सोऽप्यनेन वार्यते॥

७०५–पूरणप्रत्ययान्त, गुणवाचक, सुहितार्थ, सत्, अव्यय, तव्यप्रत्ययान्त और समानाधिकरणके साथ षष्ठ्यन्तका समास न हो। पूरणमें यथा–सतां षष्ठः। गुणमें यथा–काकस्य कार्ष्ण्यम्। ब्राह्मणस्य शुक्लाः। जब प्रकरण आदिसे 'दन्ताः' यह पद विशेष्य जाना जाताहै, तब यह उदाहरण होताहै। गुणवाचकके साथ षष्ठ्यन्तके समासका निषेध अनित्य है, कारण कि, "तदशिष्यं संज्ञाप्रमाणत्वात् १२९५" इसमें 'संज्ञाप्रमाणत्वात्' ऐसा निर्देश है। इसी कारण अर्थगौरवम्, बुद्धिमांद्यम्–इत्यादि भी सिद्ध हुए। सुहितार्थ अर्थात् तृप्त्यर्थमें जैसे–फलानां सुहितः, इस स्थलमें तृतीयासमास तो हो ही गा, तब निषेधका क्या फल हुआ सो नहीं कहसकते, कारण जो स्वर विषयमें विशेष होगा। सत् यथा–द्विजस्य कुर्वन् कुर्वाणो वा अर्थात् किंकर। अव्यय जैसे–ब्राह्मणस्य कृत्वा। पूर्वोत्तरसाहचर्यके कारण कृत् अव्ययका ही ग्रहण है, ऐसा रक्षितने कहा है, इसी कारण तदुपरि इत्यादि पद सिद्ध हुए। तव्य यथा–ब्राह्मणस्य कर्तव्यम्। तव्यप्रत्ययके साथ तो समास होहीगा, यथा–स्वकर्तव्यम्, परन्तु स्वरमें भेद होगा। समानाधिकरणमें यथा–तक्षकस्य सर्पस्य, इस स्थानमें "विशेषणं विशेष्येण बहुलम्" इस सूत्रमें बहुलग्रहणके कारण विशेषणसमास भी नहीं हुआ।

गोर्धेनोः इत्यादिमें "पोटायुवति० ७४४" इत्यादि सूत्रोंके विभक्त्यन्तरमें चरितार्थत्वके कारण अपवादकत्व न होनेसे परत्वात् बाधक षष्ठीसमासकी प्राप्ति होती है, परन्तु वह सूत्र भी इस सूत्रसे वारित होताहै॥

७०६ क्तेन च पूजायाम्। २। २। १२॥

मतिबुद्धीति सूत्रेण विहितो यः क्तस्तदन्तेन षष्ठी न समस्यते। राज्ञां मतो बुद्धः पूजितो वा। राजपूजित इत्यादौ तु भूते क्तान्तेन सह तृतीयान्तस्य समासः॥

७०६–"मतिबुद्धि० ३०८९" इस सूत्रसे विहित क्त प्रत्ययान्तके साथ षष्ठीसमास नहीं हो, जैसे–राज्ञां मतो, बुद्धः पूजितो वा। राजपूजितः–इत्यादिमें तो अतीत कालमें विहित क्तप्रत्ययान्तके साथ तृतीयासमास जानना॥

७०७ अधिकरणवाचिना च। २। २। १३॥

क्तेन षष्ठी न समस्यते। इदमेषामासितं गतं भुक्तं वा॥

७०७–अधिकरणवाचकक्तप्रत्ययान्तके साथ षष्ठीसमास न हो, जैसे–इदमेषामासितम्, गतम्, भुक्तं वा॥

७०८ कर्मणि च। २। २। १४॥

उभयप्राप्तौ कर्मणीति या षष्ठी सा न समस्यते। आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन॥

७०८–"उभयप्राप्तौ कर्मणि ६२४" इस सूत्रसे विहित जो षष्ठी तदन्तका समास न हो जैसे–आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन, यहां षष्ठ्यन्तका समास न हुआ॥

७०९ तृजकाभ्यां कर्तरि। २। २। १५॥

कर्त्रर्थतृजकाभ्यां षष्ठ्या न समासः। अपां स्रष्टा। व्रजस्य भर्ता। ओदनस्य पाचकः। क-

र्तरि किम् । इक्षूणां भक्षणमिक्षुभक्षिका । पत्यर्थ-भर्तृशब्दस्य याजकादित्वात्समासः । भूभर्ता । कथं तर्हि घटानां निर्मातुस्त्रिभुवनविधातुश्च कलह इति । शेषषष्ठ्या समास इति कैयटः ॥

७०९-कर्तृवाच्यमें विहित जो तृच् और अक, तदन्तके साथ षष्ठ्यन्तका समास न हो । अपां स्रष्टा (तृच्), वज्रस्य भर्त्ता (तृच्), ओदनस्य पाचकः (अक) ।

कर्तृवाच्यमें प्रत्यय न होनेपर समास होगा, जैसे-इक्षूणां भक्षणम् इस विग्रहमें इक्षुभक्षिका । याजकादित्वके कारण पत्यर्थ भर्तृ शब्दका भी समास होगा, जैसे-भूभर्त्ता । इस सूत्रके रहते किस प्रकारसे "घटानां निर्मातुस्त्रिभुवन-विधातुश्च कलहः" इस स्थलमें त्रिभुवन शब्दका समास हुआ ? इसपर कहतेहैं कि, कैयटने कहाहै कि, इस स्थलमें "शेषे षष्ठी" इस सूत्रसे षष्ठी हो समास हुआ है ॥

७१० कर्तरि च । २ । २ । १६ ॥

कर्तरि षष्ठ्या अकेन न समासः । भवतः शायिका । नेह तृजनुवर्तते । तद्योगे कर्तुरभि-हितत्वेन कर्तृषष्ठ्या अभावात् ॥

७१०-कर्त्तामें विहित जो षष्ठी तदन्तका, अकप्रत्ययान्त-के साथ समास न हो, जैसे-भवतः शायिका । इस सूत्रमें तृच् की अनुवृत्ति नहीं आती है, कारण कि, तृच्से कर्त्ता उक्त होनेके कारण कर्तृकारकमें षष्ठी हो नहीं सकती है ॥

७११ नित्यं क्रीडाजीविकयोः । २ । २ । १७ ॥

एतयोरर्थयोरकेन नित्यं षष्ठी समस्यते । उद्दालकपुष्पभञ्जिका । क्रीडाविशेषस्य संज्ञा । संज्ञायामिति भावे ण्वुल् । जीविकायां दन्त-लेखकः । तत्र क्रीडायां विकल्पे जीविकायां तृजकाभ्यां कर्तरीति निषेधे प्राप्ते वचनम् ॥

७११-अकप्रत्ययान्तके साथ क्रीडा और जीविका अर्थमें षष्ठ्यन्तका समास नित्य हो, जैसे-उद्दालकपुष्पभञ्जिका, यह क्रीडाविशेषकी संज्ञा है । (भञ्ज धातुके उत्तर "संज्ञायाम् ३२८६" इस सूत्रसे भावमें ण्वुल् प्रत्यय करके भञ्जिका उद्दालकः श्लेष्मातकस्तस्य पुष्पाणि भज्यन्ते यस्यां क्रीडायां सा उद्दालकपुष्पभञ्जिका) । जीविकार्थमें, जैसे-दन्तलेखकः, यहां क्रीडा अर्थमें, "षष्ठी"से विभाषाधिकारके कारण वैक-ल्पिक समास प्राप्त होनेपर और जीविकार्थमें "तृजकाभ्यां कर्तरि ७०९" इस सूत्रसे निषेधकी प्राप्ति होनेपर उन दोनोंके बाधनार्थ यह सूत्र है ॥

७१२ पूर्वापराधरोत्तरमेकदेशिनैकाधिकरणे । २ । २ । १८ ॥

अवयविना सह पूर्वादयः समस्यन्ते एक-त्वसंख्याविशिष्टश्चेदवयवी । षष्ठीसमासापवादः । पूर्वं कायस्य पूर्वकायः । अपरकायः ॥ एक-देशिना किम् । पूर्वं नाभेः कायस्य । एका-धिकरणे किम् । पूर्वश्छात्राणाम् । सर्वोऽप्येक-देशोऽह्ना समस्यते संख्याविसायेति ज्ञापकात् । मध्याह्नः । सायाह्नः । केचित्तु सर्व एकादेशः कालेन समस्यते न त्वह्नैव ज्ञापकस्य सामा-न्यापेक्षत्वात् । तेन मध्यरात्रः, उपारताः पश्चिमरात्रगोचरा इत्यादि सिद्धमित्याहुः ॥

७१२-एकत्वसंख्याविशिष्ट अवयवीके साथ पूर्वादि अर्थात् पूर्व, अपर, अधर और उत्तर शब्दका समास हो । यह सूत्र षष्ठीसमासका अपवाद है । पूर्वं कायस्य, इस वाक्य-में पूर्वकायः । अपरं कायस्य=अपरकायः-इत्यादि, एकदेशी कहनेसे पूर्वं नाभेः कायस्य, इस स्थलमें समास नहीं हुआ । एकाधिकरण कहनेसे पूर्वश्छात्राणाम्, इस स्थलमें समास नहीं हुआ ।

"संख्याविसाय० (२३८)" इससे सायपूर्वक अह्न-को अह्न् आदेश विधानके कारण अह्न् शब्दके साथ सब एकदेशका समास हो, जैसे मध्याह्नः । अह्नः+सायः=सायाह्नः ।

कोई कहतेहैं कि, ज्ञापकके सामान्यापेक्षत्वके कारण सब एकदेशका कालवाचकके साथ समास हो, केवल अह्न् शब्दके साथ ही नहीं, इसी कारण मध्यरात्रः, "उपारताः पश्चिमरात्रिगोचरात्" इत्यादि भी सिद्ध हुए ॥

७१३ अर्धं नपुंसकम् । २ । २ । २ ॥

समांशवाच्यर्धशब्दो नित्यं क्लीबे स प्राग्वत् ॥ एकविभक्तावषष्ठ्यन्तवचनम् ॥ * ॥ एकदेशिसमा-सविषयकोऽयमुपसर्जनसंज्ञानिषेधः । तेन पञ्च-खट्वी इत्यादि सिध्यति । अर्धं पिप्पल्याः अर्ध-पिप्पली । क्लीबे किम् । ग्रामार्धः । द्रव्यैक्य एव । अर्धं पिप्पलीनाम् ॥

७१३-नपुंसकलिंगमें वर्त्तमान समांशवाचक अर्द्ध शब्द-का पूर्ववत् समास नित्य हो । (एकविभक्तावषष्ठ्यन्त-वचनम् *) "एकविभक्ति० ६५५" से षष्ठ्यन्तसे भिन्नकी उपसर्जन संज्ञा हो, अर्थात् षष्ठ्यन्तकी उपसर्जन संज्ञा न हो । यह उपसर्जन संज्ञाका निषेध एकदेशी समासविषयक है, इसी कारण पञ्चानां खट्वानां समाहारः=पञ्चखट्वी, इत्यादि सिद्ध होतेहैं । अर्द्धं पिप्पल्याः=अर्द्धपिप्पली । नपुंसक कहनेसे ग्रामार्द्धः, इस स्थलमें अर्ध शब्द नपुंसकलिंग नहीं है । द्रव्यके न ऐक्य होनेसे अर्द्धं पिप्पलीनाम्, ऐसा होगा ॥

---

१ अभिप्राय यह है कि, अर्द्धपिप्पली-इत्यादिके तरह पञ्चानां खट्वानां समाहारः=इस वाक्यमें पञ्चखट्वाघटक खट्वाकी भी उप-सर्जन संज्ञाका निषेध होता तो "गोस्त्रि० ६५६" से ह्रस्वता नहीं होनेसे अदन्तत्वके अभावके कारण ङीप् "द्विगोः" से नहीं होता ॥

७१४ द्वितीयतृतीयचतुर्थतुर्याण्यन्यतरस्याम् । २ । २ । ३ ॥

एतान्येकदेशिना सह प्राग्वद्वा । द्वितीयं भिक्षायाः । द्वितीयभिक्षा । एकदेशिना किम् । द्वितीयं भिक्षाया भिक्षुकस्य । अन्यतरस्यांग्रहणसामर्थ्यात्पूरणगुणेतिनिषेधं बाधित्वा पक्षे षष्ठीसमासः । भिक्षाद्वितीयम् ॥

७१४-द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और तुर्य शब्दका एकदेशी (अवयवी) के साथ पूर्ववत् समास विकल्प करके हो, जैसे-द्वितीयं भिक्षायाः इस विग्रहमें द्वितीयभिक्षा । एकदेशी न होनेपर द्वितीयं भिक्षायाः भिक्षुकस्य, इस स्थलमें समास नहीं हुआ । "अन्यतरस्याम्" इसके ग्रहणसामर्थ्यके कारण "पूरणगुण० ७०५" सूत्रके निषेधको बाधकर पक्षमें-षष्ठीसमास होगा, जैसे-भिक्षाद्वितीयम् ॥

७१५ प्राप्तापन्ने च द्वितीयया ।२।२।४॥

पक्षे द्वितीयाश्रितेति समासः । प्राप्तो जीविकां प्राप्तजीविकः । जीविकाप्राप्तः । आपन्नजीविकः । जीविकापन्नः । इह सूत्रे द्वितीयया अ इति छित्वा अकारोपि विधीयते । तेन जीविकां प्राप्ता स्त्री प्राप्तजीविका । आपन्नजीविका ॥

७१५-प्राप्त और आपन्न शब्दका द्वितीयान्त पदके साथ विकल्प करके समास हो । पक्षमें "द्वितीयाश्रित० ६८६" इस सूत्रसे समास होगा, जैसे-प्राप्तो जीविकाम्=प्राप्तजीविकः, जीविकाप्राप्तः । आपन्नजीविकः, जीविकापन्नः । इस सूत्रमें "द्वितीयया अ" इस प्रकार पदच्छेद करके अकार विधान भी होता है, इस कारण जीविकां प्राप्ता स्त्री=प्राप्तजीविका, आपन्न जीविका, ऐसा होगा ॥

७१६ कालाः परिमाणिना । २ ।२।५॥

परिच्छेद्यवाचिना सुबन्तेन सह कालाः समस्यन्ते । मासो जातस्य यस्य स मासजातः । द्व्यहजातः । द्वयोरह्नोः समाहारो द्व्यहः । द्व्यहो जातस्येति विग्रहे ॥ उत्तरपदेन परिमाणिना द्विगोः सिद्धये बहूनां तत्पुरुषस्योपसंख्यानम् ॥ * ॥ द्वे अहनी जातस्य यस्य स द्व्यह्नजातः । अह्नोह्न इति वक्ष्यमाणोह्नादेशः । पूर्वत्र तु न संख्यादेः समाहार इति निषेधः ॥

७१६-परिच्छेद्यवाचक सुबन्तके साथ कालवाचक शब्दका समास हो जैसे-मासो जातस्य यस्य सः मासजातः, द्व्यहजातः । द्वयोरह्नोः समाहारः द्व्यहः। द्व्यहो जातस्य इस विग्रहमें द्व्यहजातः ।* परिमाणवाचक उत्तरपदके साथ द्विगु समासकी सिद्धिके निमित्त बहुत पदका तत्पुरुष समास हो, जैसे-द्वे अहनी जातस्य यस्य सः द्व्यह्नजातः । "अह्नोह्नः० ७९०" इस सूत्रसे अह्नादेश होताहै, पहलेके प्रयोगमें तो "न संख्यादेः समाहारे ७९३" से समाहारमें अह्नादेशका निषेध हुआहै ॥

७१७ सप्तमी शौण्डैः । २ । १ । ४० ॥

सप्तम्यन्तं शौण्डादिभिः प्राग्वद्वा । अक्षेषु शौण्डः अक्षशौण्डः । अधि शब्दोत्र पठ्यते । अध्युत्तरपदादिति खः । ईश्वराधीनः ॥

७१७-शौंडादि शब्दके साथ सप्तम्यन्त पदका विकल्प करके समास हो, जैसे-अक्षेषु+शौण्डः=अक्षशौण्डः, यहां अधि शब्दको भी पढतेहैं । "-अध्युत्तरपदात्० २०७९" इस सूत्रसे खप्रत्यय हुआ, 'ख' को ईन हुआ, जैसे ईश्वराधीनः ॥

७१८ सिद्धशुष्कपक्वबन्धैश्च ।२।१।४१॥

एतैः सप्तम्यन्तं प्राग्वत् । सांकाश्यसिद्धः । आतपशुष्कः । स्थालीपक्वः । चक्रबन्धः ॥

७१८-सिद्ध, शुष्क, पक्व और बंध शब्दके साथ सप्तम्यन्तका पूर्ववत् समास हो, जैसे-सांकाश्यसिद्धः, आतपशुष्कः, स्थालीपक्वः, चक्रबंधः ॥

७१९ ध्वाङ्क्षेण क्षेपे । २ । १ । ४२ ॥

ध्वाङ्क्षवाचिना सह सप्तम्यन्तं समस्यते निन्दायाम् । तीर्थे ध्वाङ्क्ष इव तीर्थध्वाङ्क्षः । तीर्थकाक इत्यर्थः ॥

७१९-निन्दा गम्यमान रहते ध्वाङ्क्षवाचक शब्दके साथ सप्तम्यन्तका पूर्ववत् समास हो, जैसे-तीर्थे ध्वाङ्क्ष इव=तीर्थध्वाङ्क्षः, अर्थात् तीर्थकाक ॥

७२० कृत्यैर्ऋणे । २ । १ । ४३ ॥

सप्तम्यन्तं कृत्यप्रत्ययान्तैः सह प्राग्वदावश्यके । मासे देयमृणम् । ऋणग्रहणं नियोगोपलक्षणार्थम् । पूर्वाह्णे गेयं साम ॥

७२०-आवश्यक अर्थ गम्यमान रहते कृत्यप्रत्ययान्तके साथ सप्तम्यन्तका पूर्ववत् समास हो । मासे देयम्=ऋणम्। "तत्पुरुषे कृति०" इससे सप्तमीका अलुक्।सूत्रमें नियोगोपलक्षणार्थ अर्थात् आवश्यकोपलक्षणार्थ ऋण शब्दका ग्रहण किया है, इससे पूर्वाह्णेगेयम्-साम इत्यादिमें समास हुआ । अनावश्यकमें मासे देया भिक्षा, ऐसा होगा ॥

७२१ संज्ञायाम् । २ । १ । ४४ ॥

सप्तम्यन्तं सुपा प्राग्वत् संज्ञायाम्।वाक्येन संज्ञानवगमान्नित्यसमासोयम् । अरण्येतिलकाः । वनेकसेरुकाः । हलदन्तात्सप्तम्या इत्यलुक् ॥

७२१-संज्ञामें सुबन्तके साथ सप्तम्यन्तका पूर्ववत् समास हो, वाक्यसे संज्ञाका अवगम न होनेके कारण इससे नित्य समास होगा । अरण्येतिलकाः । वनेकसेरुकाः। "हलदन्तात् सप्तम्याः० ९६६" इस सूत्रसे सप्तमीका अलुक् हुआहै ॥

७२२ क्तेनाहोरात्रावयवाः । २ । १ । ४५ ॥

अह्नो रात्रेश्चावयवाः सप्तम्यन्ताः क्तान्तेन सह प्राग्वत् । पूर्वाह्णकृतम् । अपररात्रकृतम् । अवयवग्रहणं किम् । अह्नि दृष्टम् ॥

७२२-अहन् और रात्रिके अवयववाचक सप्तम्यन्त पदका क्तान्त पदके साथ पूर्ववत् समास हो, जैसे-पूर्वाह्णकृतम्, अपररात्रौ कृतम्=अपररात्रकृतम् । अवयवग्रहण करनेसे अह्नि दृष्टम्, इस स्थलमें समास नहीं हुआ ॥

७२३ तत्र । २ । १ । ४६ ॥

तत्रेत्येतत्सप्तम्यन्तं क्तान्तेन सह प्राग्वत् । तत्रभुक्तम् ॥

७२३-"तत्र" इस सप्तम्यन्तका क्तान्तके साथ पूर्ववत् समास हो, जैसे-तत्रभुक्तम् ॥

७२४ क्षेपे । २ । १ । ४७ ॥

सप्तम्यन्तं क्तान्तेन प्राग्वन्निन्दायाम् । अवतप्तेनकुलस्थितं त एतत् ॥

७२४-निन्दा अर्थ गम्यमान रहते क्तान्तके साथ सप्तम्यन्तका पूर्ववत् समास हो, यथा-अवतप्तेनकुलस्थितं त एतत् यहां "कृद्ग्रहणे गतिकारक०" इस परिभाषासे 'नकुलस्थित' शब्दको क्तान्तत्व हुआ और उसके साथ 'अवतप्ते' इस सप्तम्यन्तका समास होकर "तत्पुरुषे कृति बहुलम् ९७२" इससे अलुक् हुआहै ॥

७२५ पात्रेसमितादयश्च । २ । १ । ४८ ॥

एते निपात्यन्ते क्षेपे । पात्रेसमिताः । भोजनसमये एव संगताः न तु कार्ये । गेहेशूरः । गेहेनर्दी । आकृतिगणोऽयम् । चकारोऽवधारणार्थः । तेनैषां समासान्तरे घटकतया प्रवेशो न । परमाः पात्रेसमिताः ॥

७२५-निन्दा गम्यमान रहते 'पात्रेसमिताः' इत्यादि पदोंका निपातन करतेहैं, जैसे-पात्रेसमिताः, अर्थात् भोजनकालमें ही संगत हैं कार्यमें नहीं । जैसे-गेहेशूरः, गेहेनर्दी । यह आकृतिगण है, चकार अवधारणार्थ है, इस कारण इसका समासान्तरमें घटकतया अर्थात् अवयव होकर प्रवेश नहीं होगा, इससे परमाः पात्रेसमिताः ऐसे ही हुआ और "सन्महत्परमोत्तमोत्कृष्टाः पूज्यमानैः ७४०" इससे समास नहीं हुआ ॥

७२६ पूर्वकालैकसर्वजरत्पुराणनवकेवलाः समानाधिकरणेन । २ । १ । ४९ ॥

विशेषणं विशेष्येणेति सिद्धे पूर्वनिपातनियमार्थं सूत्रम् । एकशब्दस्य दिक्संख्ये संज्ञायामिति नियमबाधनार्थं च । पूर्वं स्नातः पश्चादनुलिप्तः स्नातानुलिप्तः । एकनाथः । सर्वयाज्ञिकाः । जरन्नैयायिकाः । पुराणमीमांसकाः । नवपाठकाः । केवलवैयाकरणाः ॥

७२६-पूर्व काल, एक, सर्व, जरत्, पुराण, नव और केवल शब्दका समानाधिकरणके साथ समास हो । "विशेषणं विशेष्येण० ७३६" इस सूत्रसे समास सिद्ध होनेपर भी पूर्वनिपातके निमित्त यह सूत्र है, और एक शब्दका "दिक् संख्ये संज्ञायाम् ७२७" इस सूत्रसे जो संज्ञाविषयमें नियम कियाहै, उसके भी बाधके निमित्त है, जैसे-पूर्वं स्नातः पश्चात् अनुलिप्तः, इस विग्रहमें स्नातानुलिप्तः । एकनाथः । सर्वयाज्ञिकाः । जरन्नैयायिकाः । पुराणमीमांसकाः । नवपाठकाः । केवलवैयाकरणाः ॥

७२७ दिक्संख्ये संज्ञायाम् । २ । १ । ५० ॥

समानाधिकरणेनेत्या पादपरिसमाप्तेरधिकारः । संज्ञायामेवेति नियमार्थं सूत्रम् । पूर्वेषु कामशमी । सप्तर्षयः । नेह । उत्तरा वृक्षाः । पञ्च ब्राह्मणाः ॥

७२७-संज्ञामें दिक् और संख्यावाचकका समानाधिकरणके साथ समास हो । पादसमाप्तिपर्यन्त 'समानाधिकरणेन' इस पदकी अनुवृत्ति चलेगी । "विशेषणं विशेष्येण०" इस सूत्रसे समास सिद्ध होनेपर भी यह सूत्र संज्ञाविषयमें ही दिक् और संख्यावाचकका समास हो, अन्यत्र नहीं, ऐसे नियमके निमित्त है, जैसे-पूर्वेषुकामशमी, सप्तर्षयः, उत्तरा वृक्षाः, पंच ब्राह्मणाः,इत्यादिमें तो संज्ञा न होनेके कारण समास नहीं हुआ ॥

७२८ तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च । २ । १ । ५१ ॥

तद्धितार्थे विषये उत्तरपदे च परतः समाहारे च वाच्ये दिक्संख्ये प्राग्वद्वा । पूर्वस्यां शालायां भवः पौर्वशालः । समासे कृते दिक्पूर्वपदादसंज्ञायां ञ इति ञः ॥ सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः ॥ * ॥ आपरशालः । पूर्वा शाला प्रिया यस्येति त्रिपदे बहुव्रीहौ कृते प्रियाशब्दे उत्तरपदे पूर्वयोस्तत्पुरुषः । तेन शालाशब्दे आकार उदात्तः । पूर्वशालाप्रियः । दिक्षु समाहारो नास्त्यनभिधानात् ॥ संख्यायास्तद्धितार्थे । षण्णां मातॄणामपत्यं षाण्मातुरः । पञ्च गावो धनं यस्येति त्रिपदे बहुव्रीहाववान्तरतत्पुरुषस्य विकल्पे प्राप्ते ॥ द्वन्द्वतत्पुरुषयोरुत्तरपदे नित्यसमासवचनम् ॥ * ॥

७२८-तद्धितार्थविषयमें उत्तरपद परे रहते और समाहारमें दिग्वाचक और संख्यावाचकका पूर्वकी समान विकल्प करके समास हो, जैसे-पूर्वस्यां शालायां भवः-इस विग्रहमें पौर्वशालः, यहां समास करनेपर "दिक्पूर्वपदादसंज्ञायां ञः १३२८" इस सूत्रसे ञप्रत्यय हुआ । सर्वनामको वृत्तिमात्रमें पुंवद्भाव हो,इससे पुंवद्भाव हुआ । वैसे आपरशालः । 'पूर्वा

शाला प्रिया यस्य-यह त्रिपद बहुव्रीहि समास करके प्रिया शब्द उत्तर पदमें रहनेसे पूर्व दो पदोंका तत्पुरुष समास हुआ, इसलिये शाला शब्दका आकार उदात्त हुआ, पूर्वशालाप्रियः। अनभिधानके कारण दिग्वाचक शब्दका समाहार नहीं होगा। संख्यावाचकका तद्धितार्थमें जैसे-षण्णां मातॄणाम् अपत्यम्-इस विग्रहमें षाण्मातुरः। पञ्च गावो धनं यस्य-ऐसे त्रिपद बहुव्रीहि समासमें अवान्तर तत्पुरुषकी विकल्प करके प्राप्ति होनेपर द्वन्द्व तथा तत्पुरुषका उत्तरपद परे रहते नित्य समास कहना चाहिये, इस वार्तिकसे अवान्तर तत्पुरुषको नित्य समास होकर-

७२९ गोरतद्धितलुकि ।५।४।९२॥

गोन्तात्तत्पुरुषाट्टच् स्यात् समासान्तो न तद्धितलुकि। पञ्चगवधनः। पञ्चानां गवां समाहारः॥

७२९-गो शब्दान्त तत्पुरुषसे समासान्त टच् प्रत्यय हो, तद्धितलुक्में नहीं, जैसे पञ्चगवधनः। पंचानां गवां समाहारः-इस विग्रहमें "तद्धितार्थ० ७२८" इससे समास करके-

७३० संख्यापूर्वो द्विगुः ।२।१।५२॥

तद्धितार्थेत्यत्रोक्तः संख्यापूर्वो द्विगुः स्यात्॥

७३०-तद्धितार्थ (७२८) से उक्त जो त्रिविध समास उसमें संख्यावाचक पदपूर्वककी द्विगु संज्ञा हो। इससे द्विगु-संज्ञा होनेपर-

७३१ द्विगुरेकवचनम् । २ । ४ । १ ॥

द्विग्वर्थः समाहार एकवत्स्यात्। स नपुंसकमिति नपुंसकत्वम्। पञ्चगवम्॥

७३१-द्विगुसंज्ञक समाहार एकवत् हो। इससे समासान्त पदको एकवद्भाव और "स नपुंसकम् (८२१)" इससे नपुंसकत्व होकर, 'पञ्चगवम्' यह सिद्ध हुआ॥

७३२ कुत्सितानि कुत्सनैः ।२।१।५३॥

कुत्स्यमानानि कुत्सनैः सह प्राग्वत्। वैयाकरणखसूचिः। मीमांसकदुर्दुरूढः॥

७३२-कुत्सनवाचक शब्दके साथ कुत्स्यमानवाचक शब्दका पूर्ववत् समास हो, जैसे-वैयाकरणखसूचिः, मीमांसकदुर्दुरूढः। (सूचयतेः "अच इः" प्रष्टः सन् प्रश्नं विस्मारयितुं खं सूचयति, अभ्यासवैधुर्यात्)॥

७३३ पापाणके कुत्सितैः ।२।१।५४॥

पूर्वसूत्रापवादः। पापनापितः। अणककुलालः॥

७३३-कुत्सितवाचक शब्दके साथ पाप और अणक शब्दका समास हो यह पूर्वसूत्रका अपवाद है। पापनापितः। अणककुलालः॥

७३४ उपमानानि सामान्यवचनैः । २ । १ । ५५ ॥

घन इव श्यामो घनश्यामः। इह पूर्वपदं तत्सदृशे लाक्षणिकमिति सूचयितुं लौकिकविग्रहे इवशब्दः प्रयुज्यते। पूर्वनिपातनियमार्थं सूत्रम्॥

७३४-उपमानवाचक शब्दके साथ सामान्यवचनका समास हो, जैसे-घन इव श्यामः=घनश्यामः, इस स्थानमें पूर्वपद तत्सदृशमें लाक्षणिक है, इस सूचनाके निमित्त इव शब्द लौकिक विग्रहमें प्रयुक्त है। यह सूत्र पूर्वनिपातनियमके निमित्त है॥

७३५ उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे २ । १ । ५६ ॥

उपमेयं व्याघ्रादिभिः सह प्राग्वत्साधारणधर्मस्याप्रयोगे सति। विशेष्यस्य पूर्वनिपातार्थं सूत्रम्। पुरुषव्याघ्रः। नृसोमः। व्याघ्रादिराकृतिगणः। सामान्याप्रयोगे किम्। पुरुषो व्याघ्र इव शूरः॥

७३५-साधारण धर्मका अप्रयोग हो तो व्याघ्रादि शब्दोंके साथ उपमेयवाचक शब्दका पूर्ववत् समास हो। विशेष्यके पूर्वनिपातके निमित्त यह सूत्र कियाहै, जैसे-पुरुषः व्याघ्र इव=पुरुषव्याघ्रः, ना सोम इव=नृसोमः। व्याघ्रादि आकृतिगण है।

सामान्यके प्रयोग होनेपर, यथा-पुरुषो व्याघ्र इव शूरः, इस स्थलमें समास नहीं हुआ॥

७३६ विशेषणं विशेष्येण बहुलम् । २ । १ । ५७ ॥

भेदकं समानाधिकरणेन भेद्येन बहुलं प्राग्वत्। नीलमुत्पलं नीलोत्पलम्। बहुलग्रहणात् क्वचिन्नित्यम्। कृष्णसर्पः। क्वचिन्न। रामो जामदग्न्यः॥

७३६-समानाधिकरण भेद्यके साथ भेदकका पूर्ववत् बहुलप्रकारसे समास हो, जैसे-नीलञ्च तत् उत्पलम्=नीलोत्पलम्। बहुलग्रहणके कारण कहीं नित्य समास होगा, जैसे-कृष्णसर्पः। कहीं कहीं समास नहीं होगा, जैसे-रामो जामदग्न्यः॥

७३७ पूर्वापरप्रथमचरमजघन्यसमानमध्यमध्यमवीराश्च । २ । १ । ५८ ॥

पूर्वनिपातनियमार्थमिदम्। पूर्ववैयाकरणः। अपराध्यापकः॥ अपरस्यार्धे पश्चभावो वक्तव्यः*। अपरश्चासावर्धश्च पश्चार्धः। कथमेकवीर इति। पूर्वकालैकेति बाधित्वा परत्वादनेन समासे वीरैक इति हि स्यात्। बहुलग्रहणाद्भविष्यति॥

७३७-पूर्व, अपर, प्रथम, चरम, जघन्य, समान, मध्य, मध्यम और वीर शब्दका समानाधिकरण भेद्यके साथ बहुलप्रकारसे समास हो। यह सूत्र पूर्वनिपातनियमके निमित्त है, जैसे-पूर्ववैयाकरणः, अपराध्यापकः। * अर्द्ध शब्द परे रहते अपर शब्दके स्थानमें पश्च आदेश हो। अपरश्चासौ अर्द्धश्चेति=पश्चार्द्धः।

" पूर्वकालैक० ७२६ " इस सूत्रको बाध करके परत्वके कारण इस सूत्रसे समास होनेपर 'वीरैकः' ऐसा पद सिद्ध होगा, तब 'एकवीरः' यह शब्द कैसे हुआ ? इस आशंकापर कहतेहैं कि, इस सूत्रमें अनुवृत्त बहुलग्रहणके कारण 'एकवीरः' पद सिद्ध होगा ॥

७३८ श्रेण्यादयः कृतादिभिः।२।१।५९॥

श्रेण्यादिषु च्व्यर्थवचनं कर्तव्यम् ॥ * ॥ अश्रेणयः श्रेणयः कृताः श्रेणीकृताः ॥

७३८-श्रेणी आदि शब्दोंका कृतादिके साथ समास हो। इस सूत्रमें प्रथम आदि शब्द व्यवस्थावाची, द्वितीय आदि शब्द प्रकारवाची हैं। एक शिल्प अथवा एक पण्यसे जो जीवन धारण करे, उसके समूहको श्रेणी कहतेहैं। च्व्यर्थ(अभूततद्भाव) गम्यमान रहते ही श्रेण्यादिका कृतादिके साथ समास हो, ऐसा कहना चाहिये, जैसे-अश्रेणयः श्रेणयः कृताः=श्रेणीकृताः-इत्यादि ॥

७३९ क्तेन नञ्विशिष्टेनानञ्।२।१।६०॥

नञ्विशिष्टेन क्तान्तेनानञ् क्तान्तं समस्यते। कृतं च तदकृतं च कृताकृतम् ॥ शाकपार्थिवादीनां सिद्धये उत्तरपदलोपस्योपसंख्यानम्॥*॥ शाकप्रियः पार्थिवः शाकपार्थिवः। देवब्राह्मणः॥

७३९-नञ्युक्त क्तान्तके साथ नञ्विहीन क्तान्त पदका समास हो, जैसे-कृतञ्च तत् अकृतञ्च=कृताकृतम् । शाकपार्थिवादिसिद्धिके निमित्त उत्तरपदलोपका उपसंख्यान करना चाहिये, जैसे-शाकप्रियः पार्थिवः=शाकपार्थिवः, देवप्रियः ब्राह्मणः=देवब्राह्मणः ॥

७४० सन्महत्परमोत्तमोत्कृष्टाः पूज्यमानैः।२।१।६१॥

सद्वैद्यः । वक्ष्यमाणेन महत आकारः । महावैयाकरणः । पूज्यमानैः किम् । उत्कृष्टो गौः। पंकादुद्धृत इत्यर्थः ॥

७४०-पूज्यमानवाचक शब्दके साथ सत्, महत्, परम और उत्कृष्ट शब्दका समास हो, जैसे-सद्वैद्यः। वक्ष्यमाण सूत्रसे महत् शब्दको आ होकर महावैयाकरणः। पूज्यमानवाचक न होनेपर यथा- उत्कृष्टो गौः (पंकमेंसे निकाली हुई गौ) इस स्थानमें गौको पूज्यमान न होनेके कारण समास नहीं हुआ ॥

७४१ वृन्दारकनागकुञ्जरैः पूज्यमानम्।२।१।६२॥

गोवृन्दारकः । व्याघ्रादेराकृतिगणत्वादेव सिद्धे सामान्यप्रयोगार्थं वचनम् ।

७४१-वृन्दारक, नाग और कुञ्जर शब्दके साथ पूज्यमानवाचक शब्दका समास हो, जैसे गोवृन्दारकः। वृन्दारक शब्दसे देवता, नाग शब्दसे अजगर सर्प और कुञ्जर शब्दसे हाथी जानना। व्याघ्रादिके आकृतिगण होनेसे ही यह बात सिद्ध थी, परन्तु सामान्य धर्मवाचकका जहां प्रयोग हो, वहां भी समासके निमित्त यह वचन कहा है ॥

७४२ कतरकतमौ जातिपरिप्रश्ने।२।१।६३॥

कतरकठः। कतरकलापः। गोत्रं च चरणैः सहेति जातित्वम् ॥

७४२-जातिपरिप्रश्नार्थमें समानाधिकरणके साथ कतर और कतम शब्दका समास हो, जैसे-कतरकठः, कतमकलापः, इस स्थानमें " गोत्रञ्च चरणैः सह " इस पारिभाषिक लक्षणसे जातित्व हुआ है ॥

७४३ किं क्षेपे।२।१।६४॥

कुत्सितो राजा। किं राजा। यो न रक्षति॥

७४३-निन्दा गम्यमान रहते किम् शब्दका समानाधिकरणके साथ समास हो, जैसे-कुत्सितो राजा=किंराजा, अर्थात् जो राजा रक्षा न करे ॥

७४४ पोटायुवतिस्तोककतिपयगृष्टिधेनुवशावेहद्बष्कयणीप्रवक्तृश्रोत्रियाध्यापकधूर्तैर्जातिः।२।१।६५॥

७४४-पोटा, युवति, स्तोक, कतिपय, गृष्टि, धेनु, वशा, वेहत्, वष्कयणी, प्रवक्तृ, श्रोत्रिय, अध्यापक और धूर्त शब्दोंके साथ जातिवाचक शब्दका समास हो ॥

७४५ तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः।१।२।४२॥

७४५-समानाधिकरण तत्पुरुषकी कर्मधारय संज्ञा हो ॥

७४६ पुंवत्कर्मधारयजातीयदेशीयेषु।६।३।४२॥

कर्मधारये जातीयदेशीययोश्च परतो भाषितपुंस्कात्पर ऊङभावो यस्मिंस्तथाभूतं पूर्वं पुंवत्। पूरणीप्रियादिष्वप्राप्तः पुंवद्भावो विधीयते। महानवमी। कृष्णचतुर्दशी। महाप्रिया।तथा कोपधादेः प्रतिषिद्धः पुंवद्भावः कर्मधारयादौ प्रतिप्रसूयते। पाचकस्त्री। दत्तभार्या। पञ्चमभार्या। स्त्रौघ्नभार्या। सुकेशभार्या । ब्राह्मणभार्या। एवं पाचकजातीया पाचकदेशीयेत्यादि। इभपोटा। पोटा स्त्रीपुंसलक्षणा। इभयुवतिः। अग्निस्तोकः। उदश्वित्कतिपयम्। गृष्टिः सकृत्प्रसूता। गोगृष्टिः। धेनुर्नवप्रसूतिका। गोधेनुः। वशा वन्ध्या। गोवशा। वेहद्गर्भघातिनी। गोवेहत्। बष्कयणी तरुणवत्सा। गोवष्कयणी। कठप्रवक्ता। कठश्रोत्रियः। कठाध्यापकः। कठधूर्तः ॥

७४६-कर्मधारयमें, जातीय और देशीय प्रत्ययके परे

भाषितपुंस्कके उत्तर ऊङ्का अभाव हो जिसमें ऐसे स्त्रीवाचक पूर्वपदको पुंवद्भाव हो । इस सूत्रसे पूरणी, प्रियादि परे रहते अप्राप्त जो पुंवद्भाव उसका विधान कियाहै, जैसे-महानवमी (नवानां पूरणी "तस्य पूरणे डट्" "नान्तादसंख्यादेर्मट्" टित्वान्ङीप्) महती चासौ नवमी ऐसे विग्रहमें समास होकर पूरणप्रत्ययान्त स्त्रीवाचक शब्द परे रहते भी स्त्रीवाचक पूर्ववद (महती) को पुंवद्भाव तदुत्तर, महत् शब्दको आकार हुआ,तब 'महानवमी' पद बना, वैसे कृष्णचतुर्दशी, महाप्रिया । "न कोपधायाः८३८" इत्यादि सूत्रोंसे कोपधादिके प्रतिषिद्ध पुंवद्भावका भी कर्मधारयादिमें प्रतिप्रसव (विधान) इस सूत्रसे होताहै, जैसे-पाचकस्त्री, दत्तभार्या, पञ्चमभार्या, सौघ्नभार्या, सुकेशभार्या, ब्राह्मणभार्या । इसी प्रकार पाचकजातीया (पाचकप्रकारवती) पाचकदेशीया-इत्यादि । पाचकजातीयामें "प्रकारवचने जातीयर्" से जातीयर् और पाचकदेशीयामें "ईषदसमाप्तौ कल्पब्देश्यदेशीयरः" इससे थोडी असमाप्तिमें देशीयर् प्रत्यय हुआ । पोटादि यथा-इभी चासौ पोटा=इभपोटा, पोटा अर्थात् स्त्रीपुरुषलक्षणवाली । इभयुवतिः । अग्निस्तोकः । उदश्वित् । कतिपयम् । गृष्टिः अर्थात् पहलीनब्याईहुई गौ, गोगृष्टिः । धेनुः अर्थात् नवप्रसूतिका-गोधेनुः । वशा अर्थात् वन्ध्या-गोवशा । वेहत् अर्थात् गर्भघातिनी-गोवेहत् । बष्कयणी अर्थात् तरुणवत्सा-गोबष्कयणी । कठप्रवक्ता । कठश्रोत्रियः । कठाध्यापकः । कठधूर्तः ॥

७४७ प्रशंसावचनैश्च । २ । १ । ६६ ॥

एतैः सह जातिः प्राग्वत् । गोमतल्लिका । गोमचर्चिका । गोप्रकाण्डम् । गवोद्धः । गोतल्लजः । प्रशस्ता गौरित्यर्थः । मतल्लिकादयो नियतलिङ्गा न तु विशेष्यनिघ्नाः । जातिः किम् । कुमारी मतल्लिका ॥

७४७-प्रशंसावाचक शब्दोंके साथ जातिवाचकका समास हो, यथा-गौः चासौ मतल्लिका=गोमतल्लिका, गोमचर्चिका, गोप्रकाण्डम्, गवोद्धः,गोतल्लजः अर्थात् प्रशस्त गौ । मतल्लिकादि शब्द नियतलिङ्ग हैं । विशेष्यनिघ्न नहीं हैं । जातिवाचक न होनेपर जैसे-कुमारी मतल्लिका-इत्यादिमें समास न हुआ, कारण कि, यहां कुमारी शब्द जातिवाचक नहीं है ॥

७४८ युवा खलतिपलितवलिनजरतीभिः । २ । १ । ६७ ॥

पूर्वनिपातनियमार्थं सूत्रम् । लिङ्गविशिष्टपरिभाषया युवतिशब्दोपि समस्यते । युवा खलतिः युवखलतिः । युवतिः खलती युवखलती । युवजरती । युवत्यामेव जरतीधर्मोपलम्भेन तद्रूपारोपात्सामानाधिकरण्यम् ॥

१ मतल्लिका मचर्चिका प्रकाण्डमुद्धतल्लजौ । प्रशस्तवाचकान्यमूनीत्यमरः । अर्थात् मतल्लिका, मचर्चिका, प्रकाण्ड, उद्ध, तल्लज इतने शब्द प्रशस्तवाचक हैं, यह अमरकोशसे जानाजाताहै ॥

७४८-खलति, पलित, वलिन और जरती शब्दके साथ युवन् शब्दका समास हो । यह सूत्र पूर्वनिपातनियमार्थ है । "प्रातिपदिकग्रहणे०" इस परिभाषासे लङ्गविशिष्ट युवति शब्दका भी पूर्ववत् समास होगा । 'युवा खलतिः' इस विग्रहमें युवखलतिः । युवतिः खलती=युवखलती । युवजरती, यहां युवतिमें ही जरतीधर्मकी उपलब्धिसे तद्रूप (जरतीस्वरूप) के आरोपके कारण युवति शब्दके साथ जरतीका सामानाधिकरण्य जानना ॥

७४९ कृत्यतुल्याख्या अजात्या । २ । १ । ६८ ।

भोज्योष्णम् । तुल्यश्वेतः । सदृशश्वेतः । अजात्या किम् । भोज्य ओदनः । प्रतिषेधसामर्थ्याद्विशेषणसमासोपि न ॥

७४९-कृत्यप्रत्ययान्त शब्द और तुल्याख्य शब्दका जातिवाचकसे भिन्नके साथ समास हो, जैसे-भोज्योष्णम्,तुल्यश्वेतः, सदृशश्वेतः । जातिभिन्न न होनेपर, जैसे-भोज्य ओदनः, इस स्थलमें समास नहीं हुआ और प्रतिषेधकी सामर्थ्यसे विशेषणसमास भी नहीं होगा ॥

७५० वर्णो वर्णेन । २ । १ । ६९ ॥

समानाधिकरणेन सह प्राग्वत् । कृष्णसारङ्गः ॥

७५०-समानाधिकरण वर्णवाचक शब्दके साथ वर्णवाचकका समास हो, जैसे-कृष्णश्चासौ सारंगः=कृष्णसारङ्गः ॥

७५१ कडाराः कर्मधारये । २ । २ । ३८ ॥

कडारादयः शब्दाः कर्मधारये वा पूर्वं प्रयोज्याः । कडारजैमिनिः । जैमिनिकडारः ॥

७५१-कर्मधारय समासमें कडार आदि शब्द विकल्प करके पूर्वमें प्रयुक्त हो, जैसे-कडारश्चासौ जैमिनिः=कडारजैमिनिः, जैमिनिकडारः ॥

७५२ कुमारः श्रमणादिभिः । २ । १ । ७० ॥

कुमारी श्रमणा कुमारश्रमणा । इह गणे श्रमणा प्रव्रजिता गर्भिणीत्यादयः स्त्रीलिंगाः पठ्यन्ते । लिंगविशिष्टपरिभाषाया एतदेव ज्ञापकं बोध्यम् ॥

७५२-श्रमणादि शब्दके साथ कुमार शब्दका समास हो, जैसे-कुमारी चासौ श्रमणा=कुमारश्रमणा । श्रमणादि गणमें श्रमणा, प्रव्रजिता, गर्भिणी-इत्यादि स्त्रीलिङ्ग शब्द पढे गये हैं, लिंगविशिष्ट परिभाषाका यही ज्ञापक समझना ॥

७५३ चतुष्पादो गर्भिण्या । २ । १ । ७१ ॥

चतुष्पाज्जातिवाचिनो गर्भिणीशब्देन सह प्राग्वत् । गोगर्भिणी ॥

१ आशय यह है कि, श्रमणादि शब्दोंको स्त्रीलिङ्ग होनेके कारण 'कमार' शब्दके साथ सामानाधिकरण्य होगा नहीं, कुमारी शब्दसे होगा पर उसका सूत्रमें उपादान है नहीं, फिर उन शब्दोंका गणमें जो पाठ किया उसके सामर्थ्यसे "प्रातिपदिकग्रहणे लिंगविशिष्टस्यापि ग्रहणम्" यह परिभाषा ज्ञापित होताहै ॥

७५३-चतुष्पाद् जातिवाचकका गर्भिणी शब्दके साथ समास हो, जैसे-गौः चासौ गर्भिणी=गोगर्भिणी । यहां "पोटायुवति०" इस सूत्रसे 'जातिः' इसकी मण्डूकप्लुति न्यायसे अनुवृत्ति होती है, इससे 'कालाक्षी गर्भिणी' यहां समास न हुआ ॥

७५४ मयूरव्यंसकादयश्च ।२।१।७२॥

एते निपात्यन्ते । मयूरो व्यंसकः मयूरव्यंसकः। व्यंसको धूर्तः। उदक्चावाक्च उच्चावचम्। निश्चितं च प्रचितं च निश्चप्रचम् । नास्ति किंचन यस्य सः अकिंचनः । नास्ति कुतो भयं यस्य सोऽकुतोभयः। अन्यो राजा राजान्तरम् । चिदेव चिन्मात्रम्। आख्यातमाख्यातेन क्रियासातत्ये॥ अश्नीत पिबतेत्येवं सततं यत्राभिधीयते सा अश्नीतपिबता । पचतभृज्जता । खादतमोदता॥ एहीडादयोऽन्यपदार्थे ॥ ॥ एहीड इति यस्मिन् कर्मणि तदेहीडम् । एहियवम् । उद्धर कोष्ठादुत्सृज देहीति यस्यां क्रियायां सा उद्धरोत्सृजा । उद्धमविधमा । असातत्यार्थमिह पाठः ॥ जहिकर्मणा बहुलमाभीक्ष्ण्ये कर्तारं चाभिदधाति॥ ॥ जहीत्येतत्कर्मणा बहुलं समस्यते आभीक्ष्ण्ये गम्ये समासेन चेत्कर्ताऽभिधीयत इत्यर्थः । जहिजोडः। जहिस्तम्बः ॥ अविहितलक्षणस्तत्पुरुषो मयूरव्यंसकादौ द्रष्टव्यः॥

७५४-मयूरव्यंसकादि शब्द निपातनसे सिद्ध हों, जैसे-मयूरो व्यंसकः=मयूरव्यंसकः, व्यंसक यह धूर्तकी संज्ञा है। उदक् च अवाक् च=उच्चावचम् । निश्चितञ्च प्रचितञ्च= निश्चप्रचम् । नास्ति किंचन यस्य सः अकिंचनः । नास्ति कुतो भयं यस्य सः=अकुतोभयः । अन्यो राजा=राजान्तरम्, चिदेव=चिन्मात्रम् ।

क्रियासातत्यमें आख्यातके साथ आख्यातका समास हो, जैसे अश्नीत पिबतेत्येवं सततं यत्राभिधीयते सा=अश्नीतपिबता । पचतभृज्जता, खादतमोदता-इत्यादिभी इसी प्रकार जानने ।

अन्यपदार्थमें एहीडादि पदका समास हो । एहीड इति यस्मिन् कर्मणि तत्=एहीडम् । एहियवम् । उद्धर कोष्ठादुत्सृज देहीति यस्यां क्रियायां सा=उद्धरोत्सृजा । उद्धमविधमा । यहां असातत्यार्थ इस गणसूत्रका पाठ है ।

पौनःपुन्य गम्यमान रहते यदि समाससे कर्त्ताका कथन होता हो तो कर्मके साथ'जहि'का बहुल प्रकारसे समास हो। जहि जोडमिति आभीक्ष्ण्येन य आह सः=जहिजोडः । जहिस्तम्बः । जिसका तत्पुरुष समास किसीसे विहित नहीं है, उसका मयूरव्यंसकादिगणमें पाठ समझना ॥

७५५ ईषदकृता ।२।२।७॥

ईषत्पिङ्गलः॥ ईषद्गुणवचनेनेति वाच्यम्॥*॥ ईषद्रक्तम् ॥

७५५-कृत्प्रत्ययान्तसे भिन्न पदके साथ ईषत् शब्दका समास हो, जैसे-ईषत्पिङ्गलः ।

गुणवाचक शब्दके साथ ईषत् शब्दका समास हो, यह कहना चाहिये * ईषद्रक्तम् ॥

७५६ नञ् ।२।२।६॥

नञ् सुपा सह समस्यते ॥

७५६-सुबन्तके साथ नञ्का समास हो ॥

७५७ नलोपो नञः ।६।३।७३॥

नञो नस्य लोपः स्यादुत्तरपदे । न ब्राह्मणः अब्राह्मणः ॥

७५७-उत्तरपद परे रहते नञ्के नकारका लोप हो, जैसे-न ब्राह्मणः=अब्राह्मणः ॥

७५८ तस्मान्नुडचि ।६।३।७४॥

लुप्तनकारान्नञ उत्तरपदस्याजादेर्नुडागमः स्यात् । अनश्वः । अर्थाभावेऽव्ययीभावेन सहायं विकल्पते । रक्षोहागमलध्वसंदेहाः प्रयोजनमिति अदुतायामसंहितमिति च भाष्यवार्तिकप्रयोगात् । तेनानुपलब्धिरविवादोऽविघ्नमित्यादि सिद्धम् ॥ नञो नलोपस्तिङि क्षेपे ॥ * ॥ अपचसि त्वं जाल्म । नैकधेत्यादौ तु नशब्देन सह सुपेति समासः ॥

७५८-लुप्तनकारक नञ्से परे अजादि उत्तरपदको नुडागम हो, जैसे-न अश्वः=अनश्वः ।

अर्थाभावमें अव्ययीभाव समासके साथ यह समास विकल्प करके होताहै अर्थात् पक्षमें अव्ययीभाव भी होताहै, कारण कि 'रक्षोहागमलध्वसन्देहाः प्रयोजनम्', 'अदुतायामसंहितम्' इन (भाष्य तथा वार्तिक) में तत्पुरुष करके-'असन्देहाः'और अव्ययीभाव करके'असंहितम्'यह प्रयोग कियेहैं,नहीं तो अर्थाभावमें 'निर्मक्षिकम्' इत्यादि स्थलमें अव्ययीभावको चरितार्थ होनेसे परत्वसे'असंहितम्'इत्यादि प्रयोगोंमें तत्पुरुष ही हो जाता, उपरोक्त ज्ञापन होनेपर असंहितम्, अविघ्नम्, अविवादः,अनुपलब्धिः, असन्देहः-इत्यादि सिद्ध हुए ।

निन्दामें तिङन्त पद परे रहते नञ्के नकारका लोप हो * जैसे-अपचसि त्वं जाल्म ।

'नैकधा' इत्यादिमें नके साथ "सह सुपा ६४९" इससे समास होगा ॥

७५९ नभ्राण्नपान्नवेदानासत्यानमुचिनकुलनखनपुंसकनक्षत्रनक्रनाकेषु प्रकृत्या ।६।३।७५॥

पादिति शत्रन्तः । वेदा इत्यसुन्नन्तः । न सत्या असत्याः न असत्या नासत्याः । न मुञ्चतीति नमुचिः । न कुलमस्य । न खमस्य । न स्त्री पुमान्। स्त्रीपुंसयोः पुंसकभावो निपातनात्।

न क्षरतीति नक्षत्रम् । क्षीयतेः क्षरतेर्वा क्षत्रमिति निपात्यते । न क्रामतीति नक्रः । क्रमेर्डः । न अकमस्मिन्निति नाकः ॥

७५९–नभ्राट्,नपात्,नवेदाः,नासत्याः, नमुचि,नकुल,नख, नपुंसक,नक्षत्र,नक्र,नाक,इनके नकारका लोप न हो(यह स्वाभाविक नकारयुक्त हैं)। पात् यह शतृप्रत्ययान्त है । वेदाः यह असुन्नन्त है । न सत्याः=असत्याः,न असत्याः=नासत्याः। न मुञ्चतीति=नमुचिः । न कुलमस्य नकुलः । न खम् अस्य=नखः । न स्त्री पुमान्=नपुंसकम्, यहां स्त्रीपुंसको इस सूत्रसे निपातनसे पुंसक आदेश हुआ है । न क्षरतीति=नक्षत्रम् । क्षीयतेः क्षरतेर्वा क्षत्रम्, यह निपातनसे सिद्ध हुआहै । न क्रामतीति=नक्रः, यहां निपातनसे क्रम् धातुसे उप्रत्यय हुआहै । न अकमस्मिन्निति=नाकः ॥

७६० नगोऽप्राणिष्वन्यतरस्याम् । ६ । ३ । ७७ ॥

नग इत्यत्र नञ् प्रकृत्या वा । नगाः, अगाः, पर्वताः । अप्राणिष्विति किम् । अगो वृषलः शीतेन । नित्यं क्रीडेत्यतो नित्यमित्यनुवर्तमाने॥

७६०–अप्राणी होनेपर नग शब्दके नकारका विकल्प करके लोप न हो, जैसे–नगाः, अगाः, पर्वताः । प्राणी होनेपर जैसे–अगो वृषलः शीतेन, अर्थात् शूद्र शीतके कारण अचल होताहै ।

''नित्यं क्रीडा० ७११'' इस सूत्रसे 'नित्यम्' पदकी अनुवृत्ति होनेपर– ॥

७६१ कुगतिप्रादयः ।२।२।१८॥

एते समर्थेन नित्यं समस्यन्ते । कुत्सितः पुरुषः कुपुरुषः । गतिश्चेत्यनुवर्तमाने ॥

७६१–कु, गतिसंज्ञक शब्द और प्रादिका सुबन्तके साथ नित्य समास हो, जैसे–कुत्सितः पुरुषः=कुपुरुषः ।

''गतिश्च'' इस सूत्रसे गति शब्दकी अनुवृत्ति होनेपर–॥

७६२ ऊर्यादिच्विडाचश्च।१।४।६१॥

एते क्रियायोगे गतिसंज्ञाः स्युः । ऊरीकृत्य । शुक्लीकृत्य । पटपटाकृत्य ॥ कारिकाशब्दस्योपसंख्यानम्॥*॥कारिका क्रिया । कारिकाकृत्य॥

७६२–ऊरी-आदि शब्द,च्विप्रत्ययान्त शब्द और डाच्प्रत्ययान्त शब्दोंकी क्रियायोगमें गतिसंज्ञा हो । च्वि, डाच्प्रत्यय कृ, भू, अस् धातुके योगमें होते हैं, उनके साहचर्यसे ऊर्यादि शब्दभी पूर्वोक्त धातुके योगहीमें गतिसंज्ञक होंगे, इसलिये 'ऊरी पक्त्वा' यहां गतिसंज्ञा नहीं होती है, माधवादिग्रन्थमें तो 'आविः, प्रादुः, शब्दको छोडकर और सब शब्दोंको 'कृ' धातुके योगहीमें गतिसंज्ञा है'ऐसा स्थित है, वैसेही उदाहरण देतेहैं।ऊरीकृत्य। शुक्लीकृत्य। पटपटाकृत्य॥* कारिका शब्दकी गतिसंज्ञा हो, कारिका अर्थात् क्रिया । कारिकाकृत्य ॥

७६३ अनुकरणं चानितिपरम्।१।४।६२॥

खाट्कृत्य । अनितिपरं किम् । खाडिति कृत्वा निरष्ठीवत् ॥

७६३–इति शब्दसे भिन्न शब्द परे रहते अनुकरण शब्दकी गतिसंज्ञा हो, जैसे–खाट्कृत्य ।

'अनितिपरम्' कहनेसे 'खाडिति कृत्वा निरष्ठीवत्' यहां गतिसंज्ञा न हुई, नहीं तो समास होकर क्त्वाको ल्यप् आदेश होजाता ॥

७६४ आदरानादरयोः सदसती । १ । ४ । ६३ ॥

सत्कृत्य । असत्कृत्य ॥

७६४–आदरार्थमें सत् शब्द और अनादारमें असत् शब्दकी गतिसंज्ञा हो, जैसे–सत्कृत्य । असत्कृत्य ॥

७६५ भूषणेऽलम् । १ । ४ । ६४ ॥

अलंकृत्य । भूषणे किम् । अलंकृत्वौदनं गतः। पर्याप्तमित्यर्थः । अनुकरणमित्यादित्रिसूत्री स्वभावात् कृञ्विषया ॥

७६५–भूषणार्थमें अलम् शब्दकी गतिसंज्ञा हो, जैसे–अलंकृत्य । भूषणार्थ न होनेपर जैसे–'अलंकृत्वा ओदनं गतः' इस स्थानमें पर्याप्त अर्थ होनेके कारण गतिसंज्ञा नहीं हुई।

''अनुकरणञ्चानितिपरम् ७६३''इस सूत्रसे ''भूषणेऽलम्'' इस सूत्रतक तीन सूत्र स्वभावसे कृ धातुके योगमें लगते हैं ॥

७६६ अन्तरपरिग्रहे । १ ।४। ६५ ॥

अन्तर्हत्य । मध्ये हत्वेत्यर्थः । अपरिग्रहे किम्। अन्तर्हत्वा गतः।हतं परिगृह्य गत इत्यर्थः॥

७६६–परिग्रहसे भिन्न अर्थमें अन्तर शब्दकी गति संज्ञा हो, जैसे–अन्तर्हत्य, अर्थात् मध्यमें हनन करके गया ।

'अपरिग्रह' क्यों कहा ? तो 'अन्तर्हत्वा गतः' (मारे हुएको लेकर गया) यहां गति संज्ञा न हो ॥

७६७ कणेमनसी श्रद्धाप्रतीघाते । १ । ४ । ६६ ॥

कणेहत्य पयः पिबति । मनोहत्य । कणे शब्दः सप्तमीप्रतिरूपको निपातोऽभिलाषातिशये वर्तते । मनःशब्दोऽप्यत्रैव ॥

७६७–श्रद्धाका प्रतिघात हो तो, कणे और मनस् शब्दकी गति संज्ञा हो, जैसे कणे हत्य पयः पिबति । मनोहत्य । कणे शब्द सप्तमीप्रतिरूपक निपात है, इसका अर्थ अत्यन्त अभिलाषा है, मनस् शब्दका भी यही अर्थ है। श्रद्धाप्रतीघात न होनेपर कणे हत्वा ॥

७६८ पुरोऽव्ययम् । १।४ । ६७ ॥

पुरस्कृत्य ॥

७६८–पुरस् इस अव्यय शब्दकी गति संज्ञा हो, जैसे–पुरस्कृत्य ॥

७६९ अस्तं च । १ । ४ । ६८ ॥

अस्तमिति मान्तमव्ययं गतिसंज्ञं स्यात् । अस्तंगत्य ॥

७६९–अस्तम् इस मकारान्त अव्यय शब्दकी गति संज्ञा हो, जैसे–अस्तंगत्य ॥

७७० अच्छ गत्यर्थवदेषु । १।४।६९ ॥

अव्ययमित्येव । अच्छगत्य । अच्छोद्य । अभिमुखं गत्वा उक्त्वा चेत्यर्थः । अव्ययं किम् । जलमच्छं गच्छति ॥

७७०–गत्यर्थ और वद् धातु परे रहते अच्छ इस अव्ययकी गति संज्ञा हो, जैसे-अच्छगत्य, अच्छोद्य, अर्थात् अभिमुखमें जाकर तथा कहकर ।

अव्यय न होनेपर, जैसे–जलमच्छं गच्छति, अर्थात् निर्मल जल जाताहै, इस स्थानमें गति संज्ञा नहीं हुई ॥

७७१ अदोनुपदेशे । १ । ४ । ७० ॥

अदःकृत्य अदःकृतम् । परं प्रत्युपदेशे प्रत्युदाहरणम् । अदः कृत्वा अदः कुरु ॥

७७१–उपदेश न हो तो अदस् शब्दकी गति संज्ञा हो, जैसे–अदःकृत्य अदः कृतम् ।

अन्यके प्रति उपदेश होनेपर यथा–अदः कृत्वा अदः कुरु ॥

७७२ तिरोऽन्तर्धौ । १ । ४ । ७१ ॥

तिरोभूय ॥

७७२–अन्तर्द्धान अर्थमें तिरस् शब्दकी गति संज्ञा हो, जैसे–तिरोभूय ॥

७७३ विभाषा कृञि । १ । ४ । ७२ ॥

तिरस्कृत्य । तिरःकृत्य । तिरः कृत्वा ॥

७७३–कृ धातु परे रहते तिरस् शब्दकी विकल्प करके गति संज्ञा हो, गति संज्ञाके अभाव पक्षमें समास और "तिरसोऽन्यतरस्याम्" इससे सत्व नहीं होगा, जैसे तिरस्कृत्य, तिरःकृत्य, तिरः कृत्वा ॥

७७४ उपाजेऽन्वाजे । १ । ४ । ७३ ॥

एतौ कृञि वा गतिसंज्ञौ स्तः । उपाजेकृत्य । उपाजे कृत्वा । अन्वाजेकृत्य । अन्वाजे कृत्वा । दुर्बलस्य बलमाधायेत्यर्थः ॥

७७४–कृ धातु परे रहते उपाजे और अन्वाजे शब्दकी विकल्प करके गति संज्ञा हो । यह दो शब्द एकारान्त विभक्तिप्रतिरूपक निपात हैं, उपाजेकृत्य, उपाजे कृत्वा । अन्वाजेकृत्य, अन्वाजे कृत्वा (दुर्बलका बलाधान करके) ॥

७७५ साक्षात्प्रभृतीनि च । १ । ४ । ७४ ॥

कृञि वा गतिसंज्ञानि स्युः ॥ च्व्यर्थ इति वाच्यम् ॥ *॥ साक्षात्कृत्य । साक्षात्कृत्वा । लवणंकृत्य । लवणं कृत्वा । मान्तत्वं निपातनात् ॥

७७५–कृ धातु परे रहते च्विप्रत्ययार्थमें साक्षात् प्रभृति शब्दकी विकल्प करके गति संज्ञा हो, जैसे–साक्षात्कृत्य, साक्षात् कृत्वा । लवणंकृत्य, लवणं कृत्वा । निपातनसे मकारान्तत्व हुआ है ॥

७७६ अनत्याधान उरसिमनसी । १ । ४ । ७५ ॥

उरसिकृत्य । उरसि कृत्वा । अभ्युपगम्येत्यर्थः । मनसिकृत्य । मनसि कृत्वा । निश्चित्येत्यर्थः । अत्याधानमुपश्लेषणं तत्र न । उरसि कृत्वा पाणिं शेते ॥

७७६–कृ धातु परे रहते अनत्याधान अर्थमें उरसि और मनसि शब्दकी विकल्प करके गति संज्ञा हो, जैसे–उरसिकृत्य, उरसि कृत्वा, अर्थात् अभ्युपगम करके । मनसिकृत्य, मनसि कृत्वा, अर्थात् मनमें निश्चयकरके । अत्याधान अर्थात् उपश्लेष होनेपर न होगा, जैसे–'उरसि कृत्वा पाणि शेते' यहां न हुआ ॥

७७७ मध्ये पदे निवचने च । १।४।७६ ॥

एते कृञि वा गतिसंज्ञाः स्युरनत्याधाने । मध्येकृत्य । मध्ये कृत्वा । पदेकृत्य । पदे कृत्वा । निवचनेकृत्य । निवचने कृत्वा । वाचं नियम्येत्यर्थः ॥

७७७–कृ धातु परे रहते अनत्याधान अर्थमें मध्ये, पदे और निवचने शब्दोंकी विकल्प करके गति संज्ञा हो, जैसे–मध्येकृत्य, मध्ये कृत्वा । पदेकृत्य, पदे कृत्वा । निवचनेकृत्य, निवचने कृत्वा, अर्थात् वाक्यसंयम करके । अनत्याधान अर्थमें इन तीनों शब्दोंको एदन्तत्व निपातन है ॥

७७८ नित्यं हस्ते पाणावुपयमने । १ । ४ । ७७ ॥

कृञि । उपयमनं विवाहः । स्वीकारमात्रमित्यन्ये । हस्तेकृत्य । पाणौकृत्य ॥

७७८–कृ धातु परे रहते उपयम अर्थात् विवाह अर्थमें किसीके मतसे स्वीकार अर्थमें हस्ते और पाणौ शब्दकी गति संज्ञा हो, जैसे–हस्तेकृत्य पाणौकृत्य ॥

७७९ प्राध्वं बन्धने । १ । ४ । ७८ ॥

प्राध्वमित्यव्ययम् । प्राध्वंकृत्य । बन्धनेनानुकूल्यं कृत्वेत्यर्थः । प्रार्थनादिना त्वानुकूल्यकरणे । प्राध्वं कृत्वा ॥

७७९–कृ धातु परे रहते बन्धन अर्थमें प्राध्वम् शब्दकी गतिसंज्ञा हो, जैसे–प्राध्वंकृत्य अर्थात् बंधनसे आनुकूल्य करके ।

प्रार्थनादिसे आनुकूल्य करण हो तो न हो, जैसे–प्राध्वं कृत्वा ॥

७८० जीविकोपनिषदावौपम्ये । १।४।७९ ॥

जीविकामिव कृत्वा जीविकाकृत्य । उपनिषदमिव कृत्वा उपनिषत्कृत्य । औपम्ये किम् ।

जीविकां कृत्वा । प्रादिग्रहणमगत्यर्थम् । सुपुरुषः । अत्र वार्तिकानि ॥ प्रादयो गताद्यर्थे प्रथमया ॥*॥ प्रगत आचार्यः प्राचार्यः ॥ अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया ॥ * ॥ अतिक्रान्तो मालामतिमालः ॥ अवादयः क्रुष्टाद्यर्थे तृतीयया ॥ * ॥ अवक्रुष्टः कोकिलया अवकोकिलः ॥ पर्यादयो ग्लानाद्यर्थे चतुर्थ्या ॥ * ॥ परिग्लानोऽध्ययनाय पर्यध्ययनः ॥ निरादयः क्रान्ताद्यर्थे पञ्चम्या ॥ * ॥ निष्क्रान्तः कौशाम्ब्या निष्कौशाम्बिः ॥ कर्मप्रवचनीयानां प्रतिषेधः ॥ * ॥ वृक्षं प्रति ॥

७८०–औपम्यार्थमें जीविका और उपनिषद् शब्दकी गति संज्ञा हो, जैसे–'जीविकामिव कृत्वा' इस वाक्यमें जीविकाकृत्य । उपनिषदमिव कृत्वा=उपनिषत्कृत्य ।

औपम्यार्थ न होनेपर गति संज्ञा न होगी, जैसे–जीविकां कृत्वा । "कुगतिप्रादयः" इस सूत्रमें प्रादिग्रहण अगत्यर्थ है अर्थात् जहां गति संज्ञा नहीं हुई है वहां भी प्रादिके समासके निमित्त है, नहीं तो क्रियायोगहीमें गति संज्ञा होनेसे 'सुपुरुषः'–इत्यादिमें समास नहीं होता ।

इस स्थलमें वार्त्तिक हैं–

गतादि अर्थमें प्रथमान्तके साथ प्रादिका समास हो* जैसे–प्रगतः आचार्यः=प्राचार्यः ।

क्रान्तादि अर्थमें अत्यादि शब्दोंका द्वितीयान्तके साथ समास हो * जैसे–अतिक्रान्तो मालाम्=अतिमालः ।

क्रुष्टादि अर्थमें तृतीयान्त पदके साथ अवादि शब्दोंका समास हो * जैसे–अवक्रुष्टः कोकिलया=अवकोकिलः ।

ग्लानादि अर्थमें चतुर्थ्यन्तके साथ परि आदि शब्दोंका समास हो * जैसे–परिग्लानोऽध्ययनाय=पर्यध्ययनः ।

क्रान्तादि अर्थमें पञ्चम्यन्तके साथ निरादि अव्यय शब्दका समास हो * जैसे–निष्क्रान्तः कौशाम्ब्याः=निष्कौशाम्बिः ।

कर्मप्रवचनीयसंज्ञक शब्दका समास न हो * जैसे–वृक्षम्प्रति–इत्यादि ॥

७८१ तत्रोपपदं सप्तमीस्थम् ।३।१।९२॥

सप्तम्यन्ते पदे कर्मणीत्यादौ वाच्यत्वेन स्थितं कुम्भादि तद्वाचकं पदमुपपदसंज्ञं स्यात् तस्मिंश्च सत्येव वक्ष्यमाणः प्रत्ययः स्यात् ॥

७८१–सप्तम्यन्त जो 'कर्मणि' (२९१३) इत्यादि पद, उसमें वाच्यत्वरूपसे स्थित जो कुम्भादि, तद्वाचक जो पद, वह उपपदसंज्ञक हो, और उपपद संज्ञा होनेपर ही वक्ष्यमाण प्रत्यय हो ॥

७८२ उपपदमतिङ् ।२।२।१९॥

उपपदं सुबन्तं समर्थेन नित्यं समस्यते । अतिङन्तश्चायं समासः । कुम्भं करोतीति कुम्भकारः । इह कुम्भ अस् कार इत्यलौकिकं प्रक्रियावाक्यम् । अतिङ् किम् । मा भवान् भूत् । माङि लुङिति सप्तमीनिर्देशान्माङुपपदम् । अतिङ्ग्रहणं ज्ञापयति सुपेत्येतन्नेहानुवर्तत इति । पूर्वसूत्रेपि गतिग्रहणं पृथक्कृत्या-तिङ्ग्रहणं तत्रापकृष्यते सुपेति च निवृत्तम् । तथा च गतिकारकोपपदानां कृद्भिः सह समासवचनं प्राक् सुबुत्पत्तेरिति सिद्धम् ॥ व्याघ्री । अश्वक्रीती । कच्छपी ॥

७८२–उपपद सुबन्तका समर्थके साथ नित्य समास हो । यह अतिङन्त अर्थात् तिङन्तसे भिन्नका समास है, जैसे–'कुंभं करोति' इस वाक्यमें कुंभकारः, यहां कुंभ+अस्+कार, यह अलौकिक प्रक्रियावाक्य है ।

अतिङ् कहनेसे–'मा भवान् भूत्' इस स्थानमें समास नहीं हुआ । "माङि लुङ् २२१९" इस सूत्रमें सप्तमीनिर्देशके कारण माङ् यह उपपद है ।

यहां अतिङ्ग्रहणके सामर्थ्यसे "सह सुपा" इससे 'सुपा' की अनुवृत्ति नहीं आती है, और पूर्व सूत्र (कुगतिप्रादयः) में भी गतिग्रहणको अलग करके अतिङ्का इस सूत्रसे अपकर्षण है, इससे वहां भी 'सुपा' इसकी निवृत्ति हुई, तब "गतिकारकोपपदानां कृद्भिः सह समासवचनं प्राक् सुबुत्पत्तेः" अर्थात् गति, कारक और उपपदोंका सुबुत्पत्तिसे पहले ही कृदन्तके साथ समास हो, यह परिभाषा फलित हुई, इससे व्याघ्री, अश्वक्रीती, कच्छपी, यह सब सिद्ध हुए, नहीं तो 'व्याजिघ्रति' इस विग्रहमें "आतश्चोपसर्गे" इससे क प्रत्यय और जातिवाचक न होनेसे टाप्, तब सुप् प्रत्यय और समास, तब अदन्त न होनेसे "जातेरस्त्रीविषयादयोपधात्" इससे ङीप् नहीं होता, वैसे ही 'अश्वेन क्रीता' इस विग्रहमें समास तब अदन्त न होनेसे "क्रीतात् करणपूर्वात्" से ङीप् नहीं होता, वैसे ही 'कच्छेन पिबति' इस विग्रहमें "सुपि" इस योगविभागसे कप्रत्यय हुआ, तदुत्तर समाससे पहले जातिवाचक न होनेसे वा समासोत्तर अदन्त न होनेसे ङीप् न होता, पूर्वोक्त ज्ञापन होनेपर सब सिद्ध होते हैं ॥

७८३ अमैवाव्ययेन ।२।२।२०॥

अमैव तुल्यविधानं यदुपपदं तदेवाव्ययेन सह समस्यते । स्वादुंकारम् । नेह । कालसमयवेलासु तुमुन् । कालः समयो वेला वा भोक्तुम् । अमैवेति किम् । अग्रे भोजम् । अग्रे भुक्त्वा । विभाषाग्रेप्रथमपूर्वेष्विति क्त्वाणमुलौ । अमा चान्येन च तुल्यविधानमेतत् ॥

७८३–अम्से ही तुल्यविधान जो उपपद अर्थात् जिस उपपदमें जिस वाक्यसे अम् ही विहित हो ऐसे उपपदका अव्ययके साथ समास हो, जैसे–स्वादुंकारम् । जिस स्थानमें "कालसमयवेलासु तुमुन् ३१७९" इस सूत्रसे तुमुन् प्रत्यय हुआ है, उस स्थानमें समास न होगा, जैसे–कालः

समयो वेला वा भोक्तुम् । 'अमैव' इस पदका ग्रहण करनेसे अग्रे भोजम्, अग्रे भुक्त्वा, इस स्थलमें "विभाषाग्रेप्रथमपूर्वे० ३३४५" इस सूत्रसे क्त्वा, और णमुल् इन दोनों प्रत्ययोंके विधानके कारण 'अग्रे' यह उपपद अम्से और दूसरेसे भी तुल्यविधान है, केवल अम्से ही तुल्यविधान नहीं है, इससे समास नहीं हुआ ॥

७८४ तृतीयाप्रभृतीन्यन्यतरस्याम् । २ । २ । २१ ॥

उपदंशस्तृतीयायामित्यादीन्युपपदान्यमन्तेनाऽव्ययेन सह वा समस्यन्ते । मूलकेनोपदंशं भुङ्क्ते । मूलकोपदंशम् ॥

७८४-"उपदंशस्तृतीयायाम् ३३६८" इत्यादिसूत्रविषयक उपपदोंका अमन्त अव्ययके साथ विकल्प करके समास हो, जैसे-मूलकेनोपदंशं भुंक्ते=मूलकोपदंशम् ॥

७८५ क्त्वा च । २ । २ । २२ ॥

तृतीयाप्रभृतीन्युपपदानि क्त्वान्तेन सह वा समस्यन्ते । उच्चैःकृत्य । उच्चैः कृत्वा । अव्ययेयथाभिप्रेतेति क्त्वा । तृतीयाप्रभृतीनीति किम् । अलंकृत्वा । खलु कृत्वा ॥

७८५-क्त्वाप्रत्ययान्तके साथ तृतीयान्त आदि उपपदोंका विकल्प करके समास हो, जैसे-उच्चैःकृत्य, उच्चैः कृत्वा, इस स्थानमें "अव्ययेऽयथाभिप्रेताख्याने ३३८१" इस सूत्रसे क्त्वा प्रत्यय हुआहै ।

तृतीया आदि कहनेसे अलं कृत्वा, खलु कृत्वा-इत्यादिमें समास नहीं हुआ ॥

७८६ तत्पुरुषस्याङ्गुलेः संख्याव्ययादेः । ५ । ४ । ८६ ॥

संख्याव्ययादेरङ्गुल्यन्तस्य तत्पुरुषस्य समासान्तोऽच् स्यात् । द्वे अङ्गुली प्रमाणमस्य द्व्यङ्गुलं दारु । निर्गतमङ्गुलिभ्यो निरंगुलम् ॥

७८६-जिस तत्पुरुष समासके आदिमें संख्यावाचक शब्द हो अथवा अव्यय हो और अन्तमें अंगुलि शब्द हो उस (तत्पुरुष) से समासान्त अच् प्रत्यय हो, जैसे-द्वे अंगुली प्रमाणमस्य-द्वि+अंगुली+अ=द्व्यंगुलम् दारु (दो अंगुल प्रमाणकी लकडी) । निर्गतमंगुलिभ्यः-निर्+अंगुली+अ+अम्=निरंगुलम् (जो अंगुलीसे निकल गया) ॥

७८७ अहस्सर्वैकदेशसंख्यातपुण्याच्च रात्रेः । ५ । ४ । ८७ ॥

एभ्यो रात्रेरच् स्याच्चात्संख्याव्ययादेः । अहर्ग्रहणं द्वन्द्वार्थम् । अहश्च रात्रिश्चाहोरात्रः । सर्वा रात्रिः सर्वरात्रः । पूर्वं रात्रेः पूर्वरात्रः । संख्यातरात्रः । पुण्यरात्रः । द्वयो रात्र्योः समाहारो द्विरात्रम् । अतिक्रान्तो रात्रिमतिरात्रः ॥

७८७-अहन्, सर्व, एकदेश, संख्यात, पुण्य और अव्यय, इन शब्दोंके परे स्थित रात्रि शब्दसे अच् प्रत्यय हो । अहर्ग्रहण द्वन्द्वार्थ है, जैसे-अहश्च रात्रिश्च=अहोरात्रः । सर्वा चासौ रात्रिः=सर्वरात्रः । पूर्वं रात्रेः=पूर्वरात्रः । संख्याता चासौ रात्रिः=संख्यातरात्रः । पुण्या चासौ रात्रिः=पुण्यरात्रः । द्वयो रात्र्योः समाहारः=द्विरात्रम् । अतिक्रान्तो रात्रिम्=अतिरात्रः ॥

७८८ राजाहस्सखिभ्यष्टच् । ५ । ४ । ९१ ॥

एतदन्तात्तत्पुरुषाट्टच् स्यात् । परमराजः । अतिराजी । कृष्णसखः ।

७८८-राजन्, अहन् और सखि शब्दके उत्तर समासान्त टच् प्रत्यय हो, जैसे-परमश्चासौ राजा=परमराजः । अतिराजी । कृष्णसखः ॥

७८९ अह्नष्टखोरेव । ६ । ४ । १४५ ॥

टिलोपः स्यान्नान्यत्र । उत्तमाहः । द्वे अहनी भृतो द्व्यहीनः क्रतुः । तद्धितार्थे द्विगुः । तमधीष्टो भृतो इत्यधिकारे द्विगोर्वेत्यनुवृत्तौ रात्र्यहःसंवत्सराच्चेति खः । लिंगविशिष्टपरिभाषाया अनित्यत्वान्नेह । मद्राणां राज्ञी मद्रराज्ञी ॥

७८९-टच् और ख प्रत्यय परे रहते ही अहन् शब्दकी टिका लोप हो, अन्यत्र न हो, जैसे-उत्तममहः-उत्तमाहः । द्वे अहनी भृतः=द्व्यहीनः, क्रतुः । तद्धितार्थमें समास करके द्विगु संज्ञा, "तमधीष्टो० १७४४" इस सूत्रके अधिकारमें "द्विगोर्वा" इसकी अनुवृत्ति होनेपर "रात्र्यहःसंवत्सराच्च १७५१" इस सूत्रसे अहन् शब्दके उत्तर ख प्रत्यय करके 'द्व्यहीनः' पद सिद्ध हुआ ।

लिङ्गविशिष्ट परिभाषाके अनित्यत्वके कारण मद्राणां राज्ञी=मद्रराज्ञी, इस स्थलमें टच् और टिका लोप नहीं हुआ॥

७९० अह्नोऽह्न एतेभ्यः । ५ । ४ । ८८ ॥

सर्वादिभ्यः परस्याहनशब्दस्याह्नादेशः स्यात्समासान्ते परे ॥

७९०-समासान्त परे रहते सर्वादिसे परे स्थित अहन् शब्दके स्थानमें अह्नादेश हो ॥

७९१ अह्नोऽदन्तात् । ८ । ४ । ७ ॥

अदन्तपूर्वपदस्थाद्रेफात्परस्याह्नोऽह्नादेशस्य नस्य णः स्यात् । सर्वाह्णः । पूर्वाह्णः । संख्याताह्नः । द्वयोरह्नोर्भवः । कालाट्ठञ् । द्विगोर्लुगनपत्ये इति ठञो लुक् । द्व्यहः । स्त्रियामदन्तत्वाट्टाप् । द्व्यहा । द्व्यहप्रियः । अत्यहः ॥

७९१-अदन्तपूर्वपदस्थ रेफके परे स्थित अहन् शब्दके स्थानमें अह्न आदेशके न को ण हो, जैसे-सर्वाह्णः । पूर्वाह्णः । संख्याताह्नः । 'द्वयोरह्नोर्भवः' इस विग्रहमें "कालाट्ठञ् १३८१" इस सूत्रसे ठञ्, "द्विगोर्लुगनपत्ये १०८०" इस सूत्रसे ठञ्का लोप हुआ, जैसे-द्व्यहः । स्त्री लिङ्गमें अदन्तत्वके कारण टाप् होगा, जैसे-द्व्यहा । द्व्यहप्रियः । अत्यहः ॥

७९२ क्षुभ्नादिषु च । ८ । ४ । ३९ ॥

एषु णत्वं न स्यात् । दीर्घाह्नी प्रावृट् । एवं चैतदर्थमह्न इत्यदन्तानुकरणे क्लेशो न कर्तव्यः । प्रातिपदिकान्तेतिणत्ववारणाय क्षुभ्नादिषु पाठस्यावश्यकत्वात् । अदन्तादितितपरकरणान्नेह । परागतमहः पराह्णः ॥

७९२ क्षुभ्नादिके नकारको णत्व न हो, जैसे—दीर्घाह्नी प्रावृट् । 'दीर्घाह्नी' यहां णत्व न हो इस कारण "अह्नोऽदन्तात्" इस सूत्रमें अह्न इस अदन्तानुकरणमें क्लेश करना नहीं चाहिये, कारण कि, "प्रातिपदिकान्त० १०५५" इस सूत्रसे प्राप्त णत्वनिषेधके निमित्त क्षुभ्नादिके मध्यमें पाठकी तो आवश्यकता ही है, इसीसे "७९१" से प्राप्त णत्वका भी निषेध हो जायगा। "अदन्तात्" इस तपरकरणके कारण आकारान्त पूर्वपद रहते णत्व नहीं होगा, जैसे—परागतमहः=पराहः ॥

७९३ न संख्यादेः समाहारे ।५।४।८९॥

समाहारे वर्तमानस्य संख्यादेरह्नादेशो न स्यात् । संख्यादेरिति स्पष्टार्थम् । द्वयोरह्नोः समाहारो द्व्यहः । त्र्यहः ॥

७९३—समाहारमें वर्तमान संख्यावाचकके परे स्थित अहन् शब्दके स्थानमें अह्नादेश न हो ।

'संख्यादेः' ऐसा कहना स्पष्टताके निमित्त है कारण कि, समाहारमें संख्यादिका ही सम्भव है, जैसे—द्वयोरह्नोः समाहारः द्व्यहः । त्र्यहः ॥

७९४ उत्तमैकाभ्यां च । ५ । ४ । ९० ॥

आभ्यामह्नादेशो न । उत्तमशब्दोन्त्यार्थः पुण्यशब्दमाह । पुण्यैकाभ्यामित्येव सूत्रयितुमुचितम् । पुण्याहम् । सुदिनाहम् । सुदिनशब्दः प्रशस्तवाची । एकाहः । उत्तमग्रहणमुपान्त्यस्यापि संग्रहार्थमित्येके । संख्याताहः ॥

७९४—उत्तम और एक शब्दके उत्तर अह्नादेश न हो । उत्तम शब्द अन्त्यवाचक है, इससे पुण्य शब्द लिया गया, तब "पुण्यैकाभ्याम्" इस प्रकार सूत्र करना उचित था । पुण्यं च तत् अहः=पुण्याहम् । सुदिनं च तत् अहः= सुदिनाहम् । सुदिन शब्द प्रशस्तवाची है । एकाहः । कोई कहतेहैं कि उपान्त्यके भी ग्रहणके निमित्त उत्तम शब्दका ग्रहण किया है, जैसे—संख्यातं च तत् अहः=संख्याताहः ॥

७९५ अग्राख्यायामुरसः । ५ । ४ । ९३ ॥

टच् स्यात् । अश्वानामुर इव अश्वोरसम् । मुख्योश्व इत्यर्थः ॥

७९५—अग्र अर्थात् प्रधानवाचक उरस् शब्दके उत्तर टच् हो, यथा—अश्वानामुर इव=अश्वोरसम्, अर्थात् मुख्य अश्व ॥

७९६ अनोश्मायस्सरसां जातिसंज्ञयोः । ५ । ४ । ९४ ॥

टच् स्याज्जातौ संज्ञायां च । उपानसम् । अमृताश्मः । कालायसम् । मण्डूकसरसमितिजातिः । महानसम् । पिण्डाश्मः । लोहितायसम् । जलसरसमिति संज्ञा ॥

७९६—जाति और संज्ञामें अनस्, अश्मन्, अयस् और सरस् शब्दके उत्तर टच् हो । जातिमें यथा—उपगतम् अनः=उपानसम् । अमृतस्य अश्मा=अमृताश्मः । कालं च तत् अयः=कालायसम् । मंडूकस्य सरः=मंडूकसरसम् । संज्ञा अर्थमें महत् च तत् अनः=महानसम् । पिण्डस्य अश्मा= पिण्डाश्मः । लोहितं च तदयः=लोहितायसम् । जलस्य सरः=जलसरसम् ॥

७९७ ग्रामकौटाभ्यां च तक्ष्णः ।५।४।९५॥

ग्रामस्य तक्षा ग्रामतक्षः । साधारण इत्यर्थः । कुट्यां भवः कौटः स्वतन्त्रः स चासौ तक्षा च कौटतक्षः ॥

७९७—ग्राम और कौट शब्दके परे स्थित तक्षन् शब्दके उत्तर टच् प्रत्यय हो, जैसे—ग्रामस्य तक्षा=ग्रामतक्षः—अर्थात् साधारण । कुट्यां भवः=कौटः, अर्थात् स्वतंत्र, स चासौ तक्षा च=कौटतक्षः ॥

७९८ अतेः शुनः । ५ । ४ । ९६ ॥

अतिश्वो वराहः । अतिश्वी सेवा ॥

७९८—अति शब्दके परे स्थित श्वन् शब्दके उत्तर टच् प्रत्यय हो, जैसे—श्वानमतिक्रान्तो जवेन=अतिश्वो वराहः । अतिश्वी सेवा, अर्थात् नीच ॥

७९९ उपमानादप्राणिषु ।५। ४ । ९७॥

अप्राणिविषयकोपमानवाचिनः शुनष्टच् स्यात् । आकर्षः[1] श्वेव आकर्षश्वः । अप्राणिषु किम् । वानरः श्वेव वानरश्वा ॥

७९९—अप्राणिविषयक उपमानवाचक जो श्वन् शब्द, उसके उत्तर टच् हो, जैसे—आकर्षः श्वेव=आकर्षश्वः ।

प्राणि अर्थमें जैसे—वानरः श्वेव=वानरश्वा, इस स्थानमें टच् नहीं हुआ ॥

८०० उत्तरमृगपूर्वाच्च सक्थ्नः ।५।४।९८॥

चादुपमानात् । उत्तरसक्थम् । मृगसक्थम् । पूर्वसक्थम् । फलकमिव सक्थि फलकसक्थम् ॥

८००—उत्तर, मृग और पूर्व शब्दके परे स्थित सक्थि शब्दके उत्तर टच् हो, चकारसे उपमानवाचकके उत्तर भी होगा, जैसे—उत्तरसक्थम् । मृगसक्थम् । पूर्वसक्थम् । फलकमिव सक्थि=फलकसक्थम् ॥

---

[1] आकृष्यतेऽनेन खलादिगतं धान्यमित्याकर्षः काष्ठविशेषः ॥

८०१ नावो द्विगोः । ५ । ४ । ९९॥

नौशब्दान्ताद्विगोष्टच् स्यान्न तु तद्धितलुकि । द्वाभ्यां नौभ्यामागतः द्विनावरूप्यः । द्विगोर्लुगनपत्य इत्यत्र अचीत्यस्यापकर्षणाद्धलादेर्न लुक् । पञ्चनावप्रियः । द्विनावम् । त्रिनावम् । अतद्धितलुकीति किम् । पञ्चभिर्नौभिः क्रीतः पञ्चनौः ॥

८०१-नौशब्दान्त द्विगु समासके उत्तर टच् हो, परन्तु तद्धितलुक् होनेपर न हो, जैसे-द्वाभ्यां नौभ्यामागतः= द्विनावरूप्यः, यहां "द्विगोर्लुगनपत्ये १०८०" इस सूत्रमें 'अचि' इस पदके आकर्षणके कारण हलादि 'रूप्य' प्रत्ययका लुक् न हुआ । पञ्चनावप्रियः । द्विनावम् । त्रिनावम् ।

'अतद्धितलुकि' कहनेसे पञ्चभिर्नौभिः क्रीतः=पञ्चनौः, यहां टच् न हुआ ॥

८०२ अर्धाच्च । ५ । ४ । १०० ॥

अर्धान्नावष्टच् स्यात् । नावोर्धम् । अर्धनावम् । क्लीबत्वं लोकात् ॥

८०२-अर्द्ध शब्दके परे स्थित नौ शब्दके उत्तर टच् प्रत्यय हो, जैसे-अर्द्धं नावः=अर्द्धनावम्, इस स्थलमें नपुंसकत्व लौकिकप्रसिद्ध है ॥

८०३ खार्याः प्राचाम् । ५ । ४ । १०१ ॥

द्विगोरर्धाच्च खार्याष्टज्वा स्यात् । द्विखारम् । द्विखारि । अर्धखारम् । अर्धखारि ॥

८०३-खारीशब्दान्त द्विगु और अर्द्ध शब्दके परे स्थित खारी शब्दके उत्तर विकल्प करके टच् हो, जैसे-द्विखारम्, द्विखारि । अर्द्धखारम्, अर्द्धखारि ॥

८०४ द्वित्रिभ्यामञ्जलेः । ५ । ४ । १०२ ॥

टज्वा स्याद् द्विगौ । द्व्यञ्जलम् । द्व्यञ्जलि । अतद्धितलुकीत्येव । द्वाभ्यामञ्जलिभ्यां क्रीतो द्व्यञ्जलिः ॥

८०४-द्विगु समासमें द्वि और त्रि शब्दके परे स्थित अञ्जलि शब्दके उत्तर विकल्प करके टच् हो, जैसे-द्व्यञ्जलम्, द्व्यञ्जलि । अतद्धितलुक्में ही यह सूत्र लगताहै, इससे द्वाभ्याम् अञ्जलिभ्यां क्रीतः=द्व्यञ्जलिः, यहां तद्धितलुक्के कारण टच् प्रत्यय न हुआ ॥

८०५ ब्रह्मणो जानपदाख्यायाम् । ५ । ४ । १०४ ॥

ब्रह्मान्तात्तत्पुरुषाट्टच् स्यात्समासेन जानपदत्वमाख्यायते चेत् । सुराष्ट्रे ब्रह्मा सुराष्ट्रब्रह्मः ॥

८०५-समाससे जानपदत्वका कथन हो तो, ब्रह्मशब्दान्त तत्पुरुषके उत्तर टच् हो, जैसे-सुराष्ट्रे ब्रह्मा=सुराष्ट्रब्रह्मः ॥

८०६ कुमहद्भ्यामन्यतरस्याम् । ५ । ४ । १०५ ॥

आभ्यां ब्रह्मणो वा टच् स्यात् तत्पुरुषे । कुत्सितो ब्रह्मा कुब्रह्मः । कुब्रह्मा ॥

८०६-कु और महत् शब्दके परे स्थित ब्रह्म शब्दके उत्तर विकल्प करके टच् हो, जैसे-कुत्सितो ब्रह्मा=कुब्रह्मः, कुब्रह्मा ॥

८०७ आन्महतः समानाधिकरणजातीययोः । ६ । ३ । ४६ ॥

महत आकारोऽन्तादेशः स्यात्समानाधिकरणे उत्तरपदे जातीये च परे । महाब्रह्मः । महाब्रह्मा । महादेवः । महाजातीयः । समानाधिकरणे किम् । महतः सेवा महत्सेवा । लाक्षणिकं विहाय प्रतिपदोक्तः सन्महदितिसमासो ग्रहीष्यत इति चेत् महाबाहुर्न स्यात् । तस्माल्लक्षणप्रतिपदोक्तयोः प्रतिपदोक्तस्यैति परिभाषा नेह प्रवर्तते समानाधिकरणग्रहणसामर्थ्यात् । आदिति योगविभागादात्वं प्रागेकादशभ्य इति निर्देशाद्वा । एकादश । महतीशब्दस्य पुंवत्कर्मधारयेति पुंवद्भावे कृते आत्वम् । महाजातीया ॥ महदात्वे घासकरविशिष्टेषूपसंख्यानं पुंवद्भावश्च ॥ * ॥ असामानाधिकरण्यार्थमिदम् । महतो महत्या वा घासो महाघासः । महाकरः । महाविशिष्टः ॥ अष्टनः कपाले हविषि ॥ * ॥ अष्टाकपालः ॥ गवि च युक्ते ॥ * ॥ गोशब्दे परे युक्त इत्यर्थे गम्येऽष्टन आत्वं स्यात् । अष्टागवं शकटम् । अच्प्रत्यन्ववेत्यत्राऽजिति योगविभागाद्बहुव्रीहावप्यच् । अष्टानां गवां समाहारः अष्टगवम् । तद्युक्तत्वाच्छकटमष्टागवमिति वा ॥

८०७-समानाधिकरण उत्तर पद और जातीय प्रत्यय परे रहते महत् शब्दको आकार अन्तादेश हो, जैसे-महाब्रह्मः, महाब्रह्मा । महादेवः । महाजातीयः ।

समानाधिकरण न होनेपर जैसे-महतः सेवा=महत्सेवा ।

यदि लाक्षणिकको त्याग करके प्रतिपदोक्त "सन्महत्० ७४०" इस सूत्रसे विहित समासका ग्रहण करेंगे तो 'महाबाहुः' ऐसा पद न होगा, इस कारण "लक्षणप्रतिपदोक्तयोः प्रतिपदोक्तस्यैव ग्रहणम्" इस परिभाषाकी समानाधिकरणग्रहणकी सामर्थ्यके कारण इस स्थानमें प्रवृत्ति नहीं होती है ।

'आत्' इस योगविभागके कारण "प्रागेकादशभ्यः० १९९५" इस सूत्रनिर्देशके कारण आत्व करके 'एकादश' यह पद सिद्ध हुआ ।

१ "हेतुमनुष्येभ्योऽन्यतरस्यां रूप्यः ४।३।८१" इससे रूप्य प्रत्यय हुआ ॥

महती शब्दको "पुंवत्कर्मधारय० ७४६" इस सूत्रसे पुंवद्भाव होनेपर आत्व होगा, जैसे-महाजातीया ।

घास, कर और विशिष्ट शब्द परे रहते महती शब्दको आकार आदेश और पुंवद्भाव हो * यह वार्त्तिक असमानाधिकरण्यके निमित्त है । महतो महत्या वा घासः=महाघासः । महतो महत्या वा करः=महाकरः । महतो महत्या वा विशिष्टः=महाविशिष्टः ।

हविष् वाच्य रहते तथा कपाल शब्द परे रहते अष्टन् शब्दको आकार हो, जैसे-अष्टाकपालः ।

युक्त अर्थ हो तो गो शब्दके पूर्वमें स्थित अष्टन् शब्दको आकार हो, यथा-अष्टागवं शकटम्, यहां "अच् प्रत्यन्वव०" इस सूत्रमें 'अच्' इस योगविभाग अर्थात् भिन्न सूत्रकरनेके कारण बहुव्रीहि समासमें भी अच् हुआ । अष्टानां गवां समाहारः=अष्टगवम् । वा तद्युक्तत्वके कारण 'अष्टागवं शकटम्' ऐसा होगा ।

८०८ द्व्यष्टनः संख्यायामबहुव्रीह्यशीत्योः । ६ । ३ । ४७ ॥

आत्स्यात् । द्वौ च दश च द्वादश । द्व्यधिका दशेति वा । द्वाविंशतिः । अष्टादश । अष्टाविंशतिः । अबहुव्रीह्यशीत्योः किम् । द्वित्राः । द्व्यशीतिः ॥ प्राक् शताद्वक्तव्यम् ॥ * ॥ नेह द्विसहस्रम् ॥

८०८-संख्यावाचक पद परे रहते द्वि शब्द और अष्टन् शब्दको आकार हो और बहुव्रीहि समासमें और अशीति शब्द परे रहते न हो, जैसे-द्वौ च दश च=द्वादश, द्व्यधिका दश इति वा । द्वाविंशतिः । अष्टादश । अष्टाविंशतिः ।

बहुव्रीहि समासमें और अशीति शब्द परे रहते यथा-द्वित्राः । द्व्यशीतिः । यहां आत्व न हुआ । शत संख्यासे न्यून संख्यावाचक शब्द परे रहते ही आत्व हो । इसी कारण द्विशतम्, द्विसहस्रम्, इस स्थलमें आत्व नहीं हुआ ॥

८०९ त्रेस्त्रयः । ६ । ३ । ४८ ॥

त्रिशब्दस्य त्रयः स्यात्पूर्वविषये । त्रयोदश । त्रयोविंशतिः । बहुव्रीहौ तु । त्रिर्दश त्रिदशाः । सुजर्थे बहुव्रीहिः । अशीतौ तु त्र्यशीतिः । प्राक् शतादित्येव । त्रिशतम् । त्रिसहस्रम् ॥

८०९-पूर्व विषयमें त्रि शब्दके स्थानमें त्रयस् आदेश हो, जैसे-त्रयोदश । त्रयोविंशतिः । बहुव्रीहि समासमें तो त्रिर्दश=त्रिदशाः, इस स्थलमें सुच्के अर्थमें बहुव्रीहि हुआ है । अशीति शब्द परे रहते, जैसे-त्र्यशीतिः । शत शब्दके पूर्वमें न होनेपर, जैसे-त्रिशतम्, त्रिसहस्रम्, इस प्रकार होंगे ॥

८१० विभाषा चत्वारिंशत्प्रभृतौ सर्वेषाम् । ६ । ३ । ४९ ॥

द्व्यष्टनोस्त्रेश्च प्रागुक्तं वा स्याच्चत्वारिंशदादौ परे । द्विचत्वारिंशत् । द्वाचत्वारिंशत् । अष्टचत्वारिंशत् । अष्टाचत्वारिंशत् । त्रिचत्वारिंशत् । त्रयश्चत्वारिंशत् । एवं पञ्चाशत्षष्टिसप्ततिनवतिषु ॥

८१०-चत्वारिंशत् आदि शब्द परे रहते द्वि, अष्टन् और त्रि शब्दोंको पूर्वोक्त कार्य विकल्प करके हों, जैसे-द्वाचत्वारिंशत्, द्विचत्वारिंशत् । अष्टाचत्वारिंशत्, अष्टचत्वारिंशत् । त्रयश्चत्वारिंशत्, त्रिचत्वारिंशत् । पञ्चाशत्, षष्टि, सप्तति और नवति शब्द परे रहते भी इसी प्रकार कार्य्य होंगे ॥

८११ एकादिश्चैकस्य चादुक् ६।३।७६॥

एकादिर्नञ् प्रकृत्या स्यादेकस्य चाऽदुगागमश्च । नञो विंशत्या समासे कृते एकशब्देन सह तृतीयेति योगविभागात्समासः । अनुनासिकविकल्पः । एकेन न विंशतिः एकान्नविंशतिः । एकाद्नविंशतिः । एकोनविंशतिरित्यर्थः ॥ षष उत्वं दतृदशधासूत्तरपदादेः ष्टुत्वं च । धासु वेति वाच्यम् ॥ * ॥ षोडन् । षोडश । षोढा । षड्धा ॥

८११-एकादि नञ् शब्दका प्रकृतिभाव हो, और एक शब्दको अदुक्का आगम हो । विंशति शब्दके साथ नञ्का समास करनेपर फिर एक शब्दके साथ "तृतीया" इस योगविभागसे समास हुआ और अनुनासिक विकल्प करके हुआ, जैसे-एकेन न विंशतिः=एकान्नविंशतिः, एकाद्नविंशतिः । एकोनविंशतिरित्यर्थः ।

दत्, दश और धा शब्द परे रहते षष् शब्दको उत्व हो और उत्तरपदादिको ष्टुत्व हो और धा शब्दमें धको विकल्प करके ष्टुत्व हो, जैसे-षट् दन्ता अस्येति=षोडन्, यहां "वयसि दन्तस्य दतृ" इससे दतृ आदेश होताहै, षोडश, षोढा, षड्धा, यहां "संख्याया विधार्थे धा" इस सूत्रसे धा प्रत्यय हुआ है ॥

८१२ परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः २।४।२६

एतयोः परपदस्येव लिङ्गं स्यात् । कुक्कुटमयूर्याविमे । मयूरीकुक्कुटाविमौ । अर्धपिप्पली ॥ द्विगुप्राप्तापन्नालम्पूर्वगतिसमासेषु प्रतिषेधो वाच्यः ॥ * ॥ पञ्चसु कपालेषु संस्कृतः पञ्चकपालः पुरोडाशः । प्राप्तो जीविकां प्राप्तजीविकः । आपन्नजीविकः । अलं कुमार्यै अलंकुमारिः । अत एव ज्ञापकात्समासः । निष्कौशाम्बिः ॥

८१२-द्वन्द्व और तत्पुरुष समासमें परवर्ती पदके समान लिङ्ग हो, जैसे-कुक्कुटश्च मयूरी च=कुक्कुटमयूर्यौ इमे । मयूरीकुक्कुटौ इमौ । पिप्पल्या अर्द्धम्, इस विग्रहमें अर्द्धपिप्पली ॥

द्विगु समास और प्राप्त, आपन्न, अलम्पूर्वक समास और गतिसमासमें पर पदके समान लिङ्ग न हो * जैसे-पञ्चसु कपालेषु संस्कृतः=पञ्चकपालः पुरोडाशः । प्राप्तो जीविकाम्=प्राप्तजीविकः । आपन्नो जीविकाम्=आपन्नजीविकः । अलं कुमार्यै=

अलंकुमारिः, इसी ज्ञापकके कारण इस स्थानमें समास हुआ, निष्कौशाम्बिः ॥

८१३ पूर्ववदश्ववडवौ । २ । ४ । २७ ॥

द्विवचनमतन्त्रम् । अश्ववडवौ । अश्ववडवान् । अश्ववडवैः ॥

८१३–अश्व और वडवा शब्दके समासमें पूर्व पदके समान लिङ्ग हो । इस सूत्रमें द्विवचन अतन्त्र (अविवक्षित) है इससे अश्ववडवौ, अश्ववडवान्, अश्ववडवैः, इत्यादि सब रूप बनेंगे ॥

८१४ रात्राह्नाहाः पुंसि । २ । ४ । २९ ॥

एतदन्तौ द्वन्द्वतत्पुरुषौ पुंस्येव । अनन्तरत्वात्परवल्लिङ्गतापवादोऽप्ययं परत्वात्समाहारनपुंसकतां बाधते । अहोरात्रः । रात्रेः पूर्वभागः पूर्वरात्रः । पूर्वाह्णः । द्व्यहः ॥ संख्यापूर्वं रात्रं क्लीबम् ॥ * ॥ द्विरात्रम् । त्रिरात्रम् । गणरात्रम् ॥

८१४–रात्र, अह्न व अहशब्दान्त द्वन्द्व और तत्पुरुष समास पुँल्लिङ्गहीमें हों । अनन्तरत्वके कारण परवल्लिङ्गताका अपवाद होनेपर भी यह सूत्र परत्वके कारण समाहारमें नपुंसक लिङ्गका बाधक होताहै, जैसे–अहश्च रात्रिश्च=अहोरात्रः, अथवा अह्ना सहिता रात्रिः=अहोरात्रः । रात्रेः पूर्वभागः=पूर्वरात्रः । पूर्वाह्णः । द्व्यहः ।

संख्यापूर्वक रात्र शब्द नपुंसकलिङ्ग हो * जैसे–द्विरात्रम् । त्रिरात्रम् । गणरात्रम् ॥

८१५ अपथं नपुंसकम् । २ । ४ । ३० ॥

तत्पुरुष इत्येव । अन्यत्र तु । अपथो देशः । कृतसमासान्तनिर्देशान्नेह । अपन्थाः ॥

८१५–समासान्त अपथ शब्द तत्पुरुषमें नपुंसक हो, जैसे–अपथम् । अन्यत्र तु–अर्थात् तत्पुरुषसे भिन्न समासमें तो जैसे अपथो देशः । कृतसमासान्त निर्देशके कारण अपन्थाः, इस स्थानमें नपुंसकत्व नहीं हुआ ॥

८१६ अर्धर्चाः पुंसि च । २ । ४ । ३१ ॥

अर्धर्चादयः शब्दाः पुंसि क्लीबे च स्युः । अर्धर्चः । अर्धर्चम् । ध्वजः । ध्वजम् । एवं–तीर्थ, शरीर, मण्ड, पीयूष, देह, अंकुश, कलश, इत्यादि ॥

८१६–अर्द्धर्चादि शब्द पुँल्लिङ्गमें और नपुंसकलिङ्गमें प्रयुक्त हों । अर्द्धर्चः, अर्द्धर्चम् । ध्वजः, ध्वजम् । इसी प्रकार तीर्थ, शरीर, मंड, पीयूष, देह, अंकुश और शकल–इत्यादि शब्द पुँल्लिङ्ग नपुंसकलिङ्ग हैं ॥

८१७ जात्याख्यायामेकस्मिन्बहुवचनमन्यतरस्याम् । १ । २ । ५८ ॥

एकोऽप्यर्थो वा बहुवद्भवति । ब्राह्मणाः पूज्याः । ब्राह्मणः पूज्यः ॥

८१७–जातिवाचक शब्दसे एकत्व अर्थमें भी विकल्प करके बहुवचन हो, जैसे ब्राह्मणाः पूज्याः, ब्राह्मणः पूज्यः ॥

८१८ अस्मदो द्वयोश्च । १ । २ । ५९ ॥

एकत्वे द्वित्वे च विवक्षितेऽस्मदो बहुवचनं वा स्यात् । वयं ब्रूमः । पक्षेऽहं ब्रवीमि । आवां ब्रुव इति वा ॥ सविशेषणस्य प्रतिषेधः ॥ * ॥ पटुरहं ब्रवीमि ॥

८१८–एकत्व और द्वित्व विवक्षित हो तो अस्मद् शब्दसे विकल्प करके बहुवचन हो, जैसे–वयं ब्रूमः । अहं ब्रवीमि । आवां ब्रुव इति वा । विशेषणयुक्त अस्मद् शब्दसे एकत्व और द्वित्व विवक्षित रहते बहुवचन नहीं हो, जैसे–पटुरहं ब्रवीमि ॥

८१९ फल्गुनीप्रोष्ठपदानां च नक्षत्रे । १ । २ । ६० ॥

द्वित्वे बहुत्वप्रयुक्तं कार्यं वा स्यात् । पूर्वे फल्गुन्यौ । पूर्वाः फल्गुन्यः । पूर्वे प्रोष्ठपदे । पूर्वाः प्रोष्ठपदाः । नक्षत्रे किम् । पूर्वफल्गुन्यौ माणविके ॥

८१९–नक्षत्रवाचक फल्गुनी और प्रोष्ठपदा शब्दके द्वित्व अर्थमें विकल्प करके बहुत्वप्रयुक्त कार्य्य हो, जैसे–पूर्वे फल्गुन्यौ, पूर्वाः फल्गुन्यः । पूर्वे प्रोष्ठपदे, पूर्वाः प्रोष्ठपदाः । नक्षत्रसे भिन्न अर्थमें नहीं होगा, जैसे-पूर्वफल्गुन्यौ माणविके ॥

८२० तिष्यपुनर्वस्वोर्नक्षत्रद्वन्द्वे बहुवचनस्य द्विवचनं नित्यम् । १ । २ । ६३ ॥

बहुत्वं द्वित्ववद्भवति । तिष्यश्च पुनर्वसू च तिष्यपुनर्वसू । तिष्येति किम् । विशाखानुराधाः । नक्षत्रेति किम् । तिष्यपुनर्वसवो माणवकाः ॥

८२०–तिष्य और पुनर्वसू शब्दका नक्षत्रार्थमें द्वन्द्व समास होनेपर बहुवचनको नित्य द्विवचन हो, जैसे–तिष्यश्च पुनर्वसू च=तिष्यपुनर्वसू । सूत्रमें तिष्य, पुनर्वसू शब्दका ग्रहण करनेसे 'विशाखानुराधाः' इत्यादि स्थलमें द्विवचन नहीं हुआ । नक्षत्रवाचक कहनेसे 'तिष्यपुनर्वसवो माणवकाः' इस स्थलमें द्विवचन नहीं हुआ ॥

८२१ स नपुंसकम् । २ । ४ । १७ ॥

समाहारे द्विगुर्द्वन्द्वश्च नपुंसकं स्यात् । परवल्लिङ्गापवादः । पञ्चगवम् । दन्तोष्ठम् ॥ अकारान्तोत्तरपदो द्विगुः स्त्रियामिष्टः ॥ * ॥ पञ्चमूली ॥ आबन्तो वा ॥ * ॥ पञ्च खट्वी ॥ पञ्चखट्वम् ॥ अनो नलोपश्च वा च द्विगुः स्त्रियाम् ॥ * ॥ पञ्चतक्षी । पञ्चतक्षम् ॥ पात्राद्यन्तस्य न ॥ * ॥ पञ्चपात्रम् । त्रिभुवनम् ॥ चतुर्युगम् ॥ पुण्यसुदिनाभ्यामह्नः क्लीबतेष्टा ॥ * ॥ पुण्याहम् । सुदिनाहम् ॥ पथः संख्याव्ययादेः ॥ * ॥ संख्याव्ययादेः परः कृतसमासान्तः पथशब्दः क्लीब-

मित्यर्थः। त्रयाणां पन्थास्त्रिपथम् । विरूपः पन्था विपथम् । कृतसमासान्तनिर्देशान्नेह । सुपन्थाः । अतिपन्थाः ॥ सामान्ये नपुंसकम् ॥*॥ मृदु पचति । प्रातः कमनीयम् ॥

८२१–समाहारमें द्विगु और द्वन्द्व नपुंसकलिङ्ग हो, यह सूत्र परवल्लिङ्गका अपवाद है । पञ्चगवम् । दन्तोष्ठम् ।

अकारान्तोत्तरपदक जो द्विगु पद वह स्त्रीलिङ्गमें इष्ट हो अर्थात् उसको स्त्रीत्व हो * जैसे–पञ्चमूली ।

आबन्त हो तो विकल्पकरके स्त्रीलिङ्गमें इष्ट हो * जैसे–पञ्चखट्वी, पञ्चखट्वम् ।

द्विगु समासमें अन्‌के नकारका लोप हो और विकल्पकरके द्विगुसंज्ञक शब्द स्त्रिलिङ्ग हो,जैसे–पञ्चतक्षी,पञ्चतक्षम् ।

पात्राद्दिशब्दान्त द्विगुको स्त्रीत्व न हो * जैसे–पञ्चपात्रम् । त्रिभुवनम् । चतुर्युगम् ।

पुण्य और सुदिन शब्दके उत्तर अहन् शब्द नपुंसक लिङ्ग हो, जैसे–पुण्यं च तत् अहः=पुण्याहम् । सुदिनं च तत् अहः=सुदिनाहम् ।

संख्या और अव्यय आदिके परे स्थित कृतसमासान्त पथ शब्द नपुंसक लिङ्ग हो, जैसे–त्रयाणां पन्थाः=त्रिपथम् । विरूपः पन्थाः=विपथम् । कृतसमासान्तनिर्देशके कारण 'सुपन्थाः', 'अतिपन्थाः' इत्यादि पदोंको क्लीबत्व नहीं हुआ ।

सामान्यमें नपुंसक लिङ्ग हो * यह अनियत लिङ्गविषयक है, क्योंकि, नियतलिङ्गका नपुंसकत्व ही नहीं होताहै । 'मृदु पचति' इस स्थलमें क्रियाविशेषणत्वके कारण द्वितीया हुई है । प्रातः कमनीयम् ॥

८२२ तत्पुरुषोऽनञ्कर्मधारयः । २ । ४ । १९ ॥

अधिकारोऽयम् ॥

८२२–इसके आगे नञ्समास और कर्मधारयसे भिन्न तत्पुरुषाधिकार चलेगा अर्थात् नञ्समास और कर्मधारयसे भिन्न तत्पुरुषको वक्ष्यमाण कार्य्य होंगे ॥

८२३ संज्ञायां कन्थोशीनरेषु।२।४।२० ॥

कन्थान्तस्तत्पुरुषः क्लीबं स्यात्सा चेदुशीनरदेशोत्पन्नायाः कन्थायाः संज्ञा । सुशमस्यापत्यानि सौशमयः, तेषां कन्था सौशमिकन्थम् । संज्ञायां किम् । वीरणकन्था।उशीनरेषु किम्।दाक्षिकन्था॥

८२३–उशीनरदेशोत्पन्न कंथा होनेपर कन्थाशब्दान्त तत्पुरुष नपुंसकलिङ्ग हो । सुशमस्यापत्यानि=सौशमयः, तेषां कंथा=सौशमिकन्थम् । संज्ञा न होनेपर, वीरणकन्था । और उशीनर देशसे भिन्न होनेपर 'दाक्षिकंथा'–इत्यादि स्थलमें नपुंसक नहीं हुआ ॥

८२४ उपज्ञोपक्रमं तदाद्याचिख्यासायाम् । २ । ४ । २१ ॥

उपज्ञान्त उपक्रमान्तश्च तत्पुरुषो नपुंसकं स्यात् तयोरुपज्ञायमानोपक्रम्यमाणयोरादिः प्राथम्यं चेदाख्यातुमिष्यते। पाणिनेरुपज्ञा पाणिन्युपज्ञं ग्रन्थः । नन्दोपक्रमं द्रोणः ॥

८२४–उपज्ञायमान और उपक्रम्यमाणका आदि अर्थात् प्राथम्यके आख्यानकी इच्छा हो तो उपज्ञान्त और उपक्रमान्त तत्पुरुष नपुंसकलिंग हो, जैसे–पाणिनेरुपज्ञा=पाणिन्युपज्ञं ग्रंथः; अर्थात् पाणिनिसंबन्धी आद्यज्ञानविषयीभूत ग्रंथ । नन्दोपक्रमं द्रोणः, अर्थात् नंदसम्बन्धी आद्यज्ञानविषय द्रोण ॥

८२५ छाया बाहुल्ये । २ । ४ । २२ ॥

छायान्तस्तत्पुरुषो नपुंसकं स्यात्पूर्वपदार्थबाहुल्ये । इक्षूणां छाया । इक्षुच्छायम् । विभाषा सेनेति विकल्पस्यायमपवादः।इक्षुच्छायानिषादिन्य इति तु आ समन्तान्निषादिन्य इत्याङ्प्रश्लेषो बोध्यः ॥

८२५–पूर्वपदार्थका बाहुल्य हो तो छायाशब्दान्त तत्पुरुष समास नपुंसकलिङ्ग हो, जैसे–'इक्षूणां छाया' इस वाक्यमें इक्षुच्छायम् । "विभाषा सेना० ८२८" इस सूत्रसे प्राप्त विकल्पका यह अपवाद है । "इक्षुच्छायानिषादिन्यः" इत्यादि स्थलमें 'आ समन्तात् निषादिन्यः' ऐसा आङ्का प्रश्लेष जानना चाहिये ॥

८२६सभा राजाऽमनुष्यपूर्वा ।२।४।२३॥

राजपर्यायपूर्वोऽमनुष्यपूर्वश्च सभान्तस्तत्पुरुषो नपुंसकं स्यात् । इनसभम् । ईश्वरसभम् ॥ नेह । राजपर्यायस्यैवेष्यते ॥ * ॥ नेह । राजसभा । चन्द्रगुप्तसभा । अमनुष्यशब्दो रूढ्या रक्षःपिशाचादीनाह।रक्षःसभम्।पिशाचसभम्॥

८२६–राजपर्याय पूर्वमें हो और अमनुष्यवाचक पद पूर्वमें हो ऐसा सभान्त तत्पुरुष नपुंसक लिङ्ग हो,जैसे–इनस्य सभा=इनसभम् । ईश्वरस्य सभा=ईश्वरसभम् । राजपर्यायपूर्वक कही तत्पुरुषको नपुंसक लिङ्ग हो, परन्तु राजशब्दपूर्वक तत्पुरुषको नहीं हो, जैसे–राजसभा । चंद्रगुप्तसभा । इस सूत्रमें अमनुष्य शब्द रूढि शक्तिसे राक्षस और पिशाचादिओंको कहताहै, जैसे–रक्षसां सभा=रक्षःसभम् । पिशाचानां सभा=पिशाचसभम् ॥

८२७ अशाला च । २ । ४ । २४ ॥

संघातार्था या सभा तदन्तस्तत्पुरुषः क्लीबं स्यात् । स्त्रीसभम्।स्त्रीसंघात इत्यर्थः। अशाला किम् । धर्मसभा । धर्मशालेत्यर्थः ॥

८२७–संघातार्थ अर्थात् समूहार्थ जो सभा शब्द तदन्त तत्पुरुष नपुंसक लिङ्ग हो, जैसे–स्त्रीसभम् । शालार्थमें जैसे–' धर्मसभा ' अर्थात् धर्मशाला, इस स्थलमें क्लीबत्व नहीं हुआ ॥

८२८ विभाषा सेनासुराच्छायाशालानिशानाम् । २ । ४ । २५ ॥

एतदन्तस्तत्पुरुषः क्लीबं वा स्यात् । ब्राह्मणसेनम् । ब्राह्मणसेना । यवसुरम् । यवसुरा । कुड्यच्छायम् । कुड्यच्छाया । गोशालम् । गोशाला । श्वनिशम् । श्वनिशा । तत्पुरुषोऽनञ्कर्मधारय इत्यनुवृत्तेर्नेह । दृढसेनो राजा । असेना । परमसेना ॥

॥ इति तत्पुरुषः ॥

८२८-सेना, सुरा, छाया, शाला और निशा शब्दान्त तत्पुरुष विकल्प करके नपुंसक लिङ्ग हो, जैसे-ब्राह्मणसेनम्, ब्राह्मणसेना । यवसुरम्, यवसुरा । कुड्यच्छायम्, कुड्यच्छाया । गोशालम्, गोशाला । श्वनिशम्, श्वनिशा । "तत्पुरुषोऽनञ्कर्मधारयः ८२२" इस सूत्रकी अनुवृत्ति होनेके कारण इन स्थलोंमें विकल्प करके नपुंसक लिङ्ग नहीं हुआ-दृढसेनो राजा । असेना । परमसेना ॥

॥ इति तत्पुरुषसमासः ॥

अथ बहुव्रीहिसमासप्रकरणम् ।

८२९ शेषो बहुव्रीहिः । २ । २ । २३ ॥

अधिकारोऽयम् । द्वितीयाश्रितेत्यादिना यस्य त्रिकस्य विशिष्य समासो नोक्तः स शेषः प्रथमान्तमित्यर्थः ॥

८२९-बहुव्रीहि समासका अधिकार है । "द्वितीयाश्रिता० ६८६" इस सूत्रसे विशेष करके जिस त्रिकका समास नहीं कहा हो, वह शेष अर्थात् प्रथमान्त है ॥

८३० अनेकमन्यपदार्थे । २ । २ । २४ ॥

अनेकं प्रथमान्तमन्यपदार्थे वर्तमानं वा समस्यते स बहुव्रीहिः । अप्रथमाविभक्त्यर्थे बहुव्रीहिरिति समानाधिकरणानामिति च फलितम् । प्राप्तमुदकं यं प्राप्तोदको ग्रामः।ऊढरथोऽनड्वान् । उपहृतपशू रुद्रः । उद्धृतौदना स्थाली । पीताम्बरो हरिः । वीरपुरुषको ग्रामः। प्रथमार्थे तु न । वृष्टे देवे गतः । व्यधिकरणानामपि न पञ्चभिर्भुक्तमस्य ॥ प्रादिभ्यो धातुजस्य वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः ॥ * ॥ प्रपतितपर्णः प्रपर्णः ॥ नञोऽस्त्यर्थानां वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः ॥*॥ अविद्यमानपुत्रः अपुत्रः । अस्तीति विभक्तिप्रतिरूपकमव्ययम् । अस्तिक्षीरा गौः ॥

८३०-अन्यपदार्थबोधक अनेक प्रथमान्त पदका विकल्प करके समास हो और उसकी बहुव्रीहि संज्ञा हो । अप्रथमाविभक्त्यर्थमें बहुव्रीहि और, समानाधिकरणोंका बहुव्रीहि यह बात फलित हुई । जैसे-' प्राप्तमुदकं यं ग्रामम् ' इस विग्रहमें प्राप्तोदको ग्रामः । ' ऊढो रथः येन ' इस विग्रहमें=ऊढरथोऽनड्वान् । उपहृतः पशुः यस्मै= उपहृतपशू रुद्रः । उद्धृतमोदनं यस्याः=उद्धृतौदना स्थाली । पीतम् अम्बरं यस्य=पीताम्बरो हरिः । वीरः पुरुषो यस्मिन्=वीरपुरुषो ग्रामः । प्रथमार्थमें बहुव्रीहि न होनेसे जैसे-वृष्टे देवे गतः । व्यधिकरण पदको भी बहुव्रीहि न होनेसे जैसे-पञ्चभिर्भुक्तमस्य ।

प्रादि उपसर्गोंसे परे स्थित धातुजका पदान्तरके साथ समास हो, और पूर्वपदान्तर्गत प्रादि उपसर्गोंके उत्तर भागस्थित धातुजको विकल्प करके लोप हो * जैसे-प्रपतितपर्णः=प्रपर्णः ।

नञ्के परे स्थित अस्त्यर्थवाचकका पदान्तरके साथ बहुव्रीहि समास और नञ्से परे अस्त्यर्थवाचकका विकल्प करके लोप हो* जैसे-अविद्यमानपुत्रः=अपुत्रः ।

'अस्ति' यह विभक्तिप्रतिरूपक अव्यय है, अस्तिक्षीरा गौः॥

८३१ स्त्रियाः पुंवद्भाषितपुंस्कादनूङ् समानाधिकरणे स्त्रियामपूरणीप्रियादिषु। ६ । ३ । ३४ ॥

भाषितपुंस्कादनूङ् ऊङोऽभावोऽस्यामिति बहुव्रीहिर्निपातनात्पञ्चम्या अलुक् षष्ठ्याश्च लुक् । तुल्ये प्रवृत्तिनिमित्त यदुक्तपुंस्कं तस्मात्पर ऊङोऽभावो यत्र तथाभूतस्य स्त्रीवाचकस्य शब्दस्य पुंवाचकस्येव रूपं स्यात्समानाधिकरणे स्त्रीलिंगे उत्तरपदे न तु पूरण्यां प्रियादौ च परतः । गोस्त्रियोरिति ह्रस्वः । चित्रा गावो यस्येति लौकिकविग्रहे । चित्रा अस् गो अस् इत्यलौकिकविग्रहे । चित्रगुः । रूपवद्भार्यः । चित्रा जरती गौर्यस्येति विग्रहे अनेकोक्तेर्बहूनामपि बहुव्रीहिः । अत्र केचित् । चित्राजरतीगुः । जरतीचित्रागुर्वा । एवं दीर्घातन्वीजंघः । तन्वीदीर्घाजंघः । त्रिपदे बहुव्रीहौ प्रथमं न पुंवत्, उत्तरपदस्य मध्यमेन व्यवधानात् । द्वितीयमपि न पुंवत्, पूर्वपदत्वाभावात् । उत्तरपदशब्दो हि समासस्य चरमावयवे रूढः पूर्वपदशब्दस्तु प्रथमावयव इति वदन्ति । वस्तुतस्तु नेह पूर्वपदमाक्षिप्यते । आनङ् ऋत इत्यत्र यथा । तेनोपान्त्यस्य पुंवदेव । चित्राजरद्गुरित्यादि । अत एव चित्राजरत्यौ गावौ यस्येति द्वन्द्वगर्भेऽपि चित्राजरद्गुरिति भाष्यम् । कर्मधारयपूर्वपदे तु द्वयोरपि पुंवत् । जरच्चित्रगुः । कर्मधारयोत्तरपदे तु चित्रजरद्गवीकः । स्त्रियाः किम् । ग्रामणि कुलं दृष्टिरस्य ग्रामणिदृष्टिः । भाषितपुंस्कात्किम् । गंगाभार्यः । अनूङ् किम् ।

वामोरूभार्यः। समानाधिकरणे किम्। कल्याण्या माता कल्याणीमाता। स्त्रियां किम्। कल्याणी प्रधानं यस्य सः कल्याणीप्रधानः। पूरण्यां तु ॥

८३१-'भाषितपुंस्कादनूङ् ऊङोऽभावोऽस्याम्' ऐसा बहुव्रीहि है, निपातनसे पञ्चमीका अलुक् और षष्ठीका लुक् हुआ। तुल्य प्रवृत्तिनिमित्तमें उक्तपुंस्कके परे ऊङ्का अभाव हो जहां ऐसे स्त्रीवाचक शब्दोंको पुंवद्भाव हो, पूरणी प्रियादिसे भिन्न समानाधिकरण स्त्रीलिङ्ग उत्तर पद परे रहते। "गोस्त्रियोः० ६५६" इस सूत्रसे ह्रस्व हुआ, जैसे-'चित्रा गावो यस्य' इस लौकिक विग्रहमें और 'चित्रा+जस्-गो+ अस्' इस अलौकिक विग्रहमें 'चित्रगुः' पद होताहै। रूपवद्भार्यः। चित्रा जरती गौर्यस्य, इस विग्रहमें अनेक कहनेसे बहुत शब्दोंका भी बहुव्रीहि होताहै। इस विषयमें कोई २ 'चित्राजरतीगुः जरतीचित्रागुर्वा' ऐसे 'दीर्घातन्वी-जंघः, तन्वीदीर्घाजंघः' इस त्रिपद बहुव्रीहि समासमें उत्तर पदको मध्यम पदसे व्यवधान होनेसे पहिला पद पुंवत् न होगा और पूर्वपदत्वाभावके कारण दूसरा पद भी पुंवत् नहीं होगा, कारण कि, उत्तरपद शब्द समासके चरमावयवमें रूढ है और पूर्वपद शब्द समासके प्रथमावयवमें रूढ है, ऐसा कहतेहैं। वास्तवमें तो जैसे "आनङ् ऋतः० ९२१" इस सूत्रमें पूर्वपदका आक्षेप नहीं हुआहै, वैसे यहां भी पूर्वपदका आक्षेप नहीं है, इस कारण उपान्त्यका पुंवद्भाव होहीगा, जैसे-चित्राजरद्गुः-इत्यादि। इसी कारण 'चित्राजरत्यौ गावौ यस्य' इस द्वन्द्वगर्भमें भी चित्राजरद्गुः, यह पद भाष्याभिमत है। कर्मधारयपूर्वपदमें तो दोनोंका भी पुंवद्भाव होगा, जैसे-जरचित्रगुः। कर्मधारयोत्तरपदमें, चित्रजरद्गवीकः। स्त्रीलिङ्ग न होनेपर, ग्रामणि कुलं दृष्टिरस्य=ग्रामणिदृष्टिः। भाषितपुंस्क न होनेपर, जैसे-गङ्गाभार्यः। ऊङ्युक्त होनेपर, वामोरूभार्यः। समानाधिकरण न होनेपर, जैसे-कल्याण्या माता=कल्याणीमाता। स्त्रीलिङ्ग न होनेपर, जैसे-कल्याणी प्रधानं यस्य सः= कल्याणीप्रधानः। पूरणार्थप्रत्ययान्तकी बात अगले सूत्रमें कहते हैं-॥

८३२ अप्पूरणीप्रमाण्योः। ५।४।११६ ॥

पूरणार्थप्रत्ययान्तं यत् स्त्रीलिंगं तदन्तात्प्रमाण्यन्ताच्च बहुव्रीहेरप् स्यात्। कल्याणी पञ्चमी यासां रात्रीणां ताः कल्याणीपञ्चमा रात्रयः। स्त्री प्रमाणी यस्य स स्त्रीप्रमाणः। पुंवद्भावप्रतिषेधोऽप्प्रत्ययश्च प्रधानपूरण्यामेव। रात्रिः पूरणी वाच्या चेत्युक्तोदाहरणे मुख्या। अन्यत्र तु ॥

८३२-पूरणार्थप्रत्ययान्त जो स्त्रीलिङ्ग शब्द, तदन्त और प्रमाण्यन्तसे बहुव्रीहि समासमें अप् प्रत्यय हो, जैसे-कल्याणी पञ्चमी यासां रात्रीणां ताः=कल्याणीपञ्चमा रात्रयः। स्त्री प्रमाणी यस्य सः=स्त्रीप्रमाणः। पुंवद्भावप्रतिषेध और अप् प्रत्यय प्रधानपूरणीमें ही होगा। रात्रि शब्द उक्तोदाहरणमें पूरणीवाच्य है, इससे पूरणप्रत्ययान्तका प्राधान्य जानना। अन्यत्र नहीं होगा यह बात ८३५ के व्याख्यामें ज्ञात होगी॥

८३३ नद्यृतश्च। ५।४।१५३ ॥

नद्युत्तरपदादृदन्तोत्तरपदाच्च बहुव्रीहेः कप्स्यात्। पुंवद्भावः ॥

८३३-नदी और ऋदन्त शब्द उत्तर पद होनेपर बहुव्रीहि समासमें कप् प्रत्यय और पुंवद्भाव हो॥

८३४ केऽणः। ७।४।१३ ॥

के परेऽणो ह्रस्वः स्यात्। इति प्राप्ते ॥

८३४-कप् प्रत्यय परे रहते अण्को ह्रस्व हो। ऐसी प्राप्ति होनेपर-॥

८३५ न कपि। ७।४।१४ ॥

कपि परे ह्रस्वो न स्यात्। कल्याणपञ्चमीकः पक्षः। अत्र तिरोहितावयवभेदस्य पक्षस्यान्यपदार्थतया रात्रिरप्रधानम्। बहुकर्तृकः। अप्रियादिषु किम्। कल्याणीप्रियः। प्रिया। मनोज्ञा। कल्याणी। सुभगा। दुर्भगा। भक्तिः। सचिवा। स्वसा। कान्ता। क्षान्ता। समा। चपला। दुहिता। वामा। अबला। तनया। प्रियादिः। सामान्ये नपुंसकम्। दृढं भक्तिर्यस्य स दृढभक्तिः। स्त्रीत्वविवक्षायां तु दृढाभक्तिः ॥

८३५-कप् प्रत्यय परे रहते अण्को ह्रस्व न हो, जैसे-कल्याणपञ्चमीकः पक्षः, इस स्थलमें तिरोहित अवयवभेद पक्षकी अन्यपदार्थताके कारण रात्रि शब्दका अप्राधान्य कहाहै, बहुकर्तृकः। प्रियादि परे रहते जैसे-कल्याणीप्रियः। प्रियादि जैसे-प्रिया, मनोज्ञा, कल्याणी, सुभगा, दुर्भगा, भक्ति, सचिवा, स्वसा, कान्ता, क्षान्ता, समा, चपला, दुहिता, वामा, अबला, तनया। सामान्यमें नपुंसक लिङ्ग हो, जैसे-दृढं भक्तिर्यस्य सः=दृढभक्तिः। स्त्रीत्वकी विवक्षामें 'दृढाभक्तिः' ऐसा पद होगा॥

८३६ तसिलादिष्वाकृत्वसुचः। ६।३।३५।

तसिलादिषु आकृत्वसुजन्तेषु परेषु स्त्रियाः पुंवत्स्यात्। परिगणनं कर्तव्यम्। अव्याप्त्यतिव्याप्तिपरिहाराय। त्रतसौ। तरप्तमपौ। चरट्जातीयरौ। कल्पब्देशीयरौ। रूपप्पाशपौ। थाल्। तिल्थ्यनौ। बह्वीषु बहुत्र। बहुतः। दर्शनीयतरा। दर्शनीयतमा घरूपेति वक्ष्यमाणो ह्रस्वः परत्वात्पुंवद्भावं बाधते। पट्वितरा। पट्वितमा। पटुजातीया। दर्शनीयकल्पा। दर्शनीयदेशीया। दर्शनीयरूपा। दर्शनीयपाशा। बहुथा। प्रशस्ता वृकी वृकतिः। अजाभ्यो हिता अजथ्या॥ शसि बह्वल्पार्थस्य पुंवद्भावो वक्तव्यः ॥ * ॥ बह्वीभ्यो देहि बहुशः। अल्पाभ्यो देहि अल्पशः॥

त्वतलोर्गुणवचनस्य ॥ * ॥ शुक्लाया भावः शुक्लत्वम् । गुणवचनस्य किम् । कर्त्र्या भावः कर्त्रीत्वम् । शरदः कृतार्थतेत्यादौ तु सामान्ये नपुंसकम् ॥ भस्याढे तद्धिते ॥ * ॥ हस्तिनीनां समूहो हास्तिकम् । अढे किम् । रौहिणेयः । स्त्रीभ्यो ढगिति ढोऽत्र गृह्यते । अग्रेर्ढगिति ढकि तु पुंवदेव अग्नायी देवतास्य स्थालीपाकस्याग्नेयः ॥ सपत्नीशब्दस्त्रिधा । शत्रुपर्यायात्सपत्नशब्दाच्छार्ङ्गरवादित्वात् ङीन्येकः । समानः पतिर्यस्या इति विग्रहे विवाहनिबन्धनं पतिशब्दमाश्रित्य नित्यस्त्रीलिंगो द्वितीयः । स्वामिपर्यायपतिशब्देन भाषितपुंस्कस्तृतीयः।आद्ययोः शिवाद्यण् । सपत्न्या अपत्यं सापत्नः । तृतीयात्तु लिंगविशिष्टपरिभाषया पत्युत्तरपदलक्षणो ण्य एव न त्वण् । शिवादौ रूढयोरेव ग्रहणात्सापत्यः ॥ ठक्छसोश्च ॥ * ॥ भवत्याश्छात्रा भावत्काः । भवदीयाः । एतद्वार्तिकमेकतद्धिते चेति सूत्रं च न कर्तव्यम् । सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भाव इति भाष्यकारेष्ट्या गतार्थत्वात् । सर्वकाम्यति । सर्विका भार्या यस्य सर्वकभार्यः । सर्वप्रिय इत्यादि । पूर्वस्यैवेदम् । भस्त्रैषाजाज्ञादेति लिंगात् । तेनाकचि एकशेषवृत्तौ च न । सर्विका । सर्वाः ॥कुक्कुट्यादीनामण्डादिषु॥*॥ कुक्कुट्या अण्डं कुक्कुटाण्डम् । मृग्याः पदं मृगपदम् । मृगक्षीरम् । काकशावः ॥

८३६–तसिलादि कृत्वसुच्पर्यन्त प्रत्यय परे रहते स्त्रीलिङ्गको पुंवद्भाव हो । अव्याप्ति और अतिव्याप्तिके परिहारके निमित्त इन संपूर्ण प्रत्ययोंका परिगणन करना चाहिये । प्रत्यय यथा–त्रल्, त्रस्, तरप्, तमप्, चरट्, जातीयर्, कल्पप्, देशीयर्, रूपप्, पाशप्, थाल्, तिल्, थ्यन्, इतने प्रत्यय तसिलादि हैं । 'बह्वीषु' इस अर्थमें बहु+त्रल्=बहुत्र । 'बह्वयाः' इस अर्थमें बहु+तस्=बहुतः । दर्शनीय+तरप्, तमप्=दर्शनीयतरा, दर्शनीयतमा, इस स्थलमें "वरूप० ९८५" इस वक्ष्यमाण सूत्रसे ह्रस्व परत्वके कारण पुंवद्भावको बाधताहै । पट्वितरा । पट्वितमा । पटु+जातीयर्=पटुजातीया । दर्शनीय+कल्पप्=दर्शनीयकल्पा । दर्शनीय+देशीयर्=दर्शनीयदेशीया । दर्शनीय+रूपप्=दर्शनीयरूपा । दर्शनीय+पाशप्=दर्शनीयपाशा । बहु+थाल्=बहुथा । 'प्रशस्ता वृकी' इस अर्थमें वृक+तिल्=वृकतिः । 'अजाभ्यो हिता' इस अर्थमें अजा+थ्यन्=अजथ्या ।

शस् प्रत्यय परे रहते बहु और अल्पार्थक शब्दको पुंवद्भाव हो * जैसे–'बह्वीभ्यो देहि' इस वाक्यमें, बहुशः । 'अल्पाभ्यो देहि' इस वाक्यमें, अल्पशः ।

त्व और तल् प्रत्यय परे रहते गुणवाचक शब्दको पुंवद्भाव हो, जैसे–शुक्लायाः भावः=शुक्लत्वम् । गुणवाचकसे भिन्नको पुंवद्भाव नहीं होगा, यथा–कर्त्र्या भावः=कर्त्रीत्वम् । "शरदः कृतार्थता" इत्यादिमें सामान्यमें नपुंसक लिङ्ग जानना ।

ढ प्रत्ययसे भिन्न तद्धित प्रत्यय परे रहते भसंज्ञकको पुंवद्भाव हो* जैसे–हस्तिनीनां समूहः=हास्तिकम् । ढ प्रत्यय परे रहते पुंवद्भाव न होगा, जैसे–रौहिणेयः । इस वार्तिकमें "स्त्रीभ्यो ढक् ११२३" इस सूत्रसे विहित ढ प्रत्यय ही गृहीत है, इसलिये "अग्नेर्ढक् १२३६" इस सूत्रसे विहित ढक् प्रत्यय परे रहते पुंवद्भाव होहीगा, जैसे–अग्नायी देवताऽस्य स्थालीपाकस्य, इस विग्रहमें आग्नेयः । सपत्नी शब्द तीन प्रकारका है, उसमें पहिला शत्रुपर्याय सपत्न शब्दके उत्तर शार्ङ्गरवादित्वके कारण ङीन् प्रत्ययवाला है, दूसरा 'समानः पतिर्यस्याः' इस विग्रहमें विवाहनिबंधन पति शब्दका आश्रयण करके निष्पन्न नित्यस्त्रीलिङ्ग है, तीसरा स्वामिपर्याय पति शब्दसे निष्पन्न सपत्नी शब्द भाषितपुंस्क है, इनमें प्रथम और द्वितीय सपत्नी शब्दके उत्तर शिवादित्वके कारण अण् प्रत्ययसे 'सपत्न्या अपत्यम्' इस विग्रहमें 'सापत्नः' यह पद सिद्ध हुआ है । तृतीय सपत्नी शब्दके उत्तर लिङ्गविशिष्ट परिभाषासे पत्युत्तरपदलक्षण ण्य प्रत्यय ही होगा, शिवादिमें प्रथम और द्वितीय रूढ सपत्नी ही शब्दके ग्रहणके कारण अण् नहीं होगा, तीसरेके उत्तर ण्य होनेपर 'सापत्यः' यह पद सिद्ध हुआ ।

ठक् और छस् प्रत्यय परे रहते पुंवद्भाव हो* जैसे–भवत्याः छात्राः=भावत्काः, भवदीयाः । इस वार्तिककी और "एकतद्धिते च १०००" इस सूत्रकी आवश्यकता नहीं है । क्योंकि, सर्वनामको वृत्तिमात्रमें पुंवद्भाव हो, इस प्रकार भाष्यकारके अभिप्रायसे दोनों गतार्थ हैं, जैसे–सर्वमयः । सर्वकाम्यति । सर्विका भार्या यस्य=सर्वकभार्यः । सर्वप्रियः–इत्यादि । "भस्त्रैषा० ४४६" ऐसे सूत्रनिर्देशके कारण पूर्वपदको ही पुंवद्भाव होगा, इसी कारण अकच् प्रत्यय और एकशेषवृत्तिविषयमें पुंवद्भाव नहीं होगा, जैसे–सर्विका । सर्वाः ।

अंडादि शब्द परे रहते कुक्कुट्यादि शब्दोंको पुंवद्भाव हो* जैसे–कुक्कुट्या अंडम्=कुक्कुटाण्डम् । मृग्याः पदम्=मृगपदम् । मृग्याः क्षीरम्=मृगक्षीरम् । काक्याः शावः=काकशावः ॥

८३७ क्यङ्मानिनोश्च । ६।३।३६॥

एतयोः परतः पुंवत् । एनीवाचरति एतायते । श्येनीवाचरति श्येतायते । स्वभिन्नां कांचिद्दर्शनीयां स्त्रियं मन्यते दर्शनीयमानिनी । दर्शनीयां स्त्रियं मन्यते दर्शनीयमानी चैत्रः ॥

८३७–क्यङ् प्रत्यय और मानिन् शब्द परे रहते पुंवद्भाव हो, जैसे–एनीवाचरति=एतायते । श्येनीवाचरति=श्येतायते । स्वभिन्नां काञ्चित् दर्शनीयां स्त्रियं मन्यते=दर्शनीयमानिनी । दर्शनीयां स्त्रियं मन्यते=दर्शनीयमानी चैत्रः ॥

८३८ न कोपधायाः । ६ । ३ । ३७ ॥

कोपधायाः स्त्रिया न पुंवत् । पाचिकाभार्यः । रसिकाभार्यः । मद्रिकायते । मद्रिकामानिनी ॥ कोपधप्रतिषेधे तद्धितवुग्रहणम् ॥ * ॥ नेह । पाका भार्या यस्य स पाकभार्यः ॥

८३८-ककार उपधावाले स्त्रीलिङ्ग शब्दोंको पुंवद्भाव न हो, जैसे-पाचिका भार्या यस्य सः=पाचिकाभार्यः । रसिकाभार्यः । मद्रिकायते । मद्रिकामानिनी ।

ककारोपधके प्रतिषेधविषयमें वुक् इस तद्धित प्रत्ययका ग्रहण करना चाहिये * इस कारण पाका भार्या यस्य सः=पाकभार्यः, इस स्थलमें पुंवद्भाव हुआ ॥

८३९ संज्ञापूरण्योश्च । ६ । ३ । ३८ ॥

अनयोर्न पुंवत् । दत्ताभार्यः । दत्तामानिनी । दानक्रियानिमित्तः स्त्रियां पुंसि च संज्ञाभूतोयमिति भाषितपुंस्कत्वमस्ति । पञ्चमीभार्यः । पञ्चमीपाशा ॥

८३९-संज्ञावाचक और पूरणार्थप्रत्ययान्त शब्दको पुंवद्भाव न हो, जैसे-दत्ताभार्यः । दत्तामानिनी । स्त्रीलिङ्ग और पुँल्लिङ्गमें दानक्रियानिमित्त संज्ञाभूत दत्ता शब्दको भाषितपुंस्कत्व है, पञ्चमीभार्यः । पञ्चमीपाशा ॥

८४० वृद्धिनिमित्तस्य च तद्धितस्याऽरक्तविकारे । ६ । ३ । ३९ ॥

वृद्धिशब्देन विहिता या वृद्धिस्तद्धेतुर्यस्तद्धितोऽरक्तविकारार्थस्तदन्ता स्त्री न पुंवत् । स्रौघ्नीभार्यः । माथुरीयते । माथुरीमानिनी । वृद्धिनिमित्तस्य किम् । मध्यमभार्यः । तद्धितस्य किम् । काण्डलावभार्यः । वृद्धिशब्देन किम् । तावद्भार्यः । रक्ते तु काषायी कन्था यस्य स काषायकन्थः । विकारे तु हैमी मुद्रिका यस्येति हैममुद्रिकः । वृद्धिशब्देन वृद्धिं प्रति फलोपधानाभावादिह पुंवत् । वैयाकरणभार्यः । सौवश्वभार्यः ॥

८४०-वृद्धि शब्दसे विहित जो वृद्धि तद्धेतुभूत जो रक्त और विकारार्थसे भिन्न तद्धित प्रत्यय तदन्त स्त्रीलिङ्ग शब्दको पुंवद्भाव न हो, जैसे-स्रौघ्नीभार्यः । माथुरीयते । माथुरीमानिनी । वृद्धिनिमित्त न होनेपर, जैसे-मध्यमभार्यः । तद्धितप्रत्ययान्त न होनेपर, जैसे-काण्डलावभार्यः । वृद्धि न होनेपर जैसे-तावद्भार्यः । रक्तार्थ होनेपर, जैसे-काषायी कन्था यस्य सः=काषायकन्थः । विकारार्थ होनेपर, जैसे-हैमी मुद्रिका यस्य सः=हैममुद्रिकः । वृद्धि शब्दसे विहित वृद्धिके प्रति फलोपधानरूप निमित्तके अभावके कारण इस स्थानमें पुंवद्भाव होगा, जैसे-वैयाकरणभार्यः । सौवश्वभार्यः ॥

८४१ स्वाङ्गाच्चेतः । ६ । ३ । ४० ॥

स्वांगाद्य ईकारस्तदन्ता स्त्री न पुंवत् । सुकेशीभार्यः । स्वांगात्किम् । पटुभार्यः । ईतः किम् । अकेशभार्यः ॥ अमानिनीति वक्तव्यम् ॥ * ॥ सुकेशमानिनी ॥

८४१-स्वांगवाचकसे विहित जो ईकार तदन्त स्त्रीलिङ्ग शब्दोंको पुंवद्भाव न हो, जैसे-सुकेशीभार्यः । स्वाङ्गवाचकके उत्तर न होनेपर, जैसे-पटुभार्यः । ईकारान्त न होनेपर, जैसे-अकेशभार्यः ।

मानिनी शब्द परे रहते पुंवद्भावका निषेध न हो यह कहना चाहिये * जैसे-सुकेशमानिनी ॥

८४२ जातेश्च । ६ । ३ । ४१ ॥

जातेः परो यः स्त्रीप्रत्ययस्तदन्तं न पुंवत् । शूद्राभार्यः । ब्राह्मणीभार्यः । सौत्रस्यैवायं निषेधः । तेन हस्तिनीनां समूहो हास्तिकमित्यत्र भस्याढ इति तु भवत्येव ॥

८४२-जातिवाचकके उत्तर जो स्त्रीप्रत्यय, तदन्त स्त्रीलिङ्ग शब्दको पुंवद्भाव न हो, जैसे-शूद्राभार्यः । ब्राह्मणीभार्यः । सूत्रसे कहे हुए पुंवद्भावको ही यह निषेध है, इसी कारण हस्तिनीनां समूहः=हास्तिकम्, इस स्थलमें "भस्याढे०" इस वार्त्तिकसे पुंवद्भाव होताहीहै ॥

८४३ संख्ययाऽव्ययासन्नादूराधिकसंख्याः संख्येये । २ । २ । २५ ॥

संख्येयार्थया संख्ययाऽव्ययादयः समस्यन्ते स बहुव्रीहिः । दशानां समीपे ये सन्ति ते उपदशाः । नव एकादश वेत्यर्थः । बहुव्रीहौ संख्येये इति वक्ष्यमाणो डच् ॥

८४३-संख्येयार्थक संख्यावाचक शब्दके साथ अव्ययादिको बहुव्रीहि समास हो, जैसे-दशानां समीपे ये सन्ति ते=उपदशाः, अर्थात् नौ अथवा ग्यारह । "बहुव्रीहौ संख्येये० ८५१" इस सूत्रसे वक्ष्यमाण डच् प्रत्यय हुआ है ॥

८४४ ति विंशतेर्डिति । ६ । ४ । १४२ ॥

विंशतेर्भस्य तिशब्दस्य लोपः स्याड्डिति । आसन्नविंशाः । विंशतेरासन्ना इत्यर्थः । अदूरत्रिंशाः । अधिकचत्वारिंशाः । द्वौ वा त्रयो वा द्वित्राः । द्विरावृत्ता दश द्विदशाः । विंशतिरित्यर्थः ॥

८४४-डित् प्रत्यय परे रहते भसंज्ञक विंशति शब्दके तिभागका लोप हो, जैसे-आसन्नं विंशतेः=आसन्नविंशाः, अर्थात् बीसकी समीपवर्त्तिनी संख्या । अदूराः त्रिंशतः=अदूरत्रिंशाः । अधिकाः चत्वारिंशतः=अधिकचत्वारिंशाः । द्वौ वा त्रयो वा=द्वित्राः । द्विरावृत्ता दश=द्विदशाः (बीस) ॥

८४५ दिङ्नामान्यन्तराले । २ । २ । २६ ॥

दिशो नामान्यन्तराले वाच्ये प्राग्वत् । दक्षिणस्याः पूर्वस्याश्च दिशोऽन्तरालं दक्षिणपूर्वा । नामग्रहणाद्यौगिकानां न । ऐन्द्र्याश्च कौबेर्याश्चान्तरालं दिक् ॥

८४५-अन्तराल वाच्य होनेपर दिग्वाचक शब्दोंका पूर्ववत् समास हो, जैसे-दक्षिणस्याः पूर्वस्याश्च दिशोऽन्तरालम्, इस विग्रहमें दक्षिणपूर्वा । नामग्रहण करनेसे यौगिकको नहीं

होताहै, जैसे-'ऐन्द्रयाश्च कौबेर्याश्चान्तरालं दिक्' इस स्थलमें समास नहीं हुआ ॥

८४६ तत्र तेनेदमिति सरूपे।२।२।२७॥

सप्तम्यन्ते ग्रहणविषये सरूपे पदे तृतीयान्ते च प्रहरणविषये इदं युद्धं प्रवृत्तमित्यर्थे समस्येते कर्मव्यतिहारे द्योत्ये स बहुव्रीहिः । इतिशब्दादयं विषयविशेषो लभ्यते ॥

८४६-समान रूपवाले सप्तम्यन्तके ग्रहणविषयमें और समान रूपवाले तृतीयान्तके ग्रहणविषयमें 'इदं युद्धं प्रवृत्तम्' अर्थात् यह युद्ध प्रवृत्त हुआ, इस अर्थमें कर्मव्यतिहार द्योत्य हो तो बहुव्रीहि समास हो, इति शब्दसे यह विशेष विषय लब्ध होताहै ॥

अन्येषामपि दृश्यते ६।३।१३७॥

दीर्घ इत्यनुवर्तते । इच् कर्मव्यतिहारे बहुव्रीहौ पूर्वपदान्तस्य दीर्घः । इच् समासान्तो वक्ष्यते । तिष्ठद्गुप्रभृतिष्विच्प्रत्ययस्य पाठादव्ययीभावत्वमव्ययत्वं च । केशेषु केशेषु गृहीत्वेदं युद्धं प्रवृत्तं केशाकेशि । दण्डैश्च दण्डैश्च प्रहृत्येदं युद्धं प्रवृत्तं दण्डादण्डि । मुष्टीमुष्टि ॥

(३५३९ अन्येषामपि दृश्यते) यहां "ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः १७४" से दीर्घ पदकी अनुवृत्ति होतीहै । कर्मव्यतिहारमें बहुव्रीहि समासमें पूर्वपदान्तको दीर्घ हो । इच् यह समासान्त प्रत्यय आगे कहेंगे, तिष्ठद्गु आदिमें इच् प्रत्ययके पाठके कारण अव्ययीभावत्व और अव्ययत्व होगा, जैसे-केशेषु केशेषु गृहीत्वा इदं युद्धं प्रवृत्तम्=केशाकेशि । दण्डैश्च दण्डैश्च प्रहृत्येदं युद्धं प्रवृत्तम् = दण्डादण्डि । मुष्टीमुष्टि ॥

८४७ ओर्गुणः । ६ । ४ । १४६ ॥

उवर्णान्तस्य भस्य गुणः स्यात्तद्धिते । अवादेशः । बाहूबाहवि । ओरोदिति वक्तव्ये गुणोक्तिः संज्ञापूर्वको विधिरनित्य इति ज्ञापयितुं तेन स्वायम्भुवमित्यादि सिद्धम् । सरूपे इति किम् । हलेन मुसलेन ॥

८४७-तद्धित प्रत्यय परे रहते उवर्णान्त भसंज्ञक शब्दोंको गुण हो । अव् आदेश होकर,-बाह्वोः बाह्वोः गृहीत्वा इदं युद्धं प्रवृत्तम्=बाहूबाहु+इ=बाहूबाहो+इ=बाहूबाहव्+इ=बाहूबाहवि । "ओरोत्" ऐसा कहनेसे ही काम हो जाताहै, परन्तु संज्ञापूर्वक विधिके अनित्यत्व ज्ञापनके निमित्त गुणका ग्रहण किया है, इससे 'स्वायम्भुवम्' इत्यादि पद सिद्ध होतेहैं । पूर्व सूत्रमें 'सरूपे' इस पदका ग्रहण करनेसे 'हलेन मुसलेन' इस स्थानमें समास नहीं हुआ ॥

८४८ तेन सहेति तुल्ययोगे २।२।२८॥

तुल्ययोगे वर्तमानं सहेत्येतत्तृतीयान्तेन प्राग्वत् ॥

८४८-तुल्ययोगमें वर्तमान सह शब्दका तृतीयान्त पदके साथ पूर्ववत् समास हो ॥

८४९ वोपसर्जनस्य । ६ । ३ । ८२ ॥

बहुव्रीह्यवयवस्य सहस्य सः स्याद्वा । पुत्रेण सह सपुत्रः सहपुत्रो वा आगतः । तुल्ययोगवचनं प्रायिकम् । सकर्मकः । सलोमकः ॥

८४९-बहुव्रीहिके अवयवीभूत सह शब्दको विकल्प करके स आदेश हो, जैसे-पुत्रेण सह=सपुत्रः, सहपुत्रो वा आगतः । तुल्ययोगका कथन प्रायिक है, इससे सकर्मकः, सलोमकः, यहां भी समास हुआ ॥

८५० प्रकृत्याऽऽशिषि । ६ । ३ । ८३ ॥

सह शब्दः प्रकृत्या स्यादाशिषि । स्वस्ति राज्ञे सपुत्राय सहामात्याय ॥ अगोवत्सहलेष्विति वाच्यम् ॥ * ॥ सगवे । सवत्साय । सहलाय ॥

८५०-आशीर्वादार्थमें सह शब्द प्रकृतिमें ही हो, अर्थात् स आदेश न हो । स्वस्ति राज्ञे सहपुत्राय । सहामात्याय । गो, वत्स और हल शब्द परे रहते प्रकृतिभाव न हो । यह कहना चाहिये । जैसे-सगवे । सवत्साय । सहलाय ॥

८५१ बहुव्रीहौ संख्येये डजबहुगणात् । ५ । ४ । ७३ ॥

संख्येये यो बहुव्रीहिस्तस्माड्डच् स्यात् । उपदशाः । अबहुगणात्किम् । उपबहवः । उपगणाः । अत्र स्वरे विशेषः ॥ संख्यायास्तत्पुरुषस्य वाच्यः ॥ * ॥ निर्गतानि त्रिंशतो निस्त्रिंशानि वर्षाणि चैत्रस्य । निर्गतस्त्रिंशतोऽङ्गुलिभ्यो निस्त्रिंशः खड्गः ॥

८५१-संख्येयार्थमें बहुव्रीहि समासके उत्तर डच् प्रत्यय हो, जैसे-उप (समीपे) दशानां ये सन्ति ते=उपदशाः । सूत्रमें "अबहुगणात्" इस पदके ग्रहणके कारण, उपबहवः, उपगणाः, इन स्थलोंमें डच् न हुआ, रूपमें भेद न होनेसे स्वरविषयमें विशेष जानना ॥

संख्यावाचक शब्दके उत्तर तत्पुरुषमें डच् प्रत्यय हो * निर्गतानि त्रिंशतः=निस्त्रिंशानि वर्षाणि चैत्रस्य । निर्गतस्त्रिंशतोंगुलिभ्यः=निस्त्रिंशः (खड्ग) ।

८५२ बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात्षच् । ५ । ४ । ११३ ॥

व्यत्ययेन षष्ठी । स्वांगवाचिसक्थ्यक्ष्यन्ताद्बहुव्रीहेः षच् स्यात् । दीर्घे सक्थिनी यस्य स दीर्घसक्थः । जलजाक्षी । स्वांगात्किम् ॥ दीर्घसक्थि शकटम् । स्थूलाक्षा वेणुयष्टिः । अक्ष्णोऽदर्शनादित्यच् ॥

८५२-'सक्थ्यक्ष्णोः' इस स्थलमें षष्ठी व्यत्ययसे है, स्वाङ्ग-
वाचक सक्थि और अक्षिशब्दान्त बहुव्रीहिके उत्तर षच्
प्रत्यय हो, जैसे-दीर्घे सक्थिनी यस्य सः=दीर्घसक्थः ।
जलजाक्षी ।

स्वाङ्गवाचक न होनेपर दीर्घसक्थि शकटम्, स्थूलाक्षा वेणु-
यष्टिः, ऐसा होगा, यहां "अक्ष्णोऽदर्शनात् ५।४।७६" से
समासान्त अच् प्रत्यय हुआहै ॥

८५३ अंगुलेर्दारुणि । ५ । ४ । ११४॥

अंगुल्यन्ताद्बहुव्रीहेः षच् स्याद्दारुण्यर्थे । पञ्चांगुलयो यस्य तत्पञ्चांगुलं दारु । अंगुलि-सदृशावयवं धान्यादिविक्षेपणकाष्ठमुच्यते । बहु-व्रीहेः किम् । द्वे अंगुली प्रमाणमस्या द्व्यंगुला यष्टिः । तद्धितार्थे तत्पुरुषे तत्पुरुषस्यांगुलेरि-त्यच् । दारुणि किम् । पञ्चांगुलिर्हस्तः ॥

८५३-अंगुलि शब्दान्त बहुव्रीहिके उत्तर षच् प्रत्यय हो
दारु अर्थमें, जैसे-पञ्च अंगुलयो यस्य तत्=पञ्चांगुलं दारु, अर्थात्
अंगुलिसदृश अवयवसे युक्त धान्यादिविक्षेपणकाष्ठविशेष ।

बहुव्रीहि समास न होनेपर, जैसे-द्वे अंगुली प्रमाणमस्याः=
द्व्यंगुला यष्टिः, यहां तद्धितार्थमें तत्पुरुष होनेपर "तत्पुरुषस्यां-
गुलेः० ७८६" इस सूत्रसे अच् प्रत्यय हुआहै । दारु न होने-
पर जैसे-पञ्चांगुलिर्हस्तः ॥

८५४ द्वित्रिभ्यां ष मूर्ध्नः ।५।४।११५॥

आभ्यां मूर्ध्नः षः स्याद्बहुव्रीहौ । द्विमूर्द्धः । त्रिमूर्द्धः ॥ नेतुर्नक्षत्रे अब्वक्तव्यः ॥ * ॥ मृगो नेता यासां ताः मृगनेत्रा रात्रयः । पुष्यनेत्राः ॥

८५४-बहुव्रीहि समासमें द्वि और त्रि शब्दके परे स्थित
मूर्द्धन् शब्दके उत्तर ष प्रत्यय हो, जैसे-द्वौ मूर्द्धानौ यस्य सः=
द्विमूर्द्धः । त्रिमूर्द्धः ॥

नक्षत्रवाचक नेतृ शब्दके उत्तर अप् प्रत्यय हो * जैसे-
मृगो नेता यासां ताः=मृगनेत्राः-रात्रयः । पुष्यनेत्राः ॥

८५५ अन्तर्बहिर्भ्यां च लोम्नः ।५।४।११७॥

आभ्यां लोम्नोऽप्स्याद् बहुव्रीहौ । अन्तर्लोमः । बहिर्लोमः ॥

८५५-अन्तर् और बहिस् शब्दसे परे स्थित लोमन्
शब्दके उत्तर अप् प्रत्यय हो बहुव्रीहिमें, जैसे-अन्तर्लोमः ।
बहिर्लोमः ॥

८५६ अच् नासिकायाः संज्ञायां नसं चास्थूलात् । ५ । ४ । ११८ ॥

नासिकान्ताद्बहुव्रीहेरच् स्यात् नासिकाशब्दश्च नसं प्राप्नोति न तु स्थूलपूर्वात् ॥

८५६-नासिकाशब्दान्त बहुव्रीहिके उत्तर अच् प्रत्यय हो
और नासिका शब्दके स्थानमें नस् आदेश हो, परन्तु स्थूल
शब्द पूर्वमें हो तो न हो ॥

८५७ पूर्वपदात्संज्ञायामगः ।८।४।३॥

पूर्वपदस्थान्निमित्तात्परस्य नस्य णः स्यात्सं-ज्ञायां न तु गकारव्यवधाने । द्रुरिव नासिका-ऽस्य द्रुणसः । खरणसः । अगः किम् । ऋचा-मयनम् ऋगयनम् । अणृगयनादिभ्य इति निपा-तनात् णत्वाभावमाश्रित्य अग इति प्रत्याख्यातं भाष्ये । अस्थूलात्किम् । स्थूलनासिकः ॥ खुर-खराभ्यां वा नस् ॥ * ॥ खुरणाः । खरणाः ॥ पक्षे अजपीष्यते ॥ * ॥ खुरणसः । खरणसः ॥

८५७-संज्ञामें पूर्वपदस्थित निमित्तके उत्तर नकारको णत्व
हो, परन्तु गकारव्यवधान रहते न हो, द्रुरिव नासिका यस्य
सः=द्रुणसः । इसी प्रकार, खरणसः ।

गकारव्यवधान रहते, जैसे-ऋचामयनम्=ऋगयनम् ।

भाष्यमें "अणृगयनादिभ्यः १४५२" इस निपातनसे यहां
णत्वके अभावका आश्रयण करके 'अग' इस अंशका प्रत्या-
ख्यान किया है । स्थूल शब्द पूर्वमें रहते नस् आदेश न
होगा । जैसे-स्थूलनासिकः ।

खुर और खर शब्दसे परे स्थित नासिका शब्दको विकल्प
करके नस् आदेश हो * जैसे-खुरणाः, खरणाः । विकल्प
पक्षमें-अच् भी होगा, जैसे-खुरणसः, खरणसः ॥

८५८ उपसर्गाच्च । ५ । ४ । ११९॥

प्रादेर्यो नासिकाशब्दस्तदन्ताद्बहुव्रीहेरच् ना-सिकाया नसादेशश्च । असंज्ञार्थं वचनम् । उन्नता नासिका यस्य स उन्नसः । उपसर्गादनोत्पर इति सूत्रं तद्भङ्क्त्वा भाष्यकार आह ॥

८५८-प्रादि उपसर्गके परे स्थित जो नासिका शब्द तदन्त
बहुव्रीहिसे अच् प्रत्यय हो और नासिकाको नस् आदेश हो ।
संज्ञा जहां नहीं है वहांके लिये यह सूत्र है, जैसे-उन्नता
नासिका यस्य सः=उन्नसः ॥

भाष्यकार "उपसर्गादनोत्परः" इस सूत्रको भांगकर
अर्थात् 'अनोत्परः' इसके स्थानमें 'बहुलम्' इसको पढकर
कहतेहैं कि-

८५९ उपसर्गाद्बहुलम् । ८ ।४।२८॥

उपसर्गस्थ न्निमित्तात्परस्य नसो नस्य णः स्याद्बहुलम् । प्रणसः ॥ वेर्ग्रो वक्तव्यः ॥ * ॥ विगता नासिकास्य विग्रः ॥ ख्यश्च ॥ * ॥ विख्यः । कथं तर्हि विनसा हतबान्धवेति भट्टिः। विगतया नासिकयोपलक्षितेति व्याख्येयम् ॥

८५९-उपसर्गस्थ निमित्तके परे स्थित नस्के नकारके
स्थानमें बहुल प्रकारसे णकार हो, जैसे-प्रणसः ।

वि से परे नासिका शब्दको ग्र आदेश हो * जैसे-विगता
नासिकाऽस्य=विग्रः ।

विसे परे नासिका शब्दको ख्य आदेश भी हो *
जैसे-विख्यः ।

पूर्वोक्त ग्र वा ख्य आदेश होजानेसे भट्टिकाव्यमें "विनसा हतबांधवा" ऐसा प्रयोग कैसे हुआ ? तो कहतेहैं कि, 'विगतया नासिकया उपलक्षिता' इस प्रकार व्याख्या करनी चाहिये॥

८६० सुप्रातसुश्वसुदिवशारिकुक्षचतुरश्रैणीपदाऽजपदप्रोष्ठपदाः ।५।४।१२०॥

एते बहुव्रीहयोऽच्प्रत्ययान्ता निपात्यन्ते। शोभनं प्रातरस्य सुप्रातः । शोभनं श्वोऽस्य सुश्वः । शोभनं दिवाऽस्य सुदिवः । शारेरिव कुक्षिरस्य शारिकुक्षः । चतस्रोऽश्रयोऽस्य चतुरश्रः । एण्या इव पादावस्य एणीपदः । अजपदः । प्रोष्ठो गौः तस्येव पादावस्य प्रोष्ठपदः ॥

८६०-सुप्रातः, सुश्वः, सुदिवः, शारिकुक्षः, चतुरश्रः, एणीपदः, अजपदः, प्रोष्ठपदः, इतने बहुव्रीहि अच्प्रत्ययान्त निपातन किये जातेहैं, जैसे-शोभनं प्रातः अस्य=सुप्रातः । शोभनं श्वोऽस्य=सुश्वः । शोभनं दिवास्य=सुदिवः शारेरिव कुक्षिः अस्य=शारिकुक्षः । चतस्रोऽश्रयोऽस्य=चतुरश्रः । एण्या इव पादावस्य=एणीपदः । अजस्येव पादौ अस्य=अजपदः । प्रोष्ठो गौः तस्येव पादावस्य=प्रोष्ठपदः ॥

८६१ नञ्दुःसुभ्यो हलिसक्थ्योरन्यतरस्याम् । ५ । ४ । १२१ ॥

अच् स्यात् । अहलः । अहलिः । असक्थः । असक्थिः । एवं दुःसुभ्याम् । शक्त्योरिति पाठान्तरम् । अशक्तः । अशक्तिः ॥

८६१-बहुव्रीहि समासमें नञ्, दुस् और सु शब्दके परे स्थित हलि और सक्थि शब्दके उत्तर विकल्प करके समासान्त अच् प्रत्यय हो, जैसे-अहलः, अच् न हुआ तो अहलिः । असक्थः, असक्थिः । सु और दुर् शब्दके उत्तर भी इसी प्रकार होगा ।

सक्थिके स्थानमें शक्ति ऐसा भी पाठान्तर है, तब-अशक्तः, अशक्तिः, ऐसे प्रयोग होंगे ॥

८६२ नित्यमसिच् प्रजामेधयोः । ५ । ४ । १२२ ॥

नञ्दुःसुभ्य इत्येव । अप्रजाः । दुष्प्रजाः । सुप्रजाः । अमेधाः । दुर्मेधाः । सुमेधाः ॥

८६२-नञ्, सु और दुर् शब्दके परे स्थित प्रजा और मेधा शब्दके उत्तर नित्य असिच् प्रत्यय हो, जैसे-अप्रजाः । दुष्प्रजाः । सुप्रजाः । अमेधाः । दुर्मेधाः । सुमेधाः ॥

८६३ धर्मादनिच् केवलात् ।५।४।१२४॥

केवलात्पूर्वपदात्परो धर्मशब्दस्तदन्ताद्बहुव्रीहेरनिच् स्यात् । कल्याणधर्मा । केवलात्किम् । परमः स्वो धर्मो यस्येति त्रिपदे बहुव्रीहौ मा भूत् । स्वशब्दो हीह न केवलं पूर्वपदं किंतु मध्यमत्वादापेक्षिकम् । संदिग्धसाध्यधर्मेत्यादौ तु कर्मधारयपूर्वपदो बहुव्रीहिः । एवं तु परमस्वधर्मेत्यपि साध्वेव । निवृत्तिधर्मा अनुच्छित्तिधर्मेत्यादिवत् । पूर्वपदं तु बहुव्रीहिणाक्षिप्यते ॥

८६३-केवल पूर्वपदके परे स्थित जो धर्म शब्द, तदन्त बहुव्रीहिके उत्तर समासान्त अनिच् प्रत्यय हो, जैसे-कल्याणधर्मा । केवल पूर्वपद न रहनेसे अर्थात् पूर्वमें दो पद रहते, जैसे-'परमः स्वो धर्मो यस्य' इस त्रिपद बहुव्रीहिमें नहीं होताहै, कारण कि, इस स्थानमें स्व शब्द केवल पूर्वपद नहीं है किन्तु मध्यमपदत्वके कारण आपेक्षिक पूर्वपद है 'संदिग्धसाध्यधर्मा' इत्यादि स्थलमें तो कर्मधारयपूर्वक बहुव्रीहि हुआ है । इसी प्रकारसे 'निवृत्तिधर्मा, अनुच्छित्तिधर्मा' इत्यादिकी समान 'परमस्वधर्मा' पद भी साधु ही है । इस स्थलमें पूर्वपद बहुव्रीहिसे आक्षिप्त होताहै ॥

८६४ जम्भा सुहरिततृणसोमेभ्यः । ५ । ४ । १२५ ॥

जम्भेति कृतसमासान्तं निपात्यते । जम्भो भक्ष्ये दन्ते च । शोभनो जम्भोऽस्य सुजम्भा । हरितजम्भा । तृणं भक्ष्यं यस्य तृणमिव दन्ता अस्येति वा तृणजम्भा । सोमजम्भा । स्वादिभ्यः किम् । पतितजम्भः ॥

८६४-सु, हरित, तृण और सोम शब्दके उत्तर कृतसमासान्त जंभा शब्द निपातनसे सिद्ध हो, जंभा शब्दसे भक्ष्य और दन्त जानना, जैसे-सुशोभनो जम्भोऽस्य=सुजम्भा । हरितजम्भा । तृणं भक्ष्यं यस्य, तृणमिव दन्ता यस्येति वा=तृणजम्भा । सोमजम्भा । स्वादिके उत्तर न होनेपर 'पतितजम्भः' इस प्रकार रूप होगा ॥

८६५ दक्षिणेर्मा लुब्धयोगे।५।४।१२६॥

दक्षिणे ईर्म व्रणं यस्य दक्षिणेर्मा मृगः । व्याधेन कृतव्रण इत्यर्थः ॥

८६५-व्याधसम्बन्ध होनेपर 'दक्षिणेर्मा' पद निपातनसे सिद्ध हो, जैसे-दक्षिणे ईर्म व्रणं यस्य=दक्षिणेर्मा (मृगविशेष अर्थात् व्याधकर्तृककृतव्रण मृग) ॥

८६६ इच् कर्मव्यतिहारे । ५ ।४।१२७॥

कर्मव्यतिहारे यो बहुव्रीहिस्तस्मादिच् स्यात्समासान्तः । केशाकेशि । मुसलामुसलि ॥

८६६-कर्मव्यतिहारमें जो बहुव्रीहि, उसके उत्तर समासान्त इच् प्रत्यय हो, जैसे-केशाकेशि । मुसलामुसलि ॥

८६७ द्विदण्ड्यादिभ्यश्च । ५ ।४।१२८॥

तादर्थ्ये चतुर्थ्येषा । एषां सिद्ध्यर्थमिच् प्रत्ययः स्यात् । द्वौ दण्डौ यस्मिन्प्रहरणे तद् द्विदण्डि प्रहरणम् । द्विमुसलि । उभाहस्ति । उभयाहस्ति ॥

८६७-इस सूत्रमें तादर्थ्यमें चतुर्थी हुई है, द्विदण्डि-इत्यादि शब्दोंकी सिद्धके लिये इच् प्रत्यय हो, जैसे-

द्वौ दण्डौ यस्मिन् प्रहरणे तत्=द्विदण्डि प्रहरणम् । द्विमुसलि । उभाहस्ति, उभयाहस्ति ॥

८६८ प्रसंभ्यां जानुनोर्ज्ञुः । ५।४।१२९ ॥

आभ्यां परयोर्जानुशब्दयोर्ज्ञुरादेशः स्याद्बहुव्रीहौ । प्रगते जानुनी यस्य प्रज्ञुः । संज्ञुः ॥

८६८-बहुव्रीहि समासमें प्र और सं पूर्वक जानु शब्दको ज्ञु आदेश हो, जैसे-प्रगते जानुनी अस्य=प्रज्ञुः । इसी प्रकार संज्ञुः ॥

८६९ ऊर्ध्वाद्विभाषा । ५ ।४। १३० ॥

ऊर्ध्वज्ञुः । ऊर्ध्वजानुः ॥

८६९-ऊर्ध्व शब्दके परे स्थित जानु शब्दको विकल्प करके ज्ञु आदेश हो, जैसे-ऊर्ध्वे जानुनी यस्य=ऊर्ध्वज्ञुः, ऊर्ध्वजानुः ॥

८७० धनुषश्च । ५ । ४ । १३२ ॥

धनुरन्तस्य बहुव्रीहेरनङादेशः स्यात् । शार्ङ्गधन्वा ॥

८७०-धनुःशब्दान्त बहुव्रीहिको अनङ् आदेश हो, जैसे-शार्ङ्गं धनुर्यस्य सः=शार्ङ्गधन्वा ॥

८७१ वा संज्ञायाम् । ५ । ४ । १३३ ॥

. शतधन्वा । शतधनुः ॥

८७१-संज्ञा होनेपर विकल्प करके उक्त आदेश हो, जैसे-शतानि धनूंषि यस्य सः=शतधन्वा, शतधनुः ॥

८७२ जायाया निङ् । ५ । ४।१३४ ॥

जायान्तस्य बहुव्रीहेर्निङादेशः स्यात् ॥

८७२-जायाशब्दान्त बहुव्रीहिको निङ् आदेश हो ॥

८७३ लोपो व्योर्वलि । ६ । १ । ६६॥

वकारयकारयोर्लोपः स्याद्वलि । पुंवद्भावः । युवतिर्जायाऽस्य युवजानिः ॥

८७३-वल् परे रहते वकार और यकारका लोप हो, पुंवद्भाव होनेपर जैसे-युवतिर्जाया अस्य=युवजानिः ॥

८७४ गन्धस्येदुत्पूतिसुसुरभिभ्यः । ५ । ४ । १३५ ॥

एभ्यो गन्धस्य इकारोन्तादेशः स्यात् । उद्गन्धिः । पूतिगन्धिः । सुगन्धिः । सुरभिगन्धिः ॥ गन्धस्येत्वे तदेकान्तग्रहणम् ॥ * ॥ एकान्त एकदेश इव अविभागेन लक्ष्यमाण इत्यर्थः । सुगन्धि पुष्पं सलिलं च सुगन्धिर्वायुः । नेह । शोभना गन्धाः द्रव्याण्यस्य सुगन्ध आपणिकः ॥

८७४-उत्, पूति, सु और सुरभि शब्दके परे स्थित गंध शब्दको इकार अन्तादेश हो, जैसे उद्गन्धिः । पूतिगन्धिः । सुगन्धिः । सुरभिगन्धिः ।

गंध शब्दको इत्व करनेमें उसके एकान्तका ग्रहण करना चाहिये, एकान्त अर्थात् एकदेशकी समान अविभागसे लक्ष्यमाण* जैसे-सुगन्धि पुष्पं सलिलं वा । सुगन्धिर्वायुः । शोभना गन्धाः द्रव्याणि अस्य=सुगन्धः आपणिकः, इस स्थलमें इकार नहीं हुआ ॥

८७५ अल्पाख्यायाम् । ५ । ४ ।१३६॥

सूपस्य गन्धो लेशो यस्मिन् तत् सूपगन्धि भोजनम् । घृतगन्धि । गन्धो गन्धक आमोदे लेशे सम्बन्धगर्वयोरिति विश्वः ॥

८७५-अल्पार्थ हो तो गंध शब्दको इकार अन्तादेश हो, जैसे-'सूपस्य गंधो लेशो यस्मिन् तत्' इस वाक्यमें 'सूपगन्धि' अर्थात् भोजन । घृतस्य गंधो लेशो यस्मिन् तत्=घृतगंधि । विश्वकोशमें गंध शब्दके गंध, गंधक, आमोद, लेश, संबंध और गर्व इतने अर्थ कहेहैं ॥

८७६ उपमानाच्च । ५ । ४ । १३७ ॥

पद्मस्येव गन्धोऽस्य पद्मगन्धिः ॥

८७६-उपमानवाचक शब्दके परे स्थित गंध शब्दको इकार अन्तादेश हो, जैसे-पद्मस्येव गंधोऽस्य=पद्मगन्धिः ॥

८७७ पादस्य लोपोऽहस्त्यादिभ्यः । ५ । ४ । १३८ ॥

हस्त्यादिवर्जितादुपमानात्परस्य पादशब्दस्य लोपः स्याद्बहुव्रीहौ । स्थानिद्वारेणायं समासान्तः । व्याघ्रस्येव पादावस्य व्याघ्रपात् । अहस्त्यादिभ्यः किम् । हस्तिपादः । कुसूलपादः ॥

८७७-बहुव्रीहि समासमें हस्त्यादिसे भिन्न उपमानवाचकके परे स्थित पाद शब्दके अकारका लोप हो । स्थानिद्वारा यह अकारका लोप समासान्त है, जैसे-व्याघ्रस्येव पादावस्य=व्याघ्रपात् । हस्त्यादि शब्दके उत्तर होनेपर हस्तिपादः, कुसूलपादः, ऐसे प्रयोग होंगे ॥

८७८ कुम्भपदीषु च । ५ । ४ । १३९॥

कुम्भपद्यादिषु पादस्य लोपो ङीप् च निपात्यते स्त्रियाम् । पादः पत् । कुम्भपदी । स्त्रियां किम् । कुम्भपादः ॥

८७८-स्त्रीलिङ्गमें कुम्भपदी इत्यादि स्थलमें पाद शब्दके अकारका लोप् हो और ङीप्का निपातन हो, पाद शब्दके स्थानमें पद आदेश होनेपर, जैसे-कुंभपदी । स्त्रीलिंग न होनेपर अकारका लोप और ङीप् न होंगे, जैसे-कुंभपादः ॥

८७९ संख्यासुपूर्वस्य । ५ । ४ ।१४०॥

पादस्य लोपः स्यात्समासान्तो बहुव्रीहौ । द्विपात् । सुपात् ॥

८७९-संख्यावाचक शब्द और सुशब्दपूर्वक पाद शब्दके समासान्त अकारका लोप हो, जैसे-द्विपात् । सुपात् ॥

८८० वयसि दन्तस्य दतृ ।५।४।१४१॥

संख्यासुपूर्वस्य दन्तस्य दतृ इत्यादेशः स्या-

वयसि । द्विदन् । चतुर्दन् । षट् दन्ता अस्य षोडन् । सुदन् । सुदती । वयसि किम् । द्विदन्तः करी । सुदन्तो नटः ॥

८८०-वयस् अर्थमें संख्यावाचक शब्द और सु शब्द पूर्वक दन्त शब्दके स्थानमें दतृ आदेश हो, जैसे-द्विदन् । चतुर्दन् । षट् दन्ता अस्य=षोडन् । सुदन् । सुदती । वयस् अर्थ न होनेपर न होगा, जैसे-द्विदन्तः करी, सुदन्तो नटः ॥

८८१ स्त्रियां संज्ञायाम् । ५ । ४ । १४३ ॥

दन्तस्य दतृ स्यात्समासान्तो बहुव्रीहौ । अयोदती । फालदती । संज्ञायां किम् । समदन्ती ॥

८८१-संज्ञामें तथा स्त्रीलिङ्गमें बहुव्रीहि समास होनेपर दन्त शब्दको दतृ आदेश हो । अयोदती । फालदती । संज्ञा न होनेपर न होगा, जैसे-समदन्ती ॥

८८२ विभाषा श्यावारोकाभ्याम् । ५ । ४ । १४४ ॥

दन्तस्य दतृ बहुव्रीहौ । श्यावदन् । श्यावदन्तः । अरोकदन् । अरोकदन्तः ॥

८८२-बहुव्रीहि समासमें श्याव और अरोक शब्दके उत्तर दन्त शब्दके स्थानमें विकल्प करके दतृ आदेश हो, जैसे-श्यावदन्, श्यावदन्तः । अरोकदन्, अरोकदन्तः ॥

८८३ अग्रान्तशुद्धशुभ्रवृषवराहेभ्यश्च । ५ । ४ । १४५ ॥

एभ्यो दन्तस्य दतृ वा । कुड्मलाग्रदन् । कुड्मलाग्रदन्तः ॥

८८३-अग्रान्त, शुद्ध, शुभ्र, वृष और वराह शब्दके परे दन्त शब्दके स्थानमें विकल्प करके दतृ आदेश हो, कुड्मलाग्रदन्, कुड्मलाग्रदन्तः ॥

८८४ ककुदस्यावस्थायां लोपः । ५ । ४ । १४६ ॥

अजातककुत् । पूर्णककुत् ॥

८८४-अवस्था गम्यमान होनेपर ककुद शब्दके अन्त्य अकारका लोप हो, जैसे-अजातककुत् । पूर्णककुत् ॥

८८५ त्रिककुत्पर्वते । ५ । ४ । १४७ ॥

त्रीणि ककुदान्यस्य त्रिककुत् । संज्ञैषा पर्वतविशेषस्य । त्रिककुदोऽन्यः ॥

८८५-पर्वत वाच्य होनेपर त्रिककुद शब्दके अकारका लोप हो, जैसे-त्रीणि ककुदान्यस्य=त्रिककुत्, अर्थात् पर्वत विशेष । अन्य होनेपर अकारका लोप न होगा, जैसे-त्रिककुदः ॥

८८६ उद्विभ्यां काकुदस्य । ५।४।१४८ ॥

लोपः स्यात् । उत्काकुत् । विकाकुत् । काकुदं तालु ॥

८८६-उत् और विपूर्वक काकुद शब्दके अकारका लोप हो, जैसे-उत्काकुत् । विकाकुत् । काकुद शब्दसे तालु जानना ॥

८८७ पूर्णाद्विभाषा । ५ । ४ । १४९ ॥

पूर्णकाकुत् । पूर्णकाकुदः ॥

८८७-पूर्ण शब्दके परे स्थित काकुद शब्दके अकारका लोप विकल्प करके हो, जैसे-पूर्णकाकुत्, पूर्णकाकुदः ॥

८८८ सुहृद्दुर्हृदौ मित्रामित्रयोः । ५ । ४ । १५० ॥

सुदुर्भ्यां हृदयस्य हृद्भावो निपात्यते । सुहृन्मित्रम् । दुर्हृदमित्रः । अन्यत्र सुहृदयः । दुर्हृदयः ॥

८८८-मित्र अर्थ होनेपर सु शब्दके परे स्थित हृदय शब्दको और अमित्र अर्थ होनेपर दुर्से परे हृदय शब्दको हृद् आदेश निपातनसे हो, जैसे-सुहृत् मित्रम् । दुर्हृद् अमित्रः । अन्यार्थमें सुहृदयः । दुर्हृदयः ॥

८८९ उरःप्रभृतिभ्यः कप् । ५।४।१५१ ॥

व्यूढोरस्कः । प्रियसर्पिष्कः । इह पुमान्, अनड्वान्, पयः, नौः, लक्ष्मीरिति एकवचनान्तानि पठचन्ते । द्विवचनबहुवचनान्तेभ्यस्तु शेषाद्विभाषेति विकल्पेन कप् । द्विपुमान् । द्विपुंस्कः ॥ अर्थान्नञः ॥ अनर्थकम् । नञः किम् । अपार्थम् । अपार्थकम् ॥

८८९-बहुव्रीहि समासमें उरस् आदि शब्दोंके उत्तर कप् प्रत्यय हो, जैसे--व्यूढोरस्कः । प्रियसर्पिष्कः । उरःप्रभृतिमें पुमान्, अनड्वान्, पयः, नौः, लक्ष्मीः, इत्यादि एकवचनान्त ही पद पढे गये हैं, इसी कारण "शेषाद्विभाषा ८९१" इस सूत्रसे द्विवचनान्त और बहुवचनान्तके उत्तर विकल्प करके कप् होगा, जैसे-द्विपुमान्, द्विपुंस्कः ।

नञ्पूर्वक अर्थ शब्दके उत्तर कप् प्रत्यय हो, जैसे-अनर्थकम् । नञ्से परे न होनेपर, जैसे-अपार्थम्, अपार्थकम् ॥

८९० इनः स्त्रियाम् । ५ । ४ । १५२ ॥

बहुदण्डिका नगरी । अनिनस्मन्ग्रहणान्यर्थवता चानर्थकेनापि तदन्तविधिं प्रयोजयन्ति ॥ बहुवाग्मिका । स्त्रियां किम् । बहुदण्डी । बहुदण्डिको ग्रामः ॥

८९०-इनप्रत्ययान्त शब्दके उत्तर स्त्रीलिंगमें कप् प्रत्यय हो, जैसे-बहुदण्डिका नगरी । अन्, इन्, अस्, मन्, यह

अर्थविशिष्ट हों अथवा अर्थशून्य भी हों, परन्तु तदन्तविधिका लाभ करतेहैं, जैसे–बहुवाग्मिका । स्त्रीलिंग न होनेपर, जैसे–बहुदंडी, बहुदंडिकः (ग्राम) ॥

८९१ शेषाद्विभाषा । ५ । ४ । १५४ ॥

अनुक्तसमासान्ताच्छेषाधिकारस्थाद्बहुव्रीहेः कप् वा स्यात् । महायशस्कः। महायशाः । अनुक्तेत्यादि किम् । व्याघ्रपात् । सुगन्धिः । प्रियपथः । शेषाधिकारस्थात्किम् । उपबहवः । उत्तरपूर्वा । सपुत्रः । तन्त्रादिना शेषशब्दोऽर्थद्वयपरः ॥

८९१–अनुक्तसमासान्त शेषाधिकारस्थित बहुव्रीहिके उत्तर विकल्प करके कप् प्रत्यय हो, जैसे–महत् यशो यस्य= महायशस्कः, महायशाः । अनुक्तसमासान्त न होनेपर, जैसे–व्याघ्रपात् । सुगंधिः । प्रियपथः । शेषाधिकारस्थ कहनेसे उपबहवः, उत्तरपूर्वा, सपुत्रः, इत्यादिमें कप् न हुआ। तंत्रादिसे शेष शब्द दोनों (अनुक्तसमासान्त १, शेषाधिकारस्थ २) अर्थोंका बोधक है ॥

८९२ आपोऽन्यतरस्याम् । ७ ।४।१५॥

कप्याबन्तस्य ह्रस्वो वा स्यात् । बहुमालकः। बहुमालाकः । कबभावे बहुमालः ॥

८९२–कप् प्रत्यय परे रहते आबन्त शब्दको विकल्प करके ह्रस्व हो, जैसे–बहुमालकः, बहुमालाकः । कप्के अभावमें बहुमालः ॥

८९३ न संज्ञायाम् ।५।४। १५५॥

शेषादिति प्राप्तः कप् न स्यात्संज्ञायाम् ।विश्वे देवा अस्य विश्वेदेवः ॥

८९३–संज्ञामें "शेषात्०" से प्राप्त कप् नहीं हो, जैसे–विश्वे देवा अस्य=विश्वेदेवः ॥

८९४ ईयसश्च । ५ । ४ । १५६ ॥

ईयसन्तोत्तरपदान्न कप् । बहवः श्रेयांसोस्य बहुश्रेयान् । गोस्त्रियोरिति ह्रस्वत्वे प्राप्ते ॥ ईयसो बहुव्रीहेर्नेति वाच्यम् ॥ * ॥ बह्वयः श्रेयस्योस्य बहुश्रेयसी । बहुव्रीहेः किम् । अतिश्रेयसिः ॥

८९४–ईयसन्त उत्तर पदके उत्तर कप् प्रत्यय न हो, जैसे–बहवः श्रेयांसोऽस्य=बहुश्रेयान् । "गोस्त्रियोः० ६५६" इस सूत्रसे ह्रस्व प्राप्त होनेपर–ईयसुप्रत्ययान्त बहुव्रीहिके उत्तर पदसे कप् प्रत्यय न हो यह कहना चाहिये * जैसे–बह्वयः श्रेयस्योऽस्य=बहुश्रेयसी बहुव्रीहि न होनेपर, जैसे–अतिश्रेयसिः ॥

८९५ वन्दिते भ्रातुः । ५ । ४ ।१५७॥

पूजितेर्थे यो भ्रातृशब्दस्तदन्तान्न कप् स्यात् । प्रशस्तो भ्राता यस्य प्रशस्तभ्राता । न पूजनादिति निषेधस्तु बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोरित्यतः प्रागेवेति वक्ष्यते। वन्दिते किम् । मूर्खभ्रातृकः ॥

८९५–पूजित अर्थमें जो भ्रातृ शब्द तदन्तके उत्तर कप् न हो, जैसे–प्रशस्तो भ्राता अस्य=प्रशस्तभ्राता । "न पूजनात् ५।४।६९" इस सूत्रसे जो निषेध है, वह " बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः० ८५२ " इस सूत्रके पूर्वहीमें होताहै यह कहेंगे। पूजितार्थ न होनेपर, जैसे–मूर्खभ्रातृकः ॥

८९६नाडीतन्त्र्योः स्वाङ्गे ।५।४।१५९॥

स्वाङ्गे यौ नाडीतन्त्रीशब्दौ तदन्तात्कप् न स्यात् । बहुनाडिः कायः । बहुतन्त्रीर्ग्रीवा । तन्त्रीर्धमनी । स्त्रीप्रत्ययान्तत्वाभावाद्ध्रस्वो न । स्वाङ्गे किम् । बहुनाडीकः स्तम्भः । बहुतन्त्रीका वीणा ॥

८९६–स्वाङ्गवाचक नाडी और तन्त्री शब्दके उत्तर कप् न हो, बहुनाडिः कायः । बहुतंत्री ग्रीवा, तंत्री अर्थात् धमनी, इस स्थलमें स्त्रीप्रत्ययान्तत्वके अभावके कारण ह्रस्व नहीं हुआ ।

स्वाङ्गवाचक न होनेपर जैसे–बहुनाडीकः स्तम्भः । बहुतन्त्रीका वीणा ॥

८९७ निष्प्रवाणिश्च । २ । २ । १६० ॥

कबभावोऽत्र निपात्यते । प्रपूर्वाद्वयतेर्ल्युट् । प्रवाणी तन्तुवायशलाका । निर्गता प्रवाण्यस्य निष्प्रवाणिः पटः । समाप्तवानः नव इत्यर्थः ॥

८९७–' निष्प्रवाणिः ' यहां कप् प्रत्ययका अभाव निपातनसे सिद्ध हो, प्रपूर्वक 'वेञ्-तन्तुसन्ताने' से ल्युट् प्रत्यय हुआ 'प्रवाणी ' अर्थात् तन्तुबुननेकी सलाई । निर्गता प्रवाण्यस्य= निष्प्रवाणिः पटः । समाप्तवान अर्थात् नवीन ॥

८९८सप्तमीविशेषणे बहुव्रीहौ।२।२।३५॥

सप्तम्यन्तं विशेषणं च बहुव्रीहौ पूर्वं प्रयोज्यम् । कण्ठेकालः । अत एव ज्ञापकाद्व्यधिकरणपदो बहुव्रीहिः । चित्रगुः ॥ सर्वनामसंख्ययोरुपसंख्यानम् ॥ * ॥ सर्वश्वेतः । द्विशुक्लः ॥ मिथोनयोः समासे संख्यापूर्वं शब्दपरविप्रतिषेधात् ॥ * ॥ द्व्यन्यः ॥ संख्याया अल्पीयस्याः ॥ * ॥ द्वित्राः । द्वन्द्वेऽपि । द्वादश ॥ वा प्रियस्य ॥ * ॥ प्रियगुडः । गुडप्रियः ॥ गड्वादेः परा सप्तमी ॥ * ॥ गडुकण्ठः । क्वचिन्न वहेगडुः ॥

८९८–बहुव्रीहि समासमें सप्तम्यन्त पद और विशेषण पद पूर्वमें प्रयुक्त हो, जैसे–कंठेकालः । इसी ज्ञापकसे व्यधिकरणपदमें भी बहुव्रीहि होताहै । चित्रा गावो यस्य=चित्रगुः ।

उक्त समासमें सर्वनाम शब्द और संख्यावाचक शब्द पूर्वमें प्रयुक्त हों * जैसे–सर्वश्वेतः । द्विशुक्लः ।

सर्वनाम, और संख्यावाचकके परस्पर समासमें शब्दपरविप्रतिषेधके कारण संख्यावाचक शब्द पूर्वमें प्रयुक्त हो * जैसे-द्व्यन्यः ।

संख्यावाचकके परस्पर समासमें अल्प संख्याबोधक शब्दका पूर्वनिपात हो * जैसे-द्वौ वा त्रयः=द्वित्राः ।

द्वन्द्व समासमें भी इसी प्रकार होगा * जैसे-द्वौ च दश च=द्वादश ।

प्रिय शब्दको विकल्प करके पूर्वनिपात हो * जैसे-प्रियगुडः=गुडप्रियः ।

गडु आदि शब्दके उत्तर सप्तम्यन्तका प्रयोग हो, * जैसे-कण्ठे गडुर्यस्य=गडुकण्ठः । किसी स्थलमें न हो, जैसे-बहुगडुः ॥

८९९ निष्ठा । २ । २ । ३६ ॥

निष्ठान्तं बहुव्रीहौ पूर्वं स्यात् । कृतकृत्यः ॥ जातिकालसुखादिभ्यः परा निष्ठा वाच्या ॥ *॥ सारङ्गजग्धी । मासजाता । सुखजाता । प्रायिकं चेदम् । कृतकटः । पीतोदकः ॥

८९९-बहुव्रीहि समासमें निष्ठाप्रत्ययान्त पदका पूर्वनिपात हो, जैसे-कृतकृत्यः ।

जाति, काल और सुखादि शब्दके उत्तर निष्ठाप्रत्ययान्तका प्रयोग हो * जैसे-सारङ्गजग्धी । मासजाता । सुखजाता । यह प्रायिक अर्थात् प्राय ही होगा, इससे कृतकटः, पीतोदकः, इनमें निष्ठान्तका पर निपात न हुआ ॥

९०० वाहिताग्न्यादिषु । २ । २ । ३७ ॥

आहिताग्निः । अग्न्याहितः । आकृतिगणोऽयम् ॥ प्रहरणार्थेभ्यः परे निष्ठासप्तम्यौ ॥ * ॥ अभ्युद्यतः । दण्डपाणिः । क्वचिन्न । विवृतासिः ॥

॥ इति बहुव्रीहिः ॥

९००-आहिताग्नि इत्यादि पदोंमें विकल्प करके पूर्वनिपात हो । आहिताग्निः, अग्न्याहितः । यह आकृतिगण है ।

प्रहरणार्थके उत्तर निष्ठान्त और सप्तम्यन्तका प्रयोग हो * जैसे-अभ्युद्यतः । दंडपाणिः । किसी २ स्थलमें नहीं होगा, जैसे-विवृतासिः ॥

॥ इति बहुव्रीहिसमासः ॥

अथ द्वन्द्वसमासप्रकरणम् ।

९०१ चार्थे द्वन्द्वः । २ । २ । २९ ॥

अनेकं सुबन्तं चार्थे वर्तमानं वा समस्यते स द्वन्द्वः । समुच्चयान्वाचयेतरेतरयोगसमाहाराश्चार्थाः । परस्परनिरपेक्षस्यानेकस्य एकस्मिन्नन्वयः समुच्चयः । अन्यतरस्यानुषंगिकत्वेऽन्वाचयः । मिलितानामन्वय इतरेतरयोगः । समूहः समाहारः । तत्रेश्वरं गुरुं च भजस्वेति समुच्चये भिक्षामट गां चानयेत्यन्वाचये च न समासोऽसामर्थ्यात् । धवखदिरौ । संज्ञापरिभाषम् । अनेकोक्तेर्होतृपोतृनेष्टोद्गातारः । द्वयोर्द्वयोर्द्वन्द्वं कृत्वा पुनर्द्वन्द्वे तु होतापोतानेष्टोद्गातारः ॥

९०१-चकारार्थमें वर्तमान सुबन्त पदोंका विकल्प करके समास हो और उसका नाम द्वन्द्व हो । चकारका अर्थ समुच्चय, अन्वाचय, इतरेतरयोग और समाहार जानना । परस्पर निरपेक्ष अनेक पदोंका एकमें जो अन्वय (संबंध) है, उसको 'समुच्चय ' कहतेहैं । दो पदार्थोंमेंसे एक पदार्थके मुख्यत्व और अन्यके अमुख्यत्वको 'अन्वाचय' कहतेहैं । समुच्चय और अन्वाचयमें समास नहीं होताहै, कारण कि, शब्दका परस्पर सीधा सीधा संबंध न होनेसे असामर्थ्य है । मिलित शब्दोंका जो अन्वय उसको ' इतरेतरयोग ' कहतेहैं । अनेक पदार्थोंके समुदायको ' समाहार ' कहतेहैं । ' ईश्वरं च गुरुं च भजस्व', इस समुच्चयमें ईश्वर और गुरु परस्पर निरपेक्ष हैं और ' भजस्व ' इस एक ही क्रियामें अन्वय है, 'भिक्षामट गाञ्चानय' इसमें भिक्षा और गौको परस्पर निरपेक्षतासे क्रमशः अटन तथा आनयनमें अन्वय होनेसे असामर्थ्य है, इससे समास न हुआ । धवश्च खदिरश्च=धवखदिरौ छिन्धि, इसमें मिलितको क्रियासे संबन्ध है । समाहारमें संज्ञा च परिभाषा च=संज्ञापरिभाषम्, ऐसा होगा । सूत्रमें ' अनेक ' इस पदका ग्रहण करनेसे होता च पोता च नेष्टा च उद्गाता च=होतृपोतृनेष्टोद्गातारः । दो दो पदोंमें द्वन्द्व करके पुनः द्वन्द्व करनेपर 'होतापोतानेष्टोद्गातारः ' ऐसा प्रयोग होगा ॥

९०२ राजदन्तादिषु परम् । २।२।३१॥

एषु पूर्वप्रयोगार्हं परं स्यात् । दन्तानां राजा राजदन्तः ॥ धर्मादिष्वनियमः ॥*॥ अर्थधर्मौ । धर्मार्थौ । दम्पती, जम्पती, जायापती । जायाशब्दस्य जम्भावो दम्भावश्च वा निपात्यते । आकृतिगणोऽयम् ॥

९०२-राजदन्तादि शब्दोंमें जो शब्द पूर्वप्रयोगके योग्य हो उसको परनिपात हो, जैसे-दन्तानां राजा=राजदन्तः ।

धर्मादि शब्दके विषयमें पूर्व पर निपातका कोई नियम नहीं हो * जैसे-अर्थश्च धर्मश्च=अर्थधर्मौ, धर्मार्थौ । दम्पती, जम्पती, जायापती, यहां जाया शब्दको जम्भाव और दम्भावका विकल्प करके निपातन है । यह आकृतिगण है ॥

९०३ द्वन्द्वे घि । २ । २ । ३२ ॥

द्वन्द्वे घिसंज्ञं पूर्वं स्यात् । हरिश्च हरश्च हरिहरौ ॥ अनेकप्राप्तावेकत्र नियमोऽनियमः शेषे ॥ * ॥ हरिगुरुहराः । हरिहरगुरवः ॥

९०३-द्वन्द्व समासमें घिसंज्ञकका पूर्वनिपात हो, जैसे-हरिश्च हरश्च=हरिहरौ ।

एक घिसंज्ञक होनेपर ऐसा नियम है, परन्तु अनेक घिसंज्ञकको पूर्वनिपात प्राप्त हो तो एकमें पूर्वनिपातका नियम हो और शेषमें पूर्वनिपातका नियम नहीं हो * जैसे-हरिगुरुहराः, हरिहरगुरवः ॥

९०४ अजाद्यदन्तम् । २ । २ । ३३ ॥

इदं द्वन्द्वे पूर्वं स्यात् । ईशकृष्णौ ॥ बहुष्वनियमः । अश्वरथेन्द्राः। इन्द्राश्वरथाः॥ द्यन्तादजाद्यदन्तं विप्रतिषेधेन ॥ * ॥ इन्द्राग्नी ॥

९०४--द्वन्द्व समासमें अजादिरूप अदन्त शब्दका पूर्वनिपात हो, ईशकृष्णौ ।

अनेक अजादिअदन्त शब्दके स्थलमें ऐसा नियम नहीं हो, जैसे--अश्वरथेन्द्राः, इन्द्राश्वरथाः ।

जिस स्थलमें घिसंज्ञक और अजाद्यदन्त दोनोंका समास हो, उस स्थलमें "विप्रतिषेधे परं कार्यम्" इस सूत्रसे अजाद्यदन्तका ही पूर्वनिपात हो * जैसे--इन्द्राग्नी ॥

९०५ अल्पाच्तरम् । २ । २ । ३४ ॥

शिवकेशवौ ॥ ऋतुनक्षत्राणां समाक्षराणामानुपूर्व्येण ॥ * ॥ हेमन्तशिशिरवसन्ताः । कृत्तिकारोहिण्यौ । समाक्षराणां किम् । ग्रीष्मवसन्तौ ॥ लघ्वक्षरं पूर्वम् ॥ * ॥ कुशकाशम् ॥ अभ्यर्हितं च ॥ * ॥ तापसपर्वतौ ॥ वर्णानामानुपूर्व्येण ॥ * ॥ ब्राह्मणक्षत्रियविट्शूद्राः ॥ भ्रातुर्ज्यायसः ॥ * ॥ युधिष्ठिरार्जुनौ ॥

९०५--द्वन्द्व समासमें अल्पअच्युक्त पदका पूर्वनिपात हो, जैसे--शिवश्च केशवश्च=शिवकेशवौ ।

समाक्षरविशिष्ट जो ऋतु और नक्षत्रवाचक शब्द उनके आनुपूर्व्य अर्थात् ऋतुओंके प्रादुर्भावकृत और नक्षत्रोंके उदयकृत क्रमसे पूर्वनिपात हो * जैसे--हेमन्तशिशिरवसन्ताः। कृत्तिकारोहिण्यौ ।

समसंख्याक अक्षर न होनेपर, जैसे--ग्रीष्मवसन्तौ ।

द्वन्द्व समासमें लघुअक्षरयुक्त शब्दको पूर्वनिपात हो * जैसे--कुशकाशम् ।

द्वन्द्व समासमें अभ्यर्हित (पूजित) शब्दको पूर्वनिपात हो * जैसे--पर्वतश्च तापसश्च=तापसपर्वतौ ।

वर्ण अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रियादि शब्दोंको क्रमसे पूर्वनिपात हो * जैसे--ब्राह्मणक्षत्रियविट्शूद्राः ।

भ्राताओंके मध्यमें ज्येष्ठको ही पूर्वनिपात हो* यथा--युधिष्ठिरार्जुनौ । भीमार्जुनौ ॥

९०६ द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम् । २ । ४ । २ ॥

एषां द्वन्द्व एकवत्स्यात् । पाणिपादम् । मार्दङ्गिकपाणविकम् । रथिकाश्वारोहम् । समाहारस्यैकत्वादेकत्वे सिद्धे नियमार्थं प्रकरणम् । प्राण्यङ्गादीनां समाहार एव यथा स्यात् ॥

९०६--द्वन्द्व समासमें प्राण्यंग, तूर्यांग और सेनांगवाचक शब्दोंको एकवद्भाव हो । पाणी च पादौ च=पाणिपादम् । मार्दङ्गिकपाणविकम् । रथिकाश्वारोहम् ।

समाहारमें एकत्वके कारण एकवचन सिद्ध होनेपर भी यह एकवद्भावविधायक प्रकरण केवल नियमके निमित्त है, अर्थात् प्राण्यंगादिओंका समाहारद्वन्द्व ही हो, इतरेतरयोग द्वन्द्व न हो, यहां "तिष्यपुनर्वस्वो० १ । २ । ६३"में बहुवचनग्रहणसामर्थ्यसे विपरीत नियम अर्थात् प्राण्यंगादिओंका ही समाहारद्वन्द्व हो ऐसा नियम नहीं हुआ, नहीं तो तिष्यपुनर्वसू शब्दका समाहार द्वन्द्व न होनेसे एकवचन तो होता ही नहीं तब बहुवचनहीको द्विवचनविधान होता, फिर बहुवचनग्रहण व्यर्थ ही होजाता ॥

९०७ अनुवादे चरणानाम् । २ । ४ । ३ ॥

चरणानां द्वन्द्व एकवत्स्यात्सिद्धस्योपन्यासे ॥ स्थेणोर्लुङीति वक्तव्यम् ॥ * ॥ उदगात्कठकालापम् । प्रत्यष्ठात्कठकौथुमम् ॥

९०७--सिद्ध वस्तुका उपन्यास (कथन) होनेपर चरणवाचक शब्दोंका द्वन्द्व एकवत् हो ।

लुङन्त स्था धातु और इण् धातुके प्रयोगमें द्वन्द्व एकवत् हो, ऐसा कहना चाहिये * जैसे--उदगात् कठकालापम्, प्रत्यष्ठात् कठकौथुमम् ॥

९०८ अध्वर्युक्रतुरनपुंसकम् । २ । ४ । ४ ॥

यजुर्वेदे विहितो यः क्रतुस्तद्वाचिनामनपुंसकलिङ्गानां द्वन्द्व एकवत्स्यात् । अर्काश्वमेधम् । अध्वर्युक्रतुः किम् । इषुवज्रौ सामवेदे विहितौ । अनपुंसकं किम् । राजसूयवाजपेये । अर्धर्चादी ॥

९०८--यजुर्वेदमें विहित जो क्रतु तद्वाचक अनपुंसकलिङ्गका द्वन्द्व एकवत् हो, जैसे--अर्काश्वमेधम् । अध्वर्युक्रतु न होनेपर, जैसे--इषुवज्रौ । यह सामवेदमें विहित हैं । नपुंसक होनेपर, जैसे--राजसूयवाजपेये । यह संपूर्ण अर्द्धर्चादिके मध्यमें गृहीत हुए हैं ॥

९०९ अध्ययनतोऽविप्रकृष्टाख्यानाम् । २ । ४ । ५ ॥

अध्ययनेन प्रत्यासन्ना आख्या येषां तेषां द्वन्द्व एकवत् । पदकक्रमकम् ॥

९०९--जिसके अध्ययनसे प्रत्यासन्न संज्ञा हो उसका द्वन्द्व एकवत् हो, जैसे--पदकक्रमकम् ॥

९१० जातिरप्राणिनाम् । २ । ४ । ६ ॥

प्राणिवर्जजातिवाचिनां द्वन्द्व एकवत् । धानाशष्कुलि । प्राणिनां तु । विट्शूद्राः । द्रव्यजातीयानामेव । नेह । रूपरसौ । गमनाकुञ्चने । जातिप्राधान्य एवायमेकवद्भावः । द्रव्यविशेषविवक्षायां तु । बदरामलकानि ॥

९१०-प्राणिभिन्न जातिवाचक शब्दोंका द्वन्द्व एकवत् हो, जैसे-धानाश्च शष्कुल्यश्च=धानाशष्कुलि । प्राणी होनेपर एकवत् न होगा, जैसे-विट्शूद्राः । द्रव्यवाचक ही जातिवाची एकवत् हों, अन्य नहीं, यथा-रूपरसौ । गमनाकुंचने । जातिके प्राधान्यमें ही एकवद्भाव होताहै । इससे द्रव्यविशेषकी विवक्षा होनेपर जैसे-बदरामलकानि, इस स्थलमें एकवद्भाव नहीं हुआ ॥

९११ विशिष्टलिंगो नदीदेशोऽग्रामाः । २ । ४ । ७ ॥

ग्रामवर्जनदीदेशवाचिनां भिन्नलिङ्गानां समाहारे द्वन्द्व एकवत् स्यात् । उद्ध्यश्च इरावती च उद्ध्येरावति । गङ्गा च शोणश्च गङ्गाशोणम् । कुरवश्च कुरुक्षेत्रं च कुरुकुरुक्षेत्रम् । भिन्नलिङ्गानां किम् । गङ्गायमुने । मद्रकेकयाः । अग्रामाः किम् । जाम्बवं नगरम् । शालूकिनी ग्रामः । जाम्बवशालूकिन्यौ ।

९११-ग्रामभिन्न और भिन्नलिंग नदी और देशवाचक शब्दका समाहारमें द्वन्द्व एकवत् हो, जैसे-उद्ध्यश्च इरावती च=उद्ध्येरावति । गंगा च शोणश्च=गंगाशोणम् । कुरवश्च कुरुक्षेत्रञ्च=कुरुकुरुक्षेत्रम् ।

भिन्नलिंग न होनेपर, जैसे-गंगा च यमुना च=गंगायमुने । मद्रकेकयाः ।

ग्राम होनेपर, जैसे-जाम्बवन्नगरम्, शालूकिनी ग्रामः= जाम्बवशालूकिन्यौ ॥

९१२ क्षुद्रजन्तवः । २ । ४ । ८ ॥

एषां समाहारे द्वन्द्व एकवत्स्यात् । यूकालिक्षम् । आ नकुलात् क्षुद्रजन्तवः ॥

९१२-क्षुद्रजन्तुवाचक शब्दका समाहारमें द्वन्द्व एकवत् हो, जैसे-यूकाश्च लिक्षाश्च =यूकलिक्षम् । जिसको अस्थि नहीं अथवा जो अतिक्षुद्राकृतिविशिष्ट हो और अर्द्धाञ्जलिपरिमित स्थलमें जिसकी शतसंख्या हो उसको क्षुद्रजन्तु कहतेहैं । कोई २ नकुलतकको क्षुद्रजन्तु कहतेहैं ॥

९१३ येषां च विरोधः शाश्वतिकः । २ । ४ । ९ ॥

एषां प्राग्वत् । अहिनकुलम् । गोव्याघ्रम् । काकोलूकमित्यादौ परत्वाद्विभाषा वृक्षमृगेति प्राप्तं चकारेण बाध्यते ॥

९१३-जिन जन्तुओंका परस्पर विरोध स्वभावसिद्ध हो उनका द्वन्द्व एकवत् हो, जैसे-अहयश्च नकुलाश्च=अहिनकुलम् । गावश्च व्याघ्राश्च=गोव्याघ्रम् । काकोलूकम् । इस स्थलमें परत्वके कारण "विभाषा वृक्षमृग० ९१६" इस सूत्रसे प्राप्तविकल्प एकवद्भावका इस सूत्रस्थ चकारसे बाध होताहै ॥

९१४ शूद्राणामनिरवसितानाम् । २ । ४ । १० ॥

अबहिष्कृतानां शूद्राणां प्राग्वत् । तक्षायस्कारम् । पात्राद्बहिष्कृतानां तु चण्डालमृतपाः ॥

९१४-पात्रसे बहिष्कृत नहीं हो, ऐसे शूद्रजातिवाचक शब्दका द्वन्द्व एकवत् हो, जैसे-तक्षायस्कारम् । जिसके भोजन करनेपर कांस्यादि पात्र स्मृतिशास्त्रोक्त "भस्मना शुद्ध्यते कांस्यम्" इत्यादि वचनके अनुसार भस्मसे भी शुद्ध न हो अर्थात् ब्राह्मणादि चतुर्वर्णातिरिक्त पात्रसे बाहर चंडालादि जाति होनेपर एकवद्भाव नहीं होगा, जैसे-चंडालमृतपाः ॥

९१५ गवाश्वप्रभृतीनि च । २ । ४ । ११ ॥

यथोच्चारितानि साधूनि स्युः । गवाश्वम् । दासीदासमित्यादि ॥

९१५-गवाश्व-आदि कितने शब्द जिस प्रकारसे उच्चारित हों उसी प्रकार सिद्ध हों, जैसे-गवाश्वम्, दासीदासम्-इत्यादि । आदि शब्दसे और भी कितने शब्द जानने ॥

९१६ विभाषा वृक्षमृगतृणधान्यव्यञ्जनपशुशकुन्यश्ववडवपूर्वापराधरोत्तराणाम् । २ । ४ । १२ ॥

वृक्षादीनां सप्तानां द्वन्द्वः अश्ववडवेत्यादिद्वन्द्वत्रयं च प्राग्वद्वा । वृक्षादौ विशेषाणामेव ग्रहणम् । प्लक्षन्यग्रोधम् । प्लक्षन्यग्रोधाः । रुरुपृषतम् । रुरुपृषताः । कुशकाशम् । कुशकाशाः । व्रीहियवम् । व्रीहियवाः । दधिघृतम् । दधिघृते । गोमहिषम् । गोमहिषाः । शुकबकम् । शुकबकाः । अश्ववडवम् । अश्ववडवौ । पूर्वापरम् । पूर्वापरे । अधरोत्तरम् । अधरोत्तरे ॥ फलसेनावनस्पतिमृगशकुनिक्षुद्रजन्तुधान्यतृणानां बहुप्रकृतिरेव द्वन्द्व एकवदिति वाच्यम् ॥*॥ बदराणि चामलकानि च बदरामलकम् । जातिरप्राणिनामित्येकवद्भावः । नेह । बदरामलके । रथिकाश्वारोहौ । प्लक्षन्यग्रोधौ इत्यादि । विभाषा वृक्षेतिसूत्रे येऽप्राणिनस्तेषां ग्रहणं जातिरप्राणिनामिति नित्ये प्राप्ते विकल्पार्थम् । पशुग्रहणं हस्त्यश्वादिषु सेनाङ्गत्वान्नित्ये प्राप्ते मृगाणां मृगैरेव शकुनीनां तैरेवोभयत्र द्वन्द्वः । अन्यैस्तु सहेतरेतरयोग एवेति नियमार्थं मृगशकुनिग्रहणम् । एवं पूर्वापरमधरोत्तरमित्यपि । अश्ववडवग्रहणं तु पक्षे नपुंसकत्वार्थम् । अन्यथा परत्वात्पूर्ववदश्ववडवाविति स्यात् ॥

९१६-वृक्ष, मृग, तृण, धान्य, व्यञ्जन, पशु और शकुनि, इन सात शब्दोंका द्वन्द्व और अश्ववडव, पूर्वापर, अधरोत्तर,

यह तीन द्वन्द्व विकल्प करके एकवत् हों । वृक्षादिसे विशेषोंका ही ग्रहण है, आशय यह है कि, "सरूपाणाम्० १।२।६४" से एकशेषके कारण सरूप वृक्ष वृक्षका द्वन्द्व नहीं हो सकताहै, वैसे "विरूपाणामपि०" इससे एकशेषके कारण विरूप समानार्थकका भी द्वन्द्व नहीं होसकताहै, अनभिधानके कारण 'वृक्ष धव' इस सामान्य विशेषका भी द्वन्द्व नहीं होसकताहै, इसलिये इस सूत्रमें वृक्ष पदसे वृक्षविशेषका ही ग्रहण होताहै, ऐसे ही सब जगह समझना । प्लक्षाश्च न्यग्रोधाश्च=प्लक्षन्यग्रोधम्, प्लक्षन्यग्रोधाः । रुरुपृषतम्, रुरुपृषताः । कुशकाशम्, कुशकाशाः । व्रीहियवम्, व्रीहियवाः । दधि च घृतं च=दधिघृतम्, दधिघृते । गावश्च महिषाश्च=गोमहिषम्, गोमहिषाः । शुकबकम्, शुकबकाः । अश्ववडवम्, अश्ववडवौ । पूर्वापरम्, पूर्वापरे । अधरोत्तरम्, अधरोत्तरे ।

फल, सेना, वनस्पति, मृग, शकुनि, क्षुद्रजन्तु, धान्य और तृण शब्दोंके बहुवचनप्रकृतिक ही द्वन्द्व एकवत् हों ऐसा कहना चाहिये * जैसे—बदराणि च आमलकानि च=बदरामलकम्, यहां "जातिरप्राणिनाम् ९१०" इस सूत्रसे एकवद्भाव हुआहै । बदरामलके, रथिकाश्वारोहौ और प्लक्षन्यग्रोधौ—इत्यादिमें बहुवचनप्रकृतिक द्वन्द्व न होनेसे एकवचन नहीं हुआ ।

"विभाषा वृक्ष०९१६" इस सूत्रमें जो अप्राणिवाचक है, उनका ग्रहण "जातिरप्राणिनाम् ९१०" इस सूत्रसे नित्य एकवद्भावकी प्राप्ति होनेपर भी विकल्प विधानके निमित्त है । हस्त्यश्वादिओंमें सेनाङ्गत्वके कारण नित्य एकवद्भाव प्राप्त होनेपर भी विकल्पार्थ पशु शब्दका ग्रहण है । मृगका मृगहीके साथ और शकुनिका शकुनिहीके साथ दोनों स्थलोंमें समाहार द्वन्द्व हो, अन्यके साथ इतरेतरयोग द्वन्द्व ही हो, इस नियमके निमित्त सूत्रमें मृग और शकुनि शब्दका ग्रहण कियाहै, इसी प्रकार पूर्वापरम्, अधरोत्तरम्, यहां भी समझना । विकल्प पक्षमें नपुंसकत्वके निमित्त अश्ववडव शब्दका ग्रहण कियाहै, अन्यथा परत्वके कारण "पूर्ववदश्ववडवौ ८१३" सूत्रसे 'अश्ववडवौ' ऐसा ही होजाता ॥

९१७ विप्रतिषिद्धं चानधिकरणवाचि । २ । ४ । १३ ॥

विरुद्धार्थानामद्रव्यवाचिनां द्वन्द्व एकवद्वा स्यात् । शीतोष्णम् । शीतोष्णे । वैकल्पिकः समाहारद्वन्द्वश्चार्थे इति सूत्रेण प्राप्तः स विरुद्धार्थानां यदि भवति तर्हि अद्रव्यवाचिनामेवेति नियमार्थमिदम् । तेन द्रव्यवाचिनामितरेतरयोग एव । शीतोष्णे उदके स्तः । विप्रतिषिद्धं किम् । नन्दकपाञ्चजन्यौ । इह पाक्षिकः समाहारद्वन्द्वो भवत्येव ॥

९१७—परस्पर विरुद्धार्थ तथा अद्रव्यवाचक शब्दोंके द्वन्द्व विकल्प करके एकवत् हों, जैसे—शीतं च उष्णं च=शीतोष्णम्, शीतोष्णे । यद्यपि विकल्प करके समाहारद्वन्द्व "चार्थे द्वन्द्वः ९०१" इस सूत्रसे ही प्राप्त है तथापि वह द्वन्द्व यदि विरुद्ध अर्थवाचक शब्दोंका हो तो अद्रव्यवाचकका ही हो, इस नियमके निमित्त यह सूत्र कियाहै, इससे यह फल हुआ कि, द्रव्यवाचकोंका इतरेतरयोगद्वन्द्व ही होगा, जैसे—शीतोष्णे उदके स्तः । विरुद्धार्थ न होनेपर, जैसे—नन्दकपाञ्चजन्यौ, इस स्थलमें पाक्षिक समाहारद्वन्द्व होताहीहै ॥

९१८ न दधिपयआदीनि २।४।१४॥

एतानि नैकवत्स्युः । दधिपयसी । इध्माबर्हिषी । निपातनाद्दीर्घः । ऋक्सामे । वाङ्मनसे ॥

९१८—दधिपयः आदि पदोंको एकवद्भाव न हो, जैसे—दधि च पयश्च=दधिपयसी । 'इध्माबर्हिषी' इस स्थलमें निपातनसे दीर्घ हुआहै । ऋक्सामे । वाक् च मनश्च=वाङ्मनसे ॥

९१९ अधिकरणैतावत्त्वे च २।४।१५॥

द्रव्यसंख्यावगमे एकवदेवेति नियमो न स्यात् । दश दन्तोष्ठाः ॥

९१९—द्रव्यकी संख्याका अवगम होनेपर 'एकवदेव' यह नियम न हो । यह सूत्र "द्वन्द्वश्च प्राणि० २।४।२" इससूत्रसे प्राप्त एकवद्भावके निषेधार्थ है, जैसे—दश दन्तोष्ठाः ॥

९२० विभाषा समीपे ।२।४।१६ ॥

अधिकरणैतावत्त्वस्य सामीप्येन परिच्छेदे समाहर एवेत्येवंरूपो नियमो वा स्यात् । उपदशं दन्तोष्ठम् । उपदशाः दन्तोष्ठाः ॥

९२०—द्रव्यगत संख्याके अवगमका सामीप्यसे परिच्छेदन होनेपर समाहार द्वन्द्व ही हो, यह नियम विकल्प करके हो, जैसे—उपदशं दन्तोष्ठम्, पक्षे—उपदशा दन्तोष्ठाः ॥

९२१ आनङ् ऋतो द्वन्द्वे । ६।३।२५ ॥

विद्यायोनिसंबन्धवाचिनामृदन्तानां द्वन्द्वे आनङ् स्यादुत्तरपदे परे । होतापोतारौ । होतृपोतृनेष्टोद्गातारः । मातापितरौ । पुत्रेऽन्यतरस्यामित्यतो मण्डूकप्लुत्या पुत्र इत्यनुवृत्तेः पितापुत्रौ ॥

९२१—विद्या और योनिसंबन्धवाचक ऋकारान्त शब्दोंके द्वन्द्वमें उत्तरपद परे रहते आनङ् आदेश हो, जैसे—होतापोतारौ, होतृपोतृनेष्टोद्गातारः । मातापितरौ । यहां "पुत्रेऽन्यतरस्याम् ६।३।२२" इस सूत्रसे मंडूकप्लुति अधिकारसे पुत्र शब्दकी अनुवृत्ति होतीहै, इस कारण 'पितापुत्रौ' यहां भी आनङ् आदेश हुआ ॥

९२२ देवताद्वन्द्वे च । ६ । ३ । २६ ॥

इहोत्तरपदे परे आनङ् । मित्रावरुणौ ॥ वायुशब्दप्रयोगे प्रतिषेधः ॥ * ॥ अग्निवायू । वाय्वग्नी । पुनर्द्वन्द्वग्रहणं प्रसिद्धसाहचर्यस्य परिग्रहार्थम् । तेन ब्रह्मप्रजापती इत्यादौ नानङ् । एतद्धि नैकहविर्भागित्वेन श्रुतं नापि लोके प्रसिद्धं साहचर्यम् ॥

९२२-देवतावाचक शब्दोंके द्वन्द्वमें उत्तरपद परे रहते आनङ् हो, जैसे-मित्रश्च वरुणश्च=मित्रावरुणौ । वायु शब्दके प्रयोगमें आनङ् नहीं हो * जैसे-अग्निवायू, वाय्वग्नी । सूत्रमें द्वन्द्वकी अनुवृत्ति होनेपर भी प्रसिद्ध साहचर्यके परिग्रहार्थ पुनः द्वन्द्वग्रहण किया है, इसी कारण 'ब्रह्मप्रजापती' इत्यादिमें आनङ् नहीं होताहै, यह साहचर्य्य एकहविर्भागित्वसे श्रुत नहीं है और लोकमें भी प्रसिद्ध नहीं है ॥

९२३ ईदग्नेः सोमवरुणयोः ।६।३।२७ ॥

देवताद्वन्द्वे इत्येव ॥

९२३-देवतावाचक शब्दके द्वन्द्वमें सोम और वरुण शब्द परे रहते अग्नि शब्दको ईकार आदेश हो ॥

९२४ अग्नेः स्तुतस्तोमसोमाः ।८।३।८२॥

अग्नेः परेषामेषां सस्य षः स्यात्समासे । अग्निष्टुत् । अग्निष्टोमः । अग्नीषोमौ । अग्नीवरुणौ ॥

९२४-अग्नि शब्दके परे स्थित स्तुत्, स्तोम और सोम शब्दके सकारको ष हो, जैसे-अग्निष्टुत् । अग्निष्टोमः । अग्नीषोमौ । अग्नावरुणौ ॥

९२५ इद् वृद्धौ । ६ । ३ । २८ ॥

वृद्धिमत्युत्तरपदे अग्नेरिदादेशः स्याद्देवताद्वन्द्वे । अग्नामरुतौ देवते अस्य आग्निमारुतं कर्म । अग्नीवरुणौ देवते अस्य आग्निवारुणम् । देवताद्वन्द्वे चेत्युभयपदवृद्धिः । अलौकिकवाक्ये आनङ्मीत्त्वं च बाधित्वा इः । वृद्धौ किम् । आग्नेन्द्रः । नेन्द्रस्य परस्येत्युत्तरपदवृद्धिप्रतिषेधः ॥ विष्णौ न ॥ * ॥ आग्नावैष्णवम् ॥

९२५-देवतावाचक शब्दके द्वन्द्व समासमें वृद्धिमत् पद परे रहते अग्नि शब्दको इत् आदेश हो, जैसे-अग्नामरुतौ देवते अस्य=आग्निमारुतं कर्म । अग्नीवरुणौ देवते अस्य=आग्निवारुणम् । दोनों स्थलोंमें " देवताद्वन्द्वे च १२३९" इस वक्ष्यमाण सूत्रसे दोनों पदोंकी वृद्धि हुई है और अलौकिक वाक्यमें आनङ् और ईत्त्व दोनोंको बाधकर इकार होताहै । वृद्धिमत् शब्द परे हो ऐसा क्यों कहा ? तो ऐसा न होनेपर इत्त्व आदेश न हो,जैसे-आग्नेन्द्रः,यहां "नेन्द्रस्य परस्य १२४०" इस सूत्रसे उत्तरपदवृद्धिका निषेध हुआहै ।

विष्णु शब्द परे रहते इत्त्व न हो * यथा-आग्नावैष्णवम् ॥

९२६ दिवो द्यावा । ६ । ३ । २९ ॥

देवताद्वन्द्वे उत्तरपदे । द्यावाभूमी । द्यावाक्षमे ॥

९२६-देवतावाचक शब्दोंके द्वन्द्वमें उत्तरपद परे रहते दिव् शब्दके स्थानमें द्यावा आदेश हो, जैसे-द्यावाभूमी । द्यावाक्षमे ॥

९२७ दिवसश्च पृथिव्याम् । ६।३।३०॥

दिव इत्येव । चाद् द्यावा । आदेशे अकारोच्चारणं सकारस्य रुत्वं मा भूदित्येतदर्थम् । द्यौश्च पृथिवी च दिवस्पृथिव्यौ । द्यावापृथिव्यौ । छन्दसि दृष्टानुविधिः । द्यावा चिदस्मै पृथिवी । दिवस्पृथिव्योररतिमित्यत्र पदकारा विसर्गं पठन्ति ॥

९२७-पृथिवी शब्द परे रहते दिव् शब्दके स्थानमें दिवस आदेश हो, चकारसे द्यावा आदेश भी हो । दिवस आदेशमें अकारका उच्चारण इसलिये है कि, सकारके स्थानमें रुत्व नहीं हो । द्यौश्च पृथ्वी च=दिवस्पृथिव्यौ, द्यावापृथिव्यौ । वेदमें जिस प्रकार देखा जाय वैसा विधान हो, जैसे-द्यावा चिदस्मै पृथिवी । 'दिवस्पृथिव्योररतिम्' इस स्थलमें पदकार विसर्गयुक्त पाठ करतेहैं, इस कारण 'दिवः पृथिव्योररतिम्' ऐसा उनके मतसे पाठ है ॥

९२८ उषासोषसः । ६ । ३ । ३१ ॥

उषस्शब्दस्योषासादेशो देवताद्वन्द्वे । उषासासूर्यम् ॥

९२८-देवतावाचक शब्दके द्वन्द्वमें उषस् शब्दके स्थानमें उषासा आदेश हो, जैसे-उषाश्च सूर्यश्च तयोः समाहारः= उषासासूर्यम् ॥

९२९ मातरपितरावुदीचाम् ।६।३।३२ ॥

मातरपितरौ । उदीचां किम् । मातापितरौ ॥

९२९-उदीचोंके मतमें 'मातरपितरौ' इसमें मातृ शब्दको निपातनसे अरङ् आदेश हो । उदीचोंके मतमें हो ऐसा क्यों कहा ? तो औरोंके मतमें 'मातापितरौ' ऐसा भी प्रयोग हो ॥

९३० द्वन्द्वाच्चुदषहान्तात्समाहारे । ५ । ४ । १०६ ॥

चवर्गान्ताद्दषहान्ताच्च द्वन्द्वाट्टच् स्यात्समाहारे । वाक् च त्वक् च वाक्त्वचम् । त्वक्स्रजम् । शमीदृषदम् । वाक्त्विषम् । छत्रोपानहम् । समाहारे किम् । प्रावृट्शरदौ ॥

॥ इति द्वन्द्वः ॥

९३०-समाहारद्वन्द्वमें, चवर्गान्त, दकारान्त, षकारान्त और हकारान्त शब्दोंके उत्तर टच् प्रत्यय हो, जैसे-वाक् च त्वक् च=वाक्त्वचम् । त्वक्स्रजम् । शमीदृषदम् । वाक्त्विषम् । छत्रोपानहम् । समाहार न होनेपर टच् न होगा, जैसे-प्रावृट्शरदौ ॥

॥ इति द्वन्द्वसमासः ॥

अथैकशेषप्रकरणम् ।

सरूपाणाम् । रामौ । रामाः ॥ विरूपाणामपि समानार्थानाम् ॥ * ॥ वक्रदण्डश्च कुटिलदण्डश्च वक्रदण्डौ । कुटिलदण्डौ ॥

"सरूपाणामेक० १८८" अर्थात् संपूर्ण विभक्तियोंमें समान रूपवाले समानार्थक अनेकोंमेंसे एक ही शेष रहे,

अन्यका लोप हो, इससे राम+राम+औ=रामौ । राम+राम+राम+जस्=रामाः ।

समानार्थ विरूप (भिन्न रूप) का भी एकशेष हो *। जैसे-वक्रदंडश्च कुटिलदंडश्च=वक्रदंडौ, कुटिलदंडौ ॥

९३१ वृद्धो यूना तल्लक्षणश्चेदेव विशेषः । १ । २ । ६५ ॥

यूना सहोक्तौ गोत्रं शिष्यते गोत्रयुवप्रत्ययमात्रकृतं चेत्तयोः कृत्स्नं वैरूप्यं स्यात् । गार्ग्यश्च गार्ग्यायणश्च गार्ग्यौ । वृद्धः किम् । गर्गगार्ग्यायणौ । यूना किम् । गर्गगार्ग्यौ । तल्लक्षणः किम् । भागवित्तिभागवित्तिकौ । कृत्स्नं किम् । गार्ग्यवात्स्यायनौ ॥

९३१-युवप्रत्ययान्त पदके साथ वृद्ध अर्थात् गोत्रप्रत्यान्तकी उक्ति होनेपर गोत्रप्रत्ययान्त पद ही अवशेष रहे, परन्तु गोत्र और युवप्रत्ययमात्रकृत यदि उन दोनोंका सम्पूर्ण वैरूप्य हो तो, जैसे-गार्ग्यश्च गार्ग्यायणश्च=गार्ग्यौ, इस स्थानमें गोत्रप्रत्ययान्त पद 'गार्ग्यः' और युवप्रत्ययान्त पद 'गार्ग्यायणः' इन दोनोंमेसे गोत्रप्रत्ययान्त (गार्ग्यः) शेष रहा । गोत्रप्रत्ययान्त न होनेपर, जैसे-गर्गश्च गार्ग्यायणश्च=गर्गगार्ग्यायणौ । युवप्रत्ययान्त न होनेपर, जैसे-गर्गगार्ग्यौ। सूत्रमें 'तल्लक्षणः' यह पद ग्रहण करनेसे 'भागवित्तिभागवित्तिकौ' इस स्थलमें एकशेष नहीं हुआ । कृत्स्न पद ग्रहण करनेसे 'गार्गी च वात्स्यायनौ च गार्ग्यवात्स्यायनौ' इस स्थानमें भी एकशेष नहीं हुआ ॥

९३२ स्त्रीपुंवच्च । १ । २ । ६६ ॥

यूना सहोक्तौ वृद्धा स्त्री शिष्यते तदर्थश्च पुंवत्।गार्गी च गार्ग्यायणौ च गर्गाः।अस्त्रियामित्यनुवर्तमाने यञञोश्चेति लुक् । दाक्षी च दाक्षायणश्च दाक्षी ॥

९३२-युवप्रत्ययान्तके साथ उक्ति होनेपर गोत्रप्रत्ययान्त स्त्रीवाचक शब्द अवशेष रहे और उसका अर्थ पुंवत् हो, जैसे-गार्गी च गार्ग्यायणौ च=गर्गाः । 'अस्त्रियाम्' इस अंशकी अनुवृत्ति होनेपर-"यञञोश्च ११०८" इस सूत्रसे यञ् प्रत्ययका लुक् हुआ । दाक्षी च दाक्षायणश्च=दाक्षी ॥

९३३ पुमान् स्त्रिया । १ । २ । ६७ ॥

स्त्रिया सहोक्तौ पुमान् शिष्यते तल्लक्षण एव विशेषश्चेत् । हंसी च हंसश्च हंसौ ॥

९३३-स्त्रीवाचक पदके साथ उक्ति होनेपर पुंवाचक पद शेष रहे, यदि तल्लक्षण ही कुछ विशेष हो तो, जैसे-हंसी च हंसश्च=हंसौ ॥

९३४ भ्रातृपुत्रौ स्वसृदुहितृभ्याम् । १ । २ । ६८ ॥

भ्राता च स्वसा च भ्रातरौ । पुत्रश्च दुहिता च पुत्रौ ॥

९३४-स्वसृ और दुहितृ शब्दके साथ उक्ति होनेपर भ्रातृ और पुत्र शब्द शेष रहता है, जैसे-भ्राता च स्वसा च भ्रातरौ । पुत्रश्च दुहिता च=पुत्रौ ॥

९३५ नपुंसकमनपुंसकेनैकवच्चास्यान्यतरस्याम् । १ । २ । ६९ ॥

अक्लीबेन सहोक्तौ क्लीबं शिष्यते तच्च वा एकवत्स्यात्तल्लक्षण एव विशेषश्चेत् । शुक्लः पटः । शुक्ला शाटी । शुक्लं वस्त्रम् । तदिदं शुक्लं तानीमानि शुक्लानि ॥

९३५-अक्लीबके साथ अर्थात्, पुँल्लिङ्ग स्त्रीलिंगके साथ उक्ति होनेपर नपुंसकलिंग पद अविशिष्ट रहे और वह पद विकल्प करके एकवत् हो, यदि पुंस्त्रीनपुंसकलिंगकृत ही विशेष हो तो, जैसे-शुक्लः पटः । शुक्ला शाटी । शुक्लं वस्त्रम् । तदिदं शुक्लम्, तानीमानि शुक्लानि ॥

९३६ पिता मात्रा । १ । २ । ७० ॥

मात्रा सहोक्तौ पिता वा शिष्यते । माता च पिता च पितरौ, मातापितरौ वा ॥

९३६-मातृ शब्दके साथ उक्ति होनेपर विकल्प करके पितृ शब्द शेष रहै, जैसे-माता च पिता च=पितरौ, मातापितरौ वा ॥

९३७ श्वशुरः श्वश्र्वा । १ । २ । ७१ ॥

श्वश्र्वा सहोक्तौ श्वशुरो वा शिष्यते तल्लक्षण एव विशेषश्चेत् । श्वश्रूश्च श्वशुरश्च श्वशुरौ । श्वश्रूश्वशुरौ ॥

९३७-श्वश्रूके साथ उक्ति होनेपर विकल्प करके श्वशुर शब्द शेष रहताहै, यदि तल्लक्षण ही विशेष हो तो, जैसे-श्वश्रूश्च श्वशुरश्च=श्वशुरौ, श्वश्रूश्वशुरौ ॥

९३८ त्यदादीनि सर्वैर्नित्यम् १।२।७२॥

सर्वैः सहोक्तौ त्यदादीनि नित्यं शिष्यन्ते । स च देवदत्तश्च तौ ॥ त्यदादीनां मिथः सहोक्तौ यत्परं तच्छिष्यते ॥ * ॥ स च यश्च यौ ॥ पूर्वशेषोपि दृश्यते इति भाष्यम् ॥ स च यश्च तौ ॥ त्यदादितः शेषे पुंनपुंसकतो लिङ्गवचनानि ॥ * ॥ सा च देवदत्तश्च तौ । तच्च देवदत्तश्च यज्ञदत्ता च तानि । पुंनपुंसकयोस्तु परत्वान्नपुंसकं शिष्यते । तच्च देवदत्तश्च ते ॥ अद्वन्द्वतत्पुरुषविशेषणानामिति वक्तव्यम् ॥ * ॥ कुक्कुटमयूर्याविमे । मयूरीकुक्कुटाविमौ । तच्च सा च अर्द्धपिप्पल्यौ ते ॥

९३८-सब शब्दोंके साथ उक्ति होनेपर त्यदादि ही नित्य शेष रहैं, जैसे-स च देवदत्तश्च=तौ ।

त्यदादिकोंकी परस्पर उक्ति होनेपर जो पर हो वही शेष रहै * जैसे–स च यश्च=यौ । भाष्यकारने कहा है कि, किसी २ स्थलमें पूर्वपद भी शेष रहे, जैसे–स च यश्च=तौ ।

त्यदादिकोंका शेष होनेपर पुँल्लिंग, नपुंसकलिंगके अनुसार लिंगवचन होतेहैं अर्थात्'स्त्रीलिंग पुँल्लिंग प्राप्त हो तो पुंल्लिंग हो और स्त्रीलिङ्ग नपुंसकलिङ्ग प्राप्त हो तो नपुंसकलिङ्ग हो और तीनोंकी प्राप्ति हो तो परत्वके कारण नपुंसकलिंग हो * जैसे–सा च देवदत्तश्च=तौ । तच्च देवदत्तश्च यज्ञदत्ता च तानि । पुँल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्गकी प्राप्ति होनेपर परत्वसे नपुंसकलिंग ही शेष हो, जैसे–तच्च देवदत्तश्च=ते ॥

द्वन्द्व और तत्पुरुषविशेषण पदका पूर्वोक्त न हो अर्थात् विशेष्यगत लिंग हो * जैसे–कुक्कटमयूर्याविमे, मयूरीकक्कुटाविमौ । तच्च सा च अर्द्धपिप्पल्यौ ते ॥

९३९ ग्राम्यपशुसङ्घेष्वतरुणेषु स्त्री । १ । २ । ७३ ॥

एषु सहविवक्षायां स्त्री शिष्यते । पुमान् स्त्रियेत्यस्यापवादः । गाव इमाः । ग्राम्येति किम् । रुरव इमे । पशुग्रहणं किम् । ब्राह्मणाः । संघेषु किम् । एतौ गावौ । अतरुणेषु किम् । वत्सा इमे ॥ अनेकशफेष्विति वाच्यम् ॥ * ॥ अश्वा इमे । इह सर्वत्र एकशेषे कृतेऽनेकसुबन्ताभावाद् द्वन्द्वो न । तेन शिरसी शिरांसीत्यादौ समासस्येत्यन्तोदात्तः प्राण्यङ्गत्वादेकवद्भावश्च न । पन्थानौ पन्थान इत्यादौ समासान्तो न ॥

॥ इत्येकशेषः ॥

९३९–अतरुण ग्राम्य पशुसमूहके ' सह ' विवक्षामें स्त्रीवाचक शब्द शेष रहै । यह सूत्र "पुमान् स्त्रिया ९३३" इस सूत्रका अपवाद है, यथा–गाव इमाः । ग्राम्य न होनेपर,जैसे–रुरव इमे । पशु न होनेपर,जैसे–ब्राह्मणा इमे । समूह न होनेपर,जैसे–एतौ गावौ । अतरुण न होनेपर,जैसे–वत्साइमे॥

अनेक खुरविशिष्ट पशुसमूहमें ' सह ' विवक्षा हो तो यह विधि हो और एकखुर पशुसमूहमें यह विधि न हो * जैसे–अश्वा इमे । इन सब स्थलोंमें अन्तरंगत्वके कारण पहले ही एकशेष होनेपर अनेक सुबन्तके अभावके कारण द्वन्द्व नहीं हुआ, इस कारण शिरसी, शिरांसि–इत्यादि स्थलोंमें " समासस्य० " इस सूत्रसे अन्तोदात्त और प्राण्यंगत्वके कारण एकवद्भाव भी नहीं हुआ, और पन्थानौ, पन्थानः–इत्यादि स्थलोंमें समासान्त नहीं हुआ ॥

॥ इत्येकशेषप्रकरणम् ॥

अथ सर्वसमासशेषप्रकरणम् ।

कृत्तद्धितसमासैकशेषसनाद्यन्तधातुरूपाः पञ्च वृत्तयः । परार्थाभिधानं वृत्तिः । वृत्त्यर्थावबोधकं वाक्यं विग्रहः । स द्विधा । लौकिकोऽलौकिकश्च । परिनिष्ठितत्वात्साधुर्लौकिकः । प्रयोगानर्होऽसाधुरलौकिकः । यथा । राज्ञः पुरुषः । राजन् अस् पुरुष सु इति । अविग्रहो नित्यसमासः, अस्वपदविग्रहो वा । समासश्चतुर्विध इति प्रायोवादः । अव्ययीभावतत्पुरुषबहुव्रीहिद्वन्द्वाधिकारबहिर्भूतानामपि सह सुपेति विधानात् । पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः । उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः । अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिः । उभयपदार्थप्रधानो द्वन्द्वः । इत्यपि प्राचां प्रवादः प्रायोभिप्रायः । सूपप्रति उन्मत्तगङ्गमित्याद्यव्ययीभावे अतिमालादौ तत्पुरुषे द्वित्रा इत्यादिबहुव्रीहौ दन्तोष्ठमित्यादिद्वन्द्वे चाभावात् । तत्पुरुषविशेषः कर्मधारयः । तद्विशेषो द्विगुः । अनेकपदत्वं द्वन्द्वबहुव्रीह्योरेव । तत्पुरुषस्य क्वचिदेवेत्युक्तम् । किंच,

सुपां सुपा तिङा नाम्ना धातुनाऽथ तिङां तिङा। सुबन्तेनेति विज्ञेयः समासः षड्विधो बुधैः ॥१॥

सुपां सुपा । राजपुरुषः । तिङा । पर्यभूषत् । नाम्ना । कुम्भकारः । धातुना । कटप्रूः । अजस्रम् । तिङां तिङा । पिबतखादता । खादतमोदता । तिङां सुपा । कृन्त विचक्षणेति यस्यां क्रियायां सा कृन्तविचक्षणा । एहीडादयोऽन्यपदार्थे इति मयूरव्यंसकादौ पाठात्समासः ॥

॥ इति सर्वसमासशेषः ॥

कृत्, तद्धित, समास, एकशेष और सनादिप्रत्ययान्त धातुरूप भेदसे वृत्ति पांच प्रकारकी है । जिससे दूसरा पदार्थ अभिहित हो उसका नाम वृत्ति है । वृत्त्यर्थज्ञापक वाक्यका नाम विग्रह है । वह विग्रह दो प्रकारका है, लौकिक और अलौकिक । परिनिष्ठितत्वके कारण साधु जो हो, उसको लौकिक विग्रह कहतेहैं और प्रयोगके अयोग्य अर्थात् असाधुको अलौकिक विग्रह कहतेहैं, जैसे–'राज्ञः पुरुषः ' यह लौकिक और 'राजन्+ङस्=पुरुष+सु'यह अलौकिक विग्रह है । नित्यसमासमें विग्रह नहीं हो, यदि हो तो जिस पदके साथ समास हो उससे दूसरे पदके साथ हो। समास चार प्रकारका है,यह प्राचीनोंका मत है, परन्तु वह ठीक नहीं है क्योंकि, अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि और द्वन्द्व इन चार प्रकारके समाससे अतिरिक्त भी " सह सुपा ६४९ " इस सूत्रसे समास विधान किया है । जिस समासमें पूर्वपदार्थ प्रधान हो, उसका नाम अव्ययीभाव है । जिस समासमें उत्तरपदार्थ प्रधान हो, उसका नाम तत्पुरुष है । जिस समासमें अन्यपदार्थ प्रधान हो, उसका नाम बहुव्रीहि है । जिस समासमें दोनों पदार्थ प्रधान हों, उसका नाम द्वन्द्व है, यह जो प्राचीनोंका प्रवाद है सो भी अमूलक है, क्योंकि, ' सूपप्रति', ' उन्मत्त-